जमुनानगर रेलवे क्रासिंग पर अगर फाटक बन्द हो जाए तो आधा आधा घंटा खड़ा होना पड़ता है। जो शूगर मिल वाले हैं उन की मनोपली है, तो अगर उनकी गाड़ियां खड़ी हुई तो घंटे भी लग जाते हैं और रास्ता नहीं मिलता। एक दफा तो मुझे खुद बड़ेरा के रास्ते से होकर जाना पड़ा। इसलिए इसकी तरफ ध्यान दिया जाना चाहिए। इसमें लोकल सैल्फ गवर्नमेंट और पी. डब्ल्यू. डी. के मिनिस्टर मदद कर सकते हैं और अगर रेलवे की मदद लेनी पड़ेगी तो यह ड्यूटी मैं ले सकती हूं, मैं करवाउंगी। लेकिन इस तरफ हर तरह से ध्यान दिया जाना चाहिए।

अब मैं फाइनेन्स के बारे में कहूंगी। जिस प्रकार हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब ने मिनिस्ट्री को कम करके इतना खर्च घटा दिया है ....(विघ्न) मैं किसी का अपमान नहीं करना चाहती। सब भाई काबले तारीफ हैं। जिस तरह से मेरे भाइयों तथा बहिनों ने मिनिस्ट्री से रिज़ाइन करके हमारे मुख्य मंत्री का भार हलका किया है उसी तरह से मैं अपनी आवाज़ आप के द्वारा मुख्य मंत्री के परसनल एडवाईज़र तक पहुंचाना चाहती हूं कि वह भी इसी तरह से दस्तबरदार हो जाएं जिस से स्टेट के खर्च में बचत की जा सके।

चेयरमैन साहिब, आज कल हैवी एडमिनिस्ट्रेशन हो गई है। मैं इस के मुतल्लिक कहना चाहती हूं। किसी ने कहा है— मोतियों के नहीं लालड़े न सिंहों के झुंड। मैं यह कहना चाहती हूं कि क्वालिटी वर्क करती है, क्वांटिटी कभी भी वर्क नहीं करती। पार्टीशन से पहले तथा पार्टीशन के बाद भी कितने मिनिस्टर हुआ करते थे? उस वक्त 7 मिनिस्टर होते थे। अगर उस वक्त 7 से 9 मिनिस्टर बनाए जाते थे तो इस के बारे में कितना शोर उठता था। लेकिन अब तो बहुत ज्यादा मंत्री बनाए गए। अब हमारे मुख्य मंत्री ने मिनिस्ट्री घटा कर अच्छा किया है। अब एडमिस्ट्रिेशन इतनी बढ़ चुकी है जिसका कोई ठिकाना नहीं है। इस समय पंजाब में चार फाइनेन्शल कमिश्नर हैं। मुझे पूरी फिग्गर तो मिली नहीं लेकिन जहां तक मुझे इल्म है, हर एक डिवीज़न में एक कमिश्नर होना चाहिए। लेकिन वहां भी एक से ज्यादा हैं। मैं इंडस्ट्रीज़ के बारे में कहना चाहती हूं कि युनाइटिड पंजाब में एक डायरैक्टर या जिसका नाम श्री राम नाथ चोपड़ा है और 2 डिप्टी डायरैक्टर थे, किन्तु अब इंडस्ट्रीज़ डिपार्टमेंट में एक दर्जन के लगभग अफसर हैं जो कि डायरैक्टर, ज्वाइंट डायरैक्टरज़, डिप्टी डायरैक्टर्ज़ और असिस्टेंट डायरैक्टर्ज़ की पोस्टों पर नियुक्त किए गए हैं। सरकार को कुछ दिक्कतें हैं। मैं एक बात आप के ज़रिये सरकार को

कहना चाहती हूं कि अगर बजट को खसारे से बचाना चाहते हैं तो हैवी एडमिनिस्ट्रेशन को कम करना चाहिए। आप जानते हैं कि घरों के बजट गरीबी में चलते हैं और अमीरी में भी चलते हैं। इस के बारे में मैं अर्ज़ करना चाहती हूं कि अगर हमारे मुख्य मंत्री मिनिस्ट्री में एक दो बहिनों को रख लेते तो यह बचत करने की स्कीमों में सहायता कर सकती थीं। मुझे यह कहते हुए शर्म आती है कि हमारे सैंटर के कृषि मंत्री के फर्नीचर पर 45 हज़ार रुपये खर्च किए गए हैं जबकि हमारी बहिन सुशीला नायर के फर्नीचर पर 4 हज़ार रुपए खर्च हुए हैं। और बिजली पर श्रीमती सुशीला नायर ने 91 रु० 78 नए पैसे तथा श्रीमती लक्ष्मी एन. मैनन ने 65 रुपए खर्च किए हैं, इन्होंने बड़ी किफायत से सरकार का पैसा खर्च किया है। वे जानती हैं कि किस तरह से बचत की जाती है। यहां पर आपोज़ीशन की तरफ से बहुत सी बातें की जाती हैं, वह मुझे पसन्द नहीं हैं। वह तो केवल क्रिटिसाइज़ करते हैं। लेकिन आज लोगों के दिलों में सरकार का हौवा छाया हुआ है। उस हौआ को निकालने के लिए मैं खड़ी हुई हूं। अगर हम अपने भाइयों के बुरे कामों को क्रिटिसाइज़ नहीं कर सकते तो क्या हम दुश्मनों के विरुद्ध कहेंगे ? जिस ने अपने दश के लिए कुर्बान होना सिखाया है उस ने भलाई कर के उस का दिखावा न करना भी सिखाया है यही बात हमें महात्मा गांधी जी ने सिखाई थी कि जो कुछ बात कहनी हो वह हिम्मत से कहें और सच्चाई से कभी भी डरना नहीं चाहिए। इस बात का वेद मंत्र भी समर्थन करते हैं। इस लिए जब मैं अपने लिए मांगती कुछ नहीं हूं तो फिर डरने की क्या बात है ? इस लिए सच्ची बात कहने में कोई संकोच नहीं।

इस हाउस के कई माननीय सदस्यों ने कहा है कि हम को डिस्ट्रिक्ट या स्टेट डिफेन्स कौंसिल में नहीं लिया गया है और साथ ही मांग करते हैं कि हमें उन में शामिल किया जाए। मैं कहती हूं कि पंजाब हमारी स्टेट है, हमने इस को आगे बढ़ाना है, यह बात छोड़ दी जानी चाहिए कि किसी को कमेटी में लिया जाता है या कि नहीं। मैं इस बारे में कहना चाहती हूं कि खान अब्दुल गफार खां को इस कमेटी में लिया गया है और मुझे इस कमेटी में शामिल नहीं किया गया, तो क्या जब देश की रक्षा का सवाल आएगा तो क्या मैं चुप बैठी रहूंगी हम ने अपने देश की रक्षा करनी है। मैं स्वयं देश के लिये आगे बढ़ूंगी और जो भी हो सकेगा देश के लिये करूंगी, मुझे डर है कि इस तकरीर के बाद फिर बीमार न पड़ जाऊं लेकिन मैं जो कुछ कहना चाहती हूं उस को बिना संकोच के कहती हूं। यदि मेरे से किसी के प्रति कटु शब्दों का प्रयोग हो गया हो तो उस के लिए क्षमा चाहती हूं।

चौधरी देवी लाल (फतेहाबाद): चेयरमैन साहिब, पंजाब सरकार ने जो बजट पेश किया है उस के बारे में कामरेड राम किशन जी ने कहा है कि सरकार ने 13 करोड़ से बढा कर एक अरब तक कर दिया है, और इस पर कामरेड राम किशन ने जो फ़िगर्ज़ दी हैं वह ठीक ही हैं। उन्होंने कहा है कि हम पर 3 अरब 7 करोड़ कर्ज़ा हो गया है जो फिगर्ज़ मैंने कुलैक्ट की हैं वह 2 अरब 78 करोड़ और 84 लाख रूपए हैं। सूद का आप अन्दाज़ा लगाएं, वह 22 करोड़ 34 लाख है। लेकिन कर्ज़े की फिगर्ज़ 3 अरब 7 करोड़ की हैं और आप अन्दाज़ा लगाएं कि जो स्टेट इतनी मकरूज़ हो चुकी हो कि 22 से 25 करोड़ रूपए का खर्च हर साल सूद की शकल में देना पड़े तो यह प्रोग्रेसिव स्टेट नहीं कहला सकती।

[चौधरी देली लाल]

प्रोग्रैसिव स्टेट वह हो सकती है जिस का खर्च डिवैलपमेंट वर्कस पर हो। कैपिटल एक्स-पैंडीचर से इस बात का अन्दाज़ा लगाया जाता है कि उस पर कितना खर्च हमारी स्टेट कर रही है। मैं इस के बारे में यह कहना चाहता हूं कि सोशल सर्विसिज़ पर पहले 1960-61 में 34 करोड़ रुपये खर्च होते थे जब कि 1963-64 में 20 करोड़ 6 लाख रुपये खर्च होंगे। डिवैलपमेंट सर्विसिज़ पर 1961-62 में 22.9 प्रतिशत खर्च हुआ जब कि 1963-64 में 19 प्रतिशत हो रहा है। प्रोग्रैसिव स्टेट कहने के लिए दलीलें दी जाती हैं और सरकार कहती है कि हमारा पंजाब बहुत तरक्की कर रहा है। यह चीज़ खुद ही सब कुछ साबित करती है। हमारी स्टेट जिस ढंग से चल रही है इससे जाहिर होता है कि यह आगे से ज्यादा मकरूज़ हो जाएगी। हमारे ऊपर इतना कर्जा है जिस का सूद हम कई साल तक भी अदा नहीं कर सकेंगे। इस के साथ ही साथ हमारी सरकार कमेटियां बनाती जा रही है, और उन कमेटियों की रिपोर्टों पर अमल भी नहीं किया जाता है। तो जब इन कमेटियों की रिपोर्टों पर अमल न करना हो तो इन कमेटियों के बनाने की क्या ज़रूरत है? मेरे पास रिसोर्सिज़ एंड रिट्रैंचमेंट कमेटी की रिपोर्ट है। इस कमेटी के चेयरमैन श्री दरबारी लाल गुप्ता, एम. एल. सी. थे जो कि आज कल पब्लिक सर्विस कमिशन के मैम्बर हैं। इस कमेटी के सरदार दरबारा सिंह और सरदार अजमेर सिंह मेम्बर थे। अगर इस रिपोर्ट पर अमल किया जाता तो उस से 1959-60 में 7 करोड़ 14 लाख रुपये की बचत हो सकती थी और 1961-62 में 15 करोड़ 61 लाख रुपए की बचत हो सकती थी। मैं समझता हूं कि अगर इस रिपोर्ट पर अमल किया जाता तो आज जनता पर टैक्स लगाने की ज़रूरत महसूस न होती। इसी तरह अगर 1963-64 की कमेटी की सिफारशों पर अमल किया जाता है तो 22 करोड़ 17 लाख रुपये की बचत हो सकती है। चेयरमैन साहिब, मेरा कहने का मतलब यह है कि इस में बहुत ज़्यादा खर्च किया गया है मैं चाहता हूं कि खर्च के बारे में सरकार तवज्जो दे जो कमेटियां हमारी सरकार ने बनायी हुई हैं और अगर उन की रिपोर्टें सरकार को नामंजूर हों तो इन कमेटियों को खत्म करना चाहिए। इस के अलावा, इंतजाम किस ढंग से चलाया जा रहा है और किस ढंग से ग़बन किया जा रहा है इस के बारे में पब्लिक अकाउंट्स कमेटी की रिपोर्ट आप के सामने पेश है, जिस के चेयरमैन कामरेड राम चन्द्र हैं। उस में रानी के महल और उस की लड़की की शादी का ज़िक्र था। उस की तफसील में मैं जाना नहीं चाहता क्योंकि वह पहले आ चुकी है कि किस ढंग से रानी की लड़कियों की शादी के लिये पैसा दिया जाता है। चाहिये तो यह था कि किसी गरीब हरिजन की लड़की की शादी की जाती। 65, 65 हज़ार रुपया खर्च किया जाता है। इस कमेटी न इंडस्ट्रीज़ डिपार्टमैंट की मैल-एडमिनिस्ट्रेशन के बार में लिखा है:

11-00 a.m.

"During the course of examination of the representatives of various departments, the Committee have come across a number of cases of maladministration, inefficiency and incompetence, but they regret to point out that in certain aspects the Industries Department has surpassed all other departments in as much as it has completely brushed a side all the precautions that are in necessary to ensure that the hard-earned money of the people is fairly and properly spent and not a single pie is wasted. It seems that in the Industries Department no such precaution has been considered necessary."

इस कमेटी की यह रिपोर्ट और रिकमेंडेशन्ज़ हैं। मैं एक जिले की मिसाल देता हूं कि जो

इंडस्ट्रियल लोनज़ दिये गए थे वह इन्होंने वसूल नहीं किये और बहुत से माफ किये गए हैं। मैं अमृतसर ज़िल के बारे में कहना चाहता हूं। उसके बारे में लिखा है :

> "The loan records of one of the districts, viz., Amritsar District up to the period ending 31st March, 1962, were completed by the Department at the suggestion of the Committee. As a result of this it was revealed that even the position in regard to the utilisation of loan was far from being satisfactory, The number of loans given in the Amritsar District for the above period was 795. Of these, loans were misutilized in 292 cases, in 49 cases the whereabouts of the loanees were not known to the Department".

जहां पर इतने लोनीज़ का पता ही न लगता हो तो आप अंदाजा लगाएं कि किस ढंग से मिस-ऐप्रोप्रियेशन हो रही है और किस ढंग से यह इंडस्ट्रीज़ डिपार्टमेंट चलता है। अब सरकार हमारे ऊपर टैक्स पर टैक्स लगा रही है। पिछले एरियर्ज़ कितने हैं, मैं केवल लैंड रैवेन्यू की फिग्गर्ज़ बताना चाहता हूं। बाकी नहीं बताऊंगा। इस कमेटी की रिपोर्ट में लिखा हुआ है कि 1,26,18,511 रुपये अभी तक लैंड रैवेन्यू के बकाया हैं। लम्बरदारों ने वसूल कर लिये हैं लेकिन उसे रिकवर नहीं किया गया। *(At this Stage, Mr. Speaker occupied the Chair.)* स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ कर रहा था कि हमारी सरकार अपनी बनाई हुई कमेटियों की रिपोर्ट पर भी अमल नहीं करती। पी. ए. सी. जो इस हाउस की तरफ से बनाई गई है, सरकार ने उस की रिपोर्ट पर भी गौर नहीं किया। हमारी सरकार वायदे बहुत ज़्यादा करती है। इस सम्बन्ध में मैं आप के सामने एशोरेन्सिज़ कमेटी की रिपोर्ट रखता हूं। हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब ने अभी एक वायदा किया था कि कोई बात मेरे नोटिस में लाओ तो मैं एनक्वाइरी करवाऊंगा। मैं बता देना चाहता हूं कि इस सरकार ने कितनी एशोरेन्सिज़ दी थीं। 1955 और 1956 में जब मौजूदा सरकार नहीं थी कोई ऐसी एशोरेन्स नहीं थी जो कि पूरी न की गई हो। 1957 में एक एशोरेन्स थी जो पूरी नहीं की गई। 1958 में 48 एशोरेन्सिज़ पूरी नहीं की गईं। 1959 में 19 एशोरेन्सिज़ पूरी नहीं हुईं। मैं अर्ज़ कर रहा था कि यहां पर जितने भी वायदे किये जाते हैं वह पूरे नहीं किये जाते। बारहा गलत बयानियां की जाती हैं। सरकार अपने किये इकरारों को पूरा नहीं करती, अपनी बनाई हुई कमेटियों की रिपोर्टों पर अमल नहीं करती और फिर टैक्स पर टैक्स लगाए जाती है जिन का बोझ आम लोगों पर पड़ता है। इस सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूं कि जितने भी मिनिस्टर हैं, यह बड़े बड़े अफसर हैं, उन का वास्ता पैसेंजर्ज़ टैक्स से नहीं पड़ता। मेरे जैसों को भी बस में कम सफर करना पड़ता है, लेकिन आम जनता आम तौर पर बसों में सफर करती है। इस लिये मुसाफिर टैक्स का बोझ भी गरीब जनता पर पड़ेगा। इसी तरह से सेल्ज़ टैक्स आम कन्ज़्यूमर पर पड़ेगा। स्पीकर साहिब, आप को तो मालूम ही है कि ज्वाइंट पंजाब में जिन दिनों चार आने फीसदी यह टैक्स लगाया गया था तो लोगों ने किस तरह से ऐजिटेशन चलाई थी और हजारों की तादाद में गिरफ्तारियां हुई थीं। पंजाब में कितनी हलचल मची थी और केवल चार आने फीसदी के हिसाब से यह टैक्स लगने पर लोगों ने इतनी ऐजिटेशन चलाई थी। लेकिन आज वही टैक्स बढ़ा कर छः फीसदी कर दिया गया है। यानी 24 गुना बढ़ा दिया गया है और यह आम गरीब जनता पर पड़ेगा। कामरेड राम किशन जी भी कह चुके हैं कि गन्ने और

[चौधरी देवी लाल]

कपास जैसी फसलों पर भी पांच रुपये के हिसाब से ऐडीशनल टैक्स लगाया गया है। टैक्स इतना बढ़ाया जा रहा है कि ग्राम ग्रादमी बरदाश्त नहीं कर सकेगा। प्रोलिटिकल पार्टियां पंजाब में नारा लगाती हैं कि टैक्स जो बढ़ाए वह सरकार निकम्मी है। ग्रगर टैक्स इसी तरह से बढ़ते गए तो जनता ग्रौर पोलिटिक्ल पार्टियां यह सोचने पर मजबूर होंगी कि ऐसी सरकार का मुकाबला किस तरह से किया जाए जो कि इस ढंग से टैक्स पर टैक्स बढ़ाती जा रही है। जनता बरदाश्त कर सकती है ग्रगर उस को यह विश्वास हो कि यह जो टैक्स लगाया जा रहा है यह उन की बेहतरी के लिये खर्च किया जाएगा। लेकिन यहां पर ऐसी बात नहीं है। जब हम पी. ए. सी. की रिपोर्ट पढ़ते हैं, जब हम खुरशीद ग्रहमद की स्पीच पढ़ते हैं तो जाहिर होता है कि यह जो रुपया खर्च होता है यह बड़े बड़े ग्रादमियों की मार्फत हज़म किया जा रहा है। स्पीकर साहिब, ग्राप जो कोल्ड स्टोरेज ग्रौर इस किस्म की बड़ी बड़ी बिल्डिगें बनी देखते हैं यह सब इंडस्ट्रीज़ डिपार्टमैंट की मदद से बनाई गई हैं। गवर्नमैंट की इमदाद से यह बनाई गई हैं। यहां पर फरीदाबाद का ज़िक्र किया गया, गन्नौर का ज़िक्र किया गया, कि किस ढंग से वहां पर ज़मीन ऐक्वायर की गई। मैं इस की तफसील में नहीं जाना चाहता क्योंकि यह बातें पहले हाउस में ग्रा चुकी हैं। जब हालात इस किस्म के हैं कि हर ग्रादमी समझता है कि हमारी सरकार हर मामले में ग्रपना ही इंट्रैस्ट देखती है तो वह फ्रस्ट्रेटिड फील करता है। इंडस्ट्री है तो वह भी सरकार के ग्रपने ग्रादमियों के हाथ में है, ट्रांसपोर्ट का काम है तो वह भी ग्रपने ग्रादमियों के हाथ में है। उस में भी किसी न किसी मिनिस्टर का ग्रपना इंट्रैस्ट होगा। इन सब बातों का ज़िक्र करने से मेरा मतलब यह है कि टैक्स का जो रुपया वसूल किया जाता है उस के बारे में जनता यह महसूस करती है कि उस की बेहतरी के लिये खर्च नहीं किया जाता। पहले जो रुपया सोशल सर्विसिज़ ग्रौर कैपिटल ऐक्स्पैंडीचर पर खर्च होता था वह ग्रब कम होता जा रहा है ग्रौर टैक्स बढ़ाये जा रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई के बारे में डींग मारी गई थी कि मैट्रिक तक की पढ़ाई मुफ्त कर देंगे, लेकिन, स्पीकर साहिब, ग्राज इसी बजट में इन को 70 लाख रुपया स्कूलों के बच्चों की फीस से मिलेगा। यह सरकार इस तरह से चलती है कि इस पर से लोगों का विश्वास उठता जा रहा है। रेलवे की तरह से ग्रगर ट्रांस्पोर्ट को नैश्नलाइज़ कर लिया जाए तो दस करोड़ रुपये की ग्रामदनी हो सकती है। लेकिन ट्रांस्पोर्ट को नैश्नलाइज़ किया जाए तो किस तरह से किया जाए? ट्रांस्पोर्टर्ज़ को तो पैट्रोनेज दी जा रही है, ताकि उन की तरफ से इन को मदद मिलती रहे। मैं बड़ी ज़िम्मेदारी से कह रहा हूं कि ग्रगर कोई सेंटर की तरफ से पड़ताल करे तो मिनिस्टरों के घरों में लिफाफों में डाल कर दस दस हज़ार रुपया माहवार ट्रांस्पोर्टर्ज़ की तरफ से पहुंचाया जाता है। ट्रांस्पोर्ट कम्पनियां उन को रुपया भेजती हैं। मैं किसी का नाम नहीं लेता, मैं कहता हूं कि इस तरह का चर्चा ग्राज कल चलता है।

जहां तक एडमिनिस्ट्रेशन का ताल्लुक है उस पर लोगों को भरोसा नहीं रहा। छोटे से छोटे काम में भी ऊपर से इंटरफीयरेंस होती है। डिस्ट्रिक्ट कमेटी की बाबत भी जब सवाल ग्राया तो वहां भी साफ तौर पर बताया गया कि एक पोलिटिकल पार्टी के लोग डिस्ट्रिक्ट

आफिसर्ज के साथ साथ जा कर काम करवाते हैं । इस डायरैक्ट इंटरफीयरेंस से लोगों के दिलों में इस किस्म का ख्याल पैदा हो गया है कि अब कोई काम हो ही नहीं सकता । कोई काम नहीं हो सकता जब तक कि ऊपर किसी इन्फलयूएन्शल आदमी की एप्रोच न हो । यही वजह है कि आज पंजाब के अन्दर आम जनता को बहुत भारी दिक्कतों और तकालीफ का सामना करना पड़ रहा है ।

इस के अलावा जहां तक सरकार की ज़मींदारों की भलाई और बेहतरी करने की पालिसी का ताल्लुक है उस की बाबत भी मैं आप को वह पहला वक्त याद दिलाना चाहता हूं जिन दिनों पंजाब में यूनियनिस्ट सरकार कायम थी जिसे कि ज़मींदारों की सरकार के नाम से पुकारा जाता था । उस को रियैक्शनरी सरकार कहा जाता था । उस सरकार ने कर्ज़ा बिल पास किया था । उस बिल से अरबों रुपये के कर्ज़े से छुटकारा हुआ । उस वक्त यही लोग उस सरकार की मुखालिफत किया करते थे । लेकिन आज जो यह सरकार ज़मींदारों की बहबूदी का दम भरती नहीं थकती उन के लिये क्या कर रही है ? खेतों में ज़मींदार मेहनत से पैदावार को बढ़ाने की कोशिश करता है लेकिन बजाय उस की मदद करने के उस पर टैक्सों का बोझ लादा जा रहा है । किसी तरह से कर्ज़ों की सैंक्शन नहीं मिलती । जो कर्ज़े दिए भी जाते हैं वह बड़े इंडस्ट्रियलिस्टों को दिए जाते हैं, बड़े बड़े लैंडलार्डों को दिए जाते हैं । आम किसानों को कुछ भी मदद नहीं मिलती ।

हरिजनों का भी यह सरकार बहुत दम भरती है । जहां तक हरिजनों की हमदर्दी का ताल्लुक है पिछले साल जब इस हाऊस में टैम्परेरी टैक्सेशन बिल लाया गया तो उसकी स्टेटमैंट आफ एम्ज़ एंड आबजैक्ट्स में लिखा था कि यह रुपया हरिजनों के लिए मकान बनाने के सिलसिले में सर्फ किया जाएगा । लेकिन आज उस से बिल्कुल इनकारी है । पता नहीं कि वह रुपया कहां चला गया । स्पीकर साहिब, दम दिलासे तो बहुत दिए जाते हैं लेकिन असल में उन वायदों को कभी पूरा नहीं किया जाता ।

इसी सिलसिले में मैं एक मिसाल आप के सामने पेश करता हूं । यह कुल्लु में इलैक्शन के वक्त की बात है । दरियाए पारबती के पास एक लारजी नाम की जगह है । इलैक्शन के दिनों में वहां पर चीफ मिनिस्टर साहिब से यह डिमांड की गई कि यहां पर पुल बनवा दो और दो अढ़ाई मील सड़क को बना दो । वादा किया गया । सन् 1957 की इलैक्शन के वक्त भी वादा किया गया लेकिन कभी पूरा नहीं हुआ । मैं और बाबू अजीत कुमार वहां ही थे । हमने उन लोगों को बताया कि आप के लिए पुल या सड़क वगैरह कुछ नहीं बननी । इन के वादे तो हमारे पंजाबी में जिसे लारालप्पा कहते हैं, वैसे ही होते हैं । यह साहिब पंजाब में भी लारालप्पा लगाते हैं और आप लोगों के साथ भी वही होगा । और जब मैं ने लाहौल और स्पिति के लिए बजट को देखा तो वहां पर न मुझे कोई सड़क नज़र आई, न पुल । इस तरह से उन लोगों के साथ जो वादे किए थे वह पोलिटिकल ढंग के वादे ही साबित हुए ।

इसी तरह से चार साल पहिले अबलाना से सिरसा तक सड़क बनाने का वादा किया था । लेकिन उस सड़क को वहां से उठा कर किसी दूसरी तरफ कर दिया । इसी तरह से दरियाए घग्गर के पुल का वादा किया था, वह भी पूरा न किया । बजट में पैसे तो ले लिए जाते हैं लेकिन मालूम नहीं कि कहां चले जाते हैं ।

[चौधरी देवी लाल]

इसलिए, स्पीकर साहिब, ज़्यादा न कहता हुआ मैं यही अर्ज़ करूंगा कि जिस ढंग से सरकार टैक्स पर टैक्स बढ़ा रही है, जिस ढंग से कोरप्शन चल रही है और खुद अपनी बनाई हुई कमेटियों की सिफारिशात पर अमल नहीं होता उस से पंजाब की जनता के अन्दर बेचैनी और सरकार के लिए बदएतमादी बढ़ रही है। आज के ऐमर्जेंसी के हालात में मैं समझता हूं कि सरकार को इस ढंग से चलना चाहिए जिस से यह बदएतमादी दूर हो। ट्रैज़री बैंचों से बोलने वाले दोस्तों की तरफ से जो तकरीरें हुई उन में भी लुके छुपे इन्हीं सैंटिमेंट्स को बयान किया गया। इसलिए सरकार को चाहिए कि इस ढंग से बजट तैयार करे जिस से सही मायनों में प्रोग्रेसिव स्टेट हो। जो टैक्स लगाए गए हैं वह आम लोगों पर पड़े हैं। उन की जगह इन को चाहिए कि ट्रांस्पोर्ट को नैशनलाइज़ करें और रिसोर्सिज़ एंड रिट्रैंचमैंट कमेटी की सिफारिशात पर अमल करें ताकि लोगों पर टैक्स न लगाने पड़ें। इन अल्फाज़ के साथ मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूं कि आप ने मुझे कुछ ज़्यादा वक्त दिया।

श्री अध्यक्ष : मेरे पास बीस पचीस दोस्तों ने लिखकर भेजा है कि उन को बोलने के लिए वक्त दिया जाए। वक्त तो अब बहुत थोड़ा रह गया है, इसलिए ज़्यादा से ज़्यादा दो आनरेबल मैम्बर साहिबान और बोल सकेंगे। उन से भी मैं यही प्रार्थना करूंगा कि वह विदिन लिमिट रह कर अपनी अपनी स्पीच को खत्म कर दें क्योंकि अगर मैं बार बार "वाईंड अप, वाईंड अप" कहूं तो वह अच्छा नहीं लगता। (I have received a request in writing from twenty or twenty-five hon. Members that they should be given time to speak. The time at our disposal is short. At the most only two hon. Members can speak and I would request them also to finish their speeches within the time limit. It does not look proper that the Chair should interrupt them again and again by saying wind up please.)

एक माननीय सदस्य : टाईम एक घंटा बढ़ा दीजिए।

श्री अध्यक्ष : काश्मीर से आए हुए दोस्तों को दोपहर का खाना दिया गया है। इसलिए अब टाइम को बढ़ाने में मुश्किल होगी। फिर भी अगर ज़रूरत पड़ी तो I shall try to extend the sitting by 10 to 15 minutes today. (The hon. friends from Kashmir have been invited to lunch. It will, therefore, be difficult to ex end the time further. However, if it is felt necessary, I shall try to extend the sitting by 10 to 15 minutes today.)

ਖੇਤੀ ਬਾੜੀ ਅਤੇ ਭਲਾਈ ਮੰਤਰੀ (ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬੰਤਾ ਸਿੰਘ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ 5 ਮਿੰਟ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਵਕਤ ਨਹੀਂ ਲਵਾਂਗਾ। ਐਗਰੀਕਲਚਰ ਅਤੇ ਫਾਰੈਸਟ ਦੀ ਡੀਮਾਂਡ ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਮੈਂ, ਜਦੋਂ ਇਸ ਆਈਟਮ ਤੇ ਡਿਸਕਸ਼ਨ ਹੋਵੇਗੀ, ਜਵਾਬ ਦਿਆਂਗਾ। ਇਸ ਵਕਤ ਮੈਂ ਜਿਹੜੀ ਗੱਲ ਚੌਧਰੀ ਦੇਵੀ ਲਾਲ ਨੇ ਕਹੀ ਹੈ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਵਾਸਤੇ ਜਿਹੜਾ ਟੈਕਸ ਲਗਾਇਆ ਹੈ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਇਹ ਪੈਸਾ ਕਿਧਰ ਗਿਆ ਉਸ ਦੇ ਜਵਾਬ ਵਿੱਚ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਦੇਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੋ ਵੀ ਇਹ ਟੈਕਸ ਲਾਇਆ ਹੈ ਇਹ ਕਿਸੇ ਹੋਰ ਇਮਦਾਦ ਵਾਸਤੇ ਖਰਚ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ। ਇਹ ਇਕ ਵਖਰੀ ਮੱਦ ਖੋਲ੍ਹੀ ਗਈ ਹੈ ਜਿਸ ਵਿੱਚ ਇਹ ਪੈਸਾ ਜਮ੍ਹਾ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਅਸੀਂ ਅਜੇ ਇਹ ਸੋਚ ਰਹੇ ਹਾਂ ਕਿ ਕਿਹੜੀ ਕਿਹੜੀ ਚੀਜ਼ ਤੇ ਅਤੇ ਕਿਹੜੇ ਕੰਮ ਵਾਸਤੇ ਇਹ ਪੈਸਾ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਕਿ ਉਸ ਦੇ ਨਾਲ ਇਸ ਪੈਸੇ ਦਾ ਸਹੀ ਇਸਤੇਮਾਲ ਹੋ ਸਕੇ

ਅਤੇ ਇਸ ਦਾ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਫਾਇਦਾ ਪਹੁੰਚੇ। ਮੈਂ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਤੁਹਾਡੀ ਮਾਰਫਤ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕੁਝ ਪਲੈਨਾਂ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੀ ਬਿਹਤਰੀ ਵਾਸਤੇ ਅਸੀਂ ਆਉਂਦੇ 5 ਸਾਲਾ ਪਲਾਨ ਵਿੱਚ ਤਿਆਰ ਕੀਤੀਆਂ ਹਨ। ਅਸੀਂ 2,170 ਆਦਮੀਆਂ ਨੂੰ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿੱਚ ਸ਼ੀਡੂਲਡ ਕਾਸਟਸ ਅਤੇ ਹਰੀਜਨ ਹਨ, ਜ਼ਮੀਨ ਖਰੀਦ ਕੇ ਦੇਣੀ ਹੈ। ਇਹ ਇਕ ਬੜੀ ਹੀ ਚੰਗੀ ਸਕੀਮ ਹੈ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਲੋਕ ਆਪਣੀ ਜ਼ਮੀਨ ਵਾਹੁਣ ਯੋਗ ਹੋ ਜਾਣਗੇ। ਫੇਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ 500 ਰੁਪਏ ਫੀ ਘਰ ਵਾਸਤੇ ਵੀ ਦਿਆਂਗੇ ਤਾਂ ਜੋ ਉਹ ਉਸ ਮਕਾਨ ਵਿੱਚ ਆਪਣਾ ਨਿਰਬਾਹ ਕਰ ਸਕਣ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਜਿਹੜੇ ਫੈਕਟਰੀਆਂ ਅਤੇ ਇੰਡਸਟਰੀ ਵਿੱਚ ਜਾਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ ਬਾਕਾਇਦਾ ਟ੍ਰੇਨਿੰਗ ਦੇ ਕੇ ਇਸ ਕਾਬਲ ਬਣਾਇਆ ਜਾਵੇਗਾ ਕਿ ਉਹ ਆਪਣੀ ਰੋਟੀ ਆਪ ਕਮਾ ਸਕਣ। ਇਸ ਤੋਂ ਬਆਦ ਸਭ ਤੋਂ ਵੱਡਾ ਮਸਲਾ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਦੇਣ ਦਾ ਹੈ। ਪਾਰਟੀਸ਼ਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਸਹੂਲਤਾਂ ਨਹੀਂ ਸਨ ਪਰ ਜਦੋਂ ਦੀ ਆਜ਼ਾਦੀ ਮਿਲੀ ਹੈ ਅਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਬਹੁਤ ਕੁਝ ਕਰਦੇ ਆ ਰਹੇ ਹਾਂ। ਅੱਜ ਪੰਜਾਬ ਵਿੱਚ ਕੋਈ ਐਸਾ ਹਰੀਜਨ ਨਹੀਂ ਜਿਸ ਨੂੰ ਅਸੀਂ ਤਾਲੀਮ ਮੁਫਤ ਨਾ ਦਿੰਦੇ ਹੋਈਏ। ਸਭ ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ, ਚਾਹੇ ਉਹ ਸਕੂਲਾਂ ਵਿੱਚ ਯਾ ਕਾਲਜਾਂ ਵਿੱਚ ਪੜ੍ਹਦੇ ਹਨ, ਅਸੀਂ ਮੁਫਤ ਤਾਲੀਮ ਦਿੰਦੇ ਹਾਂ। ਅਸੀਂ 5 ਸਾਲਾ ਪਲੈਨ ਵਿੱਚ ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਾਸਤੇ 2 ਕਰੋੜ 20 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਰੱਖਿਆ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਾਸਤੇ ਹਰ ਪਰਕਾਰ ਦੀ ਸਹਾਇਤਾ ਦਾ ਪ੍ਰਬੰਧ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਹਰੀਜਨ ਬੱਚੇ ਵਿਦਿਆ ਦੇ ਖੇਤਰ ਵਿਚ ਕਿਤੇ ਪਿਛੇ ਨਾ ਰਹਿ ਜਾਣ। ਸਕੂਲਾਂ ਦੇ ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਫੀਸਾਂ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਲੀਗਲ ਐਡਵਾਈਸ ਵਾਸਤੇ ਪੈਸੇ ਵੀ ਦਿੱਤੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਇਕ ਚੀਜ਼ ਮੈਂ ਹੋਰ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਦਿਆਂ। ਉਹ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਤਿੰਨ ਵਖਰੀਆਂ ਜਾਂਤੀਆਂ ਦੀ ਸਹਾਇਤਾ ਵਾਸਤੇ ਇਹ ਸਕੀਮਾਂ ਚਲ ਰਹੀਆਂ ਹਨ। ਇਕ ਤਾਂ ਹਰੀਜਨਾਂ ਲਈ, ਦੂਸਰੇ ਵਿਮਕਤ ਜਾਤੀਆਂ ਲਈ ਅਤੇ ਤੀਸਰੇ ਬੈਕਵਰਡ ਕਲਾਸਿਜ਼ ਲਈ। ਵੈਸੇ ਜੇ ਗਿਣੀਏ ਤਾਂ ਇਹ 60—65 ਬਣਦੇ ਹਨ। ਸਾਡੇ ਕੋਲ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਦਰਖਾਸਤਾਂ ਵੀ ਆਉਂਦੀਆਂ ਹਨ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਬੈਕਵਰਡ ਕਲਾਸਿਜ਼ ਵਿੱਚੋਂ ਕਢਿਆ ਜਾਵੇ। ਕਈ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਬੈਕਵਰਡ ਕਲਾਸਿਜ਼ ਵਿੱਚ ਰੱਖਿਆ ਜਾਵੇ। ਇਹ ਮਸਲਾ ਬੜੀ ਦੇਰ ਤੋਂ ਜ਼ੇਰੇਗੌਰ ਹੈ ਕਿ ਕਿਸ ਨੂੰ ਬੈਕਵਰਡ ਬਣਾਇਆ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਨਾ ਬਣਾਇਆ ਜਾਵੇ। ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਬੈਕਵਰਡ ਕਲਾਸਿਜ਼ ਵਿਚ ਆਉਣ ਵਾਸਤੇ ਤਿਆਰ ਹਨ ਅਤੇ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਨਿਕਲਣ ਵਾਸਤੇ ਤਿਆਰ ਹਨ। ਮੈਨੂੰ ਯਾਦ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਬੈਕਵਰਡ ਕਲਾਸਿਜ਼ ਵਿਚ ਲੁਬਾਣਿਆਂ ਨੂੰ ਸ਼ਾਮਲ ਕੀਤਾ ਸੀ ਪਰ ਉਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਅਸੀਂ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨਾਲ ਨਹੀਂ ਮਿਲਣਾ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਇਹ ਝਗੜਾ ਦੋ ਸਾਲ ਤੱਕ ਚਲਦਾ ਰਿਹਾ। ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੇ ਬੱਚੇ ਮੁਫਤ ਪੜ੍ਹਦੇ ਹਨ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਹੁਣ ਬਰਾਦਰੀਆਂ ਨੂੰ ਬੈਕਵਰਡ ਨਹੀਂ ਸਮਝੇਗੀ ਬਲਕਿ ਅਸੀਂ ਹੁਣ ਇਹ ਫੈਸਲਾ ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿ ਬੈਕਵਰਡ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਸਮਝਿਆ ਜਾਵੇਗਾ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਇਨਕਮ ਘਟ ਹੋਵੇਗੀ, ਭਾਵੇਂ ਉਹ ਬਰਾਹਮਣ ਹੋਣ, ਜੱਟ ਹੋਣ ਜਾਂ ਕੋਈ ਹੋਰ ਹੋਣ। ਇਥੇ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਪਹਿਲਾਂ ਫੀਸਾਂ ਮਾਫ ਕਰ ਦਿੱਤੀਆਂ ਸਨ ਮਗਰ ਹੁਣ ਫੇਰ ਲਾ ਦਿੱਤੀਆਂ ਹਨ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਚੂੰਕਿ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਪਿੰਡਾਂ ਦੀ ਨਿਸਬਤ ਬਹੁਤੇ ਹਾਈ ਸਕੂਲ ਸਨ ਇਸ ਕਰਕੇ ਫੀਸਾਂ ਦੀ ਰਿਆਇਤ ਦਾ ਫਾਇਦਾ ਬਹੁਤਾ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਅਮੀਰਾਂ ਦੇ ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਹੀ ਪਹੁੰਚਦਾ ਸੀ। ਲੇਕਿਨ ਅਸੀਂ ਹੁਣ ਫੀਸਾਂ ਦੀ ਮੁਆਫੀ ਦਾ ਢੰਗ ਬਦਲ ਦਿਤਾ ਹੈ। ਭਾਵੇਂ ਕੋਈ ਸ਼ਹਿਰ ਦਾ ਹੋਵੇ ਜਾਂ ਪਿੰਡ ਦਾ ਹੋਵੇ ਜਾਂ ਕਿਸੇ ਵੀ ਜਾਤੀ ਦਾ ਹੋਵੇ, ਜਿਸ ਦੀ ਇਨਕਮ ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਿਆ ਸਾਲ ਦੀ ਹੋਵੇਗੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਅਸੀਂ ਬੈਕਵਰਡ ਕਲਾਸ ਦੇ ਵਿਚ ਸ਼ਾਮਿਲ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਬੱਚਿਆਂ ਦੀਆਂ ਫੀਸਾਂ ਸਕੂਲਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਮੁਆਫ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾਣਗੀਆਂ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਜਿਤਨੇ ਵੀ ਮਿੱਲਾਂ ਦੇ ਮਜ਼ਦੂਰ ਹਨ, ਕਲਾਸ 4 ਦੇ ਮੁਲਾਜ਼ਮ ਹਨ ਜਾਂ ਹੋਰ ਜਿਹੜੇ ਗਰੀਬ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਾਰਿਆਂ ਦੇ ਬੱਚਿਆਂ ਦੀਆਂ ਫੀਸਾ ਮੁਆਫ ਹੋ ਜਾਣਗੀਆਂ। ਇਹ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਬਹੁਤ ਵੱਡਾ ਕਾਰਨਾਮਾ ਹੈ ਜਿਸ ਦੇ ਨਾਲ ਗਰੀਬਾਂ ਨੂੰ ਫਾਇਦਾ

[ਖੇਤੀ ਬਾੜੀ ਅਤੇ ਭਲਾਈ ਮੰਤਰੀ]

ਹੋਣਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਹਾਊਸ ਨੂੰ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਏਥੇ ਕਈ ਐਮ. ਐਲ. ਏ. ਵੀ ਅਜਿਹੇ ਬੈਠੇ ਹੋਏ ਹੋਣਗੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਜਦੋਂ ਕਿ ਉਹ ਏਸ ਪਦਵੀ ਤੋਂ ਹਟ ਜਾਣਗੇ ਤਾਂ ਏਸ ਕਨਸੈਸ਼ਨ ਦਾ ਫਾਇਦਾ ਪਹੁੰਚੇਗਾ ਕਿਉਂਕਿ ਉਹ ਵੀ ਸਾਡੇ ਫਾਰਮੂਲੇ ਦੇ ਮੁਤਾਬਿਕ ਬੈਕਵਰਡ ਕਲਾਸਿਜ਼ ਦੇ ਵਿਚ ਇਨਕਲੂਡ ਹੋ ਜਾਣਗੇ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਕਈ ਪੇਸ਼ੇ ਐਸੇ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਘਿਰਨਾ ਦੀ ਨਿਗਾਹ ਦੇ ਨਾਲ ਦੇਖਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਜੇ 1,800 ਰੁਪਏ ਸਾਲ ਤਕ ਆਮਦਨੀ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਵੀ ਵਜ਼ੀਫੇ ਦਿੱਤੇ ਜਾਣਗੇ ਤੇ ਫੀਸਾਂ ਮੁਆਫ ਹੋਣਗੀਆਂ। ਏਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੀ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਮੈਂ ਪਹਿਲੇ ਵੀ ਦਸ ਚੁਕਾ ਹਾਂ ਅਸੀਂ, ਇਹ ਰਿਆਇਤਾਂ ਕਿਸੇ ਬਰਾਦਰੀ ਜਾਂ ਕਿਸੇ ਮਜ਼੍ਹਬ ਨੂੰ ਮੁਖ ਰਖਦੇ ਹੋਏ ਨਹੀਂ ਦੇਣੀਆਂ ਬਲਕਿ ਅਸੀਂ ਆਮਦਨੀ ਦੇ ਹਿਸਾਬ ਨਾਲ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਬੈਕਵਰਡ ਕਲਾਸਿਜ਼ ਦੇ ਵਿਚ ਸ਼ਾਮਿਲ ਕਰਨਾ ਹੈ। ਇਹ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਬਹੁਤ ਵੱਡਾ ਕਾਰਨਾਮਾ ਹੈ। ਬਸ ਮੈਂ ਇਤਨਾ ਕਹਿ ਕੇ ਤੁਹਾਡਾ ਧੰਨਬਾਦ ਕਰਦਾ ਹਾਂ।

(*At this stage, Shri Balramji Dass Tandon rose to speak*)

Mr. Speaker : I would expect the hon. Member to confine himself only to a few points.

श्री बलरामजी दास टंडन : मुझे कितना समय मिलेगा ?

श्री अध्यक्ष : आठ दस मिनट से ज्यादा नहीं होंगे । (The hon. Member can speak for eight or ten minutes at the most.)

श्री बल रामजी दास टंडन (अमृतसर, पश्चिम) : जितना समय आप देंगे उतना ही बोलूंगा ।

स्पीकर साहिब, जो बजट इस हाउस के अन्दर पेश किया गया है उस के बारे में मुझे नहीं कहना है कि इस के ऊपर जो उम्मीदें लगा कर पंजाब के लोग बैठे थे इस से उन्हें बड़ी भारी निराशा हुई है । इस बजट को हम यह समझते थे कि इस साल का बजट इस बात की शहादत होगा कि It is shadowed by Emergency. एमर्जेंसी का इस के ऊपर कोई असर है । लेकिन इस बजट को देख कर, इस की तफसीलात को पढ़ कर, मुझे दुःख से कहना पड़ता है कि इस बजट के बारे में कोई भी व्यक्ति यह नहीं कह सकता कि इस के ऊपर एमेंर्जेंसी की हालत का कोई असर है, क्योंकि सरकार को जो किसी किस्म के इकानोमी मैयर्ज़ लाने चाहिए थे उन के मुताल्लिक इस में कुछ बताने की कोशिश नहीं की गई और जो टैक्सेशन प्रोपोजल्ज़ हैं उन के आखीर में लिखा है कि बजट में जो डैफिसिट है वह तो कवर हो जावेगा बाकी सिर्फ 66 लाख रुपये का गैप रह जाएगा और इस 66 लाख के गैप को पूरा करने के लिए सरकार कुछ इकानोमी मैयर्ज़ लाएगी । मैं हैरान होता हूं यह देख कर आज देश के ऊपर संकट है, देश पर आपत्ति है और इस संकट और आपत्ति के अन्दर जब इस सूबे ने एक बहुत बड़ा हिस्सा इस काम में डालना है और इस एमेंर्जेन्सी की हालत में इस ने काम करना है तो इस गवर्नमैंट को इस के लिए काफी इकानोमी मैयर्ज़ लाने चाहिए थे । जैसा के मेरे कुछ साथियों ने बताया है रिसोर्सिज़ एंड रिट्रैंचमैंट कमेटी ने कुछ बातें इकनोमी मेयर्ज़ लेने के लिए बताई थीं या different मौकों पर बचत की कई चीज़ें बताई गई थी । सरकार ने उन की तरफ ध्यान नहीं दिया बलिक इस ने

इस किस्म के अखराज़ात को बढ़ाने की कोशिश की है जिस से मालूम होता है कि सरकार के दिल और दिमाग पर इस एमर्जेन्सी की हालत का कोई असर नहीं है जो इस मुल्क पर और इस सूबे में आज छाई हुई है और इस से यह ज़ाहिर होता है कि इस को इस बात का अहसास नहीं है कि इस एमर्जेन्सी की हालत में इस ने भी कोई कंट्रीब्यूशन देनी है। अगर यह चीज़ इस ने महसूस की होती और इस बारे में इस ने कुछ किया होता तो मैं समझता हूं कि यह इस के लिए बधाई की पात्र थी। लेकिन यह इस बात को न कर के उल्टा ऐसे टैक्सेशन मैयर्ज़ लाई है जिन का असर छोटे आदमियों पर या दरम्याने तबके के लोगों पर पड़ता है। इन टैक्सों का असर उन लोगों पर पड़ता है जिन में से हमें इंटलिजेंट लोग मिलते हैं, जिन के अन्दर हमें इंजीनियर मिलते हैं, जिन के अन्दर फौज के लिए सिपाही मिलते हैं, जिन में से हमें कारखानों में काम करने वाले आदमी मिलते हैं। यह जो टैक्सेशन मैयर्ज़ लेकर आए हैं, इन का असर इन सब लोगों पर पड़ता है। लेकिन, स्पीकर साहिब इस एमर्जेन्सी की हालत में इस बात की बहुत ज़रूरत थी कि छोटे तबके के लोगों पर टैक्स न लगाए जाते। आज से पिछले 15, 16 सालों से, जब से हमारा देश आज़ाद हुआ है, हकूमत सारे देश में भी और इस सूबे के अन्दर भी कांग्रेस की रही है। इस से उम्मीद की जाती थी कि यह देश के नैशनल कैरैक्टर को ऊंचा ले जाएगी। लेकिन हुआ बिल्कुल इस के उलट है। चाहे हम यहां बड़े बड़े डैम बनाने की कोशिश करते हैं, सड़कों का जाल बिछाने की कोशिश कर रहे हैं और नए नए कारखाने लगाने के प्रयत्न कर रहे हैं लेकिन इन से देश को कोई लाभ प्राप्त नहीं हो सकता जब तक कि हम अपने नैशनल कैरैक्टर को ऊंचा करने में कामयाब नहीं हो जाते। जब तक सरकार इस तरफ ध्यान देने की कोशिश नहीं करेगी तब तक इन विकास के कामों से देश को कोई लाभ होने वाला नहीं। यह ठीक है कि कुछ शोब्दों के अन्दर हम ने थोड़ी बहुत तरक्की की है और हमारे उद्देश्य के साथ इन शोब्दों में कार्रवाई हुई है। लेकिन नैशनल कैरैक्टर बिल्ड करने में हम ज़रा भी कामयाब नहीं हुए, बल्कि हमारा नैशनल कैरैक्टर आगे से भी नीचे की तरफ गिरा है और यह साफ नज़र आता है अगर हम किसी आदमी के कैरैक्टर को गौर से देखने की कोशिश करें, अगर हम बाहिर न जाएं, इसी हाउस में देखें, तो यह बात साफ नज़र आती है। स्पीकर साहिब, आप ने उस दिन अपनी आबज़र्वेशन दी थी कि इस हाउस में कुछ मेम्बर आपोज़ीशन को छोड़ कर दूसरी तरफ चले गए हैं। यहां जो कुछ हुआ है यह उन वाक्यात की रिफ्लैक्शन है जो सूबे के अन्दर हो रहे हैं। हमारे प्रान्त की तकरीबन दो करोड़ आबादी है और इस हाउस के कुल 154 मेम्बर हैं, जो पंजाब के लोगों ने चुन कर भेजे हैं। इस तरह से हरेक मेम्बर को तकरीबन $1\frac{1}{2}$ लाख लोगों ने चुन कर भेजा है। लेकिन यह बात मुझे बड़े अफसोस के साथ कहनी पड़ती है कि यहां हमारा कैरैक्टर इतना नीचे गिरा है जितना शायद और कहीं भी देखने में न आए। इसकी तरफ हम शायद किसी तरह से देख नहीं सकते मगर एक आदमी जो सवा लाख या डेढ़ लाख आदमियों की नुमाइंदगी करता है वह अगर इस ढंग से काम करता हो तो उस को देख कर आम आदमी के चलने का अन्दाज़ा किया जा सकता है। एक आदमी जो यह कह कर लोगों के वोट लेता है कि कांग्रेस की नीतियां खराब हैं वही आदमी एक छोटे से लालच के लिए डेढ़ लाख लोगों से धोखा करता है, उन से चार सौ बीस करता है, उन के सैंटीमैंट्स को कुचलता है और फ्लोर क्रास कर जाता है तो उस से अन्दाज़ा लगाया जा सकता है कि यह सरकार हमारे कैरैक्टर किस सांचे में ढाल रही है। इस से भी ज़्यादा

[श्री बलरामजी दास टंडन]

अफसोसनाक वह तरीके हैं जिन का इस्तेमाल उसे फ्लोर क्रास कराने के लिए किया जाता है। सरकार पर जहां देश के डिफैंस की ज़िम्मेदारी के साथ साथ पचासों और बातों की भी ज़िम्मेदारी है वहां नैशनल करैक्टर को ऊपर उठाने की भी ज़िम्मेदारी इस पर है। उसी सरकार के वज़ीरों के रिश्तेदार अगर मैम्बरों के पास पहुंचें और कहें कि आप को क्या चाहिए, आप को किस बात की मुश्किल है, हम उस सब को दूर कर देंगे, आप हमारी तरफ आ जाइए, अगर किसी के खिलाफ पैटीशन की गई हो तो जिस ने पैटीशन की होती है उस को साथ ले जा कहें कि हम इस को हुक्म दे देंगे कि यह अपनी पैटीशन वापस ले ले आप हमारे साथ मिल जाओ, अगर चीफ मिनिस्टर साहिब के लड़के घर घर जा कर........

Mr. Speaker : These petitions are *sub judice.* Please try to avoid any reference to them.

श्री बलरामजी दास टंडन : मैं पैटीशन की बात नहीं कर रहा। मैं तो उस को वापस कराने के इन के तरीके ही बता रहा हूं। (विघ्न) अगर चीफ मिनिस्टर के लड़के आगे आकर ऐसे काम कराएं और अगर डेढ़ लाख लोगों के नुमाइंदे ऐसे ऐसे काम करें तो मैं नहीं समझता कि छोटे से आम आदमी से, जिस की कोई वुक्कत ही नहीं है, किसी अच्छे करैक्टर की कैसे उम्मीद की जा सकती है? उस पर इन चीज़ों का बुरा ही असर पड़ेगा और फिर कौम कैसे दुश्मन के मुकाबले में खड़ी हो सकती है। मुझे निहायत अफसोस से कहना पड़ता है.........

Mr. Speaker : You have practically finished your time, please wind up in a couple of minutes.

श्री बलरामजी दास टंडन : मुझे निहायत अफसोस से कहना पड़ता है कि इस सदन के एक मैम्बर का इस सरकार ने स्टेट्स बिल्कुल खत्म कर रखा है।

स्पीकर साहिब, हम जानते हैं कि पैप्सू में एक मेम्बर का स्टेट्स क्या था, हम यह भी जानते हैं कि म्युनिसिपैलिटी के प्रैज़िडेंट या सैक्रेटरियों या मेम्बरों की क्या हैसियत होती है। यह हमें देखने का मौका मिला है, मगर यह कितने दुःख की बात है कि इस सदन के मेम्बरों के साथ सरकार के बड़े बड़े अफसर ऐसे सलूक करते हैं, मानो यह चपड़ासी यहां पर बैठे हों। मिनिस्टर साहिबान से मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि यह गद्दियां किसी की बपौती नहीं हैं, डैमोक्रेसी के अन्दर यह कोई बड़ी बात नहीं है कि इन के पीछे बैठने वाले ही अगली बार आगे आ जाएं और यह पीछे चले जाएं या यह भी हो सकता है कि यह इधर आ जाएं और इधर वाले लोग उधर जा बैठें। मगर इस तरीके से मैम्बरों की कीमत खत्म करना कि दस दस चिट्ठियां डालें, टैलीफून करें, तो इन को जवाब तक न दिया जाए, ठीक बात नहीं है। यही बात आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों इन के साथ भी बीत सकती है। और फिर जब यह बात चीफ मिनिस्टर के नोटिस में लाई जाए तो यह सो जाएं कि जैसे कोई बात ही नहीं हुई हो।

फिर एक ढोंग इस कैपिटल में भी चल रहा है। सरकार के मुंह से निकल गया कि जो इन के कर्मचारी 250 रूपए से कम तनखाह लेते हैं उन को कैपिटल अलाउंस नहीं दिया जायेगा। साथ ही कह दिया कि इस जगह पर कीमतें कम करने की कोशिश करेंगे। स्पीकर साहिब, चूंकि एक बार यह बात मुंह से निकल चुकी थी, इस लिए डायरैक्टर आफ सिविल सप्लाइज़ को बुलाया

और कहा कि इस के लिए कुछ करना चाहिए । वह साहिब रिटायर होने वाले थे । उन्होंने सोचा कि 58 साल तक तो वैसे ही चलेंगे, उस के बाद भी इस में से कुछ अच्छी बात ही होगी, शायद और मौका, मिल जाए, इसे चलाओ । तो एक ढोंग रचा गया, दुख होता है कि एक बात मुंह से निकल गई तो उस को पूरा करना ही चाहिए.वह भले ठीक न हो । चीप शाप्स खोल दीं । इस वक्त यहां पर 8 ऐसी दुकानें हैं । उन को चलाने के लिए ज़रा अमला देखिए क्या क्या है । एक डिप्टी डायरैक्टर, सिविल सप्लाइज़, उस के नीचे असिस्टेंट डायरैक्टर, तीन डिस्ट्रिक्ट फूड ऐंड सप्लाइज़ अफसर, ऐडमिनिस्ट्रेशन साइड पर एक पी. सी. ऐस. अण्डर सैक्रेटरी, उस के नीचे तीन असिस्टेंट फूड ऐंड सप्लाइज़ अफसर हैं । दफतर को एक डिप्टी सुपरिन्टेंडेंट देखता है । उसके नीचे तीन असिस्टेंट, एक अकाउंटेंट , दो क्लर्क, दो टाइपिस्ट और दो स्टैनो टाइपिस्ट्स काम करते हैं । अकाउंट्स का काम करने के लिये एक कन्ट्रोलर आफ फूड अकाउंट्स, 8 सीनियर अकाउंटेंट, 16 जूनियर अकाउंटेंट और जो दूसरी तरफ से निकाल कर चपड़ासी उधर लगाए हैं उन की तादाद 25 है । इस के अलावा पहली दस तारीख तक जब लोगों के पास पैसे रहते हैं और इन दुकानों पर रश रहता तो 25-30 मुलाज़म और दूसरी तरफ से निकाल कर इस तरफ लगा दिये जाते हैं । इन सब मुलाज़मों की तन्खाह का अगर अन्दाज़ा लगाया जाए तो यह 20 हज़ार रुपया माह-वार बनता है । मैं हैरान हूं कि जब सौ रुपये में एक सेल्ज़मैन बड़ी आसानी से मिल सकता है तो यह सारा अमला सिविल सप्लाइज़ के दफतर से वहां क्यों लगाया जाता है । अगर इस स्टाफ की वहां ज़रूरत नहीं है , वहां यह सरप्लस है तो हटाओ इन को वहां से । काम तो यह उधर करते हैं मगर खर्च सिविल सप्लाइज़ साइड पर ही दिखाया जाता है ? इतना ही नहीं ।

श्री अध्यक्ष : अब वाइंड अप करें । (Now wind up please.)

श्री बलरामजी दास टंडन : आप जानते हैं कि जब किसी दुकानदार को कहीं से माल मंगाने की ज़रूरत होती है, तो वह चिट्ठी लिख कर या तार द्वारा वह माल मंगाता है । मगर जब यहां अफसरों के मन में आए कि बम्बई जाकर सैर करनी चाहिए तो वहां से चीज़ें लाने के नाम पर दस दिन का टूर निकाल लिया जाता है । तीन तीन अफसर इकट्ठे हो कर जाते हैं और 5,000 रुपए का आ कर बिल दे देते हैं । अगर आगरा देखने की मन में आई तो वहां से पेठा लाने के नाम पर वहां चले जाते हैं । अगर किसी के दिल में पटियाले जाने की बात आई तो वहां से नाले या जूते लाने के लिए वहां चला जाता है और आ कर टी. ए. सरकार से चार्ज करता है । इस के अलावा दुकानें सरकार ने दे रखी हैं । 17 सैक्टर में ऐसी दुकानों का किराया 700 रुपए माहवार है. . . .

Mr. Speaker : The hon. Member has already taken 16 minutes. He should finish within half a minute and thereafter he will have to sit down.

श्री बलरामजी दास टंडन : यह सारी बातें होती हैं । इस के साथ साथ सरकार ने रिजैक्टिड पालेटीशन्ज़ की एक डम्पिग ग्राउंड बना रखी है । और मैं ने जब देखने की कोशिश की तो ऐसे लोगों को पब्लिक सर्विस कमिशन, सबार्डिनेट सर्विसिज़ सिलैक्शन बोर्ड और मार्किटिंग कमेटियों के बोर्डों में पाया.........

Mr. Speaker : It does not behove any hon. Member to cast aspersions on anybody. He may please avoid such references.

श्री बल राम जी दास टंडन : मैं ने तो यह कहा है कि जो पालिटीशन यहां से नाराज़ हो जाते हैं, उन्हें प्रोवाइड करने के लिए यह सब किया जाता है और अब सुना है कि कैबिनेट को

[श्री बलरामजी दास टंडन]

फिर एक्सपैंड किया जा रहा है । अगर सिर्फ रूठे हुए आदमियों को मनाने के लिए यह बात की गई तो बहुत बुरी बात होगी । धमकियां देकर, स्पीकर साहिब, इनको यह न समझ लेना चाहिए कि कन्स्ट्रक्टिव ज़बान को बन्द किया जा सकता है । मैं चीफ मिनिस्टर साहिब को यह बतला देना चाहता हूं कि धमकियों से कोई आवाज़ जो सचाई के लिए खुलती है वह बन्द नहीं हो सकती । वह आवाज़ निकल कर रहेगी और वह किसी डर से, किसी की धमकी से दब नहीं सकती ।

(*At this stage, some hon. Members and Excise, Taxation and Capital Minister rose to speak.*)

Mr. Speaker : Comrade Ram Chandra, Please. I would request Comrade Jee to try to finish his speech within five or seven minutes.

Mital Sahib, I don't think any Minister other than the Home Minister or the Chief Minister will have a chance to speak today.

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਮੇਜ ਸਿੰਘ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਸਾਨੂੰ time ਵੰਡ ਕੇ ਦਿਆ ਕਰੋ ।

ਕਾਮਰੇਡ ਬਾਬੂ ਸਿੰਘ ਮਾਸਟਰ : ਸਾਡੇ ਗਰੁਪ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਥੋੜ੍ਹਾ ਟਾਈਮ ਮਿਲਿਆ ਹੈ, ਸਾਡੇ ਸਿਰਫ ਦੋ ਮੈਂਬਰ ਬੋਲੇ ਹਨ ।

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਜਿਹੜੇ ਮੈਂਬਰ ਹੁਣ ਨਹੀਂ ਬੋਲ ਸਕੇ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜਨਰਲ ਐਡਮਨਿਸਟਰੇਸ਼ਨ ਤੇ ਬਹਿਸ ਸਮੇਂ ਵਕਤ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇਗਾ । (Those hon. Members who could not get time to speak now will be given time at the time of discussion on the General Administration.)

कामरेड राम चद्र (नूरपुर) : स्पीकर साहिब ....

श्री अध्यक्ष : कामरेड साहिब, वक्त थोड़ा है, आप जल्दी ही खत्म कीजिएगा । Comrade Sahib may please try to furnish his speech soon as the time at our disposal is short.)

कामरेड राम चंद्र : बहुत अच्छा, जनाब । स्पीकर साहिब, मैं इस बजट के बारे में कुछ बातें आपकी खिदमत में पेश करना चाहता हूं । इस में कोई शक नहीं कि पिछले 10-15 साल में मुल्क ने इक्तसादी तौर पर बड़ी तरक्की की है । और बजट डेढ़ अरब तक पहुंच जाने से इस का सबूत भी मिलता है कि इतना रुपया लोगों के पास आया । लेकिन मैं यह ज़रूर कहूंगा कि हम पर कर्ज़ चढ़ रहा है और साढ़े तीन अरब रुपया हम पर कर्ज़ चढ़ गया है ।

इस साल सरकार ने कुछ टैक्स लगाए हैं । अगर गवर्नमैंट कुछ चीज़ों को ध्यान में लाए तो टैक्स कम हो सकते हैं । पहली चीज़ यह है कि एरियर्ज़ आफ टैक्स जो है, उन्हें हासिल करना चाहिए । मैं मानता हूं कि एक दो महीने से रिकवरी हुई है, लेकिन यह और भी तेज़ी से हो सकती है । दूसरी चीज़ यह है कि पी. डब्ल्यू. डी. में जो कोरप्शन चल रही है उस को दूर किया जाए तो बहुत रुपया बचाया जा सकता है । 15 साल से भी ज्यादा का अर्सा हुआ, लेकिन जिस डिपार्टमेंट में ऊपर से नीचे तक लोग रुपया लेने में साझीदार हों, उसे आज तक कंट्रोल नहीं किया जा सका । इसी तरह अगर सिनेमाओं को नैशनलाइज़ कर लिया जाए तो आमदन ज्यादा बढ़ सकती है । और ट्रांस्पोर्ट को नैशनलाइज़ करने के लिए जो निश्चिय किया है उसे मुकम्मल किया जाए ।

एक बात मैं रिजनल कमेटियों के बारे में कहूंगा कि वे भी कोई मुफीद काम नहीं रही हैं । इसी तरह जो कौंसिल है, वह भी सफ़ेद हाथी है (घंटी)

श्री अध्यक्ष : यह शब्द वापस लें । (The hon. Member may please withdraw these words.)

कामरेड राम चन्द्र : अच्छा जनाब मैं वापिस लेता हूं। मेरे दोस्त ने यह कहा था कि इनफ्लेशन और कोरप्शन बढ़ती जा रही है। इसी इनफ्लेशन के कारण च्यांगकाई शेक को पीकिंग से भाग कर फारमूसा जाना पड़ा। इसी तरह से रूस में हुआ, जब करंसकी वहां से भागा। मगर इस हद तक हमारे देश की हालत नहीं गई, यह अभी संभल सकती है। स्पीकर साहिब, मैं यह भी अच्छी तरह से जानता हूं कि सरकार ने अच्छी चीज़ें भी की हैं। हमें सिर्फ एक आंख से नहीं देखना चाहिए। दोनों आंखों से देखना चाहिए। हमें बड़ी खुशी है और हम बड़े फख्र के साथ कह सकते हैं कि इस जंग के दौरान में हमने ज्यादा रुपया, ज्यादा सोना, और ज्यादा आदमी दिए हैं और फौजियों को जो रियायतें दी जाती रही हैं, वह काबले तारीफ हैं। और जो चीफ मिनिस्टर साहिब का ख्याल है कि क्लास फोर के एम्पलाइज़ को महंगाई का अलाउंस तनखाह में शामिल करके बढ़ी हुई रकम पर पेनशन दी जाये, यह अच्छा काम है। मैं इस की तारीफ करता हूं।

हमने सोशलिज़म लाने के लिए दावा किया था और कहा था कि हम सोशलिस्ट पैटर्न आफ सोसाइटी कायम करेंगे। It is not a timid heart that can bring out revolution. It requires a valiant heart. और सोशलिस्ट निज़ाम लाने के लिए यह ज़रूरी है कि हमारे यहां सोशल, पोलिटिकल और इकोनामिक रैवोल्यूशन हो। हमारी यह ख्वाहिश है। लेकिन इधर-उधर से जब हम देखते हैं तो पता चलता है कि हमारे यहां फ्यूडल और कैपिटलिस्ट फोरसिज़ राइज़ कर रही हैं, और संगठित हो रही हैं। अगर हम वाकई सोशलिज़म लाना चाहते हैं तो इन के मुकाबले में किसान मिडल क्लास तथा लेबर क्लास को अपने साथ लाना होगा। और ऐसे कदम उठाने होंगे जिस से वह मज़बूत, दलेर तथा संगठित हों।

एक बात का हमें अफसोस होता है जब हम देखते हैं कि पहाड़ी इलाकों की तरक्की का काम रोक दिया गया है। मैं तो यही कहूंगा कि चाहे एमर्जेन्सी ही हो, हमें पहाड़ी इलाके की तरक्की के कामों को नहीं रोकना चाहिए। और जो इस इलाके में स्कूलों की कमी वगैरा है उसको पूरा करना चाहिए। धर्मसाला के कालेज में एम. ए. क्लासिज शामिल नहीं की गई हैं। वहां एम. ए. क्लासिज दी जानी चाहिएं और होस्टल भी बनाना चाहिए। नूरपुर में आर्टस और टैक्नीकल इन्स्टीच्यूट भी होना चाहिए। इसी तरह कांगड़ा में सैनिक स्कूल नहीं खोले गए, वह भी खोलना ज़रूरी है और एन. सी. सी. की क्लासिज़ भी होनी चाहिएं। यह हैरानी की बात है कि कांगड़ा से एन. सी. सी. बटालियन का हैडक्वार्टर उठा कर धर्मसाला को गुरदासपुर के अधीन कर दिया गया है।

इस लिए मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि पहाड़ी तथा बैकवर्ड इलाके में सैनिक शिक्षा देने के लिए पूरा यत्न करना चाहिए।

मैं सड़कों की तरफ भी सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि मेरे अपने इलाके में 3, 4 सड़कों की तजवीज़ स्वीकार की गई थी। मैं चाहता हूं कि वह सड़कें पक्की कर दी जाएं ताकि वहां की जनता को सहूलत मिल सके। स्पीकर साहिब, मैं कहना तो बहुत कुछ चाहता हूं किन्तु समय नहीं है। लेकिन मैं आशा करता हूं कि सरकार पहाड़ी इलाके की तरक्की के कामों को नहीं रोकेगी बल्कि उन कामों को आगे चलाने का यत्न करेगी।

कामरेड राम प्यारा (करनाल) : स्पीकर साहिब यह जो बजट पेश किया गया है उस में क्लास iv एम्प्लाइज़ को, पुलिस वालों को और कुछ मिलिट्री वालों के बच्चों को

[कामरेड राम प्यारा]

रियायतें दी गई हैं। मैं इस के लिए सरकार को मुबारिकबाद देता हूं। लेकिन सरकार ने पुलिस के कर्मचारियों को अभी तक तनखाहें देनी शुरू नहीं की, इस के लिए सरकार को शीघ्र ही पग उठाने चाहिएं।

हमारी गवर्नमेंट पर बहुत कर्जा है जिस में 307 करोड़ सैंटर का है और 16 करोड़ 47 लाख पब्लिक का कर्जा है। इसी तरह से सफा 103 पर कुछ ज़मानतें दी हुई हैं। वह भी हमारे ऊपर बोझ हैं। यह कर्जा बहुत तेज़ी से बढ़ रहा है। इस लिए मैं समझता हूं और गवर्नमेंट का ध्यान कान्स्टीट्यूशन के सफा 152 के आर्टिकल 293 की तरफ दिलाना चाहता हूं। वहां लिखा है :

> "293 (1). Subject to the provisions of this Article the executive power of a State extends to borrowing within the territory of India upon the security of the Consolidated Fund of the State within such limits, if any, as may from time to time be fixed by the Legislature of such State by law and to the giving of guarantees within such limits, if any, as may be so fixed."

इन की लिमिट लैजिस्लेशन लाकर ज़रूर मुकर्रर करनी चाहिए। मुझे डर है कि हमारा सूबा किसी आने वाले वक्त में कहीं बैंकरप्ट न हो जाए। हमारे ऊपर इतना कर्जा है कि हम आइंदा कई सालों में अदा नहीं कर सकते। सरकार ने यह जो टैक्स लगाए हैं यह मौजूदा हालात में किसी तरह भी जस्टीफाई नहीं होते हैं। इन टैक्सों का अमीर आदमियों पर कोई इफैक्ट नहीं पड़ता, बल्कि गरीब आदमियों को ही असर अन्दाज़ किया गया है। I understand that the poorest has been taxed and I, therefore, call this budget as an unbalanced budget. स्पीकर साहिब, मैं आपका ध्यान इस बात की तरफ दिलाना चाहता हूं कि यह जो किताब "रिव्यू आफ वर्क डन बाई दि पंजाब विधान सभा ड्यूरिंग 1957—62" छपी है उस में यह लिखा है कि 186 कुल बिल बने हैं जिन में से 166 असेम्बली में तथा 20 अप्पर हाउस में इंट्रोड्यूस हुए हैं। 166 बिलों में से सिर्फ 8 बिल अपर हाउस से वापिस आए जिन में बहुत माइनर चेंजिज़ सजैस्ट की हैं। इस से अन्दाज़ा लगाया जा सकता है कि अप्पर हाउस ने कोई कंट्रीब्यूशन नहीं की। जब अप्पर हाउस ने कंट्रीब्यूशन नहीं की तो उस पर इतना खर्च करने की क्या ज़रूरत है ? इसी तरह जहां रिजनल कमेटियों का सम्बन्ध है 25 बिल इन कमेटियों को रैफर किए गए हैं। उन में से सिर्फ 8 गवर्नर साहिब को भेजे गए, बाकी ज्यों के त्यों पेश कर दिए गए। तो इन हालात में रिजनल कमेटियों का भी कोई कंट्रीब्यूशन नहीं है। जब इन का कंट्रीब्यूशन नहीं है तो मैं समझता हूं कि इन कमेटियों की भी कोई ज़रूरत नहीं है।

जहां तक ग़रीबों पर मेहरबानी करने का ताल्लुक है, हरिजन नम्बरदारों को पंचोतरा देने के सिलसिले में 1960 में सरकार ने फैसला किया था, लेकिन वह अब तक नहीं दिया गया और इस के बारे में अब यह कहा जा रहा है :

> "No date can, however, be given when this decision will be implemented as the case has been kept pending due to present emergency."

मैं हैरान हूं कि इस में एमरजैंसी आने पर कौन सी रुकावट पड़ गई है।

इसी तरह से गरीब क्लास IV एम्प्लाइज़ हैं जिन को गरम वर्दियां देने का सवाल था, लेकिन सरकार ने उन को वर्दियां नहीं दीं। नतीजे के तौर पर एमर्जेन्सी की वजह से यह काम अभी तक स्टैंड स्टिल है। और कहा गया है कि:—

"The matter has since been considered by the Government, but in view of the national emergency, it has been decided that the *status quo* should be maintained."

मैं हैरान हूं कि जब गरीबों को देने की बात आती है तो सरकार एमर्जेन्सी को सामने खड़ा कर देती है और जब अमीरों को मदद देने का सवाल आता है तो कोई एमर्जेन्सी नहीं है। तभी मैं महसूस करता हूं कि सरकार तो सोशलिस्टिक पैटर्न आफ सोसाइटी को सैबोटेज़ कर रही है। वैसे तो सरकार सोशलिस्ट पैटर्न आफ सोसाइटी का नारा लगाती है किन्तु काम उस के उलट कर रही है।

स्पीकर साहिब, पिछले साल हरिजन बाल्मीकियों के सूरों को बीमारी पड़ी जिस से उन का बहुत नुक्सान हुआ, यह गरीब अपना रोज़गार चलाने के लिए सूरों को पालते हैं। लेकिन सरकार ने उन की कोई मदद नहीं की, जबकि पिछले साल फ्लड आने से फसलों के नष्ट हो जाने से तथा मकान गिर जाने से लोगों को रिलीफ दिया गया। मैं चाहता हूं कि इन को भी रिलीफ देना चाहिए था।

स्पीकर साहिब, मैं टायरों के बारे में कहना चाहता हूं सरकार ने टायरों के रेट इस तरह मुकर्रर किए हैं कि पहले जो टायर 6 रुपये में मिलता था उस की कीमत 10 रुपये मुकर्रर की गई है। अगर उस की कीमत 7 रुपये हो तो गरीबों का गुज़ारा हो सकता है। साइकल तो पूअर मैन के कनवेयेन्स का साधन है। जो गरीब आदमी साइकल पर गुज़ारा करता है उस को 3 रुपए मुनाफा फालतू देना पड़ता है। जो इस से मुनाफा होगा वह अमीरों की जेबों में जाएगा। वैसे तो हमारी सरकार सोशलिस्टिक पैटर्न आफ़ सोसाइटी का नारा लगाती है किन्तु यह खुद ही सोशलिस्टिक पैटर्न आफ सोसाइटी को सैबोटेज कर रही है। मैं महसूस करता हूं कि यह बजट अनबैलन्स्ड है।

स्पीकर साहिब चीफ मिनिस्टर साहिब ने मुझे डी. ओ. लैटर नं० 9088।सी आर, डेटिड 20-10 1959 के द्वारा यकीन दिलाया था कि गैम्बलर्ज़ पर छापे पड़ते रहेंगे लेकिन मैं हैरान हूं कि जिन एक, दो गवाहों ने गवाही नहीं दी उन में से एक को कोयले का डिपो दिया गया है और दूसरे को खांड का डिपो दिया गया है। लेकिन जब हम ने कूकी पर छापे डलवाए तो इस का नतीजा यह हुआ है कि जो सज़ा हुई, हाई कोर्ट में भी वह सज़ा बहाल रही। जिन्होंने गवाहियां दीं उन को गवर्नमेंट ने ऐप्रिसियेशन का सर्टिफिकेट भी नहीं दिया। इस लिए मैं महसूस करता हूं कि गवर्नमेंट इन्डायरैक्टली खुद सट्टाबाज़ों को पैट्रोनाइज़ कर रही है।

स्पीकर साहिब, मैं कुरप्शन की इन्तहा की मिसाल देता हूं। मैं तीन लिफाफे भेज रहा हूं। एक चीफ मिनिस्टर साहिब के नाम, दूसरा गृह मंत्री के नाम और तीसरा आप को भेज रहा हूं। इस में एक कैश शुदा चैक्क की फोटो-स्टैट कापी है। यह चैक एक गज़टिड अफसर से लिया गया है जिस के विरुद्ध ऐंटी-कुरप्पशन डिपार्टमेंट एनक्वायरी कर रहा था। उस से और रुपए मांगे गए और उस ने रुपए नहीं दिए। उसके दो महीने बाद उसकी सर्विसिज़ टर्मिनेट कर दी गईं। स्पीकर साहिब, मैं उस अफसर की सफाई नहीं देना चाहता हूं, लेकिन चीफ मिनिस्टर साहिब के हवारियों की बात करता हूं। जिस अफसर के बरखिलाफ ऐंटी-कुरप्पशन डिपार्टमैंट एनक्वाइरी

[कामरेड राम प्यारा]
कर रही थी तो उस से पैसे लेने का क्या मतलब था। चीफ मिनिस्टर साहिब या गृह मंत्री अगर कहेंगे तो इन डाक्युमेंट्स को टेबल पर ले कर दूंगा।

1960 में एक बेवा के लड़के ने मिडल का इम्तिहान पास किया था तो उस को सुपरिन्टेंडेंट ने रोल नम्बर गलत दे दिया जिस से वल्दीयत तबदील हो गई। 1960 से वह दरखास्तें दे रहा है कि उसकी वल्दीयत ठीक की जाए लेकिन कोई रिज़ल्ट नहीं निकला। मैंने गवर्नमेंट को मई, 1962 में चिट्ठी लिखी, जून में भी चिट्ठी लिखी। मैं ने नवम्बर, 1962 में असेम्बली क्वैस्चन किया मगर कोई असर नहीं हुआ। अंत में तंग आ कर चीफ मिनिस्टर साहिब को 1963 में चिट्ठी लिखी। उनका जवाब मैं पढ़ देता हूं :

"Please refer to your letter of the 7th January, 1963, in which you have written about the case of the son of a widow connected with the middle school examination. I am making an immediate enquiry into the matter......"

यह चिट्ठी 7 जून की है। हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब ने मुझे यकीन दिलाया है कि मैं एनक्वायरी कर रहा हूं। अब मुझे चिट्ठी दी है जिस में लिखा है कि 5 दिन के अन्दर उस को सर्टिफिकेट इश्शू कर दिया जाएगा। मगर मैं हैरान हूं कि वह 5 दिन कितने साल हैं, क्योंकि अभी तक सर्टिफिकेट इश्शू नहीं हुआ है।

स्पीकर साहिब, मैं डिमांड करता हूं कि एक प्रभावशाली आदमियों की कमेटी बनाई जाए जो उन आदमियों की जांच पड़ताल करे जो ओवरनाइट रिच हो गए हैं। यह देखना निहायत ज़रूरी है कि उन के क्या रिसोर्सिज हैं और उन के पास इतना रुपया कहां से आया है। अगर ऐसा नहीं करेंगे तो कोरप्पशन बन्द नहीं हो सकती।

12.00 noon

बार बार यह कहा जाता है कि सिनेमा इंडस्ट्री को और ट्रांस्पोर्ट को नैश्नलाइज़ किया जाए। ठीक है कि कुछ वैस्टिड इंट्रैस्ट्स होने की वजह से उन की लाचारी है, वे नैश्नलाइज़ नहीं करते, लेकिन मैं तजवीज़ करता हूं कि इन की नैश्नलाइजेशन होनी चाहिए।

Mr. Speaker . Please, wind up.

कामरेड राम प्यारा : स्पीकर साहिब, एक बात कह के मैं बैठ जाऊंगा। गवर्नमेंट ने यह पालिसी बना ली है कि कई जगहों को नैगोशियेटिड प्राइसिज़ में दे देती है। इसी पालिसी के मातहत सिनेमा प्लाट्स, रैस्टोरैंट्स और लुध्याना में इंडस्टिरियल प्लाट भी दिये गए हैं। मैं चाहूंगा कि यह पालिसी आफ गिविंग थिंग्ज आन नैगोशियेटिड प्राइसिज़ स्टाप की जानी चाहिये। इस से गवर्नमेंट को लाखों नहीं बल्कि करोड़ों रुपयों का नुक्सान होता है। मैं वक्त की तंगी के कारण ज्यादा न कहता हुआ इतना कह कर ही बैठ जाऊंगा कि हमारी स्टेट में कानून का रोब और डर घटता जा रहा है। मैं चाहता हूं कि इस टैरर को फेस करने के लिये यह विधान सभा और लोग थोड़ा सा उठें ताकि यह टैरर खत्म हो और लोगों को मुकम्मल आज़ादी हो। स्पीकर साहिब, फ्रांस में एक वक्त आया था कि लोगों में बहुत डिमारेलाइज़ेशन आ गई। मुझे एक फिक़रा याद आया है:

"Men were mean and low, people were sharing in a general scramble. He who grabbed the most was considered to be the cleverest."

मैं चाहूंगा कि हमारी स्टेट में यह हालत न हो जाए । मौजूदा हालात ऐसे ही नज़र आ रहे हैं। इन शब्दों के साथ मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूं और दोबारा कहता हूं कि हमें इस टैरर का मुकाबला करना चाहिये ताकि कानून की अहमियत हो और लोग आज़ादी को महसूस करें ।

Mr. Speaker : I have to make an announcement. All the Members are lunching at the State Guest House. The lunch is being given by the Congress Legislature Party in the honour of the Chairman and Members of the Kashmir Legislative Council. So, we have to disperse at 1.30 p.m.

The hon. Member, Shri Jagan Nath will speak for three or four minutes. Then the Chief Minister will speak. After that the Home Minister will reply to the debate.

ਕਾਮਰੇਡ ਬਾਬੂ ਸਿੰਘ ਮਾਸਟਰ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਬੜਾ ਹੀ ਅਫਸੋਸ ਹੈ ਕਿ ਹੋਰਾਂ ਨੂੰ ਤਾਂ ਵਕਤ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਪਰ ਸਾਡੇ ਬੈਂਚਾਂ ਨੂੰ ਟਾਇਮ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ। ਅਸੀਂ ਪਰੋਟੈਸਟ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਵਾਕ ਆਊਟ ਕਰਦੇ ਹਾਂ।

ਕਾਮਰੇਡ ਜੰਗੀਰ ਸਿੰਘ ਜੋਗਾ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਕ ਦਿਨ ਵੀ ਸਾਨੂੰ ਵਕਤ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ। ਅਸੀਂ ਰੋਸ ਪਰਗਟ ਕਰਨ ਲਈ ਵਾਕ ਆਊਟ ਕਰਦੇ ਹਾਂ।

Mr. Speaker : You will get time when the Demand for General Administration is before the House.

(At this stage all the three Members of the Communist group, viz., Comrade Jangir Singh Joga, Comrade Babu Singh Master and Comrade Didar Singh staged a walk out.)

श्री जगन्नाथ (तोशम) : स्पीकर साहिब, पांच दिन से बजट पर बहस हो रही है। पांच दिन बहस के बाद बजट में कोई चीज़ बहस करने वाली रह नहीं जाती। हां, सिर्फ एक ही चीज़ रह जाती है। वह है यह किताब "पंजाब आन दि मार्च" अगर पंजाब का सरवे कर के देखा जाए तो हम इस नतीजे पर पहुंचते हैं कि इस किताब का नाम "पंजाब आन दि मार्च माइनस बैकवर्ड ऐंड डैज़र्ट एरियाज़" होना चाहिये। गवर्नमैंट ने एलान किया है कि बैकवर्ड एरियाज़ की डिवैल्पमैंट की जाएगी। हकीकत में बैकवर्ड एरियाज़ के लिये कुछ भी नहीं किया जा रहा। कहीं पर तो बाढ़ आते हैं और कहीं पर डैज़र्ट एरियाज़ हैं जहां पर पानी की बूंद देखने को नहीं मिलती। लोग दोहाई देते हैं कि मर गए, पिट गए लेकिन सरकार कोई ध्यान नहीं देती। जहां पर बाढ़ आते हैं वहां तो बाद में फसल हो जाती है लेकिन रेगिस्तान में तो कुछ पैदा ही नहीं होता। बजट को देखने से पता लगता है कि 6 करोड़, 74 लाख रुपया घग्गर डैम पर खर्च किया जाएगा। अगर ताजियां वाले मकाम पर डैम बनाया जाए तो भिवानी, महेंद्रगढ़ और गुड़गांव तक पानी मुहैया हो सकता है। सरकार की आमदनी भी बढ़ सकती है और लोग भी खुशहाल हो जाएंगे। हमारे वित्त मन्त्री साहिब डा० गोपी चन्द हिसार ज़िले को रिप्रिजैंट करते हैं लेकिन उन को यह भी मालूम नहीं है कि तोशम एक डैज़र्ट कांस्टीच्वैन्सी है।

Mr. Speaker : Please do not disturb Doctor Sahib.

श्री जगन्नाथ : स्पीकर साहिब, सब से ज़रूरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि उस डैज़र्ट एरिया में टीचर भी जाना पसंद नहीं करते । वे जाएं भी क्यों ? उन को फैसिलिटीज़ नहीं मिलतीं। न कोई वहां पर सड़क है और न ही कोई और फैसिलिटी उन को मिलती है। इस सम्बन्ध में मैं गवर्नमैंट से अर्ज़ करूंगा कि जिस तरह से नीफा और लद्दाख में जाने वाले नौजवानों को स्पैशल अलाउंस दिया जाता है उसी तरह से जो टीचर उस डैज़र्ट एरिया में जाते हैं उन के लिये भी स्पैशल अलाउंस होना चाहिये। लोभ बड़ी चीज़ है, लोभ में आकर वे ज़रूर वहां जाना पसंद करेंगे । लोभ में आकर ही इस तरफ़ के बहुत से एम. एल. एज़. उस तरफ चले गए हैं । (विघ्न) स्पीकर साहिब, गवर्नमैंट वायदे करती है कि हरिजनों को फैसिलिटीज़ दी जाएंगी । मैं होम मिनिस्टर की स्टेटमैंट के बारे में जो कि उन्होंने मई, 1962 में दी थी, पढ़ कर सुनाना चाहता हूं :—

> "Addressing a largely attended rural conference at Kheri Naru village, eight miles from here, last evening, Pandit Mohan Lal, Home Minister of Punjab, disclosed that the State Government had under consideration a scheme to give one or two acres of land to each Harijan family in the State. The Government was also contemplating to build pucca houses for them".

होम मिनिस्टर साहिब ने तो यह statement दी लेकिन चीफ मिनिस्टर साहिब ने यह कह दिया कि हम अभी हरिजनों को पक्के मकान बना कर नहीं देंगे । मालूम होता है कि होम मिनिस्टर साहिब ने उन को कन्सल्ट नहीं किया था । (विघ्न)

गृह मंत्री : यह कब की बात है ?

श्री जगन्नाथ : यह बात मई, 1962 की है । स्पीकर साहिब, ये तो अपनी स्टेटमैंट पर भी कायम नहीं रह सकते । (विघ्न) इन्होंने कानून बना रखा है कि हरिजनों को ज़मीन दी जाएगी। लेकिन आप देखें कि सरप्लस एरिया पर तो टैनेंट भी नहीं बैठाए जा सकेंगे । हरिजनों को ज़मीन कहां से दी जाएगी ? हमारे मिनिस्टर साहिबान झूठी स्टेटमैंट दे कर जनता का विश्वास खो रहे हैं। एक पंजाबी को दूसरे पंजाबी पर विश्वास नहीं रहा। यही कारण है कि हमारे गवर्नर साहिब ने अपना ए. डी. सी. केरल से मंगवाया है। उन को पंजाबियों पर विश्वास नहीं है।

Mr. Speaker : The hon. Member is new here. He is not conversant with the rules. He should not discuss the conduct of the Governor here.

श्री जगन्नाथ : स्पीकर साहिब, अब जो टैक्स इन्होंने बढ़ाए हैं इन का 80 फी सदी भार आम जनता, किसान और मजदूरों पर पड़ेगा। आप मज़दूरों की हालत को देखें । 1947 में इतनी महंगाई नहीं थी और उस समय भी उन की रोज़ाना मज़दूरी डेढ़ दो रुपये होती थी। आज इतनी ज़्यादा महंगाई हो गई है लेकिन उन की मज़दूरी आज भी वही डेढ़ दो रुपये रोज़ाना है। पन्द्रह साल के अन्दर कितने टैक्स बढ़ गए हैं, कितनी महंगाई हो गई है लेकिन उन की आमदनी कुछ भी नहीं बढ़ी। टैक्स उन पर ज़रूर बढ़ा दिये गये हैं । मैं पूछता हूं कि हमारी सरकार करोड़ों रुपये का टैक्स गरीब लोगों पर लगा रही हैं, क्यों नहीं सिनेमा हाउसिज़ को नैश्नलाइज करती, क्यों नहीं रूट पर्मिटों को नैश्नलाइज करती ? अगर इन

को नैश्नेलाइज़ कर लिया जाए तो आराम से इतना रुपया वसूल हो सकता है। इस से उन बड़े लोगों को कुछ फर्क नहीं पड़ेगा। लेकिन अफसोस तो इस बात का है कि सरकार इस तरफ ध्यान ही नहीं देती। इन्होंने तो फैसला किया हुआ है कि बाई फेयर आर फाउल मीन्ज़ हकूमत करनी है। डैमोक्रेसी के बड़े बड़े दावे किये जाते हैं, लेकिन यहां पर तो डिक्टेटरशिप है, डैमोक्रेसी नहीं है।

Mr. Speaker: Please wind up.

श्री जगन्नाथ: हमारी सरकार किसी दूसरे की बात को सुनना भी पसंद नहीं करती, अपनी मर्ज़ी ही करती है। जो यह कह दें वही ठीक है, और जो कुछ दूसरा कहता है वह गलत है। स्पीकर साहिब, यह कहता हुआ मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूं।

मुख्य मंत्री (सरदार प्रताप सिंह कैरों): स्पीकर साहिब, असल में दिल तो नहीं चाहता था कि इस मौके पर मैं हाउस का कुछ वक्त लूं लेकिन इस ख्याल से ले रहा हूं ताकि आपोज़ीशन की तरफ से उठाए गए कुछ एतराज़ात का जवाब दे सकूं। आपोज़ीशन वाले दोस्त तो चले गये, फिर भी थोड़ा सा वक्त लूंगा ताकि जो बयान होम मिनिस्टर साहिब ने देना है वह भी दे सकें।

मुझे सब से पहले यही कहना है कि यह बजट एक ऐसे मौके पर लाया गया है जब कि उस आज़ादी को, जो हमने बड़ी जद्दोजहद के बाद हासिल की, बरकरार रखने का सवाल है। ऐसे नाज़ुक हालात में यह बजट पेश हुआ है। जो खर्च होना है वह भी हमारी निगाह में है और जो आमदनी है उस का भी हमें पूरा ध्यान है। पंजाब सरकार ने इस बार, आम हालात में जो खर्च होता था उस में से तकरीबन पन्द्रह करोड़ तक का खर्च कट किया है और इस वक्त के हालात में जो अशद ज़रूरी चीजें हैं—डिफैंस सम्बन्धी खर्च, वाटर-लौगिंग और बाढ़ों को रोकने वगैरा की—उन पर ज़्यादा खर्च करने की कोशिश की है। इस के लिये जो खसारा था, जो कमी थी उस को पूरा करने के लिये टैक्स लगाए हैं। लेकिन यह इस नीयत से नहीं कि पंजाब कमज़ोर हो जाए बल्कि इस नीयत से कि पंजाब ने इन हालात में जिस तेज़ी के साथ आगे बढ़ना है वह रुके न, जिन ज़रूरी हालात का हमने मुकाबला करना है वह कर पाएं और जो हमारी औलादें आगे को आनी हैं उन औलादों के लिए हम मैदान बना दें ताकि उन्हें पूरे ढंग से तरक्की करने में कोई रुकावट महसूस न हो। (प्रशंसा)

स्पीकर साहिब, बहुत सी बातें कहने को हैं लेकिन वक्त की तंगी और इस लिहाज़ से कि होम मिनिस्टर साहिब को पूरा वक्त मिले, इंडस्ट्रीज़ डिपार्टमैंट को बहस में लाते हुए कुछ एतराज़ उठाए गए, उन्हीं की बाबत जवाब देना चाहूंगा और साथ ही इस सिलसिले में हाउस की वाकफियत के लिये कुछ चीज़ें कहना चाहूंगा।

स्पीकर साहिब, एतराज़ किया गया कि फलां जगह लुधियाना में फलां को क्यों दे दी। मैं हाउस को बताना चाहता हूं कि वह जगह उन्होंने नैगोशियेशन्ज़ से ली। नैगोशियेशन्ज़ का यह मतलब नहीं कि करोड़ों रुपया खराब हो गया। देखना यह है कि डील कितनी है। अगर डील ही हज़ारों या लाखों की है तो करोड़ कैसे आ गए? जिस को हमने नैगोशियेट कर के दिया। जहां तक मेरा ख्याल है, जहां तक मुझे याद है, वह पंद्रह रुपये फ़ी गज़ के हिसाब से दिया है। फिर मेरे गुड़गांव से आए हुए भाई ने कहा कि वहां पर

[मुख्य मन्त्री]

इंडस्ट्रीज़ के लिये सौ एकड़ ज़मीन के लिये जो 18 लाख रुपया कलैक्टर ने मंज़ूर किया है वह हम को देना चाहिए । मैं समझता हूं कि उस आनरेबल मैम्बर की जितनी तकरीर है उस को पढ़ा जाए तो साफ ज़ाहिर होता है कि वह उस शख्स को बचाना चाहते हैं ताकि उसके बरखिलाफ कोई अपील न करें । स्पीकर साहिब, ज़ाहिरा तौर पर यह एक किस्म का प्रैशर है । मैं इस प्रैशर को नहीं मानूंगा। मैं समझता हूं कि पंजाब में कोई इंडस्ट्री कायम नहीं रह सकती, पंजाब में इन्डस्ट्री का काम ही ठप हो जाए अगर सोलह हज़ार रुपये की इंडस्ट्री लगाने के लिये लाखों रुपयों या ज़मीन की कीमत अदा करने के लिये ही इनवैस्ट करना पड़े। मुझे याद है कि लायलपुर में ज़मीन के मुरब्बे किस कीमत पर बिका करते थे, किस तरीके से बिका करते थे । मैं सच कहता हूं कि जितने पैसे इस ज़मीन के लगाए गए हैं उस के मुकाबले में आप चाहें तो कुछ ही रुपये में गज ज़मीन लेकर दे सकता हूं । लेकिन यह कोई ढंग है कि कुछ लोग किस तरह से इस सारे सिलसिला को करते हैं ? मैं अभी इस पर ज्यादा नहीं कहना चाहता । पंजाब गवर्नमैंट इस पर अपील करेगी, कोर्ट में जाएगी। स्पीकर साहिब, यह बात भी नहीं कि ज़मीन को बिल्कुल सस्ता किया जाए । जिस आदमी को जो कोई ज़मीन देंगे उस पर शर्त लगायेंगे कि वहां पर वही काम करे, काम नहीं करता और अगर ज़मीन बेचना चाहे तो सरकार की मंजूरी के बगैर नहीं बेच सकता । यह चीज़ें हो सकती हैं और यहां चंडीगढ़ और दूसरी जगहों पर कर भी रहे हैं । और फिर ज़मीन कैसे लेकर दी जाती है ? खुद सैंटर से यह बात दरियाफ्त की जाती है कि उसी तरह की फैक्टरी के लिये कितनी ज़मीन दरकार होती है। हमें किसी को कोई चीज़ मुफ्त में नहीं देना है । और फिर जिस की ज़मीन ली जाती है उस को कम्पैन्सेशन पूरी दिलवाते हैं । इस लिये यह कहना कि फलां को वहां पर ज़मीन दे दी, फलां को इस तरह से ज़मीन दे दी, यह कर दिया, वह कर दिया, यह बातें मुनासिब मालूम नहीं देतीं और न ही आनरेबल मेम्बर साहिबान को बिना हकीकत मालूम किए इस तरह से एतराज़ात करने शोभा देते हैं । स्पीकर साहिब, अगर कोई आदमी हिन्द सरकार से लाईसेंस लेकर पंजाब में आता है तो उस को यहां पर फैक्टरी एस्टैब्लिश करने के सिलसिले में मदद देना हमारा फर्ज़ हो जाता है । यह हमारा फर्ज़ बन जाता है कि हम उसको मुनासिब जगह पर ज़मीन दिलवाएं । हमने उसे ज़मीन हर हालत में देनी है। अगर नहीं देते तो यह जो सारा बोझ ज़रायत पर पड़ रहा है उसे सूबा कैसे उठा सकता है ? हमने एग्रीकल्चरल पापुलेशन को इंडस्ट्रियल पापुलेशन बनाना है और इस उद्देश्य को पूरा करने के लिये पंजाब सरकार पूरा ज़ोर लगा रही है। ज़मीन अगर दूर हो, नज़दीक न हो तो हम वहां पर सड़क ले जाते हैं । ज़रूरी नहीं कि ज़रखेज़ ज़मीन ही लेकर फैक्टरीज़ के लिये देनी है । जहां बिजली नहीं होगी वहां हम बिजली भी देंगे ,लेकिन यह कैसे हो सकता है कि जब 10 एकड़ ज़मीन लेकर देनी हो, पांच एकड़ का मालिक तो पैसे लेकर ज़मीन दे जाता है और पांच एकड़ वाला बीच में अड़ जाए कि मैं नहीं देता जब कि कीमत भी उसे पूरी और वही अदा की जा रही हो जो कि उस के साथ वाले ने ली ? ऐसी हालत में हम क्यों न वह ज़मीन लेकर दें ? सचमुच ऐसा मालूम होता था गोया वह भाई यहां हाउस में और हाउस के

बाहर अपनी रैपुटेशन बनाना चाहते थे जैसे वही लोगों के खैरख्वाह हों, सिर्फ वही लोगों से प्यार करने वाले हों। स्पीकर साहिब, सूबे में बसने वाले एक एक आदमी के लिये पंजाब सरकार की पूरी हमदर्दी है और मेरा दिल दुखता है अगर किसी की ज़मीन नाजायज़ काम के लिये या कम कीमत पर ली जाए। लेकिन मेरी यह खाहिश है, पूरी कोशिश है कि जो आदमी पंजाब में किसी न किसी तरह का भी काम शुरू करना चाहता हो, इंडस्ट्री लगाना चाहता हो तो उस की हर तरह की मदद करूं। पंजाब का मज़बूत और जफाकश जवान क्या काम नहीं कर सकता? ठीक है कि बेसिक तौर पर पंजाब ऐग्रिकल्चर प्रधान सूबा है लेकिन, स्पीकर साहिब, ज़रायत से रोटी का उस कदर गुजारा नहीं होता, वैसी रोटी नहीं मिल सकती जैसी रोटी हम दूसरों को खाते देखते हैं। लिहाज़ा इंडस्ट्रीज़ को यहां पर फरोग देने के बगैर कोई गुज़ारा नहीं। ज़रूरी है कि इंडस्ट्रीज़ को लगाने के लिए ज़मीन की कीमत कम भी नहीं होनी चाहिए लेकिन साथ ही साथ यह इतनी ज़्यादा, इतनी एक्सैसिव भी नहीं होनी चाहिए कि कोई शख्स यहां पर आकर इंडस्ट्री चालू करने का नाम ही न ले। मैं समझता हूं कि जो सैशन जज फैसला करेगा उस के बाद ज़रूरत पड़ने पर हम हाई कोर्ट में भी जाएंगे ताकि इस सिलसिले में जुडीशल कोर्टों को अपना फैसला प्रोनाउन्स करने का मौका मिले कि असल में ज़मीन की कीमत कितनी होनी चाहिए। किसी ने किसी का लिहाज़ नहीं करना और न ही लिहाज़ करने का सवाल ही पैदा होता है। ठीक है कि ज़मीन की कीमत मार्किट प्राइस पर होती है लेकिन अगर मार्किट प्राइस सचमुच 18,000 रु. फी एकड़ हो तो आप समझ सकते हैं कि यहां पर कौन इंडस्ट्रीज़ लगाएगा? अठारह लाख रुपये की जिस आदमी ने सिर्फ ज़मीन ही लेनी है वह दूसरे कामों पर लगाने के लिये पैसा कहां से लाएगा? मैं हैरान हूं कि एक तरफ तो वह भाई पंजाब के लोगों के खैरख्वाह बनने का दावा करते हैं और दूसरी तरफ वह काम नहीं होने देते जिन से खैरख्वाही जाहिर होती हो। मैं नहीं कह सकता कि वह कितने कांग्रेसी हैं, देश के लिये उन के दिल में कितना प्यार है, सूबे के साथ, सूबे के लोगों के साथ उन्हें कितना प्यार है। यह तो जनता आहिस्ता आहिस्ता कुछ जान गई है और आगे को भी जान पाएगी। मैं इस बात की तफसील में नहीं जाता।

अब मैं आप की मार्फत हाउस को कोटों की बाबत भी कुछ बता देना चाहता हूं कि पंजाब सरकार इस सिलसिले में क्या कर रही है। हम ने कोटों का पुराना तरीका रद्द कर दिया है, बदल दिया है। वह कैसे किया है? अब कोटा किसी को जागीर की शक्ल में नहीं देना चाहते। अब जिस किसी को भी कोटा दिया जायेगा उस की बाबत चार बातों का ख्याल रखा जाया करेगा। सब से पहली चीज़ मैं यह देखूंगा कि उस कोटे से उस शख्स ने कितनी चीज़ पैदा की, किस किस को बेची, इस का उसे सबूत देना पड़ेगा। उस से यह पूछा जाएगा कि किस किस को बिल्टी की और कितने २ माल की की। फिर उस जगह से दरियाफत किया जायेगा कि वहां पर वह माल पहुंचा या नहीं। दूसरी बात जो करना चाहता हूं वह यह है कि उन चीज़ों पर उस ने कितना सेल्ज़ टैक्स दिया। अगर सेल्ज टैक्स की रसीद देता है तो पता लग जाएगा कि फलां फलां जगह पर उस ने बिल्टी भेजी, फलां फलां दुकानदार को भेजी। फिर यह देखा जाएगा कि कापर या ज़िंक को ढालने के लिये, लोहे

[मुख्य मन्त्री]

को ढालने के लिये और नई चीजें बनाने के लिये कोयला भी लिया या नहीं और अगर लिया तो कितना लिया। इसके अलावा उन चीजों को बनाने के लिये जो मशीनें उस ने रखी हुई हैं उन की कैपेसिटी को ही नहीं देखूंगा कि मशीन कितनी ज्यादा मिकदार में वह चीजें बना सकती हैं बल्कि यह देखूंगा कि असल में चीज़ें बनाई कितनी हैं। उन्होंने मशीनों की कैपेसिटी दिखाने के लिए ज्यादा रखी होती है लेकिन प्रोडक्शन वह उस का कुछ हिस्सा बन्द कर के कम करते हैं। इस लिये मैं देखना चाहूंगा कि मशीनों ने कितना माल बनाया है और यह देखने के लिए यह देखा जाएगा कि अगर वह मशीन कोयले से चलती है तो उस कारखाने ने कितना कोयला खर्च किया है और अगर वह बिजली से चलती है तो उस ने बिजली कितनी कन्ज्यूम की है। फिर यह देखा जाएगा कि उस कारखाने के मालिक ने सेल्ज़ टैक्स कितना दिया है। यह सारी चीज़ें देख कर अच्छी तरह से तसल्ली कर ली जाएगी कि जो कोटा उस कारखाने को दिया जाता है उस से वह सारा माल मैनुफैक्चर करता है तो फिर उस को और कोटा दिया जाएगा। अगर इतनी एहतियात करने के बाद भी कोई ठग ले तो उस में हमारी बेबसी होगी। इस से ज्यादा हम और क्या कर सकते हैं? (सरदार गुरनाम सिंह : आप बहुत कुछ कर सकते हैं अगर करना चाहें तो।) दिल लोगों की सेवा करने को बहुत करता है और चाहता है कि इन आने वाले 5 या सात सालों में हमारे पंजाब के लोग इंडस्ट्री के लिहाज़ से तरक्की कर जाएं और अपने पांवों पर खड़े हो जायें। हम तो लोगों को इंडस्ट्रीज़ लगाने के लिए हर तरह की सहूलतें देने को तैयार हैं (पंडित चिरंजी लाल शर्मा : क्या हमारी तरफ भी ध्यान दिय जाएगा? हमें तो इंडस्ट्री लगाने के लिए बिजली का कुनैक्शन भी नहीं दिया जाता।) आप इंडस्ट्री लगाएं ज़रूर, कुनैक्शन देंगे। जहां बिजली नहीं है वहां के लिए तो हिन्दुस्तान की सरकार ने और अच्छी चीज़ कर दी है कि जो बड़ी इंडस्ट्री हो और उसे अगर बिजली न मिलती हो तो उसे वह डीज़ल प्लांट बिजली प्रोड्यूस करने के लिये, इम्पोर्ट लाइसेंस देगी और इस से आगे हम ने यह कर दिया है कि जिसे इम्पोर्ट लाइसेंस डीज़ल प्लांट के लिये मिले वह अगर उसे लगाने के लिए कर्ज़ा चाहे तो हम दे देंगे और जब उसे उस प्लांट की ज़रूरत न रहे तो वह प्लांट भी पंजाब सरकार उस से उस प्लांट की डैप्रीसियेशन काट कर बाकी सब दे कर लेने को तैयार होगी और यह उसे उस जगह पर लगाएगी जहां बिजली नहीं दी हो। हम तो चाहते हैं कि इंडस्ट्री लगाने के लिये जो कोई सहूलतें चाहते हैं वह हम देंगे लेकिन जिन को सरकार इस के लिये सहूलतें दे रही है उन के रास्ते में यह रुकावटें न डालें। यह तो आप बेशक कहें कि फलां फलां को सहूलतें नहीं मिलीं, लेकिन यह न कहें कि इस इस को मिली हैं। हमारी तो यह खाहिश है कि अगले कुछ सालों में प्रान्त की पापुलेशन के 20 से 30 परसैंट हिस्से को ज़मीनों से हटा कर इंडस्ट्री में लगाया जाए। हम चाहते हैं कि ज़िलेवार कुछ ऐसी स्कीमें बनाई जाएं जिस से वहां के गांवों की 20 से 30 फीसदी आबादी को ज़रायत से निकाल कर इंडस्ट्री में लगाया जा सके। हम तो चाहते हैं कि आप कोई ऐसी स्कीमें बना कर सरकार के पास लाएं। सरकार आप को हर तरह की सहूलतें देगी।

पंडित चिरंजी लाल शर्मा : अगर आप इमदाद दें तो हम कई इंडस्ट्रीज़ खोल सकते हैं ।

मुख्य मंत्री : आप ज़रूर लगाएं, सरकार ज़रूर इमदाद देगी। सरकार उधर (हिन्दी रिजन) के आदमियों की इमादाद करने को बड़ी चाह से तैयार है—

सरदार गुरनाम सिंह : इतनी जल्दी न करें। इस तरह से आपोज़ीशन की कहीं एक और सीट कम न हो जाए । इस का हमें खदशा है।

मुख्य मंत्री : शायद मैं इस बात को भूल जाता। आप का शुक्रिया जो आप ने यह याद दिला दिया है। उधर से (आपोज़ीशन बैंचों से) थोड़ी देर हुई एक मैम्बर साहिब बोल रहे थे और मैं अपने कमरे में उन की स्पीच सुन रहा था। उन्होंने कहा कि बड़े गजब की बात है कि आपोज़ीशन के 16 मेम्बर ट्रैज़री बैंचों पर चले गए हैं और इस का कारण वह बता रहे थे कि सरकार की पैट्रोनेज की वजह से वह चले गए हैं । मैं समझता हूं कि उन का यह कहना कि वे सरकार की पैट्रोनेज की वजह से सरकारी बैंचों पर चले गए हैं उन के साथ बे-इनसाफ़ी करना होगा । क्या कोई यह कह सकता है कि सरदार गुरनाम सिंह को सरकार की पैट्रोनेज हासिल नहीं हो सकी इसी लिए वह आपोज़ीशन बैंचों पर बैठे हैं। ऐसी बात करना उन के साथ ज्यादती करने के बराबर होगा क्योंकि जो भाई आपोज़ीशन को छोड़ कर इस तरफ आए हैं वह इस लिये नहीं आए कि उन्हें सरकार की तरफ से कोई सहूलतें मिली हैं बल्कि वह इस लिए आए हैं क्योंकि उन्होंने देख लिया है कि वहां कोई असूल नहीं है, और इन की सारी चीज़ें खोखली हैं....
(श्री जगन्नाथ की तरफ विघ्न) आप की दरखास्त भी आई थी।

मैं अर्ज़ कर रहा था कि जो आदमी आपोज़ीशन के बैंचों को छोड़ कर हमारी तरफ आते हैं वे पैसे के फ़ायदा को देख कर नहीं आते और न ही पैट्रोनेज के लिहाज़ से आते हैं, वे तो इन सब की बातें सुन सुन कर मायूस हो गए थे, इस लिये इधर आए हैं, न तो हमारे पास इस मतलब के लिये पैसा है और न ही हम ने उन्हें कभी पैट्रोनाइज़ करने की कोशिश ही की है। इन्होंने यह तोहमत लगाते ज़रा सोचा नहीं कि जो आदमी इस तरफ आए हैं वे ज्यादातर इंडिपेंडेंट मैम्बर थे । वे किसी पार्टी की टिकट पर चुन कर नहीं आए थे। उन्हें कांग्रेस पार्टी अच्छी लगी है इस लिये वे इधर आ गए हैं और अगर कोई आपोज़ीशन की किसी पार्टी की टिकट पर चुन कर आया हुआ था तो उसे जब यह पता लग गया कि आपोज़ीशन की पार्टियों का कोई असूल नहीं है तो इधर आ गया। आप बतलाएं कि जन संघ, कम्युनिस्ट्स, अकाली पार्टी और स्वतन्त्र पार्टी में कौन सी ऐसी चीज़ है जो इन में कामन हो, जिस की बिना पर इन का गठ जोड़ हुआ है । अजीब बात तो यह है कि इस गठ जोड़ में कम्युनल पार्टी ने कम्युनिस्ट पार्टी के साथ गठ जोड़ किया है इस गठ जोड़ में कौन सा असूल काम करता है जिस की बिना पर यह ज्यादा देर तक चल सकता ? (चौधरी नेत राम : सोशलिस्ट पार्टी तो एक ऐसी पार्टी है जिस ने किसी दूसरी पार्टी के साथ गठ जोड़ नहीं किया।) बहुत अच्छी बात है अगर उन्होंने किसी से गठ जोड़ नहीं किया। इसी वजह से उस पार्टी का कोई मैम्बर इधर आया भी तो नहीं । कांग्रेस भी तो किसी के साथ गठ जोड़ नहीं करती ।

सरदार गुरनाम सिंह : क्या इस ने केरला में मुस्लिम लीग के साथ गठ जोड़ नहीं किया था ?

मुख्य मन्त्री : मैं तो समझता हूं कि पंजाब में इस तरह से आपोज़ीशन की पार्टियों ने गठ जोड़ कर के पालिटिक्स का दिवाला निकाल दिया है। जहां तक असूल का सवाल है फिरकादाराना पार्टियों का गैर-फिरकादाराना पार्टियों से गठ जोड़ कहां जायज़ हो सकता है ! यह तो वही बात हुई कि कुछ बतखें हों और कुछ मुर्गियां हों। उन के जो चूज़े हों पहले तो उन का पता नहीं चलता कि कौन मुर्गी का है और कौन बत्तख का है लेकिन जब वह बड़े हो जाते हैं तो बतखें अलग हो जाती हैं और मुर्गियां अलग हो जाती हैं और वह तब अलग होती हैं जब उन्हें अपना पता चल जाता है कि हमारा वजूद दूसरे से अलग है। अगर कोई पार्टी यहां पार्टी के तौर पर अपने असूलों पर चलने के लिये आये तो मैं उस की कदर करने को तैयार हूं क्योंकि मैं समझता हूं कि डैमोक्रेसी पार्टी सिस्टम के बेसिज़ पर चल सकती है और एक डैमोक्रेटिक गवर्नमेंट उतनी ज़्यादा अच्छी तरह से चलेगी जितनी ज़्यादा मज़बूत आपोज़ीशन की वह पार्टी होगी जो किसी खास असूल को ले कर आई होगी । लेकिन जहां आपोज़ीशन के ग्रुपों के असूल न मिलें जिन की बाकी बातें न मिलें और जो बाहर से तो एक दूसरे को इलैक्शन के दिनों में गालियां देते रहे हों और वह सिर्फ इस लिये इकट्ठे हुए हों कि उन्होंने कांग्रेस को हराना है तो क्या ऐसी आपोज़ीशन पार्टी ज़्यादा देर तक कायम रह सकती है (श्री जगन्नाथ की तरफ से विघ्न) मैं श्री जगन्नाथ से कहता हूं कि आप भी ज़्यादा देर उधर नहीं रह सकोगे। आप के लिये भी ठीक जगह इधर ही है। (सरदार गुरनाम-सिंह की तरफ से विघ्न) सरदार गुरनाम सिंह, अगर फिरकादाराना पार्टी में आए हुए हैं तो इन्होंने कोई हमेशा के लिये अपना दिमाग़ बय तो नहीं कराया हुआ । उन के लिये भी उधर जगह मौज़ूं नहीं है। हां यह ठीक है कि कुछ देर के लिये इन्होंने अपना दिमाग उधर गिरवी रखा हुआ है। यह तो सिर्फ लीडरी की खातिर ही उधर बैठे हुए हैं लेकिन अब वह भी नहीं रही । अब दो आदमी उधर तसल्ली वाले बैठे हुए हैं जिन की असल जगह इस तरफ है। सरदार गुरनाम सिंह तो सिर्फ लीडर रहने के लिए फिरकादारी के नरक कुण्ड में ज़िन्दगी बसर करना चाहते हैं । यह दोनों आदमी बड़े कौमप्रस्त हैं। इन में से एक की बातें तो मैं लायलपुर से जानता हूं कि वह कितने कौम प्रस्त हैं। सिर्फ एक सीट के लिये या चन्द वोटों के लिये नाराज़ हो गए। वरना वह ऐसे आदमी हैं जो सच्चे मायनों में इन चीज़ों को पसन्द नहीं करते और उन के लिये तो ठीक जगह इस तरफ है। (चौधरी देवी लाल : क्या आप इस तरह की बातें कर के चीन का मुकाबला कर लेंगे ?) मेरा ख्याल है कि यह ऐसे आदमियों को उधर बान्ध कर नहीं रख सकते । जब तक वह इन की इंटिलेक्ट को अपील नहीं कर सकते तब तक यह उन में से किसी एक को भी नहीं रख सकेंगे । यह किसी को बांध कर नहीं रख सकते वह फिर निकल जायेंगे। (चौधरी देवी लाल की तरफ से विघ्न) यह थे तो आपोज़ीशन के लीडर लेकिन अब शुक्र है एक ग्रुप के ही लीडर रह गए हैं । (विघ्न) अगर लीडरी का ही शौक है तो इधर से भेज देता हूं दो ।

चौधरी देवी लाल : क्या यह भेड़ें हैं ?

मुख्य मंत्री : अगर आप को इस तरह से राज़ी रख कर खुशहाली आती हो तो यह महंगी नहीं है। नहीं, यह भेड़ें नहीं हैं, यह वर्कर हैं, इन्हें आता है कि किसी अक्लमन्द से कैसे काम लेना है और किसी बेवकूफ से कैसे काम लेना है। (तालियां) तो मैं कहना चाहता हूं, जनाब, कि हम तो यहां पर सारे सूबे में इंडस्ट्री को तेज़ी से बढ़ते हुए देखना चाहते हैं। दूसरों की कोलैबोरेशन लेनी है। यह मामूली बात नहीं है। अगर हम इस में कामयाब होते हैं तो पंजाब की शक्ल बदल जायगी। यह पता चला है कि एक करोड़ रुपये खर्च करने से एक हज़ार आदमी को काम मिलता है। मैं ऐसी इंडस्ट्री की तलाश में हूं जिस में एक करोड़ रुपये खर्च करके दो या तीन हज़ार आदमियों को काम दिलाया जा सके। एसी इंडस्ट्री को ढूंढ रहा हूं जिस में सरमाया कम लगे। और अगर सरमाया ज़्यादा लगेगा तो मदद भी दूंगा। एक भाई ने कहा कि एक मिल को 10 लाख रुपया दे दिया। गारंटी देंगे, हिस्से लेंगे...... (विघ्न) हम तो इंडस्ट्री को बढ़ाने में लगे हुए हैं। हम ने यह फैसला कर रखा है कि इंडस्ट्री को शहरों के अलावा गांवों में भी फैलाना है। अगर कोई शख्स गांव में इंडस्ट्री लगायेगा तो धरती को छोड़ कर हम इमारत, मशीनरी वगैरह के खर्च का पांचवां हिस्सा सबसिडी के तौर पर देंगे, सड़क देंगे, बिजली देंगे। (एक आवाज़ : पेपर स्कीम्ज़ हैं) । नहीं यह पेपर स्कीम्ज़ नहीं हैं। चीन वाले अमरीका को पेपर टाइगर कहते हैं, मगर खुश्चैव ने कहा है कि इस पेपर टाइगर के न्युक्लियर टीथ हैं। इसी तरह से जिन को तुम पेपर स्कीम्मज़ कहते हो इन के टीथ गीयर्ज़ के हैं। (एक आवाज़ इंडस्ट्रीज़ में वज़ीरों के हिस्से हैं।) मुझे नहीं पता कि किसी मिनिस्टर का भी हिस्सा है। अगर हो तो बता दो। (विघ्न) बात कर लो। आप के दाईं तरफ बैठे आदमी को शायद ज़्यादा पता रहता है। मुझे उस का सारा पता रहता है। खैर, मैं एक्सपोर्ट की बात करने जा रहा था।

Comrade Ram Piara : On a point of Order, Sir.

Mr. Speaker : I would request the hon. Member to let the Chief Minister wind p his speech.

Comrade Ram Piara : On a point of Order, Sir.

Mr. Speaker : No please.

मुख्य मंत्री : हम ने लोहे की, पिग आयरन की और फाउंड्री के सामान की एक्सपोर्ट बढ़ानी है। हम ने महेंद्रगढ़ में पिग आयरन का बड़ा कारखाना लगाने के लिये लाइसेंस मांग रखा है। मुझे हैरानी है कि अब तक हमें यह लाइसेंस क्यों नहीं मिला। हमने कोलैबोरेशन की बात शुरू कर दी है। जब लाइसेंस मिल गया तो इसे सरकार खुद चलाना चाहती है। जिस काम के लिये हिन्द सरकार किसी प्राइवेट पार्टी को लाईसेंन्स नहीं देती, उसे पंजाब सरकार खुद पब्लिक सैक्टर में कर लेती है। हम ने किसी न किसी तरह इंडस्ट्री को बढ़ाना है।

इस के आगे टैक्नीकल एजुकेशन है। यहां पर एक रैज़ोल्यूशन आया कि फीस माफ करो और कि हरेक को गुज़ारा दो। अगर हाउस की यही मर्ज़ी हुई और उस को आप ने पास कर दिया तो मैं उस का यही मतलब निकालूंगा कि आप चाहते हैं कि स्टाइपंड दूं। तो मैं इस के लिये और खसारा डाल लूंगा (विघ्न) अगर मौजूदा बच्चों को वज़ीफे देने से आइंदा कौम बनती हो तो यह भी कर लूंगा। मैं होम मिनिस्टर का ज़्यादा वक्त नहीं

[मुख्य मन्त्री]
लेना चाहता। उन के पास पहले ही 50-55 मिनट रह गए हैं। मैं इतना ही कहूंगा कि हम ने पंजाब की इंडस्ट्री को बढ़ाना है। जिस तरह से पंजाबी चीन के मुकाबले में उछल उछल कर जाना चाहते हैं, कुर्बानी करना चाहते हैं, इसी तरह से वह इस टैक्सों के बोझ को खुशी से बरदाश्त करना चाहते हैं। वह देश को प्यार करते हैं। मौजूदा बजट देश प्यार का बजट है। इस के ज़रिये जहां पंजाबी को अच्छी रोटी मिलेगी वहां साथ ही साथ पंजाब की भी दिन दुगनी और रात चौगुनी तरक्की होगी, होगी और ज़रूर होगी। (तालियां)

कामरेड राम प्यारा : आन ए प्वाइंट आफ़ आर्डर, सर, मुख्य मन्त्री जी ने कहा है कि अगर किसी मिनिस्टर का हिस्सा है तो कोई मैम्बर बताए.....

Mr. Speaker : If the hon. Member has any information with him, he should convey that to the hon. Chief Minister.

कामरेड राम प्यारा : वह खुद कह दें कि किसी मिनिस्टर का हिस्सा नहीं है, फिर मैं साबत करूंगा provided the Govenment is prepared to lay the file on the Table of the House.

गृह मंत्री (श्री मोहन लाल) : स्पीकर साहिब, इस 5 दिन की बहस में बहुत से मेम्बर साहिबान ने हिस्सा लिया। मैं आप से क्षमा चाहूंगा कि बहुत सारे ऐसे प्वाइंट होंगे जिन के मुताल्लिक मैं वक्त की कमी की वजह से शायद ही कुछ कह सकूं। मुझे इस बात का अहसास है कि मेरे पास वक्त थोड़ा है इस लिये जो कुछ मुझे कहना है वह मैं प्वांइट्स के तौर पर ही कह सकता हूं, तफसील में न जा सकूंगा। इस के लिये मुआफी चाहूंगा।

पहली बात टैक्सों की है जिस पर कुदरती तौर पर मेम्बर साहिबान ने ज्यादा ध्यान दिया। मैं चाहता तो था कि कुछ तफसील में अर्ज़ करूं मगर अब मुख्तसर तौर पर ही अर्ज़ कर सकूंगा। मैम्बर साहिबान यह जानते हैं कि हमारी प्लैन 231 करोड़ रुपये की है। इस में से 134 करोड़ गवर्नमेंट आफ इंडिया ने और 97 करोड़ हम ने अपनी तरफ से डालना है। इस में 40 करोड़ के नये टैक्स शामिल हैं। इस 40 करोड़ में से 17 करोड़ रुपये के टैक्स इस प्लैन के पहले साल में तजवीज़ किये गये। 23 करोड़ रुपया हम ने और इकट्ठा करना है। अगर इस साल के टैक्सों को भी सामने रखें तो शायद ही हम अपने 44 करोड़ के टार्गेट को पूरा कर पाएं। आप यह भी जानते हैं कि एमर्जेन्सी की वजह से भी हम पर खर्च का बोझ आन पड़ा। मिसाल के तौर पर अर्ज़ करता हूं कि 1962-63 में 54 लाख रुपया खर्च हुआ और इस साल 101 लाख रुपये का प्रोवीजन किया गया है। पुलिस हमें और बढ़ानी पड़ी। उसकी वजह से 119 लाख रुपये का 1962-63 में और आइंदा साल के लिये 238 लाख का प्रोवीजन रखा है। इसी तरह से फाइनेंस एसिस्टैंस 1962-63 में 12 लाख और 1963-64 में 188 लाख का प्रोवीजन है। यानी 1962-63 में टोटल 185 लाख और 1963-64 में 527 लाख है। और इस के अलावा 120 लाख की वह रकम है जो पुलिस कमीशन की सबसिडी मंजूर कर के पुलिस परसोनल की पेज़ और एलाउंसिज़ वगैरह का बोझ अपने ऊपर लिया है। यह सारा 647 लाख बन जाता है। इस के अलावा एक और बड़ी रकम की जिम्मेदारी

हमें जो उठानी होगी वह है भाखड़ा प्राजैक्ट की । जसा कि आप जानते हैं भाखड़ा प्राजैक्ट खत्म हो चुका और इंट्रैस्ट चार्जिज़ उसके हैं। वह कैपिटल में शामिल नहीं हो सकते, हमें वह अदा करने पड़ेंगे। यह रकम साढ़े बारह करोड़ बनती है।

हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब ने कहा था कि फ्लड कंट्रोल को एक एमर्जेन्सी प्राब्लम समझ के टैकल किया जा रहा है। इस साल 798 लाख की रकम रखी गई है। 472 लाख की सिक्योरिटीज़ को खर्च करके भी 598 रुपये का घाटा रह जाता है जिस को पूरा करने के लिये टैक्सिज़ की प्रोपोज़ल आपके सामने रखी है। यह बार बार कहा गया कि हमें डैफीसिट बजट न रख के बैलैंस्ड बजट ही रखना चाहिए । टैक्सिज़ के मुताल्लिक जहां तक मेरा ख्याल है मैम्बर साहिबान ने मुलाहज़ा कर लिया होगा कि अधिकतर इनडाइरैक्ट टैक्सिज़ हैं, सिर्फ एक टैक्स है जो लैवी है, वह भी कमर्शल क्राप्स पर। यह डाइरैक्ट टैक्स है। इसके मुताल्लिक मैं बाद में अर्ज़ करूंगा। कुछ लग्ज़री गुड्ज़ पर टैक्स है वह ऊपर के तबका को ही अदा करना पड़ेगा।

आपोज़ीशन के फ्रंट बैंचिज़ के एक मैम्बर साहिब ने यह फरमाया था कि यह पंजाब हिन्दुस्तान में हाइली टैक्स्ड स्टेट है । उन की ज्ञात के लिये मैं बताना चाहता हूं कि जो फाइनैंस कमिशन के सामने आंकड़े आए थे वह मैं बताता हूं कि पंजाब की पर कैपिटा जो रैवेन्यू है वह है 12.1 रुपये, वैस्ट बंगाल की 13.3 और महाराष्ट्र की 15.2। यह फिग्गर्ज़ 1957-58 की हैं और 1961-62 की जो फिग्गर्ज़ हैं उन में टैक्सिज़ को शामिल करके 15.4 पंजाब की, 17.9 वैस्ट बंगाल की और महाराष्ट्र की 16.6 है। पर कैपिटा इनकम के मुताल्लिक भी मैं मैम्बर साहिबान की वाकफियत के लिये अर्ज़ करता हूं कि 1960 की लेटैस्ट फिग्गर्ज़ के मुताबिक आल इंडिया की पर कैपिटा इनकम है 305 रुपये और पंजाब की है 84। मैं मैम्बर साहिबान को सही पिक्चर मुखतसिर तौर पर अर्ज़ कर दूं कि हमारा खर्च सोशल सर्विस और डिवैल्पमैंट पर कई गुना बढ़ा है । 1956 में हमारा खर्च 16.64 करोड़ था लेकिन इस साल का खर्च है 42.91 करोड़। अब आप अन्दाज़ा लगा लीजिए कि 1963-64 में 16 करोड़ से बढ़ कर 43 करोड़ सोशल सर्विस और डिवैल्पमैंट पर हमारा खर्च बढ़ा है। यह है हमारा काम। (प्रशंसा) यों तो हमारे पास हर डिपार्टमैंट का अलग अलग ब्यौरा है लेकिन अगर हम सिर्फ ऐजुकेशन डिपार्टमैंट की ही बात देखें तो 5.38 करोड़ से बढ़ कर इस वक्त है 15 करोड़। सिविल सर्विसिज़ के खर्च के मुताल्लिक भी मैम्बर साहिबान ने फरमाया था । सिविल ऐडमिनिस्ट्रेशन पर हमारा खर्च बहुत कम हुआ है। 1956-57 में अगर पुलिस का बजट शामिल न करें तो हमारी सिविल ऐडमिनिस्ट्रेशन की 11 को परसैंटज थी। इसी तरह से पुलिस के खर्च को छोड़ कर अब 1963-64 में 5.2 परसैंट है। यानी 11 से उतर कर 5.2 पर परसैंटेज आई है। और अगर आज पुलिस का भी खर्च शामिल कर लें तो परसैंटेज सिर्फ 14 रह गई है। इस लिये जो मैम्बर साहिबान यह कहते हैं कि सिविल ऐडमिनिस्ट्रेशन पर खर्च कम करने की तरफ ध्यान नहीं दिया गया वह गलतफहमी में हैं।

पंजाब में ऐग्रीकल्चर सैक्टर और इंडस्ट्रियल सैक्टर में काफी तरक्की हुई है। उस की तरफ में इस वक्त न जाते हुए सिर्फ इकानोमी मेयर्ज़ पर मुख्तसिर तौर पर अर्ज़ करना

[गृह मंत्री]

चाहता हूं । मैम्बर साहिबान के पास शायद इनफरमेशन मौजूद है। हमने इस के प्लैन आऊटले में 4.14 करोड़ की बचत की है। नान-प्लैंड में 6.26 करोड़ की और इस के अलावा डी० ए० में 10 प्रतिशत और कंटिन्जेन्सी में 15 परसेंट। यानी 11 करोड़ की बचत है और 4 करोड़ बचा कर फलड के सिलसिले में लगाई है। यानी 15 करोड़ की बचत हमने इस साल के शुरू में की है।

कुछ मैम्बर साहिबान ने यह कहा कि रिडक्शन वगैरह का कुल्हाड़ा छोटे लोगों पर चलता है और सरकार ने बड़े आदमियों को हाथ नहीं लगाया। इस बारे में मैं समझता हूं कि मैम्बर साहिबान के पास इनफर्मेशन कम है, मैं उनकी वाकफियत के लिये अर्ज़ करना चाहता हूं कि 11 सर्कल्ज़ की कन्सालिडेशन डिपार्टमेंट में कमी की गई है। इरीगेशन डिपार्टमेंट में 10 पोस्टों की कमी की जा रही है, विजिलेन्स डिपार्टमेंट में बहुत सबस्टांशल कमी की जा रही है। चीफ इंजनीयरों की 2 पोस्टें कम की जा रही हैं, डीज़ाइन मेजर एक्सटेन्शन में 24 पोस्टों की और आई. ए. एस. की 9 पोस्टों की कमी की गई है, इसी तरह से 9 पोस्ट पी. सी. एस. की घटाई जा रही हैं। इस तरह से क्लास I और II में पोस्टों की जगह जगह रिडक्शन की गई है। हम और भी रिडक्शन करेंगे। मैं इस वक्त इस बारे में ज़्यादा तफसील में नहीं जाना चाहता क्योंकि समय कम है।

मैं प्राइसिज़ के मुताल्लिक कुछ कहना चाहता हूं। प्राइसिज़ को कंट्रोल करने के लिये जो कदम उठाए गए हैं उन के बारे में इस हाउस में स्टेटमेंट रखी थी। फिर भी मुझे इस बारे में यह कहने में खुशी महसूस होती है कि नैश्नल एमर्जेंसी की वजह से जो फ्रैश टैक्सिज़ सैंट्रल गवर्नमेंट के हैं उनके बावजूद भी प्राइसिज़ बढ़ने का कोई एबनार्मल ट्रैंड नहीं है,। यहां पर चंडीगढ़ की मिसाल दी जाती है,। इस के बारे में मैं अर्ज करना चाहता हूं कि चंडीगढ़ में फूडग्रेन्ज़ की प्राइस में 10 प्रतिशत कमी है। इस कमी की वजह यह है कि सरकार ने गवर्नमेंट एम्प्लाईज़ के लिए फेयर प्राइस शाप्स खोली हैं। दूसरे कन्ज्यूमर गुड्ज़ में 30 प्रतिशत की कमी हुई है, मैं समझता हूं कि चंडीगढ़ में प्राइसिज़ रेज़ नहीं हुई हैं बल्कि कमी ही हुई है। इस की वजह यह है कि सरकार ने गवर्नमेंट एम्प्लाइज़ के लिये फेयर प्राइस शाप्स खोली हैं।

(ट्रैज़री बैंचों की ओर से तालियां)

आज जनसंघ के एक मेम्बर ने एतराज़ उठाया है, वह तो कह कर चले गये हैं। मेरे विचार में उनका शायद सवाल करने का मतलब होगा, वह सुनना नहीं चाहते होंगे, इस लिये मैं तफसील में बता देना चाहता हूं।

Sardar Gurnam Singh : We will convey to him.

गृह मन्त्री: उन्होंने एतराज़ किया है कि अफसर बम्बई जाते हैं और वहां जाकर सामान खरीदते हैं। वह शायद इसको जानते न होंगे। अगर जानते होंगे तो जानबूझ कर इस चीज़ को दबा गए होंगे। मैं इस बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं कि हमारी चीज़ें बम्बई से आती

हैं । वहां पर हमारे अफ़सर खुद जाते हैं और सामान खरीदते हैं । वह तो होल-सेल के अलावा कन्सैशन ले कर आते हैं । इस से कितना ज्यादा फायदा होता है और वहां पर जाने की बजह से कितनी बचत हुई ? मैं जानता हूं कि उन के अन्दर कौन बोल रहा था । (विघ्न)

स्पीकर साहिब, बात यह है कि चंडीगढ़ कम्पैन्सेटरी अलाउंस बन्द किया । चण्डीगढ़ कम्पैन्सेटरी अलाउंस देने का क्या basis था ? चंडीगढ़ में कौस्ट आफ़ लिविंग बहुत हाई था । यहां पर चीज़ें बहुत महंगी मिलती थीं । मैं इस बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं कि हमारी सरकार ने गवर्नमैंट फेयर प्राइस शाप्स खोल दीं । इन की वजह से प्राइसिज़ में कितनी ही कमी हुई है । आज जो प्राइसिज़ जालन्धर, लुधियाना, अमृतसर और किसी सेंटर में यानी हमारे किसी कमर्शल सैंटर में हैं उन की लैवल तक कीमतें आ चुकी हैं । मैं कह सकता हूं कि शाप्स की वजह से प्राइसिज़ में बहुत कमी हुई है ।

मुझे पता है कि इस बारे में श्री टंडन साहिब को क्यों एतराज हुआ है, किसी ने उन को जा कर कहा और उन्होंने एतराज़ किए, जिनकी जेब में अलाउंस की कमी का असर पड़ता है वह इनको मिलें हैं, इसमें मुझे कोई एतराज नहीं है ।

सरदार गुरनाम सिंह : क्या वज़ीरों को भी गवर्नमैंट फेयर प्राइस शाप्स से माल मिलता है ?

Home Minister : I have no time to go into this controversy. The hon, Member may have this information at some other time.

स्पीकर साहिब, स्पन पाइप कम्पनी के बारे में चीफ़ मिनिस्टर साहिब ने कुछ वाकफियत दी हैं । उन के पास समय कम था जिस के कारण वह डिटेल में नहीं बता सके । इस लिये मैं मेम्बर साहिबान की वाकफियत के लिये कहना चाहता हूं । सरदार गुरनाम सिंह जैसे समझदार और तजरबेकार लैजिस्लेटर ने अपने आप को कन्सरन्ड फ़ील किया है, इस की चर्चा अखबारों में और पब्लिक में इतनी देर तक लगातार हुई । वह कुछ गलतफहमियों के कारण हुई है । मैं उन गलतफहमियों को दूर करने के लिये मेम्बर साहिबान को जानकारी देना चाहता हूं । स्पन पाइप कम्पनी है, उसकी जो स्कीम है, उसकी इनवैस्टमैंट 2 करोड़ रुपये की होगी । सरिन्दर ओवरसीयर्ज़ उसको स्पान्सर करने वाली फर्म है । उस के असैट्स एक करोड़ रुपये से ज्यादा हैं, 200 एम्प्लाइज़ उस में काम करेंगे । जैसा कि चीफ़ मिनिस्टर साहिब ने बताया है, इस के लिये गवर्नमेंट आफ़ इंडिया से लाइसेंस मिल चुके हैं, एक फारेन स्विस फर्म है, उन की कोलैबोरेशन हो चुकी है ।

श्री अध्यक्ष : चीफ मिनिस्टर साहिब ने 2000 बताए हैं जब कि आप 200 एम्प्लाइज बता रहे हैं । (The hon. Chief Minister stated the number of employees as 2,000, but the hon. Home Minister is stating it as 200.)

Home Minister : I am sorry for this. According to my information the number is 200.

[गृह मन्त्री]
मैं देख लूंगा। स्पीकर साहिब, इस वक्त सारे हिन्दुस्तान में 3 ऐसी फैक्ट्रीज़ हैं, 2 वैस्ट बंगाल में, एक मैसूर में और चौथी पंजाब में लगाई जा रही है। इस की 90 प्रतिशत प्रोडक्शन गवर्नमेंट के काम आएगी। यह फैक्ट्री सैंट्रल गवर्नमेंट और पंजाब गवर्नमैंट की 5 प्रतिशत नीड्ज़ को पूरी करेगी। 48,000 टन प्रोडक्शन होगी, लेकिन यहां पर जिस एक्विज़ीशन का ज़िक्र किया गया है वह 25 अक्तूबर, 1960 को नोटीफिकेशन के जरिए एक्वायर की गई थी, और सरकार ने 1961 में 10 हज़ार रुपये देने का फैसला किया था। जैसा कि चीफ मिनिस्टर साहिब ने अभी अभी बताया है कि लैंड एक्विज़ीशन कलैक्टर होता है जो कीमत मुकर्रर करता है, उस ने 18,000 रु. कीमत मुकर्रर की। तहसीलदार के मुताल्लिक यहां पर काफी चर्चा हुई कि तहसीलदार ने रिपोर्ट कर दी है। कीमत मुकर्रर कर दी है। मैं उन को सही इन्फर्मेशन देना चाहता हूं। मुझे अफसोस है कि यहां पर सही वाक्यात नहीं रखे जाते। पहली बात तो यह है कि तहसीलदार से सिर्फ रिपोर्ट मांगी जाती है, वह पिछले 5 सालों की जो ऐवरेज होती है वह दे देता है और कलैक्टर उस की कीमत मुकर्रर करता है।

सरदार गुरनाम सिंह : क्या उस (तहसीलदार) को सिफारिश की गई थी।

गृह मंत्री : सिफारिश वहां नहीं की जाती।

Sardar Gurnam Singh : I know better than you do.

गृह मंत्री : उसे 5 साल की ऐवरेज रिपोर्ट निकालने के लिये कहा गया था। उस की यह इन्फर्मेशन थी। उस ने तीन किस्म की ज़मीन बताई थी, और तीनों की अलग अलग कीमत बताई थी, चाही की 6,500 रु० फी एकड़, दरमियानी की 2,500 रु० फी एकड़ तथा बंजर ज़मीन की 925 रु० फी एकड़ बताई थी, लेकिन बड़े अफसोस से कहना पड़ता है कि यहां पर बंजर ज़मीन का ही जिक्र किया गया है और दूसरी ज़मीन जिस की कीमत 6,500 और 2,500 रु० दी गई है उस के बारे में कुछ भी नहीं कहा गया। (विघ्न) खैर, यह सब-ज्यूडिस् मामला है, जैसे कि चीफ मिनिस्टर साहिब ने अभी अभी कहा। इस लिये मैं ज़्यादा कुछ नहीं कहना चाहता। मैं समझता हूं कि मैम्बर साहिब को भी इसके मुताल्लिक ज़्यादा कुछ नहीं कहना चाहिये था।

1.00 P.M.

(शोर) (विघ्न) मैं अभी बतलाता हूं....

Chaudhri Khurshed Ahmed : On a point of order, Sir. It is an award given by the Court. It cannot be a *sub-judice* matter. The information given by the Honourable Minister on the Floor of the House is not correct.

Mr. Speaker : Does an appeal lie against this order of the court ?

Chaudhri Khurshed Ahmed : Yes, it does.

Mr. Speaker : Then the matter is *sub-judice*. The point raised by the hon. Member is not a point of order.

गृह मंत्री : मैं मैम्बर साहिब की बेचैनी और घबराहट को समझ सकता हूं । मैं अभी बतलाता हूं । मैं ज्यादा तफसील में नहीं जाऊंगा । मेम्बर साहिब उस पार्टी के बतौर एडवोकेट आखिर तक पैरवी करते रहे । उन को इस लिये इस बात का ज़िक्र यहां नहीं करना चाहिए था । इस से ज़्यादा मैं कुछ और नहीं कहता । यह मैम्बर साहिब उन के रिश्तेदार भी हैं । इस के बारे में कुछ और ज़िक्र नहीं करता...

आवाजें : आप ने ज़िक्र तो कर दिया । (विघ्न)

गृह मंत्री : लैंड एक्विज़ीशन अफसर ने जो एवार्ड दिया है वह 18 फरवरी को दिया है । (विघ्न) उस के मुताल्लिक पार्टी कन्सर्न्ड समझती है कि जो असैसमेंट हुई है वह बहुत हाई हुई है । उस के बारे में चाराजोई करने के लिये पार्टी और गवर्नमैंट भी तैयार है । मैम्बर साहिब को जो शिकायत है वह यह है कि अभी तक हमें रकम नहीं मिली । 18 फरवरी को एवार्ड हुआ है और मैम्बर साहिब ने तीन हफते भी नहीं गुज़रने दिये और यहां आ कर स्पीच कर दी कि उस पार्टी को इस से भी पहले रकम मिल जानी चाहिये थी । अब अंदाज़ा लगाइये । अभी कानूनी रैमेडी करनी है, । जल्दीबाजी से रुपया उन को मिल जाए, यह बात मेरी समझ में नहीं आई । यह अभी सब-जुडिस केस है । अभी अपील या कानूनी रैमेडी होनी है । फैसला हो जाए, उस के बाद पेमेंट का सवाल पैदा होता है । इस लिये मैं इस के बारे में कोई ऐसी बात नहीं कहना चाहता जिस से जुडीशल अथारिटी की जजमैंट प्रैजुडिस हो । मैम्बर साहिब की वाकफियत के लिये मैं कहना चाहता हूं कि दिल्ली की कम्पनी गुडयीअर वालों को सरकार ने अभी अभी पचास एकड़ ज़मीन एक्वायर कर के दी । उस की असैस्मेंट 2,000 रुपया फी एकड़ हुई थी । (विघ्न) यहां पर असैस्मेंट 18 हज़ार फी एकड़ हुई है तो गवर्नमेंट को हक है कि दूसरी जुडीशरी से या किसी और अथारिटी से फैसला करवा ले कि जो असैस्मेंट इस वक्त लैंड कलैक्टर ऐक्विज़ीशन ने की है वह ठीक है कि नहीं । (विघ्न)

Mr. Speaker : The hon. Minister has stated that the land was assessed at Rs 200 per a re while the hon. Member has written to say that the land adjacent to that was sold at Rs 30,000 per acre. Is it a fact?

गृह मंत्री : मैं इस के मुताल्लिक नहीं कह सकता । मेरा काम जजमैंट देना नहीं है । वह तो जुडीशरी और कोर्ट्स देंगी । मैं तो फैक्चुअल इन्फर्मेशन दे रहा हूं । प्राइसिज़ के डाक्युमेंट्स तो कोर्ट्स देखेंगी (विघ्न)

आवाजें : आप गलत इत्तलाह क्यों नहीं देते हैं ? (विघ्न)

गृह मन्त्री : मैं अर्ज़ कर रहा था कि अभी अभी चीफ़ मिनिस्टर साहिब ने बतलाया है और मैं भी मैम्बर साहिब को याद दिलाना चाहता हूं कि सन् 1960 में गवर्नमैंट ने अपनी पालिसी की एनाउन्समेंट की थी कि बड़ी बड़ी इंडस्ट्रीज़ पंजाब में लगाने के लिये और बड़े बड़े इंडस्ट्रियलिस्ट्स को ऐट्रेक्ट करने के लिये हमें उन को कुछ इन्सैंटिव देना चाहिये । उस एनाउन्समेंट में कहा था कि जो भी लाइसेंस ले कर पंजाब में बड़ी इंडस्ट्री लगाना चाहे उस को सरकार लैंड ऐक्वायर कर के देगी । मेम्बर साहिबान उस पालिसी को याद करें । हम ने कहा था कि हम बिजली भी देंगे और जहां पर ज़रूरत होगी वहां पर स्टेट पार्टिसिपेशन इन कैपिटल करने को भी तैयार होंगे । रा मैटीरियल जो कि मैनुफैक्चरिंग में इस्तेमाल होगा उस पर दस साल के लिये ड्यूटी न लगाने की एनाउन्समेंट

[गृह मंत्री]
की थी। और भी इन्सैंटिव दिये थे। मुझे खुशी है कि गवर्नमेंट ने जो पालिसी उस वक्त एडाप्ट की थी उस की वजह से पंजाब में बड़े बड़े इंडस्ट्रियलिस्ट्स बड़े बड़े कारखाने लगाने के लिये यहां पर आए और हम ने उन की मदद की। (विघ्न) आज भी सरकार की वही पालिसी है। सरकार आज भी उस पर अमल करती है और करेगी। इस लिये मैं यह बात दोहराने की ज़रूरत महसूस करता हूं कि ऐसी नुक्ताचीनी सरकार के काम में रुकावट डालती है। जो इंडस्ट्रियलिस्ट्स पंजाब में आना चाहते हों, वे यह नुक्ताचीनी सुनेंगे तो उन के मन में झिझक पैदा होगी। मैं उन इंडस्ट्रियलिस्ट्स को पंजाब सरकार की तरफ से यकीन दिलाता हूं कि सरकार उसी पालिसी पर कायम है जो कि उस ने 1960 में एनाउन्स की थी। उन को ज़मीन की ज़रूरत होगी तो ज़मीन ऐक्वायर करके देंगे। फाइनैन्शल कोलैबोरेशन की ज़रूरत जहां पर होगी, फाइनैन्शल कोलैबोरेशन करेंगे। पंजाब सरकार के सामने पंजाब की जनता का सवाल है। मुझे अफसोस है कि कुछ मैम्बर साहिबान यहां पर पर्सनल आउट लुक ले कर पंजाब की इंडस्ट्रियल पालिसी पर नुक्ताचीनी करते हैं जिस से पंजाब की इंडस्ट्री में कोई रुकावट पड़ती है तो यह कोई सही बात नहीं है। इस से पंजाब पर बड़ा बुरा असर पड़ता है। हमें ज़ातियात से ऊपर उठना चाहिये। किसी एक शख्स की ज़मीन या चन्द खानदानों की ज़मीन जिस में हमारा कुछ भी इंट्रैस्ट हो उस से हमें इतना प्यार नहीं होना चाहिये जितना कि पंजाब की जनता से प्यार होना चाहिये, और पंजाब की इंडस्ट्री से प्यार होना चाहिये।

फिर, स्पीकर साहिब, यहां पर कोआप्रेटिव एग्रीकल्चरल सोसाइटी का ज़िक्र किया गया था। मेरे पास इत्तलाह है कि जब लैंड ऐक्विज़ीशन प्रोसीडिंग्ज़ शुरू हुई थीं तो शायद रुकावट डालने के लिये ही बाद में एग्रीकल्चरल को-आप्रेटिव सोसाइटी वहां पर बनाई गई। मैं हैरान हूं कि जो भाई फरीदाबाद को फराडाबाद का नाम लेकर पुकारना चाहते हैं उन के दिल में पंजाब और पंजाब की इंडस्ट्री के लिये क्या प्यार हो सकता है। यह वह फरीदा-बाद है जिस ने पंजाब में ही नहीं सारे हिन्दुस्तान में अपना नाम पैदा किया है। उस के मुताल्लिक सिर्फ इसी बात पर कि एक्वायर की गई ज़मीन के लिये अपनी मर्ज़ी की कीमत नहीं मिली, इस कदर गैर-जिम्मेदाराना बातें कह कर पंजाब को और पंजाब की इंडस्ट्री को बदनाम करने की कोशिश की जाए तो इस से बढ़ कर बुरी और बात क्या हो सकती है।

चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक : ऑन ए प्वाइंट आफ़ आर्डर, सर। होम मिनिस्टर साहिब ने फरमाया है कि उस को वह ज़मीन एक्वायर कर के देंगे। जो एशोरैंस चीफ़ मिनिस्टर साहिब ने हाउस के अन्दर दी है कि अगर ऐग्रीकल्चरल ज़मीन को एक्वायर करेंगे तो उसके लिये मार्किट प्राइस देंगे और नौट ऐट दि कौस्ट आफ़ पूअर......

Mr. Speaker : It is not a Point of Order.

Chaudhri Mukhtiar Singh Malik : It is a question of assurance given on the Floor of the House.

Mr. Speaker : The hon. Member can take it up with the Committee on Assurances. It is not a Point of Order.

गृह मन्त्री : इसी तरह से पंचशील कोग्राप्रेटिव सोसाइटी का भी ज़िक्र किया गया था और उस पर बोलते हुए यह कहा गया था कि पंजाब सरकार ने इस सिलसिले में दो लाख रुपये के डिबैंचर खरीद कर बड़ी नामुनासिब बात की। स्पीकर साहिब, पंचशील इंडस्ट्रियल कोग्राप्रेटिव सोसाइटी फरीदाबाद में हैंडलूम खादी को प्रोसैस और फिनिश करने के लिये बनाई गई थी। उस में जो मशीनरी लगाई गई वह नई किस्म की थी और हिन्दुस्तान में अपनी किस्म की ही थी। उसकी मैनेजमैंट में दीवान चमन लाल, मौलवी अब्दुल ग़नी डार, सरदार जोगिन्दर सिंह मान और श्री फिरोज़ चन्द जी जैसे आदमी थे। इंडस्ट्रियल कोग्राप्रेटिव्ज़ को बढ़ावा देने की सरकार की पालिसी है। तो नई किस्म की इंडस्ट्री लगी। इतने सम्मानित उस में व्यक्ति थे तो सरकार का फर्ज़ हो जाता था कि उस को बढ़ावा देती। मुझे अफसोस है कि बाद में उस की मैनेजमैंट कुछ ठीक न रही और सरकार ने उसे टेक ओवर करके अब ऐडमिनिस्ट्रेटर मुकर्रर कर दिया हुआ है। अब आशा है कि वह सही ढंग से चलेगी।

(At this stage the Deputy Speaker occupied the Chair)

इस के अलावा, डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं नाम तो नहीं लेना चाहता था लेकिन अब सरदार गुरनाम सिंह जी की कही हुई बात हो तो जरूरी हो जाता है कि उसका जवाब दूं। कुछ बातों का तो चीफ़ मिनिस्टर साहिब ने जवाब दिया है।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ : ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਤਾਂ ਫਾਲਤੂ ਜਵਾਬ ਦਿਤੇ ਹਨ ਜੋ ਕੋਈ ਮਾਅਨੇ ਨਹੀਂ ਰਖਦੇ। ਉਹ ਉਸ ਕਮਿਊਨਲ ਪਾਰਟੀ ਵਿਚੋਂ ਹੀ ਆਏ ਹਨ ਜਿਸ ਬਾਰੇ ਮੈਨੂੰ ਔਬਿਊਜ਼ਨ ਕਰਦੇ ਹਨ।

उपाध्यक्षा : सरदार गुरनाम सिंह जी, इन्हें अब अपनी बात कहने दीजिए। (I would request hon. Sardar Gurnam Singh to let the Hon. Home Minister have his say).

गृह मन्त्री तो मेरे दोस्त, सरदार गुरनाम सिंह जी ने फरमाया था कि सरकार को एमर्जेंसी की सिच्वेशन को एक्सप्लायट नहीं करना चाहिए। इस सिलसिले में ज़्यादा तो कुछ मैं कहना नहीं चाहता लेकिन सिर्फ इतनी ही बात अर्ज़ करूंगा कि हम हर ज़िम्मेदार व्यक्ति की इस सम्बन्ध में कोग्राप्रेशन सीक कर रहे हैं। खुद सरदार साहिब की कोआप्रेशन लेते रहे हैं, हर कमेटी में उन को शामिल करते रहे हैं और आगे को भी उन से सलाह मशविरा करते रहेंगे। इस लिये एमर्जेन्सी को एक्सप्लायट करने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता।

इस के साथ ही साथ उन्होंने फरमाया था कि किसी भी देश में डैमोक्रेटिक फंक्शनिंग के लिये एक मज़बूत आपोज़ीशन का होना निहायत ज़रूरी है। चीफ मिनिस्टर साहिब ने अभी अभी इस की बाबत अपने ख्यालात का इज़हार किया है। लेकिन एक बात सरदार साहिब ने और कही थी और वह यह कि जब कुछ अर्सा के लिये एक ही पार्टी की हकूमत बनी रहे तो ऐडमिनिस्ट्रेशन में डिटीरियोरेशन आ जाती है, काम निकम्मा हो जाता है।

सरदार गुरनाम सिंह : यह मैं ने एक कोटेशन दी थी।

गृह मन्त्री : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं ने उन से सरसरी तौर पर ज़िक्र किया था कि अगर इस वक्त कांग्रेस चाहे भी तो हकूमत की बागडोर किस आल्टर्नेटिव पार्टी के स्पुर्द करे

[गृह मन्त्री]
कौन पार्टी आल्टर्नेटिव हकूमत बनाएगी? वह इस बात को टाल गए। फिर भी मैंने बाद में इस बात को सोचा कि क्या सचमुच मौजूदा हालात में कोई ऐसी पार्टी पंजाब में या हिन्दुस्तान में हो सकती है जिस के हाथों में मौजूदा कांग्रेस पार्टी हकूमत की जिम्मेदारी दे सके। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मुझे तो ऐसी कोई पार्टी नजर नहीं आई जो हकूमत को कांग्रेस के हाथों से सम्भालने के योग्य हो।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं बहुत ज्यादा बारीकबीनियों में तो नहीं जाना चाहता लेकिन सरदार गुरनाम सिंह जी से नम्रतापूर्वक क्षमा मांगता हुआ अर्ज करूंगा कि पंजाब के अन्दर डैमोक्रेटिक ढंग से चुनी हुई उन की सब से बड़ी संस्था शिरोमणि गुरद्वारा प्रबन्धक कमेटी है। उस की 3 मार्च, 1963 को जो मीटिंग हुई उस सिलसिले में सरदार गुरनाम सिंह जी ने जो बयान दिया वह इनकी अपनी अखबार 'प्रभात' में छपा था। उस को मैंने पढ़ा। मैं अपनी तरफ से तो कोई कमेंट्स नहीं करना चाहता लेकिन सरदार साहिब के ही ख्यालात को जो कि अखबार में छपे, आप की इजाजत से हाउस के सामने पढ़ना चाहता हूं।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ : ਤੁਸੀਂ ਬੇਸ਼ਕ ਪੜ੍ਹੋ ਪਰ ਇਹ ਸਭ ਕੁਝ ਗੌਰਮਿੰਟ ਦੀ ਇੰਟਰਫੀਅਰੈਂਸ ਦੀ ਵਜ੍ਹਾ ਨਾਲ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਤੁਸੀਂ ਇਲੈਕਸ਼ਨਜ਼ ਦੇ ਦਿਨਾਂ ਵਿਚ ਸਾਡੇ ਆਦਮੀ ਪਕੜ ਕੇ ਅੰਦਰ ਕਰ ਦਿਤੇ ਹਨ।

गृह मन्त्री : तो 3 मार्च को हुई गुरद्वारा प्रबन्धक कमेटी की मीटिंग से सम्बन्ध रखने वाले उन के बयान को जो कि 5.3.63 के अखबार "प्रभात" में छपा, मैं पढ़ कर सुनाता हूं। उन्होंने कहा :

"मीटिंग हज़ा में गुंडागर्दी के हालात देख कर मुझे सख्त मायूसी हुई है।"

आगे चल कर आप ने फरमाया :

"इन की तरफ से हर मुखालिफ तरफ से बोलने वाले मैम्बर की बेइज़्ज़ती की जाती थी, मुझे तो ऐसा मालूम होता है कि अगर इन लोगों का यही रवैया रहा और गुरद्वारा प्रबन्ध इसी तरह से चलता रहा तो शिरोमणि कमेटी और गुरद्वारे पंथ के कब्ज़ा में नहीं रह सकेंगे। शिरोमणि कमेटी सिक्खों की सब से बड़ी धार्मिक मुन्तखिबशुदा जमायत है। सन्त फतेह सिंह जी ने मैम्बरान के इखलाक का दीवाला निकाल दिया है।"

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ : ਮੈਂ ਇਥੇ ਦੀ ਗੁੰਡਾਗਰਦੀ ਤੇ ਉਥੇ ਦੀ ਗੁੰਡਾਗਰਦੀ ਦੋਹਾਂ ਦੇ ਹੀ ਖਿਲਾਫ਼ ਹਾਂ।

गृह मन्त्री : डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस के साथ ही साथ इसी अखबार में कंवरानी जगदीश कौर साबका एम. एल. ए. का भी बयान छपा। उन्होंने भी अपने विचार प्रकट करते हुए कहा था :

"जो गुंडागर्दी, बदतमीज़ी और इखलाक का दीवालापन सन्त फतेह सिंह धड़े की तरफ से देखा उस से सर शर्म से झुक जाता है। यह शिरोमणि कमेटी की मीटिंग न थी बल्कि मछली मंडी का नज़ारा था और यह सब कुछ लच्छमन सिंह गिल की सरकरदगी में हो रहा था।"

आगे चल कर उन्होंने कहा :

"इस से पहिले मैं कई मीटिंगों में शामिल हुई हूं मगर ऐसी गुंडागर्दी और बद-तमीजी कभी न देखी थी और यह सब कुछ एक तैशुदा प्रोग्राम के मुताबिक किया जा रहा था।"

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ : ਮੈਂ ਇੰਟਰਪਟ ਨਹੀਂ ਕਰਦਾ, ਪਰ ਉਹ ਸਾਰੀ ਗੁੰਡਾਗਰਦੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਸ਼ੁਰੂ ਕੀਤੀ ਹੋਈ ਸੀ।

उपाध्यक्षा : मुझे डर है कि कहीं यहां पर भी मछली मार्किट न बन जाए।

(I am afraid this house may also become a fish market).

गृह मन्त्री : इस के अलावा अगर मैं सरदार गुरबख्श सिंह जी का, जो कि इस वक्त यहां पर नहीं बैठे हुए, बयान भी पढ़ कर सुना दूं तो हाउस की वाकफियत में शायद इज़ाफा हो। मेरे पास "प्रभात" की ही कटिंग्ज़ हैं क्योंकि मैं किसी और शख्स को यहां कोट नहीं करना चाहता था और न ही अपने ख्यालात बताना चाहता था।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ : ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ ਹੋਰਨਾਂ ਅਖਬਾਰਾਂ ਨੂੰ ਦਿੰਦੇ ਹੋ ਤੇ ਕਟਿੰਗਜ਼ 'ਪਰਭਾਤ' ਦੀਆਂ ਪੜ੍ਹਦੇ ਹੋ। (ਹਾਸਾ)

गृह मन्त्री : जैसा कि मैंने पहले अर्ज़ किया, मैं तो अपनी तरफ से एक लफज़ का भी कमेंट पेश नहीं करना चाहता। मैं उस संस्था की मीटिंग की बाबत उन के ख्यालात आप के सामने रख रहा हूं जिस संस्था के यह मुन्तखिबशुदा मेम्बर हैं, जिस पार्टी के नुमाइंदे के तौर पर यह यहां पर चुन कर बैठे हुए हैं। मैं तो उस सिलसिले में बात कर रहा हूं जो उन्होंने फरमाया कि हम इन को हकूमत की बागडोर ट्रांस्फर कर दें। अगर हम इन को हकूमत के अख्तियारात दे दें तो यह गुंडागर्दी कहां जाएगी ? यह मछली मंडी का नज़ारा कहां जाएगा, और क्या कुछ नहीं होगा ? मैं तो आप के ज़रिये यह बतलाना चाहता हूं.............

Sardar Gurnam Singh : On a point of Order, Madam. A ruling has been given time and again that a reference to Newspapers cannot be made.

गृह मन्त्री : Why not. अखबार में से रैफ्रैंस दिया जा सकता है.....

उपाध्यक्षा : बड़े अफसोस की बात है कि उन के प्वाइंट आफ आर्डर का जवाब देने के लिये मैं खड़ी हुई हूं और मेरे से पहले आप ने जवाब देना शुरू कर दिया है। मैं गृह मन्त्री साहिब से कहूंगी कि यहां यह अखबार न पढ़ी जाए तो बेहतर होगा।
(I am really sorry to point out to the hon. Minister that he has begun giving the ruling himself on the point of order raised by the hon. Member though I had risen in my seat to do so. I would request him to avoid reading out from the newspaper.)

Sardar Gurnam Singh : Shiromani Gurdwara Parbandhak Committee has nothing to do with politics and the hon. Minister is getting out of control. He will have to hear the answer from this side.

गृह मन्त्री : अच्छा जी, मैं अखबार में से नहीं पड़ता। मैं इन से पूछता हूं कि यह घबरा क्यों गए हैं ? अगर यह शिरोमणि गुरद्वारा कमेटी में हुई कार्यवाही की ज़िम्मेवारी नहीं

[गृह मन्त्री]
ले सकते तो यह पंजाब असैम्बली में अपनी पार्टी की जिम्मेवारी ले सकते हैं। मैं इन से पूछना चाहता हूं कि यह यहां कितने चुन कर आए थे और आज यह कितने बैठे हैं और आज इन की पार्टी में कितने ग्रुप हो गये हैं। (सरदार गुरनाम सिंह की तरफ से विघ्न) इन को यह भी क्या पता नहीं कि इन की पार्टी के अब कितने लीडर हैं? और यह भी पता नहीं कि लीडर है कौन? हालत यह है इन की पार्टी की कि दो लीडर बने हुए हैं और हर एक लीडर दूसरे की लीडरशिप को चैलेंज करता है। अगर मैं वहां का हवाला नहीं दे सकता तो यहां का तो दे सकता हूं। इन की अपनी हालत यह है और मांग करते हैं कि हाई पावर्ड कमिशन मुकर्रर किया जाए। डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह भी इन की एक पोलिटिकल चाल थी, एक पोलिटिकल आबजैक्टिव था जिस के बारे में अभी चीफ़ मिनिस्टर साहिब ने.... (*Interruption by Sardar Gurnam Singh*) यह बकवास है। This is all rubbish and 'Bakwas'

सरदार गुरनाम सिंह : यह जहां रुपये खाते हैं....

उपाध्यक्षा : आर्डर प्लीज़। मैं होम मिनिस्टर साहिब से कहूंगी कि वह बकवास का लफ्ज़ वापस ले लें। (Order please. I would request the hon. Home Minister to withdraw the word 'Bakwas'.

गृह मन्त्री : वह मैं वापस लेता हूं।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ : ਮੈਂ ਤਾਂ ਕੁਛ ਨਹੀਂ ਕਹਿੰਦਾ, ਮੈਂ ਤਾਂ ਇਹ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਹਿੱਸਾ ਹੈ।

गृह मन्त्री : अपनी औकात तो देखो।

उपाध्यक्षा : मुझे बड़े अफसोस से कहना पड़ता है कि सरदार गुरनाम सिंह जैसे सयाने मैम्बर इस तरह से बीच में बोल रहे हैं और इस तरह से बोल रहे हैं। (I am very sorry to point out that a seasoned Member like Sardar Gurnam Singh is interrupting the Minister with such remarks.)

गृह मन्त्री : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप इन को कंट्रोल में कर लें तो बेहतर रहेगा वरना मैं तो इन की इंट्रप्शन से घबराता नहीं हूं।

(*Interruption by the Agriculture and Welfare Minister.*)

ਚੌਧਰੀ ਦੇਵੀ ਲਾਲ : ਸਾਨੂੰ ਤੁਹਾਡਾ ਪਤਾ ਹੈ, ਮਾਸਟਰ ਤੋਂ ਮਨਿਸਟਰ ਬਣ ਗਏ।

ਸਰਦਾਰ **ਜੋਗਿੰਦਰ** ਸਿੰਘ : ਪੰਡਤ ਜੀ, ਲੁਧਿਆਣੇ ਵਾਲੀ ਗੱਲ ਨਾ ਕਹਿਣਾ।

गृह मन्त्री : नहीं कहूंगा। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं बता रहा था कि यह यहां हाई पावर्ड कमिशन के बनाने की बात कर रहे थे। यह एक पोलिटिकल बात थी, एक राजनीतिक बात थी और इस के पीछे एक राजनीतिक आबजैक्टिव था। हम जानते हैं उन की घबराहट को। जो आपोजीशन के मैम्बर साहिबान हैं उन की घबराहट को हम बड़ी अच्छी तरह से समझते हैं। इन के पास और कोई बात तो कहने को होती नहीं, इस लिये यही बात कह देते हैं कि एक हाई पावर्ड कमिशन बनाया जाए, एक बड़ा कमिशन बनाया जाए,

छोटा कमिशन बनाया जाए। मैं जानता हूं इन की घबराहट को। मैं इन्हें कहता हूं कि यह मेरे आपोज़ीशन वाले भाई इम्पार्शल ढंग से सोचें कि इस मामले को किस तरह से डील किया जा सकता है। क्या इस की बड़ी अच्छी मिसाल चीफ़ मिनिस्टर साहिब ने उन के सामने कायम नहीं की थी जो उन्होंने एक नान-आफिशल मैम्बरों की विजिलेन्स कमेटी बनाई थी और उस कमेटी का चेयरमैन लीडर आफ़ दि आपोज़ीशन, जो उस वक्त पंडित श्री राम शर्मा थे, को बनाया था? यह क्या कोई कम बात थी? हम इस चीज़ से नहीं घबराते। (*Interruption by Ch. Devi Lal and by the Agriculture and Welfare Minister*)

फिर, डिप्टी स्पीकर साहिबा, सैपरेशन आफ़ जुडीशरी फ्राम ऐग्ज़ैक्टिव के मुताल्लिक यहां कहा गया था। यह बात जब हाई कोर्ट के एक रिटायर्ड जज की तरफ से कही गई है, तो इस बारे में कुछ बताना मेरा फर्ज़ हो जाता है। मैं उन्हें और हाउस को आप के ज़रिए बता देना चाहता हूं कि इस बारे में तीन दफ़ा विचार किया जा चुका है। पहली दफा इस बात पर 1957 में डिप्टी कमिश्नर्ज़ कान्फ्रेन्स में विचार किया गया था और उन की युनैनिमस रिकमेंडेशन थी कि अभी इस चीज़ के लिये हमारी स्टेट में ठीक एटमस्फीयर नहीं है। उस के बाद 1959 में फिर जब डिप्टी कमिश्नर्ज़ कान्फ्रेन्स हुई तब भी इस मसले पर विचार किया गया और तब भी उन सब की युनैनिमस रिकमेंडेशन यही हुई कि अभी अनुकूल एटमस्फीयर नहीं है। फिर 1961 में जब यह कान्फ्रेन्स हुई तब भी यही फैसला हुआ। इस साल फिर सितम्बर में जब फिर वह कान्फ्रेन्स होगी तो फिर इस मसले पर विचार करेंगे। मुझे सरदार गुरनाम सिंह, जो हाई कोर्ट के जज रह चुके हैं, की एक बात सुन कर बड़ी हैरानी हुई जब उन्होंने यह कहा कि सरदार हज़ारा सिंह गिल को सरकार ने झूठे मुकदमे में कैद कर रखा है और उन्होंने यह कहते हुए इस बात को भी तसलीम किया कि उन की कनविक्शन हाई कोर्ट में भी अपहैल्ड रही है यानी उन की अपील को हाई कोर्ट ने नामंजूर किया। इस बात के बावजूद यह फिर भी कह रहे हैं और इस बात की दुहाई दे रहे हैं कि सरदार हज़ारा सिंह पर झूठा केस बनाया गया और उस के साथ इन्साफ़ नहीं हुआ। अगर यह बात कोई और कहता तो मैं समझ सकता था लेकिन जब यह बात इतने तजरुबाकार आदमी के मुंह से, जो काफी अरसा तक हाई कोर्ट के जज रहे हों, उन के मुंह से निकले तो मुझे देख कर बड़ा अचम्भा हुआ है। (विघ्न) यह देख कर बड़ी हैरानी होती है कि यह काफी देर तक हाई कोर्ट के जज रह चुके हैं और यह हाई कोर्ट की जजमेंट की इतनी कदर करते हैं और कहते हैं कि फैसला गलत हुआ है और सरदार हज़ारा सिंह के साथ धक्का हुआ है। इस के साथ ही यह मांग करते हैं कि जुडीशरी और ऐग्ज़ैक्टिव को अलग कर दिया जाए। यह भी इन की सयासी बातें हैं। (विघ्न)

ਚੌਧਰੀ ਦੇਵੀ ਲਾਲ : ਫਤਿਹਗੜ੍ਹ ਚੂੜੀਆਂ ਵਿਚ ਬੋਰੀ ਤੇ ਬੈਠ ਕੇ ਕੰਮ ਕਰਦਾ ਸੀ ਤੇ 20 ਰੁਪਏ ਮਸਾਂ ਆਉਂਦੇ ਸਨ

ਗ੍ਰਹਿ ਮੰਤਰੀ : ਇਹ ਕਲ ਤਕ ਲੀਡਰ ਆਫ ਦੀ ਆਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਸਨ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਮਝਾਓ, ਕੁਝ ਤਾਂ ਅਕਲ ਦੀ ਗਲ ਕਰਨ ਦੀ ਤਮੀਜ਼ ਹੈ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ?

Deputy Speaker : No interruption please.

गृह मन्त्री : डिप्टी स्पीकर साहिबा, एक बात और एक मैम्बर साहिब ने कही थी जो अब यहां पर बैठे नहीं हैं । मैं उन की वाकफियत के लिये एक बात कहना चाहता था । उन्होंने हिन्दी रिजन की तरफ आप का ध्यान दिलाया था । मैं उन की वाकफियत के लिये यहां कुछ आंकड़े रखना चाहता था । यह बात सही है कि हिन्दी रिजन पंजाबी रिजन के मुकाबले में कम डिवैल्पड है लेकिन सरकार का यह फैसला है कि उस की डिवैलपमैंट की तरफ ज्यादा ध्यान दिया जाए ।

उपाध्यक्षा : सदन सोमवार 18 March, 1963 के दो बजे दोपहर तक के लिये स्थगित किया जाता है ।

(The Sabha then adjourned till 2 p.m. on Monday the 18th March 1963)

21217 P.V.S.—387—9-8-63—C.P., and S.,Pb., Chandigarh.

ANNEXURE

(Please see foot note at page 40 of the debate.)

CINEMAS IN THE STATE

रही थी और उस ने एफ. आई. आर. में लिखवाया कि मैं ने पांच हज़ार रुपया बचित्तर सिंह एडवोकेट को रिश्वत के तौर पर दिया ताकि मेने खिलाफ चल रही एन्क्वायरी को खत्म किया जाए लेकिन जब वह पहली एन्क्वायरी में ससपेंड हो गया तो उस ने अपना पांच हज़ार रुपया वापस लेने के लिये ऐफ. आई. आर. दर्ज करवाई । उस ने यह बात ऐफ. आई. आर. में लिखवाई है कि बचित्तर सिंह ने चार वकीलों के सामने माना है कि उस ने पांच हज़ार रुपया बतौर रिश्वत के लिया है । अंडर सेक्रेटरी विजिलेंस जो मौजूदा डायरेक्टर विजिलेंस हैं उनके मकान पर बैठ कर कनफैशन हुई । एफ. आई. आर. के मुताबिक वह कम्पलेंट सेक्रेटरी विजिलेंस ने लेकर फार्वर्ड की और डी. आई. जी. विजिलेंस ने उसकी एन्क्वायरी मार्क की । लेकिन अब उस केस में कमप्रोमाइज़ हो गया है । यह स्टेट केस है लेकिन ऊपर से प्रेशर पड़ा क्योंकि बचित्तर सिंह ने कहा था कि अगर मेरे खिलाफ कोई केस चलेगा तो मैं भी तुम को एक्सपोज़ करूंगा । नतीजा यह हुआ कि केस कम्प्रोमाइज़ हो गया । अंडर सेक्रेटरी, विजिलेंस जो कि आज कल डायरेक्टर हैं उन का भी क्लीयर ज़िक्र है कि उनके सामने रिश्वत लेने वाले ने कहा कि मैं ने विजिलेंस के नाम पर रिश्वत ली है । देने वाला मानता है कि मैं ने रिश्वत दी, लेने वाला भी माना कि मैंने रिश्वत ली और सब कुछ अंडर सेक्रेटरी के मकान पर हुआ लेकिन किसी के खिलाफ़ भी कोई ऐक्शन नहीं लिया गया । अंडर सेक्रेटरी बचित्तर सिंह के मकान पर काफी अरसा रहता रहा है । करनाल में केस चलता रहा लेकिन आखिर में कम्प्रोमाइज़ हो गया ।

श्री सभापति : सुनी सुनाई बात ना करें । (The hon. Member should not refer to the rumours.)

कामरेड राम पयरा : नहीं जी, मैं डैफिनिट हूं । जजमैंट की अटेस्टेड कापीज़ मेरे पास हैं, अगर चाहें तो मैं भेज सकता हूं । मैं बगैर किसी सबूत के बातें कहने का आदी नहीं हूं ।

Mr. Chairman: The hon. Member should better meet the Chif Minister and discuss these matters with him.

कामरेड राम प्यारा : चीफ मिनिस्टर साहिब जैनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन के मालिक हैं । मैं उन को बाद में बताऊंगा कि इन बातों को कैसे दूर किया जा सकता है । सैक्रेटरी विजिलैंस ने आर्डर दिया कि तफतीश होनीं चाहिये, डी० आई० जी० ने आर्डर दिया कि इन्क्वायरी होनी चाहिये, केस कम्पलीट हुआ और कोर्ट में गया लेकिन बाद में कम्प्रोमाइज़ हो गया । यह स्टेट केस है । मेरी इत्तलाह के मुताबिक आई० जी० साहिब की कुछ हिदायात हैं कि जहां पर चीटिंग या चार सौ बीस के केसिज हों वहां कम्प्रोमाइज़ नहीं होना चाहिये । लेकिन ऐडवोकेट के धमकाने से कि मैं भी तुम को एक्सपोज़ करूंगा ऊपर से प्रेशर डाला गया और कम्प्रोमाइज़ हो गया । जगह का नाम है, जिस के सामने रिश्वत दी गई उस का नाम है, चार और वकीलों के भी नाम दर्ज हैं, लेकिन किसी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई ।

चेयरमैन साहिब, पहले सैशन में धानी की ज़मीन का ज़िक्र आया था चीफ मिनिस्टर साहिब के साहिबज़ादे के सुसराल के पास ज़मीन थी मैं सवालों में यह इतलाह लेने में कामयाब हो गया । 5th November, 1962 को सवाल का जवाब मतलूब था ।

> "Copy of letter dated 20th April, 1962 from Pawitar Kaur, wife of late Sardar Mukand Singh, House No. 12, Sector-4 Street 'A' Chandigarh to the Director, Welfare of Scheduled Castes and Backward classes Punjab, Punjab.
>
> We have got a compact piece of land measuring about 500 acres in village Dhani adjacent to Jind Town. We have come to know that the Government is purchasing land for settling Harijans. Our entire land is canal irrigated.
>
> We want to part with this land for this noble cause. Moreover, the land lord of this land is a widow and so she cannot manage the agricultural operations. So, she is very keen to sell away this land. Please, therefore, finalise the contract as soon as possible".

गवर्नमैंट कहती है कि वह तो बेचना नहीं चाहती थी । चीफ मिनिस्टर साहिब रुकावट डालते थे । गवर्नर साहिब ने लिखा, वहां से मंजूरी आई । यह गवर्नमैंट की चिट्ठी है । गवर्नमैंट की तरफ से आई है । गवर्नमैंट ने मुझे दी है । इन वाक्यात से मैं महसूस करता हूं कि हमारी ऐडमिनिस्ट्रेशन दिन बदिन डीटीरियोरेट होती जा रही है । इस की ज़िमेदारी फरंट बैंचिज़ पर बैठने वालों पर है और खासतौर पर चीफ मिनिस्टर साहिब पर है । मैं उन की खिदमत में अर्ज़ करूंगा कि वह थोड़ा सा इम्प्रूव करें, ऐडमिनिस्ट्रेशन में इम्प्रूवमेंट होनी लाज़मी है । इस लिये मैं अर्ज़ करूंगा

Mr. Chairman: The hon. Member should avoid naming the Chief Minister.

Comrade Ram Piara: I am not saying 'Sardar Partap Singh Kairon'. I am only saying 'Chief Minister' who is the head of the State and the administration.

प्रताप सिंह और राम प्यारे तो कई धक्के खाते फिरते होंगे, यहां पर तो एम० एल० ए० और चीफ मिनिस्टर की बात हो रही है ।

सरदार हरचंद सिंह ने कहा कि कुरप्शन बहुत बढ़ गई है । मैं उन की ताईद करने के लिये खड़ा हुआ हूं । मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि मेरी मोशनज़ पर ही गवर्नमेंट ने सट्टा बिल में, गैम्बलिंग में कुछ अमेंडमेंट्स की थीं । लेकिन मैं हैरान हूं कि उसमें अमैंडमेंट लाने के बावजूद और बावजूद इस बात के कि सज़ा भी सख्त रखी कोई अच्छे रिज़ल्ट्स किसी जगह पर नज़र नहीं आए और मैं पूरी ज़िम्मेदारी के साथ चीफ मिनिस्टर साहिब से अर्ज़ करूंगा कि कुछ ऐसे आदमी हैं जो कि मुख्तलिफ इज़ला में पैरेलल गवर्नमैंट रन किए हुए हैं । यह पैरेलल गवर्नमैंट तभी रन कर सकते हैं जब कि यहां फर्स्ट सीट से उन्हें पेटरोनेज मिलती है । इस सिलसिले में ज्यादा न कहता हुआ सिर्फ एक ही बात आपके नोटिस में लाना

[कामरेड राम प्यारा]

चाहता हूं और वह यह कि मैंने एक चिट्ठी चीफ मनिस्टर साहिब को लिखी, अगर वह मुझ से पूछें तो मैं साबित करने के लिए तैयार हूं कि सट्टे दड़े गैंबलर्ज़ की पैटरोनेज इन्हीं के अपने आदमी कर रहे हैं, उन्होंने उस चिट्ठी का अभी तक कोई जवाब नहीं दिया। मुमकिन है कि जल्दी ही उसका जवाब देंगे लेकिन यहां पर मैं दुबारा इस बात को रिपीट करता हूं कि अगर वह चाहें तो मैं इस बात की पूरी ज़िम्मेदारी लेने को तैयार हूं कि इनके आदमी उन की पैटरोनेज कर रहे हैं। ज्यादा मिसालें न देकर एक वाक्या का ही यहां पर ज़िक्र करता हूं कि पिछले दिनों चीफ मनिस्टर साहिब के घर जो आठ मन मछली आई थी उसकी पेमैंट सट्टे दड़े और जूवे वालों ने की थी (विरोधी पक्ष की ओर से 'शेम' 'शेम' की आवाजें) इस के अलावा पिंगलवाड़े से एक खबर आई थी कि वहां पर कुछ बदमाश गुंडे पिंगली औरतों से बदफेली करने के लिए चले गए। वह इतने मदहोश थे कि उन्हें कानून का भी डर नहीं था। वहां रेप हुआ। इसकी इन्क्वायरी हुई।

(*Deputy Speaker in the Chair.*)

उपाध्यक्षा : कामरेड साहिब, जो पक्की बात न हो उसको यहां पर मत कहें और जल्दी २ वाइंड अप करें (I would request the hon. Member not to make false allegations. He should wind up soon.)

कामरेड राम प्यारा : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं कोई बात ऐसी नहीं कहता जिस का मेरे पास सबूत न हो। जहां तक वाइंड अप करने का ताल्लुक है, मैंने अभी अभी ही तकरीर शुरू की है।

उपाध्यक्षा : नो, आपने 4.32 p. m. पर शुरू किया था। (No, he started his speech at 4.32 p.m.)

कामरेड राम प्यारा : बहर हाल, जिस वक्त आपका हुक्म होगा मैं बैठ जाऊंगा। उसमें मेरा कोई खास मतलब तो है नहीं, सिर्फ ऐसी बातों की तरफ आप के जरिए गवर्नमैंट का ध्यान दिलाना चाहता हूं जिन के सिलसिले में ऐक्शन लेना निहायत ज़रूरी है। इम्मोरल ट्रैफिक इतनी बढ़ती जा रही है कि अब गली गली कूचे कूचे में बुरा हाल है। कोई मुहल्ला इससे खाली नहीं। मुझे शर्म आती है यह कहते हुए कि यह वबा अब बढ़ती ही चली जा रही है। मैं चूंकि इसके खिलाफ आवाज़ उठाता हूँ इसलिए मैं तो अब इन लोगों से डरता हूं कि कहीं ऐसा ना हो कि बाज़ार में जाते २ मुरम्मत हो जाए, पिटाई हो जाए वरना मैं तो यहां तक कहने को तैयार हूं कि अगर यह सरकार इम्मौरल ट्रैफिक को खत्म नहीं कर सकती तो इसके बजाय अच्छा हो कि प्रोस्टीट्यूशन हाउसिज़ खोल दें ताकि हर मुहल्ला, हर गली और हर घर तो इस तरह से खराब न हो। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरे पास कई दफा रात के वक्त भी आदमी आते हैं और कहते हैं, "कामरेड साहिब, हमारी मदद करो"। मैं तो अपनी जान को भी खतरे में डालकर जो मदद हो सकती है करता

हूं लेकिन जिस मुसीबत में फँसे हुए की जो मदद मैं करता हूं मेरी वह सारी कोशिश ऊपर वालों की एक स्ट्रोक ग्राफ पैन से खत्म हो जाती है जब कि कभी केस को विदड्रा कर लिया जाता है, कभी टैलीफोन चला जाता है । ऐसे केसिज़ में कभी कोई एक के पास पहुंच जाता है, कभी दूसरे के पास । मेरे कहने का भाव यही है कि ग्रगर पंजाब सरकार की यह इच्छा है कि इस हालत में इम्प्रूवमेंट हो तो यह तभी मुमकिन हो सकता है जब कि चीफ़ मनिस्टर साहिब खुद ग्रापने ग्राप को इम्प्रूव करें ।

उपाध्यक्षा : कामरेड साहिब, जहां पर चीफ मनिस्टर साहिब की ज़िम्मेदारी है वहां ग्रानरेबल मेम्बर साहिबान की भी कुछ जिम्मेदारी है । (The hon. Member should bear in mind that the Cheif Minister as well as the hon. Members are equally responsible.)

कामरेड राम प्यारा : इस सम्बन्ध में बाकी मेम्बरान की इतनी ज़िम्मेदारी नहीं जितनी कि चीफ़ मनिस्टर साहिब की है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, जितने फैसले होते हैं वह चीफ मनिस्टर साहिब की 'व्हिम्ज़ एंड विल' के मुताबिक होते हैं । ग्रगर उन में कोई सुधार हो गया तो सभी में सुधार हो जाएगा ।

उपाध्यक्षा : ग्रच्छा, ग्रब ग्राप वाइंड ग्रप करें । (Please wind up now.)

कामरेड राम प्यारा : मैं यह बात खत्म करके कुछ सुजेशन्ज़ देकर खत्म कर दूंगा । तो मैं ग्रर्ज़ कर रहा था कि ग्रगर हम इस सिलसिले में कोई इम्प्रूवमेंट लाना चाहते हैं तो ज़रूरी है कि इस के साथ साथ मुख्य मन्त्री जी को ग्रपना काम करने का तरीका भी बदलना पड़ेगा । कई ईमानदार ग्रफसर, मज़बूत ग्रफसर हमें ग्राकर बताते हैं कि ग्रगर्चि वह भी इन बुराइयों को खत्म करने के हक में हैं, उन के लिए कोशिश भी करते हैं लेकिन क्या करें जब चीफ मनिस्टर साहिब ऊपर से फरमा देते हैं कि 'ग्रोए तूं नौकरी करनी ए या नहीं' । जब उन से यह पेटैंट फिकरा कहा जाता है तो वह भी घबराहट में ग्रा जाते हैं । मैं ईमानदार ग्रफसरों की क़दर करता हूं ग्रौर ग्रगर चीफ मनिस्टर साहिब ईमानदार ग्रफसरों को ताकत दें तो वह ला एंड ग्रार्डर को पूरी तरह से मेंनटेन भी कर सकते हैं लेकिन उन के रासते में यह बहुत बड़ी दीवार है जिसको दूर करना शायद ज़रा मुश्किल है । बहर हाल मैं चीफ मनिस्टर साहिब से ग्रर्ज़ करूंगा कि ग्रगर वह सूबे में से सभी बुराइयों को खत्म करना चाहते हैं तो उन्होंने ग्रपना जो टैरर क्रियेट किया हुग्रा है उसको खत्म करें । कानून का टैरर इस वक्त बिल्कुल नहीं । ग्रगर इस वक्त लोगों को कोई डर है तो वह चीफ मनिस्टर साहिब के टैरर का है । कानून के मुताबिक भी बातें होती हैं लेकिन ज्यूंही चीफ मनिस्टर साहिब का टेलीफोन या सिफारिश पहुंची नहीं कि सारा मामला ठप हो गया । जैसा कि मैंने पहिले ग्रर्ज़ किया मैं ईमानदार ग्रफसरों की कदर करता हूं ग्रौर उन्हें कोग्रापरेशन भी एक्सटेंड करता हूं लेकिन, डिप्टी

[कामरेड राम प्यारा]

स्पीकर साहिबा, अगर आप चाहती हैं कि मैं इस सम्बन्ध में ज्यादा न कहूं तो मुझे कोई एतराज़ नहीं लेकिन एक ही बात कह कर बैठ जाऊंगा ।

बार बार चौधरी देवी लाल जी ने ज़िक्र किया कि हमारे चीफ़ मनिस्टर साहिब रिवाड़ी में गए । मैं समझता हूं कि इस से कोई फर्क नहीं पड़ता ।

उपाध्यक्षा : मगर जब जनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन की बहस में इन ज़ाती बातों को जोड़ दिया जाए तो लाज़मी तौर पर फर्क पड़ जाता है । आप जनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन पर ही अपने आपको महदूद रखें । (But when the personal affairs are brought into discussion of the General Administration then it does matter. Therefore the hon. Member should confine himself to the discussion of the General Administration.)

कामरेड राम प्यारा : मैं तो, डिप्टी स्पीकर साहिबा, जनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन पर ही बोल रहा हूं । इसी पर बोलते हुए जनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन और पुलिस के सिलसिले में जो विक्टेमाइज़ेशन होती है उस का ज़िक्र करते हुए एक मिसाल देना चाहता था । सो मैं यह कह रहा था कि अगर चीफ़ मनिस्टर साहिब रिवाड़ी गए तो इसपर चौधरी देवी लाल जी को हैरान होने की कौन सी बात थी ।

उपाध्यक्षा : इस बात का जनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन के साथ कोई ताल्लुक नहीं । (It has no connection with General Administration.)

बाबू बचन सिंह : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, मैडम । क्या चीफ मनिस्टर साहिब को जनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन की मद में से तनखाह मिलती है या नहीं ? अगर वह इस मद में से तनखाह लेते हैं तो क्या उन के बतौर चीफ मनिस्टर किसी ऐक्शन पर यहां पर कुमैंट हो सकता है या नहीं ?

(इस वक्त कामरेड राम चन्द्रा भी प्वायंट आफ आर्डर पर खड़े हुए लेकिन उपाध्यक्षा ने उन्हें कहा कि पहिले बाबू बचन सिंह जी वाले प्वायंट आफ आर्डर पर वह अपनी रूलिंग दे लें । उस के बाद वह अपना प्वायंट आफ आर्डर कर लें)

उपाध्यक्षा : जहां तक जनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन को डिस्कस करने का ताल्लुक है वहां तक तो ठीक है लेकिन अगर शख्सीयतों को बीच में लेकर बात की जाए तो अच्छा नहीं लगता । अच्छा कामरेड राम चन्दरा जी ! अब आप बताईए कि आप का प्वायंट आफ आर्डर क्या है । (It is all right so far as the discussion is continued to the Demand for General Adminsitration. But it does not look proper if personalities are brought into it. Now the hon. Member Comrade Ram Chandra may please tell me as to what is his Point of Order.)

Comarde Ram Chandra: May I know whether any allegations can be levelled against any Minister without moving a substantive motion against him ?

उपाध्यक्षा : यह बात तो बिल्कुल बजा है। (It is quite correct.)

कामरेड राम प्यारा : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं कोई एलीगेशन नहीं लगा रहा और न ही लगाऊंगा । तकरीर कर रहा हूँ और जो रियल वाक्यात हैं वही आपके नोटिस में ला रहा हूँ कि किस तरह से विक्टेमाईजेशन डीमारेलाइज़ेशन होती है। वहां रिवाड़ी में भी कोई विक्टेमाईजेशन हुई थी जिससे वह डीमारेलाइज़ हुए । अगर उनकी मुलाकात से उस डीमा-रेलाईज़ेशन का पैच अप हो गया तो इसमें क्या हर्ज वाली बात है।

उपाध्यक्षा : जिनकी विक्टेमाईज़ेशन हुई थी वह तो हंस रहे हैं। और आप उनके लिये रो रहे हैं। (Those who were victimised are laughing whereas the hon. Member is shedding tears for them.)

कामरेड राम प्यारा : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं तो खुशी प्रकट कर रहा हूँ। अंग्रेज़ी में एक फिकरा है 'Birds of the same feather flock together' यानी

कुनद हम जिनस बा हम जिनस परवाज़
कबूतर बा कबूतर बाज़ बा बाज़

दोनों की डीमारेलाइज़ेशन खत्म हो गई मुझे उससे खुशी है लेकिन अर्ज़ करता हूँ कि मेरी भी बड़ी विक्टेमाइज़ेशन हुई है। मैं उस विक्टेमाइज़ेशन का ही जिक्र कर रहा हूँ।

उपाध्यक्षा : कामरेड साहिब, बस अब और ज्यादा नहीं बोलने दूंगी। जल्दी खत्म कीजिये । जनरल एडमिनिस्ट्रेशन की बात करनी हो तो करें। (Addressing Comrade Ram Piara) (I shall not allow more time to the hon. Member. Please wind up. Let the hon. Member say something on General Administration.)

कामरेड राम प्यारा : दो मिनट में खत्म करता हूँ। ऐम०एल०ए० बनने से पहले मैं बिजिनेस पर इनकम टैक्स देता था। मेरी विक्टेमाइज़ेशन हुई और मुझे वह छोड़ना पड़ा । लेकिन उनकी इतनी विक्टेमाइज़ेशन हुई। उनकी जगह मैं रिवाड़ी में होता तो कह देता :—

जला दे बाग सारा किस्मत मेरी जल नहीं सकती
पहुंच सैयाद की ज्यादा से ज्यादा आशयां तक है
लिखा है रोज़े अव्वल से शहीदों के मुकद्दर में
कभी सूली, कभी गोली, कभी खंजर कभी भाला
पिया है जहर अमृत जानकर अल्ला के प्यारों ने
बचशमे नम ज़माने ने यह मंज़र बारहा देखा।

[कामरेड राम प्यारा]

शाद उन्होंने समझा कि अब उनके सामने बहार आ जाएगी । मैं अगर उनके पास होता तो उनको बताता । ....

उपाध्यक्षा : अब उन्हें रिवाड़ी जाकर ही बताना । (Please tell them when you go to Rewari.)

कामरेड राम प्यारा : बस एक शेअर और कह कर खत्म करने जा रहा हूँ ।

उपाध्यक्षा : बस, अब और नहीं । (I will not allow it here on the floor of the House.)

कामरेड राम प्यारा : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आखिर में बस यह शेअर कि :

हमने माना है कि बहारें हैं बहार में लेकिन
बिन बहारों के भी कुछ फूल खिला करते हैं ।

पण्डित चिरंजी लाल शर्मा (सोनीपत) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, अब जनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन पर डिस्कशन जारी है । मैं अर्ज करना चाहता हूँ कि हमारी हकूमत तजरुबे करती है और तजरुबे के बाद जब कोई चीज़ गवर्नमेंट के नोटिस में आती है कि उसने कोई गलत कदम उठा लिया है तो यह उस में सुधार करने की कोशिश करती है । भूला न कहिए उसको जो आजाए शाम घर । वज़ारत बनी ३० या ३२ मिनिस्टरों की । चीफ मिनिस्टर साहब ने जब यह महसूस किया कि इतनी बड़ी वज़ारत की ज़रूरत नहीं है तो इन्होंने नौ दस महीने के अन्दर इसको छोटा कर दिया ।

बाबू बचन सिंह : जो इतना रुपया पब्लिक का वेस्ट हुआ उसका कौन जिम्मेवार है ?

पण्डित चिरंजीलाल शर्मा : इसके अलावा स्कूलों में मुफ्त तालीम का सिस्टम जारी किया गया और सारे हिन्दुस्तान के लोगों की शाबाश हासल कर ली कि पंजाब एक ऐसा प्रान्त है जहां स्कूलों में मुफ्त तालीम दी जा रही है ।

मुख्य मन्त्री : बेहतर होगा यह चीज़ अगर आप ऐजुकेशन की डीमांड के वक्त ले आएं ।

Babu Bachan Singh : It is the Administration that the hon. Member is criticising.

पण्डित चिरंजीलाल शर्मा : इस तजरुबे के बाद यह अब इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि स्कूलों में फीस लगानी ही पड़ेगी क्योंकि ७० या ७३ लाख रुपये की आमदनी का सवाल था इस लिये इसने यह फैसला कर दिया । फिर हमारी हकूमत ने पिछले साल या शायद उस से पिछले साल सिस्टम आफ हौलीडेज़ जो लागू किया, जो पिछले साल भी इस हाउस के ज़ेरे गौर आया और इस पर पंजाब के अखबारों ने भी काफी तज़करा किया, बार एसोसिएशन की तरफ से रैज़ोल्यूशन गवर्नमेंट के पास आए और औफिसिज़ की तरफ से भी रिप्रेज़ेंटेशन्ज हुई लेकिन इस सिलसिले में हकूमत का जो यह गलत कदम है और जो एक तरह से नाकामयाब साबत हुआ है, इस पर हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ने गौर नहीं फरमाया । डिप्टी स्पीकर

साहिबा, आप ज़रा गौर फरमायें कि यह कैसा सिस्टम है । इसके तहत आज कल फौजदारी अदालतों में शनिवार वाले दिन छुट्टी होती है लेकिन सिविल कोर्ट्स उस दिन खुली रहती हैं जिसकी वजह से वुकला को सारा दिन वहां हाज़री देनी पड़ती है। लाईयर्ज़ को शनिवार को आजकल कोई छुट्टी नहीं होती यानी उन पर शनिश्चर चढ़ जाता है। मैं समझता हूँ कि उनका जो पुराना सिस्टम चला आता था वह बेहतर था। यह ठीक है कि सिविल कोर्टस हाई कोर्ट के अंडर हैं और क्रिमिनल कोर्ट्स गवर्नमेंट के अंडर हैं लेकिन सारे आफीसर्ज़ तो एक ही गवर्नमेंट के हैं और एक ही हकूमत है लेकिन अजीब बात यह है कि मुख्तलिफ कोर्ट्स में मुख्तलिफ आवर्ज़ आफ वर्क रखे हुए हैं जिससे पब्लिक को, और लाइयर कम्यूनिटी को काफी से ज्यादा दिक्कत पेश आती है। यह ठीक है कि जो सिविल कोर्टस हैं **they are guided by the rules of the Punjab High Court** लेकिन हुकूमत तो एक ही है। इस सिलसिले में काफी से ज्यादा हकूमत की तवज्जुह दिलाई गई, इस सिस्टम के सुधार के लिये इस हाउस में कई बार कहा गया लेकिन सरकार ने इस गल्ती का सुधार अभी तक नहीं किया।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, जनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन में मैं एक चीज़ और इनकलूड करूँगा जिसके लिये यहां शायद कहा जाए कि वह एजुकेशन की डीमांड के साथ संबंध रखती है लेकिन मैं समझता हूँ कि इस चीज़ का सीधा ताल्लुक इस डीमांड से है। अभी अखबारों के ज़रिये पता चला है कि शायद मिडल स्टैंडर्ड तक यहां पंजाब में कोऐजुकेशन शुरू कर दी जाएगी । इस लिये मैं कहूँगा कि **while at Rome do as the Romans do.** जैसा देश वैसा भेस । इस बारे में रूस ने तजरुबा किया होगा, अमरीका ने तजरुबा किया होगा लेकिन अभी इसके लिये हमारे देश में वक्त नहीं आया । जो चीज़ हिन्दुस्तान के अन्दर प्राचीन वक्तों से आ रही है उसको अगर हमारी हुकूमत नजर अन्दाज़ कर के एक नई और निराली चीज़ इंट्रोड्यूस करती है तो इसे चेतावनी देता हूँ कि गवर्नमेंट की यह चीज़ हरगिज़ कामयाब नहीं होगी और इसके खिलाफ़ आवाज़ उठेगी । जिन हालात में हम अपनी ज़िन्दगी व्यतीत करते आ रहे हैं उन हालात में हमारे पंजाब के अन्दर को-एजुकेशन शुरू करना बिल्कुल मुनासिब नहीं है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, अभी अभी 13 तारीख को हमारे चीफ़ मिनिस्टर साहिब घरौण्डा में तशरीफ ले गये थे। वहां इनके नोटिस में एक नया कम्पलेंट लाया गया था कि वहां एक टीचर है वह किस तरह से लड़कियों के साथ बीहेव करता है। चीफ मिनिस्टर साहब ने उसी वक्त उस टीचर के खिलाफ, इन्क्वायरी करने का आर्डर्ज़ जारी कर दिया। एक स्कूल का टीचर किस तरह से 8, 8 और 9, 9 साल की बच्चियों के साथ सलूक करता था। यह चीफ मिनिस्टर साहब के नोटिस में वहीं लाई गई थी और अगर इतने तल्ख तजरुबे के बाद भी अगर यहां पर को-ऐजुकेशन जारी करें तो ठीक न होगा । रोज़ाना हम अखबारात में पढ़ते हैं कि खूद कुशी होती हैं। मेरे हल्का के अन्दर एक गांव है पंच-जटा, वहां को-ऐजुकेशन तो नहीं है वहां एक लड़की किसी टीचर के पास पढ़ती थी उसने खुदकशी कर ली। यह अभी पता नहीं के वह खुदकुशी का केस बनता है या कत्तल का केस बनता है । हम रोज़ाना यह चीज़ें अखबारात में पढ़ते रहते हैं। हम चीफ मिनिस्टर साहब के नोटिस में यह चीज़

[पण्डित चिरंजी लाल शर्मा]

लाए थे और उन्होंने मेरे कहने पर इन्क्वायरी का आर्डर किया। कितनी भयानक खबरें हम इस बारे में अखबारों में पढ़ते रहते हैं। जिन कालिजों में को-ऐजुकेशन है वहां रोज कोई न कोई ऐसा केस होता ही रहता है, कहीं कोई दरया में छलांग लगा देता है, कोई कुतब मीनार से छलांग लगा देता है, मुझे इस में कोई अक्ल की बात नज़र नहीं आती कि..

उपाध्यक्षा : आप इतने सयाने आदमी हैं। आप ही ज़रा बताएं कि यह चीजें जनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन में कैसे आती हैं। (The hon. Members is a seasoned parliamentarian; he should keep this thing in his mind that all these things are not relevant with the demand for general administration.)

पण्डित चिरंजी लाल शर्मा : मैं यह इस लिये अर्ज़ कर रहा हूँ कि क्योंकि हमारे चीफ मिनिस्टर साहब जिस तरह दूसरी बातें करके फिर स्टैप्स रीट्रेस करते हैं तो यह इस चीज़ में भी वैसा न करें। अगर इन्होंने ऐसा कर दिया तो इन्हें हर स्कूल के पास केसिज़ रजिस्टर करने के लिए एक पुलिस पोस्ट बनानी पड़ेगी क्योंकि वहां रोज़ कई झगड़े चलते रहेंगे। आजकल भी जहां स्कूल टीचर्ज़ मर्द और औरतें दोनों हैं वहां से शिकायतें आती रहती हैं। सोनीपत के अन्दर एक स्कूल है वहां की एक लेडी टीचर की रिपोर्ट आई जो उसने लोगों से दस्तखत करा कर भेजी जिसमें यह लिखा था कि वहां मास्टर उससे मज़ाक करते रहते हैं और उसकी रोटी उठा कर ले जाते हैं। इसलिये मौजूदा हालत में हमारे भारतवर्ष में क्या, हमारे पंजाब में भी अगर कोऐजुकेशन का सिस्टम जारी किया गया तो यह बड़ा गलत कदम होगा और यह नाकामयाब रहेगा और इसका असर पंजाब के बच्चों बच्चियों के केरैक्टर्ज़ पर बहुत बुरा पड़ेगा। इस बात का इस चीज़ के साथ कत्तई कोई ताल्लुक नहीं है कि अमरीका और रूस में इस बारे में क्या हुआ है। हम तो समझते हैं कि हमने अपने बच्चों को उन हालात के मुताबिक ढालना है जिन हालात में हम रहते हैं। जैसी हमारी आबोहवा है और जैसा यहाँ का वायुमण्डल है। हम अगर इसके साथ टकराने की कोशिश करेंगे तो पाश पाश हो जायेंगे।

इसके अलावा एक चीज़ की तरफ मैं सदन और सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूँ और वह है प्योर फूड इन्स्पैक्टर्ज़ जो हमारे पंजाब में लगे हुए हैं वह इसलिये लगाये गए हैं ताकि जो लोग फूड में एडलट्रेशन करते हैं उन्हें पकड़ें और उनका चालान करायें। मैं कह सकता हूँ कि उनको इतने ज्यादा इख्तयारात दिये हुए हैं जितने सैक्शन्ज 30 के मैजिस्ट्रेट को भी नहीं दिये होते। और वह एडल्ट्रेशन को रोकने की बजाये वह इसे एनकरेज करते हैं और उन को हर शहर के अन्दर और कस्बे के अन्दर दुकानदारों से माहवारी पैसे बन्धे हुए होते हैं।

5.00 p.m. शहरों में रोज़ दूध आता है मगर जब उन इन्स्पैक्टरों के रोज़ के आठ दस आने बन्धे हों तो वह उसकी देखभाल क्या करेंगे। वह लोग कस्बे में दाखिल होते हैं, जौहड़ का पानी मिलाते हैं, हमें दूध दे जाते हैं और उनको कोई नहीं पूछता। ऐसा

खालस दूध मिलता है। इस बुराई को रोकने के लिये मैं यह तजवीज़ रखता हूँ That Gazetted Officers of repute and integrity be appointed. यह इन्स्पैक्टर्ज होते कौन हैं। किसी म्युनिसिपैलिटी का कोई लोग्रर डिवीजन क्लर्क हुआ उसे ही प्योर फूड इन्स्पैक्टर बना दिया जाता है। न उनकी कोई क्वालीफिकेशन न उनको तजरुबा। उनके तो पैसे हर महीने बन्धे हुए हैं मगर इसका असर पड़ता है जनता की सेहत पर। मुझे उम्मीद है कि सरकार इस तरफ ध्यान देगी।

इसके आगे मैं जिक्र करना चाहता हूँ शौप इन्स्पैक्टरों का। इनके सम्बन्ध में जो शिकायत मेरे नोटिस में आई है वह मैं आपके नोटिस में लाना चाहता हूँ। यह लोग अपने इख्तयारात का नाजायज़ इस्तेमाल करते हैं। इन की भी माहवारी बन्धी रहती है। (विघ्न) मैं सब की बात नहीं करता मगर जो कुछ मैं कह रहा हूँ वह मेजारिटी के बारे में सही है। अगर कोई दुकानदार अपने इलाके के इन्स्पैकर को माहवारी नहीं देता तो अगर दुकान बन्द करने का वक्त ८ हो तो आठ बज कर तीन मिंट होते ही उसका चालान कर दिया जाता है और यह महज इसलिये कि उसकी बंधी महावारी नहीं देता। अगर देता है तो उसका चालान नहीं होगा। मैं सरकार से अपील करता हूँ कि अगर सरकार इस ऐक्ट को लोगों के भले में लागू करना चाहती है तो इस काम के लिये भी रिसपौंसीबल गजेटिड अफसर लगाये जायें। इन इन्स्पैक्टरों को ऐसे इख्तियार न दे जिन को यह नाजायज़ इस्तेमाल करते हैं।

यहां पर कोरप्शन का लफ्ज़ बार बार आता है। मैं भी इसका थोड़ा सा ज़िक्र करना चाहता हूँ। बिजली के महकमे से जिस ढंग से चीफ मिनिस्टर साहिब ने इस बुराई को खत्म किया है उसके लिये मैं इनको मुबारकबाद देता हूँ। होम मिनिस्टर साहिब को भी उन इकदाम के लिये मुबारक देता हूँ जो इन्होंने इस महकमे से कोरप्शन को मिटाने के लिये किये हैं। मेरी इत्तलाह के मुताबिक करीब 18,20 लाख रुपये का सामान जोकि स्टोर से चोरी गया था वह दिल्ली के कबाड़ी बाज़ार में बेचा गया। उसकी हमारे विजीलैंस के महकमे ने रिकवरी की है। यह बड़ा दलेराना कदम था जो कि चीफ मिनिस्टर साहिब ने उठाया। इसके लिये पंजाब के लोग इनके मशकूर हैं। (विघ्न) जो अच्छी बात सरकार करती है अगर मैं उसके लिये इनको मुबारकबाद न दूं, सिर्फ इस बिना पर कि मैं आपोजीशन में खड़ा हूँ तो यह मेरी इखलाकी कमजोरी होगी। इस महकमे में एक और चोरी होती है जिसकी तरफ मैं इन का ध्यान दिलाना चाहता हूँ। यह कहा जाता है कि पब्लिक को 220 वोल्टेज़ की बिजली सप्लाई की जाती है लेकिन अगर टैस्ट कर के देखा जाए तो पता चलेगा कि 160 या 180 वोल्टेज से ज़्यादा पर बिजली नहीं दी जाती। इससे लोगों का खर्च ज्यादा आता है। वह बल्व तो लगाते हैं दो सौ वाट का मगर उनको रौशनी मिलती है 50 वाट के बराबर के बल्व की। यहां जो वायरिंग की गई है यह भी ठीक नहीं है, डिफैक्टिव है। कहीं लोड ज़्यादा होता है और कहीं कम। जिन सनअती अदारों को 440 वोल्ट की बिजली दी जाती है उनको 360 या 380 वोल्टेज़ से ज़्यादा की बिजली नहीं मिलती। यह बात टैस्ट कर के देखी जा सकती है। लोगों का ज़्यादा

[पण्डित चिरंजी ल.ल शर्मा]
खर्च आता है। इन शिकायतों का अज़ाला करना हमारी सरकार का काम है। लोग ज्यादा खर्च बरदाश्त करते हैं मगर उनको उनके हक़ूक से महरूम किया जाता है। उम्मीद है सरकार इस तरफ ध्यान देगी।

उपाध्यक्षा : अब वाइंड अप करें। (Please wind up now.)

पंडिन चिरंजीलाल शर्मा : बहुत अच्छा जी। मैं कोरप्शन बारे बात कर रहा था। इसी सिलसिले में आपने अखबारों में पढ़ा होगा कि कशमीर सरकार ने एक ऐंटी-कोरप्शन कमेटी बनाई है। यहां पर भी हर महकमे के खिलाफ इल्जाम लगाये जाते हैं कि उनमें कोरप्शन है। अगर यहां पर इसी तरह से एक हाई लैवल ऐंटी-कोरप्शन कमेटी बिठा दें जिसमें कि इन्टैग्रिटी वाले चार-पांच पब्लिक मैन शामिल हों तो इसका बड़ा फायदा होगा। जैसे चीफ मिनिस्टर साहिब के नोटिस में बिजली के महकमे का केस आया तो वह सारी कोरप्शन पकड़ी गई। इसी तरह से अगर सारी स्टेट के लिये ऐसी ऐंटी-कोरप्शन कमेटी बना दी जाय तो इसका बड़ा अच्छा असर पड़ेगा। इस का एक तो यह असर पड़ेगा कि जो लोग खाह वह पब्लिक-मैन हों या दूसरे जो कोरप्शन करते हैं उन पर बड़ा डिमौरलाइजिंग असर पड़ेगा। उनको डर हो जायगा कि अगर कोई गड़ब ड़ की तो पकड़े जाएंगे। विजीलंस डिपार्टमेंट के डर के मारे ऐसे लोगों को नींद नहीं आती। ऐसी हाई लैवल ऐंटी-कोरप्शन कमेटी के बनाने से ऐसा वायुमण्डल पैदा हो सकता है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरे पास कुछ और प्वायंटस भी थे मगर अब चूंकि आपकी आज्ञा है कि मैं खत्म करूँ तो मैं इनका जिक्र अब नहीं करता फिर मौका मिला तो अर्ज करूंगा।

सरदार लछमन सिंह गिल : जनाब, उधर से पहले दो मैम्बर बोल चुके हैं। (विघ्न) मैं तो यह बात आपके नोटस में ला रहा हूँ।

Depty Speaker: I am sorty, I am not to be guided by the hon. Member,

श्री ज्ञान चन्द (शिमला) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, जैनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन और पुलिस की डिमांडज़ हाउस के सामने हैं। मैं आपकी मारफत हाउस का ध्यान कुछ एक बातों की तरफ दिलाना चाहता हूँ।

देश में हंगामी सूरते हाल पैदा हुई। देश में एक आवाज़ उठी कि यहां पर ज्यादा प्रोडक्शन होनी चाहिए। इसके साथ ही सब सूबों से यह आवाज़ सुनाई देने लगी कि फलां दफ्तर के लोगों ने, फलां अदारे के कर्मचारियों ने एक घंटा ज्यादा रोजाना काम करने का फैसला किया है। मैं पंजाब सरकार की इस बात के लिये सराहना करता हूँ कि उसने ऐमरजेंसी के आने से पहले ही दफ्तरों के काम के समय को बढ़ाया हुआ था। अभी पीछे एक टैक्सटाइल इंडस्ट्री की इन्क्वायरी हुई और इन्क्वायरी कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में यह लिखा कि हिन्दुस्तानी लेबर से यूरोपियन लेबर एक जैसे टाइम में काम करके 20 गुना ज्यादा आउटपुट देती है। तो हमारे यहां जो भाई वैलफेयर स्टेट का ज़िक्र करते हैं उनको यह समझ लेना चाहिए कि अगर प्रोडक्शन न हुई तो कहां से सोशलिस्ट पैटर्न आफ

सोसाइटी बनेगी और कहां से वैलफेयर स्टेट ? इसलिये हिन्दुस्तान में कपड़ा, अनाज, आदि चीज़ों की पैदावार बढ़नी चाहिए। और इसके लिये यह ज़रूरी है कि काम करने का पीरियड बढ़े और वह पीरियड हमारी पंजाब गवर्नमेंट ने बढ़ा कर हिन्दुस्तान की रहनुमाई की है। जहां तक सेहत के नुकतानज़र से देखने का सवाल है, मैं यह बताना चाहता हूँ कि फैक्ट्रीज़ में लोग 8 घंटे काम करते हैं और 15, 15 साल तक काम करने के बाद भी वे फिट रहते हैं तो दफ्तरों में भी यही बात लागू हो सकती है।

मैंने आबजर्व किया है कि दफ्तरों में 25 फीसदी लोग अपनी सीटों पर नहीं होते हैं, और 50 फीसदी गप्पें मारते रहते हैं, सिर्फ 25 फीसदी मुलाज़िम ऐसे हैं जो काम करते रहते हैं । यह मुझे पता है कि इनएफीशिएंसी बढ़ी है, और कागज़ों के पीछे जब तक आप साथ साथ न जाएं तब तक काम नहीं हो सकता । इसका एक सबब यह है कि दफ्तरों में काम कम है और लोग,ज्यादा हैं । इसलिये मैं समझता हूँ कि सरकार ने यह अच्छा काम किया है कि रिट्रेंचमेंट कर दी ।

अब मैं कुछ बातें पहाड़ी इलाकों में काम करने वाले सरकारी कर्मचारियों के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूँ। पिछले दिनों यानी पिछले सैशन में पंजाब गवर्नमेंट की तरफ से यह कहा गया था कि यह जो चंडीगढ़ आलाउंस या हिल अलाउंस है, वह उस वक्त तक खत्म नहीं किया जायेगा जब तक कि फेयर प्राइस शाप्स नहीं खोली जायेंगी । मैं पूछना चाहता हूँ कि आया फेयर प्राइस शाप्स खोल कर भी उनकी ज़रूरत पूरी हो जाती है। यह तो इकानोमिक्स है, देखने वाली बात है। जो रुपया इन दुकानों में इनवैस्ट किया गया है, जो मुलाज़िम उनमें काम करते हैं और दुकानों के लिये जो इमारतें ली गई हैं अगर इन सबको देखा जाए और इसका खर्च और आमदनी लगाई जाए तो क्या यह दुकानें इक्नामिकल हो सकती हैं ? और अगर यह फेयर प्राइस शाप्स खोल भी दी जायें तो इनका पहाड़ी इलाकों में क्या असर पड़ेगा ? अभी तक वहां पर कहीं भी कोई फेयर प्राइस शाप नहीं खोली गई हालांकि कर्मचारियों के अलाउंस पर कट लग गया। चंडीगढ़ की निस्बत पहाड़ी ईलाकों में सर्दी ज्यादा होती है, वर्षा ज्यादा होती है और वहां के लोगों का सूती या गर्म दोनों किस्म के कपड़ों पर ज्यादा खर्च आता है, लकड़ी कोयले पर भी ज्यादा खर्च आता है। एक और बात देखने वाली है कि पहाड़ी इलाकों में जो सामान जाता है, वह मैदानी इलाकों से ही जाता है इसलिये वह वहां जाते जाते मंहगा हो जाता है। इसी तरह किराये बस और रेल के यहां से दुगने हैं। साथ में पहाड़ों पर चंडीगढ़ की निस्बत, हस्पताल की, यूनिवर्सिटी या कालेज की या और छोटे छोटे स्कूलों की भी फैसिलिटीज़ एवेलेबल नहीं हैं। वहां के लोग सिर्फ 2, 2 हज़ार रुपये को तरसते रहते हैं कि अगर 2 हजार रुपया मिल जाये तो वे कहीं कोई स्कूल बना लें। जब ऐसी हालत है तो वहां के कर्मचारियों के अलाउंस की ओर इन सहूलियतों को देने की ओर सरकार का ध्यान जाना चाहिए । यह तो साफ ज़ाहिर है कि मैदानी इलाकों में ज्यादा रुपया खर्च किया जाता है जैसा कि विधान सभा के सदन को देख कर अन्दाज़ा लगाया जा सकता है ।

[श्री ज्ञान चन्द]

इसके बाद मैं बिजली की तरफ आता हूँ। इसका भी यही हाल है कि पहाड़ी इलाके को ज़रूरत के मुताबिक बिजली नहीं दी जाती जब कि विधान सभा में रात दिन बिजली जला करती है। और मैदानी इलाकों को इंडस्ट्रीज़ के लिये व और चीज़ों के लिए बराबर बिजली दी जाती है। इस तरह से इस फैसिलीटीज़ के मामले में पहाड़ी इलाके को पीछे रखना, और कट के मामले में एट पार ट्रीट करना यह अन्याय है। यह नहीं होना चाहिए ।

अभी एक भाई ने कहा था कि जिस अफसर को सज़ा देनी हो उसे महेन्द्रगढ़ भेज दिया जाता है। इसी तरह से पहाड़ी इलाके में भी ऐसे अफसर भेजे जाते हैं, साधारण तौर पर कोई वहां इन हालात की वजह से जाने के लिये तैयार नहीं होता । यह ठीक है कि पंजाब सरकार वहां के लिये ख्याल रखती है लेकिन अच्छे कर्मचारियों को वहां जाने के लिये ऐतराज़ होगा और गुरेज़ करते भी हैं। और अगर चले भी गये तो फिर वहां से आने की कोशिश करते हैं। तो जो फेयर प्राइस शाप के बारे में बात है वह मैं स्पष्ट रूप में कहना चाहता हूँ कि आप पहाड़ी इलाके में इन दुकानों को खोल कर भी वहां की कास्ट नीचे नहीं ला सकते । इसलिये, डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपकी मार्फत सरकार से दरखास्त करता हूँ कि वह इस तरफ गौर करे और पहाड़ी इलाकों में जो इस तरह की बेइनसाफी हुई है उसे दूर करे ।

पंजाब सरकार का मकसद पहाड़ी इलाके की तरक्की करना नहीं है। पुलिस एक्सपेंडीचर में पिछले साल 6.75 करोड़ और इस साल 9.32 करोड़ रूपये खर्च हो गए हैं, यह बड़ी खुशी की बात है, छोटे पुलिस कर्मचारियों की तनखाहें बढ़ा दी गई हैं, उनके अलाउंसज में भी इज़ाफा कर दिया गया है।

ऐमरजेंसी के कारण पहाड़ी इलाके की तरक्की की जो स्कीमें थीं वह कम कर दी गई हैं। मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूँ कि सरकार इन स्कीमों में कम कटौती लगाये जो पुलिस खर्च हुआ है वह भी मैदानी इलाकों में ही हुआ है जो ज्यादा तरक्की पसन्द इलाके कहे जाते हैं।

मैं सरकार का ध्यान भर्ती के सिलासले में दिलाना चाहता हूँ, हमारे पहाड़ी इलाके के लोगों को एम्पलायमेंट की एनकरेजमेंट नहीं दी जाती में मैं कहना चाहता हूँ कि मिडल स्कूल में भी पहाड़ी इलाके के लोगों को चपड़ासी की पोस्टस पर नहीं रखा जाता है। वहां पर भी लोकल आदमियों को सर्व करने का मौका नहीं दिया जाता । अगर किसी तरह से लोकल आदमी लग भी जायें तो उसको तंग किया जाता है। वहां पर ज्यादातर मैदानों के लोगों को ही प्रेफरेंस दी जाती है, इस बारे में मैं इतना कहना चाहता हूँ कि ऐसी भर्ती में कम से कम नीचे की पोस्टस पर पहाड़ी इलाके के लोगों को लगाना चाहिए ताकि वहां के लोग अपना रोजगार कमा सकें । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपका धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

उपाध्यक्षा : पेशतर इसके कि मैं किसी माननीय सदस्य को काल अपोन करूं,

मैं चाहती हूँ कि जो सदस्य गवर्नर साहिब के भाषण के विवाद में या बजट की डिस्कशन में भाग नहीं ले सके उनको समय मिलना चाहिए। इस बारे में मैं फरंट सीट्स पर बैठे हुए सदस्यों से परामर्श लेना चाहती हूँ कि उन सदस्यों को बोलने का समय दिया जाए या कि नहीं।
(Before I call upon the next hon. Member to speak, I would seek the co-operation of the House that only those hon. Members should be given time to speak who have not participated in the debate either on the Governor's Address or General Discussion of the Bodget. I would like to be guided by the hon. Members occupying the front benches whether they should be given time to speak or not.)

आवाज़ें : ठीक है जी ।

चौधरी रण सिंह (राठौर,) ऐस.सी) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज इस हाउस में जनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन ऐंड पुलिस की डीमांड पर बहस हो रही है। सरकार ने इस डीमांड पर 14 करोड़ रुपये से ज्यादा रकम मांगी है। इस हाउस में सरकार ने जो मांग रखी है वह बहुत जायज़ है क्योंकि सरकार ने पुलिस कर्मचारियों की तनखाहें बढ़ायी हैं। मैं समझता हूँ कि उनकी तनखाहें बढ़ानी बहुत ज़रूरी थीं। मैं समझता हूँ कि उनकी तनखाहें बढ़ाने से उनमें जो कुरप्शन है वह दूर हो जाएगी, हमारी सरकार ने पटवारियों की तनख्वाहें पिछले दो तीन साल पहले बढ़ायी थीं जिससे अब पटवारियों में रिश्वत लेने की प्रथा कम है। मैं समझता हूँ कि सरकार ने यह सराहनीय काम किया है, इससे दोनों महकमों में कुरप्शन दूर होगी, मैं पुलिस के बारे में इतना ज़रूर कहना चाहता हूँ कि विशेष तौर पर हमारे मौजूदा एस० पी० बहुत काबिल पुलिस अफसर हैं। करनाल ज़िले की यू० पी० स्टेट के साथ बाउंडरी लगती है, बहुत अर्से से मेरे हल्के के मवेशी यू० पी० के लोग चुरा कर ले जांते थे। कुछ बहुत पुराने केसिज़ अभी तक पैंडिंग पड़े थे, उनकी जांच पड़ताल हमारे जिले के एस० पी० ने की। उन्होंने गांव गांव में जाकर केसिज़ का पता लगाने के लिये कोशिश की है और वह कामयाब हुए, बहुत सी पुरानी चोरियां बरामद हो चुकी हैं।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं नाजायज़ शराब निकालने के बारे में यह अर्ज़ करना चाहता हूँ कि हमारे जिले में नाजायज़ शराब बहुत निकाली जाती है, मैं कहना चाहता हूँ कि पुलिस इस बारे में रोकथाम करने के लिये कोई कोशिश नहीं करती। मैं तो यह कहता हूँ कि पुलिस भी उन लोगों की ही मदद करती है जो नाजायज़ शराब निकालते हैं। कई जगहों पर पुलिस के कर्मचारी बड़े बड़े सफेदपोशों से मिले हुए होते हैं और उनकी नाजायज़ मदद करते हैं। विवाह तथा शादियों में ऐसे सफेदपोश काफी मात्रा में नाजायज़ शराब निकालते हैं। और उसका इस्तेमाल करते हैं। मैं अर्ज़ करना चाहता हूँ कि अगर पुलिस इसकी चैकिंग करती है और मौके पर कोई चलती हुई भट्ठी पकड़ लेती है तो भट्ठी चाहे किसी की भी हो उसमें रिश्वत लेकर किसी गरीब मजदूर या सीरी का चालान कर देती है। इस प्रकार से गरीब निर्दोष मजदूरों का चालान होता है। इस बारे में सरकार को उचित कदम उठाने चाहिए ।

[**चौधरी रण सिंह**]

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं एंटी-कुरप्शन के बारे में भी अर्ज करना चाहता हूँ। यह ठीक है कि एंटी-कुरप्शन विभाग ने कुरप्शन को बन्द करने के लिये काफी कुछ किया है परन्तु कई जगहों में ऐसे केसिज़ भी हुए हैं जहां पर एंटी-कुरप्शन के महकमा के कर्मचारी अपने कुछ दलाल रखते हैं। वह उससे मिले हुए हैं और उनकी मार्फत स्वयं कुरप्शन करते हैं।

उपाध्यक्षा : क्या माननीय सदस्य जिम्मेदारी से बात कर रहे हैं? (Is the hon. Member saying these things with full responsibility?)

चौधरी रण सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं जो कुछ कह रहा हूँ पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूँ। अगर आप सबूत चाहते हैं तो मैं दे सकता हूँ। मैं कहता हूँ कि एंटी-कुरप्शन के कर्मचारी दलालों से मिले हुए हैं और नाजायज़ ही किसी को पकड़ कर चालान कर देते हैं। मैं इस बारे में ज़ाती तजरुबा से कह सकता हूँ कि ज़िला करनाल में कई केसिज़ ऐसे हुए हैं। मैं सरकार के नोटिस में लाना चाहता हूँ कि इन केसिज़ की इन्क्वायरी कराई जाये। मैं कह सकता हूँ कि कई बार गलत केसिज होने पर भी कोर्ट में दे दिये जाते हैं।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं रिकवरी ओफ लोन्ज़ के बारे में यह कहना चाहता हूँ कि दस्तकारियों के लिये लोनज़ दिये जाते हैं। उन लोनज़ को दिये हुए मुद्दत हो जाती है परन्तु सरकार ठीक समय पर तो किश्तें वसूल करती नहीं, जब कई किश्तें इकट्ठी हो जाती हैं तब सरकार लोनीज़ पर डण्डा लेकर चढ़ जाती है। इस प्रकार से बहुत लोगों को फजूल तंग किया जाता है और फायदा की बजाये भारी नुक्सान और दिक्कतें होती हैं। सरकार को चाहिये कि टाईम पर लोगों को नोटिस इशू करे ताकि वह वाजिब किश्त या सालाना किश्त समयपर अदा कर सकें। मैं अर्ज़ करना चाहता हूँ कि लो-इन्कम-ग्रुप-हाउसिंग स्कीम के अधीन मकान बनाने के लिये भी सरकार 'लोन' देती है। इसलिये मैं कहना चाहता हूँ कि रिकवरी के लिये सरकार टाइम पर नोटिस जारी करे, लेकिन सरकार 4,5 सालों तक कोई नोटिस जारी नहीं करती। लोनीज़ के लिये यकमुश्त कई किश्तें देना कठिन हो जाती है और फिर उन्हें तंग किया जाता है। अगर सरकार वक्त पर नोटिस जारी करे तो लोग भी पैसे दे सकते हैं। अगर लोगों को दो चार किश्तें इकट्ठी देनी पड़ें तो लोगों को मुश्किल हो जाती है। वह किश्त चुकाने में तंग हो जाते हैं, मैं समझता हूँ कि सरकार इस विषय में शीघ्र ही कदम उठाए जिस से देहात की अनपढ़ जनता भी समय पर किश्तें दे सके।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैंने देखा है कि जब से यह सेशन चल रहा है, गवर्नर्ज़ एड्रेस पर भी और बजट की डिस्कशन पर भी कई बार हरिजनों का नाम लिया जाता है। हरिजनों के नाम को एक्सपलायट किया जाता है। जब पिछले सेशन में टेम्परेरी टेक्सेशन बिल की बहस हो रही थी तो मैंने आपोज़ीशन ग्रुप के हरिजन मैंबरों को देखा कि इस बिल के खिलाफ नारे लगाते हुए हाउस से वाक-आउट कर गये। इस अवसर पर मेरा सिर शर्म के

मारे झुका हुआ था । हरिजनों की बेहतरी के लिये टैक्स लगाया जा रहा था और हरिजन मैम्बर ही इसको अपोज़ कर रहे थे । (विघ्न)

Deputy Speaker: The hon. Member should speak on the General Administration. (*Interruptions*).

चौधरी रण सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, हरिजन वैलफेयर तो General Administration में शामिल है, मैं अर्ज़ कर रहा था कि हमारे हाउस के कई मुअज़िज़ मेम्बर साहिबान ने, मैं सबका नाम नहीं लेना चाहता, सरदार गुरनाम सिंह और दूसरे साथियों ने भी अपनी स्पीच में कहा कि सरकार की पालिसी कैसी अजीब है, यह सरकार जमींदारों की ज़मीन छीनना चाहती है । उनके पास ज़मीन नहीं रहने देना चाहती । क्या ज़मींदारों का हक नहीं कि अपनी ज़मीन को डिसपोज़ आफ़ करें । जब भी हरिजन वैलफेयर की बात आती है तो हरिजनों के नाम को एक्सपलायट किया जाता है कि हरिजनों की बहबूदी के लिये कुछ नहीं किया जा रहा (विघ्न) ।

मैं अर्ज़ करना चाहता हूँ कि हरिजनों के मसले अजीब हैं । उनकी तरफ सरकार ने पूरी तरह ध्यान नहीं दिया है । इसमें शक नहीं है कि आज़ादी मिलने के बाद देश के हर व्यक्ति ने, हर परिवार ने तरक्की की है । मैं मानता हूँ कि किसी हद तक हरिजनों ने भी तरक्की की है । परन्तु जितनी तरक्की उनको डैमोक्रेसी में करनी चाहिए थी उतनी तरक्की उन्होंने नहीं की है । सरकार ने उनकी तरक्की के लिये कई स्कीमें बनाई हैं । ज़मीन खरीद कर दी है । मकान बनाने के लिये और ज़मीन खरीदने के लिये रुपया दिया है । कानूनी सहायता की स्कीम भी बनाई है । मगर इन सब स्कीमों में खामियां हैं । मिसाल के तौर पर मैं अर्ज़ करना चाहता हूँ कि ज़िला करनाल में हरिजनों को 5,7 कौलोनीज़ में सरकार ने ज़मीन खरीद कर दी है । लोग पुराने घरों को छोड़ कर नई जगह पर आकर आबाद हुए हैं । लेकिन वहां भी उनकी हालत बुरी है, वे खुश नहीं हैं । करनाल में जलालां वीरां एक गांव है । वहां पर जो ज़मीन खरीदी गई है वह कल्लर है । इसी तरह से गोंदर गांव में ज़मीन खरीदी है वह तो ज़मींदारों के पास पहले ही सरपलस जमीन थी और वह वैसे ही गरीब लोगों को मिल जानी थी । अब वहां हालत यह है कि सेल डीड में तो यह लिखा है कि बैनीफिशियरीज़ को उस ज़मीन के हिस्से का पानी भी मिलेगा लेकिन मिलता नहीं है । पानी न मिलने के कारण हर साल हरिजनों की फसलें सूख जाती हैं । अगर वे पानी लेने की कोशिश करते हैं तो उनके साथ ज्यादती होती है । तगड़े जमींदार उन को तंग करते हैं । मरने मारने की नौबत आती है और वे रोते आते हैं । इसी प्रकार रावण हेडा और भोगपुर दो कौलोनीज़ हैं । वहां पर जमीन बेचने वाले ज़मींदार को कुछ रुपया मिल चुका है और कुछ मिलना बाकी है । डीड के मुताबिक तो बैनीफिशियरीज़ को ज़मीन को काश्त करने का हक होता है और मालिक उनसे बाकी रकम पर ब्याज ले सकता है । परन्तु असलीयत है कि मालिक ज़मीन को खुद काश्त कर रहे हैं और हरिजनों को पास भी फटकने नहीं देते । यह स्कीम फेल हो चुकी है ।

कानूनी सहायता के बारे में मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूँ कि हर एक ज़िले में हरिजन वकील हैं । सरकार को बाकायदा तौर पर उनको लगा देना चाहिए ।

[चौधरी रण सिंह]

इस स्कीम के मुताबिक अगर किसी हरिजन का केस किसी कोर्ट में चलता है तो वह सहायता उनको केस में मिल जानी चाहिए ताकि वह खुद वकील को अदा कर सके। पिछले दिनों एक सवाल के जवाब में चीफ मिनिस्टर साहिब ने कहा था कि मुझे मालूम नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला दिया है कि हरिजनों को तरक्कियों में कुछ रिज़र्वेशन मिलनी चाहिए। शायद इन को यह बात याद नहीं रही यह उनके नोटिस में नहीं आई कि सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला किया हुआ है कि तरक्कियों में भी हरिजनों को रिजर्वेशन मिलनी चाहिए। मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूँ कि इस बारे में सुप्रीम कोर्ट का फैसला है कि हरिजनों के लिये सर्विसिज़ में प्रोमोशन के समय भी रैजरवेशन होनी चाहिए। केन्द्रीय सरकार ने उस फैसले के मुताबिक आर्डर्ज़ भी पास किए हैं। मैं पंजाब सरकार से निवेदन करता हूँ कि उस फैसला को जल्दी लागू करे।

Deputy Speaker : Please wind up.

चौधरी रण सिंह : एक बात नैशनल ऐमरजेंसी के बारे में कह कर मैं बैठ जाऊंगा। मेरे अपने तजरुबे की बात है कि हरिजनों में जोश है वे भरती होकर देश की खातिर जान देने को तैयार हैं। वे देश सेवा करने के लिये मरने मिटने को तैयार हैं। लेकिन वे भरती नहीं हो सकते उनको भरती होने का मौका ही नहीं मिलता (विघ्न)। वे बेचारे वापस आ जाते हैं। इन शब्दों के साथ मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूँ कि आपने मुझे समय दिया।

ਸਰਦਾਰ ਮਖਣ ਸਿੰਘ (ਡੇਰਾ ਬਾਬਾ ਨਾਨਕ) : ਮੈਂ ਤੁਹਾਡੇ ਰਾਹੀਂ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਇਕ ਦੋ ਗੱਲਾਂ ਕਹਿਣੀਆਂ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ (ਵਿਘਨ) ਠੀਕ ਹੈ ਜੀ ਮੈਨੂੰ ਪਹਿਲੀ ਵਾਰ ਬੋਲਣ ਦਾ ਮੌਕਾ ਮਿਲਿਆ ਹੈ ਜੇ ਪੰਜ ਸਤ ਮਿੰਟ ਵਧ ਵੀ ਲੱਗ ਜਾਣ ਤਾਂ ਮੈਨੂੰ ਮੁਆਫ ਹੀ ਕਰੋਗੇ। ਮੈਂ ਇਹ ਗੱਲ ਏਥੇ ਕਹੇ ਬਗੈਰ ਨਹੀਂ ਰਹਿ ਸਕਦਾ ਕਿ ਅੱਜ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਹਰ ਇੰਪਲਾਈ, ਚਾਹੇ ਉਹ ਮਾੜਾ ਹੈ ਚਾਹੇ ਤਕੜਾ ਹੈ, ਡੀਮਾਰੇਲਾਈਜ਼ ਹੋ ਚੁਕਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਉਸ ਦਾ ਹੌਸਲਾ ਦਿਨੋ ਦਿਨ ਘਟਦਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਅੱਜ ਐਡਮਿਨਿਸਟਰੇਸ਼ਨ ਦਾ ਇਹ ਹਾਲ ਹੈ ਕਿ ਜੇ ਦਰਖਾਸਤ ਕਿਸੇ ਡੀ. ਸੀ. ਦੇ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਪਟਵਾਰੀ ਤੱਕ ਉਹ ਨੂੰ ਅਫਸਰਾਂ ਦੀਆਂ ਮਿੰਨਤਾਂ ਕਰਨੀਆਂ ਪੈਂਦੀਆਂ ਹਨ। ਪਹਿਲਾਂ ਮਾਲ ਅਫਸਰ ਦੀਆਂ ਮਿੰਨਤਾ ਕਰਦਾ ਹੈ, ਫੇਰ ਪਟਵਾਰੀ ਤੱਕ ਨੂੰ ਮੱਥੇ ਟੇਕਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਫੇਰ ਪਟਵਾਰੀ ਦੀਆਂ ਮਿੰਨਤਾਂ ਕਰਦਾ ਹੈ। ਚਾਹੀਦਾ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਉਸ ਨੂੰ ਡੀ. ਸੀ. ਤੋਂ ਸਿੱਧਾ ਜਵਾਬ ਮਿਲੇ। ਇਨ੍ਹਾਂ 14/15 ਸਾਲਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਸਾਨੂੰ ਆਪਣਾ ਕੈਰੈਕਟਰ ਬਿਲਡ-ਅਪ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਸੀ ਔਰ ਸਾਡੇ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਇਹ ਵਿਸ਼ਵਾਸ਼ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਸੀ ਕਿ ਅੰਗਰੇਜ਼ ਦੇ ਰਾਜ ਦੇ ਵਿਚ ਜਿਹੜੇ ਦੁੱਖ ਮਿਲਦੇ ਹੁੰਦੇ ਸਨ ਉਹ ਹੁਣ ਨਹੀਂ ਮਿਲਣਗੇ। ਲੇਕਿਨ ਅਸੀਂ ਦੇਖ ਰਹੇ ਹਾਂ ਕਿ ਤਕਲੀਫਾਂ ਹਟਣੀਆਂ ਤਾਂ ਇਕ ਪਾਸੇ ਰਹੀਆਂ ਸਗੋਂ ਪਹਿਲੇ ਨਾਲੋਂ ਕਈ ਗੁਣਾਂ ਵਧ ਗਈਆਂ ਹਨ। ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਕੁਰਪਸ਼ਨ ਦਾ ਤਆਲੁਕ ਹੈ ਉਹ ਤਾਂ ਪਹਿਲੇ ਨਾਲੋਂ ਸੌ ਗੁਣਾਂ ਵਧੀ ਹੋਵੇਗੀ। ਮੈਂ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਹਾਊਸ ਦੇ ਵਿਚ ਦੂਸ਼ਣ ਲਾਉਣ ਲਈ ਇਹ ਗੱਲਾਂ ਨਹੀਂ ਕਹਿ ਰਿਹਾ ਬਲਕਿ ਮੈਂ ਇਸ ਕਰਕੇ ਕਹਿ ਰਿਹਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕੁਝ ਇਲਾਜ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਇਨਸਾਫ ਦੇਣ ਦੇ ਢੰਗ ਸੋਚੇ ਜਾਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਜਨਰਲ

ਐਡਮਨਿਸਟਰੇਸ਼ਨ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਜਿਹੜੀ ਜੁਡੀਸ਼ਰੀ ਹੈ ਉਸਦਾ ਹਾਲ ਵੀ ਏਥੇ ਮਾੜਾ ਹੁੰਦਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਜਨਤਾ ਨੂੰ ਹਰ ਵਕਤ ਇਹ ਡਰ ਰਹਿੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਆਇਆ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮੈਜਿਸਟਰੇਟਸ ਦੇ ਕੋਲੋਂ ਇਨਸਾਫ ਵੀ ਮਿਲ ਸਕੇਗਾ ਜਾਂ ਨਹੀਂ। ਇਸ ਦਾ ਕਾਰਣ ਸਾਰੇ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਜਾਣਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਜੁਡੀਸ਼ਰੀ ਨੂੰ ਐਗਜ਼ੈਕਟਿਵ ਦੇ ਨਾਲੋਂ ਅਲਹਿਦਾ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਕਚਹਿਰੀਆਂ ਦੇ ਵਿਚ ਇਹ ਹਾਲਤ ਹੈ ਕਿ ਜੇ ਕਿਸੇ ਦੇ 107/151 ਦੇ ਚਾਲਾਨ ਵੀ ਹੋਣ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮੈਜਿਸਟਰੇਟ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਪੰਜ ਸੌ ਰੁਪਏ ਦੇ ਬਾਂਡਜ਼ ਖਰੀਦੋ ਤਾਂ ਤੁਹਾਡੀ ਜ਼ਮਾਨਤ ਹੋਵੇਗੀ। ਜਿਹੜੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਸਾਨੂੰ ਰਾਈਟ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਮਿਲਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਵੀ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਫਲਾਣੇ ਫਲਾਣੇ ਟੈਕਸ ਦਿਉ ਤਾਂ ਤੁਹਾਡਾ ਕੰਮ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ। ਮੈਂ ਇਹ ਦੱਸ ਰਿਹਾ ਹਾਂ ਕਿ ਥਾਂ ਥਾਂ ਰਿਸ਼ਵਤਾਂ ਦੇ ਕੇ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਕੰਮ ਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਜੇ ਰਿਸ਼ਵਤ ਨਾਂ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ: ਸਰਦਾਰ ਮਖਣ ਸਿੰਘ ਜੀ, ਅਗਰ ਕੋਈ ਸਪੈਸਿਫਿਕ ਕੇਸ ਹੈ ਤਾਂ ਦਸੋ। (The hon. Member should bring to the notice of the Minister some specific case.)

ਸਰਦਾਰ ਮਖਣ ਸਿੰਘ: ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਆਪ ਰਜਿਸਟਰੀ ਕਰਵਾਉਣ ਗਿਆ। ਮੈਨੂੰ ਰਜਿਸਟਰਾਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਪੰਜ ਸੌ ਰੁਪਏ ਦੇ ਬਾਂਡਜ਼ ਖਰੀਦੋ ਤਾਂ ਰਜਿਸਟਰੀ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਨਾਮ ਵੀ ਦੱਸ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਅਤੇ ਡੀਟੇਲਜ਼ ਵੀ ਦੱਸ ਸਕਦਾ ਹਾਂ। ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਚਿਰ ਤਕ ਜੁਡੀਸ਼ਰੀ ਨੂੰ ਐਗਜ਼ੈਕਟਿਵ ਤੋਂ ਵੱਖ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਉਤਨਾਂ ਚਿਰ ਤਕ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਦਿਲਾਂ ਵਿਚ ਵਿਸ਼ਵਾਸ਼ ਪੈਦਾ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦਾ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਨਸਾਫ ਮਿਲੇਗਾ। ਜੇ ਅਸੀਂ ਪੰਜਾਬ ਨੂੰ ਉੱਚਾ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ, ਜੇ ਅਸੀਂ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਏਥੇ ਹਰ ਗ਼ਰੀਬ ਆਦਮੀ ਨੂੰ ਇਨਸਾਫ ਮਿਲੇ ਤਾਂ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਜੁਡੀਸ਼ਰੀ ਨੂੰ ਇੰਡੀਪੈਂਡੈਂਟ ਬਣਾਓ। ਸੁਪਰੀਮ ਕੋਰਟ ਦੇ ਚੀਫ਼ ਜਸਟਸ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਮੋਗੇ ਦੇ ਵਿਚ ਲੈਕਚਰ ਦਿੱਤਾ ਸੀ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕਹਿਣ ਦੇ ਮੁਤਾਬਿਕ ਵੀ ਜਿੰਨਾਂ ਚਿਰ ਤਕ ਅਸੀਂ ਜੁਡੀਸ਼ਰੀ ਨੂੰ ਐਗਜ਼ੈਕਟਿਵ ਤੋਂ ਜੁਦਾ ਨਹੀਂ ਕਰਦੇ ਉਤਨਾਂ ਚਿਰ ਤਕ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਦਿਲਾਂ ਵਿਚ ਕਨਫੀਡੈਂਨਸ ਨਹੀਂ ਪੈਦਾ ਹੋ ਸਕਦਾ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਪੂਰਾ ਜਸਟਿਸ ਮਿਲੇਗਾ। ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਇਸ ਪਾਸੇ ਵਲ ਧਿਆਨ ਦੇਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ।

ਹੁਣ ਮੈਂ ਇਸ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪੁਲੀਸ ਦੇ ਬਾਰੇ ਕੁਝ ਗੱਲਾਂ ਕਹਿਣੀਆਂ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਪੁਲਿਸ ਦਾ ਰਵਈਆ ਅੰਗਰੇਜ਼ਾਂ ਦੇ ਜ਼ਮਾਨੇ ਨਾਲੋਂ ਵੀ ਮਾੜਾ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ। ਅੰਗਰੇਜ਼ਾਂ ਦੇ ਜ਼ਮਾਨੇ ਵਿਚ ਤਾਂ ਕੋਈ ਘਿਉ ਵਗੈਰਾ ਲੈ ਕੇ ਕੰਮ ਕਰ ਦਿੰਦਾ ਸੀ ਲੇਕਿਨ ਇਹ ਪੈਸੇ ਲਏ ਤੋਂ ਬਿਨਾਂ ਕਿਸੇ ਦੀ ਗੱਲ ਨਹੀਂ ਸੁਣਦੇ। ਅਸੀਂ ਰੋਜ਼ ਐਸ: ਪੀ: ਔਰ ਡੀ: ਐਸ. ਪੀ. ਦੇ ਨੋਟਿਸ ਵਿਚ ਇਸ ਕਿਸਮ ਦੇ ਕੇਸਜ਼ ਲਿਆਉਂਦੇ ਹਾਂ ਲੇਕਿਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਕੋਈ ਐਕਸ਼ਨ ਨਹੀਂ ਲਿਆ ਜਾਂਦਾ। ਸਾਡੇ ਡੇਰਾ ਬਾਬਾ ਨਾਨਕ ਦੇ ਵਿਚ ਇਕ ਐਸ. ਐਚ. ਓ. ਸਾਹਿਬ ਹਨ ਜਿਸ ਦੇ ਖਿਲਾਫ 29 ਕੇਸ ਵਿਜੀਲੈਂਸ ਡਿਪਾਰਟਮੈਂਟ ਵਲੋਂ ਚਲ ਰਹੇ ਹਨ। ਉਹ ਏ. ਐਸ. ਆਈ. ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਉਸ ਨੂੰ ਡੇਰਾ ਬਾਬਾ ਨਾਨਕ ਐਸ ਐਚ. ਓ. ਲਗਾਇਆ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਗੁਰਦਾਸਪੁਰ ਜ਼ਿਲੇ ਵਿਚ ਵੀ 15/20 ਕੇਸਜ਼ ਉਸ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਚਲ ਰਹੇ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਪੜਤਾਲ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ। ਉਥੇ ਦਫਾ **25** ਦੇ ਮੁਲਜ਼ਮਾਂ ਨੂੰ ਗਰਿਫ਼ਤਾਰ ਕਰਨਾ ਸੀ। ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਧੱਕਾ ਹੋਇਆ ਸੀ

[ਸਰਦਾਰ ਮਖਣ ਸਿੰਘ]

ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਪਰਚਾ ਲਿਆ ਕੇ ਐਸ. ਐਚ. ਓ. ਸਾਹਿਬ ਦੇ ਮੁਨਸ਼ੀ ਨੂੰ ਦਿੱਤਾ ਲੇਕਿਨ ਇਸ ਐਸ. ਐਚ. ਓ. ਨੇ 300 ਰੁਪਿਆ ਮੁਲਜ਼ਮਾਂ ਦੇ ਕੋਲੋਂ ਲੈ ਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਛਡ ਦਿੱਤਾ। ਡੀ ਐਸ. ਪੀ. ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਦੀ ਪੜਤਾਲ ਕੀਤੀ ਹੈ ਔਰ ਇਹ ਸਾਬਤ ਹੋ ਚੁਕਾ ਹੈ ਕਿ ਉਸ ਨੇ ਤਿੰਨ ਸੌ ਰੁਪਿਆ ਰਿਸ਼ਵਤ ਵਜੋਂ ਲਿਆ ਹੈ। ਲੇਕਿਨ ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਅਜ ਤਕ ਉਸ ਦੇ ਖਿਲਾਫ਼ ਕੋਈ ਐਕਸ਼ਨ ਨਹੀਂ ਲਿਆ ਗਿਆ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਤੁਹਾਨੂੰ ਹੋਰ ਵੀ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਕੇਸਿਜ਼ ਮਿਲ ਸਕਦੇ ਹਨ ਜਿਥੇ ਕਿ ਇਸ ਕਿਸਮ ਦੇ ਕੁਰਪਟ ਅਫਸਰ ਨੂੰ ਪਰੋਟੈਕਸ਼ਨ ਦਿਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਜਿਹੜੇ ਪਾਰਟੀ-ਇਨ-ਪਾਵਰ ਦੇ ਬੰਦੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲੋਂ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਕੰਮ ਕਰਵਾਉਂਦੇ ਹਨ ਉਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਪਰੋਟੈਕਸ਼ਨ ਦੇ ਕੇ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਬੇਇਨਸਾਫੀਆਂ ਕਰਵਾਉਂਦੇ ਹਨ। ਅਜ ਹਾਲਤ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਕਿਸੇ ਦਾ ਕੋਈ ਕੇਸ ਹੋ ਜਾਵੇ ਮੁਲਜ਼ਿਮ ਵੀ ਤੇ ਮੁਦਈ ਵੀ ਦੋਵੇਂ ਸਫ਼ਾਰਸ਼ਾਂ ਵਲ ਭਜਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਦਾ ਕਾਰਣ ਕੀ ਹੈ, ਸਾਡੇ ਮਨਾਂ ਵਿਚ ਇਹ ਗੱਲ ਕਿਉਂ ਵੜ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਸਫਾਰਿਸ਼ ਤੋਂ ਬਗੈਰ ਕੋਈ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਚਲ ਸਕਦਾ। ਇਸ ਦਾ ਕਾਰਣ ਸਾਫ਼ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਅਗੇ ਨਾਲੋਂ ਜਨਰਲ ਹਾਲਤ ਮਾੜੀ ਹੋਈ ਹੈ। ਮੈਨੂੰ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਹੋਮ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਜਾਂ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਦੇ ਨੋਟਿਸ ਵਿਚ ਇਹ ਗੱਲਾਂ ਆਉਂਦੀਆਂ ਹਨ ਕਿ ਨਹੀਂ ਲੇਕਿਨ ਅਸੀਂ ਤਾਂ ਹਰ ਰੋਜ਼ ਇਹ ਵੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਹਰ ਆਦਮੀ ਜਾਂ ਤਾਂ ਉਹ ਸਫਾਰਿਸ਼ ਦੇ ਮਗਰ ਨਸਦਾ ਹੈ ਜਾਂ ਰਿਸ਼ਵਤ ਦੇ ਕੇ ਕੰਮ ਕਰਵਾਉਂਦਾ ਹੈ। ਆਜ਼ਾਦ ਦੇਸ਼ ਦੇ ਵਿਚ ਇਹ ਗੱਲਾਂ ਨਹੀਂ ਹੋਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ। ਜਦੋਂ ਅਸੀਂ ਆਜ਼ਾਦ ਹਾਂ ਤਾਂ ਸਾਡਾ ਕਰੈਕਟਰ ਉਚਾ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਔਰ ਸਾਡੇ ਵਿਚ ਝੂਠੇ ਨੂੰ ਝੂਠਾ ਅਤੇ ਸੱਚੇ ਨੂੰ ਸੱਚਾ ਕਹਿਣ ਦੀ ਤਾਕਤ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਸਾਨੂੰ ਸੱਤੇ ਆਦਮੀ ਨੂੰ ਇਨਸਾਫ ਦੇਣ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਸਾਡੇ ਵਿਚ ਇਹ ਗੱਲ ਕਿਉਂ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੀ।

ਇਸ ਤੋਂ ਬਾਅਦ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਡੀਵੈਲਪਮੈਂਟ ਦੇ ਮਹਿਕਮੇ ਬਾਰੇ ਕੁਝ ਗੱਲਾਂ ਕਰਨੀਆਂ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਦੇ ਵਿਚ ਬੀ. ਡੀ. ਓ. ਐਸੇ ਭਰਤੀ ਕੀਤੇ ਹੋਏ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਪਤਾ ਹੀ ਨਹੀਂ ਕਿ ਅਸੀਂ ਕੀ ਕੰਮ ਕਰਨਾ ਹੈ। ਉਹ ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਰਲ ਕੇ ਨਹੀਂ ਕੰਮ ਕਰ ਸਕਦੇ। ਸਬ ਰਜਿਸਟਰਾਰਜ਼ ਦੀ ਵੀ ਇਹੋ ਹਾਲਤ ਹੈ। ਉਹ ਬਿਲਕੁਲ ਅਨਫਿਟ ਆਦਮੀ ਹਨ ਔਰ ਉਹ ਆਪਣੇ ਅਖਤਿਆਰਾਤ ਦੀ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਵਰਤੋਂ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਮੈਂ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਜੇ ਤੁਸੀਂ ਐਡਮਿਨਿਸਟਰੇਸ਼ਨ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਚਲਾਉਣੀ ਹੈ ਤਾਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਪੋਸਟਸ ਤੇ ਚੰਗੇ ਤੇ ਸਿਆਣੇ ਆਦਮੀ ਨਿਯੁਕਤ ਕਰਨੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ ਤਾਕਿ ਸਾਡੇ ਕੰਮ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਚਲ ਸਕਣ ਔਰ ਉਹ ਪੈਸੇ ਜਿਹੜੇ ਅਸੀਂ ਲੋਕਾਂ ਤੋਂ tax ਲਾ ਕੇ ਵਸੂਲ ਕਰਦੇ ਹਾਂ ਉਹ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਨਾ ਵਰਤੇ ਜਾਣ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਸਹੀ ਵਰਤੋਂ ਹੋਵੇ।

ਪਿਛੇ ਜੋ ਸਪਲੀਮੈਂਟਰੀ ਬਜਟ ਪਾਸ ਹੋਇਆ ਹੈ ਉਸ ਬਾਰੇ ਵੀ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਸ਼ੂਗਰ ਮਿਲਾਂ ਦੇ ਲਖਪਤੀ ਮਾਲਕਾਂ ਨੂੰ 29 ਲਖ ਰੁਪਿਆ ਦਾਨ ਦੇ ਦਿਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਉਹ ਸਿਰਫ ਇਸ ਕਰਕੇ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਵਾਇਦਾ ਕੀਤਾ ਸੀ ਕਿ ਅਸੀਂ ਤੁਹਾਡਾ ਟੈਕਸ ਮੁਆਫ ਕਰ ਦੇਵਾਂਗੇ। ਇਕ ਪਾਸੇ ਤਾਂ ਗਰੀਬ ਲੋਕਾਂ, ਕਿਸਾਨਾਂ ਦਾ ਇਹ ਖੂਨ ਚੂਸ ਰਹੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਕਪਾਹ, ਗੰਨਾ, ਮਿਰਚਾਂ ਤੇ ਟੈਕਸ ਲਾ ਦਿਤਾ ਹੈ ਪਰ ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਮਿਲਾਂ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਲਖਾਂ ਰੁਪਏ ਦੇ ਦਿਤੇ ਹਨ। ਇਕ ਪਾਸੇ ਤਾਂ ਕਿਸਾਨਾਂ ਨੂੰ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ

ਤੁਸੀਂ ਕਪਾਹ ਗੰਨੇ ਦੀ ਪੈਦਾਵਾਰ ਵਧਾਉ ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਫਸਲਾਂ ਤੇ ਟੈਕਸ ਲਾ ਦਿਤੇ ਹਨ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪੈਦਾਵਾਰ ਨਹੀਂ ਵਧ ਸਕੇਗੀ। ਮੈਂ ਇਹ ਦਾਹਵੇ ਨਾਲ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇਕਰ ਤੁਸੀਂ ਗੰਨਾ ਪੈਦਾ ਕਰਨ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਰਿਆਇਤਾਂ ਨਾ ਦਿਉਗੇ ਤਾਂ ਤੁਸੀਂ ਬੇਸ਼ਕ ਇਨ੍ਹਾਂ ਮਾਲਕਾਂ ਨੂੰ ਲਖਾਂ ਰੁਪਏ ਦੇ ਦਿਉ ਇਹ ਸ਼ੂਗਰ ਮਿਲਾਂ ਕਾਮਯਾਬੀ ਹਾਸਲ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਣਗੀਆਂ (ਘੰਟੀ) ਬਜਾਏ ਇਸਦੇ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਰਿਆਇਤਾਂ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਣ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਫਸਲਾਂ ਲਈ ਖਾਦ ਦਾ ਪਰਬੰਧ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਫਸਲਾਂ ਨੂੰ ਬੀਮਾਰੀਆਂ ਤੋਂ ਬਚਾਇਆ ਜਾਵੇ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਪਰੇ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਜਿਸਦੇ ਪੈਸੇ ਬੇਸ਼ਕ ਬਾਅਦ ਵਿਚ ਮੁਆਮਲੇ ਨਾਲ ਲੈ ਲਏ ਜਾਣ, ਇਹ ਸਰਕਾਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਉਪਰ ਟੈਕਸਾਂ ਦਾ ਭਾਰ ਪਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪੈਦਾਵਾਰ ਵਧੇਗੀ ਨਹੀਂ ਸਗੋਂ ਇਹ ਘਟ ਜਾਵੇਗੀ। ਹੁਣ ਮੈਂ ਇਕ ਦੋ ਗੱਲਾਂ ਆਪਣੇ ਅਲਾਕੇ ਬਾਰੇ ਵੀ ਕਰਨੀਆਂ ਹਨ। ਉਹ ਬਾਰਡਰ ਦਾ ਏਰੀਆ ਹੈ ਤੇ ਪਾਕਿਸਤਾਨ ਨਾਲ ਲਗਦਾ ਹੈ। ਉਥੇ 15 ਸਾਲ ਪਹਿਲਾਂ ਜ਼ਮੀਂਦਾਰ ਸੌਖੇ ਸਨ ਲੇਕਿਨ ਹੁਣ ਸੂਰ ਤੇ ਗਿੱਦੜ ਜ਼ਮੀਂਦਾਰ ਨੂੰ ਜੀਉਣ ਨਹੀਂ ਦਿੰਦੇ ਹਨ। ਮੈਂ ਪਿਛਲੇ ਸੈਸ਼ਨ ਵਿਚ ਵੀ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਉਥੇ ਲੋਕਾਂ ਦੀਆਂ ਫਸਲਾਂ ਸੂਰਾਂ ਤੇ ਗਿੱਦੜਾਂ ਨੇ ਤਬਾਹ ਕਰ ਦਿਤੀਆਂ ਹਨ। ਜੇ ਜ਼ਮੀਂਦਾਰ ਇਕ ਕਿੱਲਾ ਗੰਨਾ ਕਾਸ਼ਤ ਕਰਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸਨੂੰ ਸਾਰਾ ਸਾਲ ਉਸ ਕਮਾਦ ਵਿਚ ਮੰਜੀ ਡਾਹ ਕੇ ਬੈਠਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਉਹ ਨਾ ਆਪਣੇ ਘਰ ਦੀ ਰਾਖੀ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ, ਨਾ ਡੰਗਰ ਪਸ਼ੂ ਵੇਖ ਸਕਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਨਾ ਹੋਰ ਕੋਈ ਕੰਮ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਸੂਰਾਂ ਤੇ ਗਿੱਦੜਾਂ ਦੀ ਵਜਹ ਕਰਕੇ ਉਸਨੂੰ ਸਾਰੀ ਸਾਰੀ ਰਾਤ ਜਾਗਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਹਰ ਮੀਟਿੰਗ ਵਿਚ ਇਸਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਅਤੇ ਜ਼ਿਲੇ ਦੀ ਹਰ ਕਮੇਟੀ ਦੀ ਮੀਟਿੰਗ ਵਿਚ ਇਸ ਗੱਲ ਨੂੰ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਪਰ ਅਜੇ ਤਕ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਦਾ ਕੋਈ ਇਲਾਜ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਇਸਦਾ ਜ਼ਰੂਰ ਕੋਈ ਬੰਦੋਬਸਤ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਜ਼ਮੀਂਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਬਚਾਇਆ ਜਾਵੇ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਸ਼ਬਦਾਂ ਨਾਲ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਤੁਹਾਡਾ ਧੰਨਵਾਦ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਅਤੇ ਆਸ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਅਗੇ ਨੂੰ ਵੀ ਮੈਨੂੰ ਵਕਤ ਦਿਉਗੇ।

ਸ੍ਰੀ ਦੀਨਾ ਨਾਥ ਅਗਰਵਾਲ (ਲੁਧਿਆਣਾ ਸ਼ਹਿਰ): ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਕਿਸੇ ਸੂਬੇ ਦੀ ਐਡਮਨਿਸਟਰੇਸ਼ਨ ਦੀ ਐਫੀਸ਼ੈਨਸ਼ੀ ਦਾ ਪਤਾ ਤਾਂ ਲਗਦਾ ਹੈ ਜੇਕਰ ਉਸ ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਬਾਕੀ ਦੇ ਸੂਬਿਆਂ ਨਾਲ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ। ਜੇਕਰ ਆਪਣੇ ਸੂਬੇ ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕਰਾਈਮ ਦੇ ਲਿਹਾਜ਼ ਨਾਲ ਤੇ ਕੁਰਪਸ਼ਨ ਦੇ ਲਿਹਾਜ਼ ਨਾਲ ਦੂਜੇ ਸੂਬਿਆਂ ਨਾਲ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਪਵੇਗਾ ਕਿ ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਦੀ ਹਾਲਤ ਬਾਕੀ ਸੂਬਿਆਂ ਨਾਲੋਂ ਬਹੁਤ ਬਿਹਤਰ ਹੈ। ਬਾਵਜੂਦ ਇਨ੍ਹਾਂ ਗੱਲਾਂ ਦੇ ਕਿ ਸਾਡਾ ਬਾਰਡਰ ਦਾ ਸੂਬਾ ਹੈ। ਹਰ ਸਾਲ ਹੜ੍ਹਾਂ ਦਾ ਸਾਹਮਣਾ ਕਰਨਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਆਏ ਦਿਨ ਕਮਿਉਨਲ ਐਜੀਟੇਸ਼ਨਾਂ ਦਾ ਸਾਹਮਣਾ ਕਰਨਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਅਸੀਂ ਤਰਕੀ ਕਰਦੇ ਜਾ ਰਹੇ ਹਾਂ। ਇਸ ਤੋਂ ਵਧ ਹੋਰ ਕੀ ਸਬੂਤ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਦੀ ਐਡਮਿਨਿਸ-ਟਰੇਸ਼ਨ ਬਹੁਤ ਚੰਗੀ ਹੈ। ਤੁਸੀਂ ਅਜ ਦੇਸ਼ ਦੇ ਕਿਸੇ ਹਿੱਸੇ ਵਿਚ ਚਲੇ ਜਾਉ, ਬੰਬਈ ਚਲੇ ਜਾਉ, ਕਲਕੱਤੇ ਤੇ ਮਦਰਾਸ ਚਲੇ ਜਾਉ, ਹਰ ਪੰਜਾਬੀ ਦਾ ਸਿਰ ਉਚਾ ਹੋ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਜਦੋਂ ਉਥੇ ਲੋਕ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਭਈ ਪੰਜਾਬ ਨੇ ਤਾਂ ਕਮਾਲ ਕਰ ਦਿਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਸਾਰੇ ਮੁਲਕ ਨੂੰ 'ਲੀਡ' ਦਿਤੀ ਹੈ। ਪੰਜਾਬ ਨੇ ਜੋ ਰੋਲ ਇਸ ਐਮਰਜੈਂਸੀ ਵਿਚ ਅਦਾ ਕੀਤਾ ਹੈ ਉਹ ਕਿਸੇ ਕੋਲੋਂ ਗੁਝਾ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਅਤੇ ਸਾਰੇ ਦੇਸ਼ ਵਿਚ ਇਸ ਦਾ ਚਰਚਾ ਹੈ। ਪੰਜਾਬ ਨੇ ਸਭ ਤੋਂ ਵਧ ਪੈਸੇ ਦਿਤੇ ਹਨ, ਸੋਨਾਂ ਦਿਤਾ ਹੈ ਤੇ ਜਵਾਨ ਦਿਤੇ ਹਨ। ਫੇਰ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕੋਈ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ

[ਸ੍ਰੀ ਦੀਨਾ ਨਾਥ ਅਗਰਵਾਲ]

ਇਥੇ ਦੀ ਐਡਮਨਿਸਟਰੇਸ਼ਨ ਐਫੀਸ਼ੈਂਟ ਨਹੀਂ ਹੈ । ਇਥੇ ਕੁਰਪਸ਼ਨ ਤੇ ਬਹੁਤ ਜ਼ੋਰ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕੁਰਪਸ਼ਨ ਜੇ ਹੈ ਤਾਂ ਉਹ ਲੋਅਰ ਲੇਵਲ ਤੇ ਹੀ ਹੈ ਤੇ ਹਾਇਰ ਲੇਵਲ ਤੇ ਬਹੁਤ ਘਟ ਹੈ । ਕੁਰਪਸ਼ਨ ਦੋ ਕਿਸਮ ਦੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ—ਇਕ ਤਾਂ ਆਦਤਨ ਹੋ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਦੂਜੇ ਮਜਬੂਰਨ ਹੋ ਜਾਂਦੀ ਹੈ । ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਜੋ ਪੁਲੀਸ ਦੇ ਛੋਟੇ ਕਰਮਚਾਰੀਆਂ ਦੀ ਤਨਖਾਹ ਵਧਾਈ ਹੈ ਇਹ ਬਹੁਤ ਚੰਗਾ ਕਦਮ ਉਠਾਇਆ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਨਾਲ ਕੁਰਪਸ਼ਨ ਖਤਮ ਹੋ ਜਾਵੇਗੀ । ਹਰ ਇਕ ਆਦਮੀ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਲਗਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜਿਸ ਗਰੀਬ ਦੀ ਤਨਖਾਹ ਥੋੜੀ ਹੋਵੇਗੀ ਉਹ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਆਪਣੇ ਬਾਲ ਬੱਚਿਆਂ ਦਾ ਪੇਟ ਪਾਲ ਸਕੇਗਾ ਅਤੇ ਉਸ ਲਈ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੋ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਆਮਦਨੀ ਦੇ ਦੂਜੇ ਤਰੀਕੇ ਇਸਤੇਮਾਲ ਕਰੇ ਤਾਕਿ ਉਸ ਦੇ ਬਾਲ-ਬਚੇ ਰੋਟੀ ਖਾ ਸਕਣ । ਇਸ ਲਈ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਕਿ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਪੁਲੀਸ ਵਾਲਿਆਂ ਦੀਆਂ ਤਨਖਾਹਾਂ ਵਧਾਈਆਂ ਹਨ ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੋਰ ਵੀ ਜੋ ਲੋਅਰ ਤਬਕੇ ਦੇ ਕਰਮਚਾਰੀ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਤਨਖਾਹਾਂ ਵਧਾਈਆਂ ਜਾਣ ਤਾਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਰਜੂਹ ਕੁਰਪਸ਼ਨ ਵਲ ਨਾ ਹੋਵੇ । ਮੇਰੇ ਇਕ ਦੋਸਤ ਨੇ ਇਥੇ ਫੂਡ ਇੰਸਪੈਕਟਰਜ਼ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਸੀ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਜੋ ਕੁਝ ਇਸ ਬਾਰੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਮੈਂ ਉਸ ਨਾਲ ਇਤਫਾਕ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਚੈਕਿੰਗ ਮੈਜਿਸਟਰੇਟਾਂ ਜਾਂ ਪੀ. ਸੀ. ਐਸ. ਦੇ ਲੇਵਲ ਦੇ ਅਫਸਰਾਂ ਨੂੰ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਜਿਤਨੇ ਕਿਸੇ ਦੇ ਅਖਤਿਆਰਾਤ ਵਧਾਏ ਜਾਣ ਉਤਨੀ ਕੁਰਪਸ਼ਨ ਵਧ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਫੇਰ ਵੀ ਇਸ ਗੱਲ ਤੋਂ ਇਨਕਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਕਿ ਸਾਡੀ ਐਡਮਨਿਸਟਰੇਸ਼ਨ ਅਜਕਲ ਇਤਨੀ ਐਫੀਸ਼ੈਂਟ ਹੈ ਕਿ ਜ਼ਿਲੇ ਵਿਚ ਅਫਸਰ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਜੇਕਰ ਕਿਸੇ ਦੇ ਚਾਹ ਪੀ ਲਉ, ਤਾਂ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਜਾ ਕੇ ਪਤਾ ਕਰ ਲਉ ਕਿ ਕਿਸਨੇ ਕਿਥੇ ਚਾਹ ਪੀਤੀ ਹੈ । ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਹੁਣ ਇਤਨਾ ਆਸਾਨ ਨਹੀਂ ਕਿ ਕੋਈ ਕੁਰਪਸ਼ਨ ਕਰ ਸਕੇ । ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਜੋ ਐਡਮਨਿਸਟਰੇਸ਼ਨ ਹੈ ਇਸ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਖ਼ੂਬੀਆਂ ਹਨ । ਮੈਂ ਲੁਧਿਆਣੇ ਦੀ ਹੀ ਇਕ ਮਿਸਾਲ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ । ਉਥੇ 9-2-63 ਨੂੰ ਸਟੇਸ਼ਨ ਤੋਂ ਇਕ ਕਾਰ ਚੋਰੀ ਹੋਈ, ਇਕ ਐਸ. ਆਈ. ਨੇ ਚੋਰਾਂ ਦਾ ਪਿੱਛਾ ਕਰਕੇ ਉਸ ਕਾਰ ਨੂੰ ਕਲਕੱਤੇ ਜਾ ਕੇ ਪਕੜ ਲਿਆ । ਉਸ ਸਿਲਸਲੇ ਵਿਚ 3/4 ਆਦਮੀ ਪਕੜ ਕੇ ਲਿਆਂਦੇ ਗਏ........।

ਬਾਬੂ ਬਚਨ ਸਿੰਘ: ਉਹ ਤੁਹਾਡੇ ਕਿਸੇ ਦੋਸਤ ਦੀ ਕਾਰ ਹੋਣੀ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਪਕੜ ਲਈ ਗਈ । ਦੜਾ ਸੱਟਾ ਕਿਤਨਾ ਕੁ ਚਲ ਰਿਹਾ ਹੈ, ਇਹ ਵੀ ਦੱਸ ਦਿਓ ।

ਸ੍ਰੀ ਦੀਨਾ ਨਾਥ ਅਗਰਵਾਲ : ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ 24 ਦਿਨਾਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪਕੜ ਲਈ ਗਈ । ਉਹੋ ਕਾਰ ਨਹੀਂ ਪਕੜੀ ਬਲਕਿ ਹੋਰ 3 ਚੋਰੀ ਦੀਆਂ ਕਾਰਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਫੜੀਆਂ । ਉਹ ਕਾਰਾਂ ਮੇਰੇ ਕਿਸੇ ਦੋਸਤ ਦੀਆਂ ਨਹੀਂ ਸਨ ਬਲਕਿ ਉਹ ਪੰਜਾਬ ਤੋਂ ਬਾਹਰ ਦੀਆਂ ਸਨ ਜਿਹੜੀਆਂ ਕਿ ਉਥੇ ਦੀ ਪੁਲੀਸ ਵਲੋਂ ਅਨਟਰੇਸੇਬਲ ਕਰਾਰ ਦਿਤੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਸਨ । ਦਿਲੀ ਤੋਂ ਆ ਕੇ ਲੋਕ ਆਪਣੀਆਂ ਕਾਰਾਂ ਲੈ ਗਏ ਹਨ । ਕੋਈ ਕਹਿੰਦਾ ਸੀ ਕਿ ਸਾਲ ਦੀ ਗੁਮ ਸੀ ਤੇ ਕੋਈ ਕਹਿੰਦਾ ਸੀ ਕਿ 6 ਮਹੀਨਿਆਂ ਦੀ ਗੁਮ ਸੀ । ਇਹ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਪੁਲਿਸ ਅਫਸਰ ਦਾ ਹੀ ਕੰਮ ਹੈ । ਮੈਂ ਮੁਖ ਮੰਤਰੀ ਜੀ ਨੂੰ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪੁਲੀਸ ਅਫ਼ਸਰ ਨੂੰ ਜਿਸ ਨੇ ਇਤਨੀ ਵਡੀ ਚੋਰੀ ਕਢੀ ਹੈ ਐਪਰੀਸੀਏਸ਼ਨ ਦਿਤੀ ਜਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਦਿਆਲ ਸਿੰਘ ਢਿਲੋਂ : ਦਿੱਤੇ ਨਹੀਂ। ਮੈਂ ਇਸ ਗਲ ਦੀ ਸ਼ਾਇਸਤਗੀ ਵਿਚ ਰਿਹਾ ਕਿ ਜਦ ਅਸੀਂ ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਆ ਕੇ ਆਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਅੱਛਾ ਨਹੀਂ ਜਾਪਦਾ ਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਗਲਾਂ ਕਰੀਏ ਕਰਾਈਏ ਜੋ ਬਾਕੀ Co-sharers ਸਨ ਉਹ ਮੈਥੋਂ ਚੋਰੀ ਛਪੀ ਕੁਝ ਨਾ ਕੁਝ ਸੇਵਾ ਕਰ ਹੀ ਆਏ। ਇਹ ਮੈਂ ਇਕ ਮਿਸਾਲ ਦਿੱਤੀ ਹੈ। ਇਹ ਇਕ ਆਮ ਗਲ ਹੈ। ਜਿਥੇ courtesy ਹੈ, disposal ਅੱਛੀ ਹੈ, advice ਅੱਛੀ ਆਉਂਦੀ ਹੈ, higher officers ਆਪਣਾ ਕੰਮ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ attend ਕਰਦੇ ਹਨ, ਬੱਲੇ ਇਹ ਬੀਮਾਰੀ ਹੈ ਜਿਸ ਦਾ basic ਤੌਰ ਤੇ ਬਰਾਹੇ ਰਾਸਤ ਕਿਸਾਨ ਨਾਲ ਤਅੱਲੁਕ ਹੈ। ਪਟਵਾਰੀ ਯਾ ਓਵਰਸੀਅਰ ਕੋਲ ਕੋਈ request ਕੀਤੀ ਜਾਏ, ਜਿਸ ਦਾ ਪਾਣੀ ਬੰਦ ਹੋਵੇ ਓਥੇ ਬਸ ਹੋ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਅਜ ਕਲ ਇਹ ਇਸ ਕਿਸਮ ਦਾ ਮਸਲਾ ਬਣ ਗਿਆ ਹੈ। ਅਫਸਰ ਕੋਈ ਨਾ ਕੋਈ ਪੁਲੀਟੀਕਲ link ਰਖਦੇ ਹਨ। ਜੇ ਇਕ ਪਾਸੇ ਫਸ ਗਏ ਤਾਂ ਦੂਜੇ ਪਾਸਿਓਂ ਠੀਕ ਕਰ ਲੈਂਦੇ ਹਨ। ਇਹ ਇਕ ਗਲ ਮੈਂ ਆਪਣੀ ਤਮਹੀਦ ਵਿਚ ਦਸਣੀ ਸੀ। ਹੁਣ ਮੈਂ ਹੋਰ ਪਾਸੇ ਆਉਂਦਾ ਹਾਂ, ਪਹਿਲਾਂ ਮੈਂ ਇਸ ਦੀ background ਵਿਚ ਗੱਲ ਕਰਦਾ ਸੀ। Drainage ਅਤੇ Waterlogging ਦਾ ਮਸਲਾ ਹੈ। Existing water-supply ਦਾ ਮਸਲਾ ਹੈ ਜੋ Existing Canals ਨੂੰ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ, ਆਬਿਆਨਾ, water charges, ਫਸਲਾਂ ਦੀ assessment ਆਦਿ ਕਈ ਮਸਲੇ ਹਨ। ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਨਾਲ ਪਲੈਨ ਦਾ ਖਿਆਲ ਆਉਂਦਾ ਹੈ। ਏਥੇ ਕੈਨਾਲ ਐਕਟ ਨੂੰ ਅਮੈਂਡ ਕਰਨ ਵਾਸਤੇ ਮੈਂ ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਪਿਛਲੇ 10 ਸਾਲ ਤੋਂ ਦੇਖਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਮੁਖ਼ਤਲਿਫ ਕਿਸਮ ਦੇ ਮੁਤਾਲਬੇ ਕੀਤੇ ਗਏ। ਉਹ ਓਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੀ ਹੈ। ਵਕਤੀ ਤੌਰ ਤੇ ਉਸ ਐਕਟ ਦੀ ਆੜ ਨਾਲ ਦਰੁਸਤੀਆਂ ਕੀਤੀਆਂ ਗਈਆਂ, ਬੁਨਿਆਦੀ ਚੀਜ਼ ਨੂੰ touch ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਪਿਛੇ ਇਸ ਦੇ ਵਾਸਤੇ Advisory ਕਮੇਟੀ ਬਣਾਈ ਗਈ। ਤਜਵੀਜ਼ਾਂ ਦਸੀਆਂ ਕਿ ਪੁਰਾਣੇ ਕੈਨਾਲ ਐਕਟ ਨੂੰ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਅਮੈਂਡ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਪਿਛਲੇ 5 ਸਾਲ ਵਿਚ ਇਹ Estimates ਕਮੇਟੀ ਨੂੰ ਵੀ ਭੇਜਿਆ ਗਿਆ। ਮੁਖਤਲਿਫ ਜ਼ਿਲਿਆਂ ਵਿਚੋਂ ਇਰੀਗੇਸ਼ਨ ਦੇ ਮਸਲੇ ਯਾ demands ਆਈਆਂ। ਉਸ ਵਿਚ ਖਾਸ ਤੌਰ ਤੇ ਮੈਂ ਵੀ request ਕੀਤੀ ਕਿ ਸਬ ਕਮੇਟੀਆਂ ਗੁਰਦਾਸਪੁਰ ਅਤੇ ਹੋਰ ਥਾਂ ਜਾਣ, ਕਿਸਾਨਾਂ ਦੀਆਂ ਮੁਖਤਲਿਫ ਸਭਾਵਾਂ ਤੇ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਦੀਆਂ ਸੰਸਥਾਵਾਂ ਨੂੰ ਬੁਲਾਇਆ ਜਾਏ, ਉਹ ਤਜਵੀਜ਼ਾਂ ਦਸਣ। ਪਰ ਗਲ ਓਥੇ ਦੀ ਉਥੇ ਖੜ੍ਹੀ ਹੈ। ਜਦ ਤਕ Existing Canals ਬਾਰੇ ਜੋ Legislation ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਤਬਦੀਲ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਏਗਾ, ਪੁਰਾਣੀ ਦਕਿਆ-ਨੂਸੀ Legislation ਨੂੰ re-consider ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਏਗਾ ਮੌਜੂਦਾ ਹਾਲਾਤ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਇਹ ਸਿਲਸਲਾ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਹੋਏਗਾ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ

[ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਦਿਆਲ ਸਿੰਘ ਢਿਲੋਂ]

ਬੁਨਿਆਦੀ ਬੀਮਾਰੀਆਂ ਦਾ ਹੱਲ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਦੀਆਂ day-to-day ਤਕਲੀਫਾਂ ਹਨ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਨੂੰ ਛੱਡ ਕੇ ਬਾਹਰ ਦੋ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਬਹੁ ਗਿਣਤੀ ਹੈ ਉਹ ਯਾ ਤਾਂ ਬਰਾਹੇ ਰਾਸਤ ਕਾਸ਼ਤਕਾਰ ਹਨ ਯਾ ਉਹ ਇਸ ਤੇ ਨਿਰਭਰ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਵਧ ਤੋਂ ਵਧ ਵਾਹ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਨਾਲ ਪੈਂਦਾ ਹੈ, ਹੁਣ ਤਾਂ electricity ਨਾਲ ਵੀ ਪੈਂਦਾ ਹੈ, ਉਹ ਘਰਾਂ ਵਿਚ ਜਗਾਉਂਦੇ ਹਨ, ਇਸ ਨਾਲ ਟਿਊਬਵੈੱਲ ਚਲਾਉਂਦੇ ਹਨ ਅਤੇ small–scale ਇੰਡਸਟਰੀ ਚਲਾਉਂਦੇ ਹਨ। ਇਹ ਦੋ ਮਹਿਕਮੇ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਵਾਹ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਕੁਛ traditions ਹਨ, ਪਟਵਾਰੀ ਦਾ ਨਾਉਂ ਭਾਵੇਂ ਲੇਖਾ ਪਾਣ ਜਾਂ ਕੋਈ ਹੋਰ ਰਖ ਦਿਓ, ਉਸ ਨੇ ਓਹੀ ਕੰਮ ਕਰਨਾ ਹੈ। U.P. ਵਿਚ ਵੀ ਦੇਖਿਆ ਹੈ, ਓਹੀ ਪੁਰਾਣੀਆਂ traditions ਹਨ, ਨਿਕਲਣ ਦਾ ਨਾਉਂ ਨਹੀਂ ਲੈਂਦੀਆਂ। ਜਦ ਤਕ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਵਿਚ drastic ਤੌਰ ਤੇ ਨਾ ਸੋਚਿਆ ਜਾਏ ਕਿ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਵਿਚ ਕੀ ਕੀਤਾ ਜਾਏ ਇਹ ਕੰਮ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦਾ। Water Rates ਬਾਰੇ ਬੜੀ ਪਰੇਸ਼ਾਨੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। Floods ਆਉਂਦੇ ਹਨ। Floods ਵਿਚ immediately ਤਾਂ ਸਾਰੇ ਰਸਤੇ ਬੰਦ ਹੁੰਦੇ ਹਨ, ਸੜਕਾਂ ਬੰਦ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ।

ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ ਅਗਲਾ ਮੌਸਮ next sowing ਦਾ ਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤੇ ਗੌਰਮੈਂਟ ਇਲਾਨ ਕਰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਖਰਾਬਾ ਦਿਆਂਗੇ, ਐਨੇ ਫੀ ਸਦੀ ਐਨਿਆਂ ਨੂੰ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਇਹ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲਾਂ ਵਿਚ ਮੁਖਤਲਿਫ ਚਲਿਆ ਆਉਂਦਾ ਹੈ। ਅਤੇ ਇਸ ਦਾ ਇਕ ਬਹੁਤ ਗਲਤ ਤਰੀਕਾ ਹੈ। ਉਹ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਖੜੀਆਂ ਫਸਲਾਂ ਜਿਵੇਂ ਕਿ ਝੋਨਾ ਆਦਿ ਹਨ ਦਾ ਕਖ ਨਹੀਂ ਰਹਿੰਦਾ ਤੇ ਅਗਲਾ sowing season ਸ਼ੁਰੂ ਹੋ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤੇ ਕੋਈ ਵੀ District Collector ਨਹੀਂ ਜਾਂਦਾ, ਕੋਈ ਵੀ ਇਨਸਪੈਕਟਰ ਨਹੀਂ ਜਾਂਦਾ, ਉਹ ਵਿਚਾਰੇ ਆਪ ਹੀ ਸਾਰੇ ਨੂੰ clear ਕਰਦੇ ਹਨ ਤੇ ਫਿਰ ਉਹ ਗਰੀਬ ਮਕਈ ਜਾਂ ਝੋਨਾ ਬੀਜਣ ਲਈ ਵਾਹ ਲੈਂਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਖਰਾਬੇ ਦੀ assessment ਕਰਨ ਵਾਲੇ ਆ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਤੇ ਕਹਿਣ ਲਗ ਪੈਂਦੇ ਹਨ ਕਿ ਤੂੰ ਤਾਂ ਫਸਲ ਕਟ ਲਈ ਹੈ, ਅਸੀਂ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਸ ਖਰਾਬੇ ਦੀ assessment ਕਰ ਸਕਦੇ ਹਾਂ। ਉਹ ਬਥੇਰਾ ਕਹਿੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਦੇ ਵਢ ਵੇਖ ਲਉ, ਪੰਚਾਇਤ ਕੋਲੋਂ ਪੁਛ ਲਉ ਪਰ ਇਕ ਨਹੀਂ ਸੁਣੀ ਜਾਂਦੀ ਤੇ ਕਹਿ ਦਿਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਤੂੰ ਖੜੀ ਰਖਣੀ ਸੀ। ਹੁਣ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਉਹ ਇਸ ਨੂੰ ਖੜੀ ਰਖ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਵੰਬਰ ਦੇ ਮਹੀਨੇ ਤਕ ਉਸ ਦਾ ਅਗਲਾ ਵੱਤਰ ਵੀ ਲੰਘ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤੇ Inspector ਖਰਾਬਾ ਨਹੀਂ assess ਕਰ ਸਕਦਾ। ਇਸ ਪਾਸੇ ਧਿਆਨ ਦੇਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ ਚੌਧਰੀ ਸਾਹਿਬ।

ਇਸ ਤੋਂ ਅਗੇ Water Rates ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਆਉਂਦਾ ਹੈ ਇਸ ਸਬੰਧੀ ਕਿੰਨੀਆਂ ਐਜੀਟੇਸ਼ਨਾਂ ਚਲੀਆਂ, ਇਸ ਦਾ system ਬਿਲਕੁਲ ਨਾਕਸ ਹੈ, 1943 ਤੋਂ ਇਸ ਦੀ agitation ਸ਼ੁਰੂ ਹੈ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਜੇਲ੍ਹ ਵਿਚ ਵੀ ਰਹਿ ਆਇਆ ਹਾਂ। ਇਸ ਸਬੰਧ ਵਿਚ remodelling ਕੀਤੀ ਗਈ, ਹਰ ਵਾਰ ਫੈਸਲੇ ਕੀਤੇ ਗਏ ਮਨਿਸਟਰੀ ਵਿਚ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਸਿਲਸਿਲਾ ਚਲਦਾ ਰਿਹਾ ਪਰ ਇਸ ਵਿਚ ਪਿਛਲੇ 20 ਸਾਲ ਤੋਂ ਕੋਈ ਕਿਸੇ ਕਿਸਮ ਦੀ ਤਬਦੀਲੀ ਨਹੀਂ ਆਈ। ਕਿੰਨੇ ਅਫਸੋਸ ਦੀ ਗਲ ਹੈ।

ਇਸ ਹਾਉਸ ਵਿਚ ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਵੱਢ ਵੱਤਰ ਦਾ ਸਿਲਸਿਲਾ ਹੈ ਜਿਸ ਬਾਰੇ ਜ਼ਿਕਰ ਕਰਨਾ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੋ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਜੋ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚੋਂ ਸਜਣ ਆਏ ਹਨ ਉਹ ਜਾਣਦੇ ਹਨ ਕਿ ਵੱਢ ਵਤਰ ਕੀ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਅਗਲੀ ਫਸਲ ਕਟ ਲਈ ਜਾਵੇ ਤੇ ਉਸੇ ਵੱਤਰ ਤੇ ਦੂਸਰੀ ਕਾਸ਼ਤ ਕਰ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇ। ਪਰ ਇਹ ਆਬਿਆਨਾ ਚਾਰਜ ਕਰ ਲੈਂਦੇ ਹਨ ਪਹਿਲੀ ਤੇ ਵੀ ਦੂਜੀ ਤੇ ਵੀ ਚਾਰਜ ਕਰ ਲੈਂਦੇ ਹਨ ਜੇਕਰ

ਬਾਰਸ਼ ਹੋ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਵੀ ਇਸ fact ਨੂੰ ignore ਕਰ ਦਿਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਜੇਕਰ ਚਾਹੀ ਜ਼ਮੀਨ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਵੀ ਇਸ ਗਲ ਦਾ ਖਿਆਲ ਨਹੀਂ ਰਖਿਆ ਜਾਂਦਾ, ਇਹੋ ਹੀ ਇਕੋ ਗਲ ਕਿ water rate charge ਕਰਨਾ ਹੈ । ਇਸ ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਗੌਰਮੈਂਟ ਦੀ ਪਾਲਿਸੀ ਦਾ ਇਲਾਨ ਹੋ ਚੁਕਿਆ ਹੈ, ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਪਾਸ ਕੀਤਾ ਹੋਇਆ ਹੈ । ਤੁਸੀਂ ਆਪ ਚੌਧਰੀ ਸਾਹਿਬ ਬਾਰ ਬਾਰ ਕਹਿੰਦੇ ਰਹੇ ਹੋ । ਤੁਹਾਡੇ predecessors ਕਹਿੰਦੇ ਆਏ ਹਨ ਪਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਾਰੀਆਂ ਗਲਾਂ ਨੂੰ ignore ਕਰ ਦਿਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਇਸ ਨਾਲ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਮੁਸ਼ਕਲ ਵਿਚ ਪੈ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਉਸ ਦੀ heart burning ਹੁੰਦੀ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਇਸ ਗਲ ਤੇ ਵਿਚਾਰ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ water rate ਇਕੋ ਵੇਰ ਲਗਾਇਆ ਜਾਵੇ ।

ਫਿਰ ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ emergency ਦਾ ਨਾਮ ਲਿਆ ਹੈ । ਇਸ ਵੇਲੇ ਤੁਸੀਂ ਇਸ emergency ਦੇ ਨਾਮ ਹੇਠ ਜੋ ਚਾਹੋ ਕਰੋ, ਕਈ ਮਹਿਕਮੇ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਛਾਂਟੀ ਕਰ ਦਿਉ ਕੋਈ ਅਦਲ ਬਦਲ ਕਰ ਦਿਉ । ਮੇਰੇ ਇਕ ਸਵਾਲ ਦੇ ਜਵਾਬ ਵਿਚ ਜਿਸ ਵਿਚ ਮੈਂ ਇਹ ਪੁਛਿਆ ਸੀ ਕਿ ਕੀ ਕੋਈ ਐਸੀ ਤਜਵੀਜ਼ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਹੈ ਕਿ ਮਹਿਕਮਾ ਨਹਿਰ ਤੇ Revenue staff ਨੂੰ ਇਕੱਠਾ ਕਰ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹਾਂ । ਮੈਂ ਜਿਸ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਆਪਣੀ ਜ਼ਾਤੀ ਰਾਏ ਪਰਗਟ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ Revenue ਦਾ ਜੋ ਮਹਿਕਮਾ ਹੈ ਇਹ ਅਲਹਿਦਾ ਚਲਾ ਆਉਂਦਾ ਹੈ ਪਰ ਮੈਂ ਮਹਿਕਮਾ ਨਹਿਰ ਦੀ Revenue side ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਜਿਸ ਵਿਚ ਨਾਇਬ ਤਸੀਲਦਾਰ, ਤਸੀਲਦਾਰ, ਡਿਪਟੀ ਕੁਲੈਕਟਰ ਤੇ ਆਬੀਆਨਾ ਇਕੱਠਾ ਕਰਨ ਵਾਲੇ ਹਨ। ਜੇਕਰ ਕਿਸੇ ਢੰਗ ਨਾਲ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਾਰਿਆਂ ਨੂੰ amalgamate ਕਰ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਸ਼ਾਇਦ ਇਹ ਜ਼ਿਆਦਾ economical ਵੀ ਹੋਵੇਗਾ । ਇਥੇ ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਵੀ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਸੀ ਕਿ ਅਸੀਂ ਇਸ ਨੂੰ amalgamate ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ, ਇਸ ਲਈ ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿਚ measure ਲਿਆਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਇਹ ਬੜੀ ਅਜੀਬ ਜਿਹੀ Administrative Machinery ਹੈ ਕਿ ਨਾਇਬ ਤਹਿਸੀਲਦਾਰ ਜਾਂ ਤਹਿਸੀਲਦਾਰ ਇਕ ਪਾਸੇ ਤੇ ਮਜਿਸਟਰੇਟ ਤੇ Revenue Collector ਇਕ ਪਾਸੇ ਤੇ ਫਿਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਹੋਰ ਵੀ ਕੰਮ ਦੇ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਕਿ ਕਿਸੇ ਨੂੰ see off ਕਰਨਾ ਹੈ, ਕਿਸੇ ਦਾ ਸੁਆਗਤ ਕਰਨਾ ਹੈ ਪਰ Revenue means which comes from any source. ਇਸ ਲਈ ਇਹ ਪ੍ਰਬੰਧ ਕਰਨਾ ਹੀ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਜੋ ਪੁਰਾਣਾ ਢੰਗ ਸੀ ਉਸ ਤੇ ਨਵੇਂ Legislature ਵਿਚ ਗ਼ੌਰ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । Waterlogging ਤੇ drainage ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਅਸੀਂ ਬੜੇ ਖੁਸ਼ ਸਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਸ ਲਈ 17 ਲਖ ਪਿਛਲੀ ਪਲਾਨ ਵਿਚ ਰਖਿਆ ਸੀ ਤੇ ਦੂਜੀ ਵਿਚ 51 ਲਖ ਕਰ ਦਿਤਾ। ਪਰ ਜੋ floods ਆਉਂਦੇ ਹਨ ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਕੁਦਰਤ ਨਾਲ ਮੁਕਾਬਲਾ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਪਰ ਇਹ ਸਾਡਾ ਤਲਖ ਤਜਰਬਾ ਪਹਿਲਾਂ ਸੀ ਕਿ ਇਸ ਨੂੰ ਹਲ ਕਰਨ ਲਈ ਤੀਜੀ ਪਲਾਨ ਵਿਚ ਇਸ ਸਾਰੀ ਗਲ ਨੂੰ ਧਿਆਨ ਵਿਚ ਰਖ ਕੇ ਮੌਕੇ ਤੇ ਜਾ ਜਾ ਕੇ estimates ਤਿਆਰ ਕੀਤੇ ਗਏ ਤੇ ਫਿਰ revised estimates ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਗਏ। ਮੈਂ ਇਸ ਲਈ ਚੋਧਰੀ ਸਾਹਬ ਨੂੰ ਦਾਦ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਾਫੀ ਖੁਲ੍ਹ ਦਿਲੀ ਦਾ ਸਬੂਤ ਦਿਤਾ ਤੇ ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਸੈਂਟਰਲ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੇ ਖੁਲ ਦਿਲੀ ਨਾਲ ਇਸ ਦੀ ਇਜਾਜ਼ਤ ਦਿਤੀ ਹੈ ਤੇ ਇਹ ਰਖ ਦਿਤੇ ਗਏ । ਤੀਜੀ ਪਲਾਨ ਵਿਚ ਇਸ ਦੀ ਵਰਤੋਂ ਕਰਨ ਲਗਿਆਂ ਜੋ 21 ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ flood protection ਵਾਸਤੇ ਤੇ 14 ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ drainage ਵਾਸਤੇ ਰਖਿਆ ਇਹ ਸਾਰਾ Anti-Waterlogging Schemes ਵਾਸਤੇ ਰਖਿਆ ਗਿਆ ਹੈ । ਇਸ ਨੂੰ ਘਟਾਇਆ ਨਹੀਂ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ । ਪਹਿਲੀ ਵੇਰ floods ਆਏ ਤੇ ਪਤਾ ਲਗ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਨੀ ਬਾਰਸ਼ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਤੇ ਫਿਰ ਦੂਜੀ ਦਫਾ ਆਏ, ਤੇ ਹਰ ਵੇਰ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਸੀ ਕਿ ਇਨੇ ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ

[ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਦਿਆਲ ਸਿੰਘ ਢਿੱਲੋਂ]

ਇਸ ਕੰਮ ਤੇ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਇਸ ਨੂੰ ਅਸੀਂ ਰੋਕ ਸਕਦੇ ਹਾਂ, ਇਸ ਤਬਾਹੀ ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹਾਂ। ਇਸ ਵੇਰ floods ਆਏ ਤਾਂ ਕਈ houses collapse ਹੋ ਗਏ। ਕਈ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੇ ਮਕਾਨ ਬਹਿ ਗਏ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਆਬੀਆਨੇ ਵਿਚ ਰਿਆਇਤ ਨਹੀਂ ਦਿਤੀ ਗਈ, ਕੋਈ Revenue Remission ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਸਗੋਂ ਦੁਗਨੇ ਲਾ ਦਿਤੇ ਗਏ। ਅਤੇ ਇਹ ਤਾਂ ਇਕ feature ਹੀ ਬਣ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ experience ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਅਸਾਨੂੰ ਇਸ ਗਲ ਦਾ ਧਿਆਨ ਰਖਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਮੌਜੂਦਾ emergency ਵਿਚ ਜਿਥੇ ਕਿ ਅਸੀਂ Grow More Food ਲਈ ਜ਼ੋਰ ਦੇ ਰਹੇ ਹਾਂ ਕਿ ਵਧ ਤੋਂ ਵਧ ਪੈਦਾਵਾਰ ਵਧਾਈ ਜਾਵੇ ਤਾਂ 21 ਕਰੋੜ ਤੇ 14 ਕਰੋੜ ਦੀ ਸਕੀਮ ਨੂੰ ਘਟਾਣਾ ਨਹੀਂ ਸੀ ਚਾਹੀਦਾ। ਪਰ ਇਸ ਤੇ ਵੀ cut ਲਗਾਕੇ ਇਸ ਨੂੰ 15 ਕਰੋੜ ਕਰ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਇਸ ਤੇ ਸਗੋਂ ਕੋਈ ਕਿਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ cut ਨਹੀਂ ਸੀ ਲਾਣੀ ਚਾਹੀ-ਦੀ ਤੇ ਗੌਰਮੈਂਟ ਦੀ ਪਾਲਿਸੀ ਦੇ ਮੁਤਾਬਿਕ ਇਸ ਕੰਮ ਨੂੰ top priority ਦੇ ਕੇ ਕਰਨ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ। ਮੈਨੂੰ ਇਹ ਜਾਪਦਾ ਹੈ ਕਿ 21 ਤੇ 14 ਅਰਥਾਤ 35 ਦੀ ਥਾਂ ਜੇਕਰ 15 ਕਰੋੜ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਕੋਈ ਬਹੁਤੀ achievement ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਣ ਲਗੀ। ਮੈਂ ਤਾਂ ਚੌਧਰੀ ਸਾਹਿਬ ਤੁਹਾਨੂੰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਤੁਸੀਂ 15 ਸਾਲ ਐਵੇਂ ਹੀ ਪਾਰਲੀਮੈਂਟ ਵਿਚ ਰਹੇ ਕਿ ਤੁਹਾਡਾ ਇਨਾ ਅਸਰ ਰਸੂਖ ਹੈ ਤੇ ਤੁਸੀਂ ਇਨੀ ਗਲ ਵੀ ਸੈਂਟਰ ਤੋਂ ਮੰਨਵਾ ਨਹੀਂ ਸਕੇ। ਤੁਸੀਂ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਆਕੇ ਖੁੰਡੇ ਹੋ ਗਏ ਹੋ (ਹਾਸਾ) ਜੇਕਰ ਤੁਹਾਡੇ ਤੋਂ ਨਹੀਂ ਸੀ ਸਰਦਾ ਬਣਦਾ ਤਾਂ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਨੂੰ ਕਹਿਣਾ ਸੀ ਕਿ ਉਹ ਮਨਵਾ ਲੈਂਦੇ ਕਿ ਜਿਸ ਨੇ ਸਾਰੇ ਸੂਬੇ ਦੀ ਡੀਫੈਂਸ ਨੂੰ ਸਾਰੇ ਮੁਲਕ ਵਿਚ ਉਚਾ ਕੀਤਾ ਤੇ ਵਧ ਤੋਂ ਵਧ ਚੰਦਾ ਦਿਤਾ।

पंडित चिरंजी लाल शर्मा: On a point of order: जनाब, जब भी सरदार गुरदयाल सिंह जी उठते हैं, मैं जानना चाहता हूं कि वह हमारे इलाके के वज़ीर चौधरी रणबीर सिंह जी के बारे में ऐसी बातें क्यों करते हैं? कभी कहते हैं कि मेरी बीवी का नाम भी यही है, कभी कहते हैं खुंड हैं।

उपाध्यक्षा : आप बीच में interrupt न कीजिए।

सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों : यह ठीक है कि अभी आप की इस स्टेट ने इतना कुछ किया लेकिन इतनी बड़ी आबादी से सिर्फ इतना ही ले सके इसका कुछ कारण है।

मैं drainage के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं कि जहां पर drainage के लिए ख्याल रखा जा रहा है वहां communication का भी ख्याल रखा जाना चाहिए क्योंकि इस का Defence के साथ गहरा सम्बन्ध है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं अपने इलाके की बाबत कहना चाहता हूं कि एक तरफ Hadiara Drain है दूसरी तरफ U.B.D. Canal है, एक तरफ पाकिस्तान की हद लगती है और दूसरी तरफ River Ravi है वहां पर सारे पुल wash हो गए थे। मेरे हलके की आधी ज़मीन पानी के ज़द में आ गई थी। आप अपने इलाके से अच्छे से अच्छा पहलवान ले आएं, घोड़ी पर या और किसी तरीके से, उस इलाके को पार कर ले तो मान लूंगा कि पिछले साल floods से bridges wash out नहीं हो गए थे। मैंने इस बारे में सवाल किया था तो मुझे बताया गया कि floods से एक bridge wash out हुआ था। वह भी bridge बताया गया है जो कि सड़क पर था और उस का सब को पता था। और जितने दूसरे bridges wash

out हुए हैं उन का कुछ जिक्र नहीं किया। मैं समझता हूं कि सरकार के लिए अच्छी बात नहीं है अगर पाकिस्तान की तरफ से कोई गड़बड़ हुई और मेरे हल्के में crossing के लिए कुछ नुक्सान हुआ तो उस की ज़िम्मेदारी सरकार पर होगी। एक तरफ तो बड़े जोर से कहते हैं कि Grow More Food पर अमल किया जाए। अगर ऐसा नहीं किया गया तो वह जमीन Land Utilization Act के अधीन आ जाएगी।

आप ने कई तरह की स्कीमें अर्थात् embankment, drainage, water-logging की स्कीमें बनाई हैं, इस के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं। एक बार मेरे इलाके में चौधरी लहरी सिंह जो कि उस समय Irrigation Minister थे गए, वहां पर उन्होंने जा कर मौके पर हालात देखे थे वह देते तो कुछ नहीं थे, सब्ज बाग ही दिखाते थे। मैंने सोचा कि इन्होंने कुछ भी नहीं करना है और मैं वहां पर उन को छोड़ कर चला आया। मेरे इलाके के लोगों ने उस का नाम लहरी सिंह की बजाए नहरी सिंह रख दिया। वह हमेशा बातों से ही दूसरों की तसल्ली कराते थे। उन के सब्ज बागों से जनता तंग आ चुकी थी।

उपाध्यक्षा : वह सब्ज बाग नहीं बल्कि नक्शे दिखाते थे। (He not only made high sounding promises but also showed blue prints.)

सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों : ठीक है। मुझे उन के बारे में एक बात याद आ गई। जब चौधरी लहरी सिंह ने वहां पर जा कर हालात देखे तो लोगों से कहा कि long belt of tubewells water-logged area में लगवा दूंगा, वहां पर van भेज दूंगा ताकि सारा पानी पम्प के जरिए निकाला जा सके। वह केवल लोगों के सामने जबानी जमा खर्च ही करते थे ताकि लोगों को आश्वासन हो सके। वह practically काम कम ही करते थे ज़्यादा तर आश्वासन देकर ही काम चलाते थे। मैं चाहता हूं कि आप ऐसा न करें जैसा कि चौधरी लहरी सिंह किया करते थे? इस तरह से problems दूर नहीं होंगी बल्कि यह समस्या बढ़ती जाएगी। वह स्वयं देहली चले गए और आप यहां पर आ गए हैं यह मामला between Centre and State and between State and Centre हो गया है।

ਮੁਆਫ ਕਰਨਾ, ਚੌਧਰੀ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਪੰਜਾਬੀ ਬੋਲਦਾ ਬੋਲਦਾ ਮਹਿਜ਼ ਤੁਹਾਨੂੰ ਸਮਝਾਉਣ ਦੀ ਖਾਤਰ ਹਿੰਦੀ ਬੋਲਣ ਲੱਗ ਪਿਆ ਸੀ। ਮੈਂ ਆਪਦਾ ਹੋਰ ਵੀ ਮਸ਼ਕੂਰ ਹੋਵਾਂਗਾ ਜੇ ਆਪ ਇਸ ਮਸਲੇ ਵੱਲ ਖਾਸ ਧਿਆਨ ਦਿੰਦੇ ਹੋਏ ਇਸ ਨੂੰ ਛੇਤੀ ਤੋਂ ਛੇਤੀ ਨਿਪਟਾਉਣ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰੋ ਕਿਉਂਕਿ ਇਹ ਮਸਲਾ between the State and the Centre ਦਾ ਹੈ।

11.30 a. m.

चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक (सोनीपत) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज इस House के सामने Irrigation महिकमे की मुख्तिलफ किस्म की demands रखी गई है और उन पर बहस हो रही है। सरदार गुरदियाल सिंह ढिल्लों ने भी काफी कुछ कहा है हमारी Government ने "Punjab on the March" एक किताब छापी है उस को देखने से ऐसा मालूम देता है कि हमारी सरकार ने अपनी सारी ताकत पंजाब के किसानों की बेहतरी के लिए लगाई है। वास्तव में यह बात नहीं है।

[चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक]

इस किताब के अन्दर bright पहलू ही दिखाया गया है परन्तु दूसरे पहलू को बिल्कुल touch नहीं किया है। जैसा कि सरदार गुरदियाल सिंह ढिल्लों ने बताया है कि emergency की वजह से हमारे Irrigation Minister Sahib ने कई projects suspend कर दिए हैं और सवालों के जवाब में कहते हैं कि emergency के कारण शायद projects पूरे होंगे या कि नहीं। इस किताब में जिक्र किया गया है कि Gurgaon Canal Project को temporary तौर पर suspend कर दिया है, Sirhind feeder के बारे में भी ऐसा किया गया है। Emergency के वक्त जैसे फौज के जवानों की बहुत ज़रूरत होती है वैसे Agriculture और Industries की भी उतनी जरूरत होती है। मैं figures के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं अगर इस विषय में कोई कटु शब्दों का इस्तेमाल करूं तो ठीक न होगा। Punjab on the March जो किताब हमारी सरकार ने छापी है उस के 10 सफा पर लिखा है।

> "This project is to cost about Rs 175 crores out of which Rs 447.50 crores will be spent in the Third Plan".

इस Project के लिए 175 करोड़ रुपए का provision किया गया है और 447 करोड़ रुपए का Third Five-Year Plan में रखे गए हैं।

इस बारे में मुझे एक बात याद आ गई है। एक fellow वकील था जिसका नाम शेख इकरामुल्लहक था। वह Bar को जा रहा था उस को रास्ते में दो तीन औरतें मिलीं जो कपड़ा खरीद कर लाई थीं। उन्हों ने कहा कि आप पढ़े लिखे हैं आप हमारा हिसाब कर दीजिए, औरतों ने कहा कि हम $3\frac{3}{4}$ गज कपड़ा $3\frac{3}{4}$ आने फी गज से खरीद कर लाई हैं तो इस के कितने रुपए बनें हैं। वह वकील मुसीबत में पड़ गया क्योंकि उस को हिसाब नहीं आता था। उस ने कहा कि अल्लाह आगे भी पौन हैं और पीछे भी पौन हैं। उस ने बड़ी चतुराई से औरतों को पूछा कि आप किस से कपड़ा खरीद कर लाई हैं। तो औरतों ने दुकानदार का नाम बताया। उस ने कहा ठीक है वह दुकानदार बहुत इमानदार है उस ने ज़्यादा रुपए नहीं लगाए हैं। इस तरह वह पीछा छुड़ा कर चला गया। यही युक्ति हमारी सरकार पर लगती है अगर इन के बजट को देखा जाए तो हिसाब ऐसा ही लगता है। मुझे समझ नहीं आई कि इस के लिए 175 करोड़ रुपए अब provide किए गए और 447 करोड़ रुपए Third Five-Year Plan में खर्च के लिए क्यों रखे गए हैं ?

मैंने पहले भी अर्ज़ की थी कि हरयाणा की नहरों के अन्दर एक बूंद पानी की नहीं है, फसलें तबाह हो गई हैं। गेहूं की फसलों के लिए कम से कम 3 बार पानी चाहिए लेकिन उस फसल को एक बार भी पानी नहीं मिला है। ज़मीदार तबाह हो रहे हैं, कपास की फसलों के बारे में भी यही हालत है जिन ज़मीनदारों ने बीज बोए थे वह भी पानी न मिलने के कारण उगे नहीं और बाकी की फसलें पानी के न होने से तबाह हो गई हैं। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि 9 तारीख को हमारे प्रधान मन्त्री रोहतक तशरीफ लाए थे वहां पर लोगों ने पानी न मिलने की शिकायत की तो हमारे मन्त्री ने कहा कि 3 dam Jumuna

नदी पर लगाएं जाएंगे और इन की पानी की किल्लत दूर हो जाएगी। मैं अर्ज़ करूं कि वहां पर हज़ारों जमींदार खड़े हो गए। पानी की मांग की। कहा "पंडित जी, हमें पानी दो, हमारी फसलें सूख गई हैं"। पंडित जी नाराज़ हो गए। कहने लगे कि मेरी जेब में तो पानी नहीं है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, जिस सूबे में पानी की बाबत, नहरों की बाबत यह हालत हो और हमारे प्राइम मिनिस्टर भी यह जवाब दें तो वहां पर किसान जमींदार की क्या हालत हो सकती है? यही नहीं, 23 तारीख को साम्पले के अन्दर पंचायतों के सरपंचों की मीटिंग हुई, वहां पर शोर शराबा किया गया कि पानी न मिलने की वजह से हम बिल्कुल मर रहे हैं लेकिन पता नहीं कि हमारे वज़ीर साहिब यहां पर क्या करने के लिए बैठे हुए हैं। वैस्ट्रन जमुना कैनाल के अन्दर पानी बढ़ाना था सिरसा ब्रांच से लेकिन उसको connect कर दिया भाखड़ा से यानी पानी उधर switch over कर दिया। इसी तरह जगाधरी में 250 ट्यूब वैल्ज़ थे। उन से पानी मिलना था जमुना कैनाल को। लेकिन हमें तो पता नहीं कि क्या किया गया। अगर वही पानी वहां पर चला जाता तो वहां पर पानी की कमी कुछ हद तक दूर हो जाती। इसी तरह सुन्दर ब्रांच और भालट ब्रांच जो पैप्सू, जीन्द, रोहतक, हांसी के इलाके को सैराब करती हैं सन् 1953-54 में perennial बनाई गई थीं। उससे पहले वह non-perennial थीं लकिन आज फिर दुबारा non-perennial हो गई हैं क्योंकि उन में पानी तो जाता तक नहीं। इस तरह से जैसा कि मैंने अभी अभी बताया, सिरसा ब्रांच के पानी को switch over करके भाखड़ा के अन्दर supplement कर दिया। उसका भी हमारे इलाके को कोई फायदा नहीं हुआ, जगाधरी के ट्यूब वैल्ज़ को भी बन्द कर दिया लेकिन हरयाणा की ज़मीन को पानी नहीं मिला। पानी कहां चला गया? मैंने पहिले भी अर्ज़ किया था कि पानी दिया गया देहली की कोठियों और बाग़ात को। वहां तो चौधरी साहिब ने पानी भेज दिया लेकिन पंजाब के किसान भूखे मरते रहे। यह तो वही मिसाल हुई कि गधी तो मरी पड़ी, कुम्हार भाड़ा करता फिरे। पंजाब के किसान तो रोते फिरते हैं और चौधरी साहिब पानी के सौदे दिल्ली के साथ कर रहे हैं। डिप्टी स्पीकर साहिब, यू. पी. गवर्नमेंट पहिले देहली को पानी दिया करती थी 50 प्रतिशत basis पर। उन्होंने तो इनकार कर दिया कि हम इस पानी से किसानों को महरूम करके देहली के महलों, कोठियों और बाग़ात को नहीं दे सकते लेकिन इधर हमारे वज़ीर साहिब की सखावत देखिए कि यहां के किसान, जमींदार कराह रहे हैं, चिल्ला रहे हैं किसी को पानी नहीं मिलता और उधर देहली के लोगों को खुश किया जा रहा है।

इतना ही नहीं, डिप्टी स्पीकर साहिबा, जगाधरी के 250 ट्यूबवैल्ज़ की वजह से और वैस्ट्रन जमुना कैनाल के पानी को बढ़ाने से जो खुशहैसियती टैक्स लगना था उसको तो पास करवा लिया गया। उसका नतीजा यह हुआ कि एक एकड़ नेशकर की फसल पर $37\frac{1}{2}$ रुपए खुशहैसियती टैक्स देना पड़ता है। पहिले तो इतना जुल्म कि पानी दिया नहीं और टैक्स लगा दिया और उसपर भी तुर्रा यह कि अब पांच रुपए और बढ़ा दिए हैं। कहने का मतलब यह कि टैक्स तो उगरा लिया जाता है, लेकिन पानी दिया नहीं जाता। पानी के लिए तो ज़मींदार कराह रहे हैं उन की बात पर कान नहीं धरे जाते और वसूली के

[चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक]

लिए जमींदारों की नाश को भी चाटा जाता है। महकमा के दाम तो खरे हो जाते हैं लेकिन बिना पानी दिए खुश हैसियती टैक्स, श्राबयाना, सब कुछ वसूल किया जाता है। इस तरह से, डिप्टी स्पीकर साहिबा आप अन्दाज़ा लगाएं कि हालत बहुत खराब हो चुकी है। जब मनिस्टर साहिब इधर उधर देहातों और गांव के अन्दर गए तो उन के नोटिस में यह सब बातें आई कि पीने के लिए पानी नहीं, नहर के अन्दर खेतों में देने के लिए पानी नहीं। यहां तक कि गांव के अन्दर ponds जौहड़ भी सूखे पड़े हैं, जानवरों तक को पीने के लिए पानी मुयस्सर नहीं होता। अगर पानी दिया भी जाता है, तो किस वक्त ? डिप्टी स्पीकर साहिबा, जैसा कि सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों जी ने बताया, जब floods आए हुए हों, जब बारिश हो रही हो तो उस वक्त उधर तुगयानी आई हुई तो तब यहां पर पानी को छोड़ा जाता है। गोया जब आगे ही लोग मुसीबत में मुबतला होते हैं बजाय उन्हें राहत दिलाने के उन्हें पानी में डुबाने के लिए और पानी छोड़ दिया जाता है। जब पानी की ज़रूरत होती है, बारिश भी नहीं होती उस वक्त पानी को दूसरी तरफ divert कर दिया जाता है। सचमुच इस बात को कहते हुए मुझे निहायत अफसोस होता है कि floods में डुबोने के लिए तो हमारे इलाकों के जमींदारों को पानी दिया जाता है लेकिन पीने या फसलों को पानी देने के लिए नहीं।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह हालत है। क्या अर्ज़ करूं। कहना पड़ेगा कि वज़ारत में शामिल होकर आदमी के दिमाग का तवाज़न कुछ ठीक सा नहीं रहता। मेरे से पहिले बोलने वाले साथी ने irrigation पर बोलते बोलते ज़िक्र कर दिया रक्षा दल का। अब क्या होगा। आप इस बात को नोट कर लें कि अगर्चि चौधरी साहिब का महकमा तो Irrigation का है लेकिन जब जवाब देंगे तो अपने महकमें को छोड़कर रक्षा दल पर बोलना शुरू कर देंगे क्योंकि उन का कुछ रवैया ऐसा है, उन को ऐसा ख्याल है कि जैसे सारी हकूमत का बोझ चौधरी साहिब पर ही हो। मुझे एक मिसाल याद आ गई। आप के यहां तो शायद उसे टटीहरी कहते होंगे। वह रात को टांगें ऊपर करके सोती है कि कहीं आसमान नीचे न गिर जाए। सो ऐसे मालूम होता है जैसे सारी हकूमत का दर्द चौधरी साहिब ने अपने ज़िम्मे ले लिया है। कोई और होता तो हमारे इलाके को पानी मिल जाता, इन के होते हुए भी इस इलाके को बिल्कुल नज़र अन्दाज़ किया गया है। शायद चौधरी साहिब किसी ग़ैबी दुनिया में परवाज़ करते हैं। उन का जहाज़ भी चलता है। नेफा और लदाख में गए। कीमत का पता नहीं हज़ारों की बताते हैं। (*interruptions*) (Bell) डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं पानी की बाबत ही अर्ज़ करना चाहता था कि पानी तो हमें मिलता नहीं लेकिन बातें यहां पर कई किस्म की की जाती हैं।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, जैसा कि ढिल्लों साहिब ने फरमाया, मैं महकमे की दूसरी बातों के अन्दर वक्त की कमी की वजह से ज़्यादा नहीं जाना चाहता। मगर हालत यह है कि मोरी की बाबत शिकायत करनी हो तो जाना पड़ता है अफसरान के पास, अगर मोगे के बारे में करनी हो तो जाना पड़ता है अफसरान के पास। इस मोरी और मोगे की बात को भी जाने दीजिए जब ये अफसर लोग गांव में पहुंचते हैं, वहां पर चन्दा इकट्ठा करते हुए चलते हैं। ज़िलेदार पटवारी को साथ लेकर बैठक में बैठ जाते हैं और वहां वाराबन्दी के

लिए सौदेबाज़ी होती है। सौदेबाज़ी के बगैर एक कदम आगे नहीं उठाया जाता हालांकि पंचायत ऐक्ट के मुताबिक पंचायतें वाराबन्दी कर सकती हैं लेकिन फिर भी वही लोग वहां वाराबन्दी करने के लिए जाते हैं और यह काम जो कि पंचायतें खूब अच्छे तरीके से करवा सकती हैं, पैसा लेकर फैसले करवाए जाते हैं। कितनी बुरी हालत है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं तो Vigilance Department को भी कोसा करता हूं कि तुम आते हो और किसी अहलमद, किसी सिपाही या पटवारी को पकड़ लेते हो लेकिन जहां पर डाके डाले जाते हैं, दिन के वक्त डाके डाले जाते हैं Irrigation और P. W. D. के महकमों में वहां पर तुम कदम नहीं रखते जहां पर इस कदर अन्धेरगर्दी मची हुई है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज ही P.A.C. की एक रिपोर्ट हमें मिली है। उसमें इन अफसरान की inefficiency की हालत का खुले लफ्ज़ों में ज़िक्र किया गया है। बताया गया है कि किस कदर misappropriation होती है। सिर्फ S.D.Os. का ही कसूर नहीं higher officers का भी बहुत भारी कसूर है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, कुंडली गांव के पास से Drain No. 8 निकाली गई। वहां पर जमीन का लैवल जमना के लैवल के 8 फुट नीचे था। डिपार्टमैंट को बारहा कहा गया, कोई बात न मानी। देहली गवर्नमैंट को इस सिलसिले में represent किया गया। उन के इंजीनियर्ज़ वहां आए। उन्होंने खुद देखा कि कुंडली गांव जमना के लैवल से आठ फुट नीचे है। लेकिन फिर भी जिद करके वहां से ड्रेन को निकाला गया और नतीजा यह हुआ कि सैंट्रल गवर्नमैंट को personal level पर interference करके उसको वहां पर बन्द करने का फैसला करना पड़ा, जिस पर चार मील का चक्कर देकर निकालने के लिए दो लाख रुपया खर्च हो चुका था। लेकिन हालत इतनी बुरी है कि उन जमींदारों की ज़मीन जिसे लेकर उस में गढ़े खोद दिए हैं और drain खोद दी है, उस ज़मीन का आज तक उन्हें मुआविज़ा नहीं दिया गया। उस के लिए मैं चौधरी रणबीर सिंह साहब से अर्ज़ की थी कि कुंडली गावों वाले अभी तक मारे मारे फिर रहे हैं उन्हें उन की ज़मीन का मुआविज़ा नहीं मिला। उन्हें मुआविज़ा दिलाया जाए। तो इस पर इन्होंने कहा कि हां उन के साथ ज़्यादती हो रही है। मैं कोशिश करूंगा। डिप्टी स्पीकर साहिबा, ज़मीदार लोग दफा 40 के तहत गवर्नमैंट को notice देते हैं लेकिन हमारी गवर्नमैंट इस की परवाह नहीं करती। इस का नतीजा यह होता है कि वे civil suits कर देते हैं जिस की degrees सरकार के खिलाफ हो जाती है और सरकार को खाहमखाह ज़ेर बार होना पड़ता है और घाटा उठाना पड़ता है। जैसा के Supplementary Demands पर उस दिन बोलते हुए मैं ने अर्ज़ की थी कि एक ज़मीन की कीमत इन्होंने कम assess की थी उस का नतीजा यह हुआ कि court ने इन के खिलाफ degree दे दी थी और पौने दो लाख रुपया उस ज़मीन की रकम का interest के तौर पर गवर्नमैंट को देना पड़ गया था। यह हालत है इन की efficiency की। नौ महीने हो गए हैं दफा 40 के तहत उन्होंने सरकार को notice दिया हुआ है लेकिन आज तक इन से किसानों के notice का जवाब नहीं दिया गया। हालात बहुत खराब हैं। फिर यह कहते हैं कि हम efficiency बढ़ा रहे हैं। Efficiency का ढोल पीटा जाता है। Public Accounts Committee ने अपनी इस

[चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक]

report में point out किया हुआ है कि S. D. O. के अलावा दूसरे बड़े अफसर भी इन चीजों के लिए जिम्मेवार हैं। उन्होंने सिर्फ एक जगह पर ही यह चीज़ नहीं लिखी बल्कि जगह जगह पर इस report में लिखी है। यहां पर लिखा है --

> "The Committee feel that not only the Executive Engineer who prepared the design but also those senior officers who approved it, were responsible for the defective designing. The Committee, therefore, recommend that suitable action be taken against all those who were responsible for the defects which led to the damage under intimation to the Committee."

तो डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि P.A.C. की यह जितनी report है इस में हरेक point पर उन्होंने बड़े से बड़े अफसरान पर जिम्मेदारी डाली है।

इस के अलावा मैं अर्ज़ करता हूं कि जब वज़ीर साहिब से ज़िक्र करते हैं और पूछते हैं कि क्या हमारे इलाके में नहर चलेगी या drain खोदी जाएगी तो यह जवाब देते हैं, yes, subject to the availability of funds. उस वक्त तो कह देते हैं हां नहर आएगी, या drain खोदी जाएगी, लेकिन बाद में "subject to availability of Funds" के लफ्ज़ साथ लगा देते हैं। और जब funds के लिए कहते हैं तो कह देते हैं कि अगर भगवान ने चाहा तो funds भी मुहैया हो जाएंगे। उस वक्त भगवान को बीच में ले आते हैं और उस का आसरा ले लेते हैं। इन की यह बात मेरी समझ में नहीं आती जब इन्होंने काम कुछ करना नहीं होता तब कह देते हैं कि काम तो होंगे लेकिन subject to the availability of funds. Emergency की वजह कर के काम तो suspend हो गए हैं लेकिन नई नई posts create करने पर सारा रुपया खर्च कर देते हैं। Schemes तो बना ली जाती हैं और उन के लिए रुपये की provision भी बजट में कर दी जाती है मगर वह स्कीमें कागज़ों पर ही रहती हैं लेकिन तमाम रुपया establishment पर खर्च कर दिया जाता है। अभी ढिल्लों साहिब ने water-logging के बारे में ज़िक्र किया था और कहा था कि हमारी सरकार उसे दूर करने के लिए स्कीमें बना रही है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज हालत यह है कि पंजाब के अन्दर 50 per cent से ज़्यादा land water-logging की वजह से खराब हो गई है। इस को दूर करने के लिए जगह जगह पर नाले तो खोदे गए हैं लेकिन उन पर कोई पुल नहीं बनाया जाता। उन पर क्योंकि पुल नहीं बनाए गए इस कारण से वहां से गुज़रने में लोगों को बहुत तकलीफ होती है। जब औरतें पानी में से होकर गुज़रती हैं तो उन्हें देखने के लिए वहां मर्द खड़े हो जाते हैं। इस तरह से उन औरतों की बहुत बेइज्ज़ती होती है। उस की एक वजह यह है कि हमारी तरफ औरतें आम तौर पर घगरा पहनती हैं। उन औरतों को नैशकर की फसल काट कर लाने के लिए उस drain में से गुज़र कर जाना पड़ता है। अगर वह उस के बीच में से न गुज़र कर जाएं तो उन्हें दो मील का चक्कर काट कर आना जाना पड़ता है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं यह तमाम हालत चौधरी रणबीर सिंह के notice में लाया था और उन्हें बताया था कि हमारी बहूबेटियों की वहां यह हालत हो रही है। वहां पर नहरें और नाले खुदवाए गए हैं लेकिन उन पर से गुज़रने के

लिए पुल नहीं बनवाए गए। तो इस से आप अन्दाज़ा लगा सकते हैं कि इस Department के ज़रिए क्या हो सकेगा और क्या न हो सकेगा। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं तो हैरान हुआ इस चीज़ को देख कर कि किस तरह से हमारी हकूमत इस के अन्दर काम कर रही है और किस तरह से ज़मींदारों पर ज़ुल्म हो रहा है। वैसे तो यहां पर democracy का बड़ा ढोल पीटा जाता है। कल पंडित मोहन लाल जी दत्त ने ठीक कहा था कि यह (Treasury Benches वाले) criminals बैठे हैं और हम छोटे criminals हैं। और इस democracy में 11 महीने तो इन के हिस्से आए हुए हैं जो इन की मर्ज़ी आती है करते रहते हैं और एक महीना हमें दे दिया गया है जिस में हम ने इन के काले कारनामों को नंगा करना होता है जिस के लिए इन की तरफ से कहा जाता है कि हम बकवास कर के चले जाते हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह अलफाज़ हैं इन के जो यह Opposition वालों के लिए इस्तेमाल करते हैं। इस तरह से यह नंगा नाच दिखा कर democracy का खून कर रहे हैं।

उपाध्यक्षा : यह दोनों लफ्ज़ जो आप ने अपने ही लोगों के लिए कह दिए हैं यह bad taste में है। इन को आप वापस ले लीजिए। (It is not in good taste for the hon. Member to use such words for his own colleagues. I would request him to withdraw both these words.)

चौधरी मुख्तियार सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप के हुक्म से मैं इन्हें फौरन वापस लेता हूं। लेकिन मैं एक बात ज़रूर अर्ज़ करता हूं कि जब हमें इन की करतूतें आप के सामने रखते हैं तब आप कहती हैं कि उस वक्त आप कहां थे जब यह भाई यह चीज़ें कर रहे थे। जैसा के मेरी बहन श्रीमती सरला देवी जी ने कह दिया कि वहां मिनिस्टर साहिब ने दस नम्बर के बदमाश का नाम कटवा दिया तो आप ने कह दिया कि उस वक्त आप कहां थी तुम भी तो उस के पीछे होंगी। क्या करें डिप्टी स्पीकर साहिबा, हम जब यहां आए थे तो दिमाग तो किसी का खराब था, उन के साथ हमारा भी खराब हो गया है। वहां अपनी वकालत करते थे और अच्छे भले पैसे कमा रहे थे मगर यहां तो पागल से हो रहे हैं। जैसा के कल पंडित जी ने कहा था।

फिर डिप्टी स्पीकर साहिबा, कहते हैं कि हमारी पार्टी की हकूमत है क्योंकि हम majority में हैं। मैं इन से पूछता हूं कि क्या democracy का मतलब यही है? आप भी point out करते हैं और स्पीकर साहिब भी point out करते हैं लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकलता। इस पर मुझे एक शेर याद आया है —

बना कर फकीरों का हम भेस ग़ालिब,
तमाशाए अहले हरम देखते हैं।

क्या यह democracy है जिस में मिनिस्टर बाहर देहात में जा कर लोगों को धमकियां देते हैं। चाहे यह Temporary Taxation के सिलसिले में गए, चाहे इस emergency के हालात में गए हैं वहां लोगों को धमकियां देते रहे हैं और कहते रहे हैं कि जिस ने हाथ हिलाया उस का हाथ काट दिया जाएगा और जिस ने आंख दिखाने की जुरअत की उस की आंख निकाल लेंगे। डिप्टी स्पीकर साहिबा, न तो

[चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक]

किसी के हाथ हिलाने का सवाल है और न किसी के आंख दिखाने का सवाल है लोग बेचारे तो कुछ नहीं करना चाहते। मैं इन से अर्ज़ करना चाहता हूं कि फिर यह उन से क्यों लड़ते हैं। अगर लड़ना है तो चीन से जा कर लड़ें। वहां पर तो बहादुर शाह की फौजों वाली बातें करते हैं कि तालियां बजाएंगे और दुशमन भाग जाएगा, उन को क्यों धमकियां देते हो? क्या इस लिए क्योंकि उन्होंने कांग्रेस को राए नहीं दी थी.........

उपाध्यक्षा : कभी आप ने इन्हें ऐसे कहते सुना है ? (Has the hon. Member ever heard them say so ?)

चौधरी मुख्तियार सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह आम तौर पर कहते रहते हैं कि यह हाथ काट देंगे और आंखें निकाल देंगे। मैं इन्हें कहता हूं कि कौन हाथ उठाता है और कौन आंखें दिखाता है। क्यों बेचारे लोगों को धमकियां देते हो

(*Interruption by Sardar Harchand Singh*)

मैं मिनिस्टर साहिब को बताना चाहता हूं कि अब उन के पीछे भी C.I.D. लगी हुई है। C.I.D. is a bad omen. चौधरी लहरी सिंह के पीछे C.I.D. लगी थी उन का क्या बना, फिर राम्रो वीरेन्द्र सिंह का क्या हुआ। उस का क्या इन्हें पता नहीं। तीसरे थे प्रोफैसर शेर सिंह। उस की लांगड़ भी हम ही सम्भालते फिरते थे। चौथे आप हैं। बीच में राड़ेवाला साहिब आ गए थे मगर वह तो कान को हाथ लगा गए हैं कि इस महकमा के नज़दीक नहीं जायेंगे। यहां तो वही सिकन्दर वाला हाल है :

ऐ सिकन्दर न रही तेरी भी आलमगीरी,
कितने दिन आप जिया किस लिये दारा मारा।

इस महकमें में तो जो आता है उस का यही हाल होता है। तो चौधरी साहिब, गरीबों की हालत देखिये, उन की हालत पर तरस खाइये, उन के काम करिये। उन को जो पानी की दिक्कतें हैं वह दूर कीजिये। दिल्ली को पानी देना बन्द करें। मुझे वह इकबाल का शेअर याद आता है :

रहमतें होती हैं तेरी अग़यार के काशानों पर,
बर्क गिरती है तो बेचारे मुसलमानों पर।

(तालियां)

मैं कहता हूं कि बर्क गिरती है तो बेचारे किसानों पर। (तालियां) आप का शुक्रिया।

श्री सुरेन्द्र नाथ गौतम : On a point of order। हम कई दिन से आप से टाइम मांग रहे हैं कि हमें पांच दस मिनट ही दिये जाएं। आप ने वायदा भी किया था कल भी और परसों भी।

उपाध्यक्षा : आप को 20 मिनट दिये जाएंगे। (The hon. Member will be given 20 minutes to speak.)

राव निहाल सिंह (जातुसाना) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आप का बहुत मशकूर हूं जो आप ने मुझे बोलने का वक्त दिया है। आप की मार्फत मैं कुछ अपने इलाके की बातें मन्त्री महोदय की सेवा में निवेदन करना चाहता हूं।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, जातुसाना Constituency में 22 ट्यूबवैल्ज़ के लिये पंजाब सरकार ने मन्ज़ूरी दी थी। इन में से 8 लग चुके हैं मगर बाकी नहीं लगाए गए। मशीनरी वहां पर पिछले साल पड़ी रही मगर बावजूद दरखास्तों के और पैसे का provision होने के यह नहीं लगाए गए। नतीजा यह है कि वहां के लोग यह महसूस करने लग गए हैं कि जब तक तो उनके इलाके का वज़ीर रहा वहां पर काम भी होते रहे मगर यूं ही वहां का वज़ीर न रहा वहां पर काम भी रुक गए। ऐसा impression लोगों में नहीं रहने देना चाहिए और यह ट्यूबवैल्ज़ लगा दिये जाने चाहिएं।

बिजली के बारे में अर्ज़ है कि इस की schemes पहले अलग हुआ करती थीं। चौधरी साहिब ने यह कहा था कि 11 के. वी. लाइन के आधा आधा मील के अन्दर अन्दर ही बिजली दी जावेगी वैसे नहीं। मैं इन को बताना चाहता हूं कि न तो वहां पर गांवों को पहली स्कीम के मुताबिक ही बिजली मिली और न ही इस नई स्कीम के तहत। 21 जनवरी को चौधरी साहिब गांव जहीना में गए थे। यह गांव पहले प्रौजैक्ट में था। वहां पर इन्होंने वायदा किया था कि एक महीने के अन्दर अन्दर बिजली पहुंच जावेगी मगर आज दो महीने हो गए हैं वहां पर बिजली नहीं गई।

कुछ मैं बिजली के महकमे के काम करने के ढंग के बारे में भी कहना चाहता हूं। इन के जो Line Superintendents होते हैं वह महीना महीना अपने headquarters से गैरहाज़िर रहते हैं। मुझे यह बात आप के नोटिस में लाते हुए अफसोस होता है कि उन के खिलाफ शिकायत करने पर भी action नहीं लिया जाता। एक लाइन सुपरिन्टैंडैंट अपने हैडक्वाटर्ज से आठ दस दिन गैरहाज़िर रहा। उतने दिन बिजली बन्द रही। आप जानते हैं कि जिस किसान के खेत को इतने दिन पानी न मिले उस को कितना दर्द होता है। किसान मेरे पास आए। मैं ऐस. डी. ओ. के पास गया। मैं ने कहा कि आप का लाइन सुपरिन्टैंडैंट 8 दिन से मौजूद नहीं है। उस ने कहा कि मैं उस के खिलाफ कोई action नहीं ले सकता। जब मैं X.E.N. को मिला तो उस ने भी यही कहा कि हम उस के खिलाफ ऐक्शन नहीं ले सकते। मैं बड़ा हैरान हूं कि इतने छोटे मुलाज़मों के खिलाफ भी जब कि वह कसूरवार हों ऐक्शन नहीं लिया जाता।

अब मैं थोड़ा सा रिवाड़ी लिफ्ट इरीगेशन स्कीम का जिक्र करना चाहता हूं। यह तो वही मामला है कि आंख का अन्धा नाम नैन सुख। इस स्कीम का नाम तो है रिवाड़ी लिफ्ट इरीगेशन स्कीम मगर इस में सिर्फ 8 गांव रिवाड़ी के आते हैं। इस स्कीम के तहत 5 पम्पिंग पावर हौसिज़ बनने थे। एक तो मुकम्मल हो चुका है, दूसरा बन रहा है। बाकी के मुताल्लिक भी दरख्वास्त है कि उन को भी जल्द से जल्द मुकम्मल किया जाए। और रिवाड़ी के जो दूसरे गांव हैं उन को भी पानी पहुंचाने का प्रबन्ध किया जाए।

गुड़गांव कैनाल का मुझ से पहले भी जिक्र आ चुका है। इस प्रोजैक्ट पर 75 लाख रुपये सरकार खर्च कर चुकी है। मगर उस के बाद यह कहा गया कि emergency होने की वजह से इस काम को बन्द कर दिया गया है। मैं बताना चाहता हूं कि इस स्कीम का काम बड़ी तेज़ी से हो रहा था मगर जबकि पूरा होने को था तो इस को बन्द कर दिया गया लाखों रुपया का जो सामान वहां पर पड़ा था वह रातो रात उठा लिया गया। इस सिलसिले

[राव निहाल सिंह]

में सरकार को लाखों रुपये का नुकसान भी उठाना पड़ा है। तो सरकार से मेरी प्रार्थना है कि जब इस स्कीम पर पहले ही 75 लाख रुपया खर्च हो चुका है तो बाकी भी इस काम को पूरा किया जाए। चाहे इस के लिये आप को Supplementary Demands में ही पैसा मांगना पड़े। इस से जहां सरकार को भी फायदा होगा वहां उस इलाके के लोगों का भी बहुत फायदा होगा।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह बड़ी खुशी की बात है कि पिछले कई सालों से इस महकमे का इन्चार्ज मन्त्री हरयाणे के इलाके का होता है। (विघ्न) हमें जब कभी अपनी शिकायतों के बारे में चीफ मिनिस्टर साहिब से बात करने का मौका मिलता है तो वह कह देते हैं कि देखो भई मैं ने तो यह महकमा ही तुम्हारे इलाके के आदमी को दे रखा है आप उन के पास अपनी तकलीफ बयान करो। तो मैं अर्ज़ करूं कि अगर हरयाणे के इलाके का वज़ीर होने के बावजूद उस इलाके के लोगों को पानी न मिले, बिजली न मिले तो यह कितने अफसोस की बात है। हरयाणे का वज़ीर अगर वहां पर नहर नहीं पहुंचा सकता तो यह तो कर सकता है कि उस इलाके में बिजली top priority के basis पर पहुंचाने की कोशिश करें ताकि उस बैकवर्ड इलाके का भी कुछ भला हो सके। आप का शुक्रिया।

उपाध्यक्षा : देखिये मेरी आप सब साहिबान से दरखास्त है कि जब बत्ती की ज़रूरत ना हो तो इसे बुझा दिया करें। यह हमारी बदकिस्मती है कि हमें बिजली की रोशनी में बैठना पड़ता है। जब ज़रूरत न हो तो बुझा दिया करें ताकि यह वेस्ट न हो। (The hon. Members may put off the light when no longer required. It is our misfortune that we have to work in artificial light. This may be put off when not required to avoid waste.)

पंडित चिरंजी लाल शर्मा (गनौर) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस वक्त Irrigation की डिमांड ज़ेरे गौर है और मेरे से पहले बोलने वाले भाइयों ने, खास तौर पर चौधरी मुख्तियार सिंह और चौधरी निहाल सिंह ने अपने इलाके के बारे में जो grievances हैं वह हाउस के सामने रखे। मैं भी उनके साथ अपने आपको शामिल करता हूं।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, 12 तारीख को इस सदन में General Administration पर बोलते हुए मैंने कुछ आंकड़े रखे थे, अब आपकी इजाज़त से कुछेक इस irrigation डिमांड के बारे में भी दुहराना चाहता हूं।

हमारा हिन्दी रिजन का रकबा 27,323 मुरब्बा मील है और ज़ेरे आबपाशी जो ज़मीन है वह है 27 लाख एकड़। जबकि पंजाबी रिजन में रकबा 19,981 मुरब्बा मील के लगभग है लेकिन ज़मीन है 50 लाख एकड़ जो ज़ेरे आबपाशी है। और अगर percentage ली जाए तो 48 प्रतिशत पंजाबी रिजन के अन्दर है और हिन्दी रिजन के अन्दर सिर्फ 32 प्रतिशत। इससे अन्दाज़ा लगाया जा सकता है कि पंजाबी रिजन से रकबा

तो हमारा डेढ़ गुना है लेकिन percentage कम है। अगर आप इजाज़त दें तो मैं ज़िलेवार percentage रखूंगा।

		प्रतिशत
हिसार	..	30.5
रोहतक	..	31.1
गुड़गांव	..	9.9
करनाल	..	38.0
अम्बाला	..	8.7
और पंजाबी रिजन में		
जालंधर	..	61.2
लुधियाना	..	61.1
फीरोज़पुर	..	65.9
अमृतसर	..	85.4

यह है percentage में अन्तर जो irrigation से ताल्लुक रखती है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह figures देख कर कहना पड़ता है कि दिये तले अंधेरे वाली बात है। क्योंकि इस डिपार्टमैंट का जो भी वज़ीर रहा है, वह हमारे इलाका का ही रहा है। एक मुद्दत से यह होता रहा है। सब से पहले मरहूम चौधरी सर छोटूराम, एक साल के लिए चौधरी टीकाराम, उसके बाद चौधरी मुहर सिंह, चौधरी लहरी सिंह, प्रोफेसर शेर सिंह, राव बीरेन्द्र सिंह, यह सब हमारे इलाके को belong करते हैं लेकिन पता नहीं क्या बात है कि इन्होंने भी इधर ध्यान नहीं दिया। कुछ अर्से के लिए सरदार ज्ञान सिंह राड़ेवाला साहिब भी वज़ीर रहे हैं, उन्होंने तो मुंह फेर कर भी उधर नहीं देखा। अब हमारे भाई चौधरी रणबीर सिंह इसके मिनिस्टर हैं। लेकिन जब आंकड़ों की तरफ देखता हूं तो अफसोस होता है। एक हमारा ही मिनिस्टर हो, इतना अच्छा department हो, जो अपने area को चाहे तो स्वर्ग बना सकता है लेकिन नहीं, वह बेबस है, मजबूर है, ऐसा नहीं कर पाता। डिप्टी स्पीकर साहिबा यह जानकर बड़ा दुःख होता है। 1963-64 का New Expenditure जो supply किया गया है, इसमें कुछ figures दिए हैं।

Western Jumna Canal Remodelling Project जिस पर 3 लाख 24 हज़ार की डिमांड रखी गई है। इसके पेज 150 पर दिया है, मुझे इजाज़त दें तो मैं पढ़ के बतलाना चाहता हूं।

"Western Jumna Canal Remodelling Project—

The Western Jumna Canal is the oldest canal in the State which takes off from Tajewala Head-works and irrigates Rohtak District as well as very dry tract. The rainfall in this district is scanty and uncertain. If this is sufficient to encourage barani sowings in some areas, there is little maturing of the crops. Hot winds and sand storms are characteristic of the area particularly in pre-monsoon period. The sub-soil water is also generally low. The land is fertile and inhabitants are hardy, but only the rainfall is precarious and spring level too low to permit of a thriving agricultural population.

Due to these factors, the inhabitants of the area suffered considerably from famines in the past and the Government had to incur heavy expenditure.

Although canal irrigation has provided considerable relief yet the areas served by this canal are in dire necessity of additional supply".

[पंडित चिरंजी लाल शर्मा]

डिप्टी स्पीकर साहिबा, एक स्कीम कागज पर बनाई गई है। यह First Five-Year Plan में थी, Second Five-Year Plan में थी और अब Third Five-Year Plan में लगभग 3 साल गुज़र गए हैं। यानी 13 साल से एक स्कीम बनती है, Budget sanction होता है, remodelling के लिए हर साल रुपया reserve किया जाता है लेकिन उसको उठाकर अमृतसर में और गुरदासपुर में खर्च कर दिया जाता है और हमारे इलाके के आदमी मुंह बाए खड़े रह जाते हैं। मैं चौधरी साहिब से पुरज़ोर अपील करता हूं कि इन चीज़ों की तरफ ध्यान दें। जब सर कटवाने में, कुर्बानी देने में, या फौज में भर्ती होने का वक्त आता है तो हिसार जिला first आता है, शहीद झज्जर के होते हैं और जब पानी का वक्त आता है तो उस देश की सरकार, जिसके लिए लोग कुर्बान हो जाते हैं, वह इन इलाकों को पानी सबसे कम देती है। बस उल्टे बांस बरेली वाली कहावत चरितार्थ होती है।

मेरे पास Public Accounts Committee की रिपोर्ट है जो अभी मिली है, मैं देख नहीं सका लेकिन मैं वज़ीर साहिब का ध्यान उस ओर दिलाना चाहता हूं कि आपके इस महकमे के अन्दर किस तरीके से रुपए को बर्बाद किया जाता है। और अगर अफसरान बाला इस तरफ ध्यान दें तो पंजाब की जनता को जो टैक्स देने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उससे बचाया जा सकता है।

पहिले सफा पर ज़रा रिपोर्ट का मुलाहिज़ा हो......

" *Public Works Department*

(Irrigation Branch)

Audit has pointed out that the amount of arrears of water rate as on the 31st March, 1961, stood at Rs 1.37 crores. This amount did not include information in respect of six divisions, as it had not been recived by Audit".

It has been further stated :

"The departmental representative stated in the course of evidence that the amount of arrears at the end of December, 1962, stood at Rs 1,14,60,725.......

The Committee recommend that effective measures may be adopted to effect recoveries of outstanding dues."

डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह $1\frac{1}{2}$ करोड़ रुपए की रकम बहुत माकूल रकम है, अगर इसकी in time recovery हो जाए तो पंजाब की जनता taxes से बच सकती है।

इसके अलावा एक बात का और मुलाहिज़ा फरमाइये कि 56 tube-wells drill किए गए जिन पर 4 लाख 9 हज़ार रुपए खर्च किया गया, लेकिन हालत क्या है? 56 के 56 defective हैं।

A Committee of three Executive Engineers was appointed to peep into the matter. उसके बाद S.D.O. और Sectional Officer को कसूरवार ठहराया गया लेकिन इस कमेटी ने कहा है कि --

> "....That most of the tube-wells were out of verticality in excess of the tolerance limit of 1½" due to failure to check the verticality of the tube-wells at any stage of drilling........
>
> The Sub-Divisional Officer who drilled 51 of the 56 defective tube-wells was also responsible for the irregularities referred to in para 22 of the Audit Report......
>
> The Committee feel hesitant to accept the version of the Committee of the Executive Engineers to the effect that the entire fault lay with the Sectional Officer and the Sub-Divisional Officer. Since the works in progress, as stated by the departmental representative, were inspected by different Executive Engineers on a number of occasions, the Committee are inclined to feel that the fault lay with the Executive Engineers as well ...."

मैं कहना चाहता हूं कि अगर बाड़ ही खेत को खाए तो खेत का क्या होगा, 3 Executive Engineers की कमेटी मुकर्रर की गई और उस कमेटी ने S.D.O. तथा Sectional Officer पर कुल्हाड़ा मारा P.A.C. ने कहा कि Executive Engineers भी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते क्योंकि Executive Engineers on a number of occassion inspected the works and the fault lay with the Executive Engineers as well. मैं वज़ीर साहिब से अर्ज़ करना चाहता हूं कि वास्तव में कसूरवार को सजा मिलनी चाहिए। इस के बारे में वज़ीर साहिब जांच पड़ताल करें। 56 tube-wells पर May, 1956 से June, 1958 तक Government ने 4.09 लाख रुपए drilling पर खर्च किए और पंजाब के अन्दर 1,236 tube-wells लगाए तो आप अन्दाजा लगाएं कि कितने रुपए ज़ाया किए गए होंगे। मैं चाहता हूं कि ऐसे officers को discourage किया जाए। यह मैं मानता हूं कि आजकल देश में Emergency आई हुई है और emergency के दौरान Agriculture, Development को बढ़ाया जाना चाहिए और इस काम को top priority basis पर चलाना चाहिए।

दफा 80 के नोटिस के बारे में चौधरी मुख्त्यार सिंह, एम. एल. ए. ने भी इस सदन में बताया है कि दफा 80 के notices को किस तरह से ignore किया जाता है।

Inefficiency in the Administration should not be tolerated.

मैं ने Irrigation Minister Sahib को D.O. लिखी और उन्होंने acknowledge भी की थी। श्री Chand Behari Lal, Advocate, Delhi ने 11 सितम्बर, 1962 को नोटिस जेर दफा 80 C.P.C. M/s Mohan Lal, Harish Chandra, Ishwar Chander, residents of Kundi, Tehsil Sonepat दिया कि drain No. 8 की वजह से हमारी खराब हुई जमीन का Compensation दिया जाए। आज तक महकमा की तरफ से कोई जवाब नहीं आया है।

In spite of the fact that I personally requested the Secretary, Irrigation Department, and the Deputy Secretary, Mr. Mahajan, who happened to be present in a meeting of the Committee on Subordinate Legislation on which I was presiding on the 24th January, 1963 yet the said notice has not been acknowledged so far. P.A.C. और Estimate Committee की रिपोर्ट में भी Section 80 C.P.C. के notice ignore किए जाने की निस्बत Government को condemn किया है।

[पंडित चिरंजी लाल शर्मा]

It is imperative on the Government that receipt of notices under section 80, C.P.C. should be acknowledged with 60 days.

लेकिन मैं कहता हूं कि claims जो genuine या frivolous हो 60 दिन के अन्दर जवाब दिया जाना चाहिए। अफसरों का कुछ खर्च नहीं होता। 3 मिनिट का काम होता है Executive Engineer को तो सिर्फ dictation देनी पड़ती है, अगर parties को वक्त पर जवाब चला जाए तो उन की तसल्ली हो जाती है, और unnecessary litigation and expense के भार से सरकार बच जाती है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, Irrigation Booking Clerks अर्थात नहर के पटवारी और माल के पटवारी की तनखाहों में काफी फर्क है। पिछले बजट में माल के पटवारियों की तनखाहें बढाई गई थीं जब कि नहर के पटवारियों की तनखाहें नहीं बढाई थीं इस से उन को बड़ा धक्का लगा। इस का नतीजा यह हुआ कि वह दिल लगा कर अपने काम को नहीं करते, एक नहर के पटवारी के हल्के में 8--10 गांव होते हैं। उस को हर पानी दिए हुए खेत की मौके पर पड़ताल कर के गिरदावरी करनी पड़ती है। इस के विपरीत माल के पटवारी को दो गांव होते हैं, इस के साथ नहर के पटवारी की तनखाह कम है। इस का नतीजा यह होता है कि वह काम से जी चुराता है। और सारा आबपाशी किया हुआ रकबा पड़ताल से छूट जाता है इस तरह सरकार को water rates में घाटा रहता है।

मैं वज़ीर साहिब से अर्ज करना चाहता हूं कि वह इस genuine claim पर गौर करें और उन की तनखाहें बढ़ा कर they should be brought at par with Revenue Patwaris.

स्पीकर साहिब, Northern India Canal and Drainage Act में एक बड़ा defect है जब किसी राजबाह या नहर में breach हो जाता है तो Officers उस को cut बनाने की कोशिश करते हैं, बहरहाल cuts हो या न हो। जिस ज़मींदार के खेत में उस cut या breach का पानी चला जाता है उस को 6 गुना या 10 गुना तवान देना पड़ता है जिस को आबजाया कहते हैं। चाहे उस मालिक का कोई कसूर न हो वह गांव से बाहिर शादी पर गया हो या उस के घर मौत वाकिया हो गई हो। इन बातों की जांच करने की कोशिश नहीं की जाती बल्कि penality बिना समझे ठौंस दी जाती है। गौर करने की बात यह है कि ऐसे cut या breach से सरकार का कुछ नुक्सान नहीं होता। सरकार का तो तावान मिल जाता है। Cut या breach को दूर करने के लिए compulsory Services Act के द्वारा उस गांव के लोगों से मुफत काम लिया जाता है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह एक defect है इस system में।

12 noon

यह एक काबलेगौर चीज है जिस की तरफ हकूमत को फौरी तौर पर तवज्जो देनी चाहिए।

उपाध्यक्षा : अब आप वाइंड अप करें (The hon. Member may please wind up now.)

पंडित चिरंजी लाल शर्मा : बस एक दो मिनट में खत्म कर दूंगा। हमारे इलाके के अन्दर, जैसा कि चौधरी मुख्तियार सिंह जी ने बताया, पानी न मिलने की वजह से

हाहाकार मचा हुआ है। जैसा कि उन्होंने बताया 23 तारीख को साम्पला में एक कान्फ्रैंस हुई। इस किस्म की कांफ्रैंस हम ने इतने सालों में कभी नहीं देखी थी कि महज़ पानी न मिलने की तकलीफ के सिलसिले में अपनी आवाज गर्वनमैंट तक पहुंचाने के लिए किसान और जमींदार इकट्ठे हुए। ऐसी कांफ्रैंस कभी नहीं देखी गई जिसमें गर्वनमैंट को इस तरह से condemn किया गया हो या rebuke किया गया हो। मैं समझता हूं कि यह उस इलाके की एक निहायत जायज़ मांग है जिसे हर हालत में सरकार को पूरा करना होगा। लोग वहां पर प्यासे मर रहे हैं, मवेशियों को पीने के लिए पानी नहीं मिलता। फसलें सूख रही हैं। लोग रो रहे हैं, चिल्ला रहे हैं। मेरा ख्याल है कि उस कांफ्रैंस की रिपोर्ट सरकार के पास भी जरूर पहुंची होगा। ज़्यादा न कहता हुआ आप की मार्फत सरकार से मोदबाना गुज़ारिश करूंगा कि लोगों की इस जायज़ शिकायत को दूर करने के लिए सरकार को जलदी ही कोशिश करनी चाहिए वरना इस फसल का बीज खेतों में ही सूख जाएगा। और फसल बिलकुल नहीं होगी। डिप्टी स्पीकर साहिबा, पिछले Irrigation Minister तो यह कह दिया करते थे कि आसमान पर जो बादल घूमते हैं मैं उन के मोड़ को भी काट दूंगा। मोड़ को तो क्या काटना है, मैं तो यही कहूंगा कि जो कुछ हमारे पास मौजूद हैं, दस्तयाब है उसी का अगर जायज़ इस्तेमाल किया जाए तो वही हमारे लिए काफी है। इन शब्दों के साथ मैं आप का धन्यवाद करता हुआ अपनी जगह पर बैठता हूं।

श्री सुरेन्द्र नाथ गौतम (ऊना): डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आप का शुक्रगुजार हूं कि आप ने मुझे एक साल के बाद अपने हलके के मुतल्लिक कुछ बोलने का मौका दिया। आज जो सिंचाई के वज़ीर साहिब ने चार डिमांडें हाऊस में पेश की हैं इसी तरह से हर साल करोड़ों रुपए की मांगें सदन में पेश होती रहती हैं। बदकिस्मती से आज तक हमारी तहसील की तरफ इरीगेशन के सिलसिले में कोई ध्यान नहीं रखा गया। डिप्टी स्पीकर साहिबा तहसील ऊना एक बहुत पिछड़ी हुई तहसील है। बेशक सरकार ने hilly areas को backward areas करार दिया है ताकि इन इलाकों को advanced इलाकों के बराबर लाया जाए। सरकार ने यह बहुत अच्छा कदम उठाया है। मैं इस के मुताल्लिक सरकार का बहुत बहुत शुक्रगुजार हूं। लेकिन आप ने देखा होगा कि बाकी हिल्ली एरियाज़ के मुकाबले में हमारी तहसील ऊना अभी तक बहुत पीछे है। इसलिए आप की मार्फत गर्वनमैंट से अपील करूंगा कि इस पिछड़ी तहसील की तरफ फौरी तौर पर ध्यान दिया जाए।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, तहसील ऊना अनाज के लिहाज़ से भी हर साल deficite area रही है। इसकी सब से बड़ी वजह यही है कि इस तहसील की तरफ Irrigation के मुतल्लिक सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया हालांकि भाखड़ा-नंगल जोकि हिन्दुस्तान का सब से बड़ा प्राजैकट है जहां से नहर निकालकर पंजाब के कोने कोने और यहां तक कि राजस्थान तक के इलाके को सरसब्ज़ करती है, जहां से बिजली पैदा करके हिन्दुस्तान के कोने कोने में ले जाई गई है, इसी ज़िला में है। जो नज़दीक के बसने वाले हैं अगर उन को यहां से पानी मुहैया नहीं होता और वह तमाम अपनी नज़रें आसमान पर लगाए बैठें तो मैं नहीं समझता कि वहां की पैदावार किस तरह से बढ़ सकती है और लोग

[श्री सुरेन्द्र नाथ गोतम]

कैसे खुशहाल हो सकते हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, नंगल-हाईडल चैनल की बाबत हम देखते हैं कि रेगिस्तान तक को बंजर ज़मीन को सरसब्ज करती है लेकिन जिस इलाके के पास से यह गुज़रती है उस को इस से पानी नहीं मिलता। वज़ीर साहिब ने इस 10,000 एकड़ जमीन के लिए एक स्कीम तो बना रखी है लेकिन इसको अमली जामा नहीं पहनाया गया। इसलिए मैं आप के द्वारा पंजाब सरकार की तवज्जो इस बात की तरफ दिलाना चाहता हूं कि नंगल से लेकर आनन्दपुर साहिब तक 10,000 एकड़ ज़मीन जो neglected पड़ी है उसकी तरफ फौरी तौर पर ध्यान दिया जाए।

डिप्टी स्पीकर महोदया, आप मजदूरों की बड़ी हमदर्द हैं। जिस जगह बिजली पैदा हो, जिस भाखड़ा से बिजली पैदा हो और जहां से पानी दूसरे सूबों को दिया जाए, वहां पर जो workers हैं वह हर खतरे को मोल लेकर इमानदारी से काम करें, तनदेही से काम करें, देश की तरक्की के लिए काम करें, भाखड़ा के काम में शहीद हों उन की बाबत मैं आप के द्वारा अपने चीफ मनिस्टर और इरीगेशन मिनिस्टर साहिब से निवेदन करता हूं कि जिन workers ने इतनी कुरबानियां करके वहां पर काम किया उन को उस वक्त सरकार ने work-charge establishment में रखा था। उस वक्त उन से यह agreement किया गया था कि आप को rent-free accommodation मुहैया की जाएगी। लेकिन डिप्टी स्पीकर साहिबा, अब उन से यह रियायत वापिस ले ली गई है। जो रियायत बहुत देर से चली आ रही थी वह वापिस ले ली गई है। यह उन वर्करों के साथ, जिन्होंने भाखड़ा को तैयार किया, जो भाखड़ा के मैमार रहे हैं, ज़्यादती मालूम होती है। मैं आप के द्वारा सरकार से अपील करूंगा कि कोई ऐसी बात नहीं करनी चाहिए जिस से उन के हौसले पस्त हों। उन्हें rent-free accommodation की concession बदस्तूर दी जानी चाहिए। इसी तरह से class IV employees का मसला है। वह पहिले ही महंगाई की वजह से काफी दब गए हैं। उन का भी quarter का allowance अभी अभी सरकार ने वापिस लिया है। ज़्यादा न कहता हुआ इन दोनों categories of employees के लिए मैं सरकार से, चीफ मनिस्टर साहिब और वजीर मुतअल्लिका से प्रार्थना करूंगा कि इनको दी गई concessions को वापिस न लिया जाए।

अब मैं तहसील ऊना की दूसरी मुश्किलात की तरफ आप के द्वारा सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। तहसील ऊना, जैसा कि सब जानते हैं, एक निहायत पिछड़ी हुई तहसील है जिसके तकरीबन 80 मील रकबे में सवां नदी हर साल बाढ़ लाती है, जमीन बरबाद करती है। इस ने ज़रखेज जमीन को सालहा साल से खुर्दबुर्द कर दिया है। जैसा कि वज़ीर आबपाशी ने बताया था कि इस चो को channelise किया जाएगा और इस के लिए स्कीम बन चुकी है, मैं आप के द्वारा उन से प्रार्थना करूंगा कि अगर इस सवां नदी को जल्द अज़जल्द channelise कर दिया जाए तो तहसील ऊना में हज़ारों एकड़ ज़मीन काबले काश्त हो सकती है और काफी जमीन पैदावार करने के लिए दस्तयाब हो सकती है।

इस के इलावा, डिप्टी स्पीकर साहिबा, सरकार ने, इरीगेशन डिपार्टमैंट ने, गारनी खड्ड पर spurs लगाने का तजरुबा किया। इसी तरह झम्बर खड की बाबत भी estimate बना हुआ है। लेकिन इस सम्बन्ध में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। मैं वज़ीर साहिब से दरखास्त करूंगा कि इस तहसील के choes को बांधने के लिए अगर वहां पर dams की scheme बनाई जाए तो सवां नदी वगैरा से आने वाला पानी जो नुक्सान करता है वह रुक जाएगा और उस इलाके को काफी फायदा होगा।

अब डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं एक ऐसे इलाके की बाबत मिनिस्टर साहिब की तवज्जुह दिलाना चाहता हूं जिसे बीत का इलाका कहते हैं वह सब से पिछड़ा हुआ इलाका है। वहां पर कोई सड़क नहीं है। वहां उस इलाके के पास से तीन सड़कें गुज़रती हैं यानी एक गढ़शंकर से नंगल, दूसरी नंगल से होशियारपुर और तीसरी ऊना से जेजों। लेकिन उस इलाके में से कोई सड़क नहीं गुज़रती। डिप्टी स्पीकर साहिबा, इन सड़कों के बारे में अब इस लिए ज़िक्र करने लगा हूं क्योंकि मुझे डर है कि कहीं P.W.D. की demand पर मुझे कुछ कहने के लिए शायद वक्त न मिले। इस लिए मैं आप के ज़रिए मिनिस्टर साहिब की तवज्जो उस इलाके की तरफ दिलाना चाहता हूं। वह ऐसा इलाका है जहां लोगों से पीने के लिए पानी पर tax लिया जाता है और वह tax भी तीन रुपए फी-कस है। यह tax अंग्रेज़ों के ज़माने में भी अदा करता था और अब देश के आज़ाद हो जाने के बाद भी अदा कर रहा है। वहां कोई हस्पताल नहीं है, वहां के लोगों को तरक्की का कोई साधन उपलब्ध नहीं है और न ही वहां कोई आमदोरफ्त के ज़राए मौजूद हैं। मैं आप के द्वारा सरकार की तवज्जोह ऐसे इलाके की तरफ दिलाना चाहता हूं। मैं ने पिछली दफा एक सवाल भी Health Minister साहिब से पूछा था कि गोन्दपुर की तरफ जयचन्द गांव में पिछले पंद्रह सालों से वहां के लोगों ने एक building हस्पताल के लिए बनाई थी लेकिन आज तक वहां हस्पताल क्यों नहीं खोला गया? उस building के लिए ज़मीन भी लोगों ने दी थी और इस बात को 15 साल हो गए हैं। यह तब बनी थी जब मैं District Board का मैम्बर था. . . .

चौधरी इन्द्र सिंह मलिक : On a point of order, Madam, क्या hon. Member Irrigation की demand पर बोल रहे हैं?

उपाध्यक्षा : आप ने मेरा काम शुरू कर दिया है। This is my duty. Let me perform it. पंडित सुरेन्द्र नाथ जी आप ने जो कुछ Irrigation की demand पर कहना हो कह लें। बाकी जो कुछ आप ने कहना हो वह लिख कर दे दें। मैं मिनिस्टर concerned के पास भेज दूंगी। (Chaudhri Inder Singh has started performing my duties. This is my duty. He should let me perform it. I would now request the hon. Member Shri Surinder Nath to speak only on the Irrigation demand. About the rest he may give me in writing and I shall forward the same to the Minister concerned.)

श्री सुरेन्द्र नाथ गौतम : बहुत अच्छा जी। मैं ने मिनिस्टर साहिब से यह दरखास्त करनी है कि हमारे इलाके की जहां से सवां नदी गुज़रती है, survey कराई जाए और वहां छोटे २ dam बनवाए जाएं। अगर इस तरह किया जाए तो इस तरह वहां की काफी ज़मीन सेराब हो सकेगी।

इसके इलावा मैं उन से एक और दरखास्त करता हूं कि वहां बीत के इलाके में लोगों पर पीने के पानी के लिए जो तीन रुपये फी कस के हिसाब से tax लगा हुआ है उसे उड़ा देना चाहिए। यह tax उन गरीब लोगों को देना पड़ रहा है जिन के पास कोई अहसासा नहीं है। इस के साथ ही मैं यह अर्ज़ करूंगा कि वहां बाकी जो 18 गांव रह गए हुए हैं जहां के लोगों के लिए पीने के पानी का इंतजाम नहीं किया गया और उन्हें पीने के पानी की बहुत दिक्कत है, वहां भी पीने के पानी का प्रबन्ध किया जाए। इन शब्दों के साथ मैं आप का धन्यवाद करता हूं जो आप ने मुझे बोलने का मौका दिया है।

उपाध्यक्षा : मैं hon. Member की इत्तलाह के लिए बता देना चाहती हूं कि इस demand पर कल भी बहस चलेगी। इस लिए काफी time है। सब को बोलने का मौका मिल जाएगा। (I may inform the House that the discussion on this demand will continue tomorrow also, therefore, there will be enough time for discussion. Everybody will get an opportunity to speak.)

श्रीमती चन्द्रावती (दादरी): डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह जो Irrigation & Power की demand आज हाउस के ज़ेरेबहस है इस पर मैं अपने विचार रखना चाहती हूं। इस पर जो कुछ बातें कही गई हैं जो मेरे से पूर्ववक्ताओं ने कहीं हैं उन में से कुछ से तो मैं agree करती हूं और कुछ बातें ऐसी कही गई हैं जिस से मैं agree नहीं करती हूं। हम यह मानते हैं कि अब की बार जो floods आए, जो इतने ज्यादा आए थे कि इन से लाखों रुपए की फसलें बरबाद हो गईं, उन floods को control करने के लिए हमारे Irrigation & Power Minister ने और महकमा नहर ने और अफसरान ने जिस मुस्तैदी से काम किया, हम उस के लिए मिनिस्टर साहिब को बधाई दिए बगैर नहीं रह सकते।

इन floods को control करने के लिए जो plan बनाया जा रहा है उस के लिए मैं कुछ suggestion भी देना चाहती हूं। हमारी State में जहां floods आये थे वहां कुछ हिस्सों में इतना पानी खड़ा है और वहां की ज़मीन इतनी दलदली सी हो गई है कि वहां फसलें पैदा करने का तो कहना ही क्या वहां तो चलना फिरना भी मुश्किल हो गया है। उस दलदल में काफी कीड़े पैदा होते हैं जिन से हमारे सूबे के नौजवानों, जो सब से ज्यादा मजबूत आदमी होते हैं, की सेहत पर बुरा असर पड़ता है। इन को रोकने के काम को बाकी के सब कामों से preference दी जानी चाहिए। (*Interruption*). तो मैं अर्ज़ कर रही थी कि वहां जहां दलदल हो गई है, वहां अगर नहरों का पानी आता है तो उस पानी को बजाए वहां देने के ऐसे इलाकों के लिए दे दिया जाए जहां सूखा रहता है। इस के साथ वहां Tube-wells लगा दिए जाएं ताकि sub-soil water level नीचे को चला जाए। यदि इस तरह किया जाए तो वहां अब जो दलदल नज़र आ रही है

फिर दोबारा वहां लहलहाते खेत नज़र आने लगेंगे और हमारी nation को जितना आज अनाज चाहिए वह भी मिल जाएगा क्योंकि हमारे पंजाब के जो किसान हैं वे सब से ज्यादा मेहनत करने वाले हैं। लेकिन कुदरत की तरफ से जो आफतें आ जाती हैं उनके सामने इन का बस नहीं चलता। आज तो science ने इतनी तरक्की कर ली है कि इन कुदरती मुश्किलात का सामना करने के लिए उपाय हो सकते हैं। इस लिए मैं इस बात पर जोर देती हूं कि इन चीजों को रोकने के लिए जितनी जल्दी उपाय हो सकें उतनी जल्दी किए जाएं।

Third Five-Year Plan में जमुना नदी पर बांध बांधने के लिए 155 लाख रुपए का खर्च करना हमारी सरकार ने निश्चित किया हुआ है। जब तक यह बांध नहीं बना लिया जाता तब तक जिला महिन्द्रगढ़ और लोहारू को पानी नहीं मिल सकेगा। यह काम जल्दी शुरू कर देना चाहिए क्योंकि मुझे पता है कि हमारे ज़िला की ज़मीन बहुत बढ़िया है। जब भी कभी वहां बरसात हो जाती है तो वहां 9 मन फी कच्चे बीघा में से फसल पैदा हो जाती है। वहां के किसान भी बड़े मेहनती हैं लेकिन पानी की कमी है। जब बारिश नहीं होती तो वहां दो-दो तीन-तीन साल अकाल पड़ा रहता है। वहां अगर आप जा कर देखें तो आप को पता चलेगा कि वहां आबपाशी का पानी न होने की वजह से वहां के किसानों का ज़मीन से गुज़र होना भी मुश्किल है। मैं मानती हूं कि दादरी branch को अब जमुना Canal से और पानी दिया गया है। इस के लिए आप का शुक्रिया। लेकिन जितना पानी आना चाहिए था उतना नहीं आया। मैं अर्ज करती हूं कि अप्रैल वगैरह के महीनों में वहां पर कूओं में पानी सूख जाता है और जौहड़ों में भी पानी नहीं मिलता। तब दूर २ से पानी लाना पड़ता है। वहां के लोगों को पीने का पानी दिया जाना चाहिए। एक दो जगहें बनी भी हैं। उन में नहर का पानी जाना चाहिए। मगर पानी सब जगह नहीं जाता। इस के लिए लिफट इरीगेशन का प्रबन्ध किया जाना चाहिए। इस से एक तो वहां के किसानों को फायदा पहुंच सकता है दूसरे दादरी तहसील के सारे गांव सैराब हो सकते हैं। इस बात की तरफ जल्दी ध्यान दिया जाए। यह काम इसी प्लान में किया जाना चाहिए।

इस के अलावा मैं दो तीन और बातों की तरफ सदन का ध्यान दिलाना चाहती हूं। यहां पर ज़िक्र आया कि पटवारी रिश्वत लेते हैं। और कि उन का किसानों से सीधा सम्बन्ध होता है। यह ठीक है मगर कुछ ऊपर के अफसर भी ऐसे हैं जो कि उन से हिस्सा लेते हैं। रोहतक के डिप्टी कलैक्टर के खिलाफ बड़ी शिकायतें हैं। इस तरफ वज़ीर साहिब जल्दी ध्यान दें क्योंकि जिन लोगों का सीधा सम्बन्ध किसानों से हो वह बड़े high moral रखने वाले होने चाहिएं। या तो वह बड़े इमानदार हों या उन की तनखाह ज्यादा हो। बड़े अफसरों की तरफ भी ध्यान दिया जाना चाहिए। क्योंकि किसानों की जो harrassment होती है वह खत्म होनी चाहिए।

रिवाड़ी लिफ्ट इरीगेशन स्कीम अच्छी स्कीम है हालांकि इस में हमारे जिले के सिर्फ ८ गांव ही आते हैं। मगर इस का कुछ पता नहीं कि यह कब मुकम्मल होगी तो भी

[श्रीमती चन्द्रावती]

हम चाहते हैं कि इस को जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि जिन किसानों को पानी नहीं मिलता उनको पानी मिले फिर चाहे वह किसी भी जिले के हों। उन लोगों की हालत सुधर जावेगी जिन को हमारे जैसी ही मुश्किलात का सामना है।

अब मैं कुछ अपनी constituency का जिक्र करना चाहती हूं। उस इलाके में दो तीन जगह पर जैसे कि सनागा माइनर, दादरी माइनर, वगैरह पर पुल न बनाए जाने की वजह से लोगों को बड़ा कष्ट हो रहा है। इन पुलों की बड़ी सख्त जरूरत है। मुरब्बा बन्दी के कारण रास्तों में तब्दीलियां हो गई हैं। कई गांवों के लोगों को तीन-तीन और चार-चार मील का चक्कर लगा कर अपने खेतों में पहुंचना पड़ता है। इस से जहां उन लोगों के काम का हरज होता है वहां साथ ही उन को तक्लीफ भी होती है और वक्त भी जाया होता है। इस लिए सरकार से यह प्रार्थना है कि वह इन पुलों को जल्दी से जल्दी बनवा दें। इस से उन किसानों को सुविधा हो जायगी। (घंटी) मैं दो चार बातें कह कर ही बैठ जाऊंगी।

कुछ शब्द मैं बिजली के बारे में भी कहना चाहती हूं। (विघन) हमारे यहां दादरी में एक Work Construction Division है। हमें इतलाह मिली है कि सरकार इस को वहां से उठा देने की सोच रही है। इस डिवीज़न के वहां से उठाए जाने के कारण हमारे कसबे को नुकसान होगा और जो गांवों की electrification चलती है उस में कमी आ जावेगी। मेरी इन से यह दरखास्त है कि इस को वहां से न उठाया जाए। वहां पर बरसात तो होती नहीं तो लोग Pumping Sets लगा कर ही पानी हासिल कर सकते हैं। (घंटी) जैसा कि दूसरे भाइयों ने कहा है कि दिल्ली को पानी और बिजली न दी जाए वह तो मैं नहीं कहती। दिल्ली हमारे देश की राजधानी है तो उस को यह दिये जाएं मगर इस बात का ध्यान रखा जाए कि वहां तो लोग बिजली को एक luxury समझते हैं। अभी वहां पर जब Marriage Season था तो हजारों यूनिट एक ही दिन में खत्म हो गए। बिजली के ऐसे उपयोग पर रोक होनी चाहिए। मगर किसान तो इस को production के लिए इस्तेमाल करता है। उस को यह जरूर मिलनी चाहिए। (घंटी) जहां पर Sweet water belt है, वहां पर अगर बिजली पहुंच जाए तो लोगों को बड़ा फायदा हो सकता है, वहां पर पैदावार बढ़ सकती है। (घंटी) मैं ने कहनी तो और बातें भी थीं परन्तु अब समय नहीं है इस लिए फिर कभी मौका मिला तो अर्ज़ करूंगी।

श्री जगन्नाथ (तोशाम) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, पंजाब स्टेट एक diversities की स्टेट है। यहां एक तरफ तो पहाड़ हैं और दूसरी तरफ desert, एक तरफ तो पानी की बाढ़ आती है और दूसरी तरफ रेत की बाढ़ आती है, एक तरफ तो लोग कहते हैं कि हाय पानी ने मार दिया और दूसरी तरफ लोग प्यासे तड़पते हैं। मगर अफसोस तो इस बात का है कि सरकार कहती तो है कि 35 करोड़ की हमारी योजना है इस बुराई को दूर करने के लिए मगर एक तरफ पानी में डूबे रहे हैं और दूसरी तरफ लोग प्यासे मर रहे हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आप को यह जो desert areas हैं जैसे महेन्द्रगढ़, भिवानी और गुड़गांव का कुछ हिस्सा इन की हालत

बताता हूं आप अचम्भे में पड़ जाएंगे क्योंकि आप ने यह इलाके देखे नहीं होंगे। अगर देखे होंगे तो आप को मालूम होगा कि उन लोगों पर क्या मुसीबत आती है।

उपाध्यक्षा : आप चेयर को न बीच में लाएं, अपनी बात करें। (The hon. Members should not bring in the Chair. They should keep it to themselves.)

श्री जगन्नाथ : अच्छा जी। तो मैं कह रहा था कि वहां पानी की बड़ी किल्लत है। अगर वहां पर बारिश हो जाए तो लोग पानी को जौहड़ों के अन्दर या पक्के गढ़ों के अन्दर जमा कर लेते हैं। लेकिन जब बारिश न हो तो लोगों के लिए एक बड़ी भारी मुसीबत हो जाती है। पिछले साल बारिश नहीं हुई और इस साल भी नहीं हुई। जौहड़ों में भी वहां पर पानी नहीं रहा। वहां पर मुरब्बाबन्दी के कारण जौहड़ भी सरकार ने तोड़ दिये हैं। अब लोगों को भारी दिक्कत का सामना है। अगर वहां पर कूवां खोदा जाता है तो डेढ़ सौ फुट नीचे जा कर पानी मिलता है और वह भी खारा होता है जिस को पशु अगर पी ले तो मरे बगैर नहीं रह सकता। फिर कूवों से पानी एक दो आदमी नहीं निकाल सकते, चार आदमी हों तो निकाल सकते हैं। जिस घर में दो ही आदमी हों उनको पानी निकालने के लिए दूसरों के साथ Co-operation कर के पानी हासिल करना पड़ता है। और वह भी खारा होता है। मन्त्री महोदय से लोग नहर मांगते हैं, भाखड़ा डैम मांगते हैं, हमें यह कुछ नहीं चाहिए हम तो इन से अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी मांगते हैं। हमारी तो यही दरखास्त है कि कम से कम हम को प्यास बुझाने के लिए तो पानी दिया जाए।

जिस सरकार के द्वारा पीने के पानी का भी प्रबन्ध न हो सके तो वह सरकार क्या है। एक प्रताप Water Scheme पानी के लिए बनाई। सन् 1959 के अन्दर वह तैयार हुई लेकिन अधूरी रह गई, मुकम्मल नहीं की गई। क्या यही काम है इस सरकार का कि स्कीम तो बनाए लेकिन पूरी न करे। यह सरकार झूठी है.........

उपाध्यक्षा : झूठ शब्द वापिस लो। (The hon. Member should withdraw the word "jhoot".)

श्री जगन्नाथ : अच्छा जी वापिस लेता हूं। इसी तरह 35 करोड़ रुपया drainage के लिए रखा लेकिन कट करके 15 करोड़ कर दिया। मैं वज़ीर साहिब से दरखास्त करता हूं कि जो बाढ़ का पानी होता है, उसके लिए ऐसा प्रबन्ध किया जाए कि उसे desert area की तरफ divert किया जाए। हांसी तहसील के अन्दर water-logging इतनी ज्यादा है कि वहां का बहुत ज्यादा रकबा बिल्कुल बेकार हो गया है। भिवानी का इलाका जो मेरा इलाका है, अगर वहां पर ट्यूबवैल का प्रबन्ध कर दिया जाए तो बहुत पैदावार हो सकती है।

बिजली के लिए जब वज़ीर साहिब से प्रार्थना की तो कहते हैं भिवानी दूर है? लेकिन मैं पूछता हूं कि जब बटाले को बिजली मिल सकती है तो भिवानी कैसे दूर है? हकीकत कुछ और है डिप्टी स्पीकर साहिबा। किसी गांव में वज़ीर साहिब ने जाकर यह कहा कि अगर चौधरी देवी लाल का साथ जगन्नाथ देगा तो तुम्हे Facilities नहीं मिल सकतीं।

उपाध्यक्षा : आपने खुद सुना क्या? (Did the Hon. Member hear it himself.)

श्री जगन्नाथ : हर एक बात खुद नहीं सुनी जाती। यह सरकार दरअसल कुछ करना नहीं चाहती। जब राजस्थान कनाल से कुछ इलाकों को पानी दिया जा सकता है, बीकानेर के इलाके को पानी दिया जा सकता है तो तोसम, भिवानी, महेन्द्रगढ़, वगैरह को पानी क्यों नहीं मिल सकता। (घंटी) बस, डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपका धन्यवाद करता हुआ वज़ीर साहिब से यही प्रार्थना करता हूं कि इस इलाके की ओर ज़रूर ध्यान दें और बिजली का व पानी का प्रबन्ध जल्दी से जल्दी स्कीमों को पूरा करके करें।

श्री रामप्रकाश (मौलाना, S.C.) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं सोच रहा हूं कि इस डिमांड के विषय में क्या अर्ज़ करूं। मेरे ज़िले अम्बाले में से दो नहरें गुज़रती हैं लेकिन निहायत अफसोस है कि इन दोनों नहरों से चन्द सौ एकड़ में सिंचाई होती है। और हमारे ज़िले को कोई फायदा नहीं होता। हां, सरकार ने थोड़े बहुत tube-well ज़रूर दिए हैं लेकिन उनकी हालत सभी को पता है कि बगैर बिजली के वह नहीं चलते। जब ज़मीन खुशक हो जाती है, तभी बिजली कम हो जाती है। उस वक्त किसान में लड़ाई भी होती है और मुकदमे चलते हैं। मैं वज़ीर साहिब से यही दरखास्त करता हूं कि जो ज़िला प्यासा है, उसकी तरफ ज़रूर ध्यान दें। वज़ीर साहिब हर जगह जाते हैं मगर मेरे यहां नहीं गए।

उपाध्यक्षा : आपने दावत नहीं दी होगी। (हंसी)

श्री रामप्रकाश : मैं ने डिप्टी स्पीकर साहिबा, तीन बार अर्ज़ की वज़ीर साहिब से कि आप उस इलाके में दौरे करें, लेकिन कोई तवज्जुह नहीं दी गई। अब भी वह ध्यान देंगे, ऐसी मुझे उम्मीद है।

जहां तक floods का सवाल है, वह तो वहां पर हर साल आते हैं, लेकिन पिछले दिनों floods से जो तबाही हुई है, उसकी मिसाल कहीं नहीं मिल सकती। और जैसा कि डिप्टी स्पीकर साहिबा आपको खुद पता है क्योंकि आपने बावजूद सेहत खराब होने के लोगों की floods के वक्त सेवा की। हमारे डिप्टी कमिश्नर साहिब ने जी जान से सहायता की। 12, 12 घंटे पानी में रह कर लोगों को बचाया।

उसके लिए मैं चीफ मिनिस्टर साहिब तथा सरकार को मुबारिकबाद देना चाहता हूं। मेरे हलके में 5 नदियां गुजरती हैं जिन के नाम चिटांग, सरस्वती, Tangi तथा मारकन्डा आदि हैं। इन दरियाओं के अन्दर गांव हैं और पिछले साल इन गांवों में floods आने के कारण बहुत तबाही हुई थी। सरकार ने affected persons को emergency के दौरान में मकानों के लिए grants दी थीं किन्तु मेरे हल्के के लोगों ने emergency को मद्दे नज़र रखते हुए वह grants सरकार को वापिस कर दी थीं ताकि वह amount Defence के काम में आ जाए।

मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि जब तक इन 5 नदियों का सरकार इन्तजाम नहीं करती तब तक यह floods हमेशा मेरे इलाके में तबाही करते रहेंगे, मैं ने इस बारे में सरकार से प्रार्थना की थी कि floods की रोक थाम फौरी होनी चाहिए। मारकंडा के अपर इलाके धनौर गांव में survey भी हो चुकी है। वहां पर पांच नदियों का पानी इकट्ठा कर के

Dam बनाया जाएगा ताकि इलाके को तबाही से बचाया जाए और लोगों को पानी के लिए तरसना न पड़े, इस के साथ मेरे हलके के 30 के करीब गांव हैं जहां हर साल floods आते हैं और totally तबाह हो जाते हैं। इस के रोक थाम के लिए सरकार को प्रबन्ध करने चाहिएं।

मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि सरकार की तरफ से मकान बनाने के लिए कर्ज़े दिए जाते हैं जिन लोगों को पक्के मकान की जरूरत नहीं है जहां पर हर साल floods से मकान गिरते हैं तबाह हो जाते हैं लोगों की तकलीफ को देखते हुए सरकार कर्ज़े देने में कमी न रखे। मैं समझता हूं कि यह समस्या सरकार के लिए सिर दर्द बन गई है और यह समस्या खत्म हो सकती है अगर पक्के मकान बनाने के लिए कर्जे दिए जाए। (*Interruptions*)

पहले यह बकवास बन्द करे फिर मैं कहूंगा।

Deputy Speaker : Please withdraw these words.

Chaudhri Ram Parkash : I withdraw these words. (*Interruptions*)

(*Interruption by Shri Jagan Nath*)

Chaudhri Ram Parkash : I would request the hon. Member not to interrupt me like this. I may be allowed to speak.

मैं अर्ज करना चाहता हूं कि मेरे हलके में एक गांव है जिस का नाम गाधवाड़ है। आप ने अखबारों मे पढ़ा होगा और उस गांव की जो हालत थी वह Scenery अखबारों में भी आई थी उस के साथ के गांवों में भी काफी तबाही हुई थी। हमारी सरकार ने इस पानी के निकास के लिए drain खोलनी मंजूर की है। मैं मन्त्री महोदय से प्रार्थना करना चाहता हूं कि कम से कम drain बनाने से पहले हमारे concerned Chief Engineer या अन्य उच्च अधिकारी उस जगह का निरीक्षण तो करें। मैं चाहता हूं कि वहां पर हमारे Irrigation Minister स्वयं जाएं और देखें कि वहां पर जो drain खोदी जा रही है उस से क्या floods का control हो सकेगा, क्या वहां पर drain खोदने से मकसद पूरा हो जाएगा। एक और drain खोदी जा रही है जो कि Markanda Railway line के पास है। मैं समझता हूं कि इस से उस के नज़दीक के गांव घिर जायेंगे। इन गांवों में 3, 4 हज़ार घर बिल्कुल block हो जाएंगे। मैं Irrigation Minister से request करना चाहता हूं कि वह स्वयं जाए और उन गांवों की हालत का जायजा लें और उस drain को खोदने का order मुलतवी कर दिया जाए। वह वहां पर खोदनी चाहिए जहां पर पानी का निकास आसानी से हो सके। इस तरह से गंदौला गांव में भी drain खोदी जा रही है। मैं समझता हूं वहां पर drain खोदने से पानी का निकास बिल्कुल बन्द हो जाएगा। मैं निवेदन करूंगा कि पंजौर drain की ओर भी सरकार को ध्यान देना चाहिए ताकि वहां की जनता floods से बच सके, अंत में मैं एक चीज मिनिस्टर साहिब के नोटिस में लाना चाहता हूं कि जब तक अम्बाला तथा Jagadhri के बीच के मसले को हल नहीं किया जाए तब तक floods का मसला बदस्तूर जारी रहेगा, इस ओर सरकार को effective steps उठाने चाहिएं ताकि लोगों के floods से घर तथा फसलें सुरक्षित रह सकें। मैं आशा रखता हूं कि सरकार मेरे इलाके की तकलीफों को दूर करने में शीघ्र ही यत्न करेगी।

[चौधरी राम प्रकाश]

डिप्टी स्पीकर साहिबा मैं आप का धन्यावाद करता हूं कि आप ने मुझे बोलने का अवसर दिया है, मेरा विचार है कि किसी भी मेम्बर साहिब को, चाहे वह Government Party से सम्बन्ध रखता हो या Opposition से इस बात से कोई इख्तिलाफ नहीं होगा कि हमारी सरकार और Engineers ने नहरें खोदने के लिये और बिजली के द्वारा जनता की भलाई के लिये जो काम किए हैं वह काबिले तारीफ हैं।

(Treasury Benches की तरफ से प्रशंसा)

डिप्टी स्पीकर साहिबा अगर हम आज से 16 साल पहले की हालत देखें तो पता लगता है कि जब मुल्क की तक्सीम हुई तो उस वक्त पंजाब का तकरीबन सारा जरखेज़ इलाका मगरबी पंजाब में चला गया। जितनी भी important नहरें थीं जिस पर पंजाब का ज़रई पैदावार का दारो मदार था वह मगरबी पंजाब में चली गई और मशिरकी पंजाब में सिर्फ खुश्क इलाका हम को मिला। एक परेशानकुन हालत थी हमारे सामने कि जिस पंजाब को Granary of India कहा जाता था उस का अपना गुज़ारा किस तरह से चलेगा। अजीब मुश्किलात थीं। लेकिन आज हम उन इंजिनियरों को दाद दिये बगैर नहीं रह सकते उन की उस काबलियत और हिम्मत पर जिसका उन्होंने सबूत दिया। वह वाकई तारीफ के काबिल हैं और आज हम फख्र के साथ कह सकते हैं कि जहां तक अनाज के मसले का ताल्लुक है, न सिर्फ हम अपने सूबे की जरूरियात को ही पूरा कर सकते हैं बल्कि पंजाब में से काफी तादाद में अनाज दूसरे सूबों को, हिन्दुस्तान के दूसरे हिस्सों को भेज रहे हैं।

किस मैम्बर को यह मालूम नहीं है कि वह भाखड़ा डैम जिस की तामीर के लिये हम इतने मुन्तज़िर थे, जिस की बाबत आपोजीशन के दोस्तों की तरफ से हज़ारों किस्म के ख्यालात, शक ओ शुबहात जाहिर किये जाते थे, नुक्ताचीनी की जाती थी, वह कैसे पूरा हुआ है ? खुशी की बात है कि न सिर्फ वह डैम पूरा ही हुआ है बल्कि पिछले साल 21 लाख एकड़ के करीब रकबा उस से आबपाश भी हुआ है और रेगिस्तान का इलाका, राजस्थान का वह इलाका, हिसार का वह इलाका जहां पीने को पानी नहीं मिलता था आज अगर आपोजीशन के साथी वहां जाकर देखें तो पता लगेगा कि वहां के लोगों की खुशी की क्या हालत है—आज उन में कितनी खुशी की लहर दौड़ी हुई है।

Shri Ram Singh : On a point of order, Madam. The hon. Member is not a Minister, but he is replying to the debate.

Deputy Speaker : It is no point of order.

चौधरी रिजक राम : मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि हो सकता है कि, जैसा कि आपोजीशन की तरफ से बताया गया, कुछ इलाकों में कमी रह गई हो लेकिन हम ने देखना यह है कि गवर्नमेंट जिस तेजरफतारी के साथ कदम उठा रही है, जो इकदामात लिये जा रहे हैं, जो इखराजात उठाए हैं और जिस खर्चे के लिये आज हाउस के सामने मुतालबा पेश है आया वह जायज़ है या नहीं। मैं तो बल्कि यह निवेदन करना चाहता हूं कि इरीगेशन और बिजली के महकमों के लिये जो खर्च, जो रकम रखी गई है उस में कमी की तरफ जो tendency हुई है वह नहीं होनी चाहिए। यह ऐसे महकमें हैं जिन पर जितना ज्यादा खर्च किया जाए, इरीगेशन और बिजली के फैलाव के लिये जितना रुपया

ज्यादा provide किया जाए उतनी ही ज्यादा इस देश की ताकत बड़ेगी, पैदावार बड़ेगी। डिप्टी स्पीकर महोदया, हमें इस अमर को नहीं भूलना चाहिए कि आज भी हमारे देश के सामने एक जबरदस्त खतरा, भयानक संकट है। चीन ने हमारे मुल्क पर हमला किया। यह बात साबित हो चुकी है और बड़े से बड़ा आदमी यह ख्याल करता है कि चीन ने यह हमला महज हिन्दुस्तान का कुछ हिस्सा अपने कब्ज़ा में करने के लिये, थोड़ी सी territory को हथियाने के लिये ही नहीं किया था बल्कि उस ने हमारे देश की economy को और यहां के पैदावार के तरीकाकारों को दरहम बरहम करने के उद्देश्य से किया था। इस लिये उस संकट के सामने अगर हम पैदावार के तरीकाकार को कम करते हैं तो मैं समझता हूं कि इस से दुश्मन को खुशी ही होगी।

उपाध्यक्षा : यह चीजें आप चौधरी रणबीर सिंह के लिये ही रहने दीजिए। आप ने जो constructive points देने हैं वही बताएं। (The hon. Member may leave these things for Chaudhri Ranbir Singh. He may only give the constructive suggestions that he has to make.)

चौधरी रिजक राम : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं कोई बहस का जवाब नहीं दे रहा बल्कि आप की मार्फत यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि जो कमी emergency के कारण तजवीज़ की गई है वह मुनासिब नज़र नहीं पड़ती क्योंकि अगर किसी कमी की वजह से पैदावार के तरीकों में कोई कमी वाक्या होती है तो उस से दुश्मन को खुशी होगी। उस से दुश्मन का मकसद हल होगा, या पूरा होगा। इस लिये मैं सिफारिश करूंगा कि जहां कहीं भी किसी स्कीम में कोई कटौती की गई है वह नहीं होनी चाहिए।

इस के अलावा मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि जहां अब तक मुतहद डैम बना कर, बयास प्राजैक्ट वगैरह से कितना आबपाश रकबा बढ़ाया गया है यह बहुत ही सराहनीय है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप को यह जानकर खुशी होगी कि जहां सन् 1950-51 में 37,00,000 एकड़ रकबा नहरी पानी से आबपाश होता था आज वह रकबा पचास, पचपन लाख एकड़ से भी ऊपर है। लेकिन यह सब कुछ होते हुए भी एक बात माननी पड़ेगी कि हिन्दी रिजन और हरयाणा के इलाका में फिर भी कुछ वजूहात की बिना पर पानी की कमी है। जितने पानी की वहां पर ज़रूरत है, मौजूदा हालत में वह ज़रूरत पूरी नहीं हो पा रही। डिप्टी स्पीकर साहिबा, पहिले भी मैं ने यह मुतालबा किया था और अब भी इस ख्याल का कायल हूं कि जैसे भाखड़ा का डैम बनाया गया, बयास प्राजैक्ट आप के सामने है और दूसरे दरियाओं को काबू में लाया गया इसी तरह से अगर जमुना पर भी इसी तरह का डैम बना कर उस के पानी को न रोका गया मेरा पुख्ता यकीन है कि हरयाना के इलाकों की पानी की ज़रूरत पूरी नहीं हो सकेगी। मैं आबपाशी के वजीर मुतल्लिका चौधरी रणबीर सिंह जी को इस बात के लिये मुबारिकबाद देता हूं कि उन्होंने इन बजट की proposals में इस बात का संकेत किया है कि गवर्नमेंट ने जमुना पर डैम बनाने के लिये investigation शुरू की हैं। इस बात की बड़ी खुशी है। इस के

[चौधरी रिजक राम]

अलावा अभी दो चार दिन हुए यह खबर भी मुश्तहर हुई कि जैसे भाखड़ा कंट्रोल बोर्ड बना हुआ है गवर्नमैंट आफ इंडिया ने इसी तरह जमुना कंट्रोल बोर्ड बनाने का फैसला किया है। मैं समझता हूं और आप की मार्फत अपील करता हूं कि गवर्नमैंट को यह प्राजैक्ट जल्दी से जल्दी पूरा करने के लिये सभी ज़रूरी इकदाम करने चाहिएं और यह जो फैसला किया गया है उस के लिये मैं उस इलाके की तरफ से गवर्नमैंट का हार्दिक धन्यवाद करता हूं। मेरा ख्याल है कि दूसरे मैम्बर साहिबान भी इस बात पर मेरे साथ मुतफिक होंगे कि यह कदम सराहनीय है और हमें सरकार को इस के लिये मुबारिकबाद देनी चाहिए। (*Interruptions*) एक बात डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप के ज़रिए और कहना चाहता हूं और वह यह है कि मैम्बर साहिबान को कुछ तकलीफ होती है यह सुनते हुए कि गवर्नमैंट के अच्छे कामों की सराहना क्यों की जा रही है लेकिन सरदार गुरनाम सिंह जी जैसे पुराने और तजरुबाकार आदमी को भी तकलीफ हो यह बड़े दु:ख की बात है। उन को तो खुश होना चाहिए कि उन का जो उजड़ा हुआ पंजाब था गवर्नमैंट की कोशिशों से, इंजिनियरों की लगन और मेहनत से, यह आज पूरी तरह से सरसब्ज़ और खुशहाल बनता जा रहा है। उन को एक निहायत अच्छे आनरेबल मेम्बर होते हुए इस तरह से interrupt करना और दूसरों से बातें करना शोभा नहीं देता। वैसे इन की जो मर्ज़ी हो करें हम तो इन की इज्ज़त करते हैं।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं यह कहने जा रहा था कि आप को भी इस बात का इल्म है कि पिछले कई सालों से रोहतक ज़िले में लगातार और जबरदस्त floods आए। रोहतक शहर पानी में डूब गया। खुद पंडित नेहरू और श्री कृष्णा मेनन साबक डिफैंस मिनिस्टर floods के मौके पर रोहतक में आए। इस सम्बन्ध में कई सवालात पालिया-मैंट और असैम्बली में उठाए गए। कई साल तक लगातार ज़िला रोहतक floods से तबाह होता रहा, बरबाद होता रहा। यह एक जबरदस्त मसला लोगों के सामने था। हैरानगी होती थी कि जब हर साल पंद्रह बीस-बीस फुट पानी शहर में आ जाता है तो किस तरह से इस मुश्किल से निजात मिलेगी। लेकिन इस के बावजूद गुज़श्ता साल में पहिला मौका था जब कि इतने सालों के बाद पहली दफा रोहतक ज़िला का एक इंच रकबा भी ज़ेरे floods नहीं आया। लोगों का यह ख्याल था कि ड्रेन नम्बर 8 से यह मसला हल नहीं होगा। उन का ख्याल था कि diversion of drain No. 8 से इतनी जल्दी यह समस्या काबू में नहीं आ पाएगी। कई लोगों को इस के मुताल्लिक शक था। लेकिन मैं इस बात के लिये इंजिनियर्ज साहिबान की दाद देता हूं कि उन्होंने दिन रात काम किया।

उपाध्यक्षा महोदया, आप को यह जान कर खुशी होगी कि वहां Engineer साहिबान ने दिन को और रात को भी बिजली की रोशनी में या लालटैन की रोशनी में काम किया और रोहतक ज़िला के लोगों को बचाया। इस के मुताल्लिक ही मैं एक बात कहना चाहता हूं कि मेरे भाई चौधरी मुख्तियार सिंह जी अहसान फरामोशी करते हैं जो ऐसी बातें कर रहे हैं। मैं बतलाता हूं कि चौधरी साहब की मेहरबानी से...... (*Interruptions*)

1.00 p.m.

Deputy Speaker : No interruptions, please. The Honourable Member should wind up.

चौधरी रिजक राम : मैं तो सिर्फ इतनी अर्ज़ कर रहा हूं कि चौधरी साहिब का अपना गांव दरियाये जमुना के सैलाब की ज़द में आता है और सालहा साल से वह गांव तबाहो बरबाद होता रहा और वहां आए साल floods आते रहे हैं । मैं बतलाता हूं कि पिछले साल दरियाए जमुना में peak floods आए थे और खदशा यह हो गया था कि वह इलाका पानी की मार से बच नहीं सकेगा लेकिन आप सुन कर हैरान होंगे कि मैं ने डर कर वज़ीर साहब से दरखास्त की कि आप देखें कि उस इलाका में जो कुछ पिछले दो तीन सालों में होता रहा है फिर से न हो । इस लिये आप Engineer साहिबान को हिदायत करें कि वह efforts करें कि किसी तरह वह इलाका बच जाए । इस पर मंत्री महोदय ने उस इलाके का खुद दौरा किया और सारे इलाके को ,खुद देख कर Engineers को हिदायात जारी कीं । मुझे यह बतलाते हुए बड़ी खुशी होती है कि इतने ज़बरदस्त floods के आने पर भी वहां एक इंच ज़मीन का नुकसान नहीं हुआ । वहां पर बदरें जो खोदी गई थी वह हमारे Engineers ने सराहनीय काम किया है । इस के बावजूद भी चौधरी मुख्तियार सिंह गिला करते हैं । वहां पर drain No. 8 जो खोदी गई है....

उपाध्यक्षा : आप मेरी राये में सिर्फ वह चीज़ें बता लें जो अभी वहां नहीं हो सकीं और गवर्नमैंट को करनी चाहिए। (The hon. Member should now point out what is required to be done there and what the Government has not so far been able to do.)

चौधरी रिजक राम : डिप्टी स्पीकर महोदया, जितना काम वहां गवर्नमैंट ने किया है उस के मुताल्लिक तो मैं ने थोड़ा बहुत अर्ज़ कर दिया है । अब मैं एक दो बातें उस के मुताल्लिक कहना चाहता हूं जो लोगों की ज़रूरतें हैं लेकिन अभी पूरी नहीं की गईं । जब drain No. 8 की खुदाई हो रही थी तो कुंडली गांव के पास से वह खोदी गई थी । लेकिन बाद में जब Central Government की हिदायत आई तो वहां उस खोदी हुई drain से कुछ फासले पर दूसरी drain खोदी गई । पहले जो drain खोदी गई थी वह अभी तक उसी तरह पड़ी हुई है और ज़मीदारों को उस ज़मीन का कोई मुआविज़ा नहीं दिया गया हालांकि उन्होंने उस के लिये कई दरखास्तें भी दी हैं । वज़ीर साहिब के notice में भी यह चीज़ लाई गई है लेकिन फिर भी उन्हें अभी तक उस का मुआविज़ा नहीं मिल सका । वह बड़े छोटे ज़मींदार हैं, किसी की दो बीघे ज़मीन है और किसी की चार बीघे । दो साल से वह बैठे हुए हैं लेकिन आज तक उन को मुआविज़ा नहीं दिया गया । एक बात मैं खाघर के इलाका के बारे में कह कर बैठ जाऊंगा । G.T. Road पर राजपुर minor की जो पिछले साल construction हुई थी, उस के बारे में मेरे notice में यह बात आई है कि उस का level नीचा है जिस के कारण पानी पूरी तरह से उस रकबा में नहीं पहुंच सकता । उस को ठीक करने के लिये बजट में कोई provision नहीं की गई । उस के level को ऊंचा उठाया जाए ताकि उस इलाके के लोगों को जिन के लिये मिनिस्टर साहिब ने इन्तज़ाम किया है, पानी मिल सके ।

[चौधरी रिज़क राम]

आखिर में उपाध्यक्ष महोदया मैं आप का धन्यवाद करता हूं जो आप ने मुझे बोलने के लिये time दिया है।

लाला रुलिया राम : On a point of order, डिप्टी स्पीकर साहिबा, बाकी सब आदमी time ले रहे हैं लेकिन जो जिले पानी में डूबे पड़े हैं उन के representatives को time नहीं दिया जा रहा। उन इलाकों का भी आप को कुछ न कुछ ख्याल रखना चाहिए।

उपाध्यक्षा : इस Demand पर कल भी बहस होनी है, आप को कल time मिल जाएगा। (The hon. Members will get time tomorrow as the discussion on this demand is to be continued tomorrow also.)

ਬਾਬੂ ਅਜੀਤ ਕੁਮਾਰ (ਸਿਧਵਾਂਵੇਟ): ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ ਅਜ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਬੋਲੇ ਹਨ ਅਤੇ ਹਰ ਇਕ ਨੇ ਆਪਣੇ ਆਪਣੇ ਢੰਗ ਨਾਲ ਗੱਲਾਂ ਕੀਤੀਆਂ ਹਨ। ਕਿਸੇ ਨੇ ਇਹ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਾਡੇ ਅਲਾਕੇ ਵਿਚੋਂ ਦਰਿਆ ਨਿਕਲਦੇ ਹਨ ਪਰ ਸਾਨੂੰ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦਾ, ਕਿਸੇ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਾਡੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚੋਂ ਨਹਿਰ ਨਿਕਲਦੀ ਹੈ ਪਰ ਸਾਨੂੰ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ, ਕਿਸੇ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਾਡੇ ਪਾਣੀ ਬਹੁਤ ਹੈ ਇਸ ਨੂੰ ਕੱਢਣ ਦਾ ਕੋਈ ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ, ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਦੋਸਤਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੇ ਪਾਣੀ ਚੜ੍ਹਦਾ ਨਹੀਂ ਹੈ........

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ : ਜਿਹੜੀਆਂ ਜ਼ਰੂਰੀ ਜ਼ਰੂਰੀ ਗੱਲਾਂ ਹਨ ਉਹ ਪਹਿਲਾਂ ਕਰ ਲਉ। ਫਾਲਤੂ ਫਾਲਤੂ ਵਕਤ ਰਹਿ ਗਿਆ ਤਾਂ ਕਰ ਲੈਣਾ।

ਬਾਬੂ ਅਜੀਤ ਕੁਮਾਰ : ਮੇਰੀ ਅਰਜ਼ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਕ Flood Control Board ਬਣਾਇਆ ਹੈ ਵੈਸੇ ਤਾਂ ਪੰਜਾਬ ਬੋਰਡਾਂ ਦਾ ਹੀ ਸੂਬਾ ਹੈ। Electricity Board ਹੈ, ਭਾਖੜਾ ਕੰਟਰੋਲ ਬੋਰਡ ਹੈ, ਅਤੇ ਜਮਨਾ ਬੋਰਡ ਬਣਾ ਰਹੇ ਹਨ। ਚੌਧਰੀ ਸਾਹਿਬ ਤੇ ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਬੋਰਡ ਬਣਾਉਣ ਤੇ ਹੀ ਸਾਰਾ ਜ਼ੋਰ ਲਾਇਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕੁਝ ਕੰਮ ਵੀ ਕਰੋ। ਬੜੇ ਅਫਸੋਸ ਦੀ ਗੱਲ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਸਰਕਾਰ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਵਲੋਂ ਹਰ ਸਾਲ ਜ਼ਿਮੇਂਦਾਰੀ ਲੈਂਦੀ ਹੈ ਕਿ ਅਗੇ ਨੂੰ ਹੜ ਨਹੀਂ ਆਉਣਗੇ ਅਤੇ ਹਰ ਸਾਲ ਅਸੀਂ 5 ਕਰੋੜ, 6 ਕਰੋੜ,7 ਕਰੋੜ ਰੁਪਏ ਖਰਚ ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ। ਇਸ ਲਈ ਹੁਣ ਕੋਈ ਜ਼ਰੂਰਤ ਨਹੀਂ ਰਹੇਗੀ ਕਿ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ relief ਦੇਣਾ ਪਵੇ। ਜੇਕਰ ਤੁਸੀਂ ਪਿਛਲੇ ਚਾਰ ਸਾਲਾਂ ਦੀਆਂ debates ਪੜ੍ਹੋ ਤਾਂ ਪਤਾ ਲਗੇਗਾ ਕਿ ਜਿਥੇ ਵੀ floods ਆਏ ਤਾਂ ਇਥੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੇ ਹਾਹਾਕਾਰ ਮਚਾਇਆ ਅਤੇ ਬਾਹਰ ਜਨਤਾ ਨੇ ਹਾਹਾਕਾਕਰ ਮਚਾਇਆ ਤਾਂ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਵਜ਼ੀਰਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਫਿਕਰ ਨਾ ਕਰੋ ਅਸੀਂ ਹੁਣ ਅੱਗੇ ਲਈ ਪੂਰਾ ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ ਲੇਕਿਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਨਾਅਹਲੀਅਤ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਹਰ ਸਾਲ ਲੋਕਾਂ ਦੀਆਂ ਢਾਈ ਤਿੰਨ ਕਰੋੜ ਰੁਪਏ ਦੀਆਂ ਫਸਲਾਂ ਤਬਾਹ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ : ਸ਼੍ਰੀ ਅਜੀਤ ਕੁਮਾਰ ਜ਼ਰਾ ਗੱਲ ਸੁਣੋ। (Addressing Shri Ajit Kumar) Please listen to me.

Babu Ajit Kumar : I would request you not to interrupt me.

Deputy Speaker : Will you please take your seat or should I take it that you are not prepared to listen to me ?

Babu Ajit Kumar : I am ready to listen to you, but please do not interrupt me.

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ : ਜੇਕਰ ਤੁਸੀਂ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਇਥੇ ਨਾਅਹਿਲ ਕਹਿੰਦੇ ਹੋ ਤਾਂ ਸੋਚ ਲਿਆ ਕਰੋ ਕਿ ਇਹ ਹਾਊਸ ਤੇ reflection ਹੈ ।

ਬਾਬੂ ਅਜੀਤ ਕੁਮਾਰ : ਮੈਂ ਕਿਸੇ ਮੈਂਬਰ ਨੂੰ ਨਾਅਹਿਲ ਨਹੀਂ ਕਿਹਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਤਾਂ ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਦੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਕਰ ਰਿਹਾ ਹਾਂ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੇ ਪੰਜਾਬੀ ਰਿਜਨ ਵਿੱਚ ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਅਮ੍ਰਿਤਸਰ, ਲੁਧਿਆਣਾ, ਫਿਰੋਜ਼ਪੁਰ ਵਿਚ ਤੇ ਉੱਧਰ ਜ਼ਿਲਾ ਰੋਹਤਕ ਵਿਚ ਖਾਸ ਤੌਰ ਤੇ ਹਰ ਸਾਲ ਹੜ੍ਹ ਆਉਂਦੇ ਹਨ । ਦੀ ਲੋਕ ਘਰ ਤੋਂ ਬੇਘਰ ਹੋ ਜਾਂਦੇ ਹਨ, ਫਸਲਾਂ ਤਬਾਹ ਹੋ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ ਅਤੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਕਿਸ਼ਤੀਆਂ ਰਾਹੀਂ ਹੀ ਆਉਣਾ ਜਾਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਰੇਲਵੇ ਲਾਇਨਾ ਟੁਟ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ, ਸੜਕਾਂ ਟੁਟਣ ਨਾਲ ਬੱਸਾਂ ਬੰਦ ਹੋ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ। ਹਰ ਸਾਲ ਢਾਈ ਤਿੰਨ ਕਰੋੜ ਰੁਪਏ ਦੀਆਂ ਫਸਲਾਂ ਦਾ ਨੁਕਸਾਨ ਹੁੰਦਾ ਹੈ, ਢਾਈ ਤਿੰਨ ਕਰੋੜ ਰੁਪਏ ਦਾ buildings ਤੇ roads ਵਗੈਰਾ ਦਾ ਨੁਕਸਾਨ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਤੋਂ ਵੀ ਵਧ ਰਕਮ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ relief ਵਜੋਂ ਦੇਣੀ ਪੈਂਦੀ ਹੈ ਅਤੇ 3/4 ਕਰੋੜ ਰੁਪਏ ਦਾ ਨੁਕਸਾਨ ਖੁਦ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਦਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਜਿਹੜਾ ਕਿ site ਤੇ ਪਿਆ ਹੋਇਆ material ਤਬਾਹ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਤੇ ਮਸ਼ੀਨਰੀ ਵਗੈਰਾ ਖਰਾਬ ਹੋ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਕਹਿਣ ਦਾ ਮਤਲਬ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਦਾ ਮੂੰਹ ਐਨਾ ਚੌੜਾ ਹੈ ਕਿ ਸਮੁਚੇ ਤੌਰ ਤੇ 12/13 ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ ਗਰੀਬ ਲੋਕਾਂ ਦਾ ਹਰ ਸਾਲ ਖਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਸਵਾਲਾਂ ਦਾ ਜਵਾਬ ਦਿੰਦੇ ਹੋਏ ਇੱਧਰ ਉੱਧਰ ਦੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਕਰਦੇ ਹਨ ਏਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਮਹਿਕਮੇ ਦੇ ਕਰਮਚਾਰੀਆਂ ਨੇ ਵੀ ਏਹੀ ਕੰਮ ਫੜਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਉਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਇਹ ਸਾਲ ਲੰਘ ਗਿਆ, ਅਗਲੇ ਸਾਲ ਦੇਖਿਆ ਜਾਇਗਾ। ਜੇ ਚੌਧਰੀ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਏਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੀ ਕਰਨਾ ਹੈ ਤਾਂ ਬਿਹਤਰ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਪਾਰਲੀਮੈਂਟ ਵਿਚ ਹੀ ਜਾਕੇ ਬੈਠ ਜਾਣ, ਸਾਨੂੰ ਛੁਟਕਾਰਾ ਦੇਣ। ਮੈਂ ਇਧਰ ਨਹੀਂ ਜਾਂਦਾ। ਗੁਰਬਾਣੀ ਵਿਚ ਗੁਰੂ ਨਾਨਕ ਦਾ ਇਕ ਸ਼ਲੋਕ ਆਉਂਦਾ ਹੈ ਮੈਂ ਉਸ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕਰਾਂਗਾ। ਏਥੇ ਮੈਨੂੰ ਇਸ ਲਈ ਇਹ ਸ਼ਲੋਕ ਕਹਿਣ ਦੀ ਲੋੜ ਪਈ ਕਿਉਂਕਿ ਇਹ ਢੁਕਦਾ ਹੈ । ਗੁਰਬਾਣੀ restricted ਨਹੀਂ । ਡੇਢ ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ ਸਾਡੇ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਦਾ in the end of December, 1962, arrear ਹੈ, ਜਿਹੜਾ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ recover ਕਰਨਾ ਹੈ ਅਤੇ ਤਕਰੀਬਨ ਦੋ ਕਰੋੜ ਰੁਪਏ ਦੀ ਰਕਮ, P.A.C. ਦੀ ਰਿਪੋਰਟ ਦੇ ਮੁਤਾਬਿਕ ਸਾਡੇ ਇਕ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਤਬਾਹ ਕਰ ਦਿਤੀ। ਬਹੁਤ ਸਾਰੀ ਰਕਮ ਠੇਕੇਦਾਰਾਂ ਅਤੇ ਅਫਸਰਾਂ ਦੇ ਦਰਮਿਆਨ ਵਿਚ ਖਤਮ ਹੋ ਗਈ। ਬਹੁਤ ਸਾਰਾ material ਖਤਮ ਹੋ ਗਿਆ ਜਿਸ ਦਾ ਕੋਈ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਲਗਾ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਇਕ ਪਾਸੇ ਤਾਂ heavy taxation ਹੈ, ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਕਿਸਾਨਾਂ ਉਤੇ ਟੈਕਸ ਲਗਾ ਦਿਤਾ ਹੈ, Water rate ਤੇ Electricity duty ਵਧਾ ਦਿੱਤੀ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਗਰੀਬ ਲੋਕਾਂ ਤੇ ਡਿਊਟੀ ਵਧਾਈ ਹੈ ਜਿਹੜੇ ਆਪਣੇ ਘਰਾਂ ਵਿਚ ਬਲਬ ਜਗਾ ਕੇ ਆਪਣੇ ਬਚਿਆਂ ਨੂੰ ਪੜ੍ਹਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਪਰ ਕਰੋੜਾਂ ਰੁਪਏ ਦਾ ਨੁਕਸਾਨ ਇਹ ਮਹਿਕਮਾਂ ਕਰਦਾ ਹੈ। ਇਕ ਪਾਸੇ ਫਸਲਾਂ ਤਬਾਹ ਹੋ ਗਈਆਂ। ਗੁਰੂ ਨਾਨਕ ਦੇਵ ਜੀ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ :—

"ਰਾਜੇ ਸ਼ੀਂਹ ਮੁਕੱਦਮ ਕੁਤੇ, ਜਾਏ ਜਗਾਵਨ ਬੈਠੇ ਸੁਤੇ ।
ਚਾਕਰ ਹੁੰਦਾ ਪਾਇਨ ਖਾਉ, ਰਤ ਪਿਤਕੁਤਹੁ ਚਟ ਜਾਉ ।"

ਐਸ ਵੇਲੇ ਗੁਰੂ ਨਾਨਕ ਦੇਵ ਜੀ ਦਾ ਇਹ ਸਲੋਕ ਪੂਰਾ ਢੁਕਦਾ ਹੈ। ਏਥੇ ਤਾਂ ਇਹ ਹਾਲਤ ਹੋ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਕੋਈ ਚਿੱਲਾਈ ਜਾਵੇ, ਕੋਈ ਪਿਟੀ ਜਾਵੇ, ਕੋਈ ਰੋਈ ਜਾਵੇ, ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੁਛ ਨਹੀਂ ਦੇਣਾ। ਆਪਣੇ ਢਿਡ ਤੇ ਹਥ ਫੇਰ ਤੇ ਅਨੰਦ ਰਹਿਣਾ ਇਹ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕੰਮ ਹੈ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਦੂਜੀ ਗੱਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਹੁਣ 94 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਨਾਲੋਂ drains ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਵਧ ਰਖਿਆ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਸਾਰਿਆਂ ਨਾਲੋਂ ਵੱਡੀ ਡਰੇਨ ਹੈ ਜੋ ਸਿਧਵਾਂ ਬੇਟ, ਜਗਰਾਉਂ, ਮੋਗਾ ਅਤੇ ਫੀਰੋਜ਼ਪੁਰ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਹੈ। ਇਹ ਜਸੋਵਾਲ ਡਰੇਨ ਹੈ।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ : ਇਹ ਸ਼ੁਰੂ ਹੀ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ।

ਬਾਬੂ ਅਜੀਤ ਕੁਮਾਰ : ਇਕ ਬੱਸੀਆਂ ਡਰੇਨ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਸਵਾਲ ਦੇ ਜਵਾਬ ਵਿਚ ਦਸਿਆ ਗਿਆ। ਮੈਂ ਪੁਛਿਆ ਸੀ ਕਿ ਕਿਥੇ ਕਿਥੇ breaches ਹੋਏ। ਇਕ ਬਰੀਚ ਮੇਰੇ ਪਿੰਡ ਕੋਲ ਹੋਇਆ, ਇਕ ਨਥੋ-ਵਾਲ ਕੋਲ ਹੋਇਆ ਇਹ ਸਟੇਟਮੈਂਟ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਦਿਤੀ ਜੋ ਗਲਤ ਹੈ।ਮੈਂ ਇਸ ਨੂੰ ਝੂਠ ਨਹੀਂ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਕਿਉਂਕਿ ਇਹ ਲਫਜ਼ unparliamentary ਹੈ। ਇਹ ਡਰੇਨ 7 ਪਿੰਡਾਂ ਕੋਲੋਂ ਟੁੱਟੀ ਹੈ ਜਿਹੜੀ ਸਾਰੇ ਇਲਾਕੇ ਦੀ ਤਬਾਹੀ ਦਾ ਕਾਰਨ ਬਣੀ ਹੈ। ਬੱਸੀਆਂ ਡਰੇਨ ਨੇ 27 ਪਿੰਡ ਤਬਾਹ ਕੀਤੇ। ਲੁਧਿਆਣਾ ਹੀ ਨਹੀਂ ਬਲਕਿ ਸੰਗਰੂਰ ਡਿਸਟਰਿਕਟ ਦੇ ਪਿੰਡ ਵੀ ਤਬਾਹ ਹੋਏ। ਇਹ ਦੋ ਥਾਂ ਤੋਂ ਟੁੱਟੀ ਹੈ। ਇਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਕਾਰਨ ਕੀ ਹੈ। Alignment ਗਲਤ ਸੀ, survey ਗਲਤ ਸੀ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਉਚੀ ਜਗਾਹ ਪੁਟਾਈ ਕੀਤੀ ਹੈ। ਜਿੰਨੀ ਨੀਵੀਂ ਡਰੇਨ ਹੋਵੇਗੀ ਉਨਾ ਜ਼ਿਆਦਾ ਪਾਣੀ ਖਿਚੇਗੀ। ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਮਿਹਰਬਾਨੀ ਨਾਲ ਸਿਫਾਰਸ਼ੀ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਾਡੇ ਪਿੰਡ ਯਾ ਖੇਤ ਵਿਚੋਂ ਡਰੇਨ ਨਾ ਨਿਕਲੇ, ਸਾਡੇ ਖੇਤ ਬਚਾ ਦਿਉ। ਸਿਫਾਰਸ਼ਾਂ ਨਾਲ ਮੇਰਾ ਇਲਾਕਾ ਤਬਾਹ ਕਰ ਦਿਤਾ। ਹੁਣ ਵੀ ਜੱਸੋਵਾਲ ਡਰੇਨ ਦੀ ਨਵੀਂ allocation ਕੀਤੀ ਹੈ, ਪੁਰਾਣੀ alignment ਤੇ ਪੁਟਾਈ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰ ਦਿਤੀ ਹੈ। ਇੰਜੀਨੀਅਰਾਂ ਯਾ ਮਹਿਕਮੇਂ ਦੇ ਕਿਸੇ ਅਫਸਰ ਨੇ ਨਹੀਂ ਸੋਚਿਆ ਕਿ ਜਿਥੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਡਰੇਨ ਟੁੱਟੀ ਉਸ ਨੂੰ ਪਹਿਲਾਂ ਨੀਵੇਂ ਥਾਂ ਤੋਂ ਲੈ ਜਾਈਏ ਤਾਕਿ ਪਾਣੀ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਿਕਲ ਸਕੇ। ਮੈਂ allocation ਦੇ ਮੁਤੱਲਕ ਦਸਿਆ ਹੈ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਇਹ ਸਾਰੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਦੇਖ ਕੇ ਰੋਣਾ ਆਉਂਦਾ ਹੈ, ਇਹ ਖਬਰਾਂ ਪੜ੍ਹ ਕੇ ਵੀ ਰੋਣਾ ਆਉਂਦਾ ਹੈ। ਜੱਸੋਵਾਲ ਡਰੇਨ ਲਈ allotment for the year 1962-63, 19 ਲਖ ਰੁਪਏ ਦੀ ਹੈ, 5,55,000 ਰੁਪਿਆ ਬੱਸੀਆਂ ਡਰੇਨ ਲਈ ਸੀ। ਲੇਕਿਨ ਸਾਡੇ ਚੌਧਰੀ ਸਾਹਿਬ ਦੇ ਮਹਿਕਮੇ ਦੀ ਮਿਹਰਬਾਨੀ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਸਾਡੇ ਇਲਾਕੇ ਤੇ ਬੜਾ ਹੀ ਰਹਿਮੋ ਕਰਮ ਹੈ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ 1962-63 ਵਿਚ ਜੱਸੋਵਾਲ ਡਰੇਨ ਉਤੇ 19 ਲਖ ਰੁਪਏ ਵਿਚੋਂ ਸਿਰਫ 1,85,000 ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕੀਤਾ। 19 ਲਖ ਦੀ allocation ਵਿਚੋਂ 1,85,000 ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕੀਤਾ। Total allocation ਜਿਹੜੀ ਹੈ estimated cost of that work ਉਹ ਹੈ 60,17,000 ਰੁਪਿਆ। ਹੁਣ ਤਕ ਉਥੇ 7,22,000 ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਬੱਸੀਆਂ ਡਰੇਨ ਉਤੇ 3,15,000 ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਜੇ ਇਹ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਖਰਚ ਨਹੀਂ ਕਰਨਾ ਤਾਂ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਉਤੇ ਟੈਕਸ ਲਾਉਣ ਦਾ ਕੋਈ ਫਾਇਦਾ ਨਹੀਂ, ਜੇ ਦੁਬਾਰਾ ਫੇਰ floods ਆਉਣੇ ਹਨ, ਜਿਵੇਂ 4,5 ਸਾਲ ਤੋਂ ਲਗਾਤਾਰ ਏਹ ਹਾਲਤ ਹੈ। ਲੋਕ ਡੁਬਦੇ ਦੇਖੇ ਹਨ, ਬੱਚੇ ਡੁਬਦੇ ਦੇਖੇ ਹਨ ਪਾਣੀ ਵਿਚ। ਗਰੀਬ ਲੋਕ ਆਪਣੀਆਂ ਝੋਂਪੜੀਆਂ ਦਾ ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਰਖ ਸਕਦੇ। ਉਹ ਹੜ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਰੁੜ੍ਹਦੇ ਦੇਖੇ ਹਨ। ਕਈ ਨੌਜਵਾਨ ਗਰੀਬ ਬਚਿਆਂ ਨੂੰ ਬਚਾਉਂਦੇ ਹੋਏ ਰੁੜ੍ਹਦੇ ਦੇਖੇ ਹਨ। ਚੌਧਰੀ ਸਾਹਿਬ, ਲੋਕ ਮਜਬੂਰ ਹੋਕੇ, ਤੰਗ ਹੋਕੇ ਵਧ ਤੋਂ ਵਧ ਟੈਕਸ ਦੇਣ ਨੂੰ ਤਿਆਰ ਹਨ। ਜੇ ਉਹ ਅਗਲੇ ਸਾਲ ਵੀ ਪਾਣੀ ਵਿਚ ਗੋਤੇ ਖਾਣਗੇ ਤਾਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਤੇ ਤੁਹਾਡੇ ਮੁਲਾਜ਼ਮਾਂ ਨੂੰ ਪਬਲਿਕ ਗੋਤੇ ਦੇਏਗੀ, ਜੇ ਚੰਗਾ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਕਰਨਾ। ਇਹ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਹਰਿਆਨੇ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਦੀ problem ਹੈ। ਸਾਡੇ ਇਲਾਕੇ ਦੀਆਂ ਅਲਹਿਦਾ problems ਹਨ, ਪਹਾੜੀ ਇਲਾਕੇ ਦੀਆਂ ਅਲਹਿਦਾ ਹਨ। ਹਰਆਣੇ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਪਿਛਲੇ ਹਫਤੇ ਦੋ ਮੈਂਬਰ ਗਏ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲ ਇਸ ਸਾਡੇ ਇਲਾਕੇ ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਵੀ ਗਏ। ਇਰੀਗੇਸ਼ਨ ਮਨਿਸਟਰ ਨੂੰ ਪੁਛਿਆ ਕਿ ਕਿਹੜੇ ਜਾਟ ਹੋ ਤਾਂ ਕਹਿਣ ਲਗੇ 'मैं जाटों का Agent हूं, लालों का Agent नहीं हूं'।

ਇਹ ਇਹੋ ਜਿਹੇ ਜਵਾਬ ਦਿੰਦੇ ਹਨ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਦੂਜੀ ਗੱਲ ਬਿਜਲੀ ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਮੇਰੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਸਿਧਵਾਂ ਬੇਟ ਬਰਾਂਚ ਡਰੇਨ ਹੈ। ਉਸ ਦੀ ਇਹ ਹਾਲਤ ਹੈ ਕਿ ਉਸ ਸਕੀਮ ਦੀ ਮੰਨਜ਼ੂਰੀ ਹੋਇਆਂ 11 ਸਾਲ ਹੋ ਗਏ ਹਨ। ਉਸ ਡਰੇਨ ਦੀ ਪੁਟਾਈ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋ ਗਈ। ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਡਰੇਨ ਬਣ ਗਈ ਤਾਂ ਪੁਲ ਨਹੀਂ ਬਣ ਸਕਿਆ। ਹੁਣ ਪੁਲ ਬਣਾਉਣਾ ਸ਼ੁਰੂ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਡਰੇਨ ਕਿਸ ਤਰਾਂ ਕੱਢੀ ਹੈ। ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਸ਼ਕਾਇਤ ਕੀਤੀ ਕਿ ਸੇਮ ਵਧ ਰਹੀ ਹੈ। ਸੇਮ ਨੇ ਸਾਰੇ ਇਲਾਕੇ ਨੂੰ ਤਬਾਹ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਸਿਧਵਾਂ ਕੈਨਾਲ ਹੈ। ਇਹ ਉਥੇ ਕੱਢੀ ਹੈ ਜਿਥੇ ਪਾਣੀ ਦੀ ਲੋੜ ਨਹੀਂ, ਇਹ ਉਥੇ ਜ਼ਬਰਦਸਤੀ ਪਾਣੀ ਦੇ ਰਹੇ ਹਨ। ਮੇਰੇ ਇਲਾਕੇ ਦੇ ਪੰਚ, ਸਰਪੰਚ, ਮੈਂ ਖੁਦ ਅਤੇ ਮੇਰੇ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਉਸ ਇਲਾਕੇ ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਨੇ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੂੰ represent ਕੀਤਾ ਕਿ ਯਾ ਤਾਂ ਇਹ ਨਹਿਰ ਬੰਦ ਕਰ ਦੇਣ, ਉਸ ਤੋਂ ਬਾਹਰ ਪਾਣੀ ਭੇਜਣ ਵਾਸਤੇ ਜਗ੍ਹਾ ਨਹੀਂ। ਸਿਧਵਾਂ ਬੇਟ ਯਾ ਉਸ ਤੋਂ ਅਗੇ ਕੋਈ ਜਗ੍ਹਾ ਨਹੀਂ ਜਿਥੇ ਪਾਣੀ ਲੈ ਜਾਇਆ ਜਾਣਾ ਹੈ। ਇਹ ਨਹਿਰ ਦੁਰਾਹੇ ਕੋਲ ਸਰਹੰਦ ਨਹਿਰ ਵਿਚੋਂ ਕਢੀ ਹੈ। ਉਸ ਦਾ ਪਾਣੀ ਕਿਸੇ ਪਿੰਡ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਲਗਦਾ। ਉਸ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਜੇ ਡੇਢ ਫੁਟ ਜ਼ਮੀਨ ਪੁਟੀਏ ਤਾਂ ਪਾਣੀ ਨਿਕਲ ਆਉਂਦਾ ਹੈ। ਗੌਰਮੈਂਟ ਉਸ ਨਹਿਰ ਨੂੰ ਨਾ ਪੱਕਾ ਕਰਨ ਨੂੰ ਤਿਆਰ ਹੈ ਤੇ ਨਾਂ ਬੰਦ ਕਰਨ ਨੂੰ ਤਿਆਰ ਹੈ। ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਇਸ ਦਾ ਪਾਣੀ ਅਗੇ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਫੀਰੋਜ਼ਪੁਰ ਵਾਲੇ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਚਾਹੀਦਾ। ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਇਹ ਪਾਣੀ ਕਿਥੇ ਲੈ ਜਾਣਾ ਹੈ। (ਘੰਟੀ) ਮੈਂ ਬਿਜਲੀ ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਦੱਸਣਾ ਹੈ। ਮੇਰਾ ਇਲਾਕਾ is most backward ਹੈ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ: ਚੰਗੀ ਜ਼ਬਾਨ ਬੋਲੋ। ਪਿਟਣਾਂ ਰੋਣਾ ਨਾ ਕਰੋ। (The Hon. Member may please use decent language. He should avoid using the words like bewailing and be moaning.)

ਬਾਬੂ ਅਜੀਤ ਕੁਮਾਰ: ਤੁਹਾਡੇ ਹੁਕਮ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਚਲਾਂਗਾ। ਮੈਂ ਤਾਂ ਹੁਕਮ ਦਾ ਬੰਦਾ ਹਾਂ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਬਿਜਲੀ ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਵੀ ਏਥੇ ਕਾਫੀ ਸ਼ੋਰ ਪਿਆ ਹੈ। ਮੇਰਾ ਇਲਾਕਾ ਲੁਧਿਆਣੇ ਵਿਚੋਂ most Backward area ਹੈ। ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਮੰਨਿਆ ਹੈ ਕਿ ਉਹ Backward ਇਲਾਕਾ ਹੈ। ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਉਥੇ ਇਸ ਕਰਕੇ ਬਿਜਲੀ ਨਹੀਂ ਦਿਤੀ। ਉਥੇ ਕਿਸੇ ਇਕ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਵੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਬਿਜਲੀ ਨਹੀਂ ਲਗਾਈ। ਦਰਖਾਸਤਾਂ ਦਿਤੀਆਂ ਹਨ। ਉਹ ਲੋਕ ਮੇਹਨਤੀ ਹਨ, ਘਰੇਲੂ ਦਸਤਕਾਰੀ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ, ਉਹ ਜ਼ਮੀਨ ਲਈ ਟਿਊਬਵੈਲ ਲਗਾਕੇ ਬਿਜਲੀ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਮੈਂ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਦਸਦਾ ਹਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਮਹਿਕਮੇਂ ਦੇ ਅਫਸਰ ਸ਼ਾਇਦ ਨਾ ਦਸਦੇ ਹੋਣ ਪਰ ਮੈਂ ਆਨਰੇਬਲ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਜਦੋਂ ਕਿ ਸੇਮ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਤਾਂ water table ਉੱਚਾ ਹੋ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤੇ ਇਸ ਨੂੰ ਕਰਨ ਲਈ ਕੇਵਲ ਇਕੋ ਹੀ ਤਰੀਕਾ ਹੈ ਕਿ ਜਾਂ ਤਾਂ ਨਹਿਰ ਨੂੰ ਬੰਦ ਕਰ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਜਾਂ ਨਹਿਰ ਨੂੰ ਪੱਕਿਆਂ ਕਰ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਜੇਕਰ ਇਹ ਨਾ ਹੋ ਸਕੇ ਤਾਂ ਨਹਿਰ ਨੂੰ ਬਿਲਕੁਲ ਬੰਦ ਕਰ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਤੇ tube-wells ਲਗਾ ਦਿਤੇ ਜਾਣ ਇਸ ਨਾਲ water level ਥਲੇ ਹੋ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਸੇਮ ਨੂੰ ਖਤਮ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਸੇਮ ਬਹੁਤ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੈ ਇਸ ਨੂੰ ਰੋਕਣ ਲਈ Tube-wells ਲਗਾਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ। ਜੇਕਰ ਹੋਰ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਤੇ ਜੇਕਰ ਤੁਸੀਂ Tube-wells ਲਈ ਪੈਸਾ ਨਹੀਂ ਦੇ ਸਕਦੇ ਤਾਂ ਮੈਂ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਉਹ ਬਿਜਲੀ ਦੇ ਦੇਣ ਤਾਂ ਜੋ ਲੋਕੀਂ Tube-wells ਲਗਾ ਸਕਣ। (ਘੰਟੀ)

ਮੇਰੇ ਇਲਾਕੇ ਦੀ ਬਦਕਿਸਮਤੀ ਹੈ ਕਿ ਇਥੇ ਤਿੰਨ Xen. ਕੰਮ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਜਦੋਂ ਕਦੇ ਲੁਧਿਆਣੇ ਵਿਚ Development Committee ਦੀ ਜਾਂ Co-ordination Committee ਦੀ ਮੀਟਿੰਗ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਕੋਈ ਗਲ ਪੁਛੀ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਪਤਾ ਲਗਦਾ ਹੈ ਕਿ S.D.O. ਜਗਰਾਉਂ ਵਿਚ ਹੈ ਤੇ ਫਿਰ Xen.

[ਬਾਬੂ ਅਜੀਤ ਕੁਮਾਰ]
ਮੰਗੇ ਵਿਚ ਹੈ । ਬਸੀਆਂ ਡਰੇਨ ਬਾਰੇ ਕੁਝ ਪੁਛਣਾ ਸੀ ਤਾਂ ਇਹ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਸੀ ਕਿ Xen ਤਾਂ ਸੰਗਰੂਰ ਵਿਚ ਹੈ ਤੇ ਫਿਰ ਪਾਖਾ ਬਾਰੇ ਕੋਈ ਗੱਲ ਸੀ ਤਾਂ ਪਤਾ ਲਗਾ ਕਿ Xen. ਜਗਰਾਉਂ ਵਿਚ ਹੈ ਹਾਲਾਂਕਿ ਇਥੇ ਦੀ ਸਕੀਮ Gazette ਵੀ ਹੋ ਗਈ ਹੈ ਤੇ ਚਾਰ ਸਾਲ ਹੋ ਗਏ ਹਨ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਪੈਸਾ ਜਮ੍ਹਾਂ ਕਰਾਇਆਂ ਪਰ ਅਜੇ ਤਕ ਬਿਜਲੀ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀ ਗਈ। ਜਿਧਵਾਂ ਬੇਟ ਦਾ ਜੋ ਇਲਾਕਾ ਹੈ ਉਹ ਉਹ ਇਲਾਕਾ ਹੈ ਇਥੇ ਹਾਈ ਸਕੂਲ ਹੈ ਤੇ ਬਲਾਕ ਆਫਿਸ ਵੀ ਹੈ ਜੇਕਰ ਮੈਂ ਕੁਝ ਹੋਰ ਗੱਲਾਂ ਕਰਾਂ ਤਾਂ ਕਿਹਾ ਜਾਏਗਾ ਕਿ ਇਹ ਕਿਸੇ ਤੇ aspersoins cast ਕਰਦਾ ਹੈ ਮੈਂ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਹੀਂ ਕਹਿੰਦਾ । (ਵਿਘਨ)

उपाध्यक्षा : देखिए यह जो ढंग है, वह ग़लत है। पहले तो और बातें करते रहते हैं, बाद में और समय चाहते हैं । (The hon. Member is not relevant now. Afterwards he will demand more time. This is not proper for him).

ਸ੍ਰੀ ਅਜੀਤ ਕੁਮਾਰ : ਮੈਂ ਸਿਰਫ ਇਕ ਗੱਲ ਹੀ ਮੁਲਾਜ਼ਮਾਂ ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਕਹਿਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਸਾਰੇ ਮਹਿਕਮੇਂ ਵਿਚ ਕੋਈ ਵੀ Scheduled Caste ਅਫਸਰ ਨਹੀਂ, ਕਲਾਸ ਤਿੰਨ ਜਾਂ ਚਾਰ ਦੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਮੈਂ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਇਸ ਮੌਜੂਦਾ Emergency ਵਿਚ retreachment ਨਾ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ, reduction ਨਾ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਇਸ ਵੇਲੇ retrenchment ਦਾ ਕੁਲਹਾੜਾ ਚਲਾਣਾ ਸਰਕਾਰ ਲਈ ਮੁਨਾਸਿਬ ਨਹੀਂ । ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਆਪਣਾ ਫੈਸਲਾ ਵੀ ਇਸ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ reduction ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਲਿਆਂਦਾ ਜਾਵੇਗਾ। ਮੈਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗਾ ਹੈ ਕਿ ਬਹੁਤ ਸਾਰਾ ਸਟਾਫ retrenchment ਵਿਚ ਲਿਆਂਦਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਇਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨਾਲ ਬੇਇਨਸਾਫੀ ਹੋਵੇ ਗੀ ਜੇਕਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਢ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਤਾਂ। ਮੈਂ ਇਨਾਂ ਕੁਝ ਕਹਿਕੇ ਆਪ ਦਾ ਧੰਨਵਾਦ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ।

श्री सागर राम गुप्ता (भिवानी) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, सब से पहले तो मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं क्योंकि आपने मुझे बोलने का टाइम दिया और आइंदा भी टाइम दे कर मुझे encourage करते रहेंगे।

आज़ादी के बाद इन 15 सालों में हमारे आबपाशी के महकमे ने काफी तरक्की की है। और सरकार ने पानी की supply के लिए जो काम किया है, उस के लिए सरकार धन्यवाद की मुस्तहक है ।

मेरा इलाका भिवानी का इलाका है। और वहां पर पीने के पानी की बड़ी दिक्कत है । वहां पर गर्मियों के तीन-चार महीनों में बहुत कम पानी मिल पाता है। गवर्नमैंट ने सन् 1933 में, जब कि वहां की आबादी 30,35 हज़ार की थी, Water Works की कुछ Supply मुकर्रर की थी । वही Supply आज तक चली आ रही है, हालांकि वहां की आबादी अब 70-75 हज़ार के करीब हो आई है। इस लिये यह मेरी वज़ीर साहब से दरखास्त है कि सप्लाई दुगनी करनी चाहिए ।

गवर्नमैंट ने पिछले दिनों कुछ सोच कर Municipality को टैंकों की capacity बढ़ाने के लिये कहा भी; और कमेटी ने कुछ किया भी लेकिन Water Supply की मियाद बढ़ाई नहीं गई। मेरी constituency में लुहारू की तरफ जो 20, 30 गांव पड़ते हैं वहां भिवानी शहर से भी ज्यादा दिक्कत पीने के पानी की है। भिवानी

दक्षिण में देवसर, लुहारू वगैरह के गांव आते हैं वहां ऐसी हालत है कि लोग जोहड़ों में पानी इकट्ठा कर लेते हैं। बरसात के दिनों में, फिर सारा साल पीते हैं । वह पानी पशुओं के काम आता है और उसी को इंसान पीता है। नहाने धोने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता । इसलिये मैं वजीर साहब से दरखास्त करता हूं कि उस इलाके में पीने का पानी जुटाने का इन्तज़ाम जल्दी से जल्दी होना चाहिए ।

मैं यह मान सकता हूं कि चूंकि वहां पर रेतीली ज़मीन है इस लिये नहरें जल्दी नहीं पहुंचाई जा सकतीं। लेकिन मैं दरखास्त करता हूं कि वज़ीर साहिब अगर वहां पर बिजली पहुंचा दें तो tube-wells लगाए जा सकते हैं । और इस तरह से पीने के पानी की पूर्ति हो सकती है और कुछ आबपाशी भी की जा सकती है । (Shri Sagar Ram Gupta was still on his legs when the House adjourned.)

(The Sabha then adjourned till 9 a. m. on Thursday, the 21st March, 1963)

21117 PVS—387—9-7-63—C.P. and S. Punjab, Chandigarh.

Punjab Vidhan Sabha Debates

21st March, 1963

(Morning Sitting)

Vol. I—No. 20

OFFICIAL REPORT

CONTENTS

Thursday, the 21st March, 1963
(Morning Sitting)

ERRATA

PUNJAB VIDHAN SABHA DEBATES, VOL. I, No 20
DATED 21ST MARCH, 1963—(MORNING SITTING)

Read	*For*	*On Page*	*Line*
गवर्नमैंट	गर्नमैंट	(20)2	13th from below
कमिश्नर्ज़	कांमश्नर्ज़	(20)4	3rd from below
N.P.	P.N.	(20)21	13th from below
Canal	Cada	(20)42	23
said patwaris	sa dpatwaris	(20)42	27
residences	resiences	(20)42	32
Minister	M nister	(20)53	4th from below
would	wolud	(20)71	5
ऐसे	एसे	(20)71	17
the	t e	(20)71	25
अगले	अगल	(20)76	18
दूसरे	दुसरे	(20)77	26
इस	इास	(20)89	18
ਪ੍ਰੋਡਕਸ਼ਨ	ਪਡਕਸ਼ਨ	(20)98	4
ਸ਼ੁਕਰੀਆ	ਸ਼ਕਰੀਆ	(20)101	last line
ਦਿੰਦੇ	ਦਿਦੇ	(20)105	8
ਤੁਸੀਂ	ਤਸੀਂ	(20)107	20
यनियनिस्ट मिनिस्ट्री	नियनिस्ट यूमिनिस्ट्री	(20)114	15th from below

---

PUNJAB VIDHAN SABHA

Thursday, the 21st March, 1963

(*Morning Sitting*)

The Vidhan Sabha met in the Assembly Chamber, Sector 1 Chandigarh at 9.00 a.m. of the Clock.

ABSENCE OF THE SPEAKER

ANNOUNCEMENT BY SECRETARY

Secretary : I have to inform the House that the hon. Speaker is unavoidably absent. Therefore, the hon. Deputy Speaker will occupy the Chair.

(*At this stage hon. Deputy Speaker occupied the Chair*)

STARRED QUESTIONS AND ANSWERS

FUNCTIONS OF THE DEPUTY COMMISSIONERS/ADDITIONAL DEPUTY COMMISSIONERS

***2355. Comrade Ram Chandra :** Will the Chief Minister be pleased to state the names of officers appointed as Additional Deputy Commissioners in each district with the detail of functions of the Deputy Commissioners and of the Additional Deputy Commissioners ?

S' ... ohan Lal (Home Minister) : A statement containing the requisite information is laid on the Table of the House.

STATEMENT

	Name of the district		*Name of the officer appointed*
	Hissar	..	Shri Murari Singh
..	Rohtak	..	Shri R. C. Kapila, I.A.S.
3.	Gurgaon	..	Shri G.D. Malik
4.	Karnal	..	Shri M.R. Vaid
5.	Ambala	..	Shri Munshi Ram
6.	Kangra	..	1. Shri D.N. Dhir
			2. Shri Gurdarshan Singh (at Kulu)
7.	Hoshiarpur	..	Shri Balinder Singh
8.	Jullundur	..	Shri Sunder Singh, I.A.S. (Retired)
9.	Ludhiana	..	Shri B.S. Randhawa

[Home Minister]

10.	Ferozepore	.. Shri Kuldip Singh Virk.
11.	Amritsar	.. Shri Sunder Singh
12.	Gurdas pur	.. Shri K. R. Bahl
13.	Patiala	.. Shri R. P. Ojha, I.A.S.
14.	Sangrur	.. Shri Harphool Singh
15.	Bhatinda	.. Shri Pritam Singh

The Additional Deputy Commissioners have been put in charge of the normal routine administrative work of the districts, but the Deputy Commissioners continue to be finally responsible for the general good administration of the districts. The Deputy Commissioners have further been made specifically and personally responsible for national defence in all respects, in their districts.

कामरेड राम चन्द्र : क्या मैं दरियाफ्त कर सकता हूँ कि गवर्नमेंट ने कोई ऐसी रिपोर्ट मंगवाई है जिस से मालूम हो कि काम की मिकदार वाकई इतनी बढ़ गई है कि डिप्टी कमिश्नरों की दुगनी तादाद जस्टिफाई होती है ?

मंत्री : जी हां, काम की मिकदार इतनी बढ़ गई है ।

कामरेड राम चन्द्र : क्या मैं दरियाफ्त कर सकता हूँ कि कौन से काम की मिकदार इतनी बढ़ गई है ?

Minister : Defence efforts.

कामरेड राम चन्द्र : क्या मिनिस्टर साहिब फरमाएंगे कि डिफेंस ऐफर्ट्स के सिलसिले में एडीशनल डिप्टी कमिश्नर्ज़ क्या काम करते हैं, महीने में कितने दिन दौरा करते हैं ?

मंत्री : जितना काम भी डिफेंस एफर्ट्स से सम्बन्ध रखता है, सिविल डिफेंस, होम गार्डज़, नैशनल डिफेंस फंड के साथ जितने काम सम्बन्ध रखते हैं उन के लिये पब्लिक ओपिनियन आर्गेनाईज़ करना और जितनी भी स्कीमें इस काम से ताल्लुक रखती हैं उन सब के डिप्टी कमिश्नर खुद डाइरैक्टली इंचार्ज हैं और काम करते हैं ।

कामरेड राम प्यारा : क्या होम मिनिस्टर साहिब बतायेंगे कि गर्नमेंट को सी.आई.डी. ने इस किस्म की रिपोर्ट की है कि ऐडीश्नल डिप्टी कमिश्नर्ज़ खुद कहते हैं कि हम तो मियरली डिग्नीफाईड क्लर्क्स हैं ?

उपाध्यक्षा : आप के पास सी० आई० डी० की रिपोर्ट कैसे पहुँच जाती है ? (How does the report of the C.I.D. reach the hon. Member?)

Comrade Ram Piara : Madam, what I would like to know from the hon. Home Minister is whether it is a fact that the C. I. D. has reported to the Government that some of the Additional Deputy Commissioners are openly commenting that they are merely dignified clerks .

मंत्री : मेरे नोटिस में कोई ऐसी रिपोर्ट नहीं आई ।

कामरेड राम किशन : क्या होम मिनिस्टर साहिब फरमायेंगे कि जो काम डिप्टी कमिश्नर्ज़ और एडीश्नल डिप्टी कमिश्नर्ज़ के दरम्यान बांटा गया है उस की नौइयत क्या है ?

मन्त्री : डिफेंस ऐफर्ट्स से जो काम सम्बन्ध रखता है उस का इन्चार्ज डिप्टी कमिश्नर

है । जिले के काम की जिम्मेदारी उस पर है । बाकी जितना काम ऐडमिनिस्ट्रेटिव साईड से सम्बन्ध रखता है वह ऐडीश्नल डिप्टी कमिश्नर के पास है । ओवरआल इन्चार्ज डिप्टी कमिश्नर ही है ।

Shri Rup Singh 'Phul' : Madam, may I know Whether the Government, is aware of the fact that during the previous two Great Wars no such Additional Deputy Commissioners were appointed ?

Minister : I would need a separate notice. I do not know the additional appointments that were made during the last two Wars.

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ : ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਇਹ ਗੱਲ ਦੱਸਣਗੇ ਕਿ ਕੀ ਗੌਰਮਿੰਟ ਦਾ ਹਰ ਸਬ-ਡਿਵੀਜ਼ਨ ਵਿਚ ਐਡੀਸ਼ਨਲ ਐਸ. ਡੀ. ਐਮ. ਵੀ ਨਿਯੁਕਤ ਕਰ ਦੇਣ ਦਾ ਖਿਆਲ ਹੈ ?

ਮੰਤਰੀ : ਹਾਲੇ ਤਕ ਤਾਂ ਕੋਈ ਐਸਾ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ।

कामरेड राम चन्द : मैं वज़ीर साहिब से अपने सवाल का जवाब दो हिस्सों में पूछना चाहता हूँ । एक तो यह कि डिफैंस एफर्ट्स के सम्बन्ध में ऐडीश्नल डी. सीज़ को कब तक का काम सौंपा गया है ? दूसरा यह है कि जहां तक डिफैंस एफर्ट्स का सम्बन्ध है यह बराहेरास्त गवर्नमैंट आफ इंडिया का सम्बन्ध है, आया यह सारे इख्तियारात डिप्टी कमिश्नर्ज़ को दिए गये हैं या एडीश्नल डिप्टी कमिश्नर्ज़ को दिए गये हैं ?

मंत्री : पहली बात का तो यह जवाब है कि जहां तक एडीश्नल डिप्टी कमिश्नर्ज़ की मियाद का सवाल है यह हालात पर डिपैंड करता है, यह उस वक्त तक रहेंगे जब तक ऐमरजैंसी है । दूसरी बात का जवाब यह है कि डिफैंस एफर्ट्स का जहां तक सम्बन्ध है वह बहुत हद तक स्टेट गवर्नमैंट की ही ज़िम्मेदारी है । जितनी भी इस सम्बन्ध में स्टेट गवर्नमैंट की ज़िम्मेदारी है वह डिप्टी कमिश्नर्ज़ को सौंपी गई है ।

Sardar Gurnam Singh : Do the Government get weekly, fortnightly or monthly reports from the Deputy Commissioners incharge of defence work about the actual defence work done by them ?

Minister : We do get reports from them about the various activities. But I am not sure whether they are weekly or fortnightly.

कामरेड राम चन्द्र : जहां तक ऐमरजैंसी के सम्बन्ध में चंदे इकट्ठे करने का काम है वह बहुत हद तक खत्म हो चुका है, गो ऐमरजैंसी है । इस के साथ ही होम गार्डज़ की जो संस्था है वह सारी बन चुकी है । इस समस्या को महसूस करते हुए क्या गवर्नमैंट बतायेगी कि एडीश्नल डिप्टी कमिश्नर्ज़ की पोस्ट्स को कब तक रखा जायेगा ?

मंत्री : एडीश्नल डिप्टी कमिश्नर्ज़ को उस वक्त तक जारी रखा जायेगा जब तक कि उन की ज़रूरत महसूस की जाएगी । जहां तक डिफैंस फंड की कुलैक्शन का सवाल है यह उन का ख्याल ग़लत है कि कुलैक्शन बंद हो गई है । डिफैंस बांड्ज़ अब भी सेल होते हैं । इस फंड के लिए लोगों से बदस्तूर चंदा आ रहा है ; अभी बंद नहीं हुआ ।

सरदार गुरदियाल सिंह ढिल्लों : क्या होम मिनिस्टर साहिब बतायेंगे कि क्या डिफैंस एफर्ट्स का काम टाप लैवल की मशीनरी यानी ऐडीश्नल डिप्टी कमिश्नर्ज़ के ही सपुर्द है या जो इन के नीचे काम करते हैं जैसे कि तहसीलदार, नायब तहसीलदार या ई. ए. सी. वग़ैरह हैं

[सरदार गुरदियाल सिंह ढिल्लों]

उन के सपुर्द है। यह जो आप ने जवाब दिया है इस में लिखा है कि ऐडीशनल डिप्टी कमिश्नर्ज़ हैं और फैक्ट्स यह दिए हैं--

to attend to routine and normal administrative work in the district with a view to relieving the Deputy Commissioners of such work so that they may devote their whole time and attention to the defence work

मंत्री : डिस्ट्रिक्ट के ओवर-आल इंचार्ज होने के नाते सारे काम को आर्गेनाइज़ करना मुख्तलिफ बात है बनिस्बत निचले लैवल की आर्गेनाईज़ेशन के। जितनी भी गवर्नमैंट की स्कीमें हैं जितनी इन्स्ट्रक्शन्ज़ हैं उनको जानना, उन की सारे जिला में इम्पलीमैंट करवाना और इस तरह डिस्ट्रिक्ट लैवल पर सारा काम कराना एक आदमी की जिम्मेदारी हो सकती है और होनी चाहिए। यह ज़रूरी है वरना काम नहीं चल सकता। इसलिये इस काम से डिप्टी कमिश्नर्ज़ को रिलीव करना ज़रूरी था। बाकी एडीशनल तौर पर जो ड्यूटीज़ उन को दे रखी हैं वह उन को डिस्चार्ज कर रहे हैं।

सरदार गुरदियाल सिंह ढिल्लों : डिफैंस के मसले पर तो आपने दो डिप्टी कमिश्नर्ज़ कर दिए। जहां सैपेरेशन आफ जुडीशरी ऐंड एग्ज़ैक्टिव का सवाल है क्या उसके बारे में भी आप यह सोचेंगे कि एक और बढ़ा दिया जाए? अगर आप ऐसा करना चाहें तब भी हमें कोई ऐतराज़ नहीं होगा।

श्री राम किशन : जहां तक होम गार्ड्ज़ और सिविल डिफैंस का ताल्लुक है, होम मिनिस्टर साहिब ने फरमाया है कि उनके लिए डी. आई. जी. के रैंक के अलग अलग अफसर मुकर्रर किए हैं। इसी तरह डिफैंस एफर्ट्स के सम्बन्ध में स्माल सेविंग्ज़ के लिए भी अलग डाइरेक्टर रखा है। क्या इन सभी बातों और इकानोमी मेयर्ज़ को मद्देनज़र रखते हुए गवर्नमैंट इस बात के लिए तैयार है कि एडीशनल डिप्टी कमिश्नर्ज़ की पोस्टस को खत्म कर दिया जाए और सारा काम उसी तरह से चलता रहे जैसे पहले चलता था?

मंत्री : जैसा कि मैंने बताया डी. सी. डिस्ट्रिक्ट का ओवर आल इंचार्ज और डिस्ट्रिक्ट की सभी ऐडमिनिस्ट्रेटिव विंग की कोआर्डीनेटिंग फोर्स होता है। ठीक है कि होम गार्ड्ज़ और सिविल डिफैंस के लिए अलग अलग कमांडैंट्स भी मुकर्रर किए हुए हैं लेकिन हर बात की कोआर्डीनेशन करने के लिए, डिफैंस के सिलसिले में डिफ्रैंट टाइप्स से पब्लिक ओपीनियन क्रिएट करने, मुनासिब डाइरैक्शन्ज़ देने और सारा काम आर्गेनाइज़ करने से सम्बन्ध रखने वाली सभी बातें डिप्टी कमिश्नर्ज़ के परविय् की बातें हैं। इसी के लिये एडीशनल डिप्टी कमिश्नर्ज़ रखने पड़े। इसी तरह जैसा कि आनरेबल मैम्बर साहिबान जानते हैं और जैसा कि मैं ने अभी अभी बताया है डिस्ट्रिक्ट के सभी एडमिनिस्ट्रेटिव विंग्ज़ की कोआर्डीनेशन ऐंड कंट्रोल डिप्टी कमिश्नर से सम्बन्ध रखने वाली बातें हैं। वही अलग अलग विभागों की, जो कि डिस्ट्रिक्ट में काम करते हैं, कंट्रोलिंग अथारिटी होता है। लेकिन जैसा कि मैंने पहले भी कहा था एडीशनल डिप्टी कमिश्नर्ज़ को गवर्नमैंट सिर्फ़ उसी वक्त तक रखेगी जब तक कि उन की ज़रूरत होगी या जिस वक्त एमरजैंसी के सिलसिले में डिफैंस ऐफर्ट्स की ज़रूरत महसूस नहीं की जाएगी।

श्रीमती सरला देवी : क्या गृह मन्त्री जी बतायेंगे कि किसी डिस्ट्रिक्ट में एक डी. सी. के अलावा दो-दो एडीशनल डिप्टी कमिश्नर्ज़ भी हैं ?

सरदार ज्ञान सिंह राड़ेवाला (सरहंद) : मुहतरिमा डिप्टी स्पीकर साहिबा, जो किताब, 'Puniab on the March,' हमें सप्लाई की गई है उस में इरीगेशन के महकमा के मुतअल्लिक सब से पहला सैंटैन्स लिखा है--"The Irrigation Department is engaged in regenerating the truncated economy of the State by building afresh new works" इस में इस डिपार्टमैंट की अहमियत का इजहार होता है। अगर मैं यह कहूं कि पंजाब की खुशहाली का सारा दारोमदार ही इस महकमा पर है तो मैं समझता हूं कि मैं मुबालग़ा से काम नहीं ले रहा । सही तौर पर, पंजाब की तक्सीम के बाद इस तरफ तवज्जोह दी गई और आबपाशी से मुतअल्लिका बहुत बड़े बड़े काम शुरू किए गए । आज से पंद्रह साल पहिले भाखड़ा डैम की तामीर शुरू हुई और इस वक्त आकर वह मुकम्मल हुआ है । मैं नहीं समझता कि ब्यास डैम, पौंग डैम, घग्घर डैम वगैरह किस वक्त मुकम्मल होंगे । इस वासते जरूरी है कि पंजाब गवर्नमैंट का सब से ज्यादा ध्यान, सब से ज्यादा तवज्जोह इस महकमा की तरफ लगनी चाहिए । यह महकमा न सिर्फ खेतों को पानी देगा बलिक दुनिया की जो सब से अहम ज़रूरत बिजली है जिसकी बाबत खुद प्रधान मन्त्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने बार बार कहा है कि किसी मुल्क की खुशहाली का पैमाना अगर कोई है तो वह बिजली है--उसे भी इसी महकमा ने पैदा करना है । मगर, डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप मुझे मुआफ फरमाएंगी जब मैं यह कहूंगा कि इस डिपार्टमैंट की तरफ वह तवज्जोह नहीं दी गई जो कि मकसूद थी । कभी इरीगेशन सिस्टम पर पंजाब को नाज था । पंजाब को अपने इंजीनियर्ज़ पर नाज़ था ।

लेकिन मैं बड़े दुख से यह महसूस करता हूं कि कुछ अरसा से इस डिपार्टमैंट के साथ जो ट्रीटमैंट हो रहा है इस से इस का हौसला पस्त हुआ है, इस का हौसला बुलन्द नहीं हुआ । डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस में मैं अपने आप को बरीउलज़िम्मा करार नहीं देता लेकिन यह अर्ज करता हूं कि यहां एक डामीनेटिंग हैंड है, यहां पर एक ऐसी हस्ती है जिस की मौजूदगी में मैं अपने जाती तजुरबे की बिना पर कह सकता हूं कि जो इंडिविजुअल मिनिस्टर हैं वे महज़ एक खिलौना बन कर रह जाते हैं.............

उपाध्यक्षा : तो इस में उन खिलौनों का भी कसूर है। (Then those puppets are also to be blamed.)

सरदार ज्ञान सिंह राड़ेवाला : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं ने यह कसूर पहले अपने जिम्मा ले लिया है । मैं यह अर्ज़ कर रहा हूं कि मेरा हरगिज यह मतलब नहीं कि मैं

किसी के खिलाफ कोई एसपर्शन कास्ट करूं लेकिन मैं इस असलियत की तरफ आप की मार्फत, चीफ मिनिस्टर साहिब का और दूसरे मिनिस्टर साहिबान का ध्यान दिलाना चाहता हूं और हमेशा से कहता आ रहा हूं कि यहां जो टेलैंटिड इंजीनियर्ज़ हैं वह पंजाब से सदा बाहर जाने की कोशिश में रहते हैं । वे इस बात की इन्तज़ार में रहते हैं कि जब सैंट्रल वाटर ऐंड पावर कमिशन में कोई जगह खाली हो तो वह वहां चले जाएं । अगर उन्हें किसी प्राइवेट फर्म में जगह मिले तो वहां जाने के लिए तैयार रहते हैं । उन की हमेशा यहां से बाहर जाने की कोशिश रहती है । सिर्फ यहीं बस नहीं, इस महकमा में तो बड़े टेलैंटिड इंजीनियर्ज़ थे उन्हें ट्राई किया गया जिस से उन्हें इतनी हरैसमैंट हुई जिस के कारण उन्होंने अपनी जान खत्म करने की कोशिश की । मुझे पता है कि एक बड़े काबल इंजीनियर थे, जो सिर्फ पंजाब के लिए ही नहीं बल्कि सारे मुल्क के लिए एक मायानाज़ इंजीनियर थे जिस के साथ का काबल इंजीनियर सारे हिन्दुस्तान में मिलना मुश्किल था, जिस को बाहर चार या पांच हज़ार रुपए माहवार की पोस्टस आफर हो रही थीं लेकिन वह पंजाब में एक या डेढ़ हज़ार रुपए ले कर सैटिस्फाईड था क्योंकि उसे पंजाब से बड़ा प्रेम था और वह यहां की खिदमत करना चाहता था ; लेकिन वह मजबूर हो गया और उस ने अपनी ज़िन्दगी को खत्म कर दिया । इस लिए मैं अर्ज़ करता हूं कि यह जो डीमारेलाईज़ करने की कोशिश रहती है यह बड़ी खतरनाक बात है । यह तमाम महकमा ही डीमारेलाईज़ हो गया है । यहां के इतने अच्छे इंजीनियर्ज़ हैं, जिन का मैं नाम नहीं ले रहा, उन के बारे में मुझे पता है कि उन्हों ने रिकार्ड टाईम में बहुत बड़े बड़े काम मुकम्मल किये हैं ; लेकिन उन के काम की दाद नहीं दी गई बल्कि उन की एक्सप्लेनेशनज़ ही काल की गई हैं । मुझे पता है कि एक आदमी जो हाईएस्ट इन दि डिपार्टमैंट था, को यहां तक ज़लील किया गया कि वह यहां से चला गया । इस लिए मैं गुज़ारिश करता हूं कि जब तक इस तहरीक में इसलाह नहीं होगी, इस डिपार्टमैंट में अच्छे इंजीनियर्ज़ के टिके रहने की उम्मीद नहीं की जा सकती और अगर यह यहां रहें भी तो यह सारा काम जितना यहां इरीगेशन के बारे में किया जाना है मेरे अन्दाज़ा के मुताबिक अगर यह 30 साल तक भी करते चले जाएं तो भी यह पूरा नहीं कर सकेंगे । इस की वजह यह है कि इन का इनीशियेटिव किल कर दिया गया है । अब इन को हौसला नहीं होता कि यह किसी अजीब काम को चलाएं । (विघ्न) लेकिन इन के साथ सलूक क्या होता है ? सलूक यह होता है कि बजाए इस के कि इन का हौसला बढ़ाया जाए उल्टा इन का हौसला पस्त किया जाता है । हमारे सामने यह बजट की किताबें पड़ी हैं जिन में दिया हुआ है कि यह करना है, वह करना है लेकिन हो कुछ भी नहीं पा रहा । मैं हमेशा यही कहता रहा हूं कि हमारा पंजाब एक बड़ा खुशकिस्मत सूबा है, जितने इसके पास रिसोरिस्ज़ हैं अगर इन्हें डिवैलप कर लिया जाए तो क्या कैलीफोर्निया और दूसरी जगहें सब इस का मुकाबला नहीं कर सकेंगी । जहां तक इन फंडामैंटल थिंग्ज़ का ताल्लुक है, बेसीकली यह कहा जाता है this is to be done, this will be done लेकिन इस में जो एचीवमैंट्स हुई हैं वह भी पढ़ कर आप देखें । दिस इज़

[सरदार ज्ञान सिंह राड़ेवाला]

दि स्टेट आफ अफेयर्ज़ । इस वास्ते मैं महसूस करता हूं । कल एक क्वेस्चन के जवाब में चीफ मिनिस्टर साहिब में बताया था कि वन-फाईल सिस्टम कई महकमों में जारी कर दिया गया है और कई में नहीं किया जा रहा । मैं ने पूछा था कि क्या यह सिस्टम परमानैंट तौर पर लागू कर रहे हैं । मैं कहता हूं कि इस से भी कुछ नहीं होगा जब तक इस डिपार्टमैंट और मिनिस्टर के दरमयान जो क्लाग लगा दिया गया है उसे दूर न किया गया । इसे ज़रूर दूर करना चाहिए । पता नहीं कि क्यों चीफ मिनिस्टर साहिब का यह ख्याल है कि आई.सी.एस. या आई. ए. एस. या ऐडमिनिस्ट्रेटिव अफसर ज्यादा रिलायबल हैं और इस डिपार्टमैंट के जो पहले अफसर हैं वह रिलायबल नहीं हैं । मैं तो समझता हूं कि यह तो इस डिपार्टमैंट की ऐफीशैंसी के रास्ते में क्लाग्ज़ हैं । बेहतर होगा अगर इन को दूर कर दिया जाए । इस से इस महकमे का काम ज्यादा एक्सपिडाईट हो सकता है । मैं समझता हूं इस तरह से यह सिस्टम बड़ा कामयाब साबित होगा । एक चीफ इंजीनियर और मिनिस्टर के दरमयान किसी सैक्रेट्री की ज़रूरत नहीं है । मेरा यह तजुरुबा है कि सैक्रेटरी की कोई यूज़फुल कंट्रीब्यूशन नहीं है । इस से महकमा की एफीशैंसी नीचे को जाती है । यह अजीब किस्सा है कि एक प्रोपोज़ल एक चीफ इंजीनियर बनाता है लेकिन उस को सैक्रेट्री सक्रुटिनी करने के लिए ले कर बैठ जाता है और उस को एक क्लर्क सक्रूटिनाईज़ करता है । आप बताएं कि उस को सक्रूटिनाईज़ करने के लिए एक क्लर्क में क्या कपैसिटी हो सकती है। Even the Secretary or the Deputy Secretary cannot give any technical advice to the minister.

फिर मुझे समझ नहीं आती कि इस में इन्सिस्ट क्यों किया जा रहा है जब यह क्लाग्ज़ हैं और इन की वजह से काम में डिलेज़ होती हैं । मैं ने देखा है कि एक एक महीना डिले हो जाती है और अगर मैं यह कहूं कि कई केसिज़ में तो सालों डिले हो जाती है तो मैं गलत नहीं कह रहा । इस बारे में मैं मिनिस्टर साहिब को कंक्रीट सुझाव दूंगा कि यह जो इन्हों ने कदम उठाया है सिंगल-फाईल सिस्टम लागू करने का, इस को आप मुकम्मल करें । यह तब मुकम्मल होगा जब आप सैक्रेट्री को बीच में से उड़ा देंगे ।

मैं समझता हूं कि दूसरे सूबों की निस्बत पंजाब में ज्यादा खुशहाली है । इस की वजह यह है कि इस के हालात मुख्तलिफ हैं । दूसरे सूबों का मुझे पता है कि वहां के लिए सैंट्रल गवर्नमैंट का सैंट्रल इरीगेशन ऐंड पावर बोर्ड माईनर इरीगेशन की डिवैल्पमैंट के लिए ज्यादा ज़ोर देता है और इसी के लिए रुपए भी देता है लेकिन पंजाब के हालात मुख्तलिफ हैं । पंजाब की जो मेजर इरीगेशन स्कीम्ज़ हैं वह बहुत अच्छी हैं। अगर इन को ही मुकम्मल कर लिया जाए तो मैं समझता हूं कि माईनर इरीगेशन स्कीम्ज़ की ज़रूरत ही नहीं रहती । लेकिन आज हमारी जो दूसरी बड़ी प्राजैक्ट्स हैं उन के लिए मैटीरियल नहीं मिल पाता , इस वजह से उन के मुकम्मल होने में डिले हो जाती है ।

फिर मैं अर्ज़ करता हूं कि इलैक्ट्रिसिटी की प्रोडक्शन की तरफ हमें ज्यादा ध्यान देना चाहिए क्योंकि इलैक्ट्रिसिटी ही एक ऐसी चीज़ है जिस ने हमारे हालात को बदलना है । हमें यह भी मालूम है कि हमारा इलैक्ट्रिसिटी प्रोड्यूस करने का जो मौजूदा सिलसिला है यानी जो भाखड़ा डैम के पावर-हाउसिज़ बने हुए हैं वह नाकाफी हैं । इस की एक वजह यह भी है कि जब पानी की खेतों को ज्यादा ज़रूरत होती है तो डैम से पानी ज्यादा छोड़ा जाता है जिस से जो उन पावर-हाउसिज़ की फर्म पावर होती है वह कम हो जाती है । इसी कमी को दूर करने के लिए सतलुज-बयास लिंक की स्कीम बनाई गई थी । क्योंकि जब पानी कम हो जाता है तो बिजली कम हो जाती है । इस लिए यह स्कीम बनाई गई थी ताकि पानी की उस कमी को पूरा किया जाए और बिजली में कमी न हो । मैं समझता हूं कि भारत की खुशहाली पावर पर निर्भर है ।मगर पंजाब की खुशहाली एक बड़ी हद तक इस बात पर मुनहिसर है । इसके

10-00 a.m.

बगैर न तो यहां की खेती ही पनप सकती है और न ही इन्डस्ट्री । यह स्कीम है जिससे कि पंजाब को काफी बिजली मिल सकती है,फर्म पावर मिल सकती है और जो कटौतियां की जा रही हैं उन की ज़रूरत नहीं रहेगी । मगर मैं देख रहा हूं कि सारी स्कीम्ज़ प्रो रेटा बेसिज़ पर हैं, यानी इस पर इतना खर्च करना है उस पर इतना खर्च करना है। मैं ने जब इस किताब को पढ़ा तो देखा कि इस में इरीगेशन पर काफी ज़ोर दिया गया है और मैं समझता हूं कि सही ज़ोर दिया गया है । मगर जहां यह इतना बड़ा सिस्टम है वहां ड्रेनेज का सिस्टम नहीं था, इस बारे में पहिले सोचा ही नहीं गया । नतीजा यह हुआ कि पंजाब के एक बहुत बड़े हिस्से में वाटरलौगिंग हो गई है । मीलों तक थूड़ है, सफेद ही सफेद ज़मीन नज़र आती है । इस के रिकलेम करने का काम बहुत बड़ा है । मैं इस पहलू में ज्यादा नहीं जाता क्योंकि इस का ज्यादा सम्बन्ध खेती-बाड़ी से है । मगर इस के लिए हमें बहुत ज्यादा पानी की ज़रूरत है ।

इसी सिलसिला में मैं रीमौडलिंग का ज़िक्र करना चाहता हूं । इस का काम शुरू है । सरहिन्द फीडर बनाया गया है । जो पानी सरहिन्द कैनाल में जाता था वह अब हरिके में जाता है । इस से पानी फालतू हो गया । पैप्सू वह इलाका है जहां अगर मैं गलती नहीं करता तो पंजाब की निसबत आधा पानी जाता था । उन को इस की ज़रूरत थी, तो यह स्कीम बनी कि इस तरह से हरिके पर बंध लगा कर जो पानी सरहिन्द कैनाल में ज्यादा हो गया है वह उस इलाका को दे दिया जाए । इसके मुतअल्लिक मुझे इस किताब में ज़िक्र नहीं मिला । इस में यह तो ज़रूर ज़िक्र है :

> "There was some leeway in the utilizatiion of irrigation potential on the channels of erstwhile Pepsu State and this is now being gradually made up in the Third Plan....................."

मैं वज़ीर साहिब से कहना चाहता हूं कि यह काम काफी सालों से चालू है । मैं समझता था कि इस साल में यह मुकम्मल हो जाना चाहिए था । मगर मुझे पता नहीं चल सका कि यह काम किस स्टेज पर है । पानी सरपलस हुआ, पाकिस्तान से भी समझौता हो गया । मगर पानी के इस्तेमाल करने के लिए इन्तज़ाम नहीं हुआ । जब तक मालेरकोटला ब्रांच की रीमौडलिंग नहीं होती डिस्ट्रीब्यूटरीज में पानी नहीं पहुंचेगा । अगर तो यह

[सरदार ज्ञान सिंह राड़ेवाला]

काम मुकम्मल हो गया है तब तो मुझे कुछ नहीं कहना है ; अगर अभी अधूरा है तो अर्ज करूंगा कि इस के न होने की वजह से सरकार का नुकसान हो रहा है, ज़मींदारों का नुकसान हो रहा है । इन सारे नुकसानात से बचा जा सकता है अगर इस काम को जल्दी से जलदी खत्म किया जाए ।

मैं ने इस में यह देखा है कि पुलों का काम पूरा नहीं हुआ । इस से लोगों को बड़ी तकलीफ है । मेरे मुअज़िज़ दोस्त सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों ने ज़िक्र किया था कि मुरब्बाबंदी की वजह से पुल कहीं हैं और रास्ते कहीं दे दिए गए हैं । यह बड़ी जैन्विन ग्रीवैंस है । वजीर साहिब मुतअल्लिका ने जवाब दिया कि इरीगेशन का कनसौलीडेशन से कोई ताल्लुक नहीं है । लेकिन मैं समझता हूं कि इसके मुताल्लिक हिदायात हैं कि सुपरिटैंडिंग इन्जनियर, ऐक्स०ई०ऐन० और डिप्टी कमिश्नर एक साथ मिल कर फैसला करेंगे कि पुल कहां लगना चाहिए और कहां नहीं लगना चाहिए । यह तो ठीक है कि इन का बराहे रास्त कंट्रोल नहीं है मगर यह कहना ठीक नहीं कि चूंकि इस का ताल्लुक दूसरे महकमे से है इस लिए इन का इन से काम नहीं है ।

उपाध्यक्षा : आप वाइंड अप करें । (Wind up please.)

सरदार ज्ञान सिंह राड़ेवाला : अभी तो मुझे बहुत सी बातें कहनी थीं ।

उपाध्यक्षा : आप कहें चूंकि आपको परसनल तजरूबा है, आप कहें । (The hon Member may please speak since he has got personal experience.)

सरदार ज्ञान सिंह राड़ेवाला : यह तो जी, हर शख्स के तजरूबे की बातें हैं, मैं कोई खास बात नहीं कह रहा । तो मैं पुलों के बारे बात कर रहा था । यह एक दो जगहों का सवाल नहीं है, यह तो सारे पंजाब का सवाल है । तो मेरी यह दरखास्त है कि जहां पर रीमौडलिंग हो रही है वहां पर साथ ही साथ उन का भी ख्याल रखा जाए । इसके लिए पैसे तो ज़रूर होंगे । यह लोगों की जैन्विन तकलीफ है, इस की तरफ ज़रूर ध्यान देना चाहिए । मैं ने एक जगह खुद मौका भी देखा है और वजीर साहिब देखेंगे तो मुत्तफिक होंगे कि सौ गज़ पर तो पुल बना हुआ है मगर कनसौलीडेशन वालों ने रास्ता दूसरी तरफ दे दिया है । पटड़ी पर से गुज़रने नहीं दिया जाता । मुझे याद है कि रोपड़ में हम ने लोगों को पटड़ी पर से गुज़रने की इजाज़त दी थी । चीफ मिनिस्टर साहिब के नोटिस में भी यह बात लाई गई थी । इस तरफ वज़ीर साहिब ध्यान दें ।

मैं कुछ ट्यूब-वैल्ज़ के बारे में भी कहना चाहता हूँ । इन से पूरा फायदा नहीं उठाया गया । मैम्बर्ज़ को याद होगा कि हम ने बिजली की दर चार आने से घटा कर दो आने की थी । मगर इस से भी मसला हल न हुआ । मुझे हैरानी है कि अब सरकल तोड़े जा रहे हैं । तो जो सैंकड़ों की तादाद में ट्यूब-वैल्ज़ हैं उन का कौन ख्याल रखेगा । इन के लिए स्पैशल स्टाफ की ज़रूरत है । यह अपने पांव पर खड़े नहीं हो सकेंगे । उधर यह डिवीयन तोड़ रहे हैं और दूसरे ऐस्टीमेट्स में दिखाया गया है कि नए ट्यूब-वैल्ज़ लगाने हैं । मैं अर्ज़ करता हूँ कि वाटरलौगिंग को दूर करने के लिए मैं शैलो ट्यूबवैल्ज़ लगाने के खिलाफ नहीं

हूँ। लेकिन अगर इरीगेशन के लिए लगाने हैं तो यह कामयाब नहीं होंगे। इस स्कीम पर रुपया ज़ाया नहीं करना चाहिये।

पानी की तकसीम के मुतअल्लिक हम बहुत देर से सोचते आ रहे हैं इसके मुतअल्लिक बहुत सी शिकायतें हैं। शायद वसूली के मुतअल्लिक तो फैसला दे दिया गया है लेकिन डिस्ट्रीब्यूशन आफ वाटर का कोई इंतज़ाम नहीं हुआ। मैं मिनिस्टर साहिब से कहूँगा कि वह भी फाइल्ज़ को देखें जिन पर नोटिंग हुई है। मैं एक बात बिलकुल सच कहता हूँ कि इनीशियल एक्सपैंडीचर वर्थ स्पैंडिंग होगा। जहां तक फिगर्ज़ का ताल्लुक है, मैं समझता हूँ कि यह बिलकुल वहम है कि ज़्यादा से ज़्यादा इरीगेशन हो गई या इतनी आमदनी हो गई या इतना टैक्स आ गया। हकीक़त यह है कि जिस पानी का कोई फायदा नहीं हुआ उसका भी किसान को पैसा देना पड़ता है। चूंकि किसान बाइ नेचर ऐसा है कि वह ज़्यादा से ज़्यादा सोइंग करना चाहता है और एक फसल काटता है तो दूसरी के लिये पानी दे देता है लेकिन उसको फायदा कुछ नहीं होता। तो मैं यह कहना चाहता हूँ कि इरीगेशन की वौलूमैट्रिक सिस्टम पर तहकीकात की जाए। और इसका हल अगर ऐग्रीकल्चर डिपार्टमैंट से तलाश कर लिया जाए तो अच्छा रहेगा। अगर दोनों डिपार्टमैंट्स की कोआपरेशन हो तो ज़्यादा से ज़्यादा फायदा हो सकता है।

घग्गर प्राजैक्ट का भी ज़िक्र हमने पढ़ा है। लेकिन मैं समझता हूँ कि सिवाए होप्स रेज़ करने के और कुछ नहीं है। घग्घर की स्कीम का मुझे पता है कि यह स्कीम 20 साल से चल रही है लेकिन इसकी तरफ तवज्जोह नहीं दी गई। और हमारे माहरीन ने इस स्कीम को टेक अप करते वक्त यह कहा था कि उन्हें भाखड़ा की पहले ज़रूरत है। लेकिन अब जब फ्लड्ज़ से बहुत ज़्यादा नुकसान हुआ तो उन लोगों को इस स्कीम का ख्याल आया। मैं मिनिस्टर साहिब से इस बात के लिए कहूँगा कि इसकी कंस्ट्रक्शन जल्दी से जल्दी की जाए। इससे जहां इरीगेशन का फायदा चन्द ज़िलों को पहुँचेगा वहां बहुत कुछ फ्लड्ज़ की प्रौबलम दूर हो जाएगी। अभी कुछ समय पहले राजस्थान के सुखाडिया साहिब का बयान मैंने पढ़ा था, उसमें उन्होंने कहा था कि घग्घर से करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। इसलिए मैं कहता हूँ कि इस काम को ठंडा न पड़ने दिया जाए। (घंटी)

मैं कहना तो बहुत कुछ चाहता था, बिजली के मुतअल्लिक बहुत कुछ बातें रह गई हैं लेकिन टाइम कम होने की वजह से अब उन्हें इस वक्त नहीं कह सकता। सिर्फ मिनिस्टर साहिब से इतना कहना चाहूँगा कि जो बातें मैंने कही हैं, मुझे उम्मीद है कि वे उन पर ग़ौर करेंगे।

चौधरी देवीलाल (फतेहाबाद) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, हम इरीगेशन और ड्रेनेज वर्क्स की डिमांडज़ पर दो दिन से बहस कर रहे हैं। यहां वाटरलौगिंग का सवाल अब इतना बड़ा रूप धारण कर गया है कि सरकार को इसकी तरफ खासतौर से तवज्जोह देनी पड़ी है और उसके लिए 7 करोड़ 35 लाख रुपया मंज़ूर किया जा रहा है। यहां पर एक कायदा सा बन गया है कि जो एक्स मिनिस्टर हो जाता है वह अपने वक्त में काम पूरा न होने की बेबसी बतलाता है और सिटिंग मिनिस्टर से यह कहता है कि इस पर ग़ौर होना चाहिये और उस पर ग़ौर होना चाहिए, जैसा कि सरदार ज्ञान सिंह राड़ेवाला ने बताया है और कहा है

[चौधरी देवी लाल]
कि यहां पर इंजीनियर्ज़ इंडिपैंडैंटली इनीशिएटिव नहीं ले सकते। यह बातें उन सभी आनरेबल मैम्बरान की है जो एक्स हो गए हैं।

जहां तक नहरों का ताल्लुक है, मैं हरियाना की बाबत अर्ज़ करना चाहता हूं कि वहां की बहुत सी ज़मीन रेतीली है। फिर भी वहां पानी कम दिया जाता है। वहां 2 क्यूसैक्स से ले कर 2.4 क्यूसैक्स पानी एक हज़ार एकड़ ज़मीन को दिया जाता है लेकिन पंजाबी रीजन में इसी एक हज़ार एकड़ को 7 क्यूसैक्स पानी दिया जाता है। जब यहां पर ग्रीवैंसिज़ पेश की जाती हैं तो कहा जाता है कि सरकार तो ऐसा नहीं करती।

रिवाड़ी लिफ्ट स्कीम राव बीरेन्द्रसिंह, प्रोफैसर शेर सिंह के दिनों में बनी लेकिन आज तक पूरी नहीं हुई जब कि इसे सैकंड फाइव इयर प्लैन में पूरी हो जाना चाहिए था।

(*At this stage Shri Chiranji Lal Sharma, a member of the Panel of Chairmen, occupied the Chair.*)

अगर इस हिसाब से काम को देखा जाए तो यह चौथे फाइव-इयर प्लैन में भी तैयार नहीं हो सकेगी। कारण यह है कि हर काम पोलिटीकल कन्सिड्रेशन पर किया जाता है। गुड़गावां लिफ्ट स्कीम के मातहत चार लाख एकड़ ज़मीन सैराब हो सकती थी। लेकिन वह स्कीम बन्द कर दी गई। रिवाड़ी लिफ्ट स्कीम बन्द कर दी गई। दादरी और लोहारू के इलाके को ताज्यांवाले मुकाम से क्लोज़ चैनल निकाल कर पानी दिया जा सकता था, भिवानी का इलाका भी सैराब हो सकता था। लेकिन यहां तो हर वक्त दिमाग बदलता रहता है, स्कीमें बदलती रहती हैं। सोचा यह जाता है कि किस इलाके को किस ढंग से विक्टिमाइज़ किया जा सकता है। मौजूदा इरीगेशन मिनिस्टर कहते हैं कि हिसार ज़िले को तो सबक सिखाना है, पानी बिल्कुल नहीं देना। जहां पर कांग्रेस का कैंडीडेट हार गया हो, वहां कहते हैं कि अगर कांग्रेस में आजाओगे तो मोघा मिल सकता है, वरना नहीं। सिरसा में कान्फ्रैंस रखी थी, उस को फ़ेल करने के लिए इरीगेशन मिनिस्टर गए। रास्ते में एक गांव से गुज़रे। वहां पर सैंकड़ों आदमी जमा थे, उन्हों ने मोघे की डिमांड की तो आं जनाब ने जवाब दिया कि तुम तो देवी लाल के खाते में लिखोगे, अगर कैरों के खाते में लिखो तो मोघा मिलेगा। सांपले में कान्फ्रेंस के मौके पर लोगों ने यह बात कही तो चौधरी हरद्वारी लाल कहने लगे कि ऐसी बात तो थोड़ी सी अकल रखने वाला आदमी भी नहीं कह सकता। लोगों ने कहा कि हमारे सामने कही है। मैं कहता हूँ कि यह बात अकेले मिनिस्टर पर डिपैंड नहीं करती, सारी गवर्नमैंट पोलिटीकल कन्सिड्रेशन पर चलती है। फ्लड्ज़ में रुकावट होनी चाहिए लेकिन नहीं हो रही। जहां पर पानी की ज़रूरत है वहां पानी दिया नहीं जा रहा। इस तरह से पंजाब कैसे तरक्की कर सकता है। एमरजैंसी में जहां बहादुर नौजवानों ने लड़ना है वहां उन को खुराक पहुँचाने की भी ज़रूरत है। नहरों का इन्तज़ाम होना चाहिय। और पानी की सही तकसीम होनी चाहिये। इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड की तरह एक अटानोमस इरीगेशन बोर्ड होना चाहिए ताकि पानी की सही तरीके से तकसीम हो सके। जहां ज़रूरत हो वहां पानी दिया जाए, जहां ज़रूरत न हो वहां न दिया जाए। लुधियाना, जालन्धर, अमृतसर और गुरदासपुर के इलाके में इस वक्त ड्रेन्ज़ की खुदाई हो रही है। सारे पंजाब में इस वक्त

110 ड्रेन्ज़ खोदी जा रही हैं। इन में से 83 तो पंजाबी रिजन में खोदी जा रही हैं और बाकी की 27 ड्रेन्ज़ हिन्दी रिजन में खोदी जा रही हैं। लिसाड़ा ड्रेन, सिरहंद ड्रेन, मिरवी चो और सुनाम चो जो लुधियाना वग़ैरह से आते हैं ये सारे के सारे घग्घर में जा कर गिरते हैं। नतीजा यह होता है कि जहां पर वाटर-लाग्ड एरिया है वहां और ज्यादा कम्पलिकेशन पैदा होती है और जहां पर पानी की ज़रूरत है वहां लोगों को पानी नसीब नहीं होता। वाटरलाग्ड एरिया में तो पानी की एवरेज 7 क्यूसक्स पर थाऊज़ेंड एकड़ है लेकिन जहां लोग पानी के लिये तरसते हैं, दादरी, भिवानी और लाहारू के इलाके में, पानी की एवरेज 2 क्यूसैक्स पर थाऊज़ेंड एकड़ है। इस लिए मैं तजवीज़ देता हूँ कि एक अटानोमस इरीगेशन बोर्ड बनाया जाना चाहिए जो कि सारी स्टेट में पानी की सही तकसीम करे। एक इंजीनियर ऐसा हो जिस का काम यही हो। पोलिटीकल कंसिड्रेशन पर सारे काम नहीं हो सकते। मैं ही यह बात नहीं कहता, आपोज़ीशन की तरफ से कोई मैम्बर उठे, कांग्रेस की तरफ से उठे, सब का एतराज़ यही होता है कि यहां पर हर काम पोलिटीकल कन्सिड्रेशन से होता है। कोई इंजीनियर या हैड आफ दी डिपार्टमैंट इनिशियेटिव नहीं ले सकता। यह हालत पंजाब की है। जहां तक नहरों का ताल्लुक है, गुड़गावां स्कीम ड्राप कर दी गई है। जब तक उस को रीमौडल नहीं किया जाएगा उस वक्त तक डिस्ट्रीब्यूट्रीज़ में पानी नहीं जा सकता। रिवाड़ी लिफ्ट स्कीम के लिये 2 लाख रुपया रखा जा रहा है। इस तरह से तो यह 12 साल में भी कम्पलीट नहीं होगी। यह तो आंखें पोंछने वाली बात है। रिप्रिज़ैंटेटिव्ज़ में इतनी हिम्मत नहीं है कि अपने इलाके के लिये हाउस में आवाज़ उठा सकें। सरकार तो हैं नहीं हरकारे बैठे हैं। मैं आप की मार्फत उन से कहना चाहता हूँ कि उन का भी फर्ज़ है कि हरकारे के तौर पर जा कर बात कह दें।

Mr. Chairman : Please try to avoid such remarks.

चौधरी देवी लाल : जनाब, घग्गर डैड रिवर होता था ; इस में सरदियों में कभी पानी नहीं होता था। अब वह हर मौसम में चलता है। 500 क्यूसक्स पानी उस दरिया में चलता है, पहले से 12 गुना पानी उस में आता है। मैं सरकार के रिकार्ड के मुताबिक बता रहा हूँ कि उस दरिया में पहले वाटर डिस्चार्ज़ क्या था। मैं ने एक असैम्बली क्वैस्चन किया था, उस के मुताबिक बता रहा हूँ। चांदपुर के मुकाम पर दरियाए घग्घर भाखड़ा नहर को क्रास करता है। आगे ओटू के मुकाम पर डैम बना हुआ है। जब फ्लड्ज़ आए तो जाखल, बाह्मण वाली, रोजां वाली, चांदपुरा, बन्धगढ़, भब्बनपुर और बादल गढ़ सब गांव डूब गए थे। वहां पर 12, 12 फुट पानी चढ़ गया था। 80, 83 मील के फासले पर ओटू रैज़रवायर है। 1955 में चांदपुर के मुकाम पर वाटर डिस्चार्ज क्या था ; इस की फिगर अवेलेबल नहीं है। ओटू के मुकाम पर 2,055 क्युसक्स वाटर डिस्चार्ज था। 1960 में चांदपुर में 21,000 क्युसक्स और ओटू में 8,000 क्यूसक्स, 1961 में चांदपुर में 17,050 और ओटू में 5,961 क्यूसक्स था। 1962 में ओटू के मुकाम पर वाटर डिस्चार्ज 19,000 क्यूसक्स था। जहां पर इतना ज्यादा पानी गया हो वहां पर फ्लड्ज़ न आएं तो और क्या हो ? राजस्थान कैनाल हरिके पत्तन से निकलती है और कोट कपूरा, फरीद कोट, गिदड़ बाहा, अबूब शहर होती हुई

[चौधरी देवी लाल]
बणी के पास जा कर घग्घर को क्रास करती है। वहां पर साईफन में पानी का डिस्चार्ज 8,000 क्यूसक्स था। इस साल अन्दाज़ा है कि वहां पर पानी का डिस्चार्ज 20,000 क्यूसक्स होगा। पानी का निकास न होने की वजह से ओवरफ्लो होता है और बणी गांव में, जिस की आबादी आठ हज़ार है, 27, 27 फुट पानी चढ़ जाता है। वहां पर किसी मकान का नामोनिशान नहीं रहा। सरकार ने कुछ तवज्जोह नहीं दी। चाहिये तो यह था कि उन लोगों को मदद दी जाती। लेकिन मदद तो एक तरफ रही, सरकार ने उन को ज़मीन भी ऐक्वाइर कर के नहीं दी। वहां पर मगरब से मशरिक को पानी चला और 15 मील तक डुबोता हुआ चला गया। उसी जगह पर इस साल 10,000 क्यूसक्स मज़ीद पानी आ जाने का अन्दाज़ा है जब लिसाड़ा ड्रेन का पानी उस में जाएगा। चार बार लाईन बदली जा चुकी है। आज भी हमारे चीफ इंजीनियर साहिब वहां गए हुए हैं। जहां पर लोगों की किस्मत के फैसले इस तरह से हों, चंद आदमियों के एप्रोच करने से लाईन को बदला जाए, अपने आदमियों को फायदा पहुँचाने की खातिर मुखालिफ पार्टी के लोगों को नुकसान पहुँचाया जाए, वहां देश कैसे तरक्की कर सकता है? एक तरफ फ़ेवरिटइज़म की जाती है और दूसरी तरफ विक्टिमाईज़ेशन होती है। लिसाड़ा ड्रेन का पानी लो लाईंग एरिया की तरफ निकालना चाहिये। अगर ऊँचे लैवल में से निकालेंगे तो जगह जगह से ड्रेन टूट जाएगी और फिर फ्लड्ज़ आएंगे। कल ही बाबू अजीत कुमार ने बताया था कि दो जगह से नहीं, वह ड्रेन दस जगह टूटी। आप अन्दाज़ा लगाएं कि जहां ड्रेन टूट जाती है वहां कितना बुरा हाल होता है। लेकिन अफसोस तो इस बात का है कि हर बात पोलिटीकल कंन्सिड्रेशन से होती है। मैं नहीं कहता कि कहां तक सच है या झूठ, लेकिन इस बात की आम चर्चा है। दस दस, बीस बीस लोगों के डैपुटेशन्ज़ बराड़ साहिब के साथ चले जाते हैं और उनकी इंटरफियरैंस से ड्रेन्ज़ को पांच सौ गज़ इधर से पांच सौ गज़ उधर हो जाना मामूली बात है। (विघ्न) बहरहाल मैं यह कहना चाहता हूँ कि वहां पर लाईनिंग तैयार नहीं हुई; बरसात आने को है और इसका क्या नतीजा होने वाला है, आप अन्दाज़ा लगा सकते हैं। जहां फ्लड्ज़ के बचाव में भी इस तरह पोलिटीकल कन्सिड्रेशन्ज़ चलें वहां इन्साफ कहां से मिल सकता है।

इसके अलावा जो नई ड्रेन्ज़ दरियाए घग्घर में डाली जा रही हैं, मैं समझता हूँ उनसे और ज़्यादा तबाही होगी। इसी तरह से एक बरेटा ड्रेन है। वह रोझांवाली-नंगल के दरम्यान डेढ़ साल से बन्द है। उसने रोझांवाली, बाह्मण वाला, नन्दगढ़, बननपुर, चांदपुर बादलपुर से होते हुए आगे जाना है। वह पूरे डेढ़ साल से बन्द है। उसकी वजह से रोझांवाली, बाह्मणपुर में दस दस फुट पानी चढ़ जाता रहा है लेकिन अभी तक उसकी तरफ ध्यान नहीं दिया गया। इस ड्रेन के पानी से भी उन इलाकों की हज़ारों एकड़ ज़मीन बर्बाद हो रही है। (घण्टी)। बस दो मिनट में खत्म कर दूंगा। इसी तरह सरहंद चो, धूरी ड्रेन, लहरा गागा ड्रेन, पटियाला माडल टाऊन ड्रेन और नाभा ड्रेन भी उसी में जाकर मिलेंगी। सरस्वती ड्रेन और टांगरी नदी तो पहले ही हैं। जहां पहले टांगरी और सरस्वती बिल्कुल हमवार थीं, उन को ड्रेन करके घग्घर में डाला जा रहा है। मेरे कहने का मतलब यह है कि इसमें सब मिला कर इतना ज़्यादा पानी हो जाएगा कि अगर इसका फौरी तौर पर कोई इन्तज़ाम न हुआ तो सन् 1955 और 1959 की सर्दियों में जो

फ्लड्ज़ आए थे अब उससे भी ज़्यादा नुक्सान होगा। शायद सरकार के कानों में पहुँच ही जाए, इसलिये मैं अर्ज़ करता हूँ कि पोलिटीकल कन्सिड्रेशन्ज़ को छोड़ कर पंजाब की डिवैल्पमैंट का ख्याल करते हुए इन इलाकों की तरफ फौरन ध्यान दिया जाए क्योंकि एमरजैंसी की हालत में पंजाबियों ने ही मुल्क की हिफाज़त के लिए सब से ज़्यादा हिस्सा डालना है, लड़ाई में सब से आगे होकर लड़ना है।

इधर कालका के पास भी ड्रेन बनाने की स्कीम सालहा साल से चलती आ रही है लेकिन इम्प्लीमैंट नहीं हो रही। घग्घर को चैनलाईज़ करने की स्कीम की भी पिछले आठ दस साल से चर्चा हो रही है लेकिन जब तक, जैसा कि मैंने पहले अर्ज़ किया, पोलिटिकल कन्सिड्रेशन्ज़ को छोड़ा नहीं जाता, कोई काम ठीक तरह से नहीं होगा। जहां पंजाब में दूसरी तरफ 83 ड्रेन्ज़ हैं हमारे इलाकों में सिर्फ 27 हैं। सब से ज़्यादा नुकसान इधर हो रहा है। घग्घर में जो ड्रेन्ज़ डाली जा रही हैं इन से भी भटिंडा, हिसार वगैरा तक के इलाकों को नुकसान होगा। पैदावार की बढ़ौतरी पर इसका असर होगा। यह मुनासिब मालूम नहीं देता कि एमरजैंसी के नाम पर इन ज़रूरी चीज़ों को इग्नोर किया जाए। इसलिये जिन बातों की तरफ मैंने ध्यान दिलाया है, मैं उम्मीद रखता हूँ कि सूबे की समूचे तौर पर तरक्की और डिवैल्पमैंट को सामने रखते हुए सरकार उन पर सीरियसली गौर करेगी। इन अलफाज़ के साथ, चेयरमैन साहिब, मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूँ कि आपने मुझे टाईम दिया।

श्रीमती ओम प्रभा जैन (कैथल) : माननीय चेयरमैन साहिब, मैं आप का धन्यवाद करता हूं कि आप ने मुझे मौका दिया ताकि मैं आप बीती कहानी इस हाउस को सुना सकूं। चेयरमैन साहिब, दो तीन साल रोहतक में भयानक फ्लड्ज़ आए और उनका काफी चर्चा हुआ। हिन्दुस्तान के प्रधान मंत्री वहां खुद देखने गए लेकिन मैं एक ऐसे मासूम इलाके का वर्णन आप के सामने करने लगी हूं जिसकी बाबत कोई तस्वीर अखबारों में प्रकाशित नहीं हुई लेकिन जिसकी दर्दनाक दासतान की तरफ अगर सरकार ने ध्यान न दिया तो यह इन्सानियत पर, इरीगेशन डिपार्टमैंट पर एक काला धब्बा बनकर रह जाएगा।

चेयरमैन साहिब, आप ने सुना होगा और अखबारों में भी थोड़ा बहुत पढ़ा होगा कि कैथल के इलाके में इस बार बहुत फ्लड्ज़ आए। आप यकीन मानिए कि दो तीन महीने तक वहां की लाईफ बिल्कुल डिस्रप्ट रही। कोई कारखाना नहीं चला, कोई व्यापार नहीं चला। वहां की सड़कें, वहां के खेत लगातार पानी के नीचे रहे। लोग घरों से बाहर नहीं निकल सकते थे। इरीगेशन मिनिस्टर साहिब ने मेहरबानी करके खुद वहां का मुलाहिज़ा भी किया। चीफ इंजिनियर साहिब वहां गए लेकिन अभी तक समस्या का कोई मुनासिब हल नहीं ढूंढा गया। चाइनीज़ एग्रेशन हुआ और उसके कारण लोगों ने इस बात के लिए ज्यादा वावेला करना मुनासिब नहीं समझा वरना यह उस इलाके की एक बर्निंग प्रौब्लम थी और है अगर आप वहां पर जा कर देखते तो मीलों तक पानी की झील और दरिया बना हुआ नज़र आता। सड़कें टूट चुकी थीं और अगर उस जगह को देखने के लिए इन्सान पहुंच सकता था तो सिर्फ मोटर बोट्स

[श्रीमती ओम प्रभा जैन]

के ज़रिए ही पहुंच सकता था । मिलटरी वाले वहां मोटरबोट्स में गए और कुछ अफसर भी गए और अंदाज़ा लगाया कि वहां पर कितना नुकसान और तबाही हुई । चेयरमैन साहिब, फ्लड्ज़ के वक्त जब मैं भी वहां जगह जगह पर गई, इरीगेशन डिपार्टमैंट के अफसर भी वहां मौजूद थे और मैं कह सकती हूं कि जितनी टैक्निकल बैंकरुप्सी मैं ने वहां पर देखी शायद ही कहीं देखने को मिलेगी । कोई अफसर अपने ही स्टैंड पर कायम नहीं रहता था । कोई कुछ कहता और दूसरा कुछ राए देता । कोई यह कहता कि इधर से ऐलाईनिंग होनी चाहिए और, दूसरा कहता पानी फलां जगह से निकाला जाना चाहिए । हालत यह थी कि बड़े बड़े इंजीनियर्ज़ उनकी इन बातों में वह जाते थे । टैक्निकली कोई भी अफसर अपने स्टैंड पर कायम नहीं रहता था जिस से समस्या का कोई इफ़ैक्टिव हल निकाला जा सकता । चेयरमैन साहिब, ताज्जुब होता है कि फ्लड्ज़ के मौके पर तो एक एक्स०ई०एन० ने जा कर स्थिति को देखा भाला समझा और जब फ्लड्ज़ खत्म हुए तो स्कीम किसी दूसरे अफसर के हाथों बनती है और जब उस को इम्पलीमैंट करने का मौका आता है तो कोई तीसरा एक्स०ई०एन० चुना जाता है । हमें तो मालूम भी नहीं कि वह स्कीम मौजूद भी है या नहीं । चेयरमैन साहिब, शायद मैं ने आज खड़ी हो कर हाउस का वक्त न लिया होता अगर निश्चित रूप से मुझे बजट में कुछ इस सम्बन्ध में संकेत मिला होता लेकिन बड़ा अफसोस हुआ है कि जिस बात के मुतअल्लिक कैबिनेट का फैसला हुआ हो जिस के सम्बन्ध में बड़ी बड़ी ऐश्योरैंसिज़ भी दी जा चुकी हों उस स्कीम को मैं बजट में नहीं देख पा रही हूं । शायद मेरे देखने में कोई गलती हुई हो । मैं नहीं कह सकती कि बजट में उन ड्रेन्ज़ को कोई और नाम दिया गया हो लेकिन जहां तक मेरी अक्ल जा सकती है उस स्कीम का इस बजट में ज़िक्र नहीं आया । माननीय इरीगेशन एंड पावर मिनिस्टर को याद होगा कि वह खुद मौके पर गए थे ; उन्होंने खुद वहां लोगों के जोश का निरीक्षण किया था । चारों तरफ पानी ही पानी––मवेशियों को घरों से बाहर निकाल कर ले जाने का कोई रास्ता नहीं था । लोग अपने घरों के आगे बान्ध बान्ध कर बैठे थे । महीनों वे लोग घरों से बाहर नहीं निकल सके । उन्होंने देखा कि जोश उन में इतना था कि पानी को निकालने के लिए वह रेल की पटरी तक तोड़ने को तैयार थे जब कि उन्हें ऐश्योरैंस दी गई कि लोकल अफसर पंद्रह दिन तक सारे पानी को बाहर निकाल देंगे । लेकिन बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि अब तक इरीगेशन डिपार्टमैंट वालों को, पता तक नहीं कि कौन फाईनैन्सिज़ प्रोवाईड करेगा, कौन पंपिंग सैट्स ले कर देगा । वहां इरीगेशन मिनिस्टर साहिब ने यहां तक कहा कि मैं अपने डिस्क्रीश्नरी फंड्ज़ से पैसा देने को तैयार हूं । मुझे याद है कि मैं ने इस सम्बन्ध में उन्हें कहा था, लेकिन बावजूद इन सब बातों के वहां के लिए कोई स्कीम नहीं बन सकी और अब पता लगा है कि नवम्बर में जब बजट के सप्लिमैंट्री ऐस्टीमेट्स आएंगे तो 30,000 रुपए की एक प्रोपोज़ल उस में शामिल हो कर आएगी । इस के लिए उस वक्त बजट में प्रोवियन किया जाएगा । मुझे समझ नहीं आती कि जब लाखों करोड़ों रुपया मेनटेनैंस ऐंड कंसट्रक्शन आफ ड्रेन्ज़ वगैरा के

लिए दिया जा, रहा है ; वहां एक्स० ई० न० को या एस० ई० को इतनी पावर्ज़ नहीं कि वह इस मकसद के लिए 30,000 रुपया खर्च कर सके । इस से ज़्यादा बदकिस्मती की बात उस इलाके के लोगों के लिए और क्या हो सकती है । चेयरमैन साहिब , यहां जो बाढ़ आए इन के बारे में कहा जाता है...........

Mr. Chairman : The hon. lady Member should please finish her speech within two minutes.

Shrimati Om Prabha Jain : All right, Sir.

मैं ज़्यादा बातें नहीं करूंगी लेकिन मिनिस्टर साहिब से यह ज़रूर कहूंगी कि आज डिबेट का जवाब देते हुए वह ज़रूर इस बात की एश्योरैंस दें कि इस स्कीम को ज़रूर जल्दी पूरा किया जाएगा । अगर कैथल, पिहोवा और बीबीपुर लेक का पानी विदकार तालाब में न जाता तो वहां पानी इतना रहता जिस से कैथल मण्डी बिल्कुल तबाह हो जाती । इस बजट से मुझे पता नहीं लग सका कि उस इलाके को फ्लड्ज़ की मार से बचाने के लिए क्या इन्तज़ाम किया गया है । और इस स्कीम के लिए रखा क्या है । एक बात मैं और कहना चाहती हूं । कैबिनट ने यह फैसला किया था कि इन फ्लड्ज़ की मैनेस को ज़रूर दूर करना है । लेकिन जो फ्लड्ज़ आते हैं उन की सब से बड़ी वजह कनसौलीडेशन होती है और सड़कों की गलत प्लैनिंग होती है । हम देखते हैं कि सड़कें और रेल्वे लाईन्ज़ मीलों लम्बी चली गई हैं लेकिन उन के नीचे कोई कलवर्ट नहीं दिया जाता । नहरों का भी यही हाल है।

मैं इस सिलसिले में एक बात और कहना चाहती हूं । करोड़ों रुपए की स्कीमें फ्लड्ज़ को रोकने के लिए बनाई गई हैं । पता नहीं कि कितना रुपया इन योजनाओं के पूरा करने में वेस्ट किया जाएगा जैसे कि आप को मालूम है कि भाखड़ा डैम के मुकम्मल करने तक कोई नौ करोड़ रुपए वेस्ट किये गए हैं । इस लिए मैं मिनिस्टर साहिब को सूज्जैस्ट करूंगी कि क्योंकि फ्लड्ज़ को रोकने का काम सारी स्टेट में होना है इसलिए शायद वह हर जगह पर आप न पहूंच सकें, इस लिए कुछ ऐसे लोगों की एक कमेटी बना दें जो रिटाइर्ड इंजनियर्ज़ हों, जो वर्कस इन प्राग्रैस मौके पर जा कर देख सकें और मुलाहज़ा करें कि कहीं रुपया वेस्ट तो नहीं हो रहा। इस से फंड्ज़ की वेस्टेज नहीं होगी । बाढ़ों के सिलसिले में मैं एक और सुझाव पेश करूंगी कि जिन अफसरों ने जहां जहां बाढ़ों के दिनों में दरदनाक हालात वहां रह कर देखे हैं, वहां की स्कीमें बनाने में उन उन अफसरों को ज़रूर कनसल्ट कर लिया जाए। लेकिन मैं देखती हूं कि ऐसा हो नहीं रहा । यह इतना बड़ा महकमा है कि एक अफसर जब एक जगह से चला जाता है तो उस का पता ही नहीं लगता कि कहां पर गया है । जब कैथल में बाढ़ आए थे तो उस वक्त वहां पर ऐक्स०ई०एन० श्री वाई. ऐस. पुरी थे । उस के बाद पता चला कि वह ड्रेनेज डिवियन, टोहाना चले गयें हैं और वहां के एस०ई० श्री डी.डी. सोनी सिरसा बदल गए हैं । अब पता चलता है कि उन का डिवियन कैथल में आ रहा है । लेकिन हकीकत यह है कि उसे वर्कस तो मालूम नहीं हैं । इन चीज़ों की तरफ वज़ीर साहिब को ज़रूर ध्यान देना चाहिए ।

[श्रीमती ओम प्रभा जैन]

वजीर साहिब ने जो मेरे इलाके के लिए माईनर दिये हैं मैं उन के लिए उन का शुक्रिया अदा करती हूं ।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ (ਮੋਗਾ) : ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਦੇ ਵਿੱਚ ਬਦਕਿਸਮਤੀ ਨਾਲ 1947 ਤੋਂ ਹੜ੍ਹ ਆਉਂਣੇ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋਏ, ਫੇਰ 1955 ਦੇ ਵਿੱਚ ਆਏ, 1960 ਵਿੱਚ ਆਏ, 1961 ਵਿੱਚ ਅਤੇ ਉਸ ਦੇ ਬਾਅਦ 1962 ਦੇ ਵਿੱਚ ਲਗਾਤਾਰ ਹੜ੍ਹ ਆਏ। ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਜਦੋਂ ਇਹ ਕਹਿੰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਹੜ੍ਹਾਂ ਦੇ ਦਿਨਾਂ ਵਿੱਚ ਬੜਾ ਐਫੀਸ਼ੈਂਟਲੀ ਕੰਮ ਕੀਤਾ ਤਾਂ ਮੈਨੂੰ ਬੜੀ ਹੈਰਾਨੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਹੜ੍ਹਾਂ ਦੇ ਆਉਣ ਦੇ ਨਾਲ ਸਾਰੇ ਜਾਣਦੇ ਹਨ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਦੌਲਤ ਦਾ ਇਤਨਾ ਵੱਡਾ ਹਿੱਸਾ ਬਰਬਾਦ ਹੋ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਜਿਸ ਨੂੰ ਕਿ ਅਸੀਂ ਪੂਰਾ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ। ਜਦੋਂ ਰੋਕ ਥਾਮ ਦਾ ਮੌਕਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਉਦੋਂ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਕਦੀ ਕੋਈ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਮਗਰ ਹੜ੍ਹ ਆਉਣ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਕਹਿੰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਬੜਾ ਐਫੀਸ਼ੈਂਟਲੀ ਕੰਮ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਸਾਰੇ ਜਾਣਦੇ ਹਨ ਕਿ ਜਦੋਂ ਹੜ੍ਹ ਆਉਂਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਰਸਤੇ ਰੁਕ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਕੋਈ ਆਦਮੀ ਜੇ ਕਿਤੇ ਜਾਣਾ ਚਾਹੇ ਤਾਂ ਜਲਦੀ ਜਲਦੀ ਆਸਾਨੀ ਨਾਲ ਜਾ ਨਹੀਂ ਸਕਦਾ। ਇਹ ਫੇਰ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਹਿ ਸਕਦੇ ਹਨ ਕਿ ਅਸੀਂ ਐਫੀਸ਼ੈਂਟਲੀ ਕੰਮ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਤੁਹਾਨੂੰ ਪਤਾ ਹੈ ਕਿ ਜਦੋਂ ਹੜ੍ਹ ਆਏ ਤਾਂ ਕਈ ਥਾਵਾਂ ਤੇ 15, 15, 20 , 20 ਦਿਨ ਕੋਈ ਨਹੀਂ ਪਹੁੰਚ ਸਕਿਆ। ਤੁਸੀਂ ਸੁਣਕੇ ਹੈਰਾਨ ਹੋਵੋਗੇ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਡੇਢ ਡੇਢ ਮਣ ਤੇ ਦੋ ਦੋ ਮਣ ਫੀ ਬਲਾਕ ਦੇ ਹਿਸਾਬ ਨਾਲ ਛੋਲੇ ਭੇਜੇ। ਇਹ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਐਫੀਸ਼ੈਂਸੀ ਵਖਾਈ ਹੈ। ਇਹ ਮੈਂ ਆਪਣੇ ਕੋਲੋਂ ਨਹੀਂ ਕਹਿ ਰਿਹਾ ਬਲਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਆਪਣੇ ਰਿਕਾਰਡ ਦੇ ਵਿੱਚ ਇਹ ਚੀਜ਼ ਮੌਜੂਦ ਹੈ। 16 ਸਾਲਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਹ ਐਫੀਸ਼ੈਂਸੀ ਵਖਾਈ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੀਆਂ ਡਰੇਨਾਂ ਨੂੰ ਟਾਪ ਪ੍ਰਾਇਆਰਟੀ ਦੇਣੀ ਸੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਹਾਲੇ ਤਕ ਸਰਵੇ ਵੀ ਨਹੀਂ ਕਰਵਾਇਆ। ਮੈਂ ਚੰਦਭਾਨ ਡਰੇਨ, ਜਿਹੜੀ ਲੁਧਿਆਣਾ ਫਿਰੋਜ਼ਪੁਰ, ਬਠਿੰਡਾ ਅਤੇ ਸੰਗਰੂਰ ਨੂੰ ਤਬਾਹ ਕਰਦੀ ਹੈ, ਉਸ ਦੀ ਮਿਸਾਲ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ। ਉਸ ਦੀ ਹਾਲੇ ਤਕ ਸਰਵੇ ਵੀ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ, ਉਸ ਦੀ ਡੀਮਾਰਕੇਸ਼ਨ ਨਹੀਂ ਹੋਈ। ਫੇਰ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਇਹ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਬੜੀ ਐਫੀਸ਼ੈਂਟ ਹੈ। ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਜੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਥੋੜ੍ਹੀਆਂ ਬਹੁਤੀਆਂ ਡਰੇਨਾਂ ਬਣਾਈਆਂ ਵੀ ਹਨ ਤਾਂ ਉਹ ਮੁਕੰਮਲ ਨਹੀਂ। ਇਸ ਕਰਕੇ ਏਥੇ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਐਫੀਸ਼ੈਂਟਲੀ ਕੰਮ ਕਰਦੇ ਹਾਂ। ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਸਰਕਾਰ ਤਾਂ ਆਪ ਕਰੈਡਿਟ ਲੈਣ ਵਾਲੀ ਗੱਲ ਕਰਦੀ ਹੈ, ਇਹ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਭਲੇ ਨੂੰ ਮੁਖ ਰਖਕੇ ਕੋਈ ਗੱਲ ਨਹੀਂ ਕਰਦੇ। ਮੈਂ ਪਿਛਲੇ ਹੜ੍ਹਾਂ ਦੇ ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਇਕ ਤਮਾਸ਼ਾ ਵੇਖਿਆ। ਇਕ ਬੱਸੀਆਂ ਡਰੇਨ ਹੈ ਜਿਹੜੀ ਕਿ ਸਾਡੇ ਮਰਹੂਮ ਲੀਡਰ ਸਰਦਾਰ ਕਰਤਾਰ ਸਿੰਘ ਦੀਵਾਨਾ ਦੇ ਪਿੰਡ ਕੋਲੋਂ ਦੀ ਆਉਂਦੀ ਹੈ। ਲੁਧਿਆਣੇ ਦੇ ਵਿਚ ਇਕ ਨਥੋਵਾਲ ਪਿੰਡ ਹੈ। ਡਿਪਟੀ ਕਮਿਸ਼ਨਰ, ਫਿਰੋਜ਼ਪੁਰ, ਇਕ ਗਾਰਦ ਲੈ ਜਾਕੇ ਕਹਿਣ ਲਗਾ ਕਿ ਦੂਸਰੇ ਪਾਸੇ ਪਾਣੀ ਦਾਖਲ ਹੋਣ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ। ਪਰ ਦੂਸਰੇ ਪਾਸੇ ਲੋਕ ਕਹਿਣ ਲਗੇ ਅਸੀਂ ਰੋਕਣਾ ਜ਼ਰੂਰ ਹੈ। ਉਥੇ ਰਾਈਫਲਾਂ ਅਤੇ ਤਲਵਾਰਾਂ ਦੀ ਉਹ ਨੁਮਾਇਸ਼ ਹੋਈ ਜਿਸ ਦਾ ਹਦ ਹਿਸਾਬ ਨਹੀਂ ਸੀ। ਇਤਨੀ ਲਾ ਲੈਸਨੈਸ ਹੋਈ, ਫੇਰ ਵੀ ਇਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਅਸੀਂ ਐਫੀਸ਼ੈਂਟ ਹਾਂ। ਅਸੀਂ ਦੇਖਿਆ ਹੈ ਕਿ ਬਸੀਆਂ ਡਰੇਨ ਦਾ ਪੰਜ ਛੇ ਵਾਰੀ ਸਰਵੇ ਹੋ ਚੁਕਾ ਹੈ ਮਗਰ ਜਦੋਂ ਝੰਗੀਆਂ ਵਾਲੇ ਕਾਂਗਰਸੀ ਸਰਦਾਰ ਪਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਹੋਰਾਂ ਪਾਸ ਪਹੁੰਚ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਉਥੋਂ ਅਫਸਰਾਂ ਨੂੰ ਟੈਲੀਫੋਨ ਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਫੇਰ ਸਰਵੇ ਕਰੋ। ਮੈਂ ਅਫਸਰਾਂ ਨੂੰ ਦੋਸ਼ ਨਹੀਂ ਦਿੰਦਾ ਮੈਂ ਤਾਂ ਇਹ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਅਗਰ ਗੌਰਮਿੰਟ ਦਖਲ ਨਾ ਦਿੰਦੀ ਤਾਂ ਬੱਸੀਆਂ ਡਰੇਨ ਵਾਲਾ ਕੰਮ ਹੁਣ

ਤਕ ਹੋ ਜਾਣਾ ਸੀ। ਇਸ ਦਫਾ ਮੈਂ ਐਕਸ. ਈ. ਐਨ ਸਾਹਿਬ ਦੇ ਕੋਲ ਗਿਆ ਤੇ ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪੁਛਿਆ ਕਿ ਇਥੇ ਸਰਵੇ ਤਾਂ ਹੋ ਚੁਕਾ ਸੀ ਪਰ ਹੁਣ ਫੇਰ ਲਾਲ ਝੰਡੀਆਂ ਵਾਲੇ ਉਥੇ ਫਿਰਦੇ ਹਨ, ਕੀ ਗਲ ਹੈ ? ਸਟਾਫ ਨਾਅਹਿਲ ਸੀ ਜਾਂ ਕੋਈ ਹੋਰ ਵਜ੍ਹਾ ਸੀ। ਉਹ ਕਹਿਣ ਲਗੇ ਸਾਨੂੰ ਕੁਝ ਸ਼ਿਕਾਇਤਾਂ ਆਈਆਂ ਸਨ ਲੇਕਿਨ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਹੋਵੇਗਾ। ਉਹ ਅਫਸਰ ਲਾਇਕ ਸੀ ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਮੈਂ ਸੋਚਿਆ ਕਿ ਇਨਸਾਫ ਹੀ ਕਰੇਗਾ। ਮਗਰ ਸਾਨੂੰ ਸਭ ਤੋਂ ਵਡੀ ਤਕਲੀਫ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਅਗਰ ਕੰਮ ਹੋ ਵੀ ਸਕਦਾ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਵੀ ਇਹ ਕਾਂਗਰਸੀ ਝੰਡੀਆਂ ਵਾਲੇ ਨਹੀਂ ਹੋਣ ਦਿੰਦੇ।

Mr. Chairman : Please wind up now.

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ : ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਸ਼ਰੇਣੀ ਨੂੰ ਰੀਪ੍ਰੀਜ਼ੈਂਟ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਨਹਿਰਾਂ ਦੇ ਬਾਰੇ ਜੋ ਤਕਲੀਫਾਂ ਹਨ ਉਹ ਤੁਹਾਡੇ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖਦਾ ਹਾਂ। ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਜ਼ਿਮੀਦਾਰਾਂ ਤੇ ਬੈਟਰਮੈਂਟ ਲੈਵੀ ਲਾਈ ਉਹ ਇਸ ਕਰਕੇ ਕਿ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਭਾਖੜੇ ਦੇ ਪਾਣੀ ਅਤੇ ਬਿਜਲੀ ਨਾਲ ਚੰਗੀ ਹੋਵੇਗੀ। ਜਦੋਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਬੈਟਰਮੈਂਟ ਲੈਵੀ ਲਗਾਈ ਤਾਂ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੇ ਪਾਣੀ ਦੇ ਵਿਚ ਅਜ਼ਾਫਾ ਹੋਵੇ। ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਦਾ ਜੋ ਕਮਾਂਡਿਡ ਏਰੀਆ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਬਾਰੇ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਇਹ ਕਾਨੂੰਨ ਹੈ ਕਿ ਉਸ ਦੀਆਂ ਦੋ ਫਸਲਾਂ ਨੂੰ 40 ਫੀਸਦੀ ਨੂੰ ਜ਼ਰੂਰ ਪਾਣੀ ਲਗ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਹੁਣ ਜਦੋਂ ਸਾਡੇ ਤੇ ਬੈਟਰਮੈਂਟ ਲੈਵੀ ਲਗੀ ਹੈ ਤਾਂ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਅਪਣੇ ਕਾਨੂੰਨ ਦੇ ਮੁਤਾਬਿਕ 60 ਫੀਸਦੀ ਨੂੰ ਪਾਣੀ ਲਗਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਪਾਣੀ ਵਿੱਚ ਤਾਂ ਬਿਲਕੁਲ ਅਜ਼ਾਫਾ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਮਗਰ ਬੈਟਰਮੈਂਟ ਲੈਵੀ ਲਗਾ ਦਿਤੀ ਹੈ। ਪਾਣੀ ਉਸ ਤਰ੍ਹਾਂ 40 ਫੀਸਦੀ ਮਿਲਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਉਸ ਵਿੱਚ ਕਈ ਦਫਾ ਕਮੀ ਵੀ ਆ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਸਾਡੇ ਉਪਰ ਬੈਟਰਮੈਂਟ ਲੈਵੀ ਲਗਾਈ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਫੇਰ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਅਸੀਂ ਪਾਣੀ 40 ਫੀ ਸਦੀ ਦੀ ਬਜਾਏ 60 ਫੀ ਸਦੀ ਕਰ ਦੇਣਾ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਕੋਈ ਮੋਘਾ ਰੀਮਾਡਲ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ। ਮੈਂ ਨਹੀਂ ਸਮਝਦਾ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਹਿ ਸਕਦੀ ਹੈ ਕਿ ਪਾਣੀ ਵਿਚ ਅਜ਼ਾਫਾ ਕੀਤਾ ਹੈ (ਘੰਟੀ)। ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ ਦੋ ਚਾਰ ਜ਼ਿਆਦਤੀਆਂ ਜੋ ਸਾਡੇ ਨਾਲ ਹੋ ਰਹੀਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਹਿ ਕੇ ਬੈਠ ਜਾਂਦਾ ਹਾਂ। ਮੈਂ ਸਿਰਫ ਤਿੰਨ ਮਿੰਟ ਲਏ ਹਨ।

Mr. Chairman : No. The hon. Member has already taken eight minutes.

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ : ਮੈਂ ਬਿਜਲੀ ਦੇ ਮੁਤਲੱਕ ਅਰਜ਼ ਕਰਕੇ ਬੈਠ ਜਾਂਦਾ ਹਾਂ। ਇਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਜ਼ਰੱਈ ਸੂਬਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾਂ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਗੱਲ ਬਿਲਕੁਲ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ 80 ਫੀ ਸਦੀ ਲੋਕ ਖੇਤੀ ਬਾੜੀ ਦਾ ਕੰਮ ਕਰਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਸਾਰੇ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਵਿੱਚ ਸਾਡਾ ਸੂਬਾ ਖੇਤੀ ਪਰਧਾਨ ਸੂਬਾ ਮੰਨਿਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਲੇਕਿਨ ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਰਾਜ ਵਿੱਚ ਜ਼ਿਮੀਦਾਰਾਂ ਲਈ, ਜੋ ਅਨਾਜ ਪੈਦਾ ਕਰਦੇ ਹਨ ਤੇ ਦੇਸ਼ ਨੂੰ ਸਪਲਾਈ ਕਰਦੇ ਹਨ, ਤੇਲ ਵੀ ਮਹਿੰਗਾ ਤੇ ਬਿਜਲੀ ਵੀ ਮਹਿੰਗੀ। ਜਿਸ ਭਾਉ ਤੇ ਬਿਜਲੀ ਕਾਰਖਾਨੇਦਾਰਾਂ ਤੇ ਅਮੀਰ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਜੋ ਐਸ਼ ਕਰਦੇ ਹਨ, ਮਿਲਦੀ ਹੈ ਉਹੋ ਭਾਉ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਗਰੀਬ ਲੋਕਾਂ ਤੇ ਜ਼ਿਮੀਦਾਰਾਂ ਲਈ ਰਖਿਆ ਹੈ। ਮੈਂ ਨਹੀਂ ਸਮਝਦਾ ਕਿ ਇਹ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਨਸਾਫ ਵਾਲੀ ਗੱਲ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਮਿਸਾਲਾਂ ਦੇ ਕੇ ਦੱਸ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਬਿਜਲੀ ਦੇਣ ਵਿੱਚ ਅਮੀਰਾਂ ਨਾਲ ਹੋਰ ਸਲੂਕ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਤੇ ਗਰੀਬਾਂ ਨਾਲ ਹੋਰ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਜੇਕਰ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਬਿਜਲੀ ਮੰਗੇ ਤਾਂ ਉਸਦੀਆਂ ਕਈ ਦਫਾ ਲਾਈਨਾਂ ਚੈਕ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ ਅਤੇ ਉਸਨੂੰ ਕਈ ਕਿਸਮ ਦੇ ਸਰਟੀਫਿਕੇਟ ਹਾਸਲ ਕਰਨੇ ਪੈਂਦੇ ਹਨ ਲੇਕਿਨ ਅਮੀਰਾਂ ਲਈ ਸਭ ਮੁਆਫੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਮਿਸਾਲ ਪੇਸ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਥੇ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਵਿੱਚ ਇਕ ਨੀਲਮ ਸਿਨਮਾ ਬਣਿਆ ਹੈ (ਘੰਟੀ)। ਮੈਂ ਇਹ ਅਰਜ਼ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ

[ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ]

ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਤਾਂ ਬਿਜਲੀ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀ ਜਾਂਦੀ ਲੇਕਿਨ ਸਿਨਮਿਆਂ ਤੇ ਕੋਈ ਪਾਬੰਦੀ ਨਹੀਂ ਹੈ

(*At this stage the Deputy Speaker occupied the chair*)

ਉਹ ਜਿਤਨੀ ਮੰਗਣ ਮਿਲ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਹਾਲਾਂਕਿ ਇਹ ਸਿਨਮਾਘਰ ਕੋਈ ਪ੍ਰੋਡਕਟਿਵ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਕਰਦੇ ਅਤੇ ਲੋਕਾਂ ਦੀਆਂ ਆਦਤਾਂ ਹੀ ਖਰਾਬ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਲੇਕਿਨ ਜੋ ਜ਼ਿਮੀਦਾਰ ਪ੍ਰੋਡਕਸ਼ਨ ਕਰਨ ਲਈ ਬਿਜਲੀ ਮੰਗਦਾ ਹੈ ਉਸਨੂੰ ਬਿਜਲੀ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀ ਜਾਂਦੀ ਤੇ ਤੰਗ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ (ਘੰਟੀ)।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ: ਵਕਤ ਥੋੜਾ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਛੇਤੀ ਇਕ ਦੋ ਗਲਾਂ ਕਹਿ ਕੇ ਬੈਠ ਜਾਉ। (The time at our disposal is short. Therefore the hon. Member may please resume his seat after saying one or two points more.)

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ: ਮੇਰਾ ਵਕਤ ਤਾਂ ਇਸ ਟੋਕਾ ਟਾਕੀ ਵਿਚ ਹੀ ਲਗ ਗਿਆ ਹੈ। ਚਲੋ ਮੈਂ ਬੈਠ ਜਾਂਦਾ ਹਾਂ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ: ਨਹੀਂ, ਤੁਸੀਂ ਅਪਣੀ ਗਲ ਕਹਿ ਲਉ ਪਰ ਵਕਤ ਥੋੜ੍ਹਾ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਦੂਜਿਆਂ ਨੂੰ ਵੀ ਬੋਲ ਲੈਣ ਦਿਉ। (The hon. Member may please finish his point. But the time is short and other hon. Members have also to speak.)

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ: ਤੇ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਰਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਸਿਨਮਿਆਂ ਨੂੰ ਛੇਤੀ ਬਿਜਲੀ ਮਿਲ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਨੀਲਮ ਸਿਨਮੇ ਦੀ ਮਿਸਾਲ ਪੇਸ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ......

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ: ਤੁਸੀਂ ਸਿਨਮਿਆਂ ਦੇ ਚੱਕਰ ਵਿੱਚ ਨਾ ਪਉ। ਪਾਣੀ ਬਿਜਲੀ ਦੀ ਗੱਲ ਕਰੋ।

(The hon. Member may please avoid reference of the cinemas. He should please speak on the demand relating to Irrigation and Power.)

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ: ਮੈਂ ਬਿਜਲੀ ਦੇ ਮੁਤੱਲਕ ਹੀ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਰਿਹਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਿਨਿਮੇ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਬਗੈਰ ਚੈਕਿੰਗ ਤੋਂ ਹੀ ਛੇਤੀ ਬਿਜਲੀ ਮਿਲ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਕਾਨੂੰਨ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜਦੋਂ ਕੁਨੈਕਸ਼ਨ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਲਾਈਨ ਤੇ ਵਾਇਰਿੰਗ ਵਗੈਰਾਂ ਚੈਕ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਉਸ ਦਿਨ ਨੀਲਮ ਸਿਨਮੇ ਵਿਚ ਹੀ ਸੀ ਜਿਸ ਦਿਨ ਉਥੇ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਐਕਸ. ਈ. ਐਨ. ਜਾਂ ਐਸ. ਡੀ. ਓ. ਚੈਕਿੰਗ ਲਈ ਆਇਆ ਕਿ ਅਜ ਇਹ ਪਹਿਲੇ ਦਿਨ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋਣਾ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਚੈਕਿੰਗ ਕਰਨੀ ਹੈ। ਲੇਕਿਨ ਉਸ ਅਫਸਰ ਨੂੰ ਅੰਦਰ ਹੀ ਨਹੀਂ ਜਾਣ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਅਤੇ ਬਾਹਰ ਖੜ੍ਹਾ ਕਰਕੇ ਸਰਟੀਫਿਕੇਟ ਤੇ ਉਸਦੇ ਦਸਖਤ ਕਰਾ ਲਏ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ: ਤੁਸੀਂ ਉਥੇ ਕੀ ਕਰ ਰਹੇ ਸੀ ? (ਹਾਸਾ) (What for the hon. Member was there ?) (*Laughter*)

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ: ਮੈਂ ਉਥੇ ਇਸ ਲਈ ਗਿਆ ਸੀ ਤਾ ਕਿ ਮੈਂ ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿੱਚ ਆਕੇ ਤੁਹਾਡੇ ਪਾਸ ਰੋਵਾਂ ਤੇ ਸਾਰੀ ਗੱਲ ਦੱਸਾਂ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ: ਮੈਂ ਨਹੀਂ ਚਾਹੁੰਦੀ ਕਿ ਕੋਈ ਮੈਂਬਰ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਆਕੇ ਰੋਵੇ। (ਹਾਸਾ) ਤੁਸੀਂ ਹੁਣ ਬੈਠ ਜਾਉ। (I do not want that any hon. Member should cry in the House. (*Laughter*). The hon. Member may please resume his seat now.)

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ : ਚੰਗਾ ਜੀ, ਮੈਂ ਤੁਹਾਡਾ ਧੰਨਵਾਦ ਕਰਦਾ ਹੋਇਆ ਬੈਠ ਜਾਂਦਾ ਹਾਂ।

श्री रूलिया राम (घरौंडा) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, वक्त देने के लिए आपका शुक्रिया। कैथल के फलड्ज़ बारे बहन ओम प्रभा जी ने भी हालात बताए हैं। रोहतक और हिसार के भाइयों ने अपने इलाके का नक्शा खींचा है कि वह किस तरह से पानी के लिए तरसते हैं। मगर इस के उल्ट यह हाल है कि हमारा करनाल का इलाका पानी में ही डूबा रहता है। हमारे ज़िला को जी०टी० रोड दो हिस्सों में काटती है। एक तरफ तो खादर का इलाका है और दूसरी तरफ सेमज़दा एरिया है। हमारी तहसील कैथल में पिछले साल फलड आया। खादर के एरिया में तो यह हालत होती है कि पांच पांच मील तक पानी ही पानी नज़र आता है। रास्ते बन्द हो जाते हैं और कुछ दिखाई नहीं देता। मैं आप को बताना चाहता हूं कि कुंजपुरा गांव के पास से जमना की दो शाखाएं हो जाती हैं। अगर दूसरी तरफ से पानी रोक कर बड़ी जमना में डाल दिया जाए तो इस तरीके से लाखों बीघे रकबा को बचाया जा सकता है। वह तमाम इलाका बच सकता है। जो बीच का इलाका है उस का रकबा दो लाख बीघे है। वहां पर 15, 20 गांव आबाद हैं। उन की हालत यह है कि वह बेचारे हर किस्म की सहूलत से महरूम हैं, वहां बिजली तक नहीं है। इतना बैकवर्ड इलाका है कि वहां पर डंगरों के हस्पताल तक नहीं हैं। वज़ीर साहिब को इस तरफ ध्यान दे कर इरीगेशन का इन्तज़ाम करना चाहिए। अब तीन चार महीने में बरसात आने वाली है, वहां पर 5, 6 मील के अन्दर कोई आ जा नहीं सकता। तो अगर इस स्कीम पर अमल करके वह पानी जमना में डाल दिया जाए तो देश को बड़ा फायदा होगा।

फलड्ज़ के बारे में मैं यह तजवीज़ रखता हूं कि जो पानी अम्बाला और पहाड़ी की तरफ से इकट्ठा होकर करनाल में जाता है और जिस ने कि हमारे इलाके को बिल्कुल डुबो दिया है, अगर किसी तरकीब से इस पानी को हिसार और लोहारू की तरफ निकाल दिया जाए तो जहां उस खुश्क इलाके में आबपाशी का प्रबन्ध हो सकेगा वहां हमारे इलाके में यह जो तबाही करता है वह न कर सकेगा।

ट्यूबवैल्ज़ के बारे यह अर्ज़ है कि इन के जो आपरेटर हैं उन की तनखाह पहली मार्च से कम कर दी गई है। पहले 80 रूपए थी, अब 55 रुपए कर दी गई है। इस से तो इन की हालत और भी खराब हो जाएगी। पंजाब में जितने ट्यूबवैल्ज़ फेल हुए हैं इतने और कहीं नहीं हुए। इन के आपरेटर्ज़ की तनखाह तो पहले ही कम थी, अब और कम कर दी गई है। तो जो पहले ही इन की हालत खराब थी वह और भी खराब हो जाएगी। कम तनखाह की वजह से वह कुरप्शन करते हैं। दो तीन घंटे डयूटी देते हैं : एक दफा यह बात चौधरी साहिब के नोटिस में लाया था तो इन्होंने बताया था कि जो जो ट्यूबवैल सरकार लगाती है चूंकि वह नुकसान में जा रहे हैं इस लिए सरकार इन को उन ज़मींदारों को देना चाहती है जिन की ज़मीन में वह लगे हुए हैं मैं भी इस बात को अच्छा समझता हूं। इस से सरकार को जो नुकसान हो रहा है और जो महकमे का बोझ खज़ाने पर पड़ रहा है वह सब खर्च बच जायगा। इन को

[श्री रूलिया राम]
पब्लिक को दे देने से जहां सरकार को फायदा होगा वहां इरीगेशन बढ़ेगी और किसानों को खास तौर पर फायदा होगा।

इसके अलावा मैं चौधरी साहिब का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि भाखड़ा डैम की नहर का पानी हमारी छाती से गुज़र जाता है, लेकिन हमें पानी नहीं मिलता इसलिए मेरी गुज़ारिश है कि ज़िला करनाल में नहरों का पानी ज़्यादा किया जाए।

इश्तमाल होने के बाद, डिप्टी स्पीकर साहिबा, हमारे यहां के पटवारियों के पास आज तक कोई शजरा नहीं। वह क्या करते हैं, कि अगर किसी की 10 बीघे आबपाशी हो तो 20 लिख दते हैं और कायदे के मुताबिक जो किसान को कच्ची या पक्की जो भी पर्ची दी जाती है वह नहीं इश्यू करते। इसका नतीजा यह होता है कि उनके ऊपर तिगुना और चौगुना आबयाना पड़ जाता है। इसलिए मैं अर्ज़ करूंगा कि यह आर्डर किया जाए कि उनके पास शजरे हों ताकि नम्बर खसरा देखकर उन्हें पता लग जाए कि कितने बीघे का खेत है।

एमरजैंसी के हालात में सब से बड़ी महत्व की बात यह होनी चाहिए कि अनाज की पैदावार ज्यादा करनी चाहिए। और उसके लिए ट्यूबवैल्ज़ की फैसिलीटीज़ भी दी जानी चाहिए। लेकिन होता क्या है कि अगर कोई किसान ट्यूबवैल लगाना चाहता है और वह जब उसके लिए दरखास्त देता है तो तकरीबन 3, 3 साल तक कुनैक्शन ही नहीं मिलते और उन्हें हार कर तकावियां वापस करनी पड़ती हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि उनके लिए ऐसा प्रबन्ध किया जाए कि 2 या 3 महीने के अन्दर ट्यूबवैल्ज़ का कुनैक्शन मिल जाया करे।

एक बात मैं ड्रेन के मुतअल्लिक कहना चाहता हूं कि जो ड्रेन घरौंडा से निकलती है वह माला, शेखपुरा होती हुई जी०टी० रोड के पास गिर जाती है। उस में मामूली सा काम है ; उसे ज़रूर पूरा किया जाए क्योंकि उसके कारण हज़ारों बीघा ज़मीन सेम के अन्दर फिर आ चुकी है।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਮੇਜ ਸਿੰਘ (ਫਤਿਹਗੜ੍ਹ): ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਸਾਡੇ ਜ਼ਿਲਾ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਅਤੇ ਗੁਰਦਾਸਪੁਰ ਵਿੱਚੋਂ ਦੀ ਨਹਿਰਾਂ ਗੁਜ਼ਰਦੀਆਂ ਹਨ, ਲੇਕਿਨ ਜਦੋਂ ਪਾਣੀ ਦੀ ਲੋੜ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਉਦੋਂ ਭਰੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਦਾ ਪਾਣੀ ਪਾਕਿਸਤਾਨ ਨੂੰ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਐਤਕੀ ਬਾਰਸ਼ਾਂ ਨਹੀਂ ਹੋਈਆਂ, ਹਜ਼ਾਰਾਂ ਏਕੜ ਜ਼ਮੀਨ ਖਾਲੀ ਪਈ ਰਹੀ ਹੈ। ਸਾਨੂੰ ਨਹਿਰ ਦਾ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ। ਨਹਿਰੀ ਪਟਵਾਰੀ ਗਿਰਦਾਵਰੀਆਂ ਕਰਨ ਲਗੇ ਬਹੁਤ ਗਲਤੀਆਂ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਪੈਲੀਆਂ ਨਹਿਰੀ ਲਿਖ ਦਿੰਦੇ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਦੇ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਲਗਿਆ ਹੁੰਦਾ। ਅਸੀਂ ਨਹਿਰ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿੱਚੋਂ, ਬਾਰ ਵਿੱਚੋਂ ਆਏ ਹਾਂ। ਉਥੇ ਇਹ ਤਰੀਕਾ ਸੀ ਕਿ ਜਦੋਂ ਨਹਿਰੀ ਪਾਣੀ ਮਿਲਦਾ ਸੀ ਨਹਿਰ ਤੇ ਗਿਰਦਾਵਰੀ ਹੁੰਦੀ ਸੀ ਤੇ ਮਿਆਦ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਜ਼ਿਮੀਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਪਰਚੀਆਂ ਮਿਲਦੀਆਂ ਸਨ। ਜੇ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਗਲਤ ਨੰਬਰ ਦਿਤਾ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਮਿਆਦ ਦੇ ਅੰਦਰ ਅਪੀਲ ਕਰ ਸਕਦਾ ਸੀ। ਹੁਣ ਪਰਚੀਆਂ ਵੇਲੇ ਸਿਰ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦੀਆਂ। ਪਰਚੀਆਂ ਉਦੋਂ ਮਿਲਦੀਆਂ ਹਨ ਜਦੋਂ ਮਿਆਦ ਗੁਜ਼ਰ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਉਸ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਜਦ ਅਫਸਰਾਂ ਨੂੰ ਦਸਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਫਸਲਾਂ ਨੂੰ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਲਗਿਆ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ

ਦੀ ਸੁਣਵਾਈ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀ। ਗਰੀਬ ਜ਼ਿਮੀਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਸਾਰਾ ਨਹਿਰੀ ਮੁਆਮਲਾ ਏਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੀ ਦੇਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਕ ਮਿਸਾਲ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ। ਭਾਗੋਵਾਲ ਇਕ ਪਿੰਡ ਹੈ ਜਿਥੋਂ ਦੇ ਸਰਦਾਰ ਵਰਿਆਮ ਸਿੰਘ ਇਸ ਹਾਊਸ ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਰਹਿ ਚੁਕੇ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ 12 ਏਕੜ ਜ਼ਮੀਨ ਹੈ ਜਿਸ ਵਿੱਚ ਪੰਪਿੰਗ ਸੈਟ ਲਾਇਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਤੇ ਉਸ ਨਾਲ ਝੋਨਾ ਪਾਲਿਆ। ਲੇਕਿਨ ਨਹਿਰ ਵਾਲਿਆਂ ਨੇ 12 ਏਕੜ ਦਾ ਨਹਿਰੀ ਮਾਮਲਾ ਪਾ ਦਿੱਤਾ।

ਸਰਦਾਰ ਹਰਚੰਦ ਸਿੰਘ : ਝੋਟਾ ਪਾਲਿਆ ?

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਮੇਜ ਸਿੰਘ: ਝੋਟੇ ਵਾਹੁੰਦੇ ਰਹੇ ਹੋ, ਤੁਹਾਨੂੰ ਓਹੀ ਯਾਦ ਆਉਂਦਾ ਹੈ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਤੁਹਾਡੇ ਨੋਟਿਸ ਵਿੱਚ ਲਿਆਉਂਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿੱਚ ਕਾਫੀ ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਬਿਜਲੀ ਦੀ ਬੜੀ ਲੋੜ ਹੈ। ਤੇਜਾ ਵ੍ਹੀਲਾ ਵਿਖੇ ਬਾਬਾ ਬੁਢਾ ਸਾਹਿਬ ਦਾ ਗੁਰਦੁਆਰਾ ਹੈ। ਉਸ ਦੇ ਲਾਗੇ ਲਾਗੇ ਛੋਟੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿੱਚ ਬਿਜਲੀ ਆ ਗਈ ਹੈ। ਉਥੇ ਬਿਜਲੀ ਮਿਲਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਬੜੇ ਬੜੇ ਨਗਰ ਹਨ। ਓਥੋਂ ਦਾ ਕਾਰੋਬਾਰ ਬਿਜਲੀ ਨਾਲ ਚਲ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਵ੍ਹੀਲਾ ਤੇਜਾ ਵਿਖੇ ਵੀ ਬਿਜਲੀ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ।

ਏਸੇ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਡਰੇਨਾਂ ਦਾ ਸਿਸਟਮ ਹੈ। ਡਰੇਨਾਂ ਦਾ ਕੰਮ ਉੱਕਾ ਹੀ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ। ਜਦ ਹੜ੍ਹ ਆਉਂਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਅਫਸਰਾਂ ਵਿੱਚ ਵੀ ਹਫੜਾ ਤਫੜੀ ਪੈ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਤੇ ਲਲਾ ਲਲਾ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਜਦੋਂ ਹੜ੍ਹ ਗੁਜ਼ਰ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਓਦੋਂ ਕੰਮ ਕਰਨ ਦਾ ਟਾਈਮ ਹੁੰਦਾ ਹੈ, ਪਰ ਕੰਮ ਸ਼ੁਰੂ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ। ਜੇ ਸ਼ੁਰੂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਇਹੋ ਜਿਹਾ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਪਿਛੋਂ ਡਰੇਨਾਂ ਪੁਟੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ, ਅਗਲੇ ਪਾਸਿਉਂ ਨਹੀਂ ਪੁਟੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ। ਪਿਛਲਾ ਪਾਣੀ ਆ ਕੇ ਤਬਾਹ ਕਰ ਦਿੰਦਾ ਹੈ। ਡਰੇਨਾਂ ਦੇ ਪੁੱਟਣ ਦਾ ਸਿਸਟਮ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜਿੱਧਰ ਨੂੰ ਪਾਣੀ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਪਿੱਛੇ ਨੂੰ ਪੁਟਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ ਤਾਕਿ ਉਹ ਪਾਣੀ ਸਹੀ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਨਿਕਲ ਸਕੇ। ਮੈਂ ਬੇਨਤੀ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਬਿੱਜੂਮਾਨ ਡਰੇਨ ਹੈ। ਜੌੜਾ ਸਿੰਘ ਤੇ ਮਰੜ੍ਹ ਵਿਖੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੈ ਕਿ ਓਥੇ ਸੜਕ ਦਾ ਪੁਲ ਰਜਵਾਹੇ ਦੇ ਉਤੇ ਬਣਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਉਹ ਪੁਲ ਸਦੀਆਂ ਦੇ ਬਣੇ ਹੋਏ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਵਿੱਚੋਂ ਦੀ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਗੁਜ਼ਰਦਾ। ਡਰੇਨਾਂ ਪੁਟੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ ਪਰ ਪਾਣੀ ਦਾ ਨਿਕਾਸ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ। ਅਲੀਵਾਲ ਰਜਵਾਹੇ ਦੀ ਡੱਕ ਲਗਦੀ ਹੈ। ਪਿਛਲੇ ਪਿੰਡ ਰੁੜ੍ਹ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਥਲੇ ਦੀ ਛੋਟੇ ਪੁਲ ਹਨ, ਉਹ ਸਾਰਾ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਖਿਚਦੇ। ਲੋਕ ਸੂਏ ਨੂੰ ਕਟ ਦਿੰਦੇ ਹਨ ਤੇ ਅਗਲੇ ਪਿੰਡ ਤਬਾਹ ਹੋ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਇਹ ਸਹਿਜੇ ਸਹਿਜੇ ਪਾਣੀ ਦਾ ਨਿਕਾਸ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਜੌੜਾ ਸਿੰਘਾਂ ਤੇ ਜੰਤੀਪੁਰੇ ਕੋਲ ਇਕ ਰੇਲ ਦਾ ਪੁਲ ਹੈ। ਓਥੇ ਡਰੇਨ ਪੁਟ ਚੁਕੇ ਹਨ ਪਰ ਉਹ ਪਾਣੀ ਬਿਲਕੁਲ ਨਹੀਂ ਖਿਚਦੀ। ਕਈ ਵਾਰ ਡਿਪਟੀ ਕਮਿਸ਼ਨਰ ਦੀਆਂ ਮੀਟਿੰਗਾਂ ਵਿੱਚ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਹੈ, ਗੌਰਮਿੰਟ ਨੂੰ ਤਾਰਾਂ ਦਿਤੀਆਂ ਗਈਆਂ, ਕੋਈ ਸੁਣਵਾਈ ਨਹੀਂ ਹੋਈ। ਜਿੰਨਾਂ ਚਿਰ ਤਕ ਰੇਲ ਦੇ ਪੁਲ ਨੂੰ ਡਰੇਨ ਲੈਵਲ ਤੋਂ ਉਚਾ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਉਨਾਂ ਚਿਰ ਤਕ ਇਸ ਡਰੇਨ ਦਾ ਕੋਈ ਫਾਇਦਾ ਨਹੀਂ। ਉਸ ਡਰੇਨ ਦਾ ਪਾਣੀ ਪਿੰਡਾਂ ਨੂੰ ਡਬੋ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਮੁਰੀਦਕੇ ਡਰੇਨ ਤੇ ਛਿਛਰੇਵਾਲਾ ਡਰੇਨ ਤੇ ਵੀ ਛੋਟੇ ਪੁਲ ਹਨ। ਇਨ੍ਹਾਂਨੂੰ ਵਡਾ ਕਰਨ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਪਾਣੀ ਦਾ ਪੂਰਾ ਨਿਕਾਸ ਖਿੱਚ ਸਕਣ। ਇਸ ਡਰੇਨ ਨੇ ਪਿਛਲੀ ਵੇਰ ਤਬਾਹੀ ਲਿਆਂਦੀ ਸੀ। ਤੇ ਇਸ ਤੋਂ ਅਗਾਂਹ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਪਿੰਡ ਰੁੜ੍ਹ ਗਏ ਸਨ। ਇਸ ਲਈ ਇਨ੍ਹਾਂ ਡਰੇਨਾਂ ਤੇ ਕੰਮ ਜਲਦੀ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਿਨਾਂ ਵਿੱਚ ਹੀ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਪਿੰਡਾਂ ਨੂੰ ਨੁਕਸਾਨ ਤੋਂ ਬਚਾਇਆ ਜਾ ਸਕੇ। ਇੰਨਾ ਕਹਿ ਕੇ ਮੈਂ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਆਪ ਦਾ ਸ਼ੁਕਰੀਆਂ ਅਦਾ ਕਰਦਾ ਹਾਂ।

कामरेड राम प्यारा (करनाल) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, पिछले बजट में तीस हज़ार रूपया रसूलपुरकलां और रसूलपुर खुर्द के पास पुल बनाने के लिए रखा गया था लेकिन एक साल गुज़र जाने के बावजूद भी वहां पर कुछ भी काम शुरू नहीं किया गया । तंग आ कर मंत्री महोदय से शिकायत की गई कि हो सकता है कि यह भी कोई विकटेमाईज़ेशन का केस हो । मैं मिनिस्टर साहिब से एशोरेंस चाहूंगा कि उस पुल को जल्दी ही मुकम्मल किया जाएगा । बीबीपुर लेक के बारे में श्रीमती ओम प्रभा जैन ने बहुत कुछ कह दिया है । उन्होंने कहा है कि वहां पर इन्जीनियर्ज़ का कसूर था । लेकिन मेरी राय में वह इन्जीनियर्ज़ का कसूर नहीं था । बल्कि पुलिटिकल अफसरों का कसूर है, जिस की वजह से वह पुल टूटा वरना इन्जीनियर्ज़ ने तो वक्त पर बता दिया था । वह मच्छलियों के ठेकेदार थे जिन्होंने पानी नहीं खोलने दिया । पिछली दफा एस०डी०ओ० ने पानी खोल दिया था तो उस बेचारे को ससपैंड होना पड़ा । मैं चाहता हूं कि इस तरह की पुलिटिकल इन्टरफियरेंस खत्म होनी चाहिए ताकि इन्जीनियर्ज़ इन्डीपैन्डटली काम कर सकें । जब इरीगेशन की डिमांड आती है तो श्री क्लेयर मेरी आंखों के सामने घूम जाते हैं । इसी तरह से और भी बहुत से इन्जीनियर्ज़ के हार्टस फेल हो गए । इन्जीनियर्ज़ की विकटेमाईज़ेशन होती है जिस से वह काम नहीं कर सकते ।

यहां पर ऐलाइनमैंट का ज़िक्र किया गया । मुझे बहुत से केसिज़ का पता है कि जिन में इन्जीनियर्ज़ तो ऐलाइनमैंट देते हैं लेकिन जब केस ऊपर जाता है तो वहां जा कर डिले हो जाती है । वहां एक पावरफुल ऐलीमैंट का दूसरे पावरफुल ऐलीमैंट से झगड़ा हो जाता है । केसिज़ डिले हो जाते हैं । कसूर तो ऊपर वालों का होता है लेकिन पेशियां बेचारे इन्जीनियर्ज़ भुगतते हैं । मैं ज्यादा वक्त नहीं लेना चाहता ; सिर्फ एक दो ज़रूरी बातें ही कहना चाहूंगा । बहुत जगह पर देखा गया है कि जो प्रोजेक्ट चल रहे थे वह रुपया की कमी की वजह से और एमरजैंसी की वजह से बन्द हो गए हैं । इस के बावजूद जो रुपया ड्रेन्ज़ के लिए बढ़ाया गया उस के लिए मैं मुबारकबाद भी देता हूं । लेकिन जो काम बन्द किए गए हैं उन के लिए भी रुपया मिल सकता है अगर सरकार दूसरे कामों को ज़रा ध्यान से करें । मिसाल के तौर पर मैं कहना चाहता हूं कि सांपला पुल पर पांच लाख रुपया लगाया गया था। एक अखबार ने वक्त पर इत्तलाह भी दे दी थी कि पुल में दराड़ आई हुई है, टैक्नीकल डिफेक्ट पड़ गया है । उस को एक्स.ई.एन. ने देखा, एस.ई. ने देखा और सी. ई. ने भी देखा । लेकिन उस वक्त उस बात को नहीं माना गया । अखबार नवीस की विकटेमाईज़ेशन हुई और उस के खिलाफ 500/501 दफात के मातहत मुकदमा चला कर उस को सज़ा भी दिलवा दी गई । हुआ क्या ? हुआ यह कि तीसरे दिन वह ब्रिज कोलेप्स हो गया और काफी नुक्सान हुआ । कितना नुक्सान हुआ इस बात पर भी अभी कन्ट्रोवर्सी है । मेरे कहने का मतलब यह है कि अगर सरकार वक्त पर ऐसी बातों की तरफ ध्यान दे तो काफी रुपया बच सकता है और उस रुपए से जो काम बंद किए गए हैं उन को भी मुकम्मल किया जा सकता है । यहां पर स्पीच करते हुए

राड़ेवाला साहिब ने फरमाया कि उन को तजरुबा है, वह भी टाय हाउस के मेम्बर रह चुके हैं । वे एक लफ्ज़ कहना भूल गए । उन्हें कहना चाहिए था कि मुझे बिटर एक्सपीरीएंस है कि मैं जब मिनिस्टर था तो एक खिलौना था । मैं छोटी सी मिसाल देना चाहता हूं । मैसर्ज़ राम किशन-कुलवन्त राए दिल्ली की एक कम्पनी ने बिजली का सामान सप्लाई किया । वह सामान डिफैक्टिव था । इस लिए इन्जीनियर्ज़ ने उस सामान की पेमेंट रोक दी । उसी केस पर मिनिस्टर साहिब ने भी डेढ़ सफे का नोट लिखा कि पेमेंट नहीं होनी चाहिए । लेकिन इस के बावजूद भी चीफ मिनिस्टर साहिब ने पेमेंट कर दी । मैं हैरान हूं कि यह कैसे हुआ । अगर इस केस की इन्क्वायरी करवाई जाए तो मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि दो तीन लाख रुपया लिया गया है । इन्क्वायरी करने से पता लग सकता है कि किस ने लिया है । अगर यही रुपया बचाया जा सके तो वर्कस पर लगाया जा सकता है । बिजली की चोरी बहुत ज्यादा होती है । किसी ने यह बात प्वाईंट आउट नहीं की । मैं ने प्वाईंट आउट किया था । मुझे जवाब में बताया गया कि कुछ केस चोरी के गवर्नमैंट के नोटिस में आए । लेकिन जब यह पूछा गया कि उन के खिलाफ क्या ऐक्शन लिया गया तो कहा गया कि फलां केस में एग्ज़ोनरेट हो गया, फलां एग्ज़ोनरेट हो गया और फलां केस फाईल हो गया । मैंने दोबारा चीफ मिनिस्टर साहिब को लिखा और उन्होंने इरीगेशन मिनिस्टर को लिखा । मैं देखना चाहता हूं कि अब उस पर क्या ऐक्शन होता है, उस पर ऐकशन लेने की इन की कितनी हिम्मत है ।

इसके आगे मैं जी०टी० रोड के बारे में कहना चाहता हूं कि 1955-56 में फ्लडज़ आने से और जमना का बांध टूटने से यह सड़क डैमेज्ड हो गई । दिल्ली जाते हुए यह सड़क करनाल के ज़िले में से 80, 90 मील के फासले में से गुज़रती है । सड़क को ठीक करने के लिए मैंने लिखा कि यह जमुना के साथ साथ जाती है, इस को ठीक किया जाना चाहिए । हमारी गवर्नमैंट कहने लगी कि यह दिल्ली वालों का काम है, वे नहीं मानते । मैं ने पूछा कि अगर आप की नहीं सुनते तो क्या मैं लिख दूं । सी. ई. कहने लगा कि हां लिख दो, मैं ने प्राईम मिनिस्टर साहिब को लिखा कि हंगामी हालात में जी० टी० रोड की तो और भी ज्यादा ज़रूरत है, अगर सड़क टूट गई तो हमारी फौजें कैसे गुज़र सकेंगी । प्राईम मिनिस्टर साहिब के सेक्रेटेरिएट में से हमारे चीफ सेक्रेटरी को जवाब दिया गया । लेकिन उन्होंने मुझे कुछ जवाब नहीं दिया एक महीने के बाद मैं ने फिर लिखा लेकिन कोई ऐकनालेजमैंट नहीं हुई । मैं ने फिर रिमाईंडर दिया कोई एकनालेजमैंट नहीं की गई । तंग आ कर मैं ने चीफ मिनिस्टर साहिब को लिखा । उन्हों ने जवाब में मुझे डी. ओ. लैटर नं० 4152-सी. एम. 63 लिखा और कहा कि हालात को देख रहे हैं । उस के बाद कोई जवाब नहीं आया । मालूम नहीं कि वे कब तक हालात को देखते रहेंगे । इस में इन्जीनियर्ज़ का कसूर नहीं है । इस का इलाज तो चीफ मिनिस्टर साहिब के पास है । अगर वे इलाज कर सकें तो अच्छा है वरना डिटिरियोरेशन होगी । जहां तक जी०टी० रोड का ताल्लुक है मैं चाहूंगा कि हमें एशोरैंस दी जाए कि जमुना के बांध को ठीक किया जाएगा और जी०टी०रोड

[कामरेड राम प्यारा]
डैमेज नहीं होगी ताकि जब भी जरूरत हो हमारी फौजें आसानी से इधर उधर आ जा सकें ।

अगली बात मैं जमींदारों के बारे में कहना चाहता हूं कि वड्ढवत्तर के लिये गवर्नमैंट बहुत ज्यादा चार्ज करती है । पानी नहीं होता है लेकिन उस के लिए पहले आबयाना भी ले लिया जाता है और बाद में फिर चार्ज किया जाता है । इस के लिए एहतयात की जरूरत है । दिल्ली को जो पानी जाता है । इस के लिए उस से बड़ा नुकसान होता है । कितने साल हो गए मोनक से दिल्ली को ले जाने के लिए नहर खोदने की स्कीम थी । कभी तो कहते हैं कि स्कीम शुरू हो गई है । कभी कहते हैं कि शुरू की गई थी फिर बंद कर दी गई । जो पानी दिल्ली को जाता है अगर नहर खुद जाए तो जो पानी का नुक्सान सीपेज और इवेपोरेशन से होता है वह रोका जा सकता है । और करनाल और रोहतक के लोगों को उस से फायदा पहुंच सकता है । सरकार की हिम्मत नहीं है कि दिल्ली के लोगों को पानी देने से इनकार कर सके । दिल्ली में तो पानी पहुंच जाता है और हमारे लोग तरसते रह जाते हैं इरीगेशन डिपार्टमैंट के पटवारी, जिन को बाद में और नाम दिया गया था उन के बारे में एशोरेंस दी गई थी कि उन की तनखाह रैविन्यु पटवारियों के बराबर कर दी जाएगी । लेकिन अभी तक इस तरफ अमल नहीं किया गया । मैं चाहूंगा कि इरीगेशन डिपार्टमैंट के पटवारियों की तनखाह रैविन्यू पटवारियों के बराबर कर दी जाए । इस से आगे मैं अर्ज करना चाहता हूँ कि इरीगेशन डिपार्टमैंट में जो लोग सर्वेयर लगे हुए हैं वे आठ-आठ दस-दस और बारह-बारह साल से बतौर सर्वेयर ही काम कर रहे हैं । उन्हों ने कौनसा गुनाह किया है कि उनकी कुछ तरक्की नहीं होती वे बेचारे सर्वेयरज़ ही रिटायर होंगे । (विघ्न) अब मैं फ्लड्ज़ के बारे में कहना चाहता हूं कि वैस्टरन जमुना कैनाल इतनी बड़ी कैनाल है, उस को दो जगह पर काट देना पड़ा, और भी छोटी-छोटी नहरों पर कट देने पड़े । सड़कों को काटा गया । कई जगह साईफन नहीं । कई जगहों पर ड्रेन्ज़ को चौड़ा किया मगर अगले साईफनों को पानी नहीं दिया गया । जरूरी है कि इस के लिए परमानैन्ट अरेंजमैंट्स किए जाएं । जो इन्जीनियर्ज़ के काम में इन्टरफियरैंस हो रही है उसको रोका जाए क्योंकि इस से काम में रुकावट पड़ती है । तभी, मैं समझता हूं कि, हम ने जो डिवैल्पमैंट के टार्गेट्स निश्चित किए हैं वह पूरे हो सकेंगे । इन अलफाज के साथ मैं आप का शुक्रिया अदा करके अपनी जगह पर बैठ जाता हूं ।

ਕਾਮਰੇਡ ਜੰਗੀਰ ਸਿੰਘ ਜੋਗਾ (ਤਲਵੰਡੀ ਸਾਬੋ) : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ ਇਰੀਗੇਸ਼ਨ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਅੱਜ ਜਿਹੜੀ ਇਤਨੇ ਰੁਪਏ ਦੀ ਮੰਗ ਕੀਤੀ ਹੈ ਅਸੀਂ ਸਮਝਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇ ਇਹ ਨੇਕ ਕੰਮ ਵਾਸਤੇ ਮੰਗ ਕਰਦੇ ਤਾਂ ਅਸੀਂ ਸਾਰੇ ਹਾਊਸ ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਇਹ ਪੈਸਾ ਦੇਣ ਵਾਸਤੇ ਰਜ਼ਾਮੰਦ ਹੋ ਜਾਂਦੇ। ਅਸੀਂ ਦੇਖਦੇ ਹਾਂ ਇਕ ਪਾਸੇ ਤਾਂ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਉਤੇ ਐਮਰਜੈਂਸੀ ਦੀ ਬੜੀ ਭਾਰੀ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ ਆ ਗਈ ਹੈ ਅਤੇ ਦੂਸਰੇ ਪਾਸੇ ਇਤਨੀ ਹੀ ਮਹਿਕਮਾ ਆਬਪਾਸ਼ੀ ਦੀ ਵੀ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ ਹੈ ਕਿ ਉਹ

ਪੈਦਾਵਾਰ ਵਧਾਵੇ ਜਿਹੜੀ ਕਿ ਇਸ ਐਮਰਜੈਂਸੀ ਦੇ ਜ਼ਮਾਨੇ ਵਿੱਚ ਬਹੁਤ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ। ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਰਾਹੀਂ ਜੋ ਨਹਿਰਾਂ ਦਾ ਪਰਬੰਧ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਇਹ ਬਾਬਾ ਆਦਮ ਦੇ ਵੇਲੇ ਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਰੂਲਜ਼ ਐਂਡ ਰੈਗੂਲੇਸ਼ਨਜ਼ ਵਿੱਚ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਹੁਣ ਤੱਕ ਕੋਈ ਤਬਦੀਲੀ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ। ਪੁਰਾਣੇ ਹੀ ਢੰਗ ਚਲੇ ਆਉਂਦੇ ਹਨ। ਜਿਥੋਂ ਤੱਕ ਨਹਿਰ ਦੇ ਮਹਿਕਮੇ ਦੇ ਸਹੀ ਪ੍ਰਬੰਧ ਦਾ ਸਵਾਲ ਹੈ ਅਸੀਂ ਦੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦੋਂ ਤੱਕ ਇਨ੍ਹਾਂ ਤਿੰਨ ਮਹਿਕਮਿਆਂ ਦਾ ਤਾਲ ਮੇਲ ਨਾ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਸਹੀਂ ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦਾ ਕੋਈ ਨਾ ਕੋਈ ਖਾਮੀ ਰਹਿ ਹੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਇਹ ਹਨ ਮਹਿਕਮਾ ਪੀ. ਡਬਲੀਊ. ਡੀ., ਮਹਿਕਮਾ ਮਾਲ ਅਤੇ ਮਹਿਕਮਾ ਰੇਲਵੇ। ਅਸੀਂ ਦੇਖਦੇ ਹਾਂ ਜੇ ਨਹਿਰੀ ਮਹਿਕਮੇ ਵਾਲੇ ਕੋਈ ਡਰੇਨ ਕਢਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਦੋ ਦੋ ਸਾਲ ਰੇਲਵੇ ਵਾਲੇ ਪੁਲ ਨਹੀਂ ਬਣਾਉਂਦੇ। ਫੇਰ ਮਹਿਕਮਾ ਮਾਲ ਵਾਲੇ ਦੇਰ ਲਾ ਦਿੰਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਜਦੋਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਤਾਲ-ਮੇਲ ਹੋ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਜਾ ਕੇ ਕਿਤੇ ਕੋਈ ਪੁਲ ਬਣਦਾ ਹੈ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ ਅਸੀਂ ਦੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਹਰ ਸਾਲ ਹੜ੍ਹ ਆਉਂਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਤਬਾਹੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। 1947 ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪੰਜਾਬ ਵਿੱਚ ਹੜ੍ਹ ਆਉਣੇ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋਏ ਹਨ। ਜਿਥੇ ਪਹਿਲਾਂ ਪਾਣੀ ਪੀਣ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਸੀ ਮਿਲਦਾ ਅੱਜ ਉਥੇ ਸੇਮ ਆਈ ਹੋਈ ਹੈ। ਮੇਰਾ ਆਪਣਾ ਜ਼ਿਲਾ ਡੁਬਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਇਹ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਗਲਤ ਪਾਲਿਸੀ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਹੈ। ਜਿਥੇ ਸੜਕਾਂ ਬਣਾਈਆਂ ਹਨ ਜ਼ਰੂਰੀ ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਪਾਣੀ ਦੀ ਨਿਕਾਸੀ ਵਾਸਤੇ ਸਾਈਫਨਾਂ ਨਹੀਂ ਰੱਖੀਆਂ ਜਿਸ ਦੀ ਵਜਾਹ ਕਰਕੇ ਪਾਣੀ ਦੋ ਦੋ ਮਹੀਨੇ ਤੱਕ ਸੜਕਾਂ ਦੇ ਆਲੇ ਦੁਆਲੇ ਚਲਦਾ ਹੈ। ਮਹਿਕਮਾ ਪੀ. ਡਬਲਿਊ. ਡੀ. ਨੇ ਬਜਾਏ ਇਸ ਦੇ ਕਿ ਫਲੱਡਾਂ ਵਿੱਚ ਕੋਈ ਸਹਾਇਤਾ ਕੀਤੀ ਹੋਵੇ ਫਲੱਡ ਲਿਆਉਣ ਦਾ ਬਹੁਤਾ ਕੰਮ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਏਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਮਹਿਕਮਾ ਨਹਿਰ ਦਾ ਹਾਲ ਹੈ। ਜਿਥੋਂ ਤੱਕ ਪੁਰਾਣੀਆਂ ਨਹਿਰਾਂ ਹਨ ਉਹ ਪੱਕੀਆਂ ਨਹੀਂ, ਥੋੜੀ ਜੇਹੀ ਬਾਰਸ਼ ਹੋ ਜਾਣ ਨਾਲ ਹੀ ਇਹ ਟੁਟ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ। ਇਹ ਕਸੂਰ ਉਤਲੀ ਸਤਾਹ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਦਾ ਹੈ ਜਿਹੜੇ ਕਿ ਠੀਕ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਪੈਸਾ ਖਰਚ ਨਹੀਂ ਕਰਦੇ। ਅਸੀਂ ਦੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਵਿੱਚ ਇਕ ਇਕ ਕੋਠੀ ਵਿੱਚ ਮੀਟਰ ਲੱਗੇ ਹੋਏ ਹਨ। ਵਧ ਤੋਂ ਵਧ ਪੰਦਰਾਂ ਵੀਹ ਰੁਪਏ ਦਾ ਖਰਚ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਪਰ ਕਿਸਾਨ ਨੂੰ ਚਾਹੇ ਪਾਣੀ ਮਿਲੇ ਜਾਂ ਨਾ ਮਿਲੇ ਆਬਿਆਨਾ ਉਸ ਤੋਂ ਹਰ ਹਾਲਤ ਵਿੱਚ ਵਸੂਲ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਕੋਈ ਪਾਣੀ ਦੀ ਮਿਕਦਾਰ ਦੇਣ ਦਾ ਹਿਸਾਬ ਨਹੀਂ, ਥੋੜਾ ਲਾਵੇ ਜਾਂ ਵਧ। ਜਦੋਂ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਇਕ ਚੀਜ਼ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿੱਚ ਕੀਤੀ ਜਾ ਸਕਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਇਹ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿੱਚ ਕਿਉਂ ਨਹੀਂ ਕਰਦੇ ? ਜਿਹੜੀਆਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਡਰੇਨਾਂ ਕੱਢੀਆਂ ਹਨ। ਇਹ ਤਕਰੀਬਨ ਸਰਹੱਦਾਂ ਤੱਕ ਮੁਕੰਮਲ ਹੋ ਗਈਆਂ ਹਨ ਪਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਿੱਚ ਅਜੇ ਤੱਕ ਵੀ ਦੋ ਦੋ ਮੀਲ ਦੇ ਹਿਸੇ ਵਿੱਚ ਮਿਟੀ ਪਈ ਹੋਈ ਹੈ। ਮੈਂ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਦਾ ਧਿਆਨ ਇਸ ਪਾਸੇ ਦਿਵਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਭਾਵੇਂ ਡਰੇਨਾਂ ਮੁਕੰਮਲ ਹਨ ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮਿੱਟੀ ਦੀ ਨਿਕਾਸੀ ਦਾ ਕੋਈ ਨਾ ਕੋਈ ਪ੍ਰਬੰਧ ਜ਼ਰੂਰ ਹੀ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਜੇ ਹੋਰ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਤਾਂ ਪੀ. ਡਬਲਿਊ. ਡੀ. ਦੇ ਮਜ਼ਦੂਰ ਲਾਕੇ ਪੈਮਾਇਸ਼ ਰਾਹੀਂ ਇਹ ਮਿੱਟੀ ਕਢਵਾਈ ਜਾ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਸਰਦਾਰ ਗਿਆਨ ਸਿੰਘ ਰਾੜੇਵਾਲਾ ਨੇ ਆਪਣੀ ਸਪੀਚ ਵਿੱਚ ਇਸ਼ਤੇਮਾਲ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕਰਦਿਆਂ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਨਵੇਂ ਢੰਗ ਨਾਲ ਹੋਈ ਹੈ। ਅਸੀਂ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ਼ਤੇਮਾਲ ਹੋਵੇ ਪਰ ਜੋ ਇਸ ਦੀ ਭਾਵਨਾ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਮੁਤਾਬਿਕ ਹੀ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਸਿੰਜਾਈ ਵਿਭਾਗ ਨੇ ਜਿਹੜੀ ਚਕਬੰਦੀ ਕੀਤੀ ਹੈ, ਅੱਜ 5-5 ਸਾਲ ਤੋਂ ਲੋਕ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਅੱਗੇ ਪਿਛੇ ਫਿਰਦੇ ਹਨ, ਜਿਥੇ ਮਰਜ਼ੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਕਰਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਕਈ ਥਾਈਂ ਹਫੜਾ ਦਫੜੀ ਨਾਲ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਧਿਆਨ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

Shri Rup Singh Phul : On a point of order, Madam. So far as hilly areas are concerned, nothing has been said and we also require irrgational facilities in view of the peculiar geographical conditions of those

[Shri Rup Singh Phul]
areas. Therefore, some hon. Members from the hilly areas may also be given some time.

Deputy Speaker : The hon. Members from the hilly areas will definitely be given time to speak.

श्री रूप लाल मेहता : आन ए प्वाइंट आफ आर्डर, मैडम। डिप्टी स्पीकर साहिबा, गुड़गांव डिस्ट्रिक्ट की भी इरीगेशन के सम्बन्ध में बहुत बड़ी बड़ी प्रौबलम्ज़ हैं। हमें भी बोलने का मौका दीजिए यह भी एक बहुत बैकवर्ड डिस्ट्रिक्ट है। (विघ्न)

उपाध्यक्षा : आप से मैं प्रार्थना करूंगी कि इस तरह से इन्टरप्ट न करें। जितना ज्यादा आप इन्टरप्ट करेंगे उतने कम आनरेबल मैम्बर साहिबान को बोलने का मौका मिलेगा। (I would request the hon. Member not to interrupt like this. The more the interruptions, the less will be the number of the hon. Members taking part in the discussion)

चौधरी इन्द्र सिंह मलिक : डिप्टी स्पीकर साहिबा, टाईम बढ़ा दें ताकि और मेम्बर साहिबान हिस्सा ले सकें।

उपाध्यक्षा : आप को पता ही है कि आज तीन बजे दूसरी सिटिंग भी है। फिर भी मैं कोशिश करूंगी कि ज्यादा से ज्यादा मेम्बर साहिबान अपने ख्यालात का इज़हार कर सकें लेकिन आप मेरे साथ इस बात में को-आप्रेट करें और इंटरप्ट न करें। (You know that there is another sitting at 3.00 p. m. today. However, I will try to arrange that the maximum number of the hon. Members have their say but I seak your co-operation in this matter and do not expect interruptions.)

श्री बनवारी लाल : आन ए प्वाइंट आफ आर्डर, मैडम। मेरा प्वाइंट आफ आर्डर यह है कि एक ज़िले से तो दो-दो तीन-तीन मेम्बरों को टाईम दिया जा रहा है और एक ज़िले से एक मेम्बर को भी नहीं दिया जाता। यह आप मैम्बरज़ के साथ बड़ी ज्यादती कर रहीं हैं। (विघ्न)

Deputy Speaker : No interruptions please. अगर आप इस तरह इन्टरप्ट करते जाएंगे तो मुझे किसी और को यहां बैठाना पड़ेगा। I will leave this Chair. (No interruptions please. If you will continue to interrupt like this then I will have to request some hon. Member from amongst the Panel of Chairmen to take the Chair. I will leave this Chair) (*interruptions*).

श्री निहाल सिंह : मेरी सबमिशन यह है कि जिन्होंने गलत प्वाइंट आफ आर्डर रेज़ किए हैं उनको टाईम न दिया जाए।

उपाध्यक्षा : मुझे तो टाईम बढ़ाने में भी कोई एतराज़ नहीं। मैं तो मसलसल घंटों तक यहां बैठ सकती हूं, लेकिन, जैसा कि मैंने पहले बताया 3 बजे

फिर दूसरी सिटिंग है । इसलिए मैं चाहती हूं कि आप इन्टरप्ट न करें और ज्यादा से ज्यादा मेम्बर साहिबान को बोलने दें । (I have no objection to extend the time. As far myself, I can sit here continuously for hours but as I have already pointed out the second sitting is being held at 3.00 p. m. I would, therefore, request you not to interrupt and let the maximum number of Members take part in the discussion).

ਕਾਮਰੇਡ ਜੰਗੀਰ ਸਿੰਘ ਜੋਗਾ : ਮੇਰੇ ਆਪਣੇ ਜ਼ਿਲੇ ਵਿੱਚ ਐਤਕੀ 12 ਕਤਲ ਪਾਣੀ ਦੇ ਝਗੜੇ ਤੋਂ ਹੋਏ ਹਨ। ਉਥੇ ਮੁੱਰਬੇ ਬੰਦੀ ਹੋ ਗਈ। ਉਸ ਕਾਰਣ ਕਿਸਾਨਾਂ ਦੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਇਧਰ ਉਧਰ ਹੋ ਗਈਆਂ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ। ਪਾਣੀ ਨਾ ਮਿਲਨ ਕਰਕੇ ਝਗੜੇ ਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਪੁਲਾਂ ਦਾ ਝਗੜਾ ਵੀ ਏਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਪਿੱਛੇ ਜਿਹੇ ਬਜਟ ਸੈਸ਼ਨ ਦੇ ਵਿੱਚ ਹੀ ਸਵਾਲ ਪੁੱਛਿਆ ਸੀ ਕਿ ਨਹਿਰ ਦੇ ਪੁਲ ਦੇ ਪਾਰ ਇਕ ਪਿੰਡ ਦੀ ਜ਼ਮੀਨ ਹੈ। ਉਹ ਪੁਲ ਟੁਟ ਗਿਆ ਹੈ, ਉਸ ਨੂੰ ਕਦੋਂ ਤਕ ਬਣਾਇਆ ਜਾਵੇਗਾ ? ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਜਦੋਂ ਪੈਸਾ ਹੋਵੇਗਾ ਉਦੋਂ ਬਣੇਗਾ । ਹਰੀਕੇ ਬੁਰਜ ਪਿੰਡ ਦਾ ਨਹਿਰ ਦਾ ਪੁਲ ਡਿਗ ਪਿਆ ਹੈ ਜਿਸ ਕਾਰਣ ਉਹ ਦੂਸਰੇ ਪਾਸੇ ਨਹੀਂ ਜਾ ਸਕਦੇ। ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਮਿਹਰਬਾਨੀ ਕਰਕੇ ਉਹ ਪੁਲ ਜਲਦੀ ਬਣਾਉਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਬਿਜਲੀ ਦਾ ਸਬੰਧ ਹੈ ਇਹ ਖੇਤੀ ਬਾੜੀ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਲਈ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀ ਜਾਂਦੀ। ਕਾਰਖਾਨੇਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਅਤੇ ਕੋਠੀਆਂ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਤਾਂ ਫੌਰਨ ਬਿਜਲੀ ਦੇ ਦਿੱਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਜੇ ਕਿਸਾਨ ਨੇ ਟਿਊਬਵੈਲ ਲਗਾਉਣਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਤੈਨੂੰ ਖੰਭਿਆਂ ਦੀ ਕੀਮਤ ਆਪਣੇ ਕੋਲੋਂ ਦੇਣੀ ਪਏਗੀ। ਖੰਭਿਆਂ ਦੀ ਕੀਮਤ ਤਾਂ ਕਿਸਾਨ ਆਪਣੀ ਸਾਰੀ ਜ਼ਮੀਨ ਵੇਚ ਕੇ ਵੀ ਨਹੀਂ ਦੇ ਸਕਦਾ। ਕਿਸਾਨਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਬੇਇਨਸਾਫੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ । ਜੇ ਤੁਸੀਂ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹੋ ਕਿ ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਦੀ ਪੈਦਾਵਾਰ ਵਧੇ ਤਾਂ ਕਿਸਾਨਾਂ ਨੂੰ ਪ੍ਰਾਇਮਰੀ ਬੇਸਿਜ਼ ਤੇ ਬਿਜਲੀ ਦਿੱਤੀ ਜਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ।

ਅਗਲੀ ਗਲ ਮੈਂ ਵਢ ਵੱਤਰ ਦੇ ਬਾਰੇ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ । ਸਰਕਾਰ ਉਸ ਦਾ ਵੀ ਆਬਿਆਨਾ ਲੈ ਲੈਂਦੀ ਹੈ। ਜਦੋਂ ਬਗੈਰ ਪਾਣੀ ਤੋਂ ਵਢ ਵੱਤਰ ਵਿੱਚ ਫਸਲ ਬੀਜੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸ ਦਾ ਆਬਿਆਨਾ ਨਹੀਂ ਲਿਆ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ।

उपाध्यक्षा : पेशतर इस के कि मैं किसी और मैम्बर को बोलने के लिए काल करूं मैं हाउस की राय लेना चाहती हूं कि क्योंकि तीन बजे दूसरी सिटिंग शुरु होनी है तो क्या $1\frac{1}{2}$ बजे यह मीटिंग बरखास्त कर दी जाए या इस की बजाए 2 बजे तक कर दी जाए । (आवाजें : दो बजे तक कर दीजिए ।) इस सिटिंग का टाईम दो बजे तक extend किया जाता है । (Before I call any other hon. Member to speak. I want to have the opinion of the House that as the Assembly is again meeting at 3 p. m. today, should we adjourn now at 1-30 p.m. or this sitting may be extended up to 2 p. m. (Voices : Please extend it up to 2 p. m. today). All right, the time of this sitting is extended up to 2 p. m.)

श्री बनवारी लाल (कानीना, एस. सी.) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप ने जो मुझे बोलने के लिए टाईम दिया है, इस के लिए मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूं ।

[श्री बनवारी लाल]
बावजूद इस बात के कि मेरे कई बार कहने के बाद आप ने मुझे टाईम दिया है, फिर भी मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूं..............

उपाध्यक्षा : अगर अब इस तरह शुक्रिया करने में ही अपना वक्त गंवाया तो आयंदा टाईम नहीं दूंगी । (If the hon. Member wastes his time in thanking the chair in this way, then in future I would not allow him to speak).

श्री बनवारी लाल : डिप्टी स्पीकर साहिबा, यहां पर फ्लड्ज़ कंट्रोल के बारे में मेरे बहुत सारे भाइयों ने अपने अपने ख्यालात इस सदन के सामने रखे हैं लेकिन मैं अर्ज़ करता हूं कि फ्लड्ज़ दो किस्म के हैं । पंजाब में टैम्प्रेरी फ्लडज़ के बारे में बहुत सारे सदस्यों ने बताया है लेकिन परमानैन्ट फ्लड्ज़ के बारे में किसी ने भी कुछ नहीं बताया ।

उपाध्यक्षा : आप इन बातों को रहने दीजिए, डिमांड पर बोलिए । (The hon. Member should leave these things and should speak on the Demand now before the House).

श्री बनवारी लाल : फलडज़ भी तो इस में आ जाते हैं । चलो, मैं इस बारे में और कुछ नहीं कहता । अब मैं यह अर्ज़ करता हूं कि पंजाब की नहरों का जो मामला है यह बहुत टेढ़ा है । कहीं तो 20, 20 फुट पानी चढ़ जाता है और कहीं पीने तक का पानी भी नहीं मिलता । इस लिए सरकार को दोनों तरफ ध्यान देना चाहिए । जहां पानी बहुत है और नुक्सान करता है अगर वहां से पानी उस तरफ ले जाया जाए जहां पानी की कमी है तो दोनों तरफों की मुश्किल हल की जा सकती है । इस लिए बेहतर होगा कि इधर की कुछ नहरें ज़िला महेंद्रगढ़ को दी जाएं ।

अब मैं बिजली के बारे में कहना चाहता हूं । आज जो हमारे सामने स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड की रिपोर्ट रखी गई है इस से पता चलता है कि जहां इधर के इलाके के बहुत से गांवों को इस साल बिजली दी जानी है वहां हमारे इलाके के सिर्फ 15 गांवों के लिए इस में बिजली देने की प्रोवीज़न की गई है । क्योंकि मेरा ज़िला महेन्द्रगढ़ रेतीला इलाका है और वहां पर नहरें आसानी से नहीं जा सकतीं , इस लिए अगर वहां आबपाशी हो सकती है तो वह बिजली के टयूब-वैल्ज से हो सकती है । इस लिए मैं मंत्री महोदय से अपील करूंगा कि वह वहां जल्दी से जल्दी तमाम गांवों को बिजली देने का इन्तज़ाम करें और वहां के गरीब किसानों को टयूबवैल्ज़ लगाने के लिए स्पैशल ग्रांट्स दें क्योंकि वह बहुत पिछड़ा हुआ इलाका है । तभी वह इलाका फरटाईल बनाया जा सकता है जब वहां ज्यादा से ज्यादा ट्यूब-वैल्ज़ लग जाएं । इस लिए मैं उम्मीद करता हूं कि वज़ीर साहिब उस ज़िले को ज्यादा से ज्यादा बिजली देंगे ।

फिर हमारे ज़िला महेन्द्रगढ़ ने मिलिट्री के लिए सब से ज्यादा भरती दी है। हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब जब 31 दिसम्बर को दादरी गए तो वहां इन्होंने कहा था कि जो ज़िला मिलिट्री के लिए सब से ज्यादा भरती देगा उस इलाके की सब से ज्यादा इमदाद सरकार करेगी। हमारा ज़िला जब डिफैंस के काम में सहयोग देने में बाकी सब दूसरे ज़िलों से ज्यादा आगे रहा है तो इस ज़िले की सरकार को सब से ज्यादा मदद करनी चाहिए। अगर वहां काफी बिजली दे कर ट्यूब-वैल लगाए जाएं तो वहां काफी आबपाशी हो सकेगी जिस के नतीजे के तौर पर वहां अनाज काफी मिकदार में पैदा होने लगेगा और हमारे देश को बाहर से अनाज नहीं मंगवाना पड़ेगा। इस लिए मैं फिर कहूंगा कि वहां ज्यादा से ज्यादा बिजली दी जाए और इस ज़िले को खुशहाल बनाया जाए।

चौधरी इन्द्र सिंह मलिक (सफीदों) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज इरीगेशन पर वाटर लौगिंग के मसले पर बहस चल रही है। मेरी कन्स्टीच्यूंसी सफीदों के इलाका में 1947 से ले कर 1955 तक हर साल फलड्ज़ आते रहे थे। पिछले साल भी पंजाब में फ्लड्ज़ से कोई 40 करोड़ रुपए का नुक्सान हुआ था। सिंचाई मंत्री चौधरी रणबीर सिंह अच्छी तरह से जानते हैं कि पिछले साल हमारे इलाके में फ्लड्ज से कितना भारी नुकसान हुआ था क्योंकि उन दिनों उन्होंने ज़िला रोहतक और हमारे इलाके का दौरा किया था। वह जानते हैं कि पिछले दो सालों से में नाई नाला और ड्रेन नं० 8 से ज़िला रोहतक का बड़ा भारी नुकसान हुआ। इस लिए उन्होंने इस साल ज़िला रोहतक को बचाने के लिए अन्टा साईफन को बन्द करा दिया था। पहले नाई नाला और पवाना ड्रेन का पानी अन्टा साईफन से गुज़र कर ड्रेन नं० 8 में जाता था। अन्टा साईफन के बन्द हो जाने से ज़िला रोहतक तो बच गया लेकिन यह पानी जो हांसी ब्रांच में डाला गया था, उस में डालने से पहले ओवर फलो कर के इस ने भुसलाना, गिमनाबाद, टोडी खेड़ी और सहानपुर आदि गांवों को बरबाद किया। इस लिए मैं दरखास्त करता हूं कि अन्टा साईफन को खोल दिया जाए। इस बजट में पुवाना ड्रेन, ड्रेन नं० 8 और नाई नाला की सफाई के लिए कोई रकम नहीं रखी गई।

चौधरी साहिब हमारे गांव में गए थे। वहां पर उन्होंने देखा है कि बहादुर-पुर सींरब ड्रेन पर पुल नहीं है। जब यह गए तो इंटें डाल दी ईंटें, पम्पिंग सैट भी पानी की निकासी के लिए लगा दिया गया। मैं ने इन से कहा था कि आप के जाते ही यह सब कुछ उठा लिया जावेगा तो इन्होंने कहा था कि अगर ऐसा हुआ तो मैं वज़ारत छोड़ दूंगा। वही बात हुई। इन के जाते ही न वहां पर इंटें रहीं हैं और न ही पम्पिंग सैट रहा मगर चौधरी साहिब ज़रूर यहां पर मौजूद हैं। (हंसी) मेरी इन से दरखास्त है यह पुल जल्दी से जल्दी बनाया जाए। पानी के निकास के लिए नालियों का इंतज़ाम किया जाए। इरीगेशन की फैसिलटीज़ दी जाएं।। बजट में 73,000 रुपया वहां की ड्रेन के लिए रखा है। मगर इतनी ड्रेन के लिए यह रुपया थोड़ा है, नाकाफी है।

[चौधरी इन्द्र सिंह मलिक]

सफीदों के बागात फ्लड की वजह से बरबाद होते हैं । पवाना ड्रेन की तरफ खास ध्यान दें । इसकी रेग सफाई करके इसके किनारे को ऊंचा किया जावे ।

फिर कई माईनर इरीगेशन स्कीम्ज़ हैं जिन से कि उस इलाका को काफी फायदा हो सकता है । पिछले साल वह मन्ज़ूर भी हुई थीं । 'पंजाब ग्रान दि मार्च,' किताब में ज़िक्र है कि कुछ माइनर्ज़ की रीमौडलिंग की जावेगी । मगर जैसे कि सरदार ज्ञान सिंह जी ने कहा था कि इस का ज़िक्र बजट में या न्यू ऐक्सपैंडीचर में नहीं है और इस बारे में कोई ऐलान किया गया है । सरफाबाद, सफीदों, निड़ानी वगैरा माइनर्ज़ का काम पिछले साल शुरू हुआ था । चौधरी साहिब वहां पर गए थे और इन्होंने वायदा किया था कि इन सारे माइनर्ज़ को मुकम्मल कर दिया जावेगा । इन्होंने कहा कि अगर ज़मींदार या कोई ठेकेदार इन को 12 लाख रुपया दे दे तो यह उन को उसी साल में मुकम्मल करा देंगे । अगले साल के लिये भी वायदा किया था मगर इस साल बजट में एक पैसा भी इस के लिए नहीं रखा गया । जो वैस्टर्न जमना कैनाल के लिए 3,24,000 रुपए रखा गया है यह बिल्कुल नाकाफी है । 12 लाख रुपए की यह पिछले साल की स्कीम है । इस तरफ ध्यान दें । (घंटी)

एक चीज़ जिसकी तरफ मैं इनका ध्यान दिलाना चाहता हूं वह है थूर और सेम जो कि बढ़ती ही जा रही है । न्यू एक्सपैन्डीचर में गवर्नमैंट ने माना है कि हरियाना में तीन जगह इस से बड़ा नुकसान हुआ है––सफीदों, मूनक और हांसी । सफा 8 पर इन पाईलट ज़ोन्ज़ का ज़िक्र है । लेकिन जहां और जगह काम शुरू हो चुका है, सफीदों में काम शुरू भी नहीं हुआ । यहां लिखा है " Scientific Soil Surveys except for Safidon area have been carried out in all other pilot zones," यह तो मानते हैं कि सेमज़दा इलाका है, बरबाद हो रहा है मगर काम अभी शुरू नहीं किया इस तरफ भी ध्यान दें और सेम को दूर करें ।

अब मैं यह गुज़ारिश करूंगा कि हमारे इलाके से स्टैप मदरली ट्रीटमैंट क्यों होता है । इस की वजह यह है कि हमारे इलाके के लोग टैक्नीकल स्टाफ में बहुत कम हैं । इन्जीनियर्ज़ दर्जा अव्वल के कुल 36 हैं मगर इन में से सिर्फ एक आदमी हिन्दी रिजन का है बाकी 35 पंजाबी रिजन के हैं ।

उपाध्यक्षा : आप के पास बड़ा थोड़ा समय है कुछ और कहें । (The time at the disposal of the hon. Member is very short, he should say something relevant).

चौधरी इन्द्र सिंह मलिक : दर्जा दोम के इन्जीनियर्ज़ में कुल 154 में से हिन्दी रिजन के सिर्फ 6 हैं । स्पैशल ओफिसर्ज़ कुल हैं 327, इन में से 27 हिन्दी रिजन के और 300 पंजाबी रिजन के हैं ।

Deputy Speaker : It is irrelevant.

चौधरी इन्द्र सिंह मलिक : आबपाशी के इनजीनियर्ज़ दर्जा I-84 में से 5 हिन्दी रिजन के, दर्जा II-57 में से सिर्फ 3 हिन्दी रिजन के, दर्जा III-259 में में से सिर्फ 9 हिन्दी रिजन के ।

उपाध्यक्षा : यह रैलेवेन्ट नहीं है। (The hon. member is not relevent.)

चौधरी इन्द्र सिंह मलिक : मैं यह गुज़ारिश कर रहा हूं कि हमारे इलाके का स्टाफ न होने की वजह से वहां की स्कीमों से पैसा लैप्स कर के पंजाबी रिजन में खर्च कर दिया जाता है। सिवाए राड़ेवाला साहिब के शुरु से ले कर हमारे ही इलाके के वज़ीर के पास यह महकमा रहा है, मगर वह भी यह रेशो ठीक नहीं कर सके।

Deputy Speaker : Please wind up.

चौधरी इन्द्र सिंह मलिक : बस जी एक मिनट और दें इन्होंने 56 ट्यूबवैल्ज़ वहां पर लगाए मगर वह इनएफीशैंट साबत हुए। दो का तो पानी ही डिफैक्टिव है। (घंटी) इस तरफ ध्यान दें।

फिर बहुत ज्यादा एरियर्ज़ अभी वसूल करने बाकी हैं। इन की तरफ पी.ए.सी. ने भी ध्यान दिलाया है। इस तरफ भी ध्यान दें। मेरे इलाके को इरीगेशन फैसेलिटीज़ दें ताकि लोगों का भला हो। शुक्रिया।

चौधरी चूहड़ सिंह (सम्भालका) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप ने जो वक्त दिया है इस के लिए मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूं। यह जो इरीगेशन की डिमांड है इस पर बहुत से बजुर्गवार भाई अपने विचार आप के सामने रख चुके हैं। मैं आप के द्वारा मन्त्री महोदय को बताना चाहता हूं कि यह जो डिमांड है मैं इस के साथ इत्तफाक रखता हूं। आज हमारे देश में एमेरजैंसी लागू है। इस समय इरीगेशन की हमें बड़ी ज़रूरत है ताकि हम अनाज की पैदावार को बढ़ा कर इस समस्या का सामना कर सकें। आप के ज़रिए मैं पंजाब सरकार की जो मौजूदा स्कीमें हैं उन के मुताल्लिक कहना चाहता हूं कि उन से काफी फायदा हो रहा है। जैसे दूसरे मैम्बर साहिबान ने अपने-अपने इलाके की ज़रूरतों का ज़िक्र किया है मैं भी कुछ अपने इलाके के बारे इनसे दरखास्त करना चाहता हूं।

भाखड़ा डैम की स्कीम बहुत बड़ी स्कीम है। इस की तैयारी में 166 करोड़ रुपया लगा है। इस के लिए कर्ज़े पर 30-32 करोड़ रु० तो सूद ही पड़ जाता है। इस के ज़रिए 24 लाख एकड़ ज़मीन को सिंचाई दी गई है। यह बहुत बड़ा काम है जो पंजाब सरकार ने पूरा कर लिया है। इस के लिए यह बधाई की पात्र है।

इस के अलावा मैं पंजाब सरकार से प्रार्थना करूंगा कि सिंचाई की जो छोटी २ स्कीमें हैं, या छोटे छोटे मसले हैं उन की तरफ भी ध्यान दें। बड़ी स्कीमों से पूरा लाभ उठाने के लिए डिस्ट्रीब्यूट्रीज़ खोद कर निकाली जाएं ताकि ज्यादा से ज्यादा इलाके में पानी पहुंचे। हमारी 80 फी सदी आबादी देहात में रहती है। एक बहुत बड़ी संख्या में किसान और मज़दूर इरीगेशन और बिजली पर निर्भर करते हैं। उन को इन स्कीमों से बहुत लाभ होने वाला है। इन से एक यह भी रिक्वैस्ट है कि हमारे इलाके में बहुत सारे ट्यूब-वैल्ज़ रुके पड़े हैं, कुनैक्शन्ज़ नहीं मिल रहे। यह जा कर

[चौधरी चूहड़ सिंह]

वहां जलसे और जलूसों की बजाए दफतर में जा कर पड़ताल करें कि किसानों की कितनी दरखास्तें पैंडिंग हैं और कितनों को कुनैक्शन्ज़ मिले हैं। हम इन के बड़े मशकूर होंगे। मैं इस में मंत्री महोदय का कसूर नहीं ठहराता। हमारे भाखड़ा डैम और ब्यास डैम तो तैयार हैं मगर अम्बाला डिवीयन में पानी की कमी है और वाकई कमी है। हमारी नहर जमुना दरिया से निकाली गई है, जब जमना पानी देती है, या जब फ्लड आ जाते हैं तो हमारे एरिया को डुबो देती है। और पानी गर्मी में मिलता नहीं है। इसलिए मेरी प्रार्थना यह है कि इस जमना नदी पर भाखड़ा की तरह डैम बनाया जाए। (घंटी) इसी तरह अगर किसानों को बिजली की सहूलतें दी जाएं तो उनका फायदा हो सकता है। इरीगेशन के मोघों की मंजूरी की बड़ी दिक्कत है, चीफ इंजीनियर तक जा जा कर उनकी मनजूरी होती है। अगर एस० ई० साहिब मौका देख कर फैसला कर दिया करें तो ज्यादा सुविधा हो जाएगी। (घंटी) अन्त में मैं चौधरी साहिब का ध्यान अपने इलाके के लोगों की दरखास्तों की तरफ दिलाना चाहता हूं कि बहुत सारी दरखास्तें उनके पास पड़ी हैं, उन पर गौर किया जाए और जलसे जलूसों में कम ध्यान लगाया जाए।

श्री रूप लाल मेहता (पलवल) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस सदन के सामने मंत्री महोदय ने जो डिमांड पेश की है वह तो रुटीन का काम है, कि वह पेश करें और हम मंजूर करें। लेकिन असली बात यह है कि किसी भी तरह से हो किसानों की बेहतरी इस बात में है कि हमारे प्रान्त में इरीगेशन के साधन वसीह हों। और ऐसी बात दिखाई भी देती है कि पहले की निस्बत आज हरियाना का इलाका नहरों के पानी से महरूम नहीं रहा। लेकिन जब मैं सारे प्रान्त के आंकड़े देखता हूँ और गुड़गांव ज़िला पर नज़र डालता हूँ तो हमारे ज़िले में सिर्फ 9 परसैंट इरीगेशन दिखाई देती है। और वह भी यू. पी. की अपर आगरा कैनाल डिवीज़न से सैराब होती है। और लगान की हक़ीकत यह है कि वहां के लोगों को दुगना लगान देना पड़ता है क्योंकि वहां का लगान पंजाब सरकार से ज्यादा है। यही नहीं, जो पानी देने के कुलाबे हैं उनको छोटा बड़ा करने और सिक्योर करने के लिए आगरा और मथुरा जाना पड़ता है और कई साल लग जाते हैं, और हमें परेशान होना पड़ता है। मुझे बड़े अफसोस से कहना पड़ता है कि इस तरफ मैंने सरकार की तवज्जुह कई बार दिलाई लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। मैं समझता था कि हमारे इलाके के साथ अंग्रेज़ों के वक्त में ही सौतेली मां का सलूक किया जाता था लेकिन मैं देखता हूँ कि करोड़ों रुपया पंजाब के दूसरे इलाकों में खर्च किया जाता है मगर गुड़गांव की नहर को बीच में ही छोड़ दिया गया है और ऐमरजैंसी का नाम लिया जाता है। अगर 40, 50 लाख रुपया दे दिया जाता तो नहर बन कर तैयार हो जाती और 4 तहसीलों को सैराब करती। यह माना कि सोहना के पहाड़ पर पानी नहीं चढ़ सकता था लेकिन निचले हिस्से में तो पानी जा सकता था। लेकिन किसी किस्म का भी प्रोवीज़न नहीं बनाया गया हमारे ज़िले के लिए। इस तरह से मैं समझता हूँ कि 14 लाख बच्चों के साथ इस सरकार ने सौतेली मां का सलूक किया है। मैं जिस कांस्टीचुएंसी की तरफ से इस हाउस में बैठा हूँ वहां एक भी नहर नहीं गई सिवाए आगरा कनाल के। थोड़ा बहुत यह सहारा था कि बिजली के

द्वारा हमें मदद पहुँच सकती थी लेकिन पलवल सब-डिवीज़न के बन्द हो जाने से वह भी सहारा टूट जायेगा। मुझे समझ नहीं आती कि ज़िला गुड़गांव के साथ ऐसी सख्ती क्यों की जाती है। मेरी कांस्टीचुएंसी में 12 ऐसे गांव हैं जिन्हें खादर का इलाका कहते हैं, वहां पर बाढ़ आती है उसका इंतज़ाम किया जाना चाहिये। जब सरकार से बाढ़पीड़ितों के रिलीफ की मांग की जाती है तो कहा जाता है कि 120 सिरकियां दे दीं और 2,000 रुपये की ग्रांट दे दी, लेकिन कोई माकूल रकम की ग्रांट नहीं दी जाती। मैं ने इरीगेशन मिनिस्टर साहब से यह दरखास्त की और सवाल पूछा कि सोलागांव के लिए, जो सोलागांव पानी की गिरफ्त में आता है, क्या उसके लिए कुछ इंतज़ाम किया। इस पर जवाब मिलता है, it is too early to give the exact date of arrangements और अब उस गांव को उठाने का हुक्म हो चुका है।

मैं एक और बात सरकार की पालिसी के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूँ कि यह सरकार एक प्राइवेट कम्पनी बेदी एंड को. (पी.) लि., पानीपत में 11 लाख रुपया शेयर इनवैस्ट करना चाहती है और यह कम्पनी बिलकुल प्राइवेट है....

उपाध्यक्षा : मेहता साहब, इस हाउस में लाउड स्पीकर का इंतज़ाम है, इतने ज़ोर ज़ोर से न बोलें। (Mehta Sahib, there is an arrgangement of mike in this House, Please don't speak so loudly.)

श्री रूप लाल मेहता : इस तरह से सरकार मुख्तलिफ प्राइवेट कम्पनियों को रुपया देती है। पानीपत वाली कम्पनी को 11 लाख रुपया दिया है। लेकिन कितने दुख की बात है कि गुड़गांवां कैनाल प्राजैक्ट पर 75 लाख रुपया खर्च कर के उस को बीच में ही छोड़ दिया है और अब एक पाई भी उस पर खर्च करना पसंद नहीं करती।

10.00 p.m.

मैंने चीफ मिनिस्टर साहिब को अपने ज़िले में सड़कों के बारे में लिखा। उन्हों ने यह तो एग्री किया कि यह मिसिंग लिंक्स हैं लेकिन साथ ही कह दिया कि क्या किया जाए इन को बनाने के लिए सरकार के पास रुपया नहीं है। मेरा कहने का मतलब यह है कि जो कन्स्ट्रक्टिव डिमांड्ज़ हैं उन पर खर्च करने के लिए तो रुपया सरकार के पास नहीं है लेकिन और वेस्टफुल एक्सपैंडीचर होता है। बजट में गुड़गांवां कैनाल प्राजेक्ट के लिए कुछ नहीं रखा गया। प्राइवेट कम्पनियों को पैट्रोनाईज़ किया जाता है। अगर सरकार पसमांदा लोगों की बहबूदी के लिए खर्च करे तो आम लोग बैनीफिट हों और तरक्की कर सकें। ट्यूबवैल्ज़ के लिए बिजली का कुनैक्शन लेने के लिए किसान बेचारे दो दो साल से अर्ज़ियां लिये फिरते हैं लेकिन हमारे इलाके के एस. डी. ओ., पलवल और एक्स. ई. एन., गुड़गांव कुछ ध्यान ही नहीं देते। लाईन खींच कर आगे ले जाते हैं और बीच में बहुत से गांव बिना बिजली दिये ही छोड़ देते हैं। नंगल ब्राह्मण, नया गांव, एहखान को बीच में छोड़ दिया गया है। मैं ने मन्त्री महोदय से सवाल भी पूछा था लेकिन मुझे कुछ जवाब नहीं मिला कि इन गांवों को क्यों छोड़ दिया गया है। जहां पर मैं सरकार को दूसरे कामों के लिए बधाई का पात्र समझता हूँ वहां मुझे गुड़गांव ज़िले को देख कर अफसोस होता है कि वहां के लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। (विघ्न) (घंटी की आवाज़)। पिंगारे गांव में एक आदमी का 80 एकड़ का फार्म है। उस की ज़मीन के

[श्री रूप लाल मेहता]

पास से बिजली की लाईन जाती है। लेकिन केवल पांच सौ गज़ के फासले पर भी उस को ट्यूब-वैल के लिए बिजली का कुनैक्शन नहीं दिया जा रहा। एक गांव बाटा में एक आदमी को ट्यूब-वैल के लिए कुनैक्शन दिया जाना था। उस को कहा गया कि खम्बे उठा कर लाओ। वह बेचारा किराये की गाड़ी कर के और सौ रुपया अदा कर के खम्बे उठवा लाया। लेकिन महकमे वाले फिर उठा कर ले गए। उस से कहने लगे कि तुम खम्बे क्यों उठवा कर ले गए। मैं एस. डी. ओ., पलवल के पास गया। चुनांचि उस को कुनैक्शन तो मिल गया है लेकिन सौ रुपए का झगड़ा अभी तक चल रहा है। मैंने एस. डी. ओ. को सुझाव दिया है कि ठेकेदार को पेमेंट मत करो लेकिन उस आदमी के रुपए ज़रूर वापस करो। (विघ्न) (फिर विघ्न) चूंकि एस.ई., टहला के पास मोहना आदि कई गांवों के ऐस्टीमेट्स पड़े हुए थे मैं सुपरिन्टैंडिंग इन्जीनियर दिल्ली के पास गया। मैं ने उन से कहा कि एस्टीमेट्स जल्दी क्यों नहीं मंज़ूर करवाते तो उन के दफतर का सुप्रिन्टैंडैंट कहने लगा कि 70,000 कनज्यूमर्ज़ हैं, हम किस किस को रिमाईन्डर्ज़ दे सकते हैं। उन को हकीकत में पता नहीं था कि मैं एक एम0 एल0 ए0 हूँ। उन्हों ने समझा कि मैं कोई व्यापारी हूँ और बिजली लेने के लिए आया हूँ। मैं ने कहा कि मैं अपने इलाके का रिप्रिज़ेंटेटिव हूँ, आप यहां पर किस वास्ते बैठे हो, आप एक्स. ई. एन. को रिमाईन्डर भेजो कि एस्टीमेट्स को मंगवा कर मंज़ूर करें। इस महकमे में बहुत ज्यादा रिश्वतस्तानी है। अफसोस की बात है कि किसान बिजली हासिल करने के लिए जगह जगह पर परेशान फिरता है लेकिन उस को बिजली नहीं मिलती। इस लिए मैं आप के द्वारा अर्ज़ करना चाहता हूँ कि हर एक आदमी यही समझता है कि इस महकमे में रुपया दिये बग़ैर काम नहीं होता। सरकार को इस महकमे में से कुरप्शन और बदअनवानियों को खत्म करना चाहिये ताकि किसान को बिजली मिल सके और वह खुशहाल हो।

सिंचाई मन्त्री से मैं यह कहना चाहता हूँ कि यूनियनिस्ट मिनिस्ट्री के ज़माने में हम ने एक तहरीक चलाई थी जिस का नाम था "नहर लाओ या वापस जाओ"। अब अगर गुड़गांव ज़िले में नहर न लाई गई तो हमें मन्त्री महोदय को कहना पड़ेगा कि "नहर लाओ या वापस जाओ"। (विघ्न) इन शब्दों के साथ मैं आप का धन्यवाद करता हूँ। (फिर विघ्न)

(कई माननीय मैम्बर बोलने के लिये खड़े हुए।)

श्री बाबू दयाल शर्मा : आन ए प्वाइंट आफ आर्डर, मैडम। इस हाउस में जो ला अबाईडिंग मैम्बर्ज़ हैं क्या आप उन को बोलने का समय नहीं देंगे और उन्हीं को बोलने का वक्त दिया जाएगा जो कि आप के साथ लड़ेंगे और जो ला एबाईडिंग नहीं हैं ?

Deputy Speaker : This is no point of order. Please resume your seat. (*interruption*)

श्री प्रताप सिंह बख्शी : डिप्टी स्पीकर साहिबा, किसी पहाड़ी आदमी को बोलने का मौका नहीं मिला है।

चौधरी राम सरूप (साम्पला) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं सिर्फ दो तीन मिनट बोलूंगा बशर्ते कि मुझे इन्टरप्ट न किया जाए। मुझे अपने इलाके की तकलीफ़ात का ज़िक्र करने की कोई खास ज़रूरत नहीं होती क्योंकि मेरे इलाके के तो मिनिस्टर साहिब मौजूद हैं

ग्रौर वे मेरी निस्बत मेरे इलाके की तकलीफ के ज्यादा ज़िम्मेदार हैं। मुझे ग्रफसोस होता है कि जो हमारे भाई साहिब, मिनिस्टर साहिब हैं, मैं उन को भाई साहिब कह दूं तो मुझे माफ करें क्योंकि वह मेरे छोटे भाई हैं. . (विघ्न) मैं ग्रर्ज़ कर रहा था कि ग्रगर किसी ग्रादमी के पास कोई गुण है . . . . . .

चौधरी देवी लाल : ग्रान ए प्वाइंट ग्राफ ग्रार्डर, मैडम। उधर से ग्रानरेबल मिनिस्टर साहिब की तरफ से भी इशारे हो रहे हैं। ग्रौर यह भी ज्यादा वायलैंट हैं ग्रौर वे भी वायलैंट हैं, कहीं कोई ग्रौर बात न हो जाए। (विघ्न)

चौधरी राम सरूप : हमारे पहले लीडर ग्राफ ग्रापोज़ीशन ने ठीक ही प्वाइंट ग्राउट किया है। मैं तो मानता हूँ कि मैं वायलैंट हूँ। मैं वायलैंट उस सूरत में होता हूँ जब कोई दूसरा मेरे सामने ग्राता है। लेकिन यह तो खाहमखाह ही वायलैंट हो जाते हैं चाहे कोई सामने ग्राए या न ग्राए।

मैं पहले ग्रर्ज़ कर रहा था कि मुझे इन्टरप्ट न किया जाए तो ग्रच्छा है वरना जब इन्टरप्ट किया जाए तो फिर उस का ग्रगर जवाब न दिया जाए तो भी ग्रच्छा नहीं होता।

मैं ग्रर्ज़ कर रहा था कि चूंकि मेरे हल्के के मिनिस्टर साहिब यहां पर हैं इस लिए मुझे ग्रपने इलाके के बारे में चंदा कहने की ज़रूरत नहीं है। मुझे ग्रफसोस यह है कि ग्रगर किसी ग्रादमी के ग्रन्दर कोई गुण होता है तो उस को भी डिसक्वालीफिकेशन कहा जाता है। (हँसी) मिनिस्टर साहिब के खिलाफ शिकायतें की जाती हैं। चौधरी देवी लाल ने भी कहा था कि कई इलाके के लोगों को, ग्रगर वे कहते हैं कि हमें मोरी चाहिये तो कहा जाता है कि कांग्रेस में शामिल हो जाग्रो तब मोरी मिलेगी। क्या उन को उन की ईमानदारी की यह सज़ा दी जाती है कि वह सच्ची बात क्यों कहते हैं? (हँसी) वे लोगों को ग़लत बात नहीं बताते। जो बात उन के मन में होती है वह कह देते हैं। हर मामले में वह सिनसियर हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं उन की सिनसियरिटी की एक मिसाल दे कर बैठ जाऊंगा। उन के पास कोई स्कूल टीच्रैस दरखास्त लेकर ग्राई। तब्दीली के लिए थी वह दरखास्त। उसने कहा भी कि मैं ग्रपनी बदली करवाना चाहती हूँ। बाज़ ग्रौकात ध्यान नहीं रहता। पूछने लगे कि क्या तुम मोघा चाहती हो? उसने गर्दन नहीं हिलाई होगी। इन्होंने समझा मोघा ही चाहती होगी, हुक्म लिख दिया कि इसे मोघा दे दो। इत्तफाक से वह दरखास्त किसी चीफ़ इंजीनियर के पास चली गई। उन पर इनका बड़ा रोब है। नहीं चाहते कि किसी तरह से भी इनकी हुक्म ग्रदूली की जाए। उसने वह ग्रार्डर एस. ई. के पास भेज दिया। एस. ई. ने एक्स. ई. एन. के पास ग्रौर एक्स. ई. एन. ने ग्रागे इम्पलीमैंट करने के लिए एस. डी. ग्रो. के पास भेज दिया। एस. डी. ग्रो. के पास जब वह कागज़ पहुंचा तो उसने यह जानने के लिये कि मामला क्या है उसको पढ़ा। उसने देखा कि दरखास्त तो है किसी स्कूल मिस्टरैस की ट्रांसफर के लिए लेकिन यहां पर लिख यह दिया है कि इसे मोघा दे दो। (हँसी) सो मेरे कहने का मतलब यह है कि क्या इतना सिनसियर ग्रादमी कहीं ग्रौर मिल सकता है? लेकिन ग्रफसोस है कि इस हाउस में उनके खिलाफ शिकायतें की जाती हैं। इन ग्रलफाज़ के साथ मैं ग्राप का शुक्रिया ग्रदा करके बैठ जाता हूं।

श्री प्रताप सिंह बख्शी (पालमपुर): डिप्टी स्पीकर साहिबा, कल से इरीगेशन डिपार्टमैंट की डिमांड पर बहस चल रही है और इसमें कुछ इलाकाजात के मैम्बरान ने सरगर्म हिस्सा लिया है। पहाड़ी इलाके की हालत, जिससे दरियाओं की रवानी होती है, बड़ी नागुफ्ताबेह है। मैं ज़िला कांगड़ा की बाबत आपकी विसातत से मिनिस्टर मुतअल्लिका की खिदमत में कुछ अर्ज़ करना चाहता हूँ। देश आज़ाद होने के बाद पंजाब सरकार की तरफ से वहां सिद्धारथा सुखाहार और लोअर बैजनाथ की कूल्हें निकाली गईं। इनपर लाखों रुपया खर्च हुआ। लेकिन, डिप्टी स्पीकर साहिबा, हालत यह है कि उनमें पानी की रवानी का नामोनिशां नहीं। मैं किसी तरह की मुबालगामेज़ी नहीं करता लेकिन यह हकीकत है कि सिद्धारथा कूल्ह से, लाखों रुपया खर्च करने के बाद भी, एक इन्च ज़मीन सैराब नहीं हो रही। मैं आप की विसातत से मन्त्री जी की खिदमत में अर्ज़ करना चाहता हूँ कि ज़िला कांगड़ा की तरफ खास ध्यान दिया जाए। वहां पानी की किल्लत को दूर करने के लिए लिफ्ट्स के ज़रिए दरियाओं और खड्डों से पानी ऊपर लाया जा सकता है। इससे भी बहुत सी ज़मीन सैराब हो सकती है। जहां तक बिजली का ताल्लुक है अभी दो दिन पीछे मैंने एक सवाल भी पूछा था। जवाब देते हुए मन्त्री महोदय ने बताया था कि ज़िला कांगड़ा के लिए हांसी से ट्रांसफार्मर भेजना था लेकिन गोहाना का ट्रांस्फार्मर खराब हो गया और बजाए कांगड़ा भेजने के हांसी से उठाकर वह ट्रांसफार्मर गोहाना भेज दिया गया। डिप्टी स्पीकर साहिबा, जहां दरियाओं से पानी मिलता हो वहां यह हालत है कि रात के वक्त जब रेडियो से खबरें सुननी हों, तो बिजली फेल हो जाती है। रात को रोटी खाने के वक्त लोगों को बिजली नहीं मिलती। यह सिलसिला अर्सा दो साल से ज़िला कांगड़ा में बदस्तूर चलता आ रहा है। मैं आप की विसातत से मन्त्री साहिब की खिदमत में अर्ज़ करना चाहता हूँ कि इस तरफ तवज्जो दी जाए। एक दो का नहीं यह ज़िला कांगड़ा के दस लाख अवाम का मसला है। दो साल से लोग अन्धेरे में रह रहे हैं। मैं उम्मीद करता हूँ कि इस शिकायत को जल्द अज़ जल्द दूर किया जाएगा।

इसके अलावा, डिप्टी स्पीकर साहिबा, तहसील हमीरपुर में कृपाल चान कूल्ह की एक्सटैन्शन का सवाल है। इससे गढ़मौला से मुढी और इससे आगे थूरल गांव तक हज़ारों एकड़ ज़मीन सैराब होनी थी। पिछले कई महीनों से नकशे बनते रहे लेकिन मसला अभी तक ज्यूं का त्यूं चला आ रहा है। आप की विसातत से मन्त्री साहिब की खिदमत में गुज़ारिश करना चाहता हूँ कि कृपाल चान कूल्ह के एक्सटैन्शन के मामले पर जल्दी से जल्दी तवज्जो दी जाए और वाटर लिफ्ट के ज़रिए उस इलाके को आबपाशी के साधन मुहय्या किए जाएं। इन अल्फाज़ के साथ मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूँ कि आपने मुझे मौका दिया।

सिंचाई तथा विद्युत मंत्री (चौधरी रणबीर सिंह): उपाध्यक्ष महोदया, आज और कल की बहस में, उससे पहले राज्यपाल के अभिभाषण की बहस में, सप्लीमैन्ट्री एस्टीमेट्स और एप्रोप्रियेशन बिल के सिलसिले में कोई 56 सदस्यों ने इरीगेशन ऐंड पावर मिनिस्ट्री के बारे में बातें कही हैं। उनमें से कई भाइयों को कई दफा मौका मिला और हर बार उन्होंने पहली बातों को दुहराने की ही कोशिश की। उपाध्यक्ष महोदया, जहां तक बिजली और पानी के विभागों का सम्बन्ध है यह साल उनके इतिहास में एक सुनहरी साल है। उन्हीं के लिए नहीं बल्कि सारे पंजाब के लिए यह एक सुनहरी साल है और वह इसलिये कि

31 अक्तूबर, 1962 को हिन्दुस्तान का ही नहीं दुनिया का एक बहुत ऊँचा बांध—भाखड़ा डैम—मुकम्मल हुआ। डिप्टी स्पीकर महोदया, इससे मुझे तो अभी तक कोई प्राप्ति नहीं हुई लेकिन मेरे साथी, चौधरी देवी लाल जी के गांव में, जहां पीने के लिए कभी पानी भी नहीं मिलता था, अब कपास पैदा होने लगी है (सरकारी बैंचों की तरफ से तालियां) यही। नहीं, पिछले सारे सालों में बिजली का पीक लोड 3,37,000 K.w. था। इस साल में अब तक जो इन्क्रीज़ हुई है वह 4,34,000 K.w थी यानी 97,000 K.w की वृद्धि हुई। यह वृद्धि कोई छोटी वृद्धि नहीं है, बहुत बड़ी तरक्की है। इसके अलावा, उपाध्यक्ष महोदया, अगर सन् 1947-48 के आंकड़ों के साथ हमें मुकाबला करना हो तो पता चलता है कि जहां उस वक्त जनरल कुनैक्शन्ज़ की तादाद सारे पंजाब के अन्दर केवल 16,009 थी, अब सन् 1961-62 के आखिर तक 4,52,388 हुई। (सरकारी बैंचों की तरफ से तालियां) उपाध्यक्ष महोदया, इन्डस्ट्रियल कुनैक्शन्ज़ की तादाद जहां सन् 1947-48 में 1,345 थी और इसमें एग्रीकल्चर्ल वैल्ज़ भी शामिल हैं वहां सन् 1961-62 के आखिर तक एग्रीकल्चर्ल वैल्ज़ को निकाल कर इन्डस्ट्रियल कुनैक्शन्ज़ की तादाद 12,525 तक पहुँच गई। इसी तरह 14,278 कुओं को बिजली दी जा चुकी है। जहां तक शहरों में बिजली देने का ताल्लुक है, 3,680 के मुकाबले में अब इन प्वाइंट्स की संख्या 39,944 हो गई है।

फिर यहां पर इस बात की बहुत चर्चा की गई है कि हमारी स्टेट पर बहुत कर्ज़ा बढ़ गया है। लेकिन उन्हें यह सोचना चाहिएं कि नहरों पर कितना ज़्यादा सरमाया लगाया गया है। जहां 1947-48 में 4,58,95,809 रुपया सरमाए के रूप में लगा हुआ था उस के मुकाबला में 1960-61 तक जो सरमाया नहरों पर लगाया जा चुका था यह 1,26,33,97,563 रुपये बनते हैं। इसी तरह जो आमदनी इरीगेशन से पंजाब सरकार को 1947-48 में होती थी यह 88,80,229 रुपए थी लेकिन 1960-61 में यह बढ़ कर 4,59,84,864 रुपए हो गई थी। इस तरह से इरीगेशन से 1947-48 में कुल 2,83,000 रुपया मुनाफ़ा हुआ था तो 1960-61 में यह एक करोड़ 83 लाख हो गया।

इस के अलावा, उपाध्यक्ष महोदया, हमारे आपोज़ीशन के कुछ भाइयों ने सीधे या टेढ़े तौर पर इस बात की बड़ी चर्चा की कि ज़िला मोहिन्द्रगढ़, तहसील भिवानी वग़ैरह में आबपाशी के लिए पानी का कोई इन्तज़ाम नहीं है। हमारे विरोधी दल के एक सदस्य, जो पहले विरोधी दल के नेता थे, ने कहा कि घघर का इलाका जो पहले सोना पैदा करने वाला कहा जाता था अब पानी की तबाही से वहां के लोगों को डर लगने लग गया है। उन्हों ने वहां के पानी को मोहिन्द्रगढ़ और भिवानी की तरफ मोड़ देने के लिए कहा। इस लिये मैं उन से कहता हूँ कि वक्त आएगा कि जैसा के घघर के इलाका के लोगों को पानी से डर लगने लग गया है वैसे ही भिवानी और मोहिन्द्रगढ़ के लोगों को पानी से डर लगने लगा जाएगा।

अब मैं, उपाध्यक्ष महोदया, बाढ़ों को रोकने के इन्तज़ाम के बारे में कुछ निवेदन करना चाहता हूँ। इन को रोकने के लिए यह ज़रूरी है कि ड्रेन्ज़ खोदी जाएं और जो मौजूदा ड्रेन्ज़ हैं उन को और गहरा किया जाए ताकि ज़मीन का जो सब-सायल पानी का लैवल ऊपर आ गया है उस को नीचे ले जाया जाए। इस काम को करने के लिए एक करोड़ 58 लाख रुपए की

[सिंचाई तथा विद्युत मंत्री]
ड्रैग लाईन्ज़ और दूसरी मशीनें बाहर से मंगवाई जा रही हैं क्योंकि उन के बग़ैर मौजूदा ड्रेन्ज़ को और गहरा करना मुमकिन नहीं।

फिर सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों साहब ने और विरोधी दल के एक और सदस्य ने इस बात का ज़िक्र किया कि चूंकि मैं कई साल तक लोक सभा का सदस्य रहा हूँ और मुझे वहां का काफी तजरुबा हासल है इस लिए मैं फिर वहां चला जाऊं। मैं उन्हें बता देना चाहता हूँ कि मेरी सारी ज़िन्दगी में वही सब से ज्यादा फ़ख्र का वक्त था जब मुझे वहां दुनिया के सब से बड़े इनसान के साथ रहने का मौका मिलता था।

सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों : मैं ने यह नहीं कहा था।

सिंचाई तथा विद्युत मंत्री : आप ने कहा था कि क्योंकि मुझे लोक सभा का तजरुबा हासल है इस लिए मैं वहां जा कर फायदा उठाऊं।

उपाध्यक्षा : उन्हों ने तो आप से अच्छी ही बात कही थी। उन्होंने तो कहा था कि आप सैंन्टर में जा कर अपने प्रान्त का फायदा करें। He had made a useful suggestion to the hon. minister. He had advised him to go to the Parliament again and work there for the benefit of this State)

सिंचाई तथा विद्युत मंत्री : तो उपाध्यक्ष महोदया, मैं अर्ज़ कर रहा था कि फ्लड्ज़ को रोकने के लिए ड्रेन्ज़ खोदी जा रही हैं और ड्रेन्ज़ को खोदने के लिए एक करोड़ 58 लाख रुपये की मशीनें दुनिया भर के देशों से मंगवाई जा रही हैं। इस के अलावा जितने आदमी इन ड्रेन्ज़ को खोदने के काम पर लगे हुए हैं, इस बारे में यह मेरे पास 9-3-1963 की रिपोर्ट है, इस रिपोर्ट के मुताबिक 46,842 आदमी काम कर रहे थे। इस के बावजूद भी यहां बहुत से भाइयों ने कहा है कि इस बारे में कोई काम नहीं हुआ। मैं उन्हें और कुछ नहीं कहता सिर्फ इतना कहता हूं कि उन की वाकफीयत उन्हें मुबारिक हो। सरकार के पास इस काम के लिए जितने पैसे होंगे उतना वह काम करवा सकेगी क्योंकि यह तो सब जानते ही हैं कि जितना गुड़ होगा उतना ही मीठा होगा।

उपाध्यक्ष महोदया, इस के अलावा बाहर से पैसे, फारेन एक्सचेंज मंगवाने की बात कही गई थी। इस बारे में यह कहा गया था कि ब्यास प्राजैक्ट के लिए बाहर से मशीनरी मंगवाने के लिए फारेन एक्सचेंज नहीं मिली। इस बारे में मैं सदन की जानकारी के लिए बता देना चाहता हूं कि इस साल हम को 3.5 मिलियन डालर फारेन एक्सचेंज मिल चुकी है और इस के अलावा 6 मिलियन डालर की और सिफारिश हुई है। यह पत्र अभी मुझे सैंन्ट्रल बोर्ड आफ इरीगेशन एंड पावर की तरफ से मिला है, जिस में यह सूचना हमें दी गई है। आप जानते हैं कि आज कल फारेन एक्सचेंज कितनी मुश्किल से मिलती है। लेकिन इस सूबा की तरक्की के लिए हिन्दुस्तान की सरकार ने इतनी फारेन एक्सचेंज देने का फैसला किया है। इस से एक थर्मल प्लांट फ़रीदाबाद में लगाया जाएगा, एक दिल्ली में लगाया जाएगा और एक कालाकोट

जम्मू में लगाया जाएगा । हिन्दुस्तान की सरकार ने हमारी सरकार को यह सब लगाने की मन्जूरी दे दी है । इसी पर ही बस नहीं, एक एक हज़ार किलोवाट के डीज़ल प्लांट भी इम्पोर्ट करने की मन्जूरी मिली है ।

बहुत सारे भाई इस डिमांड पर बोले हैं लेकिन किसी ने इस बात का ज़िक्र नहीं किया कि किस तरह से इरीगेशन डिपार्टमैंट के खर्च में सेविंग की गई है । शायद उन्हें इस बारे में बोलने के लिए मसाला ही नहीं मिला । मैं उन्हें बताता हूं कि ऐमरजैंसी की हालत को देखते हुए सरकार ने दस सर्कल तोड़ दिए हैं और इस तरह से 10 सुपरिन्टैंडिंग इंजीनियर्ज़ और दो चीफ इंजीनियर्ज़ की पोस्ट्स घटा दी हैं । (एक आवाज़ : पर पांच सर्कल बढ़ा भी तो लिए हैं ।) हां बाढ़ों को रोकने के काम के लिए पांच सर्कल खोले गए हैं ।

इस के अलावा यहां थूर का बड़ा जिक्र किया गया है । एक भाई ने कहा था कि उन के इलाका में 50 प्रतिशत ज़मीन थूर की वजह से सफेद हो गई है । प्रतिशतता की बात जिस तरह उन्होंने की है वह तो आप जानते ही हैं कि वह किस तरह से उन्हों ने इस का हिसाब लगाया होगा । उन से मैं ने एक बात कहनी है । उन्होंने मुझ से पहले इस महकमा के एक वज़ीर साहिब का भी जिक्र किया था जो उन के अपने भतीजे होते हैं । लेकिन माननीय सदस्य जो सोनीपत से चुन कर आए हैं, मुझे अब पता लगा है कि वह कवि भी हैं । एक कवि तो, उपाध्यक्ष महोदय, बड़ा ऊंचा इनसान होता है । उस का तखैयल भी बड़ा ऊंचा होता है । उन्होंने नक्शे दिखाने की बात की थी । मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि हम अगर उन्हें अपने बने हुए नक्शे नहीं दिखा सकते तो दूसरे इंजीनियर्ज़ और विशेषज्ञों के बने हुए नक्शे तो दिखा सकते हैं । मैं थूर के बारे में अर्ज़ कर रहा था । मैं अर्ज़ करता हूं कि पंजाब सरकार थूर के मामले में कोई सोई हुई नहीं। टोहाना सैक्शन में 22,390 एकड़ ज़मीन में थूर को हटाने के लिए विचार किया जा रहा है । इसी तरह हांसी सैक्शन में से 4,320 एकड़ ज़मीन में, सोनीपत सैक्शन, जहां से माननीय सदस्य चुनकर आए हैं, में 176 एकड़ ज़मीन में और कैथल सैक्शन में 11,390 एकड़ ज़मीन में और करनाल सैक्शन में 3,153 एकड़ ज़मीन में सर्वे कराया जा रहा है और वहां इसी साल में इस बारे में कोई न कोई तरीका निकाल कर, थूर को दूर करने का काम शुरू हो जाएगा ।

इस के अलावा आप के ज़रिए मैं सदन को यह बताना चाहता हूं कि 6 और एंटीवाटर-लौगिंग स्कीमें चालू हैं । इस बारे में बड़ा ख्याल किया जा रहा है ।

अभी सरदार ज्ञान सिंह जी राड़ेवाला ने भी कहा था कि यह महकमा प्रदेश को बनाने वाला है । लेकिन उन्हें एक गिला है कि काफी बड़े बड़े इंजीनियर्ज़ यहां से सैंटर को चले गए हैं । मुझे मालूम नहीं कि वह क्यों चले गए हैं । लेकिन एक बात मैं कह सकता हूं कि पंजाब आज तरक्की के युग में से गुज़र रहा है । यह प्लैन्निंग का युग है, इस लिए हमारे लिए यह ज़रूरी है कि हमारे जो अच्छे अच्छे इंजीनियर्ज़ हैं उन को हम सैंट्रल गवर्नमैंट में दाखल करें ताकि काम अच्छा हो सके । आप जानते

[सिंचाई तथा विद्युत मन्त्री]

हैं कि अगर उस पैसे का हिसाब लगाया जाए जो स्टेटस को तरक्की करने के लिए सैंटर से मिला है तो पंजाब काफी आगे है । कल को वहां पर अगर इस सूबे के खिलाफ आवाज़ उठ सकती है तो यह निहायत ज़रूरी है कि वहां पर हमारे लायक इंजीनियर्ज़ हों जो इस सूबे की मदद कर सकें । (विघ्न)

उपाध्यक्ष महोदया, तीसरी योजना के अन्दर अन्दर पानी से पैदा होने वाली बिजली को 854 ऐम. वी.ए. बढ़ाने की स्कीम्ज़ हैं। इसी तरह 31,000 किलो वाट डीज़ल और स्टीम से पैदा होने वाली बिजली को बढ़ाना है ।

सरदार तारा सिंह जी ने इलैक्ट्रिसिटी डयूटी का ज़िक्र किया । इस बारे निवेदन है कि बिजली इस्तेमाल करने वाले काश्तकारों में से आधे वह लोग हैं जो 15 यूनिट से कम शक्ति इस्तेमाल करते हैं । इन पर बोझ कम ही किया है, बढ़ाया नहीं है । (विघ्न) जो दे सकते हैं उन पर ही इन्सीडैंस बढ़ाया है ।

कुछ दोस्तों ने ज़िक्र किया कि भाखड़ा और नंगल के मोघे कच्चे हैं । मैं मानता हूं कि यह जल्दी पक्के होने चाहिएं । इस की कोशिश करेंगे ।

ज़िक्र आया है कि कन्सालीडेशन होने से कई परेशानियां हुईं । मिसाल के तौर पर 9,001 गांवों में और 19,962 मोघों पर इस का असर पड़ा । कन्सालीडेशन के बाद जहां पर दोबारा वाराबन्दी का काम खत्म किया है उन मोघों की संख्या 5,781 है । मैं मानता हूं कि मेरे महकमे के लिए यह शर्म की बात है कि इस काम में तेज़ी होनी चाहिए थी । वाराबन्दी तब तक नहीं हो सकती जब तक चकबन्दी न हो । इस काम में चकबन्दी का महकमा लगा रहा मगर जिस हिसाब से वह इस काम को करते थे इस में हमें शायद 8-10 साल और लग जाते । अब हम ने उस तरीका को तब्दील किया है और ऐसी हिदायत की गई है ताकि यह काम 3-4 महीने के अन्दर अन्दर खत्म किया जा सके । उन का जो स्टाफ है वह दूसरे काम पर लगा कर हम अपने ही इंजनियरों की मदद से सारे पंजाब में इस काम को तीन चार महीनों के अन्दर खत्म करने की कोशिश करेंगे । चकबन्दी के बिना मोघे नहीं लग सकते ।

राम प्रताप जी ने जो कहा कि बाढ़ जो ज्यादा आने लगी है तो यह भाखड़ा नंगल की वजह से हैं, यह ठीक नहीं है । इस की वजह तो यह है कि जहां पंजाब में पहले 15-20 इंच बारिश हुआ करती थी अब यह 30-40 इन्च होने लगी है । पहली बारिश के अन्दाज़ा से साइफन बनाए गए थे क्योंकि बड़े साइफन बनाने पर पैसा ज़्यादा खर्च आता था और हम पहले ही काफी खर्च कर रहे थे और जो कर्ज़ लिया था उस के ब्याज को पूरा करने के लिये ही बैटरमैंट लैवी लगा रहे थे । इस लिये छोटे साइफन बनाने में किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता । वह तो सिर्फ पैसे को कम खर्च करने के लिये ही बनाए गए थे ।

मुझे खुशी है कि कम से कम चार करोड़ रुपया जो कि पहले नहर पर चार्ज होना था और जो कि बैटरमैंट लैवी के ज़रिए से वसूल किया जाना था अब बिजली

के महकमे की तरफ डाल दिया गया है क्योंकि जो पानी छोड़ेंगे वह बिजली की पैदावार को देख कर छोड़ेंगे । इस से खेतों को कोई ज़्यादा फर्क पड़ने वाला नहीं है ।

हरियाणे की बात बार बार कही गई । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मुझे मालूम नहीं कि यह जो सिरसा ब्रांच का इलाका है यह इन के तसव्वर के हरियाणा के इलाका में आता है कि नहीं । मुझे यह भी मालूम नहीं कि खनौरी, जहां से कि पंजाबी रिजन का इलाका खत्म हो जाता है, उस से नीचे को जो पानी गया है वह हरियाणा में गया है कि नहीं । (विघ्न) इसी तरह से जो 600 क्यूसैक्स पानी हरियाणा मेन ब्रांच से निकला है वह रोज़ाना का पानी है, उस में वाराबन्दी नहीं है । यह नहीं होगा कि वैस्टर्न जमुना कैनाल की दूसरी दो ब्रांचों की तरह वह कभी 8 दिन के लिए बन्द होगा या 10 दिन के लिए बन्द होगा । मैं थोड़े बहुत पानी की बात नहीं कहता । मगर यह पहली दफा है कि 1800 क्यूसैक्स सतलुज का पानी सिरसा ब्रांच के हरियाणा की भूमि को सैराब करेगा । (विघ्न) यह मैं मानता हूं कि इस बार बारिश कम होने की वजह से जमुना में पानी कम था । जब लोगों को पानी की ज़रूरत हो तो यह ज़रूर पूरी होनी चाहिए । मगर जिस तरह से चौधरी राम सरूप जी ने सांपला का ज़िक्र किया पता नहीं वह कहां तक ठीक है । यह मेरे बड़े भाई हैं मगर मेरी समझ में नहीं आया कि यह पानी किस ख्याल से लेंगे । उन के ख्याल से तो वह अर्ज़ी ही बहुत मुतबर्रक थी । मुझे मालूम नहीं कि कौन सी अर्ज़ी की बात करते हैं या खाली वह इन के दिमाग की ही इख्तराह थी । (हंसी) । मुझे खुशी होती अगर चौधरी देवी लाल जो यहां पर हरियाणे की दुहाई देते हैं या चौधरी मुख्तयार सिंह जो हरियाणे के ठेकेदार बने फिरते हैं ....

उपाध्यक्षा : पहले ही बहुत कम समय है । अब आप वाइंड अप करें । (The time is already short. The hon. Minister should wind up.)

सिंचाई तथा विद्युत मंत्री : मुझे खुशी होती अगर यह भाई या जिन भाइयों ने कहा कि भिवानी में पानी की कमी है या महेंद्रगढ़ में पानी की कमी है अगर वह मुझे बताते कि यह कमी कैसे दूर की जा सकती है । मैं चौधरी रिजक राम जी का मशकूर हूं कि उन्होंने ऐसे सुझाव दिये कि जिन से हरियाणे की तरक्की हो सकती है । उन बातों का उन्होंने ज़िक्र किया । अगर आप की इजाज़त हो तो मैं जमना के ऊपर डैम बनाने के सिलसिले में यू०पी० सरकार और पंजाब सरकार की जो चिट्ठी पत्री है वह टेबल पर रखना चाहता हूं । यू०पी० सरकार के कुछ लोगों ने कहा है कि हमारा कोई समझौता पंजाब के साथ नहीं हुआ बल्कि पंजाब सरकार को 1 लाख रुपया भी यू०पी० सरकार ने दिया । मेरे पास कुछ चिटिठयां हैं वह मैं हाउस के टेबल पर रखता हूं ।

यहां कई दोस्तों ने इस बात को मज़ाक समझा कि पंडित नेहरू ने उनको यह कह दिया कि मैं पानी जेब में नहीं रखता । यह कौन सी असत्य बात है । पानी पैदा हो सकता है लेकिन देर लगती है । जहां तक सिरसा ब्रांच से सतलुज को जोड़ने का सवाल है मैं मानता हूं कि यदि इसे न जोड़ा जाए तो पानी की तादाद बढ़ नहीं सकती ।

[सिंचाई तथा विद्युत मन्त्री]

सरदार ज्ञानसिंह जी ने ट्यूबवैल्ज़ का ज़िक्र किया और कहा कि बड़े सर्कल को तोड़ दिया जाए। यह मैं भी जानता हूं लेकिन चीफ इंजीनियर कबूल नहीं करते। लेकिन फिर भी ऐमरजैंसी के नाम पर उन्हें कबूल करना पड़ा। यह मैं भी जानता हूं कि रेवाड़ी से लेकर अमृतसर का जो इनचार्ज हो, वह कैसे काम कर सकता है। अब जो ट्यूबवैल्ज़ की बात है कि कुछ ट्यूबवैल्ज़ कामयाब नहीं हो सके उसकी वजह यह थी कि तरीका गलत था, अब उसे बदल दिया गया है। और अब ट्यूबवैल्ज़ को चलाने में कौताही नहीं होगी। अब मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि जिन मैम्बर साहिबान को कोई शिकायत हो तो वह मुझे लिख कर दे दें या बतला दें, मैं उनकी तकलीफों को दूर करने की पूरी कोशिश करूंगा।

एक बात ब्रिजिज़ बनाने के बारे में कही गई और कहा गया कि इंजीनियर्ज़ बनाते हुए डरते हैं। असली बात यह है कि अगर ब्रिज महंगे बनाते हैं तो पैसा चाहिए और सस्ते बनाते हैं तो टूट जाने का डर है। मेरी राय यह है कि सस्ते ब्रिज बनाने चाहिएं। जहां तक टूटने की बात है उस से हमें नहीं घबराना चाहिए।

इरीगेशन पटवारियों को और रैवेन्यू के पटवारियों को मिला दिया गया है। अब वह शिकायत नहीं आएगी जो अलग अलग रहने के कारण आती रही है।

पहाड़ी एरिया के बारे में यह कहा गया कि सरकार को कूहल के लिए ग्रांट देनी चाहिए तो मैं इसके बारे में यह कहना चाहता हूं कि हम सबसिडी देने के लिए तैयार हैं। और नसराला नाले के बारे में भी मैं बतला दूं कि वहां पर काम हो रहा है। जो भाई बठिंडा के हैं उनकी जानकारी के लिए बतलाऊं कि चांदराम ड्रेन को चैनलाइज़ किया जा रहा है। रिवाड़ी लिफ्ट इरीगेशन स्कीम की दो स्टेजों का इसी साल में काम मुकम्मल किया है और वहां पर गन्ने की फसल हुई है। इसकी और दो स्टेजें हैं उनको भी पूरा करेंगे।

जो गुड़गांव कैनाल है उसका मुंह आगरा कैनाल के साथ जुड़ा हुआ है, उसके बारे में मेरी कोशिश है कि यू०पी० की सरकार आगरा कैनाल को हमें दे दे और अगर न दे तो हमें पानी चलाने की इजाज़त दे। अगर 500 या 400 क्यूसैक्स की भी इजाज़त दें तो मैं श्री रूप लाल जी को विश्वास दिलाता हूं कि उनके यहां इसी साल पानी आ जाएगा। (प्रशंसा)

उपाध्यक्षा महोदया, टांगरी और मारकंडा के पानी को भी कैनलाइज कर रहे हैं। जमुना के ऊपर छोटे मोटे स्पर बनाने का जहां तक ताल्लुक है जिस काम को हम कायदे और कानून के मुताबिक कर सकते हैं उस को करने की पूरी कोशिश की जाती है। (विघ्न) मैं एक बात और कहना चाहता हूं। चौधरी देवी लाल जी ने हरियाणे का जिक्र किया.............(विघ्न)

सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों : आन ए प्वाइंट आफ आर्डर, मैडम । सारा समय तो चौधरी साहिब ने हरियाणे पर लगा दिया है । हम ने अपनी तरफ का भी रोना रोया था कि वाटर रेट का क्या बनेगा और ड्रेन्ज़ का क्या बनेगा । पुल टूट गए हैं उनका क्या बनेगा ?

सिंचाई तथा विद्युत मंत्री : जहां तक सरदार गुरदयाल सिंह की ड्रेन का ताल्लुक है वह मैं नहीं कह सकता क्योंकि उस से पंजाब और हिन्दुस्तान को घाटा है । हां, अगर कोई बात वह जानना चाहें तो मैं बता दूंगा । ज़िला हिसार में 1950-51 में चार लाख 35 हज़ार एकड़ भूमि को पानी दिया जाता था आज वहां पर दुगनी भूमि को पानी दिया जाता है । (विघ्न) रोहतक ज़िले में डेढ़ गुना ज़मीन को पानी दिया जाता है । (विघ्न) (थम्पिंग) ।

Demand No. 46

99—CAPITAL OUTLAY ON IRRIGATION, NAVIGATION, EMBANKMENT AND DRAINAGE WORKS (COMMERCIAL)—RS. 7,35,88,540.

Deputy Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was lost.

Deputy Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Re. 1/.

The motion was lost.

Deputy Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Re. 1/-.

The motion was lost.

Deputy Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 7,35,88,540. be granted to the Governor to defray the charges tha will come in the course cf payment for theyear 1963-64 in respect of charges under head 99—Capital Outlay on Irrigation, Navigation, Embankment and Drainage works (Commercial).

The motion was carried.

Demand No. 55

LOANS TO LOCAL FUNDS-PRIVATE PARTIES, ETC. AND LOANS TO GOVERNMENT SERVANTS—RS. 12,84,99,140.

Deputy Speaker : Question is—

hat the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was lost.

Deputy aker : Question is—

That demand be reduced by Rs. 100.

The motion was lost.

Deputy Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs 100.

ਸਰਦਾਰ ਕੁਲਬੀਰ ਸਿੰਘ (ਫਿਰੋਜ਼ਪੁਰ) : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, 3-4 ਦਿਨ ਹੋਏ ਹਨ ਅਖਬਾਰਾਂ ਵਿਚ ਇਹ ਖਬਰ ਆਈ ਹੈ ਕਿ ਪਾਰਲੀਮੈਂਟ ਵਿਚ ਜਵਾਬ ਦਿੰਦੇ ਹੋਏ ਦਸਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਕੁਝ ਸੂਬਿਆਂ ਵਿਚ ਤਾਲੀਮੀ ਸੈੱਸ ਆਇਦ ਲਾਵਾਂਗੇ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਸੂਬਿਆਂ ਦੀ ਲਿਸਟ ਵਿਚ ਪੰਜਾਬ ਦਾ ਨਾਮ ਵੀ ਸ਼ਾਮਲ ਹੈ। ਇਸ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿਚ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੇ ਮਨਿਸਟਰ ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਤੇ ਬਾਹਰ ਪਲੈਟਫਾਰਮ ਤੇ ਵੀ ਐਲਾਨ ਕਰਦੇ ਨਹੀਂ ਥਕਦੇ ਕਿ ਅਸੀਂ ਸਾਰੀ ਤਾਲੀਮ ਮੁਫਤ ਕਰ ਦੇਣੀ ਹੈ, ਅਣਪੜ੍ਹਤਾ ਖਤਮ ਕਰ ਦੇਣੀ ਹੈ ਅਤੇ ਸਾਰੀਆਂ ਫੀਸਾਂ ਮੁਆਫ ਕਰ ਦੇਣੀਆਂ ਹਨ ਲੇਕਿਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਾਰੇ ਵਾਅਦਿਆਂ ਤੋਂ ਇਹ ਮੁਨਕਰ ਹੋ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਤੇ ਹੋ ਰਹੇ ਹਨ। ਜੇਕਰ ਇਸ ਐਮਰਜੈਂਸੀ ਦੇ ਦੌਰਾਨ ਕੋਈ ਹੋਰ ਗੱਲਾਂ ਕਰਨੀਆਂ ਪੈਣ ਤਾਂ ਕਰੋ ਲੇਕਿਨ ਤਾਲੀਮੀ ਸੈਸ ਨਾ ਲਗਾਇਆ ਜਾਵੇ। ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਟੈਕਸ ਦੇਣ ਦੀ ਕਪੈਸਿਟੀ ਸੈਚੂਰੇਸ਼ਨ ਪੁਆਇੰਟ ਤਕ ਪਹੁੰਚ ਗਈ ਹੈ ਅਤੇ ਹੁਣ ਉਹ ਇਹ ਬੋਝ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਨਹੀਂ

ਕਰ ਸਕਦੇ ਹਨ। ਜੇਕਰ 15 ਸਾਲ ਐਲਾਨ ਤੇ ਵਾਹਦੇ ਕਰਨ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਤੁਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਹੁਣ ਵਾਪਸ ਲੈ ਲਉਗੇ ਤਾਂ ਤੁਸੀਂ ਲੋਕਾਂ ਵਲ ਅਪਣੇ ਫਰਾਇਜ਼ ਦੀ ਅਦਾਇਗੀ ਨਹੀਂ ਕਰੋਗੇ ਬਲਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਜ਼ਿਆਦ-ਤੀ ਕਰੋਗੇ ਜਿਸਨੂੰ ਲੋਕ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਨਗੇ ਅਤੇ ਨਾ ਹੀ ਇਹ ਪਾਰਟੀ। ਮੈਂ ਜਨ ਸੰਘ ਪਾਰਟੀ ਦੀ ਗਲ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ ਇਸ ਗੱਲ ਨੂੰ ਅਪੋਜ਼ ਕਰਨ ਲਈ ਅਪਣਾ ਪੂਰਾ ਜ਼ੋਰ ਲਗਾਏਗੀ ਕਿ-ਉਂਕਿ ਇਹ ਨਾਕਾਬਲੇ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਚੀਜ਼ ਹੈ। ਦੂਸਰੇ ਮੈਂ ਇਹ ਅਰਜ਼ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਤਾਲੀਮ ਦਾ ਮਿਆਰ ਦਿਨ ਬਦਿਨ ਗਿਰਦਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਛੋਟੇ ਬਚਿਆਂ ਲਈ ਕਿਤਾਬਾਂ ਦੀ ਤਾਦਾਦ ਵਧ-ਦੀ ਹੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਪਹਿਲੀ ਤੇ ਦੂਜੀ ਜਮਾਤ ਦੇ ਬਚੇ ਨੂੰ ਕਾਫੀ ਬੋਝ ਕਿਤਾਬਾਂ ਦਾ ਲੈਕੇ ਸਕੂਲ ਜਾਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਕਾਬਲੀਅਤ ਦਾ ਤੱਲਕ ਹੈ ਉਹ ਬਚੇ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਪੜ੍ਹ ਸਕਦੇ ਹਨ ਕਿਉਂਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਮਾਸੂਮ ਤੇ ਕਚੇ ਦਿਮਾਗਾਂ ਵਿਚ ਇਤਨੇ ਜ਼ਿਆਦਾ ਮਜ਼ਮੂਨ ਨਹੀਂ ਘੁਸ ਸਕਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਉਹ ਇਤਨੇ ਸਬਜੈਕਟਸ ਦੇ ਥੋੜ੍ਹੇ ਥਲੇ ਪਿਸਦੇ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ। ਜਿਥੋਂ ਵਡੀ ਜਮਾਤਾਂ ਦੇ ਤੁਲਬਾ ਦਾ ਤਲੱਕ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਕਲਚਰਲ ਪਰੋਗਰਾਮਾਂ ਤੇ ਜ਼ੋਰ ਦਿਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਇਸ ਵਕਤ ਜ਼ਰੂਰਤ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਕਲਚਰਲ ਪਰੋਗਰਾਮਾਂ ਦੀ ਬਜਾਏ ਦੇਸ਼ ਭਗਤੀ ਦਾ ਜਜ਼ਬਾ ਪੈਦਾ ਕਰਨ ਦੀ ਕੋਸ਼ਸ਼ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ ਤੇ ਉਸਦੀ ਤਾਲੀਮ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇ। ਲੇਕਿਨ ਹੁਣ ਹਾਲਾਤ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਪਿਛਲੇ 15 ਸਾਲਾਂ ਤੋਂ ਇਨਸਾਨ ਬਣਨ ਦਾ ਮਿਆਰ ਘਟਦਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਕਲਚਰਲ ਪਰੋਗਰਾਮਾਂ ਤੇ ਜ਼ੋਰ ਨਾ ਦਿਉ ਅਤੇ ਜਿਸ ਚੀਜ਼ ਦੀ ਸਾਡੇ ਦੇਸ਼ ਨੂੰ ਜ਼ਰੂਰਤ ਹੈ ਉਹ ਕਰੋ। ਅਜ ਇਸ ਗੱਲ ਦੀ ਬਹੁਤ ਜ਼ਰੂਰਤ ਹੈ ਕਿ ਸਕੂ-ਲਾਂ ਕਾਲਜਾਂ ਵਿਚ ਫੌਜੀ ਤਾਲੀਮ ਲਾਜ਼ਮੀ ਕਰਾਰ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇ। ਅਜ ਮੁਲਕ ਨੂੰ ਖਤਰਾ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਦੀ ਬਹੁਤ ਲੋੜ ਹੈ। ਜੇਕਰ ਅਸੀਂ ਇਸ ਵਲ ਪਹਿਲਾਂ ਧਿਆਨ ਦਿੰਦੇ ਤਾਂ ਇਸ ਐਮਰਜੈਨਸੀ ਦੇ ਮੌਕੇ ਤੇ ਸਾਡੀ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀ ਮੁਸ਼ਕਲ ਹਲ ਹੋ ਜਾਂਦੀ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਹਾਇਰ ਸੈਕੰਡਰੀ ਕਲਾਸਾਂ ਵਿਚ ਤੇ ਕਾਲਜਾਂ ਵਿਚ ਫੌਜੀ ਤਾਲੀਮ ਕੰਪਲਸਰੀ ਕਰਾਰ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਇਹ ਇਕ ਸਬਜੈਕਟ ਬਣਾ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਕਿ ਹਰ ਇਕ ਨੂੰ ਉਹ ਲਾਜ਼ਮੀ ਲੈਣਾ ਪਵੇ। ਤੀਸਰੀ ਗੱਲ ਮੈਂ ਇਹ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਬਗੈਰ ਸੂਦ ਤੋਂ ਕਰਜ਼ੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੂੰ ਮਿਲਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ ਤਾਕਿ ਗਰੀਬ ਬਚੇ ਇਸ ਰਿਆਇਤ ਦਾ ਫਾਇਦਾ ਉਠਾ ਸਕਨ। ਜੋ ਕੁਝ ਹੁਣ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ ਉਹ ਬਹੁਤ ਹੌਸਲਾ ਸ਼ਿਕਨ ਹੈ। ਜੋ ਰਕਮ ਦਿਤੀ ਵੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਉਹ ਬਹੁਤ ਥੋੜੀ ਹੈ। 500 ਰੁਪਏ ਸਾਲਾਨਾ ਮਿਲਦੇ ਹਨ ਜੋ ਕਿ ਇਕ ਮਹੀਨੇ ਦੇ 35 ਰੁਪਏ ਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਤੁਸੀਂ ਦਸੋ ਕਿ ਅਜ ਕਲ ਦੇ ਜ਼ਮਾਨੇ ਵਿਚ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕੋਈ ਸਟੂਡੈਂਟ ਸਾਰਾ ਖਰਚ ਚਲਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ਫੀਸਾਂ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ ਤੇ ਕਿਤਾਬਾਂ ਖਰੀਦ ਸਕਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਬਾਕੀ ਰਹਿਣ ਸਹਿਣ ਦਾ ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਜਿਸ ਮਤਲਬ ਲਈ ਇਹ ਰਕਮ ਦਿਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਜੇਕਰ ਉਸ ਨਾਲ ਉਹ ਮਤਲਬ ਹੀ ਹਲ ਨਾ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਸਦਾ ਫਾਇਦਾ ਕੀ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਇਸ ਵਲ ਧਿਆਨ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ। ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ 56 ਲਖ ਰੁਪਏ ਤਾਲੀਮ ਦੇ ਪਰਚਾਰ ਲਈ ਖਰਚ ਕੀਤੇ ਜਾਣਗੇ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੋ ਹਾਲਾਤ ਹੁਣ ਤਾਲੀਮ ਦੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਪਰਚਾਰ ਦੀ ਲੋੜ ਹੀ ਕੋਈ ਨਹੀਂ। ਅਜ ਹਾਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਸਕੂਲਾਂ ਕਾਲਜਾਂ ਵਿਚ ਬਚਿਆਂ ਨੂੰ ਦਾਖਲਾ ਹੀ ਨਹੀਂ ਮਿਲ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਦਾਖਲੇ ਲਈ ਵਡੀਆਂ ਵਡੀਆਂ ਸਿਫਾਰਸ਼ਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਲਭਣੀਆਂ ਪੈਂਦੀਆਂ ਹਨ ਅਤੇ ਚੰਦੇ ਦੇ ਕੇ ਲੋਕ ਬਚੇ ਦਾਖਲ ਕਰਾਂਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਹਾਲਤ ਵਿਚ ਪਰਚਾਰ ਦੀ ਲੋੜ ਨਹੀਂ ਬਲਕਿ ਇਸ ਰੁਪਏ ਨੂੰ ਤਾਲੀਮੀ ਸਹੂਲਤਾਂ ਦੇਣ ਲਈ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ। ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਇਹ ਚਗਾ ਕਦਮ ਉਠਾਇਆ ਹੈ ਕਿ ਜਿਸਦੀ ਇਕ ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਏ ਸਾਲਾਨਾ ਆਮਦਨੀ ਹੋਵੇਗੀ ਉਸਨੂੰ ਬੈਕਵਰਡ ਕਲਾਸ ਵਿਚ ਸ਼ਾਮਲ ਕੀਤਾ ਜਾਏਗਾ। ਲੇਕਿਨ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਬਾਕੀ ਐਲਾਨ ਦੇ ਵਾਅਦੇ ਹੁੰਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਹਸ਼ਰ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਜੇਕਰ ਇਸ ਦਾ ਵੀ ਉਹੋ ਹਾਲ ਹੋਣਾ ਹੈ ਤਾਂ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਅਤੇ ਇਸ ਦਾ ਕੋਈ ਫਾਇਦਾ ਨਹੀਂ ਹੋਵੇਗਾ। ਜੇ-

[ਸਰਦਾਰ ਕੁਲਬੀਰ ਸਿੰਘ]

ਜੇ ਕਰ ਤੁਸੀਂ ਸਚਮੁਚ ਗਰੀਬ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਫਾਇਦਾ ਪਹੁੰਚਾਉਣਾ ਹੈ ਤਾਂ ਇਸਦਾ ਫੈਸਲਾ ਛੇਤੀ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਇਹ ਸਾਲ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋਣ ਵਾਲਾ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਛੇਤੀ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਨੂੰ ਲਾਗੂ ਕਰੋ ਨਹੀਂ ਤਾਂ ਕੋਈ ਫਾਇਦਾ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕੇਗਾ। ਅਗਲੀ ਗੱਲ ਮੈਂ ਕੋ-ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਬਾਰੇ ਕਹਿਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਕੋ-ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਜੋ ਹੈ ਇਹ ਪਰਾਇਮਰੀ ਤਕ ਤਾਂ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਵਡੀਆਂ ਕਲਾਸਾਂ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀ-ਦੀ। ਕਿਉਂਕਿ ਇਸਦੇ ਨਤੀਜੇ ਬਹੁਤ ਖਤਰਨਾਕ ਸਾਬਤ ਹੋਣਗੇ। ਪਰਾਇਮਰੀ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਦੀ ਜੋ ਉਮਰ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਉਸ ਵਿਚ ਬਚਿਆਂ ਦੇ ਵਿਗੜਨ ਦਾ ਅੰਦੇਸ਼ਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮਿਡਲ ਤੇ ਇਸਦੇ ਉਪਰ ਕੋ-ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਨਹੀਂ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ। ਜੇਕਰ ਕਰੋਗੇ ਤਾਂ ਸਾਡੀ ਸਮਾਜੀ ਜ਼ਿੰਦਗੀ ਦੀਆਂ ਕਦਰਾਂ ਖਤਮ ਹੋ ਜਾਣਗੀਆਂ ਤੇ ਕੈਰੈਕਟਰ ਗਿਰ ਜਾਵੇਗਾ। ਜਿਸ ਕਰਕੇ ਇਸ ਮੁਲਕ ਨੂੰ ਬਚਾਉਣਾ ਮੁਸ਼ਕਲ ਹੋ ਜਾਏਗਾ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਵਿਚ ਜਲਦੀ ਭ੍ਰਿਸ਼ਟਾਚਾਰ ਫੈਲੇਗਾ। ਲੋਕ ਇਸ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਚਾਹੁੰਦੇ। ਅਗਰ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਜ਼ਬਰਦਸਤੀ ਲਾਗੂ ਕਰਨ ਦੀ ਕੋਸ਼ਸ਼ ਕੀਤੀ ਤਾਂ ਨਤੀਜੇ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਲੋਕ ਰੀਜ਼ੈਂਟ ਕਰਨਗੇ। ਸਮਾਜ ਦਾ ਢਾਂਚਾ ਜੋ ਹੁਣ ਹੇਠਾਂ ਨੂੰ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਜੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਸ ਵਿਚ ਜ਼ਿਆਦਤੀ ਕੀਤੀ ਜਾਏਗੀ ਤਾਂ ਲੋਕ ਇਸ ਨੂੰ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਨਹੀਂ ਕਰਨਗੇ।

ਸਕੂਲਾਂ ਨੂੰ ਨੈਸ਼ਨੇਲਾਈਜ਼ ਕਰਨ ਵੇਲੇ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਲੋਕਲ ਬਾਡੀਜ਼ ਦੇ ਸਕੂਲ ਲਏ। ਇਹ ਬੜਾ ਚੰਗਾ ਕੰਮ ਹੈ। ਚੰਗਾ ਕੰਮ ਤਾਂ ਹੀ ਚੰਗਾ ਹੈ ਜੇ ਉਸ ਦੀ ਚੰਗਿਆਈ ਕਾਇਮ ਰਹੇ। ਲੋਕਲ ਬਾਡੀਜ਼ ਦੀ ਮਾਲੀ ਹਾਲਤ ਬੜੀ ਖਰਾਬ ਹੈ। ਲੋਕਲ ਬਾਡੀਜ਼ ਲਈ ਆਪਣੇ ਕੰਮ ਚਲਾਉਣੇ ਮੁਸ਼ਕਲ ਹੋ ਗਏ ਹਨ। ਸਰਕਾਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਵਿਰੁਧ ਫੈਸਲਾ ਕਰਨ ਦੀ ਕੋਸ਼ਸ਼ ਕਰਦੀ ਹੈ। ਪਿਛਲੇ ਦਿਨੀਂ ਮੇਰੇ ਸਵਾਲ ਦੇ ਜਵਾਬ ਵਿਚ ਦਸਿਆ ਗਿਆ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੂੰ ਵਜ਼ੀਫੇ ਦੇਣੇ ਸਨ ਉਹ ਤਿੰਨ ਤਿੰਨ ਚਾਰ ਚਾਰ ਸਾਲ ਹੋ ਗਏ ਹਨ ਸਕੂਲ ਛਡ ਗਏ ਹਨ ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵਜ਼ੀਫੇ ਨਹੀਂ ਮਿਲੇ ਕਿਉਂਕਿ ਲੋਕਲ ਬਾਡੀਜ਼ ਨੇ ਆਪਣਾ ਹਿਸਾ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ। ਇਸ ਵਿਚ ਲੋਕਲ ਬਾਡੀਜ਼ ਦਾ ਕਸੂਰ ਨਹੀਂ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਹੀ ਇਹੋ ਜਿਹੀ ਹੈ, ਉਹ ਆਪਣਾ ਹਿਸਾ ਅਦਾ ਕਰਨ ਦੇ ਕਾਬਲ ਨਹੀਂ। ਸਰਕਾਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲੋਂ ਹਿਸਾ ਨਾ ਲਵੇ ਆਪਣੇ ਕੋਲੋਂ ਆਪਣੇ ਖਜ਼ਾਨੇ ਵਿਚੋਂ ਪੂਰਾ ਕਰੇ।

ਸਕੂਲਾਂ ਦੀਆਂ ਕਿਤਾਬਾਂ ਮੁਹਈਆ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀਆਂ। ਜਦ ਤੋਂ ਕਿਤਾਬਾਂ ਦੀ ਨੈਸ਼ਨਲਾਈਜ਼ੇਸ਼ਨ ਹੋਈ ਹੈ ਤਦ ਤੋਂ ਇਹ ਪਰਪੈਚੂਅਲ ਸ਼ਕਾਇਤ ਹੈ। ਪਿਛਲ ਸੈਸ਼ਨ ਵਿਚ ਕਾਲ ਅਟੈਨਸ਼ਨ ਮੋਸ਼ਨਜ਼ ਦਿਤੀਆਂ ਸਨ। ਏਥੇ ਸਟੇਟਮੈਂਟਸ ਵੀ ਪੜ੍ਹੇ ਗਏ। ਜਦ ਤਕ ਇਹ ਸ਼ਕਾਇਤ ਦੂਰ ਨਾ ਨਾ ਹੋਵੇ, ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਬਚਿਆਂ ਨੂੰ ਕਿਤਾਬਾਂ ਨਾ ਮਿਲਣ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੋਂ ਕੀ ਉਮੀਦ ਕਰਦੇ ਹੋ ਕਿ ਉਹ ਚੰਗੇ ਨੰਬਰ ਲੈ ਕੇ ਪਾਸ ਹੋਣ। ਕਿਤਾਬਾਂ ਬਲੈਕ ਵਿਚ ਖਰੀਦੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ। ਜਿਹੜੇ ਬਚੇ ਬਲੈਕ ਵਿਚ ਕਿਤਾਬਾਂ ਖਰੀਦ ਕੇ ਪੜ੍ਹੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕਰੈਕਟਰ ਕਿੰਨਾ ਕੁ ਚੰਗਾ ਹੋਏਗਾ ਤੇ ਜਿਹੜੇ ਕਿਤਾਬਾਂ ਬਲੈਕ ਵਿਚ ਵੇਚਦੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕੀ ਹਾਲ ਹੋਏਗਾ। ਨਵਾਂ ਸਾਲ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਕਿਤਾਬਾਂ ਨਵੇਂ ਸਾਲ ਦੇ ਸ਼ੁਰੂ ਵਿਚ ਹੀ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਣ,ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਵਾਲੀ ਕਮੀ ਐਤਕੀ ਨਾ ਦਹੁਰਾਈ ਜਾਏ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ : ਕੁਲਬੀਰ ਸਿੰਘ ਜੀ ਨੋਟ ਜਲਦੀ ਜਲਦੀ ਪੜ੍ਹਨੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ।

(Addressing Sardar Kulbir Singh : The Hon. Member may please consult his notes a bit quickly.)

ਸਰਦਾਰ ਕੁਲਬੀਰ ਸਿੰਘ : ਮੈਂ ਹਿਸਟਰੀ ਦੇ ਮੁਤਲਿਕ ਕਹਿਣ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਇਸ ਦੇਸ਼ ਵਿਚ ਜਿਹੜੀ ਹਿਸਟਰੀ ਪੜ੍ਹਾਈ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਅੰਗਰੇਜ਼ਾਂ ਦੇ ਵੇਲੇ ਦੀ ਅੰਗਰੇਜ਼ੀ ਨੁਕਤਾ ਨਿਗਾਹ ਨਾਲ ਬਣੀ

ਹੋਈ ਹੈ। ਉਸ ਵੇਲੇ ਅੰਗਰੇਜ਼ਾਂ ਦਾ ਇਸ ਦੀ ਪੜ੍ਹਾਈ ਦਾ ਇਕੋ ਮੰਤਵ ਸੀ ਕਿ ਲੋਕ ਗੁਲਾਮ ਰਹਿਣ, ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਜ਼ਹਿਨ ਐਸੇ ਬਣਾਏ ਜਾਣ, ਲੋਕਾਂ ਵਿਚ ਪੁਲੀਟੀਕਲ ਤੇ ਸਮਾਜਕ ਸੂਝ ਬੂਝ ਨਾ ਹੋਵੇ। ਆਜ਼ਾਦੀ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪਿਛਲੇ 15 ਸਾਲ ਤੋਂ ਓਹੀ ਸ਼ਕਾਇਤ ਕਾਇਮ ਹੈ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਹਿਕ ਵਡੀ ਉਣਤਾਈ ਹੈ ਜਿਸ ਨੂੰ ਪੂਰਾ ਕਰਨਾ ਸਾਡਾ ਪਹਿਲਾ ਕੌਮੀ ਫਰਜ਼ ਹੈ।

ਅਕਾਊਂਟੈਂਟ-ਜਨਰਲ ਨੇ ਟੀਚਰਾਂ ਦੇ ਅਕਾਊਂਟਸ ਦੇ ਨੰਬਰ ਦੇਣੇ ਹਨ। ਪਿਛਲੇ 6 ਸਾਲ ਤੋਂ ਨੰਬਰ ਨਹੀਂ ਦਿਤੇ। ਨਤੀਜੇ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਕਿਸੇ ਟੀਚਰ ਨੂੰ ਪ੍ਰਾਵੀਡੈਂਟ ਫੰਡ ਨਹੀਂ ਮਿਲ ਸਕਿਆ। ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਟੀਚਰਜ਼ ਨੂੰ ਦਿਕਤ ਹੈ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਡਿਸਟ੍ਰਿਕਟ ਇਨਸਪੈਕਟਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਚ ਹਰ ਥਾਂ ਤੋਂ ਜਾਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਟੀਚਰ ਪਰੇਸ਼ਾਨ ਹੁੰਦੇ ਰਹਿੰਦੇ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕੰਮ ਰੁਕੇ ਰਹਿੰਦੇ ਹਨ। ਉਹ ਬਾਸ ਬਾਰ ਸਕੂਲਾਂ ਵਿਚ ਪੜ੍ਹਾਈ ਛਡ ਕੇ ਓਥੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਸੁਣਵਾਈ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀ। ਇਸ ਤਰੀਕੇ ਨੂੰ ਰੋਕਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ।

ਮੈਡੀਕਲ ਕਾਲਿਜ ਪਟਿਆਲੇ ਵਿਚ ਹੜਤਾਲ ਹੋਈ। ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ ਉਥੋਂ ਦੇ ਪਰਿੰਸੀਪਲ ਨੂੰ ਜ਼ਬਰਦਸਤੀ ਰਿਟਾਇਰ ਕਰ ਦਿਤਾ ਗਿਆ। ਇਹੋ ਜਿਹੀਆਂ ਗਲਾਂ ਮੁੜ ਕੇ ਨਹੀਂ ਹੋਣੀਆਂ ਚਾਹੀ-ਦੀਆਂ। (ਘੰਟੀ) ਮੈਂ ਦੋ ਛਿੰਟ ਵਿਚ ਮੁਕਾਉਣ ਲਗਿਆ ਹਾਂ, ਮੈਂ ਕੋਈ ਲੰਮਾ ਚੌੜਾ ਨਹੀਂ ਕਹਿ ਰਿਹਾ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ : ਤੁਸੀਂ ਬਹੁਤ ਟਾਇਮ ਲੈ ਲਿਆ ਹੈ। ਟਾਇਮ ਥੋੜ੍ਹਾ ਹੈ। (The Hon. Member has taken much time. The time at our disposal is short.)

ਸਰਦਾਰ **ਕੁਲਬੀਰ ਸਿੰਘ**: ਜੇ. ਬੀ. ਟੀਚਰਜ਼ ਛੇ ਮਹੀਨੇ ਦੇ ਬੇਸਿਜ਼ ਤੇ ਰਖੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਉਹ ਆਪਣੀ ਜ਼ਿੰਮੇਂਵਾਰੀ ਮਹਿਸੂਸ ਨਹੀਂ ਕਰਦੇ! ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਕਿ ਬਾਅਦ ਵਿੱਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਰਹਿਣਾ ਹੈ ਕਿ ਨਹੀਂ। ਜਦੋਂ ਸਾਲ ਦੇ ਦਰਮਿਆਨ ਵਿੱਚ ਟੀਚਰ ਬਦਲ ਦਿੱਤਾ ਜਾਏ ਤਾਂ ਉਸ ਦੀ ਰੁਚੀ ਕੰਮ ਵਿੱਚ ਨਹੀਂ ਰਹਿੰਦੀ। ਉਸ ਨੂੰ ਪਤਾ ਹੀ ਨਹੀਂ ਕਿ ਉਸ ਨੇ ਰਹਿਣਾ ਹੈ ਕਿ ਨਹੀਂ ਰਹਿਣਾ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਤਨਖਾਹਾਂ ਵੇਲੇ ਸਿਰ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਕੂਲ ਬੰਦ ਕਰਕੇ ਉਥੇ ਆਉਂਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਬੱਚਿਆਂ ਦੀ ਪੜ੍ਹਾਈ ਦਾ ਨੁਕਸਾਨ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਤੇ ਦੂਜੇ ਉਨਾਂ ਨੂੰ ਕਿਰਇਆ ਖਰਚ ਕੇ ਉਥੇ ਆਉਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਉਹ ਮਜਬੂਰ ਹੁੰਦੇ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਲਰਕਾਂ ਦੀਆਂ ਖੁਸ਼ਾਮਦਾਂ ਕਰਨੀਆਂ ਪੈਂਦੀਆਂ ਹਨ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ : (The Hon. Member may please wind up.) ਤੁਹਾਡਾ ਹਾਫਜਾ ਹੁਣੇ ਏਨਾਂ ਕਮਜ਼ੋਰ ਨਹੀਂ, ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਬੋਲੀ ਜਾਓ। (The Hon. Member may please wind up. His memory is not so short at this age. He may speak without consulting his notes.)

ਸਰਦਾਰ ਕੁਲਬੀਰ ਸਿੰਘ: ਇਹ ਨੋਟਸ ਹਨ ਮੈਂ ਪੜ੍ਹਦਾ ਨਹੀਂ। ਮੈਂ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ ਬਾਰੇ ਤਿੰਨ ਚਾਰ ਛੋਟੇ ੨ ਪੁਆਇੰਟਸ ਦਸਦਾ ਹਾਂ। ਇਕ ਤਾਂ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ ਫੌਰਨ ਨੈਸਨੇਲਈਜ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਰਕੇ ਨਵੇਂ ਟੈਕਸ ਲਾਉਣ ਦੀ ਲੋੜ ਨਹੀਂ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਰਨ ਨਾਲ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਆਮਦਨ ਵਿੱਚ ਵਾਧਾ ਹੋਏਗਾ ਪਰਮਿਟ ਹੋਲਡਰਾਂ ਅਤੇ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਦਰਮਿਆਨ ਇਖਲਾਕੀ ਤੌਰ ਤੇ ਲੁਟ ਮੱਚੀ ਹੋਈ ਹੈ ਉਹ ਖੱਤਮ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ ਪਿਛਲੇ ਇਲੈਕਸ਼ਨਾ ਵਿੱਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲੋਂ 8 ਲਖ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਰੁਪਿਆ ਇੱਕਠਾ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਕਾਂਗਰਸ ਵਾਲਿਆਂ ਦੇ ਇਲੈਕਸ਼ਨਾਂ ਦੇ ਫੰਡਾਂ ਵਾਸਤੇ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਇਹ ਸਕਾਇਤ ਖਤਮ ਹੋ ਜਾਏਗੀ ਅਗਰ ਨੈਸਨੇਲਾਈਜ਼ੇਸ਼ਨ ਕਰ ਕੀਤੀ

[ਸਰਦਾਰ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ]
ਜਾਏ। ਮੁਸਾਫਰਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਿਆਦਾ ਅਰਾਮ ਦੇਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ ਤਮਾਮ ਜਿਲਾ ਹੈਡਕੋਆਟਰਾਂ ਤੇ ਮੁਸਾਫਰ ਖਾਨੇ ਬਣਾਏ ਜਾਣ ਤਾਕਿ ਜਿਹੜੇ ਮੁਸਾਫਰ ਸ਼ਾਮ ਨੂੰ ਬਸ ਚੜ੍ਹਨ ਤੋਂ ਰਹਿ ਜਾਣ ਉਹ ਉਥੇ ਰਹਿ ਸਕਣ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਾਸਤੇ ਟੱਟੀਆਂ ਅਤੇ ਗੁਸਲ ਖਾਨੇ ਬਣਾਉਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ ਮੋਟਰ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ ਰੇਲਵੇ ਦੇ ਬਰਾਬਰ ਜਾਂ ਇਸ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਕੰਮ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ। ਇਸ ਵਿੱਚ ਸਹੂਲਤਾਂ ਵੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਬਰਾਬਰ ਪਹੁੰਚਾਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਕਲੌਕ ਰੂਮ ਬਣਾਉਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ ਜਿਥੇ ਉਹ ਆਪਣਾ ਸਾਮਾਨ ਜਮ੍ਹਾਂ ਕਰਾ ਸਕਣ। (ਘੰਟੀ) ਪਹਾੜੀ ਇਲਾਕੇ ਵਿੱਚ ਸੜਕਾਂ ਦਾ ਯੋਗ ਇੰਤਜਾਮ ਨਹੀਂ। ਮੁਸਾਫਰਾਂ ਨੂੰ ਤਕਲੀਫ ਹੈ। ਇਸ ਦਾ ਠੀਕ ਇੰਤਜਾਮ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਮੁਸਾਫਰਾਂ ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਸਾਮਾਨ ਬੱਸਾਂ ਦੀ ਚੜ੍ਹਾਣ ਅਤੇ ਉਤਾਰਨ ਉਤੇ ਤਕਲੀਫ ਹੈ। ਉਹ ਬਾਰ ਬਾਰ ਆਪਣਾ ਸਾਮਾਨ ਦੇਖਣ ਤੇ ਮਜਬੂਰ ਹੈ ਕਿ ਮੇਰਾ ਸਾਮਾਨ ਤਾਂ ਨਹੀਂ ਚੁਕਿਆ ਜਾ ਰਿਹਾ। ਇੰਡੀ ਵੱਡੀ ਨੈਸ਼ਨੇਲਾਈਜ਼ੇਸ਼ਨ ਕਰਨੀ ਹੈ. ਕਮ ਅਜ ਕਮ ਜਿਹੜਾ ਹੁਣ ਦਾ ਤਜਰਬਾ ਹੈ ਇਸ ਨੂੰ ਇਸ ਢੰਗ ਨਾਲ ਕੀਤਾ ਜਾਏ ਤਾਕਿ ਮੁਸਾਫਰਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਤਕਲਾਫ ਮਾਲੂਮ ਨਾ ਹੋਵੇ। ਇਹ ਨਾ ਹੋਵੇ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਸਾਮਾਨ ਦੇ ਚੁੱਕੇ ਜਾਣ ਦਾ ਖਤਰਾ ਹੋਵੇ ਤੇ ਹਰ ਵੇਲੇ ਧੜਕੂ ਲਗਿਆ ਰਹੇ। ਪਹਾੜੀ ਰੂਟ-ਕਸ਼ਮੀਰ ਦੇ ਰੂਟ, ਸ਼ਿਮਲੇ ਦੇ ਰੂਟ ਹਨ ਇਹ ਨਿਲਾਮ ਕੀਤੇ ਜਾਣ ਬਜਾਏ ਇਸ ਦੇ ਕੁਛ ਪ੍ਰਿਵੀਲੀਜ਼ਡ ਕਲਾਸ ਨੂੰ ਜਾਂ ਮਨਿਸਟਰਾਂ ਦੀ ਖੁਸ਼ਨੂਦੀ ਹਾਸਲ ਕਰਨ ਵਾਸਤੇ ਜਾਇਜ਼ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਮੰਗ ਕਰੋ। ਇਸ ਗੱਲ ਦੀ ਜ਼ਰੂਰਤ ਹੈ ਜਿਸ ਦੀ ਤਰਫ ਤਵੱਜੁਹ ਦੇਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਤਾਕਿ ਟੈਕਸ ਨਾ ਲਾਉਣੇ ਪੈਣ, ਨੈਸ਼ਨੇਲਾਇਜ਼ੇਸ਼ਨ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ। (ਘੰਟੀ) ਗੌਰਮਿੰਟ ਹਾਈਰ ਪਰਚੇਜ਼ ਦੇ ਸਿਲਸਲੇ ਵਿੱਚ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਸਹੂਲਤਾਂ ਦੇਵੇ। ਜਿਹੜੇ ਲੋਕ ਹਾਈਰ ਪਰਚੇਜ਼ ਬੇਸਿਜ ਤੇ ਗੱਡੀਆਂ ਖਰੀਦਦੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ 20 ਫੀ ਸਦੀ ਸੂਦ ਦੇਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਰਮਿੱਟ ਮਿਲ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲ ਪੈਸੇ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੇ। ਉਹ ਕਿਸੇ ਫਿਨਾਂਸਰ ਦੇ ਧੱਕੇ ਚੜ੍ਹ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਜਿਥੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਜ਼ਿਆਦਾ ਸੂਦ ਦੇਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। (ਘੰਟੀ) ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਰਕਾਰ ਸਹੂਲਤ ਦੇਵੇ।

उपाध्यक्षा : मैं ग्रानरेबल मैंबर्ज़ को फिर रीमाईंड करवाना चाहती हूं कि समय बहुत थोड़ा रह गया है ग्रौर बहुत से मेम्बरान बोलना चाहते हैं। इसलिए थोड़े समय में ही ग्रपने विचार हाउस में रख लें। **(I want to remind the hon. Members once again that the time at the disposal of the House is very short and many hon. Members want to speak. They should, therefore, express their views in brief.)**

प्रिंसिपल रला राम (मुकेरियां) : उपाध्यक्ष महोदया, हमें यह बात स्वीकार करनी होगी कि पिछले तीन चार साल में शिक्षा विभाग ने जो ग्रापा धापी की उस पर काबू पाने का काफी हद तक प्रयत्न हुग्रा है ग्रौर उस में सफलता भी हुई है। उस के लिए मैं शिक्षा विभाग ग्रौर शिक्षा मन्त्री जी को बधाई देना चाहता हूं। इस बजट के ग्रन्दर शिक्षा के लिये जो रुपया रखा गया है वह टोटल बजट का 14% है। मैं यह समझता हूं कि किसी भी उन्नतिशील राष्ट्र के लिए टोटल बजट का 14% शिक्षा के लिए बहुत ही थोड़ा है। यह ठीक है कि एमरजैन्सी है, संकट काल है ग्रौर इस लिए कहीं कहीं बचत करने की कोशिश की गई है। लेकिन मैं ग्रापके द्वारा यह बात ग्रपने शिक्षा मन्त्री तक पहुंचाना चाहता हूं कि इंगलिस्तान में पिछले दो विश्व युद्धों में जो शिक्षा की उन्नति हुई ग्रौर इस क्षेत्र में बड़े बड़े सुधार हुए वह इन्हीं दो युद्धों के दरम्यान में हुए। क्योंकि प्रत्येक राज्य ग्रौर राष्ट्र इस बात को भलीभांति समझता है कि जब हम दुश्मन

का मुकाबिला करने के लिए अपने नौजवानों को सही ढंग से तैयार करेंगे तभी हम विजय प्राप्त कर सकते हैं। अगर सही ढंग से तैयार नहीं करेंगे तो विजय प्राप्त नहीं कर सकते। इसलिए मैं समझता हूं यह जो 14% की एलोकेशन शिक्षा के लिए की गई है बहुत थोड़ी है। इस में कोई संदेह नहीं कि संकट के इस मौके पर दूसरे विभागों में तो बहुत बचत हो और होनी ही चाहिए लेकिन में यह समझता हूं कि शिक्षा के क्षेत्र में आवश्यक कामों को छोड़कर बचत करने का प्रयत्न नहीं किया जाना चाहिए। में चाहूंगा इस मद के लिए बजट के अन्दर कम से कम 20% की एलोकेशन होनी चाहिए। उपाध्यक्ष महोदया, अगर शिक्षा के सम्बन्ध में आप दूसरे उन्नतिशील राष्ट्रों के बजटों को देखें तो पता लगता है कि वहां पर 33% और कई जगह पर 40% खर्च होता है लेकिन हमारे राज्य में यह एलोकेशन सिर्फ 14% की गई है। मैं इसे तसल्लीबखश नहीं समझता। इसलिए आप के द्वारा में शिक्षा मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि इस एलोकेशन को बढ़ाया जाए। इस सम्बन्ध में मैं यह भी अनुभव करता हूं कि बचतों के अन्द्र एक दो जगह पर ऐसी बचतें की गई हैं जिन का शिक्षा की उन्नति पर अच्छा प्रभाव नहीं पड़ सकता। जो मेनटेंनस ग्रांटें कालेजों और स्कूलों को दी जाती थीं उन के अन्दर भी कटौती की गई है। उपाध्यक्ष महोदया, इस का प्रभाव अध्यापकों की तन्खाहों पर पड़ेगा। इस संकटकाल में यह उचित नहीं है कि किसी ढंग से टीचर्ज की सैलरीज़ को कम किया जाए। इसलिए में समझता हूं कि मेनटीनेंस ग्रांटस के बारे में चाहे वह कालेजों की हो या स्कूलों की, हमें इस बचत को छोड़ देना चाहिए क्योंकि हमारे राज्य का यह लक्ष्य है कि किसी तरह से भी शिक्षा काम ग्यार न गिरने पावे। उपाध्यक्षा महोदया, हमारे राज्य के अन्दर प्राइवेटली मैनेज्ड कालेजों और इन्स्टीचूशनों की संख्या बहुत ज्यादा है। इसलिए आपके द्वारा शिक्षा मंत्री जी की सेवा में प्रार्थना करूंगा कि कालेजों और स्कूलों की मेनटेनेंस ग्रांटस को हरगिज़ कम न किया जाए।

ठीक है, में भी इस बात को मानता हूं कि वर्तमान समय में एजूकेशनल स्टेंडर्ड उन्नति नहीं कर रहा बल्कि ऐसा विचार है कि यह कई अंशों में नीचे की तरफ जा रहा है। में समझता हूं कि यह नुक्ताचीनी किसी हद तक ठीक ही है। लेकिन इस दिशा में हमारे राज्य के शिक्षा विभाग ने कई कदम उठाए हैं जिन्हें मैं सराहनीय समझता हूं। मिसाल के तौर पर प्राइमरी की पांचवीं जमात के बाद बच्चों का डिपार्ट-मेंटल एगजामीनेशन होना ताकि टीचर्ज के काम पर कुछ न कुछ चैक हो। यह बढ़ा अच्छा कदम है। इस के अलावा मिडल स्टेंडर्ड एगज़ामीनेशन जारी किया गया। मैं समझता हूं कि यह भी एक निहायत जरूरी कदम था जो उठाया गया। अब प्रयत्न यह करना चाहिए कि इस इम्तहान को इस योग्यता के साथ चलाया जाए कि आजकल जो वसीह पैमाने पर अनफेयरर मीन्ज़ इस्तेमाल होते है, वह न हों। हमें इस बीमारी को स्वीकार करना चाहिए क्योंकि यह बीमारी इसी स्टेज से शुरू होकर ऊपर तक जाती है। इम्तहान का रखना बिल्कुल सही बात है लेकिन जैसा कि मैं ने निवेदन किया इसके लिए ऐसे कदम उठाने चाहिएं कि इम्तहानों को ज्यादा से ज्यादा एफैक्टिवली

[प्रिंसिपल रला राम]
चलाया जा सके ताकि अनफेयर मीन्ज़ इस्तेमाल करने की जो वबा है इस पर काबू पाया जा सके। मैं मानता हूं कि दूसरे राज्यों की अपेक्षा हमारे राज्य में यह वबा कम है लेकिन मुझे इस बात को कहने में कोई संकोच नहीं कि हमारे पंजाब के स्टैंडर्डज़ अपने हैं, दूसरों से ऊंचे हैं और ऊंचे ही रहने चाहिएं हर दिशा में ऊंचे रहने चाहिएं। जैसे भ्रष्टाचार के सिलसिले में मुझे यह स्वीकार करने में हर्ष होता है कि दूसरे राज्यों के मुकाबले में हम बहुत ऊंचे हैं लेकिन अपने निजी स्टैंडर्डज़ के लिहाज़ से मैं समझता हूं कि इस सम्बन्ध में जो कार्यवाही है वह तसल्लीबख्श नहीं है। हमारे स्टैंडर्डज़ के प्रतिकूल यहां पर अनफेयर मीन्ज़ काफी वसीह पैमाने पर इस्तेमाल होते हैं। डिपार्टमैंट को चाहिए कि इस सम्बन्ध में मुनासिब और एफैक्टिव कार्यवाही करे ताकि यह जो इम्तहान जारी किया है इसके सही नतीजे निकलें और हमारी शिक्षा का स्तर पंजाब के अन्दर ऊंचा हो सके।

इस के अलावा, उपाध्यक्ष महोदया, अभी अभी शिक्षा विभाग ने टीचर्ज़ की प्रोमोशन्ज़ के लिए कुछ स्टैंडर्डज़ कायम किए हैं। मैं चूंकि प्राईवेट कालेज और संस्थाओं के अन्दर काम करता रहा हूं इसलिए मैं आपको बताऊं कि इस बात में काफी सचाई है कि प्राईवेट संस्थाओं के मुकाबले में वाकई गवर्नमेंट इन्स्टीटयुशन्ज़ में नतीजे की तरफ बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जाता रहा। अब डिपार्टमेंट ने इस तरफ ध्यान दिया है उसके लिए मैं डिपार्टमेंट को बधाई देता हूं। लेकिन उपाध्यक्ष महोदया, मैं समझता हूं कि इस सम्बन्ध में जो स्टैंडर्डज़ गवर्नमेंट ने ले डाउन किए हैं, it is the swing of the pendulum to the other end of the extreme. यह दूसरी तरफ बहुत ज्यादा आगे चले गए हैं। मसलन मैं नहीं समझता कि सभी सबजैक्टस के लिए एक जैसे ही स्टैंडर्डज़ निर्धारित किए जा सकते हैं। अगर मेरा सबजैक्ट अंग्रेज़ी है तो उसके अन्दर पास प्रतिशतता 80 नहीं हो सकती। कालेजों के अन्दर तो मैंने देखा है कि अगर बाकी सबजैक्टस के अन्दर पास प्रतिशतता 60, 70 हो तो इन्गलिश के अन्दर 40 या 45% से ज्यादा नहीं हो सकती। तो यह जो अन्तर है यह तो इस समय भी हमें करना ही होगा वरना टीचर्ज़ के साथ बहुत सख्त नाइन्साफी होगी। मैं तो यह समझता हूं कि सेफिस्ट स्टैंडर्ड इन टीचर्ज़ के प्रोमोशन करने में यही होगा कि यूनीवर्सिटी की पास प्रतिशतता को ही एफीशेंसी के लिए मिनीमम स्टैंडर्ड निर्धारित किया जाए। इस से किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। अगर डिपार्टमेंट आरबिटरेरली अपने स्टैंडर्ड मुकर्रर करता है तो टीचर्ज़ के साथ भारी अन्याय होगा। डिपार्टमेंट को इस सम्बन्ध में यही करना चाहिए कि उसी हालत में किसी टीचर का काम तसल्लीबख्श समझा जाएगा जिसके नतीजे की पास प्रतिशतता यूनीवर्सिटी की पास प्रतिशतता से ऊंची हो। ऐसा करना, मैं समझता हूं कि काफी हद तक जस्ट मयार होगा। इसलिए मैं आशा करता हूं कि माननीय मुख्य मन्त्री जी इस बात पर विशेष तौर पर ध्यान देंगे। बाकी जो कदम उठाए गए हैं उन के लिए मैं सरकार की सराहना करता हूं।

जहां तक बाकी चीज़ों का ताल्लुक है, उपाध्यक्ष महोदया, मैं यह महसूस करता हूं कि किसी भी टीचर का काम जज करने के लिए केवल नतीजा ही एक क्राइटीरियन

नहीं हो सकता । इसके अलावा यह बात भी ध्यान में रखनी चाहिए कि वह एक्सटरा करीकुलर एक्टिवीटीज़ में कितना भाग लेता है, डिस्पलिन को कैसे मेनटेन करता है, गेम्ज़ के अन्दर कितना हिस्सा लेता है । यह सभी फैक्टर्ज़ भी ध्यान में रखे जाने चाहिएं तभी हम टीचर के साथ इन्साफ कर सकते हैं । अगर हम केवल रीज़लटस को ही ध्यान में रखेंगे तो फिर हम अपने शिक्षा के सिस्टम को केवल एगज़ामीनेशन रिडन ही बना पाएंगे । आगे ही यह काफी हद तक एग्ज़ामीनेशन रिडन है । इस के अन्दर काफी करैमिंग होती है । खुद हमारे शिक्षा मंत्री महोदय ने लखनऊ कान्फैंस में कहा था कि हमें करैमिंग को डिसकरेज करना चाहिए । मैं इस बात में उन के साथ बिल्कुल सहमत हूं, उन्होंने बिल्कुल ठीक ही कहा था कि हमारा सिस्टम एग्ज़ामीनेशन रिडन नहीं रहना चाहिए । इसलिए आप जी के द्वारा शिक्षा मंत्री जी की सेवा में निवेदन करूंगा कि टीचर्ज़ के काम को जज करने के लिए सिर्फ यही कराइटेरियन नहीं रखा जाना चाहिए कि उसकी पास प्रतिशतता कितनी है । इस के साथ ही साथ उन दूसरे फैक्टरज़ का भी ध्यान रखा जाना चाहिए जिनका मैंने अभी अभी वर्णन किया है ताकि हम एजुकेशनल स्टैंडडर्ज़ को ऊंचा उठाने में सफल हों । उपाध्यक्ष महोदया, जहां तक निरीक्षण यानी इन्स्पैक्शन का ताल्लुक है, मुझको इस में, प्रसन्नता है कि आगे की निस्बत इस तरफ काफी उन्नति हुई है और काफी परिवर्तन हुए हैं । इन्स्पैक्टोरेट और इन्स्पैक्शन दोनों में तब्दीलियां हुई हैं लेकिन मैं आप के द्वारा एक बात अपने शिक्षा मन्त्री जी के नोटिस में लाना चाहता हूं और वह यह है कि मेरे ख्याल में अभी तक भी 15 फीसदी लाग बुक बिना स्कूलों में जाए लिख दी जाती हैं, अपने पास मंगवा कर लिख दी जाती हैं । स्कूलों का निरीक्षण होता ही नहीं। बहर हाल, आम तौर पर इस दिशा में भी काफी सुधार हुआ है जिस के लिए मैं महकमा को बधाई देता हूं लेकिन साथ ही यह भी कह देना ज़रूरी समझता हूं कि जब तक गवर्नमेंट इस सम्बन्ध में ज्यादा कड़ाई नहीं करेगी, हमारा एजुकेशनल स्टैंडर्ड बेहतर नहीं होगा ।

उपाध्यक्ष महोदया, मैं आपके द्वारा शिक्षा मंत्री जी को इस बात के लिए बधाई देता हूं जैसा कि उन्होंने लखनऊ कानफ्रैन्स के अन्दर कहा था कि हम अपनी एजुकेशन को बिल्कुल एकडैमिक टाइप की नहीं बनाना चाहते और बनानी भी नहीं चाहिए । वह इस को साइंटिफिक टच देना चाहते हैं । मैं इन सारी बातों के लिए उन्हें बधाई देता हूं लेकिन एक बात की तरफ आप के द्वारा उन का ध्यान दिलाना चाहता हूं । 1962 के बाद का भारत पहले के भारत की तरह नहीं हो सकता । चीनियों के हमले के बाद अब पहले वाला भारत नहीं रह सकता । चीन के हमले ने यहां एक भारी क्रांति पैदा की है और यह क्रांति आनी भी चाहिए थी । इसलिए, उपाध्यक्ष महोदया, मैं आप के द्वारा मंत्री महोदय से यह कहना चाहूंगा कि जैसा कि उन्हों ने पहले कहा है कि वह साइंस और टैकनीकल एजुकेशन की तरफ ज्यादा ध्यान देना चाहते हैं और इस के लिए बड़ी कोशिश कर रहे हैं । मैं इन्हें इस के लिए बधाई देता हूं लेकिन इस के साथ यह कहता हूं कि हमारे सिस्टम आफ एजुकेशन में भाषाओं

[प्रिंसिपल रला राम]

के अध्ययन में बड़ी भारी कमी है जिस की वजह से हम चीनी लोगों का या दूसरे लोगों का मुकाबला नहीं कर सकेंगे । हमारी जो हिमालियन भाषाएं हैं हमारे हरेक नौजवान को वह ज्यादा से ज्यादा पढ़नी चाहिएं । इस के बिना हमारा गुजारा नहीं हो सकेगा । भाषाओं की स्टडी जो है यह हमारे स्कूलों और कालेजों में बड़ी डैटेरेंट है । हम देखते हैं कि हमारे बच्चे जो यहां के स्कूलों और कालेजों में पढ़े होते हैं वह न तो हिन्दी में और न पंजाबी में अच्छी तरह से खत भी लिख सकते हैं । It is essential to encourage the study of as many languages as possible from the international view point also. हमारा जो पहला वातावरण है वह बदल चुका है । अगर अब हमारे नौजवान ज्यादा से ज्यादा भाषाएं नहीं पढेंगे तो यह दूसरे देशों के नौजवानों का मुकाबला नहीं कर सकेंगे । यह ठीक है कि हमारे शिक्षा मंत्री जी ने यह सुझाव दिया है कि विकेशन्ज के अन्दर यह पढ़ानी चाहिएं । मैं उनके इस सुझाव का स्वागत करता हूं लेकिन मैं कहूंगा कि दो या तीन महीने के अन्दर कुछ पढ़ा जाने वाला नहीं यह ठीक है कि इन का इस तरफ ध्यान है लेकिन इन्हें इस चीज़ को पूरा करना होगा हमारे लदाख के फ्रन्ट से जो बड़े बड़े अफसर आए हैं उन में से बहुत से मेरे शगिरद हैं, वे कहते हैं कि वह इस पर हैरान होते थे कि चीनी औरतें लाऊड स्पीकर पर किस अच्छे तरीके से हिन्दी और पंजाबी बोल रही हैं । उन्हें पता भी नहीं लगता था कि वह कौन बोल रही हैं । मेरे कहने का मतलब यह है कि इस बारे में हम बहुत पीछे हैं मैं आप के द्वारा शिक्षा मंत्री जी का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूं ।

इस के अलावा मैं एक बात और कहना चाहता हूं । Our young men are nurtured too much on idealism which is no longer applicable to moral eminence. अगर हम अपने करीकुलम को इस किस्म का नहीं बनाएंगे जिस से हमारे नौजवान कनिंग बनें हम सफल नहीं हो सकते । क्योंकि मैं यह समझता हूं कि इस के बगैर हम उन लोगों का मुकाबला नहीं कर सकेंगे जिन लोगों से हमारा मुकाबला है । इस लिए मैं शिक्षा मंत्री जी से कहूंगा कि कृपा करके बच्चों को हितोपदेश और पंचतन्त्र की कहानियां पढ़ाई जाएं या और हमारे बहादुरों की जो कहानियां हैं वह पढ़ाई जाएं । जिस से वह कनिंग बन सकें । If we do not make them cunning enough—I understand the sense of the word cunning. It is not bad—I do not want them to be deceitful but I want them to be cunning. अगर आप उन्हें ऐसा नहीं बनाएगे तो आप देखेंगे कि वह इस दौड़ में पीछे रह जाएंगे । मैं इस बारे में शिक्षा मंत्री जी से कहूंगा कि वह इस तरफ विशेष ध्यान दें क्योंकि वह इस बारे में काफी सुचेत हैं— They should make efforts in this connection so that our youngmen become cunning enough to face the enemy.

अब मैं, उपाध्यक्ष महोदया, आप का धन्यवाद कर के अपनी सीट पर बैठता हूं ।

कामरेड राम चन्द्र (नूरपुर) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मुझे खुशी है कि तालीम को नई ओरियन्टेशन देने की कोशिश की जा रही है । हाल ही में हमारे केन्द्र के जो शिक्षा मंत्री हैं उन्हों ने अपने भाषण में कहा है कि अब हम साइंस की ओर ज्यादा तवज्जुह देंगे और हम तालीम में कोई कमी नहीं रहने देंगे और इसका जो फैलाव है वह जारी रहेगा । इसी तरह से हमारे मुख्य मंत्री साहिब फरमाते रहते हैं कि तालीम का जो प्रसार है उस में कमी नहीं आने दी जाएगी । लेकिन मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि जब कोई अमल की बात आती है तो उस में कुछ नुक्स रह जाते हैं ।

दूसरी चीज़ जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि जब हम ने तालीम फैलानी है तो तालीम फैलाने के लिए यह ज़रूरी है कि इस के लिए स्कूलों की बिल्डिंगें भी हों और टीचर्ज़ भी हों । मैं इस बात में यकीन नहीं रखता हूं कि बच्चों को स्कूल बिल्डिंग के बगैर या टीचर्ज़ के बगैर या साइंस के सामान के बगैर पढ़ाया जा सकता है । मेरा तो यह ख्याल है कि अगर तालीम को फैलाना है तो स्कूलों की बिलिडंगों का बढ़ाना भी ज़रूरी है । अब जो सरकार ने यह फैसला किया है कि अब फिर बच्चों से फीसें लेने का सिस्टम जारी किया जाएगा इस पर बहुत से लोगों ने एतराज़ भी किया है लेकिन जब फीसें माफ की गई थीं मैं ने तब भी कहा था कि फीसें माफ न की जाएं और जो फीसों से रुपया सरकार को वसूल हो उस मे स्कूलों की बेहतरी की जाए क्योंकि अगर फीसें माफ कर देते हैं तो स्कूलों की बेहतरी नहीं हो पाती । खैर, अब सरकार ने बड़ा अच्छा किया है जो इस ने फीसें कुछ रियायतों के साथ फिर से लगा दी हैं । कुछ लड़कों को फीसें बिल्कुल माफ भी कर दी गई हैं और कुछ से आधी फीस ली जाएगीं । अगर फीसें सब की माफ कर दी जाएं और स्कूलों की हालत यह हो जाए कि वहां साइंस का कमरा न हो, सांइस का सामान न हो या स्कूल की बिल्डिंग पूरी न हो या वहां टीचर्ज़ कम हों तो यह अच्छी बात न होगी । इस लिए हमारी गवर्नमेंट को कोशिश करनी चाहिए कि तालीम पर ज्यादा से ज्यादा खर्च कर के यह सारी सहूलतें स्कूलों में मुहैया करें । अभी मेरे से पहिले प्रिंसिपल रला राम जी बोल रहे थे उन्होंने बताया कि सरकार बजट में दिखाए गए सारे खर्च का 14 प्रतिशत तालीम पर खर्च करने जा रही है । मैं समझता हूं कि यह कम है । इस के लिए अगर 20 या 25 प्रतिशत रखा जाता तो बेहतर होता । हमारे ज़िला कांगड़ा में स्कूलों की बहुत कमी है और स्कूलों की बिल्डिंगे भी पूरी नहीं हैं और वहां जो मास्टर या मास्टरानियां पढ़ाती हैं, बाज गांवों में तो उन के रहने के लिए जगह भी नहीं होती । अगर सरकार इस तरफ ध्यान दे तो बहुत अच्छा होगा । इस के अलावा मैं आप के द्वारा सरकार से यह भी दरखास्त करूंगा कि धर्मसाला, नूरपुर और हमीरपुर जैसे शहरी स्थानों पर लड़के और लड़कियों के ठहरने के लिए होस्टल बनाने चाहिएं ।

[कामरेड राम चन्द्र]

इस के अलावा मैं एक चीज़ और अर्ज़ करना चाहता हूं । यह जो कहा गया है कि स्कूलों की अप-ग्रेडेशन बिल्कुल बन्द कर दी गई है यह ठीक नहीं किया क्योंकि इस के बन्द हो जाने से हमारे ज़िला कांगड़ा जैसे इलाकों की जहां पहले ही बहुत कम और कम इकदिपड स्कूल हैं, की हालत तालीम के लिहाज़ से सबुरु नहीं पाएगी । हां यह तो हो सकता है कि जिन इलाकों में पहले से ही काफी मिडल और हाई स्कूल हैं वहां अपग्रेडेशन बेशक बन्द कर दी जाए लेकिन जहां यह कम हैं वहां अप-ग्रेडेशन का बन्द करना गलती होगी क्योंकि इस के न करने से हमारे ज़िला कांगड़ा के बच्चे जो दूर के स्कूलों में नहीं जा सकेंगे उन की तरक्की रुक जाएगी । इस लिए जहां जहां पहले सिर्फ मिडल स्कूल हैं वहां हायर सैकेंडरी स्कूल भी होने चाहिए ; वहां साइंस के कमरे भी बनाने चाहिएं और साइंस का सामान भी मुहैया करना चाहिए और साथ ही साइंस के टीचर्ज़ भी भेजने चाहिएं । हमारी तहसील नूरपुर में दो साल पहले नूरपुर तथा जवाली दो स्थानों में स्कूल अपग्रेड किए गए थे लेकिन वहां अभी तक बिल्डिंग नहीं बढ़ाई गई । साइंस का कमरा भी नहीं बनाया गया । इस में इस महकमे का कसूर नहीं । इन्हों ने तो रुपये की मन्ज़ूरी दे दी हुई है लेकिन अभी तक पी. डब्लियु. डी. वालों ने वहां बिल्डिंग बनानी शुरु नहीं की । इसलिए मैं सम्बंधित मंत्री से दरखास्त करता हूं कि वह इस तरफ ध्यान दें ।

इस के अलावा, डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं एक और चीज़ की तरफ ध्यान दिलाना चाहता हूं । कांगड़ा बहुत गरीब ज़िला है वहां के लोग अपने बच्चों को आगे पढ़ने के लिए दूर स्थानों में नहीं भेज सकते । इसलिए उन के घरों के नज़दीक स्कूल और कालेज होने चाहिएं । अगर ऐसा कर दिया जाए तो वहां के बच्चों को काफी आसानी हो जाएगी । इसलिए सरकार से दरखास्त करता हूं कि वह नूरपुर में एक आर्टस और साइंस का कालेज खोल दे । इस के साथ ही धर्मसाला में पहले जो डिग्री कालेज खुला हुआ है वहां पर एम. ए. और एम. एस. सी. की कलासें जारी करने का भी इन्तज़ाम किया जाए जिस के लिए मैं ने पिछले साल भी कहा था और चौधरी हरि राम जी भी काफी देर से कहते चले आ रहे हैं । इस बारे में कहा जाता है कि यूनिवर्सिटी इस बात की इजाज़त नहीं देती । मगर वहां के विद्यार्थियों को यहां मैदानों में हायर स्टडीज़ के लिए आने में बड़ी दिक्कत होती है इस लिए वहां एम. ए. की कलासें जारी करना अत्यावश्यक है। आखिर अगर गवर्नमेंट इस के लिए ज़ोर दे तो कोई तरीका निकल सकता है और वहां पर एम. ए. और एम. एस. सी. की कलासें जारी की जा सकती हैं ।

एक बात मैं यह कहना चाहता हूं कि जब स्कूल मास्टरों की तरक्की बाकायदा नहीं होती तो बड़ी बेचैनी पैदा होती है । जब वक्त पर सीनियौरिटी लिस्ट नहीं बनती तो डिस्सैटिसफैक्शन बढ़ती है । जो प्राइवेट स्कूल नैशनलाइज़ एक साल पहले किये गए उन की सीनियौरिटी लिस्ट अभी तक तैयार नहीं हुई । इस की वजह से बेचैनी है । इस को दूर किया जाए ।

उस्तादों की तरक्की के बारे यह बात सभी कहते हैं कि बैकवर्ड इलाके में उस्ताद नहीं जाते । मैं चाहता हूं कि इस सिलसिले में न जाने वालों की किसी किस्म की पैट्रनाइजेशन नहीं होना चाहिए । जिस की तरक्की हो उसे लाज़मी तौर पर वहां जाने के लिए मजबूर करना चाहिए । ट्रेंड टीचरों की कमी का एक कारण यह भी है कि पब्लिक सर्विस कमीशन टीचरों के चुनाव और नियुक्ति में बड़ी देरी लगा देता है । अगर यह काम पब्लिक सर्विस कमीशन जल्दी नहीं कर सकता तो कोई और इन्डीपैंडैंट बाडी बना दीजिए चाहे लैजिसलेटर्ज़ की या किसी और की । उस के पास उन की अर्ज़ियां आएं और जल्द से जल्द उन की तरक्कीयां हों । यह बात बाराहा देखने में आती है कि एक तरफ तो ट्रेंड टीचर्ज बेकार घूमते रहते हैं और दूसरी तरफ स्कूलों में जगहों को भरने में देर की जाती है : इश्तिहार निकालना, इन्टरवियू कर के चुनाव करना फिर बोर्ड का चुनाव करने में हर स्टेज पर काफी देर लगा दी जाती है । यह देर नहीं होनी चाहिए । इस का हल निकालना चाहिए ।

एक बात और जिसका ज़िक्र शायद सरदार कुलबीर सिंह जी ने किया था कि गांव के जो उसताद हैं उन को तनखाह हासिल करने में बड़ी दिक्कतें पेश आती हैं । उन को अपना ही किराया खर्च करके तहसील हैडक्वार्टर पर जाना पड़ता है और वहां भी कई किस्म की तकलीफें दरपेश रहती हैं । इस मुश्किल का हल निकाला जाना चाहिए । चाहे उन को मनी आर्डर द्वारा पैसे भेजे जाएं या किसी और तरीका से मगर तनखाह उन को पहली तारीख को मिलनी चाहिए ।

एक बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि हमारे स्कूलों में किसी न किसी किस्म की मौरल ऐजुकेशन ज़रूर दी जानी चाहिए । आज कल यह नहीं है और इस की वजह से हर तरफ से इनडिसिपलन की बात उठती है । डिसिपलन पैदा करने के लिये ऐन. सी. सी. की ट्रेनिंग पर ज़ोर दिया जाना चाहिए और इस के साथ साथ नैशनल डिसिपलन स्कीम की तरफ भी ध्यान दिया जाए । इन के यूनिटस ज्यादा से ज्यादा जगहों पर खोले जाएं ।

जो स्कूलों में वक्त के घंटे बढ़ाए गए हैं इस बारे यह कहूंगा कि अगर कहीं खास हालात हों जैसे कि पहाड़ी इलाका हो या रास्ता खराब हो तो इन में थोड़ी बहुत तरमीम भी की जा सके तो अच्छा हो । वैसे इस तरह से इन के बढ़ाए जाने से मैं मुतफिक हूं और इसे एक अच्छा कदम समझता हूं । इस के साथ ही साथ मैं चाहता हूं कि स्कूल के लड़कों को पब्लिक कामों में भी लगाया जाना चाहिए जैसे कि स्कूल की अपनी हालत को सुधारें, बिल्डिंग को बनाएं ऐसे छोटे छोटे पब्लिक हित के काम उन से लिये जाने चाहिएं । मुझे आशा है कि ऐसी इन्स्ट्रक्शन्ज़ जारी की जाएंगी. मुझे लड़कों की आजकल की जैंटलमैनी अच्छी नहीं लगती । इस के लिए तरीके निकाले जाएं । जहां सरकार खुद खर्च करती है जैसे कि स्कूल की बिल्डिंग्ज़ हैं या मुकामी रोडज़ हैं इन में वहां के लड़कों से थोड़ी बहुत लेबर ली जानी चाहिए । जहां वह लड़के आठ घंटे दिमागी मेहनत करें वहां यह भी ज़रूरी है कि उनके लिए जिसमानी

[कामरेड राम चन्द्र]

मेहनत भी कुछ वक्त के लिए रायज करनी चाहिए । प्राइमरी स्कूलों में यह था कि वह खाद के गढ़े खोदने में मदद दें । इस चीज को बाकायदा आर्गेनाइज़ किया जाए कि स्कूलों के लड़के बहुत सी पढ़ाई के बाद कुछ वक्त पब्लिक हित के कामों में लगाएं। उन में डिगनिटी आफ लेबर पैदा की जाए । मैं हैरान होता हूं जब कभी गाड़ी से उतरते हुए नौजवानों को एक छोटे से हैंड बैग के लिये भी कुली की इन्तज़ार करते देखता हूं । मेला राम वफा का एक शेयर है :

कुली बुलाओ कोई हैंडबैग उठाने को ।
वह बांधते हैं कमर खिदमते वतन के लिए ।

मतलब यह है कि लड़के इतने नाज़ुक हो गये हैं कि मामूली सा भी काम खुद नहीं करते । अगर स्कूलों में उन से जिसमानी काम लिया जायगा तो उन को इस की आद्दत हो जाएगी तो इन को लेबर की डिगनिटी का इल्म हो जाएगा और यह किसी काम में पीछे नहीं रहेंगे । इस सिलसिले में मुझे एक अंग्रेज इन्जीनियर की याद आती है। मैं एक फर्म में नौकर था । वहां पर एक अडरमा मशीन खरीदी गई थी । इस मशीन में नुक्स पैदा हो गए तो अडरमा फर्म का एक इन्जनियर आया उस की तनखाह 3,000 रु० माहवार थी । उस ने मुझ से पूछा तो मैं ने बताया कि मशीन खराब हो गई है । उस ने सुनते ही अपना कोट उतारा खुद ही मिट्टी में लेट कर उस को ठीक करने लगा । एक घंटे में उस ने उसे ठीक कर दिया । मैं बड़ा हैरान हुआ कि यह तीन हज़ार रुपए माहवार वेतन पाने वाला अंग्रेज मिट्टी में अपना कोट बिछा के काम करने में बेइज्ज़ती महसूस नहीं करता । मगर हमारे लड़कों को अगर अपने कपड़े भी धोने पड़ें तो नहीं धोएंगे । यह जो डिगनिटी का एक गलत आइडिया है यह दूर किया जाना चाहिए । (घंटी)

पंडित मोहन लाल दत्त (अम्ब) : उपाध्यक्षा महोदया, राष्ट्र के विकास में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है । यह बुन्याद है राष्ट्र निर्माण की और यह मेरा मत है कि शिक्षा के लिए एक अलग ही मन्त्री होना चाहिए जो इस के लिए बहुत सा वक्त दे सके, गम्भीरतापूर्वक विचार कर सके । यह बहुत बड़ा और बुन्यादी काम है । इस के लिए तो कोई बड़ा ही अच्छा शिक्षा शास्त्री नियत किया जाना चाहिए । मगर शोक की बात है कि यह इतना बड़ा काम हमारे मुख्य मंत्री जी के पास है जिन को और कामों से ही फुरसत नहीं । वह शिक्षा के बारे में कैसे कुछ सोच सकते हैं । मैं एक मिसाल पेश करता हूं । हमारे स्कूलों में जो बच्चों से फंड लेने का तरीका है वही पुराने तरीके का चला आ रहा है । इन में एक मैडीकल ग्रांट रखी हुई है । उस में जो रुपया जमा होता है मैं ने उस के सदोपयोग के लिए सुझाव दिया था कि यह जो पैसा है इस से बच्चों को दूध दिया जाना चाहिए, दवाईयां जो रखी जाती हैं उन का कोई लाभ नहीं । इन्होंने जवाब में खत भेजा और लिखा 'I am very grateful to you for this very good suggestion.' मगर इन को तो फुरसत ही नहीं वह सुझाव वहीं का वहीं रह गया है । कुछ और भी त्रुटियां हैं उन के बारे

में भी कुछ नम्र निवेदन करूंगा। एक तो यह बात है कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रापर और रियलिस्टिक प्लैनिंग नहीं है। जहां जी में आया स्कूल खोल दिया। एक एक फरलांग पर हाई स्कूल खुले हुए हैं। मैं लुध्याना गया तो मुझे बताया गया कि सड़क पर ही दो स्कूल पास पास ही खुले हुए हैं। पता चला कि जिस के हाथ में सत्ता थी वह भी चाहता था कि वहां पर एक अपना स्कूल खोले और खोल दिया। इस बारे में यह मेरी ही राय हो यह बात नहीं है। हिन्दी मिलाप में श्री ऐम० ऐस० टैकर, सदस्य प्लैनिंग कमिशन के पंजाब की स्थिति के बारे शब्द पढ़ कर सुनाता हूं :

'बिना किसी उचित और पर्याप्त तैयारी के हम ने सुधार कार्य को लागू किया जिस का परिणाम यह हुआ कि हमें उस स्थिति का सामना करना पड़ा कि सुधार कार्यक्रम में ही हमारा विश्वास जाता रहा। दूसरे बहुत सारे सुधार एक साथ किए गए और इस बात का ध्यान नहीं रखा गया कि स्कूल कर्मचारियों और सुधार सम्बन्धी हमारी सीमाएं क्या हैं।"

11-00 a.m.

दूसरी चीज जो गलत है वह यह है कि शिक्षा में भी रेजीमेंटेशन हो रही है। और इस पार्टी की हकूमत शिक्षा को एक पद्धति में ही एक ढांचे में ढालना चाहती है। और इस बात की कोशिश हो रही है कि जो स्वतन्त्र रूप में पाठशालाएं चल रही हैं, उनको खत्म कर दिया जाए। मैं समझता हूं कि यह दोनों ही बातें बहुत बुरी हैं, ऐसा नहीं होना चाहिए। दूसरे मुल्क जो शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं वहां पर आप देखेंगे कि प्राइवेट संस्थाएं हैं यूनिवर्सिटीज़ भी प्राइवेट हैं जो शिक्षा देती हैं और शिक्षा के कार्य को आगे बढ़ाती हैं तो फिर यहां क्यों ऐसा सोचा जा रहा है कि प्राइवेट स्कूलों को या पाठशालाओं को खत्म कर दिया जाए। अभी अभी जो मेनटीनेंस ग्रांट सरकार ने खत्म कर दी है उस के बन्द हो जाने से इंस्टीटयूशन्ज़ पर कुल्हाड़ा चला है।

हमारे देश के कुछ महापुरुषों ने यहां पर बुनियादी तालीम की पद्धति चलाई लेकिन अब वह भी नाम मात्र को रह गई है। क्योंकि जिन लोगों के हाथ में सत्ता है वह उन महापुरुषों के असूलों पर जिन में सब से ऊपर महात्मा गांधी आते हैं, नहीं चलते। अब मुझे यह पता चला है कि यहां पर अब रूस की पद्धति को अपनाया जा रहा है। यह मेरी समझ में नहीं आता कि हमारे यहां इस धरती पर पैदा हुए महात्मा, उसकी पालिसी को, उसकी पद्धति को और इस देश के विचारों को तो खत्म किया जा रहा है लेकिन रूस के विचारों और वहां की पद्धति को लिया जा रहा है। यह आश्चर्य की बात है। यह एक तथ्य है कि विदेशी पद्धति में चरित्र निर्माण के बारे में कतई कोई ख्याल नहीं किया जाता। और अब इनको खबर आयी है कि वैसी ही तालीम यहां लागू की जाए। ठीक है, यह लागू भी कर सकते हैं, क्योंकि इन महापुरुषों का ही चरित्र इस ढंग का है। इनके सामने मौरल वैल्यूज़ का ख्याल तो रत्ती भर भी नहीं है। यह जो प्राइवेट संस्थाएं हैं, यह तो चरित्र निर्माण के लिए

[पण्डित मोहन लाल दत्त]

एक ज्योतिस्तंभ के रूप में हैं लेकिन अब यह उन्हें बन्द कर के और नई पद्धति लागू करके इंसान की बजाए हैवान क्रिएट करना चाहते हैं । मेरी समझ में नहीं आता कि जब मौरल रिजनरेशन का कोई ख्याल ही न हो तो यह देश कैसे ऊंचा हो सकता है और कैसे बड़े जरनैल और नेता व ताजिर पैदा हो सकते हैं । दो चीजों से इंसान ऊंचा उठता है, एक तो विज्ञान और दूसरा आध्यात्म ज्ञान । यह दोनों ही नहीं पनप रहे हैं । जहां तक विज्ञान का सवाल है वह तो बिल्कुल थियोरेटीकल चलता है और आध्यात्म ज्ञान तो इन्होंने बिलकुल खत्म ही कर दिया है । आज कल तो ऐसी तालीम चल रही है :

जाना था कि इल्म से कुछ जानेंगे,
लेकिन जाना तो यह जाना कि कुछ नहीं जाना ।

ट्रांस्पोर्ट के सम्बन्ध में एक बात कहना चाहते हैं कि ऊना और अम्ब के दरम्यान सड़क, पक्की सड़क बने एक साल से भी ज्यादा हो गया, लेकिन सर्विस नहीं जारी हुई । तालिब साहिब को भी कहा था, उस के बाद ट्रांस्पोर्ट अथोरिटीज़ को भी कहा लेकिन अभी तक कुछ नहीं किया गया । मेरी समझ में नहीं आता कि बात क्या है, उधर जनता चीखोपुकार करती है इधर हम चीखोपुकार करते हैं लेकिन कहीं कोई बात नहीं सुनी जाती । (घंटी) बस मैं आप का धन्यवाद करता हुआ अपनी जगह लेता हूं ।

चौधरी नेत राम (हिसार सदर) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज इस हाउस में शिक्षा विभाग पर विवाद हो रहा है खैर आप ने तालीम के विषय में बोलने के लिए जो मौका दिया है उस के लिए सहृदय धन्यवाद करता हूं । इस हाउस में चीफ मिनिस्टर साहिब को अनेक बार धन्यवाद देने के मौके आए हैं लेकिन किसी ने भी इस विषय पर हमारे मुख्य मंत्री को धन्यवाद नहीं दिया । मैं मुख्य मंत्री को अपनी ओर से तथा अपनी पार्टी की ओर से बधाई देता हूं कि उन्हों ने पंजाब के अन्दर हिन्दी तथा पंजाबी भाषा को पढ़ने के लिए प्रोतसाहन दिया है । चीफ मिनिस्टर साहिब ने यह बड़ा अहम कदम उठाया है । उस के लिए मैं मुबारकबाद ज़रूर देना चाहता हूं तथा आशा करता हूं कि भविष्य में भी हिन्दी और पंजाबी को मान्यता देंगे और जो अंग्रेजी भाषा जिस को मलेच्छ भाषा कहते हैं उसको नहीं पढ़ाया जाना चाहिए इस के विपरीत हिन्दी तथा पंजाबी को प्रोत्साहित करने के लिए पढ़ाने वाले अध्यापकों तथा दूसरे कर्मचारियों को 100 रुपए से कम तंख्वाह न दी जाए ।

उपाध्यक्षा : आप मलेच्छ शब्द वापिस लें (The hon. Member may withdraw the word 'मलेच्छ')

चौधरी नेत राम : डिप्टी स्पीकर साहिबा मैं अंग्रेज़ी भाषा के लिए मलेच्छ शब्द वापिस नहीं लेना चाहता । यदि आप हुक्म करें तो मैं यह वापिस ले लेता हूं । यदि हिन्दी और पंजाबी को जरूर प्रोत्साहन मिलना चाहिए जिस से हम समझें कि हमारी निजी भाषाओं को प्रोत्साहन दिया जा रहा है । जनता को अपनी भाषा के प्रयोग

का पूरा हक हासिल होना चाहिए देश में आज़ादी आने से पूर्व जिस ने भी इस देश पर आक्रमण किया अर्थात मुगलों ने राज्य किया उन्होंने अपनी भाषा को प्राथमिकता दी, उन्होंने अरबी फारसी को अपनी भाषा अपना कर हमारे देश की असली भाषा की अवहेलना करके नज़र अन्दाज़ किया । इसी तरह से अंग्रेज़ों की हकूमत आई । उसने अंग्रेज़ी भाषा में ही सरकार का काम शुरू किया, जो हिन्दी भाषा को जानते थे उन को सरकारी पोस्टस से महरूम रखा जिस से लोग हिन्दो भाषा तथा पंजाबी भाषा को कम पढ़ते थे और इस भाषा का प्रयोग न होने से भाषा दुर्बल होती गई, लेकिन हम राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के आभारी हैं जिन्होंने इस देश को आज़ाद कराने के लिए प्रयत्न किए, और साथ ही अपनी भाषा को मान्यता दिलवाने का यत्न किया। इस में कोई शक नहीं है कि भाषा तथा बोली एक दूसरे पर अवलम्बित हैं । आज देखा जाए कि इस देश के अन्दर 45 करोड़ में से सिर्फ 50 लाख के करीब लोग हैं जो कि अंग्रेज़ी भाषा को ठीक जानते हैं लेकिन हमारी सरकार भी अंग्रेज़ी भाषा को प्रोत्सादन देती आ रही है । सरकार का यह रवैया ठीक नहीं है । मैं समझता हूं कि इस देश की राष्ट्र भाषा को ही मान्यता दी जाए । जो पिछड़ी हुई जनता है उस को ऊपर उठाना चाहिए । लेकिन इसके विपरीत, कुछ ही संख्या में लोग हैं जो अंग्रेज़ी की गुलामी करके अभी मुफत में ऐश्वर्य लूट रहे हैं और जो अंग्रेज़ों के खिलाफ लड़े उन को खत्म कर दिया है ।

मैं चाहता हूं कि हिन्दी और पंजाबी को मान्यता दें, हमारे चीफ मिनिस्टर को चाहिए कि हिन्दी और पंजाबी के अन्दर काम करने वाले कर्मचारियों को 100 रुपए से कम तंखाह न दी जाए । आज से कुछ समय पूर्व जो कोई हिन्दी पढ़ता था तो उस को डिसकरेज करते थे और कहते थे कि हिन्दी पढ़ कर ब्राह्मण का काम करना है, पोथी पढ़नी है या शादी में मंत्र पड़ने हैं, मेरे कहने का अभिप्राय यह है कि पहले हिन्दी भाषा की कोई कदर नहीं करता था । लोग अंग्रेज़ी को ही महानता देते थे अमीर जनता हिन्दो की कदर नहीं करती थी, इसी तरह से अंग्रेज़ों के समय हिन्दी भाषा की ओर कम ध्यान दिया जाता था । मैं चाहता हूं कि कोई अंग्रेज़ी पढ़ने के लिए तैयार न हो बल्कि लोगों को हिन्दी भाषा तथा क्षेत्रीय भाषा अपनानी चाहिए ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आप के द्वारा इस हाउस से कहना चाहता हूं कि हमारे बच्चों के लिए कृषि उद्याग धन्धे की शिक्षा दी जाए । मैं चाहता हूं कि प्राइमरी स्कूलों में 'क' 'ख' की शिक्षा न दी जाए बल्कि उन को खेती और मशीनरी की शिक्षा दी जाए । डिप्टी स्पीकर साहिबा, बच्चों के दिमाग तभी अच्छे हो सकते हैं जब कि उन को साथ साथ टैक्निकल शिक्षा दी जाए लेकिन यहां पर दो किस्म के स्कूल खुले हैं एक स्कूल अमीरों के बच्चों के लिए और दूसरे स्कूल गरीबों के बच्चों के लिए, मजदूरों के बच्चों के लिए और बैक्वर्ड लोगों के लिए हैं । यह नीति ठीक नहीं है मैं आप के द्वारा चीफ मिनिस्टर साहिब से प्रार्थना करना चाहता हूं ऐसे

[चौधरी नेत राम]

दोनों किस्म के स्कूलों वाली भेद भाव की नीति को छोड़ कर एक प्रकार के ही स्कूल स्थापित किए जाएं ताकि एक ही ढंग की तालीम लें। यह नहीं होना चाहिए कि अमीरों के बच्चों के लिए अलिहदा स्कूल और हैडमास्टर रखे जाएं। पहली हकूमत की पालेसी थी कि अमीरों के बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त करते थे और अच्छी जगहें प्राप्त कर लेते थे। अमीरों के बच्चों को पहली ही क्लास में अंग्रेजी पढ़ाई जाती थी जबकि गरीबों के बच्चों को 6-7 क्लास से अंग्रेजी की शिक्षा शुरू होती थी। इस से आप अन्दाजा लगा सकते हैं कि वह कम्पीटीशन्ज़ आदि में मुकाबला नहीं कर सकते थे। इसी तरह सर्विसिज़ में बड़े लोगों के बच्चे ज्यादा आते रहे। इसी तरह से अंग्रेजों के वक्त में जो खुशामद करते रहे तथा उन के पिट्ठू बन कर रहे वह अपना उल्लू सीधा करते रहे और अपना फायदा उठाते रहे इस के विपरीत गरीब जनता, मज़दूरों के बच्चों तथा किसानों के बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं मिलती रही और आज भी गरीब बच्चों के साथ शिक्षा के बारे में मजाक बनाया जा रहा है। इस के साथ आप शहरों तथा गांवों में शिक्षा के स्तर देखें उन में भी बहुत अन्तर है।

मैं आप के द्वारा सरकार से प्रार्थना करूंगा कि लड़कियों की शिक्षा के बारे में भी उचित प्रबन्ध किए जाएं। मैं चाहता हूं कि उन की शिक्षा लाज़मी करार दी जानी चाहिए क्योंकि स्त्री ऐसी होती है जो सारे देश को ऊपर उठा सकती है, जैसा कि हम ने कहानी सुनी है और हम अपने शास्त्रों तथा ग्रन्थों में भी पढ़ते हैं। इस से हमारा उत्साह बढ़ता है कि अर्जुन के पुत्र वीर अभिमन्यु ने गर्भ में ही व्यूह चक्र की शिक्षा ग्रहण कर ली थी क्योंकि अर्जुन ने सुभद्रा को गर्भावस्था में इस शस्त्र का ज्ञान करा दिया था। उन्होंने देश को ऊपर उठाने के लिए बड़े बड़े काम किए हैं।

इस लिए अगर हम लड़कियों के लिए तालीम लाज़मी कर देंगे तो वह दिन दूर नहीं है जब कि हमारे देश में फिर से सीता, सावित्री और द्रौपदी जैसी माताएं पैदा होंगी और स्याने और सुलझे हुए बच्चों को जन्म देंगी। वे बच्चे देश को उन्नति के पथ पर ले जाएंगे और चीन जैसे देश को, जिस ने हमारी आन को ललकारा है, हमारे गौरव को ललकारा है, उचित सबक सिखाएंगे। मैं आप के द्वारा चीफ मनिस्टर साहिब से यह भी प्रार्थना करना चाहता हूं कि प्राईवेट स्कूलों में बच्चे ठीक तरह से पढ़ नहीं पाते इस लिए उन को भी सरकारी तहवील में ले लेना चाहिए। ऐसे नाम, जो कि फिरका परस्ती को जन्म देते हैं जैसे जाट स्कूल, जाट कालेज, जैन कालेज आदि भी, बन्द होने चाहिएं। इस से फिरका परस्ती की नफरत फैलनी बन्द हो जाएगी।

प्राइमरी स्कूलों में 50 बच्चों के लिए एक टीचर अवश्य होना चाहिए। कई स्कूलों में बच्चे तो दो, दो सौ हैं और टीचर एक ही है। इस की वजह से पढ़ाई अच्छी नहीं होती। कई जगह पर स्कूल तो होते हैं लेकिन मास्टर नहीं मिलते, कई जगह पर बिल्डिगें ही नहीं हैं, बिल्डिगें हैं तो बैठने के लिए पटरीयां नहीं हैं, जिन स्कूलों में अमीरों के बच्चे और बड़े बड़े अफसरों के बच्चे शिक्षा पाते हैं वहां

पर काउचों का प्रबन्ध होता है । इस लिए उन स्कूलों की तरफ ध्यान देना चाहिए और वहां पर बच्चों के बैठने का उचित प्रबन्ध करना चाहिए । मैं तो कहता हूं कि यह और भी अच्छा हो कि प्राइमरी स्कूलों में बच्चों के बैठने के लिए कुर्सियां प्रोवाईड की जाएं ताकि बच्चों में इनफीरियारिटी कांप्लैक्स न पैदा हो और वे जहां भी जाएं अपने लिये कुर्सी का प्रबन्ध करा सकें । आज कल थानेदारों के मिज़ाज बिगड़े हुए हैं । जब सरपंच थानों में जाते हैं तो उन को कुर्सी नहीं देते । अगर थानेदार उनको कुर्सी दे भी देते हैं तो वे ऊपर बैठने से डरते हैं । उन में कसरे नफसी है । इस लिये बच्चों में कुर्सी पर बैठने की आदत डालनी चाहिए ताकि वह जहां भी जाएं अपने लिए कुर्सी हासल कर सकें ।

जहां तक ट्रांसपोर्ट का ताल्लुक है, इसको नैशनेलाइज़ करना चाहिए, कौमीकरण होनी चाहिए । जो बसें जालन्धर, लुधियाना और अमृतसर के इलाके में चलती हैं उन का मेक बड़ा अच्छा है और उनकी हालत भी बहुत अच्छी है लेकिन जो बसें हिसार गुड़गांवां के इलाके में चलती हैं उन की हालत बड़ी खराब है । इस लिये मैं अर्ज़ करूंगा कि बसें हर जगह पर एक जैसी होनी चाहियें । चीफ मनिस्टर साहिब से मैं यह भी कहना चाहता हूं कि पहले ऐसी वरदी पुलिस वालों की होती थी । आज तो ड्राइवर और कंडक्टर भी वैसी ही वरदी पहन कर अपने आप को बड़े अफ़सर समझते हैं । (*Interruptions*) एम. एल. एज़ की भी प्रवाह नहीं करते, उन को सहूलतें नहीं देते । (विघ्न) डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं तो ठीक बात बता देता हूं, दूसरे मेम्बर बताते नहीं हैं । वे लोग इन को धक्के देते हैं ।

Deputy Speaker : Please wind up.

चौधरी नेत राम : बहुत अच्छा जी । हिसार में एक रेलवे फाटक है । वह 24 घंटे रुका रहता है । वहां पर एक पुल ज़रूर बनाना चाहिए क्योंकि पब्लिक को बहुत तकलीफ होती है । मैं नुक्ताचीनी की खातिर कोई बात नहीं कह रहा, बल्कि सही बातें कह रहा हूं । तालीम के सम्बन्ध में मैं ने बधाई दी है । बधाई तो दरअसल दिल से दी जाती है । पिछले दिनों पंडित मोहन लाल जी मनिस्टरी को कम करने के लिये चीफ मनिस्टर को बधाई देने के लिए कह रहे थे । मैं आप के द्वारा अर्ज़ करूंगा कि अगर इन्होंने मिनिस्ट्री कम की है तो बनाई भी तो इन्होंने ही थी, सम्पूर्णानन्द तो आ कर नहीं बना गए थे । (विघ्न) अपनी बीवी को बेगम कहने से वह बेगम नहीं बन जाती । (विघ्न) (घण्टी की आवाज़) इस से आगे मैं यह अर्ज़ करूं कि रेगस्तानी इलाकों के लिए जैसे लोहारू है, भिवानी है, जो वाटर-सप्लाई सकीमज़ बनी हुई हैं, उन को बहुत जल्दी इम्पलीमेंट करना चाहिए ताकि लोगों को फायदा हो । इंडस्ट्रीज़ को फरोग दिया जाए ताकि बेकार लोगों को काम मिल सके । सड़कें ज़्यादा बनाई जानी चाहिएं । इन शब्दों के साथ मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूं ।

श्रीमती सरला देवी (बरसर) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज सदन में एजुकेशन, वाटर और ट्रांसपोर्ट की डिमांड्ज़ पर बहस चल रही है । मैं सब से पहले एजुकेशन

[श्रीमती सरला देवी]

पर कहूंगी । देश के अन्दर हंगामी हालात को देखते हुए एजुकेशन के लिए 15 करोड़ के करीब रुपया रखा गया है। यह रुपया बहुत कम है। मैं इस लिए यह बात कहती हूं क्योंकि आज के साइंस के युग में अगर हम ने साइंटिस्ट पैदा करने हैं तो उन के लिए भी शिक्षा की ज़रूरत है । खेती की पैदावार बढ़ाने के लिए अगर हम ने एग्रीकल्चर एक्सपर्ट पैदा करने हैं तो वे भी तालीम के द्वारा ही प्रोड्यूस किये जा सकते हैं । यदि हम ने देश की रक्षा के लिए बहादुर जरनैल पैदा करने हैं तो वे भी स्कूलों के ज़रिये ही पैदा करने हैं । हमारे देश का नव निर्माण तभी हो सकता है अगर हमारे स्कूलों और कालेजों के अन्दर तालीम देने का ढंग बहुत अच्छा हो । अंग्रेज़ों के समय में हमारे देश में हिस्टरी और जुग्राफी के सबजैक्टस लाज़मी होते थे । आज कल यह सबजैक्टस लाज़मी न रहने से हमारे बच्चों को अपने देश के बार्डर का भी पता नहीं है । उन्हें मालूम नहीं है कि बरमा कहां है या चीन कहां है । चीन के साथ लड़ने में भी इसी लिये काफी मुश्किल पेश आई । इस लिए मैं सुझाव देती हूं कि तालीम में हिस्टरी और जुगराफिए का होना लाज़मी है ताकि बच्चे सारे संसार की हिस्टरी और भूगोल को समझ सकें ।

इस बात का सर्वे किया गया कि स्कूल कहां कहां पर होने चाहिएं । वह सर्वे बिल्कुल गलत किया गया । अगर स्कूल मंज़ूर होते हैं और टीचर वहां पर जाते हैं तो मालूम होता है कि उस नाम का स्कूल या गांव ही नहीं है । लोगों को भारी दिक्कत पेश आती है । इस लिए मैं तजवीज़ करती हूं कि यह सब नए सिरे से किया जाना चाहिए ताकि सही पोज़ीशन मालूम हो सके कि कहां कहां पर ज़्यादा स्कूलों की जरूरत है और कहां कहां पर स्कूल की इतनी जरूरत नहीं है। दर असल स्कूलों को माइलेज के हिसाब से बनाया जाना चाहिए। जग्राफीकल सर्वे के द्वारा यह मालूम किया जाना चाहिए, और खास तौर पर पहाड़ी इलाके में इस की ज़्यादा ज़रूरत है, कि पहाड़ कहां कहां पर हैं, खड्डें कहां कहां पर हैं, फासला कितने मीलों का है और वहां पर कितने स्कूलों का होना ज़रूरी है । मैं ने देखा है कि बजट में 2,35,970 रुपए कुरुक्षेत्र और जींद कालेज के लिए रखे गए हैं । मैं शिक्षा मंत्री से प्रार्थना करनी चाहती हूं कि वह हमीरपुर में अपने हाथों से पत्थर रख आए थे और कहते थे कि वह इलाका फौजी सिपाही ज़्यादा पैदा करता है, फौज में भरती ज़्यादा देता है इस लिये वहां पर तालीम का प्रबन्ध भी उस के मुताबिक ही होना चाहिए ।

अगर कालेज की बिल्डिंग के लिए नए सिरे से पैसा न निकाला जा सकता हो तो मैं निवेदन करना चाहती हूं कि जो बेसिक स्कूल की बिल्डिंग है उसी में इसी साल से कलासें शुरु कर दी जाएं ताकि जो बच्चे धर्मशाला और होशियारपुर चले जाते हैं, वहीं अपने इलाके में तालीम हासिल कर सकें और बेसिक स्कूल को उसी बिल्डिंग में ले जाया जाए जहां पर कि वह पहले हुआ करता था। मैं आशा करती हूं कि मेरे इस सुझाव पर शिक्षा मन्त्री जी अवश्य गौर करेंगे ।

इसी सम्बन्ध में एक बात और है । इस बजट के अन्दर एक लाख पचास हज़ार रुपया नई बिल्डिंग्ज़ बनाने के लिए रखा गया है । ठीक है कि ज़िला कांगड़ा नीचे वाले ज़िलों यानी अमृतसर, लुध्याना, जालन्धर, हिसार वगैरा के ज़िलों के साथ तो नहीं मिल सकता क्योंकि इंडस्ट्रीयल प्वाइंट आफ व्यु से भी यह बहुत पीछे है, ज़रायती लिहाज से भी इसका कहीं नाम नहीं लेकिन फिर भी मुझे ज़िला कांगड़ा पर फख्र है कि जब कभी भी हमने एजूकेशन डिपार्टमेंट से स्कूलों की डिमांड की तो पहिले उन के लिए बिल्डिंग्ज़ तैयार की ताकि बच्चे तालीम हासिल कर सकें लेकिन फिर भी आज हमें हमीरपुर में लड़कियों के होस्टल के लिए बड़ी तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। मैं आप के द्वारा मन्त्री जी से प्रार्थना करती हूं कि इस तरफ फौरी तौर पर ध्यान दें और लड़कियों के लिए यह होस्टल जल्दी से जल्दी मंज़ूर करें । चीफ मिनिस्टर साहिब की मेहरबानी से वहां पर हायर सैकंडरी स्कूल खुला हुआ है । सांईस का सामान भी पड़ा हुआ है लेकिन बिल्डिंग नहीं । मैं प्रार्थना करती हूं कि इस रुपए में से वहां पर बिल्डिंग बनाई जाए । इस के अलावा घनेटे में जो स्कूल चल रहा है उसकी बिल्डिंग भी गिर रही है । वहां भी इसकी बहुत सख्त ज़रुरत है । उसका भी फौरन इन्तज़ाम किया जाना चाहिए ताकि बच्चों को तकलीफ न हो क्योंकि जब तक बच्चे अच्छे वातावरण में तालीम हासिल नहीं करेंगे , जब तक योग्य अध्यापकों द्वारा उन्हें तालीम नहीं दी जाएगी तब तक वह कैसे अच्छे आदमी बन सकते हैं ।

इस के अलावा 9,63,600 रुपया इसलिए प्रोवाइड किया गया है ताकि 180 मास्टर स्कूलों के अन्दर रखे जाएं । मैं समझती हूं कि 180 मास्टर बहुत कम हैं । आपके द्वारा मैं मुख्य मंत्री जी को बताना चाहती हूं कि हमारे ज़िला कांगड़ा के अन्दर और हमीरपुर सब डिविज़न के अन्दर एक एक स्कूल में चौदह चौदह सौ बच्चे हैं । वहां पर सिर्फ तीन तीन या चार चार बी. ए. बी. टी टीचर हैं । यह बहुत कम हैं । जब हम ऐजूकेशन डिपार्टमैंट के पास जाते हैं तो वहां से यह जवाब मिलता है कि हमारे पास टीचरों की कमी है । फाईनैंस डिपार्टमैंट पैसे नहीं देता । आप अंदाज़ा लगाएं कि अगर चौदह चौदह सौ बच्चों को पढ़ाने के लिए सिर्फ तीन या चार बी. ए. बी. टी टीचर हों तो वहां पर बच्चे कैसे अच्छी शिक्षा गृहण कर पाएंगे । ऐसी हालत में मैं दावे से कह सकती हूं कि स्कूलों के टीचर 90 फीसदी रीज़ल्टस कभी भी नहीं दे सकते । इसका नतीजा क्या होगा ? डिप्टी स्पीकर साहिबा, पंजाब गवर्नमैंट के इस फैसले के मुताबिक अब क्या होगा । जब कभी कोई अफसर स्कूल की इन्स्पैक्शन के लिए जाएगा तो स्कूल के मास्टर पास खड़े होकर बच्चों से पेपर करवाएंगे ताकि स्कूल का रिज़ल्ट अच्छा रहे । ऐसी हालत में बच्चों की तालीम का स्टैंडर्ड कभी ऊंचा नहीं हो सकता । इसलिए जो सुझाव प्रिंसिपल साहिब ने दिया है मैं भी उसका समर्थन करती हूं कि किसी टीचर की योग्यता जानने के लिए यूनिवर्सिटि के रीज़ल्टस को ही उसके रीज़ल्टस का मयार कबूल किया जाए ।

उपाध्यक्षा : अब आप वाइंड अप करें । (Please wind up now.)

श्रीमती सरला देवी : मैं दो मिनट और लूंगी । डिप्टी स्पीकर साहिबा, पंजाब गवर्नमैंट की मेहरबानी से हमारे सब डिवियन में 22 हाई स्कूल हैं । उन्हीं में हायर सैकंडरी स्कूल भी हैं । लेकिन तपा ढिढवाल एक ऐसा इलाका है जहां पर एक ही हाई स्कूल है । चीफ मनिस्टर साहिब खुद वहां पर जाकर हो आए हैं । उसके इर्द-गिर्द मिडल स्कूल भी कोई नहीं । बच्चों को वहां से तेरह तेरह चौदह चौदह मील दूर जाना पड़ता है । अगर वह चाहें तो बेशक इन्क्वायरी करवा कर देख लें । तो मैं प्रार्थना करूंगी कि वहां मिडल स्कूल और हाई स्कूल और दिए जाने चाहिए ताकि बच्चों को दूर न जाना पड़े और वहीं पर तालीम हासिल कर सकें ।

उपाध्यक्षा : जल्दी करिए, अब खत्म करिए । (Please be quick and wind up now.)

श्रीमती सरला देवी : बस जी, दो मिनट में ही खत्म कर रही हूं । इसके अलावा यह फैसला किया गया है कि लड़कों और लड़कियों के लिए साइंस स्कूल और कालेज एक कर दिए जाएं । मैं भी इस हक में हूं कि साइंस कालेज एक ही होना चाहिए क्योंकि बहुत कम लड़कियां साईंस का मज़मून लेती हैं । हमारे साथी आनरेबल मेम्बर श्री कुलबीर सिंह जी ने कहा है कि को-ऐजुकेशन नहीं होनी चाहिए । मैं समझती हूं कि को-एजुकेशन होनी ही चाहिए तभी देश का कैरक्टर बन सकता है नहीं तो देश का करैक्टर नहीं बन सकता ।

अब मैं दो मिनट में पानी और ट्रांस्पोर्ट के बारे में कह कर खत्म करती हूं ।

उपाध्यक्षा : आप ने आगे ही दो दफा दो दो मिनट कह कर टाल दिया । अब यह तीसरी बार आप कह रही हैं कि दो मिनट में खत्म कर दूंगी । ज़रूरी नहीं कि आपने सभी बातें आज ही कह डालनी हैं । अब दूसरों ने भी बोलना है । वाइंड अप करो । (The hon. Lady Member has already said twice that she would wind up in two minutes. Now she is repeating it for the third time. It is not necessary that she should say every thing today. Others have also to speak. She should wind up now).

श्रीमती सरला देवी : एक एक बात कह कर खत्म कर दूंगी । जहां तक पानी का ताल्लुक है हमारी पंजाब सरकार ने पब्लिक हैल्थ के हैड में 2,22,45,400 रुपया खर्चा बताया है । मैं आप के द्वारा पब्लिक हैल्थ के मनिस्टर साहिब से निवेदन करूंगी कि अगर आप हमीरपुर के नक्शे को देखें तो आप को मालूम होगा कि वहां पर लोगों को पीने के लिए पानी नहीं मिलता । लुगयालती, दयोटसिद्ध और सौलांसिद्धी धार वगैरा गांव के लिए पैसा देने तक के लिए तैयार हैं । स्कीमें तो बन जाती हैं लेकिन उन को लागू नहीं किया जाता । क्योंकि समय बहुत थोड़ा है इसलिए ज़्यादा न कहती हुई उन से प्रार्थना करूंगी कि वहां पर चूंकि लोगों को बहुत तंगी है इसलिए उनकी तकलीफ की तरफ ध्यान करते हुए जल्दी ही कोई मुनासिब प्रबन्ध किए जाएं ।

जहां तक ट्रांस्पोर्ट का ताल्लुक है हमारे इलाके में पंचायतों ने सड़कें बना रखी हैं । चीफ मनिस्टर साहिब लुगयालती जाकर देख भी आए थे कि वहां पर पत्थर ही पत्थर थे । वहां पर लोगों ने अपनी मेहनत से सड़कें बनाईं लेकिन बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि अभी तक वहां पर बसें नहीं चलाई गईं । जहां पंजाब गवर्नमैंट हर ज़िला हैडक्वार्टर को चंडीगढ़ के साथ मिला रही है, वहां मैं आप से प्रार्थना करूंगी कि धर्मशाला से सीधी चंडीगढ़ भी सर्विस चालू की जाए । वहां पर सड़कें बनाने के बावजूद अगर बसें न चलाई जाएं तो लोगों को बहुत तकलीफ होती है । यहां तक कि हमारे फौजी भाइयों को भी अपने कन्धों पर सामान उठाकर चार चार पांच पांच मील पैदल चलना पड़ता है । इसलिए मैं आप के द्वारा पंजाब गवर्नमैंट से प्रार्थना करूंगी कि जिन बातों की तरफ मैंने ध्यान दिलाया है उन की बाबत ज़रूर फौरी तौर पर इन्तज़ामात किए जाएं । आप का धन्यवाद करती हुई मैं अपनी जगह पर बैठती हूं ।

श्री रूप सिंह फूल (हमीरपुर ऐस. सी.) : नायब सदरे मोहतरिमा, एक तो समय बहुत कम है दूसरे प्वाइंट्स ज़्यादा हैं । कहूं तो क्या कहूं । एक शेअर याद आ गया :

क्या कहूं हाल दर्दे पिनहानी
वक्त कोतहा है किस्सा तूलानी ।

फिर भी मुख्तसिर तौर पर कुछ बातें आप के सामने रखने की कोशिश करूंगा । जहां तक ट्रांस्पोर्ट का ताल्लुक है, चीफ मनिस्टर साहिब की खिदमत में अर्ज़ करूं कि आप खुद उस इलाके का दौरा करके आए हैं और आपको यकीन हो गया होगा कि पहाड़ी इलाके की तरक्की तब तक नहीं हो सकती जब तक कि वहां पर कम्युनीकेशन्ज़ की सहूलियात बहम न पहुंचाई जाएं । आप के ज़रिए चीफ मनिस्टर साहिब को याद दिलाना चाहता हूं कि ऊहल के मकाम पर लोगों ने खुद सड़क बनाई । पी. डब्ल्यू. डी. के अफसरान साहिबान ने यह अंदाजा लगाया था उस सड़क को बनाने पर 1,58,000 रुपए की लागत आएगी लेकिन लोगों की कोआप्रेशन से वह सड़क सिर्फ 36,000 रुपए की लागत से तैयार हुई । आप ने वहां के लिए बसों का रूट भी रिलीज़ कर दिया हुआ है मगर किसी कम्पनी को अभी तक परमिट अलाट नहीं किया गया । वहां पर अभी तक कोई बस सर्विस नहीं चल रही । इसी तरह दूसरी जगहों की हालत है । आप को मालूम है कि वह इलाका इंटायरली मारशल है । वहां पर 90 फीसदी घरानों के लोग इस वक्त नेफा और लद्दाख के फ्रंट पर डटे हुए हैं । अर्सा चार पांच साल से वह सड़क बनी हुई है । उसका फिटनस सर्टीफिकेट भी आ चुका हुआ है मगर मोटर सर्विस वहां नहीं चलती । इसी तरह से पटा से आवाहा देवी पंद्रह मील का टुकड़ा है । नंगल से आवाहादेवी बरास्ता पटा भी रूट मंजूर हो चुका है, फिटनस सर्टीफिकेट भी आ चुका है मगर अभी तक वहां पर कोई कम्पनी बसें नहीं चला रही। इजाज़त ही नहीं मिली । वहां पर हमीरपुर कोआप्रेटिव सोसाईटी है । यह ज़्यादा तर ऐक्स सर्विसमेन ने ही बनाई हुई है । बारहा अर्ज़ कर चुके हैं कि उन को रूट दिया जाए लेकिन अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ । मुख्तसिर तौर पर ही बात करता हुआ मैं मुख्य मन्त्री जी की सेवा में निवेदन करूंगा कि पहाड़ी इलाकों में कम्युनिकेशन्ज़ के

[श्री रूप सिंह फूल]

लिए ज्यादा से ज्यादा सहूलियात की जरूरत है। जरूरी है कि वहां पर ट्रांस्पोर्ट यानी बस सर्विस चालू की जाए। आज साइंस का युग है। लेकिन हमारे ज़िला कांगड़ा को आईडल रोडज़ भी नहीं मिल पा रही। In other countries man is proposing a flight to the Moon and Mars, but in Kangra even motor transport facilities are not available. एक और बात है। जहां गोबिन्द सागर बना है उसके बनने की वजह से ऊना से जो पहले सड़क मण्डी को जाती थी उस को अब 20 मील का चक्कर काट कर ले जाया गया है। उस सड़क पर अर्थ वर्क हो चुका है लेकिन अब हंगामी हालात की वजह से उस पर खर्च होने वाली रकम में अब कट लगा दिया गया है। अब वह सड़क कच्ची रह गई है जिस कर के एक सवारी को वहां पर बस में सफर करने के लिए $1\frac{1}{2}$ रुपये ज्यादा अदा करना पड़ रहा है। इसलिए मैं गवर्नमैंट से प्रार्थना करूंगा कि जिस तरीका से और जिन मोद्बाना अलफाज़ के साथ, बगैर किसी किस्म की एजीटेशन के किए अपने आप को बेघर होना मन्ज़ूर कर लिया था लेकिन उसकी वजह से उन्हें $1\frac{1}{2}$ रुपये फी सवारी के हिसाब से किराया फालतू अदा करना पड़ रहा है। वह माफ कर दिया जाए और हमारी कुरबानियों का एहतराम किया जाए या गवर्नमैंट यह कराया अपने पास से सबसिडाइज़ करे क्योंकि उन लोगों की ही वजह से ही मैदान के बाकी हिस्सों के लोगों को उस डैम से सहूलतें मिल रही हैं लेकिन उन के लिए जो सड़क वहां पर बनाई गई है एक तो वह कच्ची है और दूसरा 20 मील का चक्र और बढ़ जाने से उन्हें $1\frac{1}{2}$ रुपये फी सवारी ज्यादा अदा करने पड़ रहे हैं। और अब जो सरकार और कर लगा रही है तो यह $1\frac{1}{2}$ रुपया भी बढ़ कर शायद दो रुपये ही हो जाएं।

सदरे मोहतरिमा, जहां तक तालीम का ताल्लुक है मैं मानता हूं कि इसी पर देश की उन्नति निर्भर करती है क्योंकि इसी के ज़रिए बच्चों का करैक्टर बनता है। लेकिन आजकल यह जो बेसिक ट्रेनिंग तालीम और हायर सैकंडरी पैटरन की एजुकेशन हैं, मैं समझता हूं कि यह दोनों तरीके ग़लत हैं और नाकामयाब साबित हो चुके हैं। इसलिए मैं मुख्य मंत्री साहिब से अर्ज़ करूंगा कि इन दोनों एजुकेशनल सिस्टमज़ के लिए पंजाब स्टेट को एक्सपैरीमैंटल ग्राउंड न बनाएं और इन दोनों सिस्टमों को खत्म कर दिया जाए जो पहले वाला सिस्टम था वह ठीक था यानी हाई स्कूलों वाला सिस्टम मौजूदा हायर सैकंडरी स्कूलों से बेहतर था। आज कल हम देखते हैं कि जो बच्चे गयारह जमात पास करके निकलते हैं वह एक सादा खत भी नहीं लिख सकते। लेकिन जो मैट्रिक पास कर के आते हैं वह इन से बेहतर होते हैं। यह बेसिक ट्रेनिंग और हायर सैकंडरी सिस्टम दोनों नाकारा साबित हुए हैं। इनमें खर्च तो ज्यादा है लेकिन नतीजा उस के मुकाबले में कुछ नहीं होता। 25 हजार रुपया तो एक हायर सैकंडरी स्कूल को साइंस के सामान के लिए दिया जाता है लेकिन वहां हालत यह होती है कि वहां इसके लिए बिल्डिंग नहीं होती, जरूरी सामान नहीं होता, और सांइस टीचर्ज़ नहीं होते। फिर इस सिस्टम के लिए टीचर्ज़ भी ज्यादा

दरकार होते हैं और इस के मुकाबले में हाई स्कूलों में थोड़े टीचरों से काम चल जाता है ।

फिर सरकार ने लोकल बाडीज़ के जो स्कूल प्रोविनशिलाइज़्ड किए थे उन के टीचरों की सीनियारटी का केस कई सालों से लटक रहा है। वह फाइनिलाइज़ हो जाना चाहिए । इस के अलावा जिला बोर्ड कांगड़ा के जो स्कूल अप ग्रेड हुए थे उन की मैनेजिंग कमेटियों ने साइंस के सामान और बिल्डिंगें बनाने के लिए 15, 15 या 20, 20 हज़ार रुपये सरकार के पास जमा कराए थे, वह रुपए अभी तक उन्हें रिलीज़ नहीं किए गए । इस बारे में मैंने एक सवाल भी पूछा था और उस के जवाब में बताया गया था कि वह जल्दी रिलीज़ कर दिए जाएंगे। इस तरह का कई लाख रुपया सरकार के पास पड़ा हुआ है । मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि वह रुपया जल्द से जल्द रिलीज़ कर दिया जाए। इसी तरह से बहुत से मास्टरों को उन की तनखाह के बकाये और प्रोवीडेंट फंड का रुपया कई सालों से जो पड़ा हुआ है उन्हें नहीं मिला। वे बेचारे बार बार दरखास्तें दे रहे हैं लेकिन उन्हें उनका रुपया नहीं मिल रहा। वह जल्दी उन्हें मिल जाना चाहिए ।

सदरे मोहतरिमा, एक अर्ज़ मैं और करनी चाहता हूं । हम रोज़ कहते हैं कि सूबा के अन्दर बल्कि सारे मुल्क के अन्दर कुरपशन बहुत है, इस कुरपशन को दूर करने का जो वाहद इलाज मैं समझता हूं वह नैशनल करैक्टर को बिल्ड करना है । अब कुरपशन का ज़ोर होने का कारण यह है कि देश का करैक्टर फारन हो चुका है । मैं समझता हूं कि जब तक हमारे सामने नैशनल करैक्टर को बिल्ड करने का कोई प्रोग्राम नहीं रखा जाएगा उस वक्त तक यह कुरपशन भारत से दूर नहीं हो सकती । इसलिए ज़रूरी है कि नैशनल करैक्टर को बिल्ड करने का कोई तरीका रायज़ किया जाए। कोई ऐसा तरीका रायज किया जाए जो सारी स्टेटस में हावी हो जाए। मेरे गुरु प्रिंसिपल रला राम जी जैसे व्यक्ति जो इस वक्त सदन में मौजूद नहीं हैं, यदि उनको कहा जाए या अन्य लैजिस्लेटरों को कहें तो वह इसके मुताल्लिक किताबें लिख सकते हैं और जो तरीका वह तजवीज़ करें हम उसे अपना सकते हैं ।

इसके अलावा एक गुज़ारिश मैं अपने चीफ मनिस्टर साहिब से और करना चाहता हूं और वह यह है कि हमारे स्कूल मास्टर जो एम. ए. बी. एड. होते हैं या बी. ए. पास होते हैं उन बेचारों की तनखाहें बहुत कम होती हैं जब वह दूसरी जगहों पर इम्तहान वगैरह लेने जाते हैं तो वहां उन के ठहरने का कोई ठिकाना नहीं होता हांलाकि उन के मुकाबला में जो सरकार के दूसरे क्लास II अफसर होते हैं वे रैस्ट हाउसों में या दूसरे डाक बंगलों में ठहर सकते हैं । मेरा सुझाव यह है कि तहसील हैड-क्वार्टरज़ पर उन टीचरों के लिए भी कोई न कोई जगह यानी रैस्ट हाउस ठहरने की बनाई जाए । इन इमारतों के बनाने के लिए कुछ रकम गवर्नमैंट अपने पास से दे और कुछ वहां की ज़िला परिषद् और कुछ टीचर तहसीलवार दे सकते हैं । (घंटी की आवाज़)

[श्री रूप सिंह फूल]

बस, सदरे मोहतरिमा, एक बात और कह कर मैं बैठ जाता हूं। हमारे सूबा में जो पब्लिक स्कूल हैं उन में अव्वल तो हरिजनों के बच्चे दाखल नहीं किये जाते और अगर कुछ दाखल हो जाते हैं तो वहां उन की फीसें माफ नहीं की जातीं; वज़ीफा मिलना तो दरकिनार। आम तौर पर देखा गया है कि जो बच्चे बड़े हो कर आई.ए.एस और पी.सी.एस. के एग्ज़ामीनेशन में कामयाब होते हैं वह इन पब्लिक स्कूलों में पढ़े हुए होते हैं। अगर हरिजन बच्चों को इन स्कूलों में पढ़ने का मौका नहीं मिलेगा तो हम कैसे उम्मीद कर सकते हैं कि वह किसी ऐसे इम्तहान में कामयाब हो सकेंगे। इस लिए मैं यह ज़रूरी समझता हूं कि पब्लिक स्कूलों में भी हरिजन बच्चों को वही सहायता मिलनी चाहिए जो उन्हें दूसरे स्कूलों में मिलती है।

Deputy Speaker : The hon. Member should please wind up.

श्री रूप सिंह फूल : बस जी मैं बैठने लगा हूं। सिर्फ एक बात और मैंने चीफ मनिस्टर साहब की खिदमत में कहनी है और वह यह है कि रकबा और आबादी के लिहाज़ से हमारा ज़िला कांगड़ा सारे हिमाचल के बराबर है लेकिन जहां कांगड़ा में सिर्फ एक कालेज है वहां हिमाचल में 6 कालेज हैं और उनमें से एक मैडिकल कालेज है। हां, अब इन्हों ने हमीरपुर में एक कालेज दिया है जिसके लिए मैं इन्हें मुबारिकबाद देता हूं। और अर्ज़ करता हूं कि वहां पर जल्दी क्लासें शुरू कर दी जाएं। हम से रुपया कालिज की बिल्डिंग के लिए नकद कन्ट्रीब्यूशन के रूप में न मांगा जाए।

श्री बाबू दयाल शर्मा (पटौदी) : श्रीमती उपाध्यक्षा, मैं शिक्षा विभाग के इस बजट के लिए चीफ मनिस्टर साहिब को बधाई देता हूं क्योंकि यह जो बजट बनाया गया है बिल्कुल सोच समझ कर बनाया गया है। किसी मुल्क की तरक्की के लिए यह निहायत जरूरी होता है कि तालीम के लिए उस देश के बजट में एक बड़ा अहम हिस्सा हो। इस नजर में तालीम की मद के लिए 15 करोड़ 3 लाख रुपया रखा गया है जो बाकी की सब मद्दों से ज्यादा है और कुल बजट के 15 फी सदी के करीब है। लेकिन एक बात की मुझे समझ नहीं आती जो यहां आपोज़ीशन के बहुत से मैम्बर साहिबान ने कही है................

उपाध्यक्षा : एक बात मैं आप सब मेम्बर साहिबान से अर्ज़ कर देना चाहती हूं कि वह इधर उधर की बातों में न पड़ें और जो काम की बातें उन्हों ने कहनी हैं वही कहें क्योंकि हमारे पास टाइम बहुत थोड़ा है, बाद में चीफ मिनिस्टर साहिब ने बोलना है। (I would request the hon. Members not to waste time in saying unnecessary things. The time at our disposal is very short, and the Chief Minister has also to reply to the Debate. They should say only those things which they consider to be very important.)

श्री बाबू दयाल शर्मा : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं यह अर्ज़ कर रहा था कि हमारे मुल्क का यह ध्येय है कि यहां पर सोशलिस्टिक पैटर्न आफ सोसाइटी कायम किया

जाए। मगर इस के कायम करने के लिए जिस तरह की विद्या की ज़रूरत है वह हमारे देश में नहीं है। एक संस्कृत का श्लोक है :

विद्या ददाति विनियम
विनियात याति पात्रित्वां
पात्रित्वा धन्वापनोति
धनात् धर्मं ततः सुखं।

विद्या कैसी होनी चाहिए। विद्या वह होनी चाहिए कि जिस से मनुष्य विनयी हो जाए यानी इनसान की ऐफीशैंसी बढ़ जाए। मगर आज यहां की विद्या क्या सिखाती है। यही सिखाती है शराब पियो, अहंकारी बनो, क्रिटिक बनो या व्यभिचारी बनो। (विघ्न) इस लिए विद्या को सुधारना बहुत ज़रूरी है। इस के साथ ही साथ विद्या पढ़ाने के ढंग को भी बदलना होगा। हम चाहते हैं कि सोशलिस्ट समाज बने मगर देखते यह हैं कि एक ही क्लास में पढ़ने वाला एक लड़का तो नैक्टाई और सूट बूट कस के जाता है और उस का साथी दूसरा लड़का फटे पुराने कपड़े पहन कर आता है। तो मैं अपने मुख्य मंत्री जी से जो कि शिक्षा मंत्री भी हैं से पूछता हूं कि हमारे देश में जो हम समाज कायम करने के दावे बांधते हैं वह कैसे कायम होगा। और स्कूलों की इमारतों का जो बुरा हाल है जो हालत है वह भी देखने के ही काबिल है। जमालपुर एक गांव की मिसाल पेश करता हूं। वहां के स्कूल की छत का शहतीर टूटा हुआ है। जहां विद्यार्थियों की मौत का पैगाम खड़ा दिखाई दे रहा है। परन्तु अध्यापक साहिब भी उसी छत के नीचे ऐसी दलेरी से बच्चे पढ़ा रहा है जैसे चीन के मोर्चे पर भारत का सिपाही लड़ रहा हो। मैंने मास्टर जी से कहा कि बच्चों को बाहिर बैठाओ क्यों इनकी हत्या का पाप अपने सिर लेते हो। कहीं यह शहतीर गिर गया तो बड़ा बुरा हो जायगा और कितने ही बच्चों की अकाल मृत्यु हो जाएगी। उस शहतीर बारे रिपोर्ट भी की गई मगर आज तक कुछ नहीं हुआ। मैं मुख्य मन्त्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि इस ओर शीघ्र ध्यान दें। नैशनलाइज़ेशन और फीस माफ की बात करना तो बाद की बात है। मगर इससे भी काम नहीं चलेगा। मैं कहता हूं कि काम तो तब चलेगा, हम तब ही अपने ध्येय की तरफ जा पाएंगे जब जो अपना पुराना तरीका है गुरुकुलों का वही चालू किया जायगा। बच्चों को तालीम देना सरकार की ज़िम्मेदारी है। जहां 6 साल का बच्चा हुआ नहीं कि उसे गुरुकुल में भेजा जाए। जहां पर एक जैसी वर्दी, एक जैसी खुराक मिले और आपस में कोई भेद भाव न रहे। अब तो अमरीका से आया हुआ दूध का पाउडर देने से बच्चों का स्वास्थ्य बनेगा या ब्रह्मचर्य रहने से स्वास्थ्य बनेगा ? इस विदेशी शिक्षा के प्रभाव से हमारे नौजवानों की यह हालत है कि 600 नौजवान भर्ती होने के लिए जाते हैं मगर लिये जाते हैं 12 या 13। गुड़गांव में एम्पलायमैंट ऐक्सचेंज वालों ने 500, 600 लड़के टैक्नीकल तालीम के लिए फौज में भर्ती होने के लिये भेजे मगर लिये गए 12 या 13। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए कि नौजवान 25 साल तक इस को प्राप्त करे और जब इसे पूरा करे तो उस का माइंड और शरीर पूरी तरह से स्वस्थ हो। इस बात को तो अब सायंटिस्ट

[श्री बाबू दयाल शर्मा]

भी मानने लगे हैं कि 25 साल तक पढ़ाई होनी चाहिए। ऐसे बच्चों को बढ़िया खुराक साफ शुद्ध हवा मिले ताकि वह पूरी तरह से मेहनत कर सकें। हम तो अपने देश में वह स्टैंडर्ड भी कायम नहीं रख सके जो विदेशियों ने यहां की फौज के लिए नियत किया था। (घंटी) यहां पर कुछ लोग ऐसे हैं जो पिछड़े हुए हैं। कहते हैं कि उन की 21 फीसदी पूरी करनी है। मगर हालत यह है कि एक इंच छाती और कद में कमी की रियायत देने के बावजूद 500 में से पांच सात ही लड़के लिये जा सकते हैं। यह सारा नुक्स हमारी प्लैनिंग का है, हमारी विद्या का है। (घंटी) टीचिंग का जो तरीका है वह समझना चाहिए। आज का तरीका ठीक नहीं है ....

उपाध्यक्षा : यह सब टीचिंग का तरीका समझते हैं। आप ने अपने हलके की कोई बात कहनी हो तो कह लें और वाइंड अप कीजिए। (All of them know the methods of teaching. Whatever the hon. Member wants to say about his constituency, he should say that and wind up.)

श्री बाबू दयाल शर्मा : हां यह समझते हैं मगर करते कुछ नहीं। मैंने इन को इन्जैक्शन लगाना है। मैंने अपना कर्त्तव्य पालन करना है। जब तक ऐसी हालत नहीं होगी, विद्या ददाति विनियम, जब तक हम योग्य नहीं होंगे.....................

उपाध्यक्षा : आप खुद तो इसका अर्थ गलत कर रहे हैं। विनय का मतलब तो नम्रता होता है। (The hon. Member is giving an incorrect meaning'. The meaning of the word. 'विनय' is 'नम्रता')

श्री बाबू दयाल शर्मा : अगर आप की लुगात में नम्रता का यही अर्थ है और आप यह चाहती हैं कि मैं बैठ जाऊं तो मैं बैठ जाता हूं।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ (ਮੋਗਾ) : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਤੇ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ ਬਾਰੇ ਬਾਕੀ ਗੱਲਾਂ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਮੈਂ ਅਪਣੇ ਜ਼ਾਤੀ ਤਜਰਬੇ ਦੀ ਬਿਨਾ ਤੇ ਬਾਕੀ ਸੂਬੇ ਦੇਖਣ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਇਹ ਜ਼ਰੂਰ ਕਹਿ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਪਰਾਈਵੇਟ ਅਪਰੇਟਰਜ਼ ਤੇ ਇਹ ਮਹਿਕਮਾ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ.......................

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ : ਸਿਰਫ 5 ਮਿੰਟ ਹਨ ਇਸ ਲਈ ਇਧਰ ਉੱਧਰ ਦੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਨਾ ਕਰੋ ਕੋਈ, ਕੰਮ ਦੀ ਗੱਲ ਕਰਕੇ ਬੈਠ ਜਾਉ। (The hon. Member has only five minutes at his disposal. Therefore, he should talk relevant).

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ : ਮੈਂ ਰੋਜ਼ ਉਠਦਾ ਹਾਂ ਲੇਕਿਨ ਵਕਤ ਹੀ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦਾ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ.........................

उपाध्यक्षा : मुझे बार बार घंटी बजाने पर मजबूर होना पड़ता है। बहुत से मेम्बर साहिबान बोलने वाले हैं। इसलिए घंटी का ध्यान रखा करें। (Please pay heed to the sounding of the bell. I have to ring the bell time and again. Many hon. Members have yet to speak.)

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ : ਮੈਂ ਤਾਂ ਹਾਲਾਂ ਸ਼ੁਰੂ ਹੀ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨ ਲਗਾ ਸੀ ਕਿ ਬਾਕੀ ਗਲਾਂ ਕਹਿਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਮੈਂ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਪਰਾਈਵੇਟ ਅਪਰੇਟਰਾਂ ਤੇ ਇਸ ਮਹਿਕਮਾ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ ਨੂੰ ਵਧਾਈ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਜੋ ਵਰਕਿੰਗ ਹੈ ਉਹ ਬਾਕੀ ਸੂਬਿਆਂ ਨਾਲੋਂ ਚਗੀ ਹੈ। ਲੇਕਿਨ ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਬਾਕੀ ਗੱਲਾਂ ਦਾ ਤਅੱਲੁਕ ਹੈ ਮੈਂ ਇਹ ਕਹੇ ਬਗੈਰ ਨਹੀਂ ਰਹਿ ਸਕਦਾ ਕਿ ਇਹ ਸਰਕਾਰ ਪਰਾਈਵੇਟ ਅਪਰੇਟਰਾਂ ਨਾਲ ਜੋ ਸਲੂਕ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ ਉਹ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਅਤੇ ਮੈਨੂੰ ਉਸ ਬਾਰੇ ਸ਼ਿਕਾਇਤ ਹੈ। ਸਾਡੀ ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ ਨੇ ਬੜੀ ਤਰੱਕੀ ਕੀਤੀ ਹੈ। ਤਰਕੀ ਕਰਨ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ

12.00 noon

ਅਗਰ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਕੋਈ ਫੈਸਲਾ ਕੀਤਾ ਹੈ, ਕਾਨੂੰਨ ਬਣਾਇਆ ਹੈ ਜਾਂ ਬਣਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ ਨੈਸ਼ਨੇਲਾਈਜ਼ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਮੈਂ ਇਸ ਨੂੰ ਵੈਲਕਮ ਕਰਦਾ ਹਾਂ। ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਮੈਂ ਇਕ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਹੁੰਦਾ ਹੋਇਆ ਵੈਲਕਮ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਮੁਲਕ ਦੀ ਬਿਹਤਰੀ ਲਈ 30 ਸਟੈਂਡਰਡ ਏਕੜ ਦੀ ਹਦ ਮੁਕਰਰ ਕੀਤੀ ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਮੈਂ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟਰ ਹੁੰਦਾ ਹੋਇਆ ਇਸ ਨੂੰ ਵੈਲਕਮ ਕਰਦਾ ਹਾਂ। ਜੇ ਇਹ ਇਸ ਨੂੰ ਨੈਸ਼ਨਲਾਈਜ਼ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਦੁਖ ਉਥੇ ਹੈ ਜਿਥੇ ਬੇਇਨਸਾਫੀਆਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ, ਤਰਫਦਾਰੀਆਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ। ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਫੈਸਲਾ ਕੀਤਾ ਸੀ ਕਿ ਅਸੀਂ ਨਵੇਂ ਰੂਟ ਬਿਲਕੁਲ ਨੈਸ਼ਨਲਾਈਜ਼ ਕਰਾਂਗੇ ਅਤੇ ਉਸ ਉਤੇ ਪਰਾਈਵੇਟ ਅਪਰੇਟਰਜ਼ ਨੂੰ ਬੱਸਾਂ ਨਹੀਂ ਚਲਾਉਣ ਦਿਆਂਗੇ। ਮੈਂ ਦਸਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਕਿਥੋਂ ਤਕ ਇਨਸਾਫ ਕਰਦੀ ਹੈ। ਸਾਡੇ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਹੋਰ ਨਵੇਂ ਰੂਟਸ ਵੀ ਨਿਕਲੇ ਹਨ, ਜੋ ਮੇਰੀ ਨਾਲਜ ਵਿਚ ਹਨ ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਬਾਰੇ ਦਸਦਾ ਹਾਂ। ਥੋੜੇ ਜਿਹੇ ਅਰਸੇ ਦੀ ਗੱਲ ਹੈ ਇਕ ਪੁਰਾਣੀ ਸੜਕ ਹੈ, ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਦਬੂ ਵਾਲੀ ਮੰਡੀ ਤੋਂ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਨੂੰ ਬਸ ਚਲਾਈ। ਮੈਂ ਦਾਅਵੇ ਨਾਲ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਬਸ ਦੀ ਬੁਕਿੰਗ ਅਤਿ ਜ਼ਿਆਦਾ ਸੀ, ਬੜਾ ਕਾਮਿਆਬ ਰੂਟ ਸੀ, ਪਰ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਉਸ ਨੂੰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਿਉਂ ਬੰਦ ਕਰ ਦਿਤਾ। ਉਸ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ ਕੰਪਨੀ ਨੇ ਸਾਡੀ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਮਨਿਸਟਰਾਂ ਨੂੰ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਕੀ ਨਹੀਂ ਪਹੁੰਚਾਇਆ ਦੱਬੂ ਵਾਲੀ-ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਰੂਟ ਬੰਦ ਕਰ ਦਿਤਾ। ਇਹ ਬੇਇਨਸਾਫੀ ਕੀਤੀ, ਆਪਣੇ ਕਾਨੂੰਨ ਦੀ ਉਲੰਘਣਾ ਕੀਤੀ, ਇਸ ਦੀ ਮਿਸਾਲ ਨਹੀਂ ਮਿਲ ਸਕਦੀ ਦੋ ਸਾਲ ਹੋਏ ਹਨ ਬਠਿੰਡੇ ਤੋਂ ਮੁਕਤਸਰ ਨਵੀਂ ਸੜਕ ਨਿਕਲੀ ਹੈ., ਸਮੁੰਦਰੀ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ ਕੰਪਨੀ, ਜਿਸ ਦਾ ਦੱਬੂ ਵਾਲੀ-ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਰੂਟ ਮਨਸੂਖ ਕੀਤਾ ਸੀ, ਹਾਲਾਂਕਿ ਸਰਕਾਰ ਇਫੈਕਟ ਹੁੰਦੀ ਹੈ, ਉਸ ਨੂੰ ਨਵੀਂ ਸੜਕ ਤੇ ਪਰਮਿਟ ਦਿਤਾ ਗਿਆ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਤੋਂ ਬਠਿੰਡੇ ਦਾ ਫਾਸਲਾ ਦੇਖ ਲਓ ਕਿਨਾ ਹੈ। ਰਸਤੇ ਵਿਚ ਕੋਈ ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਹੈਡ-ਕੁਆਰਟਰ ਨਹੀਂ ਯਾ ਕੋਈ ਹੋਰ ਗੱਲ ਬਾਤ ਨਹੀਂ। ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ ਕੰਪਨੀਆਂ ਨੇ ਸਾਡੇ ਸੀ. ਐਮ ਦੀ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਮਦਦ ਕੀਤੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਫਾਇਦਾ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਤੇ ਸੰਧੂ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ ਕੰਪਨੀ ਨੂੰ ਸਜ਼ਾ ਦਿਤੀ ਗਈ ਸੀ।

Deputy Speaker : Don't be personal.

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ : All right; I am sorry. ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਸੰਧੂ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ ਕੰਪਨੀ ਨੂੰ ਸਜ਼ਾ ਦਿਤੀ ਗਈ ਸੀ ਕਿ ਉਸ ਦੀ ਰਨਿੰਗ ਚੰਗੀ ਨਹੀਂ, ਉਸ ਵਿਚ ਕੁਰੱਪਸ਼ਨ ਹੈ। ਹੁਣ ਸੰਧੂ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ ਕੰਪਨੀ ਨੂੰ ਚੰਗਾ ਤੇ ਬਿਹਤਰੀਨ ਰੂਟ ਦਿਤਾ ਹੈ—ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਤੋਂ ਬਠਿੰਡਾ ਤਕ। ਮਾਲਵਾ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ ਕੰਪਨੀ ਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਬੜੀ ਨਜ਼ਰੇ ਇਨਾਇਤ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਦੋ ਨਵੀਆਂ ਜੀਪਾਂ ਇਲੈਕਸ਼ਨ ਵਿਚ ਕਾਂਗਰਸ ਨੂੰ ਦਿਤੀਆਂ। ਹੁਣ ਉਹ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ—ਫੀਰੋਜ਼ਪੁਰ ਚਲ ਰਹੀ ਹੈ। ਮੋਗਾ ਬਰਨਾਲਾ ਨਵੀਂ ਸੜਕ ਉਤੇ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੂੰ ਆਪਣੀਆਂ ਬਸਾਂ ਚਲਾਉਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਸਨ ਪਰ ਉਥੇ ਮਾਲਵਾ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ ਕੰਪਨੀ ਦੀਆਂ ਚਲਾਈਆਂ ਗਈਆਂ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਏਥੇ ਹੀ

[ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ]

ਬਸ ਨਹੀਂ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਕੁਝ ਹੋਰ ਅਜਿਹੀਆਂ ਗਲਾਂ ਆਈਆਂ। ਟਾਈਮ ਥੋੜਾ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਮੋਟੀਆਂ ਮੋਟੀਆਂ ਗਲਾਂ ਦਸਦਾ ਹਾਂ। ਇਲੈਕਸ਼ਨਾਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਇਕ ਨਵੀਂ ਸੜਕ ਬਣੀ-ਫਾਜ਼ਲਕਾ ਤੋਂ ਮਲੋਟ। ਉਥੇ ਇਕ ਸਾਡੇ ਚੰਗੇ ਸੇਠ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟਰ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਇਮਦਾਦ ਕੀਤੀ ਸੀ ਯਾਨੀ ਸੇਵਾ ਕੀਤੀ ਹੋਣੀ ਹੈ। ਹੁਣ ਉਸ ਦੀ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ ਕੰਪਨੀ ਦੀਆਂ ਬਸਾਂ ਫਾਜ਼ਲਕਾ ਤੋਂ ਸਰਸੇ ਤਕ ਚਲਾਈਆਂ ਗਈਆਂ। ਸਾਡੇ ਇਕ ਬੜੀ ਵਡੀ ਫੈਮਿਲੀ ਹੈ ਜਿਹੜੀ ਪਾਲਿ-ਟਿਕਸ ਵਿਚ ਦਖਲਅੰਦਾਜ਼ ਹੁੰਦੀ ਸੀ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਚੋਣਾਂ ਵਿਚ ਆਪਣਾ ਉਮੀਦ-ਵਾਰ ਖੜ੍ਹਾ ਨਾ ਕਰੋ।

Deputy Speaker : Don't be personal.

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ : I am not personal; these are facts. ਫਾਜ਼ਿਲਕਾ ਤੋਂ ਸਰਸੇ ਦਾ ਬਾਦਲ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ ਕੰਪਨੀ ਨੂੰ ਪਰਮਿਟ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਕਿ ਇਲੈਕਸ਼ਨ ਨਾ ਲੜੋ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਾਨੂੰਨ ਦੀ ਉਲੰਘਣਾ ਨਹੀਂ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ। ਅਗਰ ਇਹ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ ਨੈਸ਼ਨਲਾ-ਈਜ਼ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਅਸੀਂ ਇਸ ਨੂੰ ਵੈਲਕਮ ਕਰਦੇ ਹਾਂ, ਆਪਣਾ ਕੰਮ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ। ਅਗਰ ਇਹ ਸਾਡੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਖੋਹਣੀਆਂ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਅਸੀਂ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ। ਕਾਨੂੰਨ ਬਣਾਕੇ ਉਲੰਘਣਾ ਕਰਨੀ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਤੇ ਫੇਰ ਇਹ ਸਟੇਜ ਤੇ ਜਾ ਕੇ ਦੇਵਤੇ ਬਣਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਮੈਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਨਾ ਬੋਲਦਾ ਹੋਇਆ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਸੇਵਾ ਵਿਚ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ 50-50 ਬੇਸਿਜ਼ ਬਣਾਇਆ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਤੇ ਚਲਾਂਗੇ। ਇਹ ਬਿਲਕੁਲ ਹੈਲਦੀ ਕੰਪੀਟੀਸ਼ਨ ਹੋਏਗਾ ਜੇਕਰ ਨਾਲ ਨਾਲ ਪਰਾਈਵੇਟ ਅਪਰੇਟਰ ਵੀ ਚਲਣਗੇ, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਅਤੇ ਹੋਰ ਰੂਟਾਂ ਤੇ ਚਲਦੇ ਹਨ, ਪਰ ਇਹ ਪਰਾਈਵੇਟ ਅਪਰੇਟਰਾਂ ਨੂੰ ਦੇਣ ਨੂੰ ਤਿਆਰ ਨਹੀਂ। ਇਹ ਹੈਲਦੀ ਕੰਪੀਟੀਸ਼ਨ ਨਹੀਂ ਇਹ। ਨੈਸ਼ਨਲਾਈਜ਼ ਕਰਨਾ ਨਹੀਂ ਚਾਹੁੰਦੇ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲ ਇੰਡਸਟਰੀ ਤੇ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ ਤੋਂ ਸਿਵਾ ਕੋਈ ਜ਼ਰੀਆਂ ਨਹੀਂ ਕੁਰੱਪਸ਼ਨ ਕਰਨ ਦਾ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ : ਕੀ ਤੁਸੀਂ ਇਸੇ ਮਹਿਕਮੇਂ ਉਤੇ ਬੋਲਣਾਂ ਹੈ ? (Has the hon. Member to speak on this Department only ?)

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ : ਮੈਂ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਉਤੇ ਵੀ ਬੋਲਣਾ ਹੈ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ : ਤੁਹਾਨੂੰ ਬੋਲਦਿਆਂ 7 ਮਿੰਟ ਹੋ ਗਏ ਹਨ। (The hon. Member has already spoken for seven minutes.)

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ : 5 ਮਿੰਟ ਹੋਏ ਹਨ। ਮੈਂ ਪੂਰੇ 12 ਬਜੇ ਬੋਲਣਾ ਸ਼ੁਰੂ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਜਿਹੜੀ 50-50 ਦੀ ਸਕੀਮ ਹੈ ਇਹ ਪੰਜਾਬ ਨਾਲ ਧਕਾ ਹੈ। ਇਹ ਨੰਗੀ ਤਲਵਾਰ ਹਰ ਰੋਜ਼ ਇਸ ਸਟੇਟ ਦੇ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟਰਾਂ ਦੇ ਗਲ ਤੇ ਲਮਕਦੀ ਰਹੇਗੀ, ਜੋ ਸਾਨੂੰ ਨਹੀਂ ਚਾਹੀਦੀ। ਇਹ ਕਹਿਣਗੇ ਕਿ ਜੋ ਸਾਡੀ ਨਾਜ਼ਾਇਜ਼ ਗਲ ਨਹੀਂ ਮੰਨਦੇ ਅਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਰੂਟ ਬੰਦ ਕਰਦੇ ਹਾਂ। ਆਪਣਿਆਂ ਆਦਮੀਆਂ ਨੂੰ ਨਵੇਂ ਰੂਟ ਦੇਣਗੇ ਜਿਹੜੇ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਗਲ ਨਹੀਂ ਮੰਨਣਗੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਰੂਟ ਕੱਟ ਦੇਣਗੇ ਸਰਕਾਰ ਆਪਣੀਆਂ ਬਸਾਂ ਲਈ ਚੰਗੇ ਤੋਂ ਚੰਗਾ ਟਾਈਮ ਰਖਦੀ ਹੈ। ਕਈ ਥਾਵਾਂ ਦੇ ਪਰਾਈਵੇਟ ਟਰਾਂਸ-ਪੋਰਟਰਾਂ ਨੂੰ ਬੜੀ ਮੁਸੀਬਤ ਹੈ। ਜਿਹੜੀਆਂ ਰੇਲ ਦੀਆਂ ਸਵਾਰੀਆਂ ਆਉਂਦੀਆਂ ਹਨ ਉਸ ਰੇਲ ਦੇ ਟਾਈਮ ਤੇ ਸਰਕਾਰ ਆਪਣੀਆਂ ਬਸਾਂ ਚਲਾਉਂਦੀ ਹੈ। ਰੇਲ ਤੋਂ 1000 ਜਾਂ 1500 ਆਦਮੀ ਉਤਰਦੇ ਹਨ। ਉਸ ਟਾਈਮ ਤੇ ਸਰਕਾਰ ਆਪਣੀਆਂ ਬਸਾਂ ਚਲਾਉਂਦੀ ਹੈ। ਇਹ ਗਲ ਆਰ. ਟੀ. ਓ. ਜਾਂ ਸੈਕਟਰੀ ਸੁਣਨ

ਨੂੰ ਤਿਆਰ ਨਹੀਂ। ਇਹ ਕਹਿ ਦਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਫਲਾਣੇ ਤੋਂ ਫਲਾਣੇ ਟਾਈਮ ਤਕ ਗੌਰਮਿੰਟ ਦੀਆਂ ਬਸਾਂ ਚਲਣ ਗੀਆਂ। ਕੰਪਟੀਸ਼ਨ ਵਿੱਚ ਹੀ ਪਰਾਈਵੇਟ ਆਪਰੇਟਰਜ਼ ਰੋਟੀ ਕਮਾਉਂਦੇ ਹਨ ਤੇ ਫੇਰ ਇਨਾਂ ਦੀ ਸੇਵਾ ਕਰਦੇ ਹਨ।

उपाध्यक्षा : सरदार गुरचरण सिंह जी, मुझे बार-बार बोलने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जो कुछ आप कहना चाहते हैं, 5 मिन्ट में कह डालिए। इधर उधर जाने की कोशिश न कीजिए। **(Addressing Sardar Gurcharan Singh. The hon. Member should not compel me to speak again and again. He should say within five minutes whatever he has to say. He should try to be relevant.)**

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਫਾਲਤੂ ਗਲਾਂ ਨਹੀਂ ਕਹਿ ਰਿਹਾ। ਮਾੜੀਆਂ ਤਾਂ ਮੈਂ ਕਹਿ ਲਈਆਂ, ਹੁਣ ਚੰਗੀਆਂ ਕਹਿ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ। (ਹਾਸਾ) ਮੈਂ ਸਰਕਾਰ ਅਗੇ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂ ਗਾ ਕਿ 50-50 ਦੀ ਸਕੀਮ ਨੂੰ ਖਤਮ ਕਰਨ। ਜੇ ਨੈਸ਼ਨੇਲਾਈਜ਼ ਕਰਨਾ ਹੈ ਤਾਂ ਕਰ ਲੈਣ ਜਾਂ ਹਮੇਸ਼ਾਂ ਲਈ ਇਕੋ ਵੇਰ ਇਹ ਗਰੀਬਾਂ ਨੂੰ ਦੇ ਦੇਣ ਤਾਕਿ ਉਹ ਕਾਰੋਬਾਰ ਚਲਾ ਲੈਣ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਲਮਕਦੇ, ਸਹਿਕਦੇ ਨਾ ਛੱਡਣ, ਇਕੋ ਵਾਰੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਜਾਨ ਕਢ ਲੈਣ।

ਖੇਤੀ-ਬਾੜੀ ਤੇ ਭਲਾਈ ਮੰਤਰੀ : ਜਾਨ ਲਮਕਦੀ ਰਹਿਣੀ ਹੈ।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ : ਤੁਹਾਡੇ ਮਗਰੋਂ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਏਥੇ ਆਉਣਾ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਤੁਹਾਡੇ ਕੋਲੋਂ ਖੋਹ ਲੈਣਾ ਹੈ। ਜਿਹੜੀਆਂ ਤੁਸੀਂ ਕੰਪਨੀਆਂ ਤੇ ਵਡੇ ਮਹਿਲ ਬਣਾਈ ਜਾਂਦੇ ਹੋ ਜਿਹੜੀ ਨਵੀਂ ਸਰਕਾਰ ਆਏਗੀ ਉਹ ਤੁਹਾਡੇ ਕੋਲੋਂ ਖੋਹ ਲਏਗੀ। ਉਸ ਵੇਲੇ ਤੁਹਾਨੂੰ ਤਕਲੀਫ ਹੋਏਗੀ। (ਘੰਟੀ)

ਮੈਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਟਾਈਮ ਨਾ ਲੈਂਦਾ ਹੋਇਆ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਬਾਰੇ ਦੋ ਤਜਵੀਜ਼ਾਂ ਰਖਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਮੇਰੇ ਨਾਲੋਂ ਸਿਆਣੇ ਸਿਆਣੇ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬ ਬੋਲੇ ਹਨ, ਪਰਿੰਸੀਪਲ ਸਾਹਿਬ ਬੋਲੇ ਹਨ। ਜਿਹੜਾ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਬੱਚਿਆਂ ਦੇ ਸਕੂਲਾਂ ਦਾ ਰੋਜ਼ ਟਾਈਮ ਬਦਲਦੀ ਹੈ ਇਹ ਬੜਾ ਧਕਾ ਹੈ। ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਇਹ ਨਹੀਂ ਪਤਾ ਕਿ ਅਜ ਸਾਡਾ ਸਕੂਲ ਕਦੋਂ ਲਗਣਾ ਹੈ ਤੇ ਮਹੀਨੇ ਤਕ ਕਿਸ ਵੇਲੇ ਲਗਣਾ ਹੈ। ਇਹ ਸਕੂਲਾਂ ਵਿਚ ਦੋ ਸ਼ਿਫਟਾਂ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ। ਜਦ ਇਸ ਹਾਊਸ ਦੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੂੰ ਦੋ ਸਿਟਿੰਗਾਂ ਕਰਨੀਆਂ ਪੈ ਜਾਣ ਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਭਾ ਦੀ ਬਣ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਭਾਵੇਂ ਏਥੇ ਆਕੇ ਕਾਊਚਾਂ ਤੇ ਬੈਠਣਾ ਹੈ। ਸੁਬਾ 7 ਬਜੇ ਤੋਂ ਲੈਕੇ ਸ਼ਾਮ ਦੇ 7 ਬਜੇ ਤਕ ਬੱਚੇ ਕਿਵੇਂ ਬੈਠਿਆ ਕਰਨਗੇ ? ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲ ਕੋਈ ਟੈਕਸੀ ਜਾਂ ਹੋਰ ਵਹੀਕਲਜ਼ ਨਹੀਂ ਜਿਸ ਰਾਹੀਂ ਉਹ ਆਇਆ ਜਾਇਆ ਕਰਨ। ਇਹ ਹਰ ਕੰਮ ਵਿਚ ਪੁਲੀਟੀਕਲ ਦਖਲ ਨਾ ਦੇਣ, ਵਾਸਤਾ ਰਬ ਦਾ ਨਾ ਕਰਨ। ਮੈਂ ਤੁਹਾਡੀ ਸੇਵਾ ਵਿਚ ਇਹ ਬੇਨਤੀਆਂ ਕਰਦਾ ਹੋਇਆ ਬੈਠਦਾ ਹਾਂ।

कामरेड राम किशन (जालन्धर शहर उत्तर पूर्व) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, जो एजूकेशन की डीमांड इस सदन में पेश की गई है उससे अन्दाज़ा लगाया जा सकता है कि एजुकेशन को कितना महत्व दिया जा रहा है। एजुकेशन में सुधार लाने के लिए मुख्तलिफ किस्म के जो कमीशन बनाए गए हैं जैसा कि यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन, राधा कृष्णन कमिशन तथा हायर सैकैंडरी कमिशन। इन कमिश्न्ज़ से अन्दाज़ा लगाया जा सकता है कि हमारी सरकार ने एजुकेशन को बहुत महत्व दिया है। अगर हम एजुकेशन के नुक्तानिगाह से देखें तो पता चलता है कि सारे इंगलैंड की यूनिवर्सिटियों में जितने ग्रैजुएट हर साल एपीयर होते हैं उतने यहां पर पंजाब यूनिवर्सिटी की 1962 की रिपोर्ट के मुताबिक एपीयर हुए हैं। इस तरह से अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि एजुकेशन को काफी महत्व दिया जा रहा है। तीसरी पांच वर्षीय योजना में भी एजुकेशन के लिए काफी रकम रखी गई, और उस में 130 करोड़ रुपया इस बात

[कामरेड राम किशन]

के लिए वकफ है ताकि गरीब और लायक विद्यार्थियों को वज़ीफे दिए जाएं । 1944 के अन्दर बटलर कमिशन बनाया गया । उस कमिशन ने रिपोर्ट दी थी कि इतनी एजुकेशन में कोई लाभ नहीं होगा अपितु लारज स्केल पर एजुकेशन के प्रबन्ध करने चाहिए । इसके साथ ही दूसरी बड़ी जंग के अन्दर जापान तथा रूस में पोस्ट-वार रीकन्स्ट्रकशन के वक्त एजुकेशन के क्षेत्र में सब से ज्यादा महत्व दिया गया था इस लिहाज़ से मैं समझता हूं कि जिन बातों की तरफ एजुकेशन को बढ़ाने की तवज्जह दी गई वह एक हद तक सराहनीय है। बहुत सी बातें हैं और समय की कमी के कारण उन की तफसील में नहीं जाया जा सकता लेकिन इतना ज़रूर कहना चाहता हूं कि एजुकेशन के सारे सिस्टम को रीकन्स्ट्रक्ट करने की कोशिश करनी चाहिए । उसमें परिवर्तन लाने की ज़रूरत है । हम ने हायर सैकेंडरी का नया सिस्टम शुरु किया है और सारे पंजाब में हायर सैकण्डरी स्कूल खोले गए हैं लेकिन बड़े अफसोस से कहना पड़ता है कि हमारे पंजाब में यह सिस्टम बिल्कुल नाकामयाब साबित हो रहा है । यह ठीक है कि दिल्ली में यह सिस्टम कामयाब रहा है क्योंकि वहां पर 96% से 98% ग्रांटस भारत सरकार देती है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, पंजाब में यह हालत है कि जितने हमारे हायर सैकेंडरी स्कूल इस वक्त मौजूद हैं उन के लिए एन्करेजमैंट की ज़रूरत है । लेबारेटरीज़ की ज़रूरत है, टीचर्ज़ की ज़रूरत है । मैं समझता हूं कि हमारे पास यह साधन मौजूद नहीं हैं । अगर सरकार का हायर सैकेंडरी सिस्टम को जारी रखने का विचार है तो इस के लिए 5 करोड़ रुपए नान-रीकरंग और एक करोड़ रुपए एनुअल रीकरंग एक्सपैंडीचर की ज़रूरत है । पंजाब की हालत बहुत पूअर है । मुझे शक है कि शायद ही हमारी सरकार इस सिस्टम को जारी रखने के लिए इतनी भारी रकम सरकारी खज़ाने से निकाल सके । पंजाब में केवल तीन हायर सैकेंडरी स्कूल हैं जो कि परफैक्ट समझे जा सकते हैं और जहां पर एम. एस. सी टीचर्ज़ हैं । अगर हम ने हायर सैकेंडरी स्कूल रखने हैं तो उन के लिए हमारे पास टीचर्ज और लैक्चरर्ज़ भी होने चाहिएं । इन हालात को देखते हुए मैं कहना चाहता हूं कि इस सिस्टम को बदला जाए अथवा इस में सुधार लाया जाए। यदि सरकार ने यह सिस्टम लागू करना है तो मैं चीफ मनिस्टर साहिब से अर्ज़ करना चाहता हूँ कि एक हाई पावर कमेटी बनाई जाए जिस में कोई भी पोलीटीकल सदस्य न लिया जाए । पंजाब के अन्दर 4 यूनिवर्सिटियां-कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, पंजाब यूनिवर्सिटी अग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी और पंजाबी यूनिवर्सिटी मौजूद हैं । मैं चाहता हूं कि इन यूनिवर्सिटियों के वाइस चांसलरों, प्रिंसिपल पंजाब इंजीनियरिंग कालेज, प्रिंसिपल मैडीकल कालेज तथा जनरल कुलवंत सिंह की एक कमेटी बनाई जाए जो कि 3 महीने के अन्दर रिपोर्ट दे कि यह हायर सैकेंडरी सिस्टम पंजाब में जारी रखना चाहिए अथवा नहीं । उस कमेटी की फाइंडिंग्ज़ को अमल में लाया जाना चाहिए ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरी बहन ने सरकार की तवज्जुह दिलाई है कि पंजाब में जुगराफिए के सबजैक्ट को लाज़मी किया जाना चाहिए । तथा इस विषय पर विशेष

ध्यान देने की आवश्यकता है । मैं भी कहना चाहता हूं कि अब जुगराफिए की वह अहमीयत हासिल नहीं है जो कि दूसरी बड़ी लड़ाई में थी । डिप्टी स्पीकर साहिबा, लड़ाई में एलाइज़ को रीवरसिज़ हुई। उस की वजह यह थी कि उन्होंने जुगराफिए के सबजैक्ट को कम अहमियत दी थी । मिल्टरी एक्सपर्टस ने उस समय अपनी रिपोर्ट छापी थी। उस रिपोर्ट के अन्दर लिखा था कि एलाइज़ की टापोग्राफी और मैप-रीडिंग की सब से कम जानकारी है और एक्सिज़ को इस बारे में बहुत जानकारी है। इस बात को मद्देनज़र रखते हुए इस सबजैक्ट को ज़रूर महत्व देना चाहिए और मैप-रीडिंग को पंजाब में लाज़मी सबजैक्ट कर देना चाहिए ताकि स्टूडैंट्स को दुनिया के बारे में ज्ञान हो सके ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, पंजाब में रूसी सिस्टम को लागू किया जा रहा है। पहले स्टैंडर्ड से 11वें स्टैंडर्ड तक उन का करीकुलम इस ढंग का होता है कि उस को 4-5 सबजैक्टस पढ़ाए जाते हैं। अगर सरकार ने यह सिस्टम लागू करना है तो हाफ हार्टिडली लागू न करें । रूसियों के सारे कोर्सिज़ को देखने से पता चलता है कि उन के अन्दर हिसाब के लिए 2118 घंटे जुगराफिए के लिए 434 घंटे और नैचरल साईंस के लिए 155 घंटे रखे गए हैं । फिज़िक्स, बाओलोजी, एस्ट्रोनोमी, कैमिस्ट्री तथा विदेशी भाषाओं के लिए 1288 घंटे रखे हुए हैं। टैक्निकल एजुकेशन पहली जमात से शुरू की जाती है वहां पर पहले स्टैंडर्ड में धात और पत्थर के ज़माने से ले कर आखिर में ऐटम बंब के चित्र के द्वारा शिक्षा दी जाती है। यहां पर 5-6 साल के बच्चे को प्राइमरी की शिक्षा दी जाती है । मैं चाहता हूं कि हमारी प्राइमरी एजुकेशन के साथ टैक्निकल शिक्षा भी दी जानी चाहिए । इस से हमारी टैक्निकल एजुकेशन की बेहतरी तथा प्रसार होगा और लोग अपना काम चालू कर सकेंगे । सिर्फ इतना ही नहीं, मैं जापान के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं । जापान में पोस्ट वार रीकन्सट्रक्शन के बावजूद भी शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने के लिए ऐसे प्रबन्ध किए जिससे एजुकेशन का मियार ऊंचा हो सके । वहां पर टैक्निकल शिक्षा को बहुत महत्व दिया जाता है। पांचवीं जमात से फंडामेंटल ला बनाए हुए है कि उनको सोशल स्टडीज़, मैथीमैटिक्स, म्यूज़िक मैनुअल ट्रेनिंग , होम ट्रेनिंग, प्रैक्टिकल एजुकेशन, हैल्थ, स्कूल एडमिनिस्ट्रेशन के कोर्स पढ़ाए जाते हैं । आप अंदाज़ा लगा सकते हैं कि भिन्न भिन्न मुल्कों में कितने ज्यादा सबजैक्टस स्टूडैंटस को पढ़ाए जाते हैं। इस लिए मेरा विचार है कि यहां पर भी एजुकेशन का स्टैंडर्ड ऊंचा किया जाना चाहिए ।

मैं आपकी मार्फत चीफ मिनिस्टर साहिब से कहना चाहता हूं कि जिन हालात से हम गुज़र रहे हैं उनके मुताबिक यूनिवर्सिटी लैवल पर मिल्टरी साइंस की ट्रेनिंग के सबजैक्टस की तालीम दी जानी चाहिए । स्टेट लाइब्रेरियों में माडरन वार के सम्बन्ध में किताबें होनी चाहियें ताकि हमारे नौजवान उन किताबों को पढ़ें और उन को माडरन वार का ज्ञान हो । मुझे याद है कि फर्सट वलर्ड वार में जब जर्मनी हार गया था तो उसे सार का इलाका खोना पड़ा। जब हिटलर पावर में आया तो जो नक्शे स्कूलों

[कामरेड राम किशन]

में पढ़ाए जाते थे उन में 'सार.' को काले रंग से दिखाया जाने लगा। विद्यार्थी पूछते थे कि यह इलाका काला क्यों किया गया है तो उनको बताया जाता था कि फर्स्ट वर्ल्ड वार में हम इस इलाके को हार गए थे। तो बचपन से ही बच्चों में यह भावना पैदा की गई कि इस इलाके को हम ने वापस लेना है। मैं हिटलर के तरीकों को पसन्द नहीं करता, मैं उस की विचार धारा को पसन्द नहीं करता लेकिन मैं आप से अर्ज़ करना चाहता हूं कि जब हिटलर पावर में आया तो उस ने इस तरीके से नौजवानों के मन में देश-भक्ति भरी। मेरे कहने का मतलब यह है कि आज के हालात के मुताबिक हमें सारा ढांचा बदलना चाहिए।

हम ने यहां पर लाज़मी शिक्षा की। यह बड़ी अच्छी बात है, लाज़मी और मुफ्त शिक्षा होनी चाहिए। लेकिन साथ ही इस बात को भी देखें कि अप्रैल के महीने में जिन दिनों स्कूलों और कालिजों में दाखिले होते हैं तो सैंकड़ों नहीं बल्कि हज़ारों की तादाद में बच्चों की गलियों और मुहल्लों में लाइनें लगी होती हैं। उन को दाखिले नहीं मिलते। जिस तरह से मैडिकल कालेजों और इंजीनियरिंग कालेजों में मुशकिल होती है उसी तरह से दूसरे स्कूलों में दाखिला मुश्किल होता है। मैं आप की मार्फत चीफ मनिस्टर साहिब से कहना चाहता हूं कि रूस की ट्रेनिंग और शिक्षा के सिस्टम को पढ़ें। रूस में जो सातवीं पांच वर्षीय योजना 1970-71 में लागू होगी उसका हिसाब उन्होंने लगाया है कि उस वक्त कितने स्कूल जाने वाले बच्चे होंगे, कितने नौजवान उस वक्त कालेज और यूनिवर्सिटी लैवल पर पढ़ते होंगे। डैथ रेट और बर्थ रेट का हिसाब लगा कर उन्होंने उसीसे वर्क आउट कर लिया है कि उस वक्त हमें कितने प्राइमरी स्कूल चाहियें, कितने हाई स्कूल चाहिए और कितने कालेज चाहियें, कितने टैक्निकल इन्स्टीटयूशन चाहियें। हमें एजुकेशन डिपार्टमेंट में एक पलैनिंग सैक्शन बनाना चाहिए जो यह देखे कि कितने बच्चे पढ़ने वाले हैं ताकि किसी को स्कूल में दाखिल के लिए तकलीफ न हो। हो सकता है कि बिल्डिंग की कमी हो। इस सम्बन्ध में मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि 1917 में रूस आज़ाद हुआ। उन्हों नें 35 साल के अन्दर मास्को यूनिवर्सिटी बनाई। 24 साल के बाद उन्होंने शिक्षा को लाज़मी किया उस समय रूस में बड़ी बड़ी बिल्डिगें नहीं थी, बड़ी बड़ी लाइब्रेरियां नहीं थीं। चुनांचे उन्होंने मड हट्स में और थैचड रूफस के नीचे स्कूलों को चलाया। चाइना का केस ले लें। जिस वक्त जापान और चीन की लड़ाई हो रही थी उस समय देखें कि चीन वालों ने अपनी विद्या के काम को किस तरह से आगे बढ़ाया था। यू. एस. ए. और सकंडेनेवियन देशों के इतिहास को देखें तो आप इस नतीजे पर पहुंचेंगे कि हमें भी आज कल के हालात के मुताबिक अपने सिस्टम को पूरे तौर पर बदलना होगा। चीफ मिनिस्टर साहिब अमरीका में पढ़े हैं, उनको तजरुबा है। रूस का तजरुबा देखें और जापान का तजरुबा देखें और अपने एजुकेशनल सिस्टम को बदलें क्योंकि एजुकेशन पर ही देश की उन्नति और नैशनल कैरैक्टर निर्भर करता है। हमें देखना होगा कि अपने नौजवानों को किस तरह से देश-रक्षा के लिए ट्रेनिंग देनी है। उस के मुताबिक सारी चीज़ को चलाने की कोशिश करनी होगी। अगली बात मैं आप से अर्ज़ करूं कि हमें इतिहास के सलेबस

को बदलना होगा । सकण्डेनेवियन देशों में, डेनमार्क में, स्वीडन में और नारवे में सौ सौ साल तक लड़ाई होती रही । बच्चे स्कूलों कालिजों में पढ़ते थे तो उन के मन में वैसी ही भावना पैदा होती थी । चुनांचे उन्होंने अपना सारा लिट्रेचर बदला, हिस्ट्री बदली तो उन देशों में इंटैग्रेशन हुई और लड़ाई पुराने ज़माने की बात हो गई । अगर हमने सारे देश को इंटैग्रेट करना है, एक दूसरे के साथ मिलाना है तो ज़रूरी है कि सारी हिस्ट्री को हालात के मुताबिक बदलें । लोगों के मन में देश-भक्ति भरने वाला और कौमी-कैरेक्टर बनाने वाला लिट्रेचर तैयार करें वरना कुछ काम नहीं हो पाएगा ।

जब तक हम टीचरों का स्टैंडर्ड-रेज़ नहीं करते उस वक्त तक शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति होनी मुमकिन नहीं है । हमें आजकल टीचर्ज़ नहीं मिलते । ब्राज़ील, टरकी रूस और जापान में टीचर्ज़ और एग्ज़ेक्टिव अफसरों की तनखाहों में 1 : 3 की रेशो होती है । हमारे देश में टीचर्ज़ और एग्ज़ेक्टिव अफसरों की तनखाहों में 1 और 80 की रेशो है । हमें हैड मास्टरों का स्टेटस बढ़ाना होगा । इंगलैंड के पब्लिक स्कूल भी इसी लिए कामयाब हुए क्योंकि वहां पर हैड-मास्टरों का स्टेट्स ऊंचा किया गया । इस लिये अगर हम सारे सिस्टम को कामयाब बनाना चाहते हैं तो अध्यापकों और हैड मास्टरों का स्टेट्स बढ़ाना होगा । इसी तरह से अगर हम लैक्चररज़ की तनखाहें नहीं बढ़ा सकते तो कम से कम उन को गज़ेटिड कर दें ताकि उन को समाज में सत्कार की दृष्टि से देखा जाए, यह बड़ी ज़रूरी चीज़ है । इस की तरफ तवज्जोह देने की ज़रूरत है । हम ने अपनी फिस्कल पालेसी के सम्बन्ध में यूनिवर्सिटी इकानो-मिस्ट्स और कालेज इकानोमिस्टस की मदद नहीं ली । जितने भी इंजीनियरिंग कालेज हैं उन के अच्छे अच्छे प्रोफैसर, कैमिस्ट्री के और साइंस के हैं उन को फिस्कल पालेसी के साथ एसोशियट किया जाना चाहिए । वे लोग बड़ा इम्पर्टैंट पार्ट पले कर सकते हैं । मैं चाहता हूं कि हमारे यहां पब्लिक हाउस बनाये जाने चाहियें जहां से अच्छी अच्छी किताबें बच्चों को मुहैया हो सकें और बच्चे किताबों से महरूम न रह जाएं । हमें इस बात को भी नज़र-अंदाज़ नहीं करना चाहिए कि पंजाब की इकोनोमी साउंड नहीं है, वीक है । यहां पर प्रति व्यक्ति आय 261 रुपये सालाना है । एक स्कूल जाने वाले बच्चे पर 5--7 सौ रुपए सालाना खर्च होता है । कालेज में पढ़ने वाले बच्चे पर एक हज़ार रुपया सालाना खर्च आता है । इस का मतलब यह हुआ कि तीन आदमियों की आमदनी से एक स्कूल के बच्चे का खर्च चल सकता है और अगर पांच आदमियों की पर कैपिटा इन्कम हो तो एक लड़का कालिज में पढ़ सकता है । यह हमारी समस्या है । हमें चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को वज़ीफे दे कर उन को पढ़ने के काबिल बनाएं । हिन्द सरकार ने भी इस काम के लिये 130 करोड़ रुपया पृथक किया है । सरकार को ज्यादा से ज्यादा वज़ीफे देने की कोशिश करनी चाहिए डिप्टी स्पीकर साहिबा, अंग्रेज़ी में एक कहावत है कि " Battle of Waterloo was won on the playgrounds of Eton and Harrow" इसी लिये,

[कामरेड राम किशन]

मैं अर्ज़ करता हूं कि सारे यूनिवर्सिटी सिस्टम, कालेज सिस्टम और स्कूलों के सिस्टम को बदलने की जरूरत है। मुझे खुशी है कि हम नई नई कम्पनियों में यंग कैडिटस को तैयार कर रहे हैं। हमें ऐसे यंगमैन को ट्रेनिंग देनी होगी जिन को नैशनल और इंटरनैशनल प्राबलम की अंडरस्टैंडिंग हो और देश के नव-निर्माण में सही मानों में काम कर सकें। मैं आशा करता हूं कि जिन बातों की तरफ मैंने सरकार की तवज्जोह खींचने की कोशिश की है सरकार उन पर ग़ौर करेगी और पंजाब, जो कि सौर्ड आर्म आफ इंडिया कहलाता है, जिसको हम एक वैलफेयर बार्डर स्टेट बनाने जा रहे हैं, यहां के यंगमैन को इस तरह से ट्रेन करेगी कि वक्त की पुकार और काल आफ नेशन के समय पूरे उतरेंगे।

चौधरी राम सरूप (साम्पला) ; डिप्टी स्पीकर साहिबा, किसी भी देश की तरक्की के लिए तालीम सबसे जरूरी चीज़ होती है। इसलिए मैं आज चीफ मिनिस्टर साहिब का ध्यान एक ऐसे इलाके की तरफ ले जाना चाहता हूं जहां वैसे तो किसी लिहाज से भी तरक्की नहीं हुई, लेकिन तालीम के लिहाज़ से तो बिल्कुल पिछड़ा हुआ है। वह इलाका कौन सा है ? यह है डिप्टी स्पीकर साहिबा, देहात। जितनी भी तरक्की की स्कीमें सरकार ने चलाई हैं सब की सब शहरों में। जो बिल्डिंगें बनाई जाती हैं वह सभी शहरों में। वह पैसा तो लिया जाता है दिहातियों से लेकिन खर्च किया जाता है शहरों में। देहात से यह फर्क क्यों है ? इसी तरह से चन्दा तो इकटठा किया जाता है देहात से और जो अच्छे अच्छे टीचर होते हैं वह शहरों में स्कूलों को दिए जाते हैं। देहातों में वही टीचर भेजे जाते हैं जिन के खिलाफ शहरी स्कूलों में शिकायतें हो चुकी होती हैं या जिन को सज़ा देनी होती है। (इस समय श्रीमती ओमप्रभा जैन मुख्य मन्त्री जी से बातें कर रही थीं) मैं चीफ मिनिस्टर साहिब से अर्ज करूंगा कि थोड़ी देर के लिए मेरी बातों को भी सुन लें। मैं उन्हीं की सेवा में कुछ अर्ज़ कर रहा हूं।

मुख्य मंत्री : आप की बावत ही कह रही हैं कि यह बहुत अच्छी स्पीच है।

चौधरी राम सरूप : अच्छी तो तब है अगर अमल करेंगे।

मुख्य मंत्री : वह यह भी कह गई हैं कि इस पर अमल करना चाहिए।

चौधरी राम सरूप : कहने को तो बहुत सी बातें कहते हैं। यह भी कहते हैं कि हरिजनों के साथ बहुत हमदर्दी है लेकिन पूछिए देहात के हरिजनों को कि उनके साथ कितनी हमदर्दी का सबूत दिया है। बहरहाल इस वक्त तालीम की बावत ही अर्ज करूंगा। तो मैं कह रहा था कि उसी टीचर को देहात में लगाया जाता है जिसको सज़ा दी जानी होती है, जो शहर में नाकारा हो गया होता है, जिसके खिलाफ हैडमास्टरों ने शिकायत की होती हैं। इन हालात में आप ही बताएं कि कैसे वहां पर तालीम का मयार ऊंचा हो सकता है, किस तरह से लोग वहां तरक्की कर सकते हैं। यह तो वही बात हुई कि नीम हकीम खतरा जान। जब तक उनको सही तरीके से तालीम नहीं दी जाती वहां के बच्चे किस तरह से जिन्दगी में

ऊंचे उठ सकते हैं । यही वजह है कि तालीम का मयार अच्छा न होने से और ठीक तरीके से उन की पढ़ाई न होने से वह क्रिमिनल मांइडिड बन जाते हैं जिन्हें बाज दफा डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप कहती हैं कि वायलैंट हो जाते हैं । आप की विसातत से मैं चीफ मनिस्टर साहिब से अर्ज करूंगा कि वह इस तरीके को बदल दें कि जिसको सज़ा देनी हो उसे देहात में भेज दिया, जिस अफसर को सज़ा देनी हो उसे वहां लगा दिया । ठीक है कि आप देहातियों को ऊंचा उठाना चाहते हैं लेकिन अगर आप सही मायनों में उन की मदद करना चाहते हैं, उन पर मेहरबानी करना चाहते हैं तो मेहरबानी करके उन की तरफ देखें तभी उनका सुधार हो सकता है । मैं यूनियनिस्ट वक्त की बात क्या करूं, वह तो आप को अच्छी नहीं लगेगी मगर इस वक्त तो यही कहूंगा कि आप हो उन का भला कर सकते हो । आप खुद देहात के हो, जहां पैदा हुए हो, जिन के साथ रहते हो अगर उन का ही ध्यान न रखोगे तो और कौन करेगा । उन के साथ अगर कोई रियायत न करें तो कम अज़ कम उन से होने वाली बेइन्साफी को तो दूर करो । इस सिलसिले में एक दो बातें हैं जो कि मैं आप के नोटिस में लाना चाहता हूं । सब से पहिले बात तो यह है कि वहां पर तालीम का स्टैंडर्ड बढ़ाया जाए । उसके लिए ज़रूरी है कि वहां पर अच्छे टीचर भेजे जाएं बल्कि मैं तो यह कहूंगा कि टीचरों को साफ तौर पर यह बता दिया जाना चाहिए कि तरक्की ही उन की होगी जो पहिले इतना अर्सा देहात में काम कर पाएंगे । उन को यह भी बताया जाए कि जो पहिले देहात में बहुत अच्छा काम नहीं करेंगे उन को शहरों में नहीं लगाया जाएगा । दूसरी बात यह है कि जहां तक रोहतक ज़िले का ताल्लुक है जितने स्कूल इस ज़िले में लोगों ने अपने पैसे से बढ़ाए हैं उतने शायद किसी और ज़िले में नहीं होंगे लेकिन फिर भी उन को इग्नोर किया जाता है । बिल्डिंगें बनाई हुई हैं । वह चाहते हैं कि जो प्राइमरी स्कूल हैं उन को हाई स्कूल में तब्दील कर दिया जाए वह पैसा भी दाखिल करवा चुके हैं, पांच साल के लिए रुपया जमा करवा दिया है । रुड़की गांव ज़िला रोहतक में अर्सा दो साल से एक लाख रुपए की बिल्डिंग तैयार की, पंद्रह हज़ार रुपया उन्होंने दो साल से दाखिल करवा रखा है लेकिन अफसोस से कहना पड़ता है कि वहां पर स्कूल को अपग्रेड नहीं किया गया ।

इस के अलावा एक ग्रांट-इन-ऐड 50,000 रुपए के करीब दी जाती थी । सुना है उसको भी बन्द कर दिया है । मैं हैरान हूं कि बैकवर्ड इलाकों को किस तरह से सहायता पहुंचाई जा रही है ।

इसके अलावा एक बात को-एजुकेशन के सिलसिले में अर्ज़ कर दूं । मालूम ऐसा होता है कि शायद वह यह बात महसूस नहीं करते कि को-एजुकेशन देहात के लिए किसी तरह मौज़ूं नहीं है । प्राइमरी स्टेज तक तो बेशक कर लें लेकिन जहां मिडल स्टेज पर बच्चे पहुंचते हैं तो लड़के और लड़कियों को एक ही स्कूल में साथ साथ पढ़ाना मुनासिब नहीं । आप को पता नहीं कि अभी तक हमारे देश ने इतनी तरक्की नहीं की

[चौधरी राम स्वरूप]
कि औरत और मर्द में फर्क समझा जाए । एक दूसरे का ख्याल रखा जाए । यह तो कुदरती चीज़ है कि इस स्टेज पर आकर उन दोनों को एक दूसरे से जितना दूर रखा जाए उतना ज्यादा अच्छा है । इसलिए, मेरे ख्याल में यह कोई अच्छा कदम नहीं होगा कि पांचवीं के बाद उनको इकट्ठा एक ही स्कूल में पढ़ाया जाए । इन अल्फाज़ के साथ मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूं ।

ਸਰਦਾਰ ਅਜਾਇਬ ਸਿੰਘ ਸੰਧੂ (ਮੁਰਿੰਡਾ, ਐਸ. ਸੀ.) : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਅਜ ਐਜੂ-ਕੇਸ਼ਨ ਤੇ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ ਦੀਆਂ ਮੰਗਾਂ ਤੇ ਬਹਿਸ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ। ਸਭ ਤੋਂ ਪਹਿਲੇ ਮੈਂ ਮੁੱਖ ਮੰਤਰੀ ਸਾਹਿਬ ਦੀ ਸੇਵਾ ਵਿੱਚ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਗ਼ਰੀਬ ਟੀਚਰਾਂ ਦੀਆਂ ਬੇ ਮੌਕਾ ਤੇ ਬਗੈਰ ਕਿਸੇ ਕਸੂਰ ਤੋਂ ਬਦਲੀਆਂ ਕਰ ਦਿੰਦੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਮੁੱਖ ਮੰਤਰੀ ਸਾਹਿਬ ਦੇ ਧਿਆਨ ਵਿੱਚ ਲਿਆਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਮਾਸਟਰਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਬੜੀ ਵੱਡੀ ਬੇਇਨਸਾਫੀ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਜੋ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਬਿਨਾਂ ਕਸੂਰ ਤੋਂ ਬਦਲੀਆਂ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ। ਜੇ ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਾਂ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਲੋਕ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਭਲੇ ਲਈ ਵਰਤਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ ਲੇਕਿਨ ਟੀਚਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕਹੇ ਤੇ ਨਹੀਂ ਲਗਦੇ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਬਦਲਾ ਲੈਣ ਦੀ ਖਾਤਰ ਬੇਮੌਕਾ ਬਦਲੀਆਂ ਕਰ ਦਿੱਤੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ। ਮੈਂ ਏਥੇ ਹਾਊਸ ਦੇ ਵਿੱਚ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਉਮੀਦਵਾਰ ਹਾਰੇ ਸਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਸ ਡਿਪਾਰਟਮੈਂਟ ਕੋਲੋਂ ਸੈਂਕੜਿਆਂ ਦੀ ਤਾਦਾਦ ਦੇ ਵਿੱਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਟੀਚਰਾਂ ਦੀਆਂ ਤਬਦੀਲੀਆਂ ਕਰਵਾਈਆਂ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਖਾਹਸ਼ਾਤ ਦੇ ਮੁਤਾਬਿਕ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਸੀ ਕੀਤਾ। ਦੂਸਰੇ ਪਾਸੇ ਉਹ ਅਫਸਰ ਹਨ ਜਿਹੜੇ ਖੁਲਮ ਖੁਲਾ ਆਪੋਜੀਸ਼ਨ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਪ੍ਰਾਪੇਗੰਡਾ ਕਰਦੇ ਰਹੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਕੋਈ ਕਾਰਵਾਈ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਮੇਰੇ ਹਲਕੇ ਵਿੱਚ ਹਾਰੇ ਹੋਏ ਉਮੀਦਵਾਰ ਦੇ ਕਹਿਣ ਤੇ ਮਾਸਟਰ ਨੂੰ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਦੂਸਰੇ ਪਾਸੇ ਅੰਬਾਲੇ ਜ਼ਿਲ੍ਹੇ ਦੀ ਇਕ ਇੰਸਪੈਕਟਰੈਸ ਜਿਹੜੀ ਥਾਂ ਥਾਂ ਇਹ ਕਹਿੰਦੀ ਫਿਰਦੀ ਸੀ ਕਿ ਮੇਰੇ ਪਿਤਾ ਜੀ ਖੜੇ ਹੋਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵੋਟ ਦਿਉ ਉਸ ਨੂੰ ਤਾਂ ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਤਰੱਕੀ ਦੇ ਦਿੱਤੀ ਹੈ। ਉਸ ਨੂੰ ਬਦਲਨਾ ਤਾਂ ਕੀ ਸੀ ਬਲਕਿ ਉਸਨੂੰ ਉਥੋਂ ਲਿਆ ਦੇ ਡੀ. ਪੀ. ਆਈ. ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿੱਚ ਲਾ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ......

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ : ਕੋਈ ਹੋਰ ਗੱਲ ਕਰੋ। (The hon. Member should leave this topic.)

ਸਰਦਾਰ ਅਜਾਇਬ ਸਿੰਘ ਸੰਧੂ : ਮੈਂ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਬਾਰੇ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਐਮਰਜੈਂਸੀ ਦੇ ਵਿੱਚ ਹੁਣ ਨਵੇਂ ਸਕੂਲ ਨਹੀਂ ਲਏ ਜਾਣਗੇ ਅਤੇ ਨਾ ਅਪਗਰੇਡ ਕੀਤੇ ਜਾਣਗੇ। ਇਹ ਗੱਲ ਤਾਂ ਐਮਰਜੈਂਸੀ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਕਰਨੀ ਪਈ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਮੇਰੇ ਹਲਕੇ ਦਾ ਤਅਲੁੱਕ ਹੈ ਉਥੇ ਤਾਂ ਪਹਿਲਾਂ ਤੋਂ ਹੀ ਅਮਰਜੈਂਸੀ ਇਸ ਮਾਮਲੇ ਵਿੱਚ ਲਾਗੂ ਹੈ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ ਹਲਕੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿੱਚੋਂ ਅਸੀਂ ਕਾਮਯਾਬ ਹੋਕੇ ਆਉਂਦੇ ਹਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਮਤਰੇਈ ਮਾਂ ਵਾਲਾ ਸਲੂਕ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਆਪਣੇ ਹਲਕੇ ਵਿੱਚ ਬੇਹਰਾਮਪੁਰ ਬੇਟ ਵਿੱਚ ਜੋ ਚਮਕੌਰ ਸਾਹਿਬ ਤੋਂ 5, 7 ਮੀਲ ਹੈ ਉਥੇ ਇਕ ਪਰਾਇਮਰੀ ਸਕੂਲ ਹੈ। ਉਥੇ ਇਰਦ ਗਿਰਦ ਦੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਕੋਈ 20 ਪਰਾਈਮਰੀ ਸਕੂਲ ਹਨ। ਮੇਰਾ ਖਿਆਲ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ 5, 7 ਸਾਲ ਤੋਂ ਇਹ ਗੱਲ ਸੁਣ ਰਹੇ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਸਕੂਲ ਨੂੰ ਅਪਗਰੇਡ ਕਰਨਾ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਬੜੇ ਦੁਖ ਨਾਲ ਕਹਿਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿ 7, 8 ਮੀਲ ਤੋਂ ਛੋਟੀ ਛੋਟੀ ਬਚੀਆਂ, ਲੜਕੀਆਂ 5, 7 ਮੀਲ ਦਾ ਸਫਰ ਕਰਕੇ ਚਮਕੌਰ ਸਾਹਿਬ ਪੜ੍ਹਨ ਲਈ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ ਪਰ ਉਸ ਸਕੂਲ ਨੂੰ ਅਪਗਰੇਡ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ। ਉਸਦੇ ਚਾਰੋਂ ਪਾਸੇ 15, 20 ਪਰਾਇਮਰੀ ਸਕੂਲ ਹਨ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਬੇਨਤੀ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਉਸ ਸਕੂਲ ਨੂੰ ਛੇਤੀ ਅਪਗਰੇਡ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਕਿਉਂਕਿ ਬਚਿਆਂ ਨੂੰ 7, 8 ਮੀਲ ਜਾਣਾਂ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਜੇਕਰ ਹੁਣ ਇਸ ਐਮਰਜੈਂਸੀ ਦੇ

[ਸਰਦਾਰ ਅਜਾਇਬ ਸਿੰਘ ਸੰਧੂ]

ਵਕਤ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦਾ ਤਾਂ ਜਦੋਂ ਇਹ ਐਮਰਜੈਂਸੀ ਖਤਮ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਸਭ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸਾਡੇ ਇਲਾਕੇ ਦੀ ਉਸ ਪੁਰਾਣੀ ਮੰਗ ਨੂੰ ਪੂਰਾ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ। ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਮੇਰੇ ਹਲਕੇ ਵਿੱਚ ਕਈ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਨੇ ਉੱਦਮ ਕਰਕੇ ਪਰਾਇਮਰੀ ਸਕੂਲ ਚਲਾਏ ਹਨ ਲੇਕਿਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਕੂਲਾਂ ਨੂੰ ਹੁਣ ਉਹ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਨਹੀਂ ਚਲਾ ਸਕਦੀਆਂ ਹਨ ਲੇਕਿਨ ਸਰਕਾਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਲ ਕੋਈ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦੇ ਰਹੀ ਹੈ। ਜੇਕਰ ਸਰਕਾਰ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਪੇਂਡੂ ਬੱਚੇ ਵੀ ਪੜ੍ਹ ਸਕਨ ਅਤੇ ਦੇਸ਼ ਦੀ ਸੇਵਾ ਕਰ ਸਕਨ ਅਤੇ ਜੇਕਰ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਦਾ ਦਰਦ ਹੈ ਤਾਂ ਉਹ ਸਕੂਲ ਲੈਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ ਨਹੀਂ ਤਾਂ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ ਸਕੂਲ ਬੰਦ ਹੋ ਜਾਣੇ ਹਨ ਕਿਉਂ ਜੋ ਉਹ ਨਹੀਂ ਚਲ ਸਕਦੇ ਹਨ। ਮੈਨੂੰ ਖੁਸ਼ੀ ਹੈ ਮੁੱਖ ਮੰਤਰੀ ਦੀ ਥਾਂ ਮਾਸਟਰ ਜੀ ਬੈਠ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਪੌਆਇੰਟ ਨੋਟ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ। ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜੋ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਉਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਹੁੰਚਾ ਦੇਣ। ਮੈਂਨੂੰ ਖੁਸ਼ੀ ਹੈ ਕਿ ਹਰੀਜਨ ਮੁੰਡੇ ਕੁੜੀਆਂ ਨੂੰ ਪੜ੍ਹਨ ਲਈ ਵਜੀਫੇ ਦਿੱਤੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਲੇਕਿਨ ਮੈਂ ਬੇਨਤੀ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਵਜੀਫੇ ਇਤਨੇ ਲੇਟ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮਿਲਦੇ ਹਨ ਕਿ ਜਿਸ ਨਾਲ ਬਹੁਤ ਤਕਲੀਫ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ ਅਤੇ ਜਿਸ ਮੰਤਵ ਲਈ ਉਹ ਦਿੱਤੇ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ ਉਹ ਹਲ ਨਹੀਂ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਮਾਸਟਰ ਜੀ ਨੂੰ ਖੁਦ ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਪਤਾ ਹੈ। ਅਜ ਸਵੇਰੇ ਹੀ ਮੈਨੂੰ ਇੱਕ ਹਾਈ ਸਕੂਲ ਦਾ ਮੁੰਡਾ ਮਿਲਿਆ ਹੈ ਜੋ ਇਮਤਹਾਨ ਦੇ ਕੇ ਆਇਆ ਹੈ। ਉਸਨੇ ਦਸਿਆ ਕਿ 6 ਮਹੀਨੇ ਦਾ ਵਜੀਫਾ ਪਿਛਲੇ ਨਵੰਬਰ ਵਿੱਚ ਮਿਲਿਆ ਸੀ ਅਤੇ ਬਾਕੀ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਕਦੋਂ ਮਿਲਣਾ ਹੈ। ਜੇਕਰ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਵਜੀਫੇ ਮਿਲਣੇ ਹਨ ਕਿ ਮੁੰਡੇ ਪੜ੍ਹ ਕੇ ਚਲੇ ਵੀ ਜਾਣ ਅਤੇ ਵਜੀਫੇ ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਲਟਕਦੇ ਰਹਿਣ ਤਾਂ ਇਸ ਨਾਲ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੀ ਕੀ ਭਲਾਈ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇਕਰ ਸਰਕਾਰ ਵਜੀਫਾ ਆਏ ਮਹੀਨੇ ਨਹੀਂ ਦੇ ਸਕਦੀ ਤਾਂ ਘਟੋ ਘਟ ਇਹ ਤਾਂ ਕਰੇ ਕਿ ਬਕਾਇਦਾ 3 ਮਹੀਨੇ ਬਾਅਦ ਹੀ ਸਾਰੇ ਪੈਸੇ ਮਿਲ ਜਾਣ। "ਪੰਜਾਬ ਆਨ ਦੀ ਮਾਰਚ" ਕਿਤਾਬ ਵਿੱਚ ਲਿਖਿਆ ਹੈ ਕਿ 1961–62 ਵਿਚ 15 ਲਖ ਰੁਪਏ ਵਜੀਫੇ ਦੇਣ ਲਈ ਰਖੇ ਸਨ ਤੇ 3,887 ਲੜਕਿਆਂ ਨੂੰ ਵਜੀਫੇ ਦਿੱਤੇ। 1962-63 ਲਈ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ 14 ਲਖ 88 ਹਜ਼ਾਰ 938 ਰੁਪਏ ਰਖੇ ਗਏ ਅਤੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਉਹ ਵਜੀਫੇ ਮਿਲਣਗੇ ਉਹ 3,691 ਮੁੰਡੇ ਹੋਣਗੇ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਢਿਲ ਹੈ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਕਰਕੇ ਮੁੰਡਿਆਂ ਨੂੰ ਵਜੀਫੇ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦੇ ਅਤੇ ਉਸਦੀ ਵਜਹ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਰਕਮ 15 ਲਖ ਤੋਂ ਘਟਾ ਕੇ 14 ਲਖ ਹੋ ਗਈ ਹੈ ਅਤੇ ਮੁੰਡੇ ਜੋ ਪੜ੍ਹਦੇ ਹਨ ਉਹ ਘਟ ਗਏ ਹਨ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਵੇਖਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਵਜ਼ੀਫੇ ਵਕਤ ਸਿਰ ਮੁੰਡਿਆਂ ਨੂੰ ਮਿਲਣ ਤਾਂ ਕਿ ਉਹ ਤਾਲੀਮ ਹਾਸਲ ਕਰ ਸਕਣ। ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੀ ਸਦੀਆਂ ਤੋਂ ਪਛੜੇ ਹੋਏ ਲੋਕ ਅਗ੍ਹਾਂ ਵਧ ਸਕਦੇ ਹਨ ਤੇ ਤਾਲੀਮ ਹਾਸਲ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹਨ। ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਜਦੋਂ ਪ੍ਰੋਫੈਸ਼ਨਲ ਟੈਕਸ ਲਗਾ ਸੀ ਤਾਂ ਮੁੱਖ ਮੰਤਰੀ ਜੀ, ਮਾਸਟਰ ਜੀ ਤੇ ਉਧਰ ਬੈਠੇ ਸਾਰੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੇ ਬੜੇ ਜ਼ੋਰ ਨਾਲ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਅਸੀਂ ਇਸ ਰੁਪਏ ਨਾਲ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਮਕਾਨ ਬਣਾਕੇ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ। ਲੇਕਿਨ ਮੈਂ ਅਜ ਅਖਬਾਰ ਵਿੱਚ ਪੜ੍ਹਿਆ ਹੈ ਕਿ ਐਮਰਜੈਂਸੀ ਕਰਕੇ ਇਹ ਸਕੀਮ ਮੁਲਤਵੀ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਜੇਕਰ ਹਰੀਜਨਾ ਦੀ ਭਲਾਈ ਕਰਨੀ ਹੈ ਤਾਂ ਜਦੋਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਬੁਨਿਆਦੀ ਤੌਰ ਤੇ ਮਦਦ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਅਤੇ ਹਰ ਸਫੀਅਰ ਵਿੱਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਮਦਦ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਬਣੇਗਾ ਅਤੇ ਉਹ ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਤਰੱਕੀ ਦੇ ਮੈਦਾਨ ਵਿੱਚ ਪਛੜੇ ਰਹਿਣਗੇ ਅਤੇ 10 ਸਾਲ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਫੇਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸ਼ੋਰ ਪਾਉਣਾ ਪਵੇਗਾ ਕਿ ਕੁੱਝ ਸਾਲਾਂ ਲਈ ਹੋਰ ਇਹ ਰਿਆਇਤਾਂ ਤੇ ਰਿਜ਼ਰਵੇਸ਼ਨ ਵਧਾਈ ਜਾਵੇ। ਵਜੀਫਿਆਂ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਇਹ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਤੁਸੀਂ ਹਰੀਜਨ ਮੁੰਡਿਆਂ ਨੂੰ 9 ਵੀਂ ਜਮਾਤ ਤੋਂ ਵਜੀਫਾ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰਦੇ ਹੋ ਉਸ ਨਾਲ ਗਰੀਬ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੀ ਕੋਈ ਭਲਾਈ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਤਾਂ ਕੇਵਲ ਉਹੋ ਹਰੀਜਨ ਫਾਇਦਾ ਉਠਾ ਸਕਦੇ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕੋਲ ਅੱਗੇ ਵੀ ਕੁੱਝ ਹੈ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਹਰੀਜਨ ਮੁੰਡਿਆਂ ਪੰਜਵੀਂ ਜਮਾਤ ਤੋਂ ਵਜ਼ੀਫੇ ਦੇਣੇ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰਨੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹਰੀਜਨ ਬੱਚੇ

[ਸਰਦਾਰ ਅਜਾਇਬ ਸਿੰਘ ਸੰਧੂ]

ਪੜ੍ਹ ਸਕਦੇ ਹਨ। ਇਕ ਗੱਲ ਮੈਂ ਹੋਰ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਪੰਜਾਬ ਵਿੱਚ ਸੈਨਿਕ ਸਕੂਲ ਖੋਲ੍ਹੇ ਹਨ ਲੇਕਿਨ ਮੈਨੂੰ ਬੜੇ ਦੁੱਖ ਨਾਲ ਕਹਿਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਬਾਕੀ ਸਕੂਲਾਂ, ਕਾਲਜਾਂ ਵਿੱਚ ਹਰੀਜਨਾਂ ਲਈ ਰਾਖਵੀਆਂ ਥਾਵਾਂ ਹਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸੈਨਿਕ ਸਕੂਲਾਂ ਵਿੱਚ ਇਹ ਰਿਜ਼ਰਵੇਸ਼ਨ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਮੈਂ ਇਹ ਨਹੀਂ ਕਹਿੰਦਾ ਕਿ ਧਨਾਡ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਮੁੰਡੇ ਉਥੇ ਨਾਂ ਪੜ੍ਹਨ ਅਤੇ ਅਫਸਰ ਨਾ ਬਨਣ ਲੇਕਿਨ ਮੈਂ ਇਹ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇਕਰ ਗਰੀਬ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦਾ ਭਲਾ ਕਰਨਾ ਹੈ ਤਾਂ ਉਹ ਕੇਵਲ ਚਪੜਾਸੀ ਜਾਂ ਸਪਾਹੀ ਭਰਤੀ ਕਰਕੇ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦਾ ਬਲਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਕੂਲਾਂ ਵਿੱਚ ਜਾਣ ਦਾ ਮੌਕਾ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਰਿਜ਼ਰਵੇਸ਼ਨ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ ਤਾਕਿ ਉਹ ਵੀ ਅਫਸਰ ਬਣ ਸਕਣ। ਹੁਣ ਤਾਂ ਸ਼ਾਇਦ ਕਿਸੇ ਮੇਜਰ ਜਾਂ ਕੈਪਟਨ ਨੇ ਹੀ ਅਪਣਾ ਲੜਕਾ ਦਾਖਲ ਕਰਾ ਲਿਆ ਹੋਵੇ ਲੇਕਿਨ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਗਰੀਬ ਹਰੀਜਨਾਂ ਲਈ ਕੁੱਝ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਥੇ ਹਰਿਜਨਾਂ ਲਈ ਰਿਜ਼ਰਵੇਸ਼ਨ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ। (ਘੰਟੀ) ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ ਬਾਰੇ ਕੁੱਝ ਅਰਜ਼ ਕਰਕੇ ਬੈਠ ਜਾਂਦਾ ਹਾਂ। ਆਏ ਸਾਲ ਟੈਕਸ ਲਗਦੇ ਹਨ ਤੇ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈਕਿ ਇਹ ਇਸ ਲਈ ਲਗਾ ਰਹੇ ਹਾਂ ਕਿਉਂ ਜੋ ਉਸਾਰੀ ਦੇ ਕੰਮ ਕਰਨੇ ਹਨ। ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇਕਰ ਇਸ ਟਰਾਸਪੋਰਟ ਨੂੰ ਨੈਸ਼ਨਲਾਈਜ਼ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਕਾਫੀ ਆਮਦਨੀ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ ਤੇ ਲੋਕਾਂ ਤੋਂ ਟੈਕਸਾਂ ਦਾ ਭਾਰ ਹੌਲਾ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਐਲਾਨ ਕੀਤਾ ਸੀ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੀ ਮਾਲੀ ਹਾਲਤ ਠੀਕ ਕਰਨ ਲਈ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਦੋ ਢਾਈ ਸੌ ਟੈਂਪੋ ਪਰਮਿਟ ਦੇਣੇ ਹਨ। ਮੈਂ ਇਕ ਸਵਾਲ ਕੀਤਾ ਤਾਂ ਉਸਦੇ ਜਵਾਬ ਵਿੱਚ ਦਸਿਆ ਗਿਆ ਕਿ ਨ ਕੋਈ ਦਰਖਾਸਤ ਆਈ ਤੇ ਨ ਕੋਈ ਸਕੀਮ ਹੈ। ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇਕਰ ਦੰਮਗਜੇ ਮਾਰ ਕੇ ਹੀ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦਾ ਭਲਾ ਕਰਨਾ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮਕਾਨ ਬਣਾ ਦੇਣੇ ਹਨ, ਤੇ ਟੈਂਪੋ ਦੇ ਪਰਮਿਟ ਦੇ ਦੇਣੇ ਹਨ ਲੇਕਿਨ ਅਮਲੀ ਤੌਰ ਤੇ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਕਰਨਾ ਤਾਂ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦਾ ਇਹ ਮਸਲਾ ਹਲ ਨਹੀਂ ਹੋਣਾ (ਘੰਟੀ)। ਇਹ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਹੰਝੂ ਪੂੰਜਣ ਵਾਲੀ ਗਲ ਹੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ ਦੇ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਮੇਰੇ ਹਲਕੇ ਦਾ ਪੌਣਾ ਹਿਸਾ ਬੇਟ ਦਾ ਇਲਾਕਾ ਹੈ। ਉਥੇ ਸੜਕਾਂ ਦੀ ਜਰੂਰਤ ਹੈ ਤੇ ਬਸਾਂ ਚਲਾਉਣ ਦੀ ਜ਼ਰੂਰਤ ਹੈ। ਮੈਂ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਤੋਂ ਬੇਲਾ ਤਕ ਹੀ ਇਕ ਬਸ ਮੇਰੇ ਹਲਕੇ ਵਿੱਚ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਜਿਸਦਾ ਪੂਰਾ ਫਾਇਦਾ ਇਲਾਕੇ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਪਹੁੰਚ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਬਸ ਹੋਰ ਅਗੇ ਜਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਤੇ ਬਸਾਂ ਦੀ ਤਾਦਾਦ ਵਧਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਬਸ ਬੇਲਾ ਤਕ ਹੀ ਨਾ ਜਾਵੇ ਬਲਕਿ ਇਸ ਦਾ ਰੂਟ ਬੇਹਰਾਮਪੁਰ ਬੇਟ ਤਕ ਐਕਸਟੈਂਡ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਬਸਾਂ ਹੋਰ ਤਾਦਾਦ ਵਿੱਚ ਚਲਾਈਆਂ ਜਾਣ ਤਾਕਿ ਸਾਡੇ ਬੇਟ ਦੇ ਬੈਕਵਰਡ ਅਲਾਕੇ ਨੂੰ ਸਹੂਲਤਾਂ ਮਿਲ ਸਕਣ। ਉਥੇ ਬੜੀ ਮੁਸ਼ਕਲ ਨਾਲ ਬਸ ਮਿਲਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਸਕੂਟਰ ਤੇ ਟੈਂਪੂ ਵਿੱਚ ਹੀ ਜਾਣਾ ਆਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਖੁਦ ਪਿਛਲੀ ਸੰਗਰਾਂਦ ਨੂੰ ਉਥੇ ਗਿਆ ਸੀ। ਮੈਂ ਜਦੋਂ ਲੈਕਚਰ ਕਰਕੇ ਵਾਪਸ ਆਇਆ ਤਾਂ ਬਸ ਨਹੀਂ ਮਿਲੀ ਅਤੇ ਟੈਂਪੋ ਵਿੱਚ ਆਇਆ। ਅਧ ਰਸਤੇ ਵਿੱਚ ਟੈਂਪੋ ਉਲਟ ਗਿਆ ਅਤੇ ਬਹੁਤ ਬੁਰੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਬਚਾਉ ਹੋਇਆ। ਉਥੇ ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਤੁਸੀਂ ਖੁਦ ਵੇਖੋ ਕਿ ਗਰੀਬ ਲੋਕਾਂ ਦਾ ਬਸਾਂ ਨਾ ਚਲਣ ਕਰਕੇ ਕਿਤਨਾ ਬੁਰਾ ਹਾਲ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ। (ਘੰਟੀ) ਚੰਗਾ ਜੀ ਮੈਂ ਖਤਮ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਮੈਂ ਅਖੀਰ ਵਿੱਚ ਇਹ ਬੇਨਤੀ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਮੇਰੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿੱਚ ਹੋਰ ਬਸਾਂ ਚਲਾਈਆਂ ਜਾਣ ਤੇ ਬੇਲੇ ਵਾਲੀ ਬਸ ਨੂੰ ਬੇਹਰਾਮਪੁਰ ਬੇਟ ਤਕ ਐਕਸਟੈਂਡ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ।

सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों (तरन तारन) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, जो बड़ी २ और ज़्यादा तफसील की बातें हैं उन के मुतािल्लक मैं इस वक्त अर्ज़ नहीं करूँगा। जो छोटी २ बातें हैं उन के मुतािल्लक ही इस वक्त अर्ज़ करूँगा।

पहली बात तो इस डिमांड के मुताल्लिक यह कहना चाहता हूँ कि एक तो इस बड़ी ही ज़रूरी मांग के लिये आखरी दिन रखा गया है दूसरे इस को दूसरी डिमांड्ज़ जैसे कि ट्रांस्पोर्ट वगैरा के साथ जोड़ दिया गया है। कहां तालीम का मसला और कहां बसों का मसला यह बड़ा अजीब सा मेल दिखाई देता है।

मेरा, डिप्टी स्पीकर साहिबा, पंजाब यूनिवर्सिटी के साथ काफी देर का सम्बन्ध चला आ रहा है। इस की सैनेट के साथ, इस की सिंडीकेट के साथ जो ताल्लुक रहा उस की बिना पर मैं जिस नतीजे पर पहुँचा हूँ वह हाउस के सामने रखता हूँ। जहां तक ऐजुकेशन के तरीके और इसके कोर्सिज़ का ताल्लुक है जो व्यक्ति भी तकरीर करता है उस का इस से चाहे कभी वास्ता न पड़ा हो, उस को चाहे इस के फील्ड वर्क का तजरूबा न के बराबर हो तो भी वह उठ कर यही कहता है कि इस तरीका तालीम को बदलना चाहिये। हमें किसी तरह से गैरज़िम्मेदाराना नुक्ताचीनी नहीं करनी चाहिये। मैं चाहता हूँ कि ऐजुकेशन का कोई भी ढंग क्यों न हो उस को तेज़ी के साथ और ज़रा ज़ोर लगा कर करो ताकि उस में कामयाबी मिले। चाहे यह यूनिवर्सिटी की तरफ से चलाया जाए या डिपार्टमैंट की तरफ से चलाया जाए उस को इस ढंग से रीआर्गेनाइज़ किया जाए कि उस में कामयाबी मिले।

यूनिवर्सिटी के बारे में मुझे यह कहना है कि जो युनाइटिड पंजाब यूनिवर्सिटी का ऐक्ट कुछ तबदीलियों के बाद यहां पर लागू रहा उस का यह तजरूबा रहा कि उस में जो इलैक्शन का ऐलीमैंट है वह बहुत ज़्यादा है। आए साल इलैक्शन्ज़ होती हैं, कभी सैनेट की, कभी सिंडीकेट की, कभी फेकल्टीज़ की, कभी कई तरह के बोर्डों की, जैसे बोर्ड आफ स्टडीज़ वगैरह की। इन इलैक्शन्ज़ ने सारा वायुमण्डल गन्दा कर दिया है, ऐटमासफियर विशियेट कर दिया है। इन बातों को देख कर इस ऐक्ट में अहम तब्दीलियों की ज़रूरत महसूस होती है। एक तो वाइस चेयरमैन की अप्वायंटमैंट का तरीका और उस के बाद जो फेकल्टीज़ हैं उन की इलैक्शन का तरीका और सैनेट की इलैक्शन का तरीका वगैरह में तब्दीली लाने की ज़रूरत महसूस होती है। आप हैरान होंगे कि सारा साल पंजाब यूनिवर्सिटी की इलैक्शन का धंधा चला रहता है। इन चुनावों की वजह से वहां पर धड़ेबाज़ी हो गई है और यह किसी सिस्टम या असूल की बिना पर नहीं है। यह दो तरह की है। एक तो कुछ डिनौमीनेशनल इन्स्टीटयूशन्ज़ हैं जैसे कि डी० ए० वी० और खालसा वगैरह या दूसरी तरह की ही ग्रुपबाजी है। इस हालत में सही किस्म के आदमी का इलैक्ट होना मुश्किल हो गया है। अगर किसी तरह से ग्रुपों से ऊपर उठ भी जायें तो फिर और तरह के इन्टरैस्ट काम करते हैं। किसी ने ऐग्ज़ामीनर बनना होता है, कोई पेपर सैटर बनना चाहता है, कोई चाहता है कि उस की किताब लग जाए, कोई कुछ चाहता है, कोई कुछ चाहता है। इस तरह के इन्टरैस्ट वर्क करते हैं। जो बुराइयां इलैक्शन्ज़ की पुलीटीकल फील्ड में हैं वही इस ऐकडैमिक फील्ड में भी नज़र आने लगी हैं। कोई ऐसा तरीका निकालना चाहिये जिस में पंजाब यूनिवर्सिटी के भिन्न भिन्न महकमों और कालिजों की कोआर्डीनेशन तो हो जाए मगर यह जो इलैक्टिव सिस्टम है यह न हो। वाइस चांसलर की एप्वायंटमैंट हो। फेकलटीज़ के चुनाव, स्कूल बोर्ड्ज़, और जो दूसरी सीट्स हैं उन पर माने हुए टीचर और प्रोफैसर लिये जा सकें। हमारा ख्याल था कि यहां पर विधान सभा में

[सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों]

